अनैतिक
प्रियांशी जैन

अश्विनी कुछ महीनों की होगी की कुछ ऐसा भयानक हुआ जिसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता. अश्विनी की माँ और गोपाल भैया में जरा भी नहीं बनती थी. गोपाल भैया हर छोटी छोटी बात पर अश्विनी की माँ पर हाथ छोड़ दिया करता था. अश्विनी के जन्म के बाद तो भाभी की हालत और भी ख़राब हो गई. गोपाल भैया उससे ढंग से बोलते-बतियाते भी नहीं थे. इसका कारन ये था की उन्हें लड़के की चाहत थी ना की लड़की की. अश्विनी को उन्होंने कभी अपनी गोद में भी नहीं उठाया था प्यार करना तो दूर की बात थी.

मेरी (सागर) उम्र उस समय पांच छे साल की थी और तभी एक अनहोनी घटी! भाभी को हमारे खेतों में काम करने वाले एक लड़के से प्रेम हो गया.और प्रेम इस कदर परवान चढ़ गया की एक दिन वो लड़का भाभी को भगा के ले गया.जब ये बात सुबह सबको पता चली तो तुरंत सरपंचों को बुलाया गया और सरपँच ने गाँव के लठैतों को बुलावा भेजा. "बाहू" उन लठैतों का सरगना था और जब उसे सारी बात बताई गई तो उसने एक हफ्ते का समय माँगा और अपने सारे लड़के चारों दिशाओं में दौड़ा दिये. किसी को उस लड़के के घर भेजा जो भाभी को भगा के ले गया था तो किसी को भाभी के मायके.सारे रिश्तेदारों से उसने सवाल-जवाब शुरू कर दिए ताकि उसे किसी तरह का सुराग मिले इधर अश्विनी को इस बात का पता भी नहीं था की उसकी अपनी माँ उसे छोड़ के भाग गई है और वो बेचारी अकेली रो रही थी. वो तो मेरी माँ थी जिन्होंने उसे अपनी गोद में उठाया और उसका ख़याल रखा.

छः दिन गुजरे थे की बाहू भाभी और उनके प्रेमी उस लड़के को उठा के सरपंचों के सामने उपस्थित हो गया.बाहु अपनी गरजती आवाज में बोला; "मुखिया जी दोनों को लखनऊ से दबोच के ला रहा हु. ये दोनों दिल्ली भागने वाले थे! पर ट्रैन में चढ़ने से पहले ही दबोच लिया हमने. भाभी को देख के गोपाल भैया का गुस्सा फुट पड़ा और उसने एक जोरदार तमाचा भाभी के गाल पर दे मारा. पंचों ने गोपाल भैया को इशारे से शाँत रहने को कहा. मुखिया जी उठे और उन्होंने जो गालियाँ देनी शुरू की और उस लड़के के खींच-खींच के तमाचे मारे की उस लड़के की हालत ख़राब हो गई. भाभी हाथ जोड़ के मिन्नतें करने लगी की उसे छोड़ दो पर अगले ही पल मुखिया का तमाचा भाभी को भी पडा.

"तेरी हिम्मत कैसे हुई हमारे गाँव के नाम पर थूकने की? घर से बहार तूने पैर निकाला तो निकाला कैसे?" ये देख के सभी सर झुका के खड़े हो गए! मुखिया ने बाहु की तरफ देखा और जोर से चिल्ला कर बोले; "बाहु ले जाओ दोनों को और उस पेड़ से बाँध कर जिन्दा जला दो!" ये सुन के सभी मुखिया को हैरानी से देखने लगे पर किसी की हिम्मत नहीं हुई कुछ कहने की.

बाहु ने दोनों को जोरदार तमाचा मारा. भाभी और वो लड़का जमीन पर जा गिरे. फिर वो दोनों को जमीन पर घसींट के खेत के बीचों-बीच लगे पेड़ की और चल दिया. दोनों ने बड़ी मिन्नतें की पर बाहु पर उसका कोई फर्क नहीं पडा. उसके बलिष्ठ हाथों की पकड़ जरा भी ढीली नहीं हुई. उसने दोनों को अलग अलग पेड़ों से बाँध दिया. फिर अपने चमचों को इशारे से लकड़ियाँ लाने को कहा. चमचों ने सारी लकड़ियाँ भाभी और उस लड़के के इर्द-गिर्द लगा दी और पीछे हट गये. बाहु ने मुड़ के मुखिया के तरफ देखा तो मुखिया ने हाँ में अपनी गर्दन हिलाई और फिर बाहु ने अपने कुर्ते की जेब से माचिस निकाली और एक तिल्ली जला के लड़के की ओर फेंकी.

कुछ दो मिनट लगे होंगे लकड़ियों को आग पकड़ने में और इधर भाभी और वो लड़का दोनों छटपटाने लगे. फिर उसने भाभी की तरफ देखा और एक और तिल्ली माचिस से जला कर उनकी और फेंक दी. भाभी और वो लड़का धधकती हुई आग में चीखते रहे ... चिलाते रहे.... रोते रहे ... पर किसी ने उनकी नहीं सुनी. सब हाथ बाँधे ये काण्ड देख रहे थे. ये फैसला देख और सुन सभी की रूह काँप चुकी थी और अब किसी भी व्यक्ति के मन में किसी दूसरे के लिए प्यार नहीं बचा था.

जब आग शांत हुई तो दोनों प्रेमियों की राख को इकठ्ठा किया गया और उसे एक सूखे पेड़ की डाल पर बांध दिया गया.ये सभी के लिए चेतावनी थी की अगर इस गाँव में किसी ने किसी से प्यार किया तो उसकी यही हालत होगी. मैं चूँकि उस समय बहुत छोटा था तो मुझे इस बात की जरा भी भनक नहीं थी. अश्विनी तो थी ही इतनी छोटी की उसकी समझ में कुछ नहीं आने वाला था. इस वाक्या के बाद सभी के मन में मुखिया के प्रति एक भयानक खौफ जगह ले चूका था. कोई भी अब मुखिया से आँखें मिला के बात नहीं करता था. सभी का सर उनके सामने हमेशा झुका ही रहता था.

पूरे गाँव में उनका दबदबा बना हुआ था जिसका उन्होंने भरपूर फायदा भी उठाया. आने वाले कुछ सालों में वो चुनाव के लिए खड़े हुए और भारी बहुमत से जीत हासिल की. सभी को अपने जूते तले दबाते हुए क्षेत्र के विधायक बने. बाहु लठैत उनका दाहिना हाथ था और जब भी किसी ने उनसे टकराने की कोशिश की तो उसने उस शख़्स का नामो-निशाँ मिटा दिया गया.

इस दर्दनाक अंत के बाद घरवालों ने गोपाल भैया की शादी दुबारा करा दी और जो नई दुल्हन आई वो बहुत ही काइयाँ निकली! अश्विनी उसे एक आँख नहीं भाति थी और हमेशा उसे डाँटती रहती थी. बस कहने को वो उसकी माँ थी पर उसका ख्याल जरा भी नहीं रखती थी. मैं अब बड़ा होने लगा था और अश्विनी के साथ हो रहे अन्याय को देख मुझे उस पर तरस आने लगता. मैं भरसक कोशिश करता की उसका मन बस मेरे साथ ही लगा

रहे.तो कभी मैं उसके साथ खेलता, कभी उसे टॉफी खिलाता और अपनी तरफ से जितना हो सके उसे खुश रखता.

जब वो स्कूल जाने लायक हुई तो उसकी रूचि किताबों में बढ़ने लगी. जब भी मैं पढ़ रहा होता तो वो मेरे पास चुप चाप बैठ जाती और मेरी किताबों के पन्ने पलट के उनमें बने चित्र देख कर खुश हो जाया करती. मैंने उसका हाथ पकड़ के उसे उसका नाम लिखना सिखाया तो उन अक्षरों को देख के उसे यकीन ही नहीं हुआ की उसने अभी अपना नाम लिखा हे. अब चूँकि घर वालों को उसकी जरा भी चिंता नहीं थी तो उन्होंने उसे स्कूल में दाखिल नहीं कराया.पर वो रोज सुबह जल्दी उठ के बच्चों को स्कूल जाते हुए देखा करती. मैंने घर पर ही उसे ए बी सी डी पढ़ना शुरू किया और वो ख़ुशी-ख़ुशी पढ़ने भी लगी.

एक दिन पिताजी ने मुझे उसे पढ़ाते हुए देख लिया परन्तु कुछ कहा नहीं.रात में जब हम खाना खाने बैठे तो उन्होंने मुझसे कोई बात नहीं की. मुझे लगा शायद पिताजी को मेरा अश्विनी को पढ़ाना अच्छा नहीं लगा. अगली सुबह में स्कूल में था तभी मुझे पिताजी और अश्विनी स्कूल में घुसते हुए दिखाई दिये. मैं उस समय अपनी क्लास से निकल के पानी पीने जा रहा था और पिताजी को देख मैं उनकी तरफ दौडा. पिताजी ने मुझसे हेडमास्टर साहब का कमरा पूछा और जब मैंने उन्हें बताया तो बिना कुछ बोले वहाँ चले गये. पिताजी को स्कूल में देख के डर लग रहा था. ऐसा लग रहा था जैसे वो यहाँ मेरी कोई शिकायत ले के आये हैं और मैं मन ही मन सोचने लगा की मैंने पिछले कुछ दिनों में कोई गलती तो नहीं की? मैं इसी उधेड़-बुन में था की पिताजी मुझे हेडमास्टर साहब के कमरे से निकलते हुए नज़र आये और बिना कुछ बोले अश्विनी को लेके घर की तरफ चले गये.

जब मैं दोपहर को घर पहुँचा तो अश्विनी बहुत खुश लग रही थी और भागती हुई मेरे पास आई और बोली; "चाचू... दादा जी ने मेरा स्कूल में दाखिला करा दिया!" ये सुनके मुझे बहुत अच्छा लगा और फिर इसी तरह हम साथ-साथ स्कूल जाने लगे.

अश्विनी पढ़ाई में मुझसे भी दो कदम आगे थी. मैंने जो झंडे स्कूल में गाड़े थे वो उनके भी आगे निकल के अपने नाम के झंडे गाड़ रही थी. स्कूल में अगर किन्हीं दो लोगों की सबसे ज्यादा तारीफ होती तो वो थे मैं और अश्विनी. जब में दसवीं में आया तब अश्विनी पाँचवीं में थी और इस साल मेरी बोर्ड की परीक्षा थी. मैं मन लगाके पढ़ाई किया करता और इस दौरान हमारा साथ खेलना-कूदना अब लगभग बंद ही हो गया था. पर अश्विनी ने कभी इसकी शिकायत नहीं की बल्कि वो मेरे पास बैठ के चुप-चाप अपनी किताब से पढ़ा करती. जब मैं पढ़ाई से थक जाता तो वो मेरे से अपनी किताब के प्रश्न पूछती जिससे मेरे भी मन थोड़ा हल्का हो जाता.

दसवीं की बोर्ड की परीक्षा अच्छी गई और अब मुझे उसके परिणाम की चिंता होने लगी. पर जब भी अश्विनी मुझे गुम-सुम देखती वो दौड़ के मेरे पास आती और मुझे दिलासा देने के लिए कहती; "चाचू क्यों चिंता करते हो? आप के नंबर हमेशा की तरह अच्छे आयेंगे. आप स्कूल में टॉप करोगे!" ये सुन के मुझे थोड़ी हँसी आ जाती और फिर हम दोनों खेलने लगते. आखिरकार परिणाम का दिन आ गया और मैं स्कूल में प्रथम आया था. परिणाम से घर वाले सभी खुश थे और आज घर पर दावत दी गई.

अश्विनी मेरे पास आई और बोली; "देखा चाचू बोला था ना आप टॉप करोगे!" मैंने हाँ में सर हिलाया और उसके माथे को चुम लिया. फिर मैंने अपनी जेब से चॉकलेट निकाली और उसे दे दी. चॉकलेट देख के वो बहुत खुश हुई और उछलती-कूदती हुई चली गई.ग्यारहवीं में मेरे मन साइंस लेने का था परन्तु जानता था की घर वाले आगे और पढ़ने में खर्चा नहीं करेंगे और ना ही मुझे कोटा जाने देंगे. इसलिए मैंने मन मार के कॉमर्स ले ली और फिर पढ़ाई में मन लगा लिया. स्कूल में मेरे दोस्त ज्यादा नहीं थे और जो थे वो सब के सब मेरी तरह किताबी कीड़े! इसलिए प्यार आदि के बारे में मुझे कोई ज्ञान नहीं मिला और किसी लडकी से पूछने की हिम्मत भी नहीं थी. कौन जा के लड़की से बात करे? और कहीं उसने थप्पड़ मार दिया तो सारी इज्जत का भाजी-पाला हो जायेगा. इसी तरह दिन गुज़रने लगे और मैं बारहवीं में आया और फिर से बोर्ड की परीक्षा सामने थी. खेर इस बार भी मैंने स्कूल में टॉप किया.इस खुशी मे पिताजी ने शानदार जलसा किया जिसे देख घर के सभी लोग बहुत खुश थे. जलसा ख़तम हुआ तो अगले दिन से ही मैंने कॉलेज देखने शुरू कर दिये. कॉलेज घर से करीब ४ घंटे दूर था तो आखिर ये तय हुआ की मैं हॉस्टल में रहूँगा पर हर शुक्रवार घर आऊँगा और रविवार वापस हॉस्टल जाना होगा. जब ये बात अश्विनी को पता चली तो वो बेचारी बहुत उदास हो गई.

मैं: क्या हुआ आशु? (मैं अश्विनी को प्यार से आशु बुलाया करता था.)

अश्विनी: आप जा रहे हो? मुझे अकेला छोड़ के?

मैं: पागल... मैं बस कॉलेज जा रहा हूँ ... तुझसे दूर थोड़े ही जाऊँगा? और फिर मैं हर शुक्रवार आऊँगा ना.

अश्विनी: आपके बिना मेरे साथ कौन बात करेगा? कौन मेरे साथ खेलेगा? मैं तो अकेली रह जाऊँगी?

मैं: ऐसा नहीं है आशु! सिर्फ चार दिन ही तो मैं बहार रहूँगा ... बाद में फिर घर आ जाऊंगा.

अश्विनी: पक्का?

मैं: हाँ पक्का ... मे तुम्हे वचन देता हू..

अश्विनी को किया ये ऐसा वादा था जिसे मैंने कॉलेज के तीन साल तक नहीं तोडा. मैं हर शुक्रवार घर आ जाया करता और रविवार दोपहर हॉस्टल वापस निकल जाता. जब मैं घर आता तो अश्विनी खुश हो जाया करती और रविवार दोपहर को जाने के समय फिर दुखी हो जाया करती थी.

इधर कॉलेज के पहले ही साल मेरे कुछ 'काँड़ी' दोस्त बन गए जिनकी वजह से मुझे गांजा मिल गया और उस गांजे ने मेरी जिंदगी ही बदल दी. रोज रात को पढ़ाई के बाद में गांजा सिग्रेटे में भर के फूँकता और फ़ूँकते-फ़ूँकते ही सो जाया करता. सारे दिन की टेंशन लुप्त हो जाती और नींद बड़ी जबरदस्त आती. पर अब दिक्कत ये थी की गांजा फूँकने के लिए पैसे की जरुरत थी और वो मैं लाता कहाँ से? घर से तो गिनती के पैसे मिलते थे, तभी एक दोस्त ने मुझे कहा की तू कोई पार्ट टाइम काम कर ले!

आईडिया बहुत अच्छा था पर करूँ क्या? तभी याद ख्याल आया की मेरी एकाउंट्स बहुत अच्छी थी. सोचा क्यों न किसी को टूशन दूँ? पर इतनी आसानी से छडे लौंडे को कोई काम कहाँ देता है? एक दिन मैं दोस्तों के साथ बैठ चाय पी रहा था की मैंने अखबार में एक इश्तिहार पढ़ा: 'जरुरत है एक टीचर की' ये पढ़ते ही मैं तुरंत उस जगह पहुँच गया और वहाँ मेरा बाकायदा इंटरव्यू लिया गया की मैं कहाँ से हूँ और क्या करता हूँ? जब मैंने उन्हें अपने बारे में विस्तार से बताया और अपनी बारहवीं की मार्कशीट दिखाई तो साहब बड़े खुश हूये. फिर उन्होंने अपनी बेटी, जिसके लिए वो इश्तिहार दिया गया था उससे मिलवाया. एक दम सुशील लड़की थी और कोई देख के कह नहीं सकता की उसका बाप इतने पैसे वाला हे.

उसका नाम शालिनी था. उसने आके मुझे नमस्ते कहा और सर झुकाये सिकुड़ के सामने सोफे पर बैठ गई. उसके पिताजी ने उससे से मेरा तारुफ़ करवाया और फिर उसे अंदर से किताबें लाने को कहा. जैसे ही वो अंदर गई उसके पिताजी ने मेरे सामने एक शर्त साफ़ रख दी की मुझे उनकी बेटी को उनके सामने बैठ के ही पढ़ाना होगा. मैंने तुरंत उनकी बात मान ली और उसके बाद उन्होंने मुझे सीधे ही फीस के लिए पूछा! अब मैं क्या बोलूं क्या नहीं ये नहीं जानता था. वो मेरी इस दुविधा को समझ गए और बोले; १००/- प्रति घंटा. ये सुन के मेरे कान खड़े हो गए और मैंने तुरंत हाँ भर दी. इधर उनकी बेटी किताब ले के आई और मेरे सामने रख दी. ये किताब एकाउंट्स की थी जो मेरे लिए बहुत आसान था.

उस दिन के बाद से मैं उसे रोज पाँच बजे पढ़ाने पहुँच जाता और एक घंटा या कभी कभी डेढ़-घंटा पढ़ा दिया करता. वो पढ़ने में इतनी अच्छी थी की कभी-कभी तो मैं उसे डेढ़-घंटा पढ़ा के भी एक ही घंटा लिख दिया करता था. शालिनी के पहले क्लास टेस्ट में उसके

सबसे अच्छे नंबर आये और ये देख उसके पिताजी भी बहुत खुश हुए और उसी दिन उन्होंने मुझे मेरी कमाई की पहली तनख्वा दी, पूरे ३०००/- रुपये! मेरी तनख्वा मेरे हाथों में देख मैं बहुत खुश हुआ और अगले दिन चूँकि शुक्रवार था तो मैंने सबसे पहले कॉलेज से बंक मारा और अश्विनी के लिए नए कपडे खरीदे.उसके बाद एक चॉकलेट का बॉक्स लेके मैं बस में चढ़ गया.

चार घंटे बाद में घर पहुँचा तो चुपचाप अपना बैग कमरे में रख दिया ताकि कोई उसे खोल के ना देखे. इधर दबे पाँव में अश्विनी के कमरे में पहुँचा और उसे चौंकाने के लिए जोर से चिल्लाया; "सरप्राइज"!!! ये सुनते ही वो बुरी तरह डर गई और मुझे देखते ही वो बहुत खुश हुई. जैसे ही वो मेरी तरफ आई मैंने उसे कस के गले लगा लिया और बोला; "जन्मदिन मुबारक हो आशु"!!! ये सुनके तो वो और भी चौंक गई और उसने आज कई सालों बाद मेरे गाल पर चुम लिया और "शुक्रिया" कहा.

मैंने उसे अपने कमरे में भेज दिया और मेरा बैग ले आने को कहा. जब तक वो मेरा बैग लाइ मैं उसके कमरे में बैठा उसकी किताबें देख रहा था. उसने बैग ला के मेरे हाथ में दिया और मैंने उसमें से उसका तोहफा निकाल के उसे दिया. तोहफा देख के वो फूली न समाई और मुझे जोर से फिर गले लगा लिया और मेरे दोनों गालों पर बेतहाशा चूमने लगी. उसे ऐसा करते देख मुझे बहुत ख़ुशी हुई! घर में कोई नहीं था जो उसका जन्मदिन मनाता हो. मुझे याद है जब से मुझे होश आया था मैं ही उसके जन्मदिन पर कभी चॉकलेट तो कभी चिप्स लाया करता और उसे बधाई देते हुए ये दिया करता था और वो इस ही बहुत खुश हो जाया करती थी. जब की मेरे जन्मदिन वाले दिन घर में सभी मुझे बधाई देते और फिर मंदिर जाया करते थे. मुझे ये भेद-भाव कतई पसंद ना था परन्तु कुछ कह भी नहीं सकता था.

खेर अपना तौफा पा कर वो बहुत खुश हुई और मुझसे पूछने लगी;

अश्विनी: चाचू मैं इसे अभी पहन लूँ?

मैं: और नहीं तो क्या? इसे देखने की लिए थोड़ी ही दिया है तुझे?!

वो ये सुन के तुरंत नीचे भागी और बाथरूम में पहन के बहार आके मुझे दिखाने लगी. नारंगी रंग की जैकेट के साथ एक फ्रॉक थी और उसमें अश्विनी बहुत ही प्यारी लग रही थी. उसने फिर से मेरे गले लग के मुझे धन्यवाद दिया. परन्तु उसकी इस ख़ुशी किसी को एक आँख नहीं भाई. अचानक ही अश्विनी की माँ वहाँ आई और नए कपड़ों में देखते ही गरजती

हुई बोली; "कहाँ से लाई ये कपडे?" जब वो कमरे में दाखिल हुई और मुझे उसके पलंग पर बैठा देखा तो उसकी नजरें झुक गई. "मैंने दिए हैं! आपको कोई समस्या है कपड़ों से?" ये सुन के वो कुछ नहीं बोली और चली गई. इधर अश्विनी की नजरें झुक गईं और वो रउवाँसी हो गई. "आशु .... इधर आ." ये कहते हुए मैंने अपनी बाहें खोल दी और उसे गले लगने का निमंत्रण दिया. आशु मेरे गले लग गई और रोने लगी. "चाचू कोई मुझसे प्यार नहीं करता" उसने रोते हुए कहा.

"मैं हूँ ना! मैं तुझसे प्यार नहीं करता तो तेरे लिए गिफ्ट क्यों लाता? चल अब रोना बंद कर और चल मेरे साथ. आज हम बाजार घूम के आते हैं." ये सुन के उसने तुरंत रोना बंद किया और नीचे जा के अपना मुंह धोया और तुरंत तैयार हो के आ गई. मैं भी नीचे दरवाजे पर उसी का इंतजार कर रहा था. तभी मुझे वहाँ माँ और पिताजी दिखाई दिये. मैंने उनका आशीर्वाद लिया और उन्हें बता के मैं और अश्विनी बाजार निकल पडे. बाजार घर से करीब घंटा भर दूर था और जाने के लिए सड़क से जीप करनी होती थी. जब हम बाजार आये तो मैंने उससे पूछना शुरू किया की उसे क्या खाना है और क्या खरीदना है? पर वो कहने में थोड़ा झिझक रही थी. जबसे मैं बाजार अकेले जाने लायक हुआ था तब से मैं अश्विनी को उसके हर जन्मदिन पर बाजार ले जाया करता था. मेरे अलावा घर में कोई भी उसे अपने साथ बाजार नहीं ले जाता था और बाजार जाके मैंने कभी भी अपने मन की नहीं की.हमेशा उसी से पूछा करता था और वो जो भी कहती उसे खिलाया-पिलाया करता था. पर आज उसकी झिझक मेरे पल्ले नहीं पड़ी इसलिए मैंने उस खुद पूछ लिया; "आशु? तू चुप क्यों है? बोलना क्या-क्या करना है आज? चल उस झूले पर चलें?" मैंने उसे थोड़ा सा लालच दिया. पर वो कुछ पूछने से झिझक रही थी.

मैं: आशु... (मैं उसे लेके सड़क के किनारे बनी टूटी हुई बेंच पर बैठ गया.)

अश्विनी: चाचू .... (पर वो बोलने से अभी भी झिझक रही थी.)

मैं: क्या हुआ ये तो बता? अभी तो तू खुश थी और अभी एक दम गम-सुम?

अश्विनी: चाचू... आपने मुझे इतना अच्छा ड्रेस ला के दिया..... इसमें तो बहुत पैसे लगे होंगे ना? और अभी आप मुझे बाजार ले आये ...और.... पैसे....

मैं: आशु तूने कब से पैसों के बारे में सोचना शुरू कर दिया? बोल?

अश्विनी: वो... घर पर सब मुझे बोलेंगे...

मैं: कोई तुझे कुछ नहीं कहेगा! ये मेरे पैसे हैं, मेरी कमाई के पैसे.

ये सुनते ही अश्विनी आँखें बड़ी कर के मुझे देखने लगी.

अश्विनी: आप नौकरी करते हैं? आप तो कॉलेज में पढ़ रहे थे ना? आपने पढ़ाई छोड़ दी?

मैं: नहीं पगली! मैं बस एक जगह पार्ट टाइम में पढ़ाता हु.

अश्विनी: पर क्यों? आपको तो पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए? दादाजी तो हर महीने पैसे भेजते हैं आपको! कहीं आपने मेरे जन्मदिन पर खर्चा करने के लिए तो नहीं नौकरी की?

मैं: नहीं .... बस कुछ ... खर्चे पूरे करने होते हे.

अश्विनी: कौन से खर्चे?

मैं: अरे मेरी माँ तुझे वो सब जानने की जरुरत नहीं हे. तू अभी छोटी है....जब बड़ी होगी तब बताऊँगा| अब ये बता की क्या खायेगी?(मैंने हँसते हुए बात टाल दी.)

अश्विनी ने फिर दिल खोल के सब बताया की उसे पिक्चर देखनी हे. मैं उसे ले के थिएटर की ओर चल दिया और दो टिकट लेके हम पिक्चर देखने लगे और फिर कुछ खा-पी के शाम सात बजे घर पहुंचे.

सात बजे घर पहुँचे तो ताऊ जी और ताई जी बहुत नाराज हूये.

ताऊ जी: कहाँ मर गए थे दोनों?

मैं: जी वो... आज आशु का जन्मदिन था तो.....(आगे बात पूरी होती उससे पहले ही उन्होंने फिर से झड़ दिया.)

ताऊ जी: जन्मदिन था तो? इतनी देर तक बहार घूमोगे तुम दोनों? कुछ शर्म हया है दोनों में या शहर पढ़ने जा के बेच खाई?

इतने में वहाँ पिताजी पहुँच गए और उन्होंने थोड़ा बीच-बचाव करते हुए डांटा.

पिताजी: कहा था ना जल्दी आ जाना? इतनी देर कैसे लगी?

मैं: जी वो जीप ख़राब हो गई थी. (मैंने झूठ बोला.)

ताऊ जी: (पिताजी से) तुझे बता के गए थे दोनों?

पिताजी: हाँ

ताऊ जी: तो मुझे बता नहीं सकता था?

पताजी: वो भैया मैं तिवारी जी के गया हुआ था वो अभी-अभी आये हैं और आपको बुला रहे हे.

ये सुनते ही ताऊ जी कमर पे हाथ रख के चले गए और साथ पिताजी भी चले गये. उनके जाते ही मैंने चैन की साँस ली और अश्विनी की तरफ देखा जो डरी-सहमी सी खड़ी थी और उसकी नजरें नीचे झुकी हुई थी.

मैं: क्या हुआ?

अश्विनी: मेरी वजह से आपको डाँट पड़ी!

मैं: अरे तो क्या हुआ? पहली बार थोड़े ही है? छोड़ ये सब और जाके कपडे बदल और नीचे आ.

अश्विनी सर झुकाये चली गई और मैं आंगन में चारपाई पर बैठ गया.तभी वहाँ माँ आई और उन्होंने भी मुझे डाँट लगाई. वो रात ऐसे ही बित गयी.

अगली सुबह मैं अपने दोस्त से मिलने गया. ये वही दोस्त है जिसके पिताजी यानि तिवारी जी कल रात को आये थे.

प्रकाश चौबे: और भाई सागर! क्या हाल-चाल? कब आये?

मैं: अरे कल ही आया था. और तू सुना कैसा है?

प्रकाश चौबे: अरे अपना तो वही है! लुगाई और ठुकाई!

मैं: साले तू नहीं सुधरा! खेर कम से कम तू अपने पिताजी के कारोबार में ही उनका हाथ तो बटाने लगा! अच्छा ये बता यहाँ कहीं माल मिलेगा?

प्रकाश चौबे: हाँ है ना! बहुत मस्त वाला और वो भी तेरे घर पर ही है!

मैं: क्या बकवास कर रहा है?

प्रकाश चौबे: अबे सच में! तेरी भाभी.... हाय-हाय क्या मस्त माल है!

मैंने: (उसका कॉलर पकड़ते हुए) हरामी साले चुप करजा वरना यहीं पेल दूँगा तुझे!

प्रकाश चौबे: अच्छा-अच्छा.......... माफ़ कर दे यार.... सॉरी!

मैं ने उसका कॉलर छोड़ा और जाने लगा तभी उसने आके पीछे से मेरे कंधे पर हाथ रखा और कान पकड़ के माफ़ी माँगने लगा.

प्रकाश चौबे: भाई तेरी बचपन की आदत अभी तक गई नहीं है! साला अभी भी हर बात को दिल से लगा लेता हे.

मैं: परिवार के नाम पर कोई मजाक बर्दाश्त नहीं है मुझे! और याद रखिओ इस बात को दुबारा नहीं समाझाऊंगा.

प्रकाश चौबे: अच्छा यार माफ़ कर दे! आगे से कभी ऐसा मजाक नहीं करुंगा. चल तुझे माल पिलाता हूँ!

खेत पर एक छप्पर था जहाँ उसका टूबवेल लगा था. वहीँ पड़ी खाट पर मैं बैठ गया और उसने गांजा जो एक पुटकी में छप्पर में खोंस रखा था उसे निकला और फिर अच्छे से अंगूठे से मला. फिर वही मला हूआ गांजा सिगरेट में भर के सिगरेट मेरी ओर बढ़ा दी. मैंने सिगरेट मुंह पर लगाईं और सुलगाई. पहला कश मारते ही दिमाग सुन्न पड़ने लगा और मैं उसकी चारपाई पर लेट के मधोष होणे लगा. सिगरेट आधी हुई तो उसने मेरे हाथ से सिगरेट ले ली और वो भी फूँकने लगा.

प्रकाश चौबे: और बता ... कोई लड़की-वड़की पटाई या नही ?

मैं: साले फर्स्ट ईयर में हूँ ...अभी घंटा कोई लड़की नहीं मिली जिसे देख के दिल से आह निकल जाए!

प्रकाश चौबे: अबे तेरा मन नहीं करता पेलने का? हरामी स्कूल टाइम से देख रहा हूँ साला अभी तक हथ्थी लगाता हे.

मैं: अबे यार किससे बात करूँ.सुन्दर लड़की देख के लगता है की पक्का इसका कोई न कोई बॉयफ्रेंड होगा. फिर खुद ही खुद को रिजेक्ट कर देता हु.

प्रकाश चौबे: अबे तो शादी कर ले!

मैं: पागल है क्या? शादी कर के खिलाऊँगा क्या बीवी को?

प्रकाश चौबे: अपना हथियार और क्या?

मैं: हरामी तू नहीं सुधरेगा!!!

प्रकाश चौबे: अच्छा ये बता ये माल कब फूँकना शुरू किया?

मैं: यार कॉलेज के पहले महीने में ही कुछ दोस्त मिल गए और फिर घर की याद बहुत आती थी. इसे फूँकने के बाद दिमाग सुन्न हो जाता और मैं चैन से सो जाया करता था.

प्रकाश चौबे: अच्छा ये बता, रंडी पेलेगा?

मैं: पागल हो गया है क्या तू?

प्रकाश चौबे: अबे फट्टू साले! तेरे बस की कुछ नहीं है!

मैं: हरामी मैं तेरी तरह नहीं की कोई भी लड़की पेल दूँ! प्यार भी कोई चीज होती है?!

प्रकाश चौबे: ओये चिरांद ये प्यार-व्यार क्या होता है बे? हरामी पता नहीं तुझे तेरी भाभी के बारे में?

मैं: (चौंकते हुए) क्या बोल रहा है तू?

और फिर प्रकाश ने मुझे सारी कहानी याद दीलाई. जिसे सुन के सारा नशा काफूर हो गया.खेत में खड़ा वो पेड़ जिसमें दोनों प्रेमियों की अस्थियां हैं जहाँ पिताजी कभी जाने नहीं देते थे वो सब याद आने लगा. ये सब सुन के तो बुरी तरह फट गई और दिल में जितने भी प्यार के कीड़े थे सब के सब मर गए! मैंने फैसला कर लिया की चाहे जो भी हो जाये प्यार-व्यार के चक्कर में नहीं पड़ूँगा! खेर उस दिन के बाद मेरे मन में प्यार की कोई जगह नहीं रह गई थी. मैंने खुद का ध्यान पढ़ाई और पार्ट-टाइम जॉब में लगा दिया और जो समय बच जाता उसमें मैं अश्विनी के साथ कुछ खुशियां बाँट लेता.

दो साल और निकल गए और मैं थर्ड ईयर में आ गया और अश्विनी भी दसवीं कक्षा में आ गई. अब इस साल उसके बोर्ड के पेपर थे और उसका सेंटर घर से कुछ दूर था तो अब घर वालों को तो कोई चिंता थी नही. उनकी बला से वो पेपर दे या नहीं पर मैं ये बात जानता था इसलिए जब उसकी डेट-शीट आई तो मैं ने उससे उसके सेंटर के बारे में पूछा. वो बहुत परेशान थी की सेंटर कैसे जाएगी? उसकी एक-दो सहलियां थी पर उनका सेंटर अलग पड़ा था!

मैं: आशु? क्या हुआ परेशान लग रही है?

अश्विनी: (रोने लगी) चाचू ... मैं....कल पेपर नहीं दे पाऊँगी! सेंटर तक कैसे जाऊँ? घर से अकेले कोई नहीं जाने दे रहा और पापा ने भी मना कर दिया? दादाजी भी यहाँ नहीं हैं!

मैं: (आशु के सर पर प्यार से एक चपत लगाई) अच्छा ?? और तेरे चाचू नहीं हैं यहाँ?

अश्विनी: चाचू ... पेपर तो सोमवार को है और आप तो रविवार को चले जाओगे?

मैं: पागल ... मैं नहीं जा रहा! जब-जब तेरे पेपर होंगे मैं ठीक एक दिन पहले आ जाऊंगा.

और हुआ भी यही .... मैं पेपर के समय अश्विनी को सेंटर छोड़ देता और जब तक वो बहार नहीं आती तब तक वहीँ कहीं घूमते हुए समय पार कर लेता और फिर उसे ले के घर आ जाता. रास्ते में हम उसी के पेपर को चर्चा करते जिससे उसे बहुत ख़ुशी होती. सारे पेपर ख़तम हुए और आप रिजल्ट का इंतजार था. इधर घर वालों ने उसकी शादी के लिए लड़का ढूँढना शुरू कर दिया. जब ये बात अश्विनी को पता चली तो उसे बहुत बुरा लगा क्योंकि वो हर साल स्कूल में प्रथम आया करती थी. पर घर वाले हैं की उनको जबरदस्ती उसकी शादी की पड़ी थी.

अश्विनी अब मायूस रहने लगी थी और मुझसे उसकी ये मायूसी नहीं देखि जा रही थी. परन्तु मैं कुछ कर नहीं सकता था. शुक्रवार शाम जब मैं घर पहुँचा तो अश्विनी मेरे पास पानी ले के आई पर उसके चेहरे पर अब भी गम का साया था. रिजल्ट रविवार सुबह आना था पर घर में किसी को कुछ भी नहीं पड़ी थी. मैंने ताई जी और माँ से अश्विनी के आगे पढ़ने की बात की तो दोनों ने मुझे बहुत तगड़ी झड़ लगाईं! "इसकी उम्र में लड़कियों की शादी हो जाती है!" ये कह के उन्होंने बात खत्म कर दी और मैं अपना इतना सा मुंह ले के ऊपर अपने कमरे में आ गया.कुछ देर बाद अश्विनी मेरे पास आई और बोली; "चाचू... आप क्यों मेरी वजह से बातें सुन रहे हो? रहने दो... जो किस्मत में लिखा है वो तो मिलके रहेगा ना?"

"किस्मत बनाने से बनती है, उसके आगे यूँ हथियार डालने से कुछ नहीं मिलता." इतना कह के मैं वहाँ से उठा और घर से निकल गया.

शनिवार सुबह मैं उठा और फिर घूमने के लिए घर से निकल गया.शाम को घर आया और खाना खाके फिर सो गया.रविवार सुबह मैं जल्दी उठा और नाहा-धो के तैयार हो गया.मैंने अश्विनी को आवाज दी तो वो रसोई से निकली और मेरी तरफ हैरानी से देखने लगी; "जल्दी से तैयार होजा, तेरा रिजल्ट लेने जाना हे." पर मेरी इस बात का उस पर कोई असर ही नहीं पड़ा वो सर झुकाये खड़ी रही. इतने में उसकी सौतेली माँ आ गई और बीच में बोल पड़ी; "कहाँ जा रही है? खाना नहीं बनाना?"

"भाभी मैं इसे ले के रिजल्ट लेने जा रहा हूँ!" मैंने उनकी बात का जवाब हलीमी से दिया.

"क्या करोगे देवर जी इसका रिजल्ट ला के? होनी तो इसकी शादी ही है! रिजल्ट हो या न हो क्या फर्क पड़ता है?" भाभी ने तंज कस्ते हुए कहा.

"शादी आज तो नहीं हो रही ना?" मैंने उनके तंज का जवाब देते हुए कहा और अश्विनी को तैयार होने को कहा. तब तक मैं आंगन में ही बैठा था की वहाँ ताऊ जी, पिताजी, माँ और ताई जी भी आ गए और मुझे तैयार बैठा देख पूछने लगे;

ताऊ जी: आज ही वापस जा रहा है?

मैं: जी नहीं! वो आशु का रिजल्ट आएगा आज वही लेने जा रहा हूँ उसके साथ|

पिताजी: रिजल्ट ले के सीधे घर आ जाना, इधर उधर कहीं मत जाना. पंडितजी को बुलवाया है अश्विनी की शादी की बात करने के लिए.

मैंने इस बात का कोई जवाब नहीं दिया की तभी अश्विनी ने ऊपर से सारी बात सुन ली.उसका दिल अब टूट चूका था. मैंने उसे जल्दी आने को कहा और फिर अपनी साईकिल उठाई और उसे पीछे बिठा के पहले उसे मंदिर ले गया और वहाँ उसके पास होने की प्रार्थना की और फिर सीधे बाजार जा के इंटरनेट कैफ़े के बहार रुक गया.

मैं: रिजल्ट की चिंता मत कर, तू फर्स्ट ही आएगी देख लेना!

अश्विनी: क्या फायदा! (उसने मायूसी से कहा)

मैं: तेरी शादी कल नहीं हो रही! समझी? थोड़ा सब्र कर भगवान् जरूर मदद करेगा|

पर अश्विनी बिलकुल हार मान चुकी थी और उसके मन में कोई उम्मीद नहीं थी की कुछ अच्छा भी हो सकता हे. करीब दस बजे रिजल्ट आया और दूकान में भीड़ बढ़ने लगी. मैंने जल्दी से अश्विनी का रोल नंबर वेबसाइट में डाला और जैसे ही उसका रिजल्ट आया मैं ख़ुशी से उछल पड़ा! उसने ९७% अंक स्कोर किये थे. ये जब मैंने उसे बताया तो वो भी बहुत खुश हुई और मेरे गले लग गई. हम दोनों ख़ुशी-ख़ुशी दूकान से मार्कशीट का प्रिंट-आउट लेके निकले और मैं उसे सबसे पहले मिठाई की दूकान पर ले गया और रस मलाई जो उसे सबसे ज्यादा पसंद थी खीलाई. फिर मैंने घर के लिए भी पैक करवाई और हम फिर घर पहुंचे.

घर पहुँचते ही देखा तो पंडित जी अपनी आसान पर बैठे थे और कुछ पोथी-पत्रा लेके उँगलियों पर कुछ गिन रहे थे. उन्हें देखते ही अश्विनी के आँसूं छलक आये और जो अभी तक खुश थी वो फिर से मायूस हो के अपने कमरे में घुस गई. मुझे भी पंडित जी को देख के घरवालों पर बहुत गुस्सा आया.कम से कम कुछ देर तो रुक जाते.आशु कुछ दिन तो खुश हो लेती! इधर अश्विनी के हेडमास्टर साहब भी आ धमके और सब को बधाइयाँ देने लगे पर घर में कोई जानता ही नहीं था की वो बधाई क्यों दे रहे हैं?

"अश्विनी के ९७% आये हैं!!!" मैंने सर झुकाये कहा.

"सिर्फ यही नहीं भाई साहब बल्कि, अश्विनी ने पूरे प्रदेश में टॉप किया है! उसके जितने किसी के भी नंबर नहीं हैं!" हेडमास्टर ने गर्व से कहा.

"अरे भाई फिर तो मुँह मीठा होना चाहिए!" लालची पंडित ने होठों पर जीभ फेरते हुए कहा.

मैंने भाभी को रस मलाई से भरा थैला दीया और सब के लिए परोस के लाने को कहा. इतने में हेड मास्टर साहब बोले; "भाई साहब मानना पढ़ेगा.पहले आपके लड़के ने दसवीं में जिले में टॉप किया था और आपकी पोती तो चार कदम आगे निकल गई! वैसे है कहाँ अश्विनी?" मैंने अश्विनी को आवाज दे कर बुलाया और वो अपने आँसुंओं से ख़राब हो चुके चेहरे को पोंछ के नीचे आई और हेडमास्टर साहब के पाँव छुए.उन्होंने उसके सर पर हाथ रख के आशीर्वाद दिया. फिर उसने मुझे छोड़के सभी के पाँव छुए और सब ने सिर्फ उसके सर पर हाथ रख दिया. पर कुछ बोले नही. आज से पहले ऐसा कुछ नहीं हुआ था!

इससे पहले की रस मलाई परोस के आती पंडित बोल पड़ा; "जजमान! एक विकट समस्या है लड़की की कुंडली में!" ये सुनते ही सारे चौंक गए पर अश्विनी को रत्ती भर भी फर्क नहीं पडा. वो बस हाथ बंधे और सर झुकाये मेरे साथ खड़ी थी. पंडित ने आगे अपनी बात पूरी की; "लड़की की कुंडली में ग्रहों और नक्षत्रों की कुछ असामान्य स्थिति है जिसके कारन इसका विवाह आने वाले पाँच साल तक नामुमकिन है!"

ये सुन के सब के सब सुन्न हो गए.पर अश्विनी के मुख पर अभी भी कोई भाव नहीं आया था. "परन्तु कोई तो उपाय होगा? कोई व्रत, कोई पूजा पाठ, कोई हवन? कुछ तो उपाय करो पंडित जी?" ताऊ जी बोले.

"नहीं जजमान! कोई उपाय नहीं! जब तक इसके प्रमुख ग्रहों की दशा नहीं बदलती तब तक कुछ नहीं हो सकता? जबरदस्ती की गई तो अनहोनी हो सकती है?" पंडित ने सबको चेतावनी दी! ये सुन के सब के सब स्तब्ध रह गये. करीब दस मिनट तक सभी चुप रहे! कोई कुछ बोल नहीं रहा था की तभी मैंने चुप्पी तोड़ते हुए कहा; "तो अश्विनी को आगे पढ़ने देते हैं? अब पाँच साल घर पर रह कर करेगी भी क्या? कम से कम कुछ पढ़ लिख जाएगी तो परिवार का नाम रोशन होगा!"

ये सुनते ही ताई जी बोल पड़ी; "कोई जरुरत नहीं है आगे पढ़ने की? जितना पढ़ना था इसने पढ़ लिया अब चूल्हा-चौका संभाले! पाँच साल बाद ही सही पर जायेगी तो ससुराल ही? वहाँ जा के क्या नाम करेगी?"

इतने में ही हेडमास्टर साहब बोल पड़े; "अरे भाभी जी क्या बात कर रहे हो आप? वो ज़माना गया जब लड़कियों के पढ़े लिखे होने न होने से कोई फर्क नहीं पड़ता था! आजकल तो लड़कियां लड़कों से कई ज्यादा आगे निकल चुकी हैं! शादी के बाद भी कई सास-ससुर अपनी बहु को नौकरी करने देते हैं. जिससे न केवल घर में आमदनी का जरिया बढ़ता है.बल्कि पति-पत्नी घर की जिम्मेदारियाँ मिल के उठाते हे. हर जगह कम से कम ग्रेजुएट लड़की की ज्यादा कदर की जाती है! वो घर के हिसाब-किताब को भी संभालती हे. अगर कल को अश्विनी के होने वाले पति का कारोबार हुआ तो ये भी उसकी मदद कर सकती है और ऐसे में सारा श्रेय आप लोगों को ही मिलेगा.आपके समधी-समधन आप ही को धन्यवाद करेंगे की आपने बच्ची को इतने प्यार से पढ़ाया लिखाया है!"

"और अगर इतनी पढ़ाई लिखाई के बावजूद इस के पर निकल आये और ये ज्यादा उड़ने लगी तो? या मानलो कल को इसके जितना पढ़ा लिखा लड़का न मिला तो?" ताऊ जी ने अपना सवाल दागा!

"आपको लगता है की आपकी इतनी सुशील बेटी कभी ऐसा कुछ कर सकती है? मैंने इसे आज तक किसी से बात करते हुए नहीं देखा. सर झुका के स्कूल आती है और सर झुका के वापस! ऐसी गुणवान लड़की के लिए वर न मिले ऐसा तो हो ही नहीं सकता" आप देख लेना इसे सबसे अच्छा लड़का मिलेगा!" हेडमास्टर साहब ने छाती ठोंक के कहा.

"पर..." पिताजी कुछ बोलने लगे तो हेडमास्टर साहब बीच में बोल पडे. "भाई साहब मैं आपसे हाथ जोड़ के विनती करता हूँ की आप बच्ची को आगे पढ़ने से न रोकिये! ये बहुत तरक्की करेगी, मुझे पूरा विश्वास है इस पर!"

"ठीक है... हेडमास्टर साहब!" ताऊ जी बोले और भाभी को मीठा लाने को बोले.

ताऊ जी का फैसला अंतिम फैसला था और उसके आगे कोई कुछ नहीं बोला. इतने में भाभी रस मलाई ले आई. पर उनके चेहरे पर बारह बजे हुए थे. सभी ने मिठाई खाई और फिर पंडित जी अपने घर निकल गए और हेड मास्टर साहब अपने घर. साफ़ दिखाई दे रहा था की अश्विनी के आगे पढ़ने से कोई खुश नहीं था और इधर अश्विनी फूली नहीं समां रही थी. घर के सारे मर्द चारपाई पर बैठ के कुछ बात कर रहे थे और इधर मैं और अश्विनी दूसरी चारपाई पर बैठे आगे क्या कोर्स सेलेक्ट करना है उस पर बात कर रहे थे. अश्विनी साइंस लेना चाहती थी पर मैंने उसे विस्तार से समझाया की साइंस लेना उसके लिए वाजिब नहीं क्योंकि ग्यारहवीं की साइंस के लिए उसे कोचिंग लेना जरुरी हे. अब चूँकि कोचिंग सेंटर घर से घंटा भर दूर है तो कोई भी तुझे लेने या छोड़ने नहीं जायेगा. ऊपर से

साइंस लेने के बाद या तो उसे इंजीनियरिंग करनी होगी या डॉक्टरी और दोनों ही सूरतों में घर वाले उसे घर से दूर कोचिंग, प्रेपरेशन और टेस्ट के लिए नहीं जाने देंगे! अब चूँकि एकाउंट्स और इकोनॉमिक्स उसके लिए बिलकुल नए थे तो मैंने उसे विश्वास दिलाया की इन्हें समझने में मैं उसकी पूरी मदद करुंगा.

अब अश्विनी निश्चिन्त थी और उसके मुख पर हँसी लौट आई थी. वो उठ के अपने कमरे में गई. अगले महीने मेरे पेपर थे तो मैं उन दिनों घर नहीं जा सका और जब पहुँचा तो अश्विनी के स्कूल खुलने वाले थे. मैं पहले ही उसके लिए कुछ हेल्पबूक्स ले आया था. उन हेल्पबूक्स की मदद से मैंने उसे एकाउंट्स और इकोनॉमिक्स के टिप्स दे दिये. अब मेरे कॉलेज के रिजल्ट का इंतजार था और मैं घर पर ही रहने लगा था. पार्ट टाइम वाली टूशन भी छूट चुकी थी तो मैंने घर पर रह के अश्विनी को पढ़ना शुरू कर दिया.अब वो एकाउंट्स में बहुत अच्छी हो चुकी थी. जब मेरे रिजल्ट आया तो घरवाले बहुत खुश हुए क्योंकि मैंने कॉलेज में टॉप किया था.

मैं घर लौटा तो घर वालों ने उस दिन गाँव में सबको पार्टी दे डाली.क्योंकि खानदान का मैं पहले लड़का था जो ग्रेजुएट हुआ था. पार्टी ख़तम हुई और अगले दिन से ही ताऊ जी ने शादी के लिए जोर डालना शुरू कर दिया.पर मैं अभी शादी नहीं करना चाहता था. उन्हें शक हुआ की कहीं मेरा कोई चक्कर तो नहीं चल रहा, इस पर मैंने उन्हें आश्वस्त किया की ऐसा कुछ भी नहीं हे. मैं बस नौकरी करना चाहता हूँ, अपने पाँव पर खड़ा होना चाहता हु. पर वो मेरी बात सुन के भड़क गए की मुझे भला नौकरी की क्या जरुरत है? भरा-पूरा परिवार है और इसमें नौकरी करने की कोई जरुरत नहीं, वो चाहें तो उम्र भर मुझे बैठ के खिला सकते हे. पर मेरे लिए उन्हें समझाना बहुत मुश्किल था फिर मैंने उन्हें वादा कर दिया की ४० साल की उम्र तक मुझे नौकरी करने दें उसके बाद में घर की खेती-बाड़ी संभाल लूंगा और साथ ही ये भी वचन दे डाला की तीन साल बाद में शादी भी कर लुंगा. खेर बड़ी मुश्किल से हाथ-पाँव जोड़ के मैंने सब को मेरे नौकरी करने के लिए मना लिया पर अश्विनी बहुत उदास थी. मैंने मौका देख के उससे बात की.

मैं: आशु तू खुश नहीं है?

अश्विनी: चाचू... आप नौकरी करोगे तो घर नहीं आओगे? फिर मैं दुबारा अकेली रह जाऊँगी! पहले तो आप २-३ दिन के लिए घर आया करते थे पर अब तो वो भी नहीं! सिर्फ त्यौहार पर ही मिलोगे?

मैं: बाबू... ऐसा नहीं बोलते! मैं घर आता रहूँगा फिर अब अगले साल से तो तू भी बिजी हो जाएगी! बोर्ड्स हैं ना अगले साल!

अश्विनी: पर ..... (वो जैसे कुछ कहना चाहती हो पर बोल न रही हो)

मैं: तू चिंता मत कर मैं हर सेकंड शनिवार घर पर ही रहूँगा| ठीक है? और हाँ अगर तुझे कुछ भी चाहिए किताब, कपडे या कुछ भी तू सीधा मुझे फोन कर देना. मैं तुझे अपने ऑफिस का नंबर दे दूंगा.

अश्विनी: तो आप कहाँ नौकरी करने जा रहे हो? कहीं से कोई ऑफर आया है?

मैं: नहीं अभी तो नहीं .... कल जा के एक दो जगह कोशिश करता हु.

मैंने कोशिश की और आखिर एक दफ्तर में नौकरी मिल ही गई. रहने के लिए कमरा ढूँढना तो उससे भी ज्यादा मुश्किल निकला! ऑफिस से करीब घंटाभर दूर मुझे एक किराये का कमरा मिल गया.शुरू का एक महीना मेरे लिए काँटों भरा था! घर से दफ्तर और दफ्तर से घर आते जाते हालत ख़राब हो जाती! जैसे ही पहली तनख्वा हाथ आई मैंने सबसे पहले अपने लिए ई एम आई पर बुलेट खरीदी......! घरवालों के लिए कुछ कपडे खरीदे और अश्विनी के लिए कुछ किताबें और एक सूंदर सी ड्रेस ली! जब सबसे अंत में मैंने उसे ये तौफा दिया तो वो ख़ुशी से झूम उठी और मुझे थैंक्स बोलते हुए उसकी जुबान नहीं थक रही थी.

खैर दिन बीतने लगे और ऑफिस में मुझे एक सुंदरी पसंद आई.परन्तु कभी हिम्मत नहीं हुई की उससे कुछ बात करूँ! बस काम के सिलसिले में जो बात होती वो होती. इसी तरह एक साल और निकला और अब अश्विनी बारहवीं कक्षा में थी और इसी साल उसके बोर्ड के पेपर थे. सेंटर घर से काफी दूर था और इस बार भी मुझे अश्विनी को पेपर के लिए लेके जाना था. मैं आज जब उसे सेंटर छोड़ने गया तो उसकी सहेलियां मुझे देख के कुछ खुस-फुसाने लगी और हँसने लगी. मैंने उस समय कुछ नहीं कहा और निकल गया और वापस दो घंटे बाद पहुँचा और बहार उसका इंतजार करने लगा. जब वो वापस आई तो हमने पहले पेपर चर्चा किया और फिर मैंने उससे सुबह हुई घटना के बारे में पूछा. तब उसने बताया की उसकी सहेलियों को लगा की मैं उसका बॉयफ्रेंड हूँ! "क्या? और तूने क्या कहा?" मैंने चौंकते हुए पूछा. "मैंने उन्हें बताया की आप मेरे चाचू हो और ये सुनके उनके होश उड़ गए!" और ये कहते हुए वो हँसने लगी. मैंने आगे कुछ नहीं कहा और उसे घर वापस छोड़ा और मैं फिर से दफ्तर निकल गया.दफ्तर पहुँचते-पहुँचते देर हो गई और बॉस ने मेरी एक छुट्टी काट ली! खेर मुझे इस बात का इतना अफ़सोस नहीं था.

आज अश्विनी का आखरी पेपर था और मैं जानता था की उसके सारे पेपर जबरदस्त गए हैं! पर आज जब वो पेपर दे कर निकली तो उसने सर झुका के एक ख्वाइश पेश की; "चाचू... आज मेरा पिक्चर देखने का मन है!" अब चूँकि मैं उसका दिल तोडना नहीं

चाहता था सो मैंने उससे कहा; "आज तो देखना मुश्किल है क्योंकि अगर हम समय से घर नहीं पहुंचे तो आज बवाल होना तय है! तू ऐसा कर कल का प्रोग्राम रख, कल दूसरा शनिवार भी है और मेरी ऑफिस की भी छुट्टी हे."

"पर कल तो कोई पेपर ही नहीं है?" उसने बड़े भोलेपन से कहा. "अरे बुधु! ये तू जानती है, मैं जानता हूँ पर घर पर तो कोई नहीं जानता ना?" मेरी बात सुन के वो खुश हो गई. हम घर पहुँचे तो अश्विनी बहुत चहक रही थी और आज रात की रसोई उसी ने पकाई. मुझे उसके हाथ का बना खाना बहुत पसंद था. क्योंकि उसे पता था की मुझे किस तरह का खाना पसंद हे. इसलिए जब भी मैं घर आता था तो वो बड़े चाव से खाना बनाती थी और मैं उसे खुश हो के 'बक्शीश' दिया करता था! अगले दिन दुबारा स्कूल ड्रेस पहन के नीचे आई तो भाभी ने उससे पूछा; "कहाँ जा रही है?" इससे पहले की वो कुछ बोलती मैं खुद ही बोल पड़ा; "पेपर देने और कहाँ?" मेरा जवाब बहुत रुखा था जिसे सुन के भाभी आगे कुछ नहीं बोली.

हम दोनों घर से बहार निकले और बुलेट पर बैठ के सुबह का शो देखने चल दिये. थिएटर पहुँच के मैंने उसे पिक्चर दिखाई और फिर हमने आराम से बैठ के नाश्ता किया. फिर वो कहने लगी की मंदिर चलते हैं तो मैं उसे एक मंदिर ले आया. दिन के बारह बजे थे और मंदिर में कोई था नहीं, यहाँ तक की पुजारी भी नहीं था. हम अंदर से दर्शन कर के बहार आये और अश्विनी मंदिर की सीढ़ियों पर बैठने की जिद्द करने लगी. तो उसकी ख़ुशी के लिए हम थोड़ी देर वहीँ बैठ गए, तभी अचानक से अश्विनी ने अपना सर मेरे कंधे पर रख दिया और मेरा हाथ अपने दोनों हाथों के बीच दबा दिया. मैंने कुछ नहीं कहा पर मन ही मन मुझे अजीब लग रहा था. पर मैं फिर भी चुप रहा और इधर-उधर देखने लगा की हमें इस तरह कोई देख ना ले.तभी मुझे कोई आता हुआ दिखाई दिया तो मैंने हड़बड़ा के अश्विनी को हिला दिया और मैं अचानक से खड़ा हो गया.मैं जल्दी से नीचे उतरा और बुलेट स्टार्ट की और अश्विनी को बैठने को कहा पर ऐसा लगा मानो वो वहाँ से जाना ही ना चाहती हो. वो अपना बस्ता कंधे पर टंगे खडी मुझे देख रही थी. "क्या देख रही है? जल्दी बैठ घर नहीं जाना?" मैंने फिर से उसे कहा तो जवाब में उसने सर ना में हिलाया तो मैंने जबरदस्ती उसका हाथ पकड़ा और बैठने को कहा और वो बैठ ही गई. हम वहाँ से चल पड़े इधर अश्विनी ने पीछे बैठे हुए अपना सर मेरी पीठ पर रख दिया. शुरू के पंद्रह मिनट तो मैं कुछ नहीं बोला पर अंदर ही अंदर मुझे अजीब लगने लगा. घर करीब २० मिनट दूर होगा की मैंने बाइक रोक दी और अश्विनी से पूछा:

मैं: क्या हुआ पगली? तू कुछ परेशान लग रही है?

अश्विनी: हम्म

मैं: क्या हुआ? बता ना मुझे?

वो बाइक से उत्तरी और मेरे सामने सर झुका के खड़ी हो गई. मैं अभी भी बाइक पर बैठा था और बाइक स्टैंड पर नहीं थी.

अश्विनी: मुझे आपसे एक बात कहनी हे.

मैं: हाँ-हाँ बोल|

अश्विनी: वो... वो.... मैं आपसे बहुत प्यार करती हूँ!

मैं: अरे पगली मैं जानता हूँ तू मुझसे प्यार करती हे. इसमें तू ऐसे परेशान क्यों हो रही है?

अश्विनी: नहीं-नहीं आप समझे नहीं! मैं आपसे सच-मुच् में दिलों जान से प्यार करती हूँ!

मेरा ये सुनना था की मैंने एक जोरदार थप्पड़ उसके बाएँ गाल पर रख दिया. मैं सोच रहा था की ये मुझसे चाचा-भतीजी वाले प्यार के बारे में बात कर रही है पर इसके ऊपर तो इश्क़ का भूत सवार हो गया था!

"तेरा दिमाग ख़राब है क्या? जानती भी है तू क्या कह रही है? और किसे कह रही है? मैं तेरा चाचा हूँ! चाचा! तेरे मन में ऐसा गन्दा ख्याल आया भी कैसे? नशा-वषा तो नहीं करने लगी तू कहीं?" मैंने गरजते हुए कहा.

अश्विनी की आँखें भर आईं थी पर वो अपने आँसू पोंछते हुए बोली; "प्यार करना कोई गन्दी बात है? आपसे सच्चा प्यार करती हूँ! प्यार उम्र, रिश्ते-नाते कुछ नहीं देखता! प्यार तो प्यार होता है!" अश्विनी की आवाज जो अभी कुछ देर पहले डरी हुई थी अब उसमें जैसे आत्मविश्वास भर आया हो. उसका ये आत्मविश्वास मेरे दिमाग में गुस्से को निमंत्रण दे चूका था इसलिए मैं चिल्लाते हुए बाइक से उतरा और बाइक छोड़ दी और वो जाके धड़ाम से सड़क पर गिरी. मैंने एक और थप्पड़ अश्विनी के दाएँ गाल पर दे मारा और जोर से चिल्ला के बोला; "कहाँ से सीखा तूने ये सब? हाँ?.... बोल? इसीलिए तुझे पढ़ाया लिखाया जाता है की तू ये ऊल-जुलूल बातें करे? तुझे पता भी है प्यार क्या होता है?"

अश्विनी की आँखों से आंसुओं की धरा बहे जा रही थी पर वो उसका आत्मविश्वास आज पूरे जोश पर था इसलिए वो भी मेरे सामने तन के जवाब देने लगी; "प्यार या प्रेम एक अहसास है. प्यार अनेक भावनाओं का, रवैयों का मिश्रण है जो पारस्परिक स्नेह से लेकर खुशी की ओर विस्तारित हे. ये एक मज़बूत आकर्षण और निजी जुड़ाव की भावना हे.

किसी इन्सान के प्रति स्नेहपूर्वक कार्य करने या जताने को प्यार कहते हे. प्यार वह होता है जो आपके दुख में साथ दें सुख में तो कोई भी साथ देता हे. प्यार होता है तो हमारी ज़िन्दगी बदल जाती हे. प्यार तो एक-दूसरे से दूर रहने पर भी खत्म नहीं होता जब किसी इंसान के बिना आपको अपना जीवन नीरस लगे! एक दिन वह दिखाई न दे तो दिल बुरी तरह से घबराने लगे. आपको भूख कम लगने लगे या खाने-पीने की सुध न रहे. अखबार में पहले उसकी, फिर अपनी राशि देखें.जब भी वह उठकर कहीं जाए तो आपकी निगाहें उसका पीछा करती रहें.मेरे लिए तो यही प्यार है!" उसने खुद पर गर्व करते हुए जवाब दिया.

इधर अश्विनी के प्रेम की परिभाषा सुन के मेरे तो होश ही उड़ गए! "तुझे किसने कहा मैं तुझसे प्यार करता हूँ?" मेरे पास उसकी परिभाषा का कोई जवाब नहीं था तो मैंने उससे सवाल करना ही बेहतर समझा. "बचपन से ले के आज तक ऐसा क्या है जो आपने मेरे लिए नहीं किया? मेरा स्कूल जाना, मुझे पढ़ाना, मेरे लिए नए कपडे लाना, मेरा जन्मदिन मनाना वो भी तब घर में कोई मेरा जन्मदिन नहीं मनाता. मुझे अनगिनत दफा आपने डाँट खाने से बचाया, जब जब मैं रोइ तो आप होते थे मेरे आँसूं पोछने! और भी उदाहरण दूँ?" उसने फ़टाक से अपना जवाब दिया.

"मैंने ये सब इसलिए किया क्योंकि मुझे तुझ पर तरस आता था. घर में हर कोई तुझे झिड़कता रहता था और तुझे उन्हीं झिड़कियों से बचाना चाहता था." मेरा जवाब सुन वो जरा भी हैरान नहीं लगी. "प्यार किसी की दया, भावना और स्नेह प्रस्तुत करने का तरीका भी हे. किसी इन्सान के प्रति स्नेहपूर्वक कार्य करने या जताने को भी प्यार कहते हे. ये आपका प्यार ही था जो हमेशा मेरा हित और भला चाहता था. आप बस इस सब से अनजान हो!"

साफ़ था की अश्विनी के ऊपर मेरी किसी भी बात का असर नहीं पड़ने वाला था तो मैंने सोच लिया की इसे अब सब सच बता दूंगा. "ये सभी किताबें बातें हैं! तुझे नहीं पता की असल जिंदगी में प्यार करने वालों के साथ क्या होता है?!" ये कहते हुए मैंने उसे उसकी माँ और उनके प्रेमी के साथ गाँव वालों ने क्या किया था सब सुना दिया और इसे सुनने के बाद वो एक दम सन्न रह गई और उसके चेहरे से साफ़ पता चल गया था की उसके पास इसका कोई भी जवाब नहीं हे. अगले दस मिनट तक वो भूत बनी खड़ी रही और इधर मेरी नजर मेरी बाइक पर गई जो नीचे पड़ी थी.उसकी इंडिकेटर लाइट टूट गई थी जिसे देख मुझे और गुस्सा आने लगा. मैंने गुस्से से अश्विनी को बाइक पर बैठने को कहा और इस बार उसने एक ही बार में मेरी बात सुनी और डरी-सहमी सी वो पीछे आ कर बैठ गई. मैंने फटा-फ़ट बाइक दौड़ाई और घर के दरवाजे पर उसे छोड़ा और वहीँ से बाइक घुमा के वापस शहर लौट आया.

शहर आते-आते शाम हो गई और जैसे ही घर में घुसा पिताजी का फोन आया तो मैंने उन्हें झूठ बोल दिया की बॉस ने कुछ जरुरी काम दिया था इसलिए जल्दी वापस आ गया.उस रात दो बजे तक माल फूँका और दिमाग में रह-रह के अश्विनी की बातें गूँज रही थी!

एक हफ्ता बीत गया.शुक्रवार के दिन माँ का फ़ोन आया और उन्होंने जो बताया वो सुन के मेरे पाँव-तले जमीन खिसक गई. मैंने बॉस से अर्जेंट छुट्टी माँगी ये कह के की माँ बीमार हैं और मैं वहाँ से धड़-धडाते हुए बाइक चलते हुए घर पहुँचा! भागता हुआ घर में घुसा और सीधा अश्विनी के कमरे में घुसा तो वो जैसे अध्-मरी वहाँ पड़ी थी. उसके कपड़ों से बू आ रही थी और जब मैंने उसे उठाने के लिए उसका हाथ पकड़ा तो पता चला की उसका पूरा जिस्म भट्टी की तरह तप रहा था. मैंने पानी की बूँदें उसके चहेरे पर छिडकी तो भी उसकी आँखें नहीं खुली. मैं भागता हुआ नीचे आया तो आँगन में माँ बेचैन खड़ी मिली. उन्होंने बताया की घर पर कोई नहीं है सिवाय उनके और अश्विनी के. सब किसी ने किसी काम से बहार गए हैं, बीते ६ दिन से अश्विनी ने कुछ खाया नहीं है, ना ही वो अपने कमरे से बहार निकली थी. १-२ दिन तो सबको लगा की बुखार है अपने आप उतर जायेगा पर उसने खाना-पीना भी छोड़ दिया! ये सुन के तो मेरी हालत और ख़राब हो गई और मैं घर से भागता हुआ निकला और बाइक स्टार्ट की और भगाते हुए बाजार पहुँचा और वहाँ जाके डॉक्टर से मिन्नत कर के उसे घर ले के आया. उसने अश्विनी का चेक-उप किया और मुझे तुरंत ड्रिप चढाने को कहा और अपने पैड पर बहुत सारी चीजें लिख दीं जिसे मैं दुबारा बाजार से ले के आया. मेरे सामने डॉक्टर ने अश्विनी को ड्रिप लगाईं और मुझे खडी हिदायत देते हुए समझाया की ड्रिप कैसे निकालना हे. उनकी बातें सुन के तो मेरी और फ़ट गई की ये मैं कैसे करूँगा!

पहली बोतल तो करीब डेढ़ घंटे में चढ़ी पर उसके बाद वाली चढ़ने में ३ घंटे लगे! मैं सारा टाइम अश्विनी के कमरे में बैठा था और मेरी नजरे उसके मुख पर टिकी थीं और मन कह रहा था की अब वो आँखें खोलेगी! माँ ने खाने के लिए मुझे नीचे बुलाया पर मैं खाना ऊपर ले के आगया और उसे ढक के रख दिया. रात के एक बजे अश्विनी की आँख खुली और मैंने तुरंत भाग के उसके बिस्तर के पास घुटने टेक कर उसके सर पर हाथ फेरते हुए कहा; "ये क्या हालत बना ली तूने?" उसके चेहरे पर एक प्यारी सी मुस्कराहट आई और उसने पानी पीने का इशारा किया. मैंने उसे सहारा देके बैठाया और पानी पिलाया फिर उससे खाने को कहा तो उसने ना में गर्दन हिला दी. "देख तू पहले खाना खा ले, उसके बाद हम इत्मीनान से बात करते हैं." पर वो अब भी मना करने लगी. "अच्छा... तू जो कहेगी वो मैं करूँगा ... बस तू खाना खा ले! देख मैं तेरे आगे हाथ जोड़ता हूँ! मैं तुझे इस हालत में नहीं देख सकता!" ये सुन के वो फिर से मुस्कुराई और बैठने की लिए कोशिश करने लगी और

मैंने उसे सहारा दे के बैठाया और फिर अपने हाथ से खाना खिलाया और फिर दवाई दे के लिटा दिया.

मैं सारी रात उसी के सिरहाने बैठा रहा और जागता रहा. सुबह के ४ बजे उसका बुखार कम हुआ और उसने अपना हाथ मेरी कमर के इर्द-गिर्द लपेट लिया और सोने लगी. सुबह ८ बजे पिताजी और ताऊ जी शादी से लौटे और तब तक मैं अश्विनी के कमरे में बैठा ऊंघ रहा था. मुझे उसके सिरहाने बैठा देख वो दोनों बहुत गुस्सा हुए और जोर से गरजे; "उतरा नहीं इसका बुखार अभी तक?" ताऊ जी ने बहुत गुस्से में कहा. "ऐसा हुआ क्या था इसे? एक हफ्ते से खाना पीना बंद कर रखा है?" पिताजी ने गुस्से से कहा. "वो पिताजी.... दरअसल पेपर ... आखरी वाला अच्छा नहीं गया था! इसलिए डरी हुई है! कल मैं डॉक्टर को लेके आया था उन्होंने दवाई दी है, जल्दी अच्छी हो जायेगी." मैंने अश्विनी का बचाव किया. थोड़ी देर बाद ताई जी और माँ भी ऊपर आ गए और मुझे अश्विनी के सिरहाने बैठे उसके सर पर हाथ फेरते हुए देख के ताई जी बोली; "तूने सर पर चढ़ा रखा है इसे! अब तू अपना काम धंधा छोड़ के इसके पास बैठा है! ये नौकरी आखिर तूने की ही क्यों थी?"

"नौकरी छूट गई तो अच्छा ही होगा, आखिर ताऊ जी भी तो ये ही चाहते हैं!" मैंने उनके ताने का जवाब देते हुए कहा. ताई जी ने मुझे घूर के देखा और फिर नीचे जाने लगी. इधर माँ ने आके मेरे गाल पर एक चपत लगा दी और कहा; "बहुत जुबान निकल आई है तेरी!" इतना कह के वो भी नीचे चलीं गई. अश्विनी ये सब आंखें मीचे सुन रही थी. माँ के नीचे पहुँचते ही अश्विनी ने आँख खोली और कहा; "अब भी सबुत चाहिए आपको?" मैं उसकी बात समझ नहीं पाया. "मैं कुछ समझा नहीं?"

अश्विनी: "मेरी बीमारी सुनते ही आप अपना सारा काम छोड़ के मेरे सिरहाने बैठे हो! सबसे मेरा बीच-बचाव कर रहे हो! दवा-दारू के लिए भाग दौड़ कर रहे हो, और तो और कल रात से एक पल के लिए भी सोये नहीं! अगर ये प्यार नहीं है तो क्या है?"

मैं: पगली! मैं तुझे कैसे समझाऊँ? मेरे मन में ऐसा कुछ नहीं है!

अश्विनी: आप चाहे कितनी भी कोशिश कर लो छुपाने की, पर मेरा दिल कहता है की आप मुझसे प्यार करते हो.

मैं:अच्छा ... चल एक पल को मैं ये मान भी लूँ की मैं तुझसे प्यार करता हूँ, पर आगे क्या?

अश्विनी: शादी!!! (उसकी आँखें चमक उठी थी.)

मैं: इतना आसान नहीं है पागल! ये दुनिया... ये समाज ... ये नहीं हो सकता! ये नहीं हो सकता. (ये कहता हुए मेरी आँखें भीग आईं थीं और मैंने अपना सर झुका लिया.)

अश्विनी: कुछ भी नामुमकिन नहीं है! हम घर से भाग जायेंगे, किसी नई जगह अपना संसार बनाएंगे| (उसने मेरे सर को उठाते हुए आशावादी होते हुए कहा.)

मैं: नहीं... तू समझ नहीं रही.... ये सब लोग हम दोनों को मौत के घाट उतार देंगे. मैं अपनी चिंता तो नहीं करता पर तू.......... प्लीज मेरी बात मान और ये भूत अपने सर से उतार दे. (मैंने हाथ जोड़ते हुए कहा पर मेरी बात उस पर रत्ती भर भी असर नहीं दिखा रही थी.)

अश्विनी: ऐसा कुछ नहीं होगा! आप विश्वास करो मुझ पर, कोई भी हमें नहीं ढूंढ पायेगा.

मैं: ये नामुमकिन है! तेरी माँ को इन्होने ६ दिन में ढूंढ निकाला था और तब ना तो मोबाइल फ़ोन थे ना ही इंटरनेट. आज के जमाने में मोबाइल, इंटरनेट, जीपीएस सब कुछ है.इन्हें हमें ढूंढने में ज्यादा समय नहीं लगेगा.

अश्विनी: बस एक मौका .... एक मौका मुझे दे दो की मैं आपके मन में मेरे लिए प्यार पैदा कर सकूँ! वादा करती हूँ की अगर मैं नाकामयाब हुई तो फिर कभी आपको दुबारा नहीं कहूँगी की मैं आपसे प्यार करती हूँ और वही करुँगी जो आप कहोगे.

मैं: ठीक है ... पर अगर मेरे मन में तुम्हारे लिए प्यार पैदा नहीं हुआ तो तुम्हें मुझे भूलना होगा और समय आने पर एक अच्छे से लड़के से शादी करनी होगी!

अश्विनी: मंजूर है...... पर मेरी भी एक शर्त है! आप मुझसे झूठ नहीं बोलोगे!

मैं: कैसा झूठ?

अश्विनी: वो समय आने पर आपको पता चल जायेगा. पर अभी आपको मेरे सर पर हाथ रख के कसम खानी होगी.

मैं: मैं कसम खाता हूँ की मैं कभी भी तुमसे झूठ नहीं कहूँगा! अब तू आराम कर ... मैं थोड़ा नहा लेता हु.

ये कहते हुए मैंने एक जोरदार अंगड़ाई ली और फिर नीचे आके ठन्डे-ठन्डे पानी से नहाया और तब जा के मुझे तारो तजा महसूस हुआ. दोपहर के बारह बज गए थे और भाभी ने मुझे आवाज देके रसोई में बुलाया; "ये लो सागर जी, जा के अपनी चाहिती को खिला दो." ये कहते हुए उन्होंने एक थाली में खाना भर के मेरी ओर बढ़ा दी! मैंने चुप-चाप थाली उठाई और बिना कुछ बोले वापस ऊपर आ गया.अश्विनी जाग चुकी थी और भाभी की बात सुन के मंद-मंद मुस्कुरा रही थी. मैंने उसे उठा के बिठाया और वो दिवार से टेक लगा

के बैठ गई पर वो प्यारी सी मुस्कान उसके होठों पर अब भी थी! "बड़ी हँसी आ रही है तुझे?" मैंने उसे छेड़ते हुए कहा. जवाब में उसने कुछ नहीं कहा और शर्माने लगी. मैंने दाल-चावल का एक कोर उसे खिलाने के लिए अपनी उँगलियों को उसके होठों के सामने लाया तो उसने बड़ी नज़ाकत से अपने होठों को खोला और पहला कोर खाया "आपके हाथ से खाना आज तो और भी स्वाद लग रहा हे."

"अच्छा? पहली बार तो नहीं खिला रहा मैं तुझे खाना!" मैंने उसे उस के बचपन के वाक्य याद दिलाये! "याद है.... पर अब बात कुछ और हे." और ये कह के वो फिर से मुस्कुराने लगी. उसकी बात सुन के मैं झेंप गया और उससे नजरें चुराने लगा. अब आगे बढ़ के अश्विनी ने भी थाली से एक कोर लिया और मुझे खिलाने के लिए अपनी उँगलियाँ मेरी और बढ़ा दी. मैंने भी उसके हाथ से एक कोर खाया और उसे रोक दिया ये कह के; "बस! पहले तू खा ले फिर मैं खा लुंगा."

"नहीं... आप मुझे एक कोर खिलाओ और मैं आपको एक कोर खिलाऊँगी!" उसने बड़े प्यार से मेरी बात का विरोध किया. "तू बहुत जिद्दी हो गई है!" मैंने उसे उल्हना देते हुए कहा. "अब आपकी चहेती हूँ तो थोड़ा तो जिद्दी बन ही जाऊंगी." उसने भाभी की बात प्यार से दोहराई.मैंने आगे कुछ नहीं कहा और हम एक दूसरे को इसी तरह खाना खिलाते रहे. खाने के बाद मैंने उसे दवाई दे के लिटा दिया और मैं नीचे जाने को हुआ तो वो बोली; "आप भी यहीं लेट जाओ." मैंने हैरानी से उसकी तरफ देखा और थोड़ा गुस्से से कहा: "आशु..." बस वो मेरी बात समझ गई की ऐसा करने से घरवाले कुछ गलत सोचेंगे. अश्विनी के बगल वाला कमरा मेरा ही था तो मैं उसमें जा के अपने बिस्तर पर पड़ गया और सो गया.

शाम पाँच बजे मेरी आँख खुली और मैं आँखें मलता हुआ अश्विनी के कमरे में घुसा तो देखा वो वहाँ नहीं हे. मैंने नीचे आँगन में झाँका तो वो वहाँ भी नहीं थी! तभी मुझे छत पर उसका दुपट्टा उड़ता हुआ नजर आया और मैं दौड़ता हुआ छत पर जा चढा. वो मुंडेर पर बैठी दूर कहीं देख रही थी. "आशु यहाँ क्या कर रही है?" मेरी आवाज सुनके जब उसने मेरी तरफ देखा तो उसकी आँखें नम थी. मैं तुरंत ही आपने घुटनों पर आ गया और उसका चेहरा अपने दोनों हाथों में ले के बोला; "क्या हुआ आशु? तू रो क्यों रही है? किसी ने कुछ कहा?" मेरे चेहरे पर शिकन की रेखा देख कर वो मेरे गले आ लगी और रोने लगी और रोते हुए कहा; "आप......आप....कल ......चले ......जाओगे!"

"अरे पगली! मैं सरहद पर थोड़े ही जा रहा हूँ! अब काम है तो जाना पड़ेगा ना? काम तो छोड़ नहीं सकता ना?! पर तू मुझे प्रॉमिस कर की तू अपना अच्छे से ख्याल रखेगी और दुबारा बीमार नहीं पडेगी." मैंने उसके सर पर हाथ फेरते हुए कहा.

"पहले आप वादा करो की आप अगले शुक्रवार आओगे!" उसने अपने आँसूँ पोछते हुए कहा.

"आशु.... सॉरी पर मैं नहीं आ पाउँगा! अगले शनिवार मेरी एक डेडलाइन है और बॉस भी इतनी छुट्टी नहीं देंगे. इस बार भी मैं ये झूठ बोल के आया की माँ बीमार हैं." मैंने उसे समझाया.

"तो मेरा..... मैं कैसे...." आगे कुछ बोलना चाह रही थी पर उसके आँसूँ उसे कुछ कहने नहीं दे रहे थे.

"देख... पहले तू रोना बंद कर फिर मैं तुझे एक तरीका बताता हु." उसने तुरंत रोना बंद कर दिया और अपने आँसूँ पोछते हुए बोली; "बोलिये"

"ये देख मेरा नया मोबाइल! मंगलवार को ही लिया था मैंने और ये ले मेरा कार्ड, ये मुझे बॉस ने बनवा के दिया था. इसमें लिखे मोबाइल पर तू रोज १ बजे फ़ोन करना माँ के मोबाइल से. माँ हर रोज दोपहर को १ बजे सो जाती है तो तेरे पास कम से कम एक घंटा होगा मुझसे बात करने का, ठीक है?" ये सुन के वो थोड़ा निश्चिन्त हुई फिर मैंने अपने मोबाइल से हम दोनों की एक सेल्फी खींची और उसी दिखाई तो वो बहुत खुश हुई. घर में सिर्फ मेरे और गोपाल भैया के पास ही स्मार्टफोन था बाकी सब अब भी वही बटन वाला फ़ोन इस्तेमाल करते थे. खेर अश्विनी का मन थोड़ा बहलाने के लिए मैं उसकी फोटो खींचता रहा और उसे स्मार्टफोन के बारे में कुछ बताने लगा और उसे एक-दो गेम भी खेलनी भी सीखा दी.

जब तक अश्विनी छत पर गेम खेलने में बिजी थी तब तक मैं छत पर टहलने लगा और बीते ४८ घंटों में जो कुछ हुआ उसके बारे में सोचने लगा. तभी अचानक से अश्विनी ने फुल आवाज में एक गाना बजा दिया और मेरे ध्यान उसकी तरफ गया; "ऐसे तुम मिले हो, जैसे मिल रही हो, इत्र से हवा, काफ़िराना सा है इश्क है या क्या हे." उसने गाने की कुछ पंक्तियों में अपने दिल के जज्बात प्रकट किये. मैं कुछ नहीं बोला पर मुस्कुराता हुआ उसकी सामने मुंडेर पर बैठ गया."ख़ामोशियों में बोली तुम्हारी कुछ इस तरह गूंजती है, कानो से मेरे होते हुए वो दिल का पता ढूंढती हे." अश्विनी ने फिर से कुछ पंक्तियों से मेरे मन को टटोला. मैं खड़ा हुआ और अपना बायाँ हाथ उसकी तरफ बढ़ा दिया और उसने उसे थाम लिया और हम धीरे-धीरे इसी तरह हाथ पकड़े छत पर टहलने लगे और तभी; "संग चल रहे हैं, संग चल रहे हैं, धुप के किनारे छाव की तरह..|" मैंने गाने की कुछ पंक्तियों को दोहराया.

"हम्म.. ऐसे तुम मिले हो, ऐसे तुम मिले हो, जैसे मिल रही हो इत्र से हवा, काफ़िराना सा है, इश्क हैं या, क्या है??" मैंने इश्क़ है या क्या है उसकी आँखों में देखते हुए कहा और ये मेरा

उससे सवाल था. उसने कोई जवाब नहीं दिया बस मुस्कुरा के नीचे चली गई और मैं कुछ देर के लिए चुप-चाप मुंडेर पर बैठ गया और उसे नीचे जाते हुए देखता रहा. थोड़ी देर बाद मैं भी नीचे आ गया और अश्विनी के कमरे में देखा तो वो अपने पलंग पर लेटी हुई थी और छत की ओर देख रही थी. मैं आगे अपने कमरे की तरफ जाने लगा तो वो मुझे देखते हुए बोली; "सुनिए".उसकी आवाज सुनके मैं रुका और उसके कमरे की दहलीज पर से उसके कमरे में झांकते हुए बोला; "बोलिये'ये सुनते ही उसके चेहरे पर फिर से मुस्कराहट आ गई और उसने इशारे से मुझे उसके पास पलंग पर बैठने को कहा.

मैं अंदर आया और उसके पलंग पर बैठ गया.अश्विनी अभी भी लेटी दुइ थी और उसने लेटे-लेटे ही अपना हाथ आगे बढ़ा के मेरा दाहिना हाथ पकड़ लिया और बोली; "अगर मैं आपसे कुछ माँगू तो आप मुझे मना तो नहीं करोगे?" मैंने ना में सर हिला के उसे आश्वासन दिया. "मैं आपको किस करना चाहती हु." उसने बहुत प्यार से अपनी इच्छा व्यक्त की. पर मैं ये सुनके एकदम से हक्का-बक्का रह गया! मैंने ना में सर हिलाया और बिना कुछ कहे उठ के जाने लगा तो अश्विनी ने मेरा हाथ पकड़ के रोक लिया. "अच्छाआई एम सॉरी!!!" वो ये समझ चुकी थी की मुझे उसकी ये बात पसंद नहीं आई.

अश्विनी ने मेरा हाथ छोड़ा और मैं अपने कमरे में आ कर पलंग पर लेट गया और गहरी सोच में डूब गया.ये जो कुछ भी हो रहा था वो सही नहीं था! जिस रास्ते पर वो जा रही थी वो सिर्फ और सिर्फ मौत के पास खत्म होता था. मन में आया की मैं उसकी बातों को इसी तरह दर-गुजर करता रहूँ और शायद धीरे-धीरे वो हार मान ले, पर अगर वो उसका दिल टूट गया तो? उसने कोई ऐसी-वैसी हरकत की जिससे उसके जान पर बन आई तो? कुछ समझ नहीं आ रहा था .... अगर कहीं से माल मिल जाता तो दिमाग थोड़ा शांत हो जाता" इसलिए मैं एक दम से उठा और घर से बाहर निकल के तिवारी के घर जा पहुंचा. वो समझ चूका था तो वो एक कमरे में घुसा और कुछ अपनी जेब में डाल के चुप-चाप मेरे साथ चल दिया. उसके खेत पर आके हम चारपाई पर बैठ गए और फिर इधर-उधर की बातें हुई और माल फूँका! माल फूँकने के बाद मेरे दिमाग शांत हुआ और में आठ बजे तक उसी के खेत पर चारपाई पर पड़ा रहा और आसमान में देखता रहा. तभी अचानक घड़ी पर नजर गई तो एकदम से उठा और घर की तरफ तेजी से चलने लगा. घर पहुँचा तो सभी मर्द आँगन में बैठे खाना खा रहे थे और मुझे देखते ही ताई जी बोली; "आ गया तू? खाने का समय हो गया है! ये ले खाना और दे आ उस महरानी को." मैं अश्विनी का खाना ले कर उसके कमरे में पहुँचा तो वो सर झुकाये जमीन पर बैठी थी. मेरी आहट सुन के उसने दरवाजे की तरफ देखा और मेरे हाथ में खाने की थाली देख के वो उठ के पलंग पर बैठ गई. मैंने उसे खाना दिया और मुड़ के जाने लगा तो वो बोली; "आप भी मेरे साथ खाना खा लो" मैंने बिना मुड़े ही जवाब दिया; "मेरा खाना नीचे हे." इतना कह के मैं नीचे आ गया और खाना खाने लगा.

खाना खा के मैं ऊपर आया की चलो अश्विनी को दवाई दे दूँ तो वो दरवाजे पर नजरे बिछाये मेरा इंतजार कर रही थी.

मैंने कमरे में प्रवेश किया और कोने पर रखे टेबल पर से उसकी दवाई उठाने लगा की तभी अश्विनी पीछे से बोली; "नाराज हो मुझसे?" मैंने जवाब में ना में सर हिलाया और फिर दवाई ले कर अश्विनी की तरफ मुड़ा.मेरे एक हाथ में दवाई और एक हाथ में पानी का गिलास था. "पहले आप कहो की आप मुझसे नाराज नहीं हे. तभी मैं दवाई लूँगी!" अश्विनी ने डरते हुए कहा. "हमारा रिश्ता अभी नया-नया है, और ऐसे में जल्दबाजी मुझे पसंद नहीं! अपनी शर्त याद है ना?" मैंने दवाई और पानी का गिलास अश्विनी के हाथ में देते हुए कहा. "मुझे माफ़ कर दीजिये! आगे से मैं ऐसा नहीं करुंगी." उसने दुखी होते हुए कहा और दवाई ले ली और फिर चुप-चाप अपने पलंग पर लेट गई. मुझे बुरा लगा पर शायद ये उस समय के लिए सही था. अगले दिन मुझे जाना था तो मैं जल्दी उठा और नीचे आया तो देखा अश्विनी नहाके तैयार आंगन में बैठी मेरा इंतजार कर रही थी. मुझे देखते ही उसके चेहरे पर मुस्कान आ गई. मैंने भी उसकी मुस्कराहट का जवाब मुस्कराहट से दिया और नहाने घुस गया.जब बहार आया तो अश्विनी रसोई में बैठी पराठे सेक रही थी. "तुझे चैन नहीं है ना?" मैंने उसे थोड़ा डांटते हुए कहा. "अभी जरा सी ठीक हुई नहीं की लग गई काम में." ये सुन के वो थोड़ा मायूस हो गई की तभी ताई जी बोल पड़ी; "हो गई जितना ठीक होना था इसे. इतने दिनों से खाट पकड़ रखी है और काम हमें करना पड़ रहा हे."

"क्यों भाभी कहाँ गई?" मैंने थोड़ा अश्विनी का बीच-बचाव किया. इतने में पीछे से भाभी कमरे से निकली और बोली; "ये रही भाभी! मुझसे सारे घर का काम-धाम नहीं होता! एक सहारा था की जब तक इसकी शादी नहीं होती तो कम से कम ये हाथ बंटा देगी पर तुम्हें तो इसे आगे और पढ़ाना है और तो और जब से आये हो तब से इसी की तीमारदारी में लगे हो. कभी बैठते हो हमारे पास?" भाभी ने अच्छे से खरी-खोटी सुनाई और मैं जवाब देने को बोलने ही वाला था की अश्विनी मेरे पास आ गई और बुदबुदाते हुए बोली; "छोड़ दो, आप ऊपर जा के नाश्ता करो." मैं ऊपर आकर अपने कमरे में बैठ गया और प्लेट दूसरी तरफ रख दी. इधर अश्विनी भी ऊपर आ गई और प्लेट दूर देख के एकदम से अंदर आई और प्लेट उठाई और पराठे का एक कोर उसने अचार से लगा के मुझे खिलने को हाथ आगे बढाया. "भाभी की वजह से ही तुम नीचे गई थी ना काम करणे." अश्विनी ने कोई जवाब नहीं दिया बस मूक भषा में मुझे खाने को कहा. मैंने उसके हाथ से एक निवाला खा लिया फिर उसके हाथ से प्लेट ले कर उसे नीचे जाने को कहा. वो भी सर झुकाये हुए नीचे चली गई और कुछ देर बाद मेरी लिए एक कप में चाय ले आई. "तुने नाश्ता किया?" उसने हाँ में सर हिला दिया और जाने लगी की मैंने दुबारा पूछा; "झूठ तो नहीं बोल रही ना?" तो वो

मुड़ी और ना में सर हिलाया. "और दवाई?" तब जाके वो बोली; "अभी नहीं ली, थोड़ी देर में ले लुंगी."

"रुक" इतना कह कर मैं उठा और उसके कमरे से दवाई ले आया और उसे दवाई निकाल के दी और अपनी चाय भी उसने मेरे हाथ से दवाई ली और एक घूँट चाय पि कर कप मुझे वापस दे दिया. जैसे ही वो नीचे जाने को पलटी मैंने उसके कंधे पर हाथ रख के उसे रोका और उसे आँखें बंद करने को कहा. उसने धीरे-धीरे अपनी आँखें मीचली और सर नीचे झुका लिया. मैंने आगे बढ़ कर उसके मस्तक को चूमा! मेरा स्पर्श पाते ही वो आके मुझसे लिपट गई और उसकी आँखों में जो आंसुओं के कतरे छुपे थे वो बहार आ गये. मैंने भी उसे कस के अपने जिस्म से चिपका लिया और उसके सर पर बार-बार चूमने लगा.

"बस अब रोना नहीं.... और मेरे पीछे अपना ख़याल रखना. समय पर दवाई लेना और मुझे रोज फ़ोन करना." इतना कह के मैंने अश्विनी को खुद से अलग किया और उसके आँसूं पोछे और मैं नीचे उतर आया. नीचे पिताजी और ताऊ जी भी आ चुका था.. मुझे नीचे उतरता देख वो समझ गए की मैं वापस जा रहा हु. मैंने सब के पाँव छुए की तभी अश्विनी भागती हुई मेरे पीछे जाने लगी तो मैं रुक गया और उसे फिर से चेतावनी देता हुआ बोला; "दुबारा अगर बीमार पड़ी ना तो बहुत मारूँगा|" उसने मुस्कुरा के हाँ में सर हिलाया और मुझे हाथ उठा के 'बाए' कहने लगी. मैं बाइक स्टार्ट की और शहर लौट गया.ठीक एक बजे मुझे अश्विनी फ़ोन आया, उस समय मैं रास्ते में ही था तो मैंने बाइक एक किनारे खड़ी की और उससे बात करने लगा.

इसी तरह दिन बीतने लगे और हम रोज एक से दो बजे तक बातें करते. वो मुझे हर एक दिन मुझे यही कहती की आप कैसे हो? आपने खाना खाया? आपकी बहुत याद आती है और आप कब आओगे? पर मैं हर बार उसकी बात को घुमा देता की उसका दिन कैसा था? घरवाले कैसे हैं आदि! वो भी मुझे आस-पड़ोस में होने वाली सभी घटनाएं बताती और कभी-कभी ये भी पूछती की ऑफिस में क्या चल रहा है? एक दिन की बात है की अश्विनी ने मुझे फ़ोन किया पर मैं उस समय मीटिंग में था तो उसका फ़ोन उठा नहीं सका. उसी रात उसने मुझे ग्यारह बजे फ़ोन किया. समय देखा तो मैं एक दम से घबरा गया की कहीं कोई गड़बड़ तो नहीं हो गई! पर अश्विनी को लगा की मैं उससे नाराज हूँ इसलिए मैंने उसका फ़ोन नहीं उठाया. खेर मैंने उसे समझा दिया की मैं मीटिंग में था इसलिए फ़ोन नहीं उठा पाया और आगे भी अगर मैं उसका फ़ोन न उठाऊँ तो वो परेशान ना हो! इधर मेरी छुटियों से बॉस बहुत परेशान थे इसलिए उन्होंने मुझे आखरी चेतावनी दे दी. इसलिए मेरा घर जाना दूभर हो गया और उधर अश्विनी ने मुझसे घर ना आने का कारन पुछा तो मैंने उसे सारी बात बता दी. वो थोड़ा मायूस हुई पर मैंने उसे ये कह के मना लिया की हम रोज फ़ोन

पर तो बात करते ही हे. वहाँ आने से तो हम खुल के बात भी नहीं कर पायेंगे. पर वो उदास रहने लगी और इधर मैं भी मजबूर था!

महीने बीते और उसके बारहवीं के रिजल्ट का समय आ गया.उसके रिजल्ट से एक दिन पहले मैं रात को घर पहुँच गया.वो मुझे देख के बहुत खुश हुई और मुझे गले लगना चाहा पर मैंने उसे इशारे से मन कर दिया और फिर मैं अपने कमरे में सामान रख के नीचे आ गया.आज रात तो उसने जबरदस्त खाना बनाया जिसे खा के आत्मा तृप्त हो गई. अब चूँकि घरवाले सामने थे तो हम दोनों ने ज्यादा बात नहीं की और मैं पिताजी और ताऊ जी के साथ ही बैठा रहा. घर में सब जानते थे की कल अश्विनी का रिजल्ट है पर कोई भी उत्साहित या चिंतित नहीं था. उन्हें तो जैसे कोई फर्क ही नहीं पड़ रहा था. जब सोने का समय हुआ तो मैं अपने कमरे में आकर लेट गया और दरवाजा बंद कर लिया. रात के दस बजे होंगे की मेरे दरवाजे पर एक बहुत हलकी सी दस्तक हुई! मैं जानता था ये दस्तक किसकी है इसलिए मैंने उठ के दरवाजा खोला और सामने अश्विनी ही खड़ी थी. मैं वापस आ के अपने पलंग पर बैठ गया और वो उसी दरवाजे पर खड़ी रही. घर में अभी भी सभी जाग रहे थे इसलिए वो अंदर नहीं आई थी. "तो मैडम जी! कल रिजल्ट है?! क्या चल रहा है मन में? डर लग रहा है की नहीं?" मैंने उसे छेड़ते हुए पूछा.

"डर? बिलकुल नहीं! मैं तो बस ये सोच रही हूँ की मेरे पास होने पर आप मुझे क्या दोगे?" उसने पूरे आत्मविश्वास से कहा.

"क्या चाहिए तुझे?" मैंने उत्सुकता से पूछा.

"पहले वादा करो की आप मना नहीं करोगे?" उसका जवाब सुन मैं सोच में पड़ गया, क्योंकि मैं जानता था की वो किस की ख्वाइश करेगी जो मैं पूरा नहीं कर सकता. अगर वो मुझसे पैसे मांगती, कपडे मांगती, या कुछ भी मांगती तो मैं उसे मना नहीं करता. मुझे चुप देख के शायद वो समझ गई की मैं क्या सोच रहा हु.

अश्विनी: क्या सोच रहे हो?

मैं: जानता हूँ की तू क्या माँगने वाली है और मैं वो नहीं दे सकता. (मैंने थोड़े रूखेपन से जवाब दिया.)

अश्विनी: अच्छा? ठीक है! अभी नहीं बाद में दे देना! अब तो ठीक है?

मैं: समय लगेगा.

अश्विनी: **हम इंतज़ार करेंगे... हम इंतज़ार करेंगे...क़यामत तक**

खुदा करे कि क़यामत हो, और तू आए

हम इंतज़ार करेंगे ...

न देंगे हम तुझे इलज़ाम बेवफ़ाई का

मगर गिला तो करेंगे तेरी जुदाई का

तेरे खिलाफ़ शिकायत हो और तू आए

खुदा करे के कयामत हो, और तू आए

हम इंतज़ार करेंगे ...

ये ज़िंदगी तेरे कदमों में डाल जाएंगे

तुझी को तेरी अमानत सम्भाल जाएंगे

हमारा आलम-ए-रुखसत हो और तू आए...

बुझी-बुझी सी नज़र में तेरी तलाश लिये

भटकते फिरते हैं हम आज अपनी लाश लिये

यही ज़ुनून यही वहशत हो और तू आए|

(बहु बेगम फिल्म का गाना कह कर वो जाने लगी तो मैंने भी उसके गाने को पूरा कर दिया.)

मैं: **ये इंतज़ार भी एक इम्तिहां होता है**

इसीसे इश्क़ का शोला जवां होता है

ये इंतज़ार सलामत हो

ये इंतज़ार सलामत हो और तू आए

ख़ुदा करे कि क़यामत हो, और तू आए

हम इंतज़ार करेंगे...

(ये सुन के वो पलटी और आगे की पंक्तियाँ गाने लगी.)

अश्विनी: **बिछाए शौक़ से, ख़ुद बेवफ़ा की राहों में**

खड़े हैं दीप की हसरत लिए निगाहों में

क़बूल-ए-दिल की इबादत हो

क़बूल-ए-दिल की इबादत हो और तू आए

ख़ुदा करे कि क़यामत हो, और तू आए

हम इंतज़ार करेंगे...

मैं: वो ख़ुशनसीब है जिसको तू इंतख़ाब करे

ख़ुदा हमारी....

(इतना कहते हुए मैं रुक गया क्योंकि आगे के शब्द मैं बोलना नहीं चाहता था. पर अश्विनी ने उन अधूरी पंक्तियों को खुद पूरा किया.)

अश्विनी: …. ...

मोहब्बत को क़ामयाब करे

जवां सितारा-ए-क़िस्मत हो

जवां सितारा-ए-क़िस्मत हो और तू आए

ख़ुदा करे कि क़यामत हो, और तू आए

हम इंतज़ार करेंगे.

गाना पूरा कर के वो मुस्कुराई और पलट के चली गई. मैं जानता था की अश्विनी को गाना गुन-गुनाना बहुत अच्छा लगता था. जब हम छोटे थे तब हम दोनों अक्सर अंताक्षरी खेलते थे और वो सभी गानों को पूरा गाय करती थी और मैं कभी उसका साथ देता और कभी कभी उसका गाना सुनता रहता था. खेर रात में हम दोनों चैन से सोये और जब मैं सुबह उठा तो अश्विनी पहले से ही तैयार खड़ी थी और नीचे आंगन में मेरा इंतजार कर रही थी. मुझे देखते ही वो इशारे से कहने लगी की आप लेट हो गए हो! मैंने भी ऊपर खड़े-खड़े ही अपने कान पकडे और उसे सॉरी कहा और तुरंत नीचे आ कर नाहा-धो के तैयार हो गया और फिर हम दोनों ही नाश्ता कर के बाइक पर बैठ के निकल गये.

हम साइबर कैफे पहुंचे तो आज वहाँ और भी ज्यादा भीड़ लगी थी. मैंने अश्विनी का हाथ पकड़ा और भीड़ के बीचों-बीच से होता हुआ अंदर जा पहुँचा और फ़टाफ़ट अश्विनी का रोल नंबर डाल के उसके रिजल्ट के लोड होने का वेट करने लगा. जैसे-जैसे पेज लोड हो रहा था दोनों की धड़कनें तेज हो चली थी. आखिर जब पेज पूरा लोड हुआ तो उसके नंबर

देख दोनों की आँखों में खुशियाँ उमड़ चुकी थी. ९८.५% देख के वो ख़ुशी से चिल्ला पड़ी और मेरे गले लग गई. वहाँ खड़े सब हमें ही देख रहे थे और जब उन्होंने देखा की उसके ९८.५% आये हैं तो वहां भी हल्ला मच गया! वहाँ आये की माता-पिता उसे बधाइयाँ देने लगे और वो सब को धन्यवाद करने लगी. आज अश्विनी के मुख पर बहुत ख़ुशी थी. पहले मैंने उसे अच्छा सा नाश्ता कराया और फिर मिठाई ली और हम घर की तरफ चल दिये. घर आते-आते थोड़ी देर हो गई. करीब बारह बजे होंगे की जैसे ही हम घर के नजदीक पहुंचे तो वहाँ बहुत सी गाड़ियाँ खड़ी थी. दो लाल बत्ती वाली और बाकी डिश एंटेना वाली.

मैने बाइक खड़ी कर के अश्विनी की तरफ देखा तो वो हैरान थी; "लो भाई ... अब तो तुम सेलिब्रिटी हो गई हो!" मैंने ऐसा कह के उसे छेड़ा और शर्म से अश्विनी के गाल लाल हो गए और उसने अपना सर झुका लिया. जब हम घर के दरवाजे के पास पहुंचे तो वहाँ गाँव के सभी लोग खड़े अंदर झाँक रहे थे. हम दोनों को देखते ही सब हमें अंदर जाने के लिए जगह देने लगे और हमारे कदम अंदर पड़ते ही ताऊ जी ने हँसते हुए हम दोनों को गले लगने के लिए बुलाया. तब जा के पता चला वहाँ तो मीडिया वालों का जमावड़ा लगा था. आखिर अश्विनी पूरे प्रदेश में प्रथम आई थी! आज तो ताऊ जी समेत सब ने उसे बहुत प्यार किया और सब उसे मुबारकबाद और आशीर्वाद दे चुके तब मंत्री जी आगे आये.उस ने भी आगे आते हुए अश्विनी को आशीर्वाद दिया और फिर उसके बाद कैमरे की तरफ देख के लम्बा-चौड़ा भाषण दिया की कैसे हमें लड़कियों को आगे पढ़ाना चाहिए और वो ही इस देश का भविष्य हैं! ये सुन के तो मैं भी दंग था क्योंकि ये वही शक़्स था जिसने अश्विनी की माँ और उसके प्रेमी को पेड़ से बाँध के जिन्दा जलाने का फरमान सुनाया था.जैसे ही मंत्री जी का भाषण खत्म हुआ सब ने तालियाँ बजा दी और फिर रिपोर्टर ने हेडमास्टर साहब से भी अश्विनी की इस उपलब्धि के बारे में पुछा तो वो कहने लगे;

"अरे भाई मैं क्या कहूँ! मुझे तो गर्व है की मैं ऐसे स्कूल का हेडमास्टर हूँ जहाँ सागर और अश्विनी जैसे विद्यार्थी पड़ते हैं! पहले सागर ने जिल्हे में टॉप किया था और अब देखो उसकी भतीजी ने भी पूरे प्रदेश में टॉप किया."

ये सुन के सारे रिपोर्टर और कैमरा मैन मेरी तरफ घूम गये. "तो बताइये सागर जी पहले आपने टॉप मारा और अब आपकी भतीजी ने भी पूरे प्रदेश में टॉप किया है,आपको कैसा लग रहा है?" एक रिपोर्टर ने पूछा.

मेरे कुछ कहने से पहले ही ताऊ जी बोल पड़े; "जी हमारे घर के दोनों बच्चे ही बहुत समझदार है और दिल लगा के पढ़ते हैं."

"तो आगे आप अश्विनी को कॉलेज पढ़ने भेजेंगे?" एक रिपोर्टर ने उनसे सवाल पूछा. पर उसका जवाब मंत्री जी ने खुद दिया; "इसमें पूछने की क्या बात है? शहर के कॉलेज में

बच्ची का दाखिला होगा और आप देखना ये वहाँ भी टॉप ही करेगी!" ये सुन के तो अश्विनी बहुत खुश हुई और उसके चेहरे से उसकी ख़ुशी साफ झलक रही थी.

मंत्री की बात सुन सभी चमचे ताली बजाने लगे और उनकी जय-जयकार शुरू हो गई. खेर ये ड्रामा दो घंटों तक चला और शाम होने तक सभी चले गए और घर में जितने भी लोग थे सब आज टी.वी. में आने से बहुत खुश थे. रात के खाने के समय ताऊ जी ने अश्विनी को सभी मर्दों के सामने बिठा दिया और मेरी तरफ देख के सवाल किया;

ताऊ जी: हाँ भाई सागर तू बता, ये कॉलेज कहाँ है और कितनी दूर है?

मैं: जी शहर में दो ही कॉलेज हे. एक रेलवे फाटक के पास है और एक वो जिसमें मैंने पढ़ाई की थी. फाटक वाले के पास कोई हॉस्टल नहीं है तो सबसे उत्तम मेरा वाला कॉलेज ही रहेगा.बल्कि मेरी ही कक्षा में पढ़ने वाली एक लड़की की माँ एक लड़कियों का हॉस्टल चलाती हैं.जो की कॉलेज से करीब १० मिनट की दूरी पर हे. हॉस्टल में रहना-खाना और एक पुस्तकालय भी हे. (मैंने उन्हें सारी डिटेल बताई|)

ताऊ जी: वो तो ठीक है ... पर ... वहाँ अगर ये इधर-उधर कहीं चली गई तो?

मैं: जी हॉस्टल के कानून सख्त होते हे. शाम को ७ बजे के बाद वो किसी को भी बहार जाने नहीं देते..खाने का समय भी निर्धारित है और कहीं भी जाने से पहले वार्डन को बताना जरुरी होता है और अगर कोई बिना बताये कहीं आये-जाए तो उसकी खबर घरवालों को की जाती हे. रहना, खाने, नहाने, कपडे धोने की सब की व्यवस्था हॉस्टल के अंदर में होती हे. अश्विनी को सिर्फ कॉलेज जाना है और वहाँ से हॉस्टल वापस.

ताऊ जी: ठीक है परसों मैं, गोपाल भैया और तेरे पिताजी तुझे शहर में मिलेंगे. वहाँ जा के देखता हूँ!

उनकी बात से साफ़ था की अगर उन्हें मंत्री का डर ना होता तो वो अश्विनी को कतई कॉलेज पढ़ने नहीं जाने देते. इसलिए मरते क्या न करते. उन्हें उनकी बात का मान तो रखना ही था. खेर खाने के बाद मैं छत पर आ गया और कान में हेडफोन्स लगा के गाना सुनते हुए टहलने लगा. रात को ठंडी-ठंडी हवा चलने के कारन छत पर टहलने में मजा आ रहा था. तभी अश्विनी दबे पाँव ऊपर गई और पीछे से आके उसने मुझे अपनी बाहों में जकड लिया. उसके स्पर्श से ही मैं हड़बड़ा गया पर अश्विनी ने अपना सर मेरी पीठ पर रख दिया पर मैं चुप-चाप खड़ा रहा. ठंडी हवा के झोंकें मेरे चेहरे पर आज बहुत अच्छे महसूस हो रहे थे. करीब ५ मिनट बाद मैंने अश्विनी को खुद से अलग किया और मुंडेर पर जा बैठा. इधर वो भी मुझसे थोड़ा दूर हो कर बैठी, क्योंकि घर पर हम दोनों अकेले तो नहीं थे.

अश्विनी: मैं सोच रही हूँ की हम कलकत्ता भाग जाते हैं!

मैं: (उसकी बात सुन के चौंकते हुए) क्या?

अश्विनी: हाँ! वहाँ हमें कोई नहीं जानता!

मैं: अच्छा? और वहाँ जा के रहेंगे कहाँ? खाएंगे क्या? और करेंगे क्या?

अश्विनी: रहना और खाना तो मुझे नहीं पता पर करेंगे तो प्यार ही! एक नई जन्दगी की शुरुरात करेंगे.

मैं: नई जिंदगी शुरू करना इतना आसान नहीं हे. उसके लिए पैसे चाहिए! मेरे पास कुछ पैसे हैं पर उसमें हमें सर ढकने की जगह भी नहीं मिलेगी खाने और रहने की तो बात ही छोड़ दो. फिर तेरी पढ़ाई का क्या? अगर भागना ही था तो इतना पढ़ाई क्यों की?

अश्विनी: मेरे जीवन का लक्ष्य सिर्फ और सिर्फ आपसे शादी करना हे.

मैं: पागल मत बन! इतनी मेहनत की है, इसे मैं बर्बाद नहीं होने दूंगा.

अश्विनी: (अपना सर पीटते हुए) तो अभी और पढ़ना है? घर में आपकी शादी की बात चलने लगी हे.

मैं: जानता हूँ पर तू चिंता मत कर मैं अभी शादी नहीं कर रहा.

अश्विनी: जबरदस्ती कर देंगे तो क्या करोगे और वैसे भी आपकी कुंडली मैं कौनसे ग्रहों की दशा ख़राब है की आपकी शादी टल जाएगी.

मैं: तो तेरी कुंडली में कौनसा ग्रहों की दशा ख़राब थी. (ये सुनते ही अश्विनी के पाँव तले जमीन खिसक गई.)

अश्विनी: तो.....वो..... (अश्विनी के मुँह से बोल नहीं फुट रहे थे.)

मैं: मैंने उस लालची पंडित को पैसे खिला के झूठ बुलवाया था. तेरे स्कूल और कॉलेज का टाइम कैलकुलेट कर के ही मैंने उसे पाँच साल बोला था. (अश्विनी ये सुन के उठ खड़ी हुई और आके मेरे सीने से लग कर रोने लगी.)

अश्विनी: मैं गलत नहीं थी! आप मुझसे बहुत प्यार करते हो बस कभी जताते नहीं हो! आपने मेरे लिए इतना सब कुछ किया.....

इसके आगे मैंने उसे कुछ कहने नहीं दिया और उसे खुद से अलग किया और घडी देखते हुए ऐसे जताया की बहुत लेट हो गया है और मैं वहाँ से जाने लगा तो अश्विनी बोल पड़ी;

अश्विनी: कहाँ जा रहे हो आप? आप ने कहा था की आप मुझे गिफ्ट दोगे?

मैं: आशु ... मैंने ....

अश्विनी: (मेरी बात बीच में काटते हुए) घबराओ मत मैं ऐसा कुछ नहीं माँगूँगी जो आपको देने में दिक्कत हो. ये तो बहुत आसान है आपके लिए!

मैं: अच्छा? क्या चाहिए?

अश्विनी: आपको याद है जब हम छोटे थे और रात को कभी अगर माँ मुझे डाँट देती तो आप कैसे मुझे अपने सीने से लगा के सुलाते थे? आज भी वैसे ही सोने का मन है मेरा!

मैं: (मुस्कुराते हुए) तब हम छोटे थे और अब.....

अश्विनी: (मेरी बात बीच में काटते हुए) सारी रात ना सही तो कुछ घंटों के लिए? प्लीज! आप तो जानते हो की मुझे नींद जल्दी आ जाती है, फिर आप चले जाना! प्लीज.. प्लीज.. प्लीज.. प्लीज!!!

उसकी बात सुनके मन नहीं हुआ की उसका दिल तोडूं इसलिए मैंने हाँ में सर हिलाया और वो ख़ुशी से उठ खड़ी हुई और भागती हुई अपने कमरे में भाग गई. करीब १० मिनट बाद में आया तो पाय की वो कुर्सी पर बैठी दरवाजे पर टकटकी बाँधे मेरा इंतजार कर रही हे. जैसे ही मैं अंदर आया वो दौड़ के दरवाजे के पास गई और चिटकनी लगाईं फिर मेरे पास आई और मेरे सीने से लग गई. उसकी साँसों की गर्माहट मुझे मेरे सीने पर महसूस हो रही थी और इधर अश्विनी के हाथ मेरी पूरी पीठ पर चलने लगे थे और मेरे भी हाथ स्वतः ही उसकी पीठ पर आ गए और उसकी बैकलेस कुर्ती पर आज मुझे पहली बार उसकी नग्न पीठ का एहसास हुआ. ये एहसास इतना ठंडा था की मैं छिटक कर उससे अलग हो गया.उसकी नग्न पीठ के एहसास ने मेरे अंदर वासना की चिंगारी ना जला दे इसलिए मैं उससे छिटक कर दूर हो गया था और उससे नजरें चुराने लगा था. वो फिर भी धीरे-धीरे मेरी तरफ बढ़ी और मेरा हाथ पकड़ के अपने पलंग की तरफ ले जाने लगी और फिर वो लेट गई और मुझे धीरे से अपने पास लेटने को खिंचा.

मैं लेट गया पर मेरी नजरें छत पर टिकी थी की तभी अश्विनी ने मेरे दाएं हाथ को खींच के अपनी तरफ करवट लेटने को मजबूर किया.फिर बाएं हाथ को सीधा किया और उसे अपना तकिया बनाया. फिर वो दुबारा मेरी छाती में समां गई. फिर मेरे बाएं हाथ को उठाके उसने अपनी कमर पर रखा.अपना हाथ मेरी कमर पर रख कर खुद को मेरे सीने से समेट लिया. उसकी गर्म-गर्म सांसें मेरे दिल पर महसूस होने लगी थी. जितनी भी सख्ती मेरे दिल में थी जो मुझे उसके करीब नहीं जाने देती थी आज वो पिघलने लगी थी. मेरे मन में आज बहुत जोरों की उथल-पुथल हो रही थी! दिमाग कह रहा था की ये गलत है, तेरे साथ इस

लड़की की भी जिंदगी तबाह हो जाएगी! पर दिल था की वो बहकने लगा था और कह रहा था की जो होगा वो देखा जायेगा! प्यार के लिए जान भी देनी पड़ी तो कोई गम नही. तभी दिमाग बोला की आशु का क्या होगा? तेरे साथ तो वो भी मौत के घाट उतार दी जाएगी! इसी जद्दोजहत के चलते मन बेचैन होने लगा की तभी अश्विनी ने मेरी छाती को चूमा! उसके नरम होठों के स्पर्श से ही दिल ने दिमाग पर जीत हासिल कर ली और मैंने अश्विनी को और कस के अपने सीने से चिपका लिया.मेरे इस दबाव के चलते उसने भी अपनी गिरफ्त मेरे इर्द-गिर्द सख्त कर ली. कब आँख बंद हुई ये पता ही नहीं चला और जब पता चला तो घडी में पोन तीन हुए थे. मैंने धीरे से खुद को अश्विनी की गिरफ्त से छुड़ाया और मैं दबे पाँव उठ के उसके कमरे से अपने कमरे में आ गया.पर नींद अब उचाट हो गई थी और मन में फिर से वहीँ जंग छिड़ चुकी थी. मैं खुद को तो किस्मत के हवाले छोड़ सकता था पर आशु को नहीं! दिमाग और दिल दोनों ने ही एक मत बना लिया की चाहे कुछ भी हो मैं आशु के प्यार को अपना लूँ! मैंने दृढ निश्चय कर लिया था की मैं कैसे न कैसे उसे भगा ले जाऊँगा. कब कहाँ और कैसे इस पर मुझे अब घोर विचार करना था.

सुबह पाँच बजे तक सोचते-सोचते एक जबरदस्त प्लान बना के तैयार कर लिया था. ऐसा प्लान जिसमें बाल भर भी कोई गड़बड़ नहीं थी. हर एक बात का ध्यान रखा था मैंने और अपने इस प्लान पर मुझे फक्र था. मैं इस प्लान के बारे में सोच-सोच के मुस्कुरा रहा था की तभी अश्विनी मेरे दरवाजे को खोल के अंदर आई और मुझे इस तरह बैठ के मुस्कुराते हुए देख कर बोली; "गुड मॉर्निंग!" उसे देखते ही मैं उठ के खड़ा हो गया और उसे गले लगाने को अपनी बाहें खोल दी. वो भी बिना कुछ बोले आके मेरे सीने से लग गई.

"आई लव यू !!!" मैंने आँखें मूंदें हुए कहा तो वो जैसे अपने कानों पर विश्वास कर ही नहीं पाई और मुझसे थोड़ा अलग हुई और मेरे मुख पर देखने लगी की कहीं मैं उसके साथ मजाक तो नहीं कर रहा. पर उसे मेरी आँख में सचाई और उसके लिए वो प्यार नजर आया तो वो फिर से मेरे गले लग गई और बोली; "आई लव यू टू !!! मैं जानती थी आप मेरा प्यार एक ना एक दिन कबूल कर लोगे." आज हम दोनों की ख़ुशी का कोई ठिकाना नहीं था पर घर की बंदिश भी थी इसलिए हम अलग हुए. पर हाथ अभी थामे हुए थे फिर मैंने जब अश्विनी के चेहरे पर नजर डाली तो आज उसका चेहरा दमक रहा था.

नीचे से भाभी की आवाज आई तो मैंने उसका हाथ छोड़ दिया और वो मुस्कुराते हुए नीचे जाने लगी. वो नीचे पहुँची ही थी की मैंने अपने फोन पर गाना फुल आवाज में चला दिया और खुद भी उसी गाने के अल्फाज गाने लगा;

"हसता रहता हूँ तुझसे मिलकर क्यूँ आजकल....

बदले बदले हैं मेरे तेवर क्यूँ आजकल....

आखें मेरी हर जगह ....

ढूंढे तुझे बेवजह...

ये मैं हूँ या कोई और है मेरी तरह..

कैसे हुआ.. कैसे हुआ..

तू इतना ज़रूरी कैसे हुआ

कैसे हुआ.. कैसे हुआ..

तू इतना ज़रूरी कैसे हुआ ....

मैं बारिश की बोली समझता नहीं था

हवाओं से मैं यूँ उलझता नहीं था..

है सीने में दिल भी कहाँ थी मुझे ये खबर

कहीं पे हो रातें कहीं पे सवेरा

आवारगी ही रही साथ मेरे

ठहर जा ठहर जा ये कहती है तेरी नज़र

क्या हाल हो गया है ये मेरा..

आखें मेरी हर जगह ढूंढे तुझे बेवजह

ये मैं हूँ या कोई और है मेरी तरह..

कैसे हुआ.. कैसे हुआ..

तू इतना ज़रूरी कैसे हुआ

कैसे हुआ.. कैसे हुआ.. तू इतना ज़रूरी कैसे हुआ. हम्म्म मममम मममम... "

जब ये गाना खत्म हुआ तो मैं अपने कपडे ले कर नीचे आय. सभी के सभी आंगन में बैठे चाय पी रहे थे और मेरा गाना सुन रहे थे. मैं जब नीचे आया तो पिताजी बोले; "हो गया तेरा गाना?" मैं बुरी तरह झेंप गया और आशु की तरफ देखने लगा और उम्मीद करने लगा की वो मेरे गाने का मतलब समझ गई हो. वो मुझे देख के मंद-मंद मुस्कुरा रही थी जो ये प्रकाश

था की वो समझ चुकी हे. मैं सीधा बाथरूम में घुस के नहाने लगा पर गाना अब भी गुनगुना रहा था. नाहा धो के, चाय नाश्ता कर के मैं निकलने को हुआ तो बहार ना जाके ऊपर गया, ये बहाना कर के की मैं कुछ भूल गया हु. दो मिनट बाद आशु भी ऊपर आ गई और कमरे की चौखट पर कंधे के सहारे खड़ी हो गई.

आशु: क्या भूल गए?

मैं: वो....वो.... कुछ तो भूल गया हूँ!

आशु चल के आगे आई और मेरे दिल पर अपनी ऊँगली रखते हुए बोली;

आशु: ये तो नहीं?

मैं: नहीं... ये तो तुम्हारे पास है!

ये सुन के अश्विनी मुस्कुराने लगी और मेरे सीने से लग गई.

आशु: तो अब कब भेंट होगी आपसे?

मैं: अब शहर में ही मिलेंगे.

आशु: हाय! उसमें तो कम से कम एक महीना लगेगा!

मैं: 'बिरहा' के बाद मिलन का दोहरा मजा होता हे.

ये सुन कर आँसूं के दो कतरे आशु की आँखों से छलक आये और मेरी कमीज को भीगोने लगे.

आशु: तो क्या बीच में एक भी दिन नहीं आ सकते मुझे मिलने?

मैं: कोशिश करूँगा पर वादा नहीं कर सकता. बॉस बहुत नाराज है मेरी छुटियों को लेकर!

आशु: ठीक है ... पर मैं फिर भी इंतजार करुँगी आपका!

मैंने आशु को खुद से अलग किया और वो अपने आँसू पोछने लगी. मैंने उसके चेहरे को अपने हथेलियों में लिया और उसके दाएँ गाल पर अपने होंठ रख दिये. मेरे होठों के स्पर्श से जैसे वो सिंहर उठी और पंजों पर खड़ी होके मेरे होठों को चूमना चाहा. पर मैंने उसके होठों पर ऊँगली रख के उसे रोक दिया; "अभी नहीं! कोई आ जाएगा." ये सुन कर वो झूठ-मूठ का गुस्सा दिखाने लगी. मैंने पुनः उसके चेहरे को अपने हाथों में लिया और उसके बाएँ गाल को चूम लिया. तब जाके उसका गुस्सा शांत हुआ और वो मेरे सीने से फिर लग गई.

इसी मीठी याद को लिए मैं घर से निकला और ऑफिस पहुँचा.बॉस अगले दिन की आधी छुट्टी दे दे इसलिए देर रात तक मैं ऑफिस में बैठा काम निपटाता रहा. अगले दिन पिताजी, ताऊजी और गोपाल भैया सब मुझे बस स्टैंड पर मिले. वहाँ से कॉलेज करीब आधा घंटा दूर था तो हम ऑटो से कॉलेज पहुंचे. कॉलेज के गेट पर ही रहीम भैया मिल गए और मुझे देखते ही सलाम करने लगे. कॉलेज के दिनों में मैंने उनकी थोड़ी मदद की थी तो वो तब से मेरी बहुत इज्जत किया करते थे. मुझे सलाम करता देख सभी हैरान थे. रहीम भैया से दुआ-सलाम कर के जब हम अंदर आये तो पिताजी बोले; "तेरा तो बड़ा रुतबा है यहाँ? पढ़ाई करता था की दंगाई!" मैंने उनकी बात का कोई जवाब नहीं दिया और उन्हें कॉलेज दिखाने लगा. चूँकि सुबह का टाइम था तो विद्यार्थी क्लास में थे.अगर सब बाहर मटर गश्ती करते दिख जाते तो आशु का कॉलेज में पढ़ने का सपना तोड़ दिया जाता.

आखिर में मैं पिताजी को हेडमास्टर साहब के पास ले गया तो मुझे देख वो फूले नहीं समाय और तुरंत गले से लगा लिया.आखिर उनके कॉलेज का टॉपर जो था. फिर जब उन्हें पता चला की आशु भी मेरी तरह टॉपर है तो वो बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने सभी को अपने पैसों से मिठाई मंगवा के खिलाई! मंत्री का नाम लेने की जरुरत ही नहीं पड़ी और कॉलेज में अश्विनी का एडमिशन पक्का हो गया.हेडमास्टर साहब ने जबरदस्ती चाय-नाश्ता कराया और फिर हमने वहाँ से विदा ली और १० मिनट पैदल चल के हॉस्टल के बाहर पहुंचे. हॉस्टल के गार्ड ने मुझे देखते ही सलाम ठोका और ये देख के तो सभी अचरज करने लगे. गार्ड हमें अंदर ले के आया और सुमन मैडम को बुलाया. ये सुमन मैडम वहीँ जो कॉलेज में मेरे साथ पढ़ती थी. नाम बिलकुल रंग-रूप से मेल खाता था उसी की माँ ये हॉस्टल चलाती थी.

सुमन मुझे देखते ही मुस्कुराती हुई आई; "अरे सागर जी! इतने सालों बाद कैसे याद आई हमारी?" पिताजी समेत सभी हैरान था क्यों की आजतक उनके सामने मुझे कभी किसी ने 'सागर जी' कह के नहीं बुलाया था.

"हाँ वो दरअसल मेरे भाई की लड़की अश्विनी...." आगे मेरे कुछ बोलने से पहले ही वो बोल पड़ी; "मुबारक हो जी आपको! चाचा की तरह उसने भी टॉप मारा!" इतना कहते हुए वो मेरे गले लग गई. पर मैंने उसे अभी तक छुआ नहीं था और ये नजारा देख सभी मुँह बाय हैरान थे.दरअसल सुमन बहुत ही मुँहफट और अल्हड सवभाव की थी. जब वो बात करती थी तो उसे दुनियादारी की कतई चिंता नहीं होती थी और वो अपने मन की बात बोलने से कभी नहीं हिचकती थी. खेर मुझे उसे रोकना था की कहीं वो कुछ और ना बक दे; "ये मेरे पिताजी, ताऊ जी और गोपाल भैया हैं! वैसे आंटी जी कहाँ हैं?" मैंने उससे पूछा तो उसे मेरे परिवार वालों का ध्यान आया और उसने पहले सब को हाथ जोड़ कर नमस्ते की फिर शर्मा कर अंदर भाग गई. उसके जाते ही मैं ने सब की तरफ देखा तो वो सब अब भी हैरान थे की

उनका सीधा साधा लड़का जो कभी किसी लड़की से बात नहीं करता था वो इतना बड़ा हो चूका है की एक लड़की उसके गले लग रही है वो भी उसके परिवार के सामने.

"जी वो..." मेरे कुछ कहने से पहले ही आंटी जी आ गई. "अरे भाईसाहब आप सब खड़े क्यों हैं? बैठिये-बैठिये! ये लड़की भी न बिलकुल बुधु है!" मैंने आगे बढ़ कर आंटी जी के पाँव छुए तो उन्होंने मुझे आशीर्वाद दिया और फिर हम सभी उनके घर की बैठक में बैठ गये. मैंने उनका परिचय सब से कराया और हमारे आने का कारन भी बताया. उन्हें सुन के बड़ी ख़ुशी हुई और उन्होंने तुरंत सुमन को आवाज दे कर चाय-नाश्ता मंगवाया. ताऊ जी और पिता जी ने बड़ी ना-नुकुर की पर आंटी जी नहीं मानी; "अरे भाई साहब आज पहली बार तो आप सभी से मुलाकात हुई है और ये तो घर की बात है! आपका लड़का सागर बहुत मन लगा कर पढता था. और इसी की वजह से मेरी बुधु लड़की पास हुई हे. आप अश्विनी की कतई चिंता ना करो ये उसके लिए उसका दूसरा घर है.यहाँ उसे किसी चीज की कोई दिक्कत नहीं होगी! मेरी बेटी की तरह रहेगी वो यहाँ!" तभी वहाँ सुमन चाय-नाश्ता ले कर आ गई और सब को परोस कर खुद अपनी माँ की बगल में हाथ बंधे खड़ी हो गई.

"सुन लड़की तेरे कमरे में एक अलग से पलंग डलवा और कल से अश्विनी भी तेरे ही कमरे में रहेगी." आंटी की बात सुन उसने बस 'जी' कहा.

"बहनजी ... वो ... पैसे....." ताऊ जी ने बस इतना ही कहा था की वो बोल पड़ी; "भाई साहब मैं अब क्या बोलूं...घर की बात है!"

इस पर पिताजी भी तपाक से बोले; "देखिये बहनजी, एक-आध दिन की बात होती तो बात कुछ और थी! पर उसे तीन साल यहाँ रहना हे. जो पैसे आप बाकी सभी लड़कियों के घरवालों से ले रही हैं वो हम भी दे देंगे."

तभी गोपाल भैया भी बोल पड़ा; "बाकी लड़कियों के घरवाले आपको कितने पैसे देते हैं?" ये सुन के मुझे, पिताजी और ताऊ जी को बहुत गुस्सा आया और ताऊ जी गोपाल भैया को घूर के देखने लगे पर तभी मेरी नजर दिवार पर लगे बोर्ड पर पड़ी जिस पर सब कुछ लिखा था. मैंने इशारे से पिताजी को वहाँ देखने को कहा और उन्होंने ताऊ जी को कहा. "चलिए जी ये लीजिये ६०००/-" उन्होंने अपनी जेब में हाथ डाला और २००० के नोट निकाले और आंटी जी को देने लगे पर आंटी जी ने मना कर दिया. वो समझ चुकी थी को हम सबने बोर्ड पढ़ लिया हे. "मैं आपकी बात का मान रखती हूँ पर आपको भी मेरी बात का मान रखना होगा. ये पैसे जो बोर्ड पर लिखे हैं वो औरों के लिए है और आप सब तो अपने हैं इसलिए आप मुझे केवल ४०००/- दिजिये." उन्होंने केवल २००० के दो नोट लिए और सुमन को रजिस्ट्रेशन की किताब लाने को कहा. सुमन ने तुरंत वो किताब और बिल बुक उन्हें ला के

दी. आंटी जी ने रजिस्ट्रेशन की किताब मुझे दे दी और खुद ४,०००/- के बिल बनाने लगी. "पर बहन जी आप हमारे लिए २०००/- का नुकसान क्यों सह रही हैं?" ताऊ जी ने कहा.

"नुकसान कैसा जी? अब आपका लड़का मेरी बेटी को पढ़ाता था तब तो उसने कभी नहीं कहा की उसका नुकसान हो रहा है?" आंटी ने बिल की कॉपी ताऊ जी को देते हुए कहा. "पर आंटी जी उसमें मेरा नुकसान थोड़े ही था? मेरा भी तो रिविजन हो जाता था!" मैंने उनकी बात का उत्तर दिया. "अब बताइये बहनजी?" पिताजी ने मेरी बात का समर्थन किया. "भाई साहब जिस २,०००/- की बात आप कर रहे हैं वो हमारा मुनाफा होता हे. अब आप बताइये की कोई अपनों से मुनाफा कमाता है?" आंटी की इस बात का किसी के पास भी जवाब नहीं था इसलिए उनकी बात मान कर ताऊ जी ने उनसे वो बिल ले लिया और इधर मैंने रजिस्ट्रेशन वाली बुक में अश्विनी की सभी जानकारी लिख दी बस मोबाइल नंबर की जगह कुछ नहीं लिखा. जब आंटी जी ने मोबाइल नंबर माँगा तो ताऊ जी ने कहा; "बहन जी अश्विनी के पास मोबाइल नहीं हे. उसे इन सब चीजों का कोई शौक नहीं हे." ये सुन के आंटी जी ने सुमन को ताना मारा; "सीख इनकी लड़की से कुछ? ये तो सारा दिन मोबाइल में घुसी रहती हे." ये सुन कर उस बेचारी का सर शर्म से झुक गया अब उसे बचाने के लिए मैंने चलने की इजाजत माँगी तो सारे उठ खड़े हुए और आंटी हमें बाहर छोड़ने आई और मुझसे बोली; "अरे सागर बेटा तुम क्या कर रहे हो आज कल?" तभी सुमन बीच में बोल पड़ी; "शादी-वादी कर ली होगी!" "नहीं आंटी जी वो मैं फिलहाल बाईपास के पास जो बड़ी सी बिल्डिंग हूँ वहाँ जॉब कर रहा हु."

"कमाल है? इतने सालों से तुम यहीं पर जॉब कर रहे हो पर हमें कभी मिलने नहीं आये!?" उन्होंने थोड़ा गुस्सा दिखते हुए कहा.

"जी वो... समय नहीं मिलता ... शनिवार और इतवार मैं घर चला जाता हूँ... इसलिए...." मैंने सफाई दी.

"ये सब मैं नहीं जानती ... एक शहर में हो कर कभी तो आ जाया करो! ये तो तुम्हारा अपना घर हे." उन्होंने मेरे कान पकड़ते हुए कहा.

"जी ....ठीक... है... आऊँगा....आऊँगा!!!" मैंने हँसते हुए कहा जैसे की वो मेरा कान मरोड़ रही हों और ये देख के सभी खिल-खिला के हंस पडे. खेर हँसी-ख़ुशी मैंने सब को बस स्टैंड छोड़ा और मैं विदा ले कर अपने ऑफिस आ गया.

ठीक १ बजे आशु का फ़ोन आया और मैंने उसे बता दिया की उसके कॉलेज और हॉस्टल दोनों जगह बात हो गई हे. ये सुन कर वो बहुत खुश हो गई और पूछने लगी की सब लोग कहाँ है? तो मैंने उसे बता दिया की वो सब बस में बैठे हैं और ५ बजे तक घर पहुचेंगे. इसके

बाद वही प्यार भरी बातें हुई और फिर मेरे बॉस ने आवाज दे दी तो मुझे जल्दी ही जाना पडा.

रात के ग्यारह बजे मेरा फ़ोन बजा तो मैंने घडी देखि, चिंता हुई की सब ठीक तो है?

आशु: ये सुमन कौन है? (उसने बहुत गुस्से में कहा.)

मैं: क्या...? (अभी भी नींद से ऊंघते हूये.)

आशु: वही छमक छल्लो जो आपसे गले लगी थी आज?

मैं: (उबासी लेते हुए) वो... दोस्त ... हे.

आशु: दोस्त है तो दोस्त की तरह रहे! गले लगने की क्या जरुरत है उसे?

मैं: अरे बाबा! वो इतने साल बाद मिले ना तो ....

आशु: (बीच में बात काटते हुए) ऐसी भी क्या दोस्ती है की होश तक नहीं उसे की आपके साथ घर के बड़े लोग भी हैं! और आप को भी बहुत मज़ा आ रहा था जो उसे अपने सीने से चिपकाये हुए थे!

मैं: अरे मेरी बात तो सुनो! वो दरअसल थोड़ा मुँहफट है!

आशु: (बीच में बात काटते हुए) वो सब मैं नहीं जानती, आप उससे दूर रहो वरना मैं उसका मुँह नोच लुंगी!

इतना कह के आशु ने फ़ोन काट दिया. तो मैंने दुबारा फ़ोन घुमाया पर उसने फिर काट दिया. तीसरी बार... चौथी बार... पाँचवी बार... छठी बार...सातवीं बार...आठवीं बार...नौंवी बार... इस बार उसने फ़ोन उठाया.

मैं: आशु... मेरी बात तो सुन लो एक बार?

आशु: (सुबकते हुए) हम्म...

मैं: जैसा तू सोच रही है वैसे कुछ नहीं हे. कॉलेज के दिनों में मैं उसे पढ़ाया करता था वो भी उसके घर जा कर. बस इसके अलावा कुछ नहीं है!

आशु: घरवाले... आपकी शादी की बात कर रहे हैं! (उसने सुबकते हुए कहा.)

मैं: अरे तो करने दे ... मैं कौन सा शादी कर रहा हूँ! तू चिंता मत कर!

आशु: मैं.... आपसे अलग... नहीं रह सकती!.... मैं जान दे दूँगी!

मैं: शट अप!!! दुबारा ऐसी कोई बात कही तो मैं तुझसे कभी बात नहीं करुंगा. अब बेधड़क आराम से सो जा... मैं कोशिश करता हूँ की घर एक चक्कर लगा लु.

ये सुन कर उसका सुबकना बंद हुआ और उसने आई लव यू कह के फ़ोन काटा. अब मुझे उससे कैसे भी मिलने जाना था पर जाऊँ कैसे? बॉस छुट्टी देगा नहीं! पर उन दिनों किस्मत मुझ पर कुछ ज्यादा ही मेहरबान थी. जो चाह रहा था वो मिल रहा था. इसलिए जब घर जाने का मौका चाहने लगा तो अगले दिन वो भी मिल गया.बॉस ने कुछ फाइल पहुँचाने के लिए मुझे कहा. बीच रस्ते में मेरा गाँव था और बॉस जानते थे की मैं घर जरूर जाऊँगा इसलिए मेरी ख़ुशी पढ़ते हुए बोले; "कल लंच तक आ जाना." मैंने ख़ुशी से हाँ कहा और तुरंत निकल पड़ा.पहले फाइल पहुँचाई और फिर वापसी में घर पहुंचा. बुलेट की आवाज सुनते ही आशु भागती हुई बाहर आई और मुझे देखते ही उसकी आँखें चमक उठी. उसने आगे बढ़ के मुझे गले लगाना चाहा पर बाहर पिताजी और ताऊ जी बैठे थे इसलिए अपना मन मार के चुपचाप खड़ी हो कर मुझे उनसे बात करता हुआ देखने लगी. जब तक मेरी बात खत्म नहीं हुई वो वहाँ से हिली नहीं, शायद उसे डर था की मैं कहीं बहार से ही ना चला जाऊ. जैसे ही मेरी बात खत्म हुई वो भागती हुई अंदर चली गई पर जब मैंने अंदर घुस के देखा तो वो मुझे कहीं नहीं मिली. आंगन में माँ, ताई जी और भाभी बैठी सब्जी काट रही थी. "अचानक कैसे आना हुआ?" भाभी ने पूछा.

"कुछ काम से पास के गाँव आना हुआ था." मैंने रुखा सा जवाब दिया और अपने कमरे की तरफ चल दिया. जैसे ही सीढ़ी चढ़ के ऊपर पहुँचा तो आशु अपने कमरे में घुस गई और इशारे से मुझे अंदर आने को कहा. मैं उसके कमरे में घुसा और उसने मेरा हाथ पकड़ के मुझे अपने पलंग पर बिठा दिया. फिर अपने दुपट्टे से मेरा पसीना पोछने लगी. उसकी ख़ुशी उसके चेहरे से साफ़ झलक रही थी. वो मुड़ी और टेबल से पानी की गिलास और गुड़ उठा के मुझे दिया. मैंने गुड़ खाया और फिर पानी पिया और उसकी तरफ प्यार से देखने लगा. "आपको भूख लगी होगी? उसने मुस्कुरा कर कहा और मुड के जाने लगी तो मैंने उसकी कलाई थाम ली और बैग से गुलाब निकाल के अपने घुटनों पर आते हुए कहा; "मेरी जान के लिए!" आशु ने मेरे हाथ से गुलाब ले लिया और फिर उसे अपने होठों से चूमा. फिर वो मेरी तरफ देख कर मुस्कुराई और झुक कर मेरे माथे को चूमा. मैं खड़ा हुआ और उसे अपने सीने से जकड़ लिया. इससे पहले की आगे कुछ बात हो पाती नीचे से मेरा बुलावा आ गया और मुझे आशु को छोड़ के नीचे जाना पडा. खेर वो शाम मुझे नीचे सब के बीच बैठ के बितानी पड़ी पर रात को खाने के समय ताऊ जी ने मेरी शादी की बात छेड़ी;

ताऊ जी: तो बरखुरदार! शादी के बारे में क्या विचार है?

मैं: जी अभी नहीं!

पिताजी: क्यों भला? लड़की तो तूने पहले ही पसंद कर रखी है ना?!

मैं: कौनसी लड़की?

गोपाल भैया: अरे वही जो शहर में मिली थी. जिसने तुम्हें देखते ही गले लगा लिया था?

मैं: (खीजते हुए) वो खुद गले लग गई थी. मैंने उसे गले नहीं लगाया था. और आप सब से किसने कहा की मैं उससे शादी करना चाहता हूँ? मैं बस उसे कॉलेज टाइम में पढ़ाया करता था इससे ज्यादा और कुछ नहीं है!

ताऊ जी: अरे हम अंधे-बहरे थोड़े ही हैं जो हमें उसकी माँ का बार बार 'अपना' कहना सुनाई नहीं देता! कितनी बार उन्होंने तुझे घर आने को कहा था?

मैं: वो सब इसलिए कह रही थी क्योंकि मैं उनकी बेटी को मुफ्त में पढ़ाता था. हॉस्टल का खाना कितना वाहियात होता था.इसलिए वो बदले में मुझे घर का खाना खिलाया करती थी और इसी कारन उनका अपनापन मेरे प्रति थोड़ा ज्यादा हे. इससे ज्यादा उन्होंने कभी कुछ नहीं कहा.

पिताजी: तो कब करेगा तू शादी?

मैं: पिताजी एक बार नौकरी पक्की हो जाये, पैसा अच्छा कमाने लगूँ तो मैं शादी कर लुंगा.

ताऊ जी: तुझे पैसे की क्यों चिंता है? इतना बड़ा खेत.....

मैं: (उनकी बात काटते हुए) मुझे अपने पाँव पर खड़ा होना हे. जब मुझे लगेगा की मैं अपने पाँव पर खड़ा हो गया हूँ तो मैं आपको खुद बता दूँगा और शायद आप भूल रहे हैं की आपने वादा किया था!

मेरा इतना कहना था की उन्हें अपना वादा याद आ गया और उन्होंने आगे कुछ नहीं कहा. बस गुस्से से मुझे एक बार देखा और फिर खाना खाने लगे. खाने के बाद मैं ऊपर आ गया और छत पर चक्कर लगाने लगा. घंटे भर बाद आशु भी खाना खा के ऊपर आ गई और मुझे इस तरह गुम-सुम छत पर टहलते हुए देखने लगी. जब मेरी नजर उस पर पड़ी तो मैं ने पाया की वो बड़ी गौर से मुझे देख रही थी और मन ही मन कुछ सोच रही थी. "क्या हुआ जान?" मेरी आवाज सुन कर वो होश में आते हुई बोली; "कुछ नहीं... बस ऐसे ही आपको देख रही थी. आपके जितना प्यार करने वाले को पा कर आज मुझे खुद पर बहुत गर्व हो रहा हे.'' आगे कुछ बोलने से पहले ही भाभी आ गई और उन्होंने आशु को बिस्तर लाने को कहा. आज सभी औरतें छत पर सोने वाली थीं सो मैं उतर के अपने कमरे में लेट गया.अगली सुबह मुझे जल्दी जाना था तो मैं बिना नाश्ता किये जाने लगा तो आशु भाग के मेरे पास आई और परांठे जो की उसने पैक कर दिए थे मुझे दे दिए और नीचे चली गई.

कुछ दिन बीते और आखिर वो दिन आ ही गया जब आशु को कॉलेज ज्वाइन करना था. शनिवार को घर आते-आते रात हो गई. घर के सभी लोग खाना खा चुका था.. मुझे देखते ही आशु ने तुरंत खाना परोस के मुझे दे दिया और खुद अपने कमरे में चली गई. मैं खाना खा के ऊपर आया तो देखा उसने अपने कमरे में सारा सामान समेट रखा था. एक बैग जिसमें उसके कपडे थे वो तैयार रखा था. पूरे कमरे को उसने अच्छे से साफ़ किया था. जब उसकी नजर मुझ पर पड़ी तो उसके चेहरे ने उसकी सारी खुशियों को बयान कर दिया. उसने मुझे गले लगाना चाहा पर तभी पीछे से ताई जी आ गई और कमरे को देखते हुए आशु को ताना मारते हुए बोली; "चलो शुक्र है तू ने अपने कमरे को साफ़ कर दिया वरना ये भी हमें ही करना पडता."

"समझदार है!" मैंने उनके ताने का जवाब दिया और फिर अपने कमरे में आ कर लेट गया.मेरे जाते ही ताई जी आशु को ज्ञान देने लगी की शहर में उसे किन-किन बातों का ध्यान रखना हे. मैं अपने कमरे से उनकी सारी बातें सुन रहा था. ये ज्ञान कम और ताने ज्यादा थे! मैं चुप-चाप करवट लेके लेट गया और सुबह पाँच बजे के अलार्म के साथ उठ बैठा. मैं बाहर आया और अंगड़ाई लेने लगा तो देखा आशु नीचे घर के काम कर रही हे. मुझे देखते ही वो मुस्कुरा दी और फिर अपने काम में लग गई. मैं जल्दी से नाहा-धो के तैयार हुआ और फिर सभी ने नाश्ता किया.

ताऊ जी: देख आशु शहर जा के कहीं मटर-गश्ती शुरू न कर देना! तेरा ध्यान सिर्फ और सिर्फ पढ़ाई में रहना चाहिए और हर शनिवार-इतवार को दोनों घर आते रहना.

मैं; जी ... आप तो जानते ही हैं की मुझे दूसरे और आखरी शनिवार की छुट्टी मिलती है..... तो....

पिताजी: ठीक है... पर ख्याल रखिओ आशु का और हमें तुम दोनों की कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए!

मैं: जी... वैसे भी हमारा मिलना कहाँ हो पायेगा?

ताई जी: क्यों?

मैं: मेरे पास समय ही नहीं होता! एक रविवार मिलता है तो उसमें भी कपडे धो ना और खाना बनाने में समय निकल जाता हे. शाम को फ्री होता हूँ पर हॉस्टल में ६ बजे के बाद मनाही हे.

ताई जी: तो इसे (आशु) कोई दिक्कत हुई तो?

ताऊ जी: अरे कुछ दिक्कत नहीं होगी. सब देखा है हमने, तू चिंता मत कर.

मैंने आगे कुछ और नहीं कहा और फटाफट नाश्ता किया और अपनी बुलेट रानी को कपडा मारने बाहर चला गया.सब कुछ अच्छे से साफ़ कर के जब मैंने पीछे पलट के देखा तो आशु अपना बैग कंधे में टाँगे खड़ी थी. मैंने आगे बढ़ कर उससे बैग लिया और बाइक पर बैठ गया और बैग को पेट्रोल की टंकी पर रख लिया. एक स्टाइल वाली किक मारी और भड़भड़ करती हुई बुलेट स्टार्ट हुई, मैंने पलट के आशु को पीछे बैठने को कहा. तो वो सम्भल के बैठ गई और अपना दायाँ हाथ मेरे कंधे पर रख लिया. सारे घर वाले बाहर आ कर खड़े हो चुका था. और आशु की कुछ सहेलियां भी बुलेट की आवाज सुन कर वहाँ आ कर खड़ी हो गईं और हाथ हिला कर उसे बाय कहने लगी. ताऊ जी ने फिर से कहा; "सम्भल के जाना और वहाँ जा के हमें फ़ोन करना." अब उन्हें भी तो थोड़ा बहुत दिखावा तो करना था ना! गाँव से करीब दो किलोमीटर दूर पहुंचे होंगे की मैंने बाइक रोक दी और आशु से दोनों तरफ टांग कर के बैठने को कहा. उसने ठीक वैसे ही किया और अपने दोनों हाथों को मेरी बगल से ले कर सामने की तरफ लाइ और मेरी छाती को कस के पकड़ लिया. उसका सर मेरी पीठ में धंसा हुआ था और आँखें बंद थी. आशु की गर्म सांसें मुझे मेरी पीठ पर महसूस हो रही थी. मैं बाइक को चालीस की स्पीड में ही चला रहा था ताकि इस सफर का जितना हो सके उतना आनंद ले सकू.

दो घंटे की ड्राइव के बाद अब थकावट होने लगी तो मैंने बाइक एक ढाबे की तरफ मोड़ दी जहाँ की मैं अक्सर रुका करता था. जब भी घर जाता या आता था. बाइक रुकते ही आशु जैसे अपने ख्यालों की दुनिया से बाहर आई. "चलो चाय पीते हैं." मैंने उसे कहा तो वो बाइक से उतरी और मैंने बाइक पार्क की.हम दोनों ढाबे में घुसे. मुझे देखते ही वेटर ने तपाक से नमस्ते की और आशु को मेरे साथ देखते ही वो समझ गया की वो प्रियतमा है और उसने नमस्ते दीदी कहा! आशु ने उसकी नमस्ते का जवाब दिया और फिर हम खिड़की के पास वाले टेबल पर बैठ गये. "आपको पता है मैं क्या सोच रही थी?" आशु ने मुझसे पुछा तो मैंने ना में सर हिला दिया. "मुझे ऐसा लग रहा था जैसे हम दोनों इस नर्क से भाग के कहीं अपनी छोटी सी दुनिया बसाने जा रहे हे. इन दो घंटों में मैं जो कुछ भी सोच सकती थी वो सब सोच लिया की हमारा घर कैसा होगा, बच्चे कितने होंगे!" आशु ने बड़े भोलेपन से कहा और मैंने सोचा की मुझे उसे अब अपने प्लान से अवगत करा देना चाहिए.

मैं: घर से भागना इतना आसान नहीं है जितना तुम सोच रही हो. जैसे ही हम घर से भागेंगे उसके कुछ घंटों में ही लठैतों को बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन भेजा जायेगा हमें रोकने के लिए. हर बस को रोक कर चेकिंग की जाएगी और हमें पकड़ के मौत के घाट उतार दिया जायेगा. इसलिए हमें जो कुछ भी करना है वो बहुत सोच समझ कर करना होगा और किसी भी हालात में घर पर या किसी भी इंसान को हमारे इस रिश्ते के बारे में कुछ पता

नहीं चलना चाहिए! सबसे जरुरी चीज जो हमें चाहिए वो है पैसा. इस डेढ़ साल की नौकरी में मैं कुछ दस हजार ही जोड़ पाया हु. मेरी नौकरी के बारे में घर में सब जानते हैं और मुझे भी कुछ पैसे घर भेजने पड़ते हे. पर अब तुम चूँकि शहर आ चुकी हो तो अगले साल से तुम्हें भी कुछ पार्ट टाइम नौकरी करनी होगी. ये वही पैसे हैं जिससे हम बचा सकते हैं और जिनकी मदद से दूसरे शहर में हमें घर किराये पर लेना, बर्तन-भांडे आदि खरीदने में मदद करेंगे.

आशु: और हम भागेंगे कैसे?

मैं: तुम्हारे थर्ड ईयर के पेपर होने के अगले दिन ही हम भागेंगे. मैं घर पर फ़ोन कर दूँगा की हम घर आ रहे हैं, अब चूँकि घर पहुँचने में ४ घंटे लगते हैं और घर वाले कम से कम ६ से ८ घंटे तक हमें नहीं ढूंढेंगे तो हमारे पास इतना टाइम होगा की हम ज्यादा से ज्यादा दूरी तय कर सके. यहाँ से हम सीधा बनारस जायेंगे और वहाँ से बैंगलोर!

आशु: बैंगलोर?

मैं: हाँ... वो बड़ा शहर है और वहाँ तक हमें ढूँढना इतना आसान नहीं होगा. मोबाइल फेंकना होगा, बैंक अकाउंट बंद करना होगा और तुम्हारे नए कागज बनवाने होंगे.

आशु: कागज?

मैं: आधार कार्ड और पॅन कार्ड.

आशु: वो तो घर में कभी बनाने नहीं दिये.

मैं: जानता हूँ और वही हमारे काम आयेगा. नए कागजों का कोई पेपर ट्रेल नहीं होगा.

आशु मेरी सारी बातें हैरानी से सुन रही थी की मैंने इतनी सारी प्लानिंग कर रखी हे. इतने में सुमन का फ़ोन आ गया, जिसे देख कर आशु को बहुत गुस्सा आया. उसने दरअसल पूछने के लिए फ़ोन किया था की हम दोनों कब तक पहुँच रहे हे. "ये क्यों फोन कर रही थी आपको?" उसने गुस्सा दिखाते हुए पूछा. "जान, वो पूछ रही थी कब तक हम दोनों हॉस्टल पहुंचेंगे. अब गुस्सा छोडो और चाय पियो और हाँ याद रहे उसे भूले से भी हमारे बारे में शक़ नहीं होना चाहिए." ये सुन कर आशु कुछ बुदबुदाई और फिर चाय पीने लगी. उसकी इस अदा पर मुझे हँसी आ गई जिसे देख के वो भी थोड़ा मुस्कुरा दी. खेर हम चाय पी कर निकले और दो घंटे बाद शहर पहुँच गये. रास्ते भर आशु मुझसे उसी तरह चिपकी रही जैसे मुझे छोड़ना ही ना चाहती हो. जैसे ही हम शहर में दाखिल हुए मैंने आशु को ढंग से बैठने को कहा और वो पहले की तरह बायीं तरफ दोनों पैर कर के बैठ गई और उसका दाहिना हाथ मेरे दाएं कंधे पर था.

बुलेट रानी हॉस्टल की गेट पर रुकी तो गार्ड ने आगे आ कर मुझे नमस्ते की और आशु का बैग लेना चाहा तो मैंने उसे मना कर दिया. बाइक पार्क कर मैं आशु के साथ अंदर आया. दरवाजे पर नॉक की तो दरवाजा सुमन ने खोला और उसके चेहरे पर हमेशा की तरह ख़ुशी साफ़ झलक रही थी. "अरे हमारी टॉपर आशु भी आई है!" उसने आशु को छेड़ते हुए कहा. आशु ने सुमन को नमस्ते कहा और फिर हम बैठक में बैठ गए .तभी आंटी जी भी आ गईं. मैने आगे बढ़ कर उनके पाँव छुए और मेरे पीछे-पीछे आशु ने भी उसके पैर छुए. आंटी जी ने सुमन ख़ास हिदायत दी की वो आशु का अच्छे से ख्याल रखे और इसी के साथ मेरे जाने का समय हो गया तो मैं उठ के खड़ा हुआ और नमस्ते कर के जैसे ही बाहर जाने को मुड़ा की आशु रोने लगी और मेरे सीने से लग गई. उस पगली ने ये भी नहीं देखा की वहाँ सुमन और आंटी जी भी हे.

"वो दरअसल पहली बार घर से बाहर कहीं रुकी है, इसलिए घबरा रही हे." मैंने जैसे तैसे बात को सँभालने की कोशिश की. "अरे बेटी रोने की क्या बात है? ये भी तो तेरे घर जैसा ही हे. सुमन अंदर ले जा आशु को." आंटी जी ने आशु के सर पर हाथ फेरते हुए कहा. जैसे-तैसे मैंने आशु के हाथों को जो मेरी पीठ पर कस चुका था. उन्हें खोला और आशु के आँसू पोछे; "बस अब रोना नहीं है! मैं कल सुबह ०९:३० आऊँगा तैयार रहना. तब जा कर उसका रोना बंद हुआ और फिर सुमन आशु का हाथ पकड़ के अंदर ले गई. "अरे बेटा तुम क्यों तकलीफ करते हो? सुमन कल छोड़ आएगी इसे कॉलेज" आंटी ने कहा.

"आंटी जी वो पहला दिन है और मैं साथ रहूँगा तो इसे डर कम लगेगा." मेरी बात सुन के आंटी ने और कुछ नहीं कहा और मैं उनसे विदा ले कर घर आ गया.मेरा घर और ऑफिस हॉस्टल से १ घंटे दूर था. घर लौट कर कपडे वगैरह धो कर, खाना खाया और जल्दी सो गया.

सूबह फटाफट तैयार हो कर मैं हॉस्टल पहुँच गया और मेरी बुलेट रानी की आवाज सुनते ही आशु भागती हुई बाहर आई और उसके पीछे-पीछे सुमन भी आई और आशु की इस भागने की हरकत पर मुस्कुराने लगी. "चलो भाई बेस्ट ऑफ लक पहले दिन के लिए. अगर कोई तकलीफ हो तो मुझे बताना." सुमन ने मुस्कुराते हुए कहा.

"हाँ ... ये कॉलेज की गुंडी थी. आज भी बहुत चलती है इनकी." मैंने हँसते हुए कहा और फिर हम कॉलेज के लिए चल पडे. मुझे कॉलेज गेट पर देखते ही रहीम भैया दौड़ कर आये और सलाम किया. मेरे साथ आशु को देख वो समझ गए की वो मेरी प्रियतमा हे. हम दोनों को देख कर कोई नहीं कह सकता था की मैं आशु का चाचा हूँ, ५ साल का अंतर् तो कोई पकड़ ही नहीं सकता था. खुद को मैं अच्छे से मेन्टेन रखता था. एक दम क्लीन-शैवेन रहता था. कपडे ब्रांडेड जिससे की लगे ही ना की मैं गाँव-देहात का रहने वाला हु.

"अगर कोई भी परेशानी हो तो रहीम भैया को कह देना." मैंने आशु से कहा ताकि उसके मन का डर कम हो. कॉलेज पूरा घुमा के उसे उसकी क्लास की तरफ छोड़ने जा रहा था की उसकी नजर उस दिवार पर पड़ी जहाँ मेरी तस्वीर लगी थी और वो मुझे खींच के उस तरफ ले जाने लगी. मेरी तस्वीर देख कर उसे काफी गर्व महसूस हो रहा था. "मैं चाहता हूँ तुम्हारी भी तस्वीर मेरी बगल में लगे." मेरी बात सुन कर आशु का आत्मविश्वास लौट आया और उसने हाँ में सर हिलाया. "शाम को ५ बजे मुझे गेट पर मिलना. इतना कह के मैंने उसे उसकी क्लास में भेज दिया.

ऑफिस आने में घंटा भर लग गया और बॉस बहुत गुस्सा हो गए. पर मुझे तो शाम को जल्दी जाना था और ये बात कैसे कहूँ उनको?! मैंने उनकी डाँट का जरा भी विरोध नहीं किया और सर झुकाये सुनता रहा. एक कंपनी का पूरा फाइनेंसियल डाटा मेरे पास पेंडिंग पड़ा था इसलिए उनकी डाँट खत्म होते ही मैं सिस्टम पर बैठ गया और काम करने लगा. लंच के समय भी सभी कहते रहे पर मैं नहीं गया और बड़ी मुश्किल से केशबूक कम्पलीट की. बॉस ने जब देखा तो खुद ही मुझे खाने के लिए बोलने लगे तब मैंने उनसे जल्दी जाने की बात कही तो वो भड़क गये. "गर्लफ्रेंड का चक्कर है ना?" उन्होंने डाँटते हुए कहा. "जी मेरे भाई की लड़की का आज कॉलेज में पहला दिन है वो कहीं इधर-उधर न चली जाए इसलिए उसे हॉस्टल छोड़ के मैं वापस आ जाऊंगा." मैंने उनसे आखरी बार विनती की तो थोड़ी ना-नुकुर के बाद मान गए और बोल दिया की कल सुबह तक सारा डाटा उन्हें किसी भी हालत में कम्पलीट चाहिए. जैसे ही चार बजे मैं फ़टाफ़ट अपनी बुलेट रानी को ले के कॉलेज के लिए निकला और ठीक पाँच बजे मैं कॉलेज गेट पर रुका, मुझे देखते ही आशु रोती हुई भाग के मेरे पास आई.

मैं: क्या हुआ रो क्यों रही हो?

आशु: वो....वो....कैंटीन में.... रैगिंग .... उसने... मुझे .... डांस..... करने को.....|

मैं: (बीच में बोलते हुए) क्या नाम है उसका?

आशु: तोमर

बस आशु का इतना कहना था की मैं बाइक से उतरा और उसका हाथ पकड़ के तेजी से कैंटीन में घुसा. मैने देखा वहाँ कुछ लड़कियां डांस कर रही हैं और सेकंड और थर्ड ईयर के बच्चे खड़े देख कर हँस रहे हे. मैंने आशु का हाथ छोड़ा और भीड़ के बीचों-बीच होता हुआ सामने जा पहुंचा. ५ लड़कों का एक झुण्ड सब की रैगिंग कर रहा था और मुझे देखते ही उनमें से एक बोला; "ये लो एक और बच्चा आ गया."

"तुम में से तोमर कौन है?" मैंने गरजते हुए कहा. ये सुन कर उनका हीरो लड़का सामने आया और बोला; "मैं हूँ बे!" उसकी आँखें पूरी लाल थी. जिसका मतलब था उसने अभी-अभी गांजा फूंका हे. "इस कॉलेज में रैगिंग अलाउड नहीं है, जानता है ना तू?" मैंने उसकी आँखों में आँखें डाल के कहा. "तू कौन है बे? प्रिंसिपल का चमचा!?" ये सुनते ही मैंने एक जोरदार तमाचा उसके बाएं गाल पर रख दिया और वो मिटटी चाट गया.उसके सारे चमचे आ कर उसे उठाने लगे. जिन बच्चों की रैगिंग हो रही थी वो सब डरे-सहमे से एक तरफ खड़े हो गए और पूरी कैंटीन में शान्ति छ गई!

"तेरी ये हिम्मत साले!" ये कहते हुए वो तोमर नाम का लड़का अपने होठों पर लगे खून को साफ़ करते हुए बोला और अपना मोबाइल निकाल कर अपने भाई को फ़ोन करने लगा. "भाई....भाई....एक लड़के ने... मुझे बहुत मारा...मेरा खून निकाल दिया... आप जल्दी आओ भाई!" ये कहके उसने फ़ोन काट दिया और मुझे बोला; "रुक साले ...तू यहीं रुक.... एक बाप की औलाद है तो यहीं रुक|"

"यहीं बैठा हूँ.... बुलाले जिसे बुलाना हे." ये कह कर मैंने पास पड़ी कुर्सी उठाई और उसे उस लड़के की तरफ घुमा कर रख कर बैठ गया.तभी पीछे से आशु आ गई और इससे पहले वो कुछ कहे मैंने उसे इशारा कर के वापस भेज दिया.

तोमर: अच्छा ... ये तेरी बंदी है ना?! कौन से क्लास में है तू?

मैं: वो प्रिंसिपल रूम के बाहर जो दिवार है न उस पर सबसे ऊपर वाली तस्वीर मेरी है!

तोमर: वही तस्वीर तेरी कल अखबार में भी छपेगी!

मैं: आने दे तेरे भाई को फिर पता चलेगा किसकी तस्वीर छपेगी कल!

तोमर: हाँ-हाँ देख लेंगे.... और तुम लोग भी सुन लो सालों! जो कोई भी मेरे खिलाफ जाता है उसका क्या हाल होता है!

मैं: चुप-चाप बैठ जा अब! वरना दूसरे झापड़ में यहीं हग देगा!

तोमर: तेरी तो.....

इसके आगे वो कुछ कहता की उसका भाई पीछे से आ गया.मेरी पीठ अभी भी उस शक़्स की तरफ थी की तभी आवाज आई; "हाँ भई किसने पेल दिया तुझे?" ये सुन कर जैसे ही मैं पलटा तो देखा ये तो सिद्धू भैया हे. उन्होंने भी देखते ही मुझे पहचान लिया और आगे बढ़ कर सीधे गले लगा लिया. "अरे सागर इतने साल बाद! कैसा है तू?" ये कहते हुए सिद्धू भइया मुस्कुरा कर मुझसे बात कर रहे थे और वो तोमर को भूल ही गये.

"ओ भैया? इसे क्या गले लगा रहे हो इसी ने तो मारा है मुझे!" तोमर बोला.

"अरे? तू तो पढ़ाकू लड़का था. तूने कैसे हाथ छोड़ दिया?!"

"भैया .... आपका भाई लड़कियों की रैगिंग कर रहा था. उन्हें यहाँ आइटम नंबर वाले गानों पर डांस करवा रहा था." ये सुनते ही उनका चेहरा तमतमा गया और वो बड़ी तेजी से उसके पास गए और एक जोरदार तमाचा उसके बाएं गाल पर दे मारा. ठीक उसी समय उन्हें गांजे की महक आई तो उन्होंने उसे उठा के एक और तमाचा मारा और वो फिर नीचे जा गिरा| "हरामजादे!!! तेरी हिम्मत कैसे हुई लड़कियों की रैगिंग करने की? ये कॉलेज हमारी माँ के नाम पर है और तू उन्हीं के नाम को गन्दा कर रहा है! समझाया था ना तुझे की कॉलेज की लड़कियों का सम्मान करना, पर तू....कुत्ते! बहुत चर्बी चढ़ी है न तुझे, अभी उतारता हूँ तेरी चर्बी!" ये कहते हुए सिद्धू भैया ने अपनी बेल्ट निकाल ली और एक जोर दार चाप उसके कंधे पर पड़ी.मैंने भाग कर उनका हाथ पकड़ कर उन्हें रोका; "छोड़ दे मुझे सागर! इस कुत्ते ने हमारे खानदान की इज्जत पर कीचड़ उछाला है!"

"भैया...." मैंने बस इतना ही कहा था की उन्होंने अपना हाथ छुड़ाया और एक बेल्ट और चाप दी! अब मैंने जैसे तैसे उन्हें पीछे से पकड़ लिया और पीछे की तरफ खींचने लगा पर मुझे बहुत ताकत लगानी पढ़ रही थी. भैया थे ही इतने बलिष्ट! उधर तोमर जमीन पर पड़ा दर्द से करहा रहा था और उसके चमचे हाथ बांधे पीछे खड़े सब कुछ देख रहे थे.

सिद्धू भैया: तेरी तो मैं जान ले लूँगा कुत्ते!

मैं: भैया.. छोड़ दो ... तमाशा मत खड़ा करो... हम बैठ कर बात करते हैं!"

सिद्धू भैया: कोई बात-वात नहीं करनी मुझे! छोड़ तू मुझे!

मैं: भैया मैं आपके आगे हाथ जोड़ के विनती कर रहा हूँ! आप घर चलो ... वहाँ आप जो चाहे इसे सजा दे देना.

तब जा कर भैया का गुस्सा कुछ काबू में आया और उन्होंने बेल्ट छोड़ दी. "तुम सब लोग सुन लो! आज के बाद यहाँ किसी ने भी रैगिंग की तो मुझसे बुरा कोई नहीं होगा. रैगिंग करनी है तो उस फाटक वाले कॉलेज में पढ़ो, इस कॉलेज में प्यार, मोहब्बत, आशिक़ी, नशे के लिए कोई जगह नहीं हे. सागर जैसे स्टूडेंट्स ने इस कॉलेज की जो शान बनाई है वो बनी रहनी चाहिए और इस शान पर अगर किसी ने कलंक लगाने की कोशिश की तो वो जान से जायेगा!" सिद्धू भैया ने गरज के साथ अपना फरमान सुनाया. "....और सागर, इस कुत्ते की गलती के लिए मैं तुझसे हाथ जोड़ कर माफ़ी माँगता हु." ये कहते हुए भैया ने हाथ जोड़े तो मैंने उनके हाथ पकड़ लिए; "ये क्या कर रहे हो भैया? लड़का भटक गया है, आप इस समझाओगे तो समझ जायेगा."

"जज साहब मैं आपका ध्यान इन कॉल लिस्ट्स की तरफ लाना चाहती हु." ये कहते हुए उन्होंने जज साहब को एक कॉल लिस्ट की कॉपी दी और दूसरी कॉपी उन्होंने सर के वकील की तरफ बढ़ा दी. "इसमें जो नंबर मार्क कर रखा है ये किसका है? किस्से ये घंटों तक बातें करते हैं?" वकील साहिबा ने पूछा.

"वो...क..कुछ बिज़नेस रिलेटेड कॉल था." सर ने हिचकते हुए जवाब दिया. ये सुन कर मैडम बरस पड़ीं; "झूठ तो बोलो मत! रात के एक बजे कौन इतनी लम्बी-लम्बी बातें करता है? जज साहब ये नंबर इनकी 'प्रियतमा' का हे. जिसका नाम है यास्मिन! शादी से पहले का इनका प्यार!" अब ये सुनते ही दोनों परिवारों की आँखें चौड़ी हो गई. वकील साहिबा ने फाइल से यास्मिन की पिक्चर निकाल कर सर से पुछा की ये कौन है? उन्होंने बस उस लड़की को पहचाना पर अपने रिश्ते से साफ़ मना करते रहे. "इस नंबर पर कॉल करो और हम सब से बात कराओ" जज साहब ने सर को डराया तो उन्होंने बात कबुली की वो यास्मिन से बात करते हैं पर उनके वकील ने सर का एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर की बात नहीं कबूली.

"जज साहब! हमारी शादी को ४ साल हो चुके हैं, पर इन चार सालों में एक पल के लिए भी मुझे इनका साथ या प्यार नहीं मिला. मिलता भी कैसे? इनके मन मंदिर में तो यास्मिन बसी थी. शादी की रात ही इन्होने मुझे अपने और यास्मिन के बारे में बताया. उस दिन से ले कर आज तक प्यार के दो पल मुझे नसीब नहीं हुए, ऐसा नहीं है की मैंने कोई कोशिश नहीं की! पर ये हमेशा ही मुझसे दूर रहते थे, हमेशा फ़ोन पर या ऑफिस के काम में बिजी रहते.मुझे भी इन्होने जबरदस्ती ऑफिस में बुलाना शुरू कर दिया और काम में बिजी कर दिया ताकि मेरा ध्यान इन पर ना जाये. वो लड़की यास्मिन... उसने आज तक इनके लिए शादी नहीं की और मुझे पूरा यक़ीन है की इन दोनों एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर है क्योंकि ...... क्योंकी ....!!!" ये कहते हुए मैडम रो पड़ीं.

पर अभी मैडम की बात पूरी नहीं हुई थी उन्होंने गुस्से से चिल्लाते हुए सर से कहा; "तुम्हारा मन इतना मैला है की तुमने दो दोस्तों की दोस्ती को गाली दी है! मैं और सागर जी बस अच्छे दोस्त हैं और दोस्ती कोई जुर्म नहीं!" जज साहब ने उन्हें शांत होने को कहा और पानी पीने को कहा.

"जज साहब हमारी माँग बस ये है की एक तो आप प्लीज सागर जी का नाम इस केस से क्लिअर कर दीजिये क्योंकि उनके खिलाफ कुमार के पास कोई भी कनकलूसिव एवीडन्स नहीं हे. दूसरा मेरी मुवकिल को उचित मुआवजा मिले, वो चार साल जो इन्होने मेंटल टोरचर सहा है और ऑफिस में जो काम किया है उसके एवज में! तीसरा आप प्लीज इस डाइवोर्स को जल्द से जल्द फाइनल कीजिये क्योंकि मेरी मुवकिल बहुत ही भावूक स्थिती में हे. बस इससे ज्यादा हमारी और कोई माँग नहीं हे." मैडम की वकील साहिबा ने कहा.

"देखिये सागर का नाम तो हम क्लिअर कर देते हैं पर इतनी जल्दी हम मुआवजे का फैसला नहीं कर सकते, पहले तो ये यास्मिन को यहाँ ले कर आइये उसके बाद हम फैसला करेंगे." जज साहब ने अपना फैसला सुनाया और अगली डेट दे दी.

सब के सब बाहर आगये पर मेरा तो खून खोल रहा था पर खुद को काबू कर के मैं अकेला खड़ा था और बस खुंदक भरी नजरों से सर को देख रहा था. मैं अगर कुछ भी बोलता या कहता तो मैडम के लिए बात बिगड़ सकती थी. तभी सर की माँ मेरे पास आईं; "तू ने हमारे परिवार की खुशियों में आग लगाईं हे." इससे पहले मैं कुछ जवाब देता मैडम ने तेजी से मेरे पास आईं और उन पर बरस पड़ीं; "कुछ नहीं किया इन्होने, आप को अपने बेटे की गलती नजर नहीं आती? मैंने जो अंदर कहा वो आपको समझ में नहीं आया ना? आपके बेटे ने शादी के बाद से मुझे छुआ तक नहीं है, यक़ीन नहीं आता तो चलो कौन सा टेस्ट करवाना है मेरा करवा लो!" मैडम गुस्से में चिल्लाते हुए बोलीं और ये सुन कर सर की माँ का सर झुक गया और वो कुछ नहीं बोली. इधर मैडम के आँसूँ निकल आये थे मैंने आगे बढ़ कर उन्हें संभालना चाहा पर उनके माता-पिता आगे आ गये और उनके कंधे पर हाथ रख कर उनको चुप करने लगे. मैडम ने मेरे हाथों को नोटिस कर लिया था जो उन्हें संभालने को आगे बढे थे पर वो कुछ बोलीं नहीं, क्योंकि उनका कुछ भी कहना या करना उनका केस बिगाड़ सकता था.

मैडम ने अपने आँसु पोछे; "सॉरी सागर! मेरी वजह से तुम्हें कोर्ट तक आना पडा. पिछली हियरिंग में जज साहब ने मेडिएशन के लिए बुलाया था और कुमार के वकील ने तुम्हारा

नाम लिया था इसलिए तुम्हें परेशान किया."

"इट्स ओके मॅडम!!! जस्ट लेट मीनो इफ यू निड माई हेल्प." अब मैं इससे ज्यादा और क्या कहता इसलिए मैं बस वहाँ से चल दिया. मैं कुछ दूर आया था की मुझे अक्षय मिल गया.अक्षय कोर्ट में किसी वकील के पास असिस्टेंट था. उसने मुझसे वहाँ आने का कारन पुछा तो मैंने ये कह कर बात टाल दी की वो मैडम का केस था. इतना कह कर मैं बाहर आ गया.अब मुझ पर नई जॉब ढूँढने का प्रेशर बन गया था. मैं सीधा घर आया और पहले बैठ कर चैन से सांस ली और सोचने लगा की आगे क्या करूँ? बैंक कितने पैसे बचे हैं ये चेक किया और फिर हिसाब लगाने लगा की कितने दिन इन पैसों से गुजारा होगा. शुक्र है की मेरी बुलेट की इ एम आई खत्म हो चुकी थी! मैं इंटरनेट पर जॉब सर्च करने लगा. इधर मेरे पास जो आशु का फ़ोन था वो बज उठा. आशु जब भी गाँव जाती थी तो अपना फ़ोन मुझे दे देती थी ताकि वहाँ किसी को पता ना चल जाये. ये किसी और का नहीं बल्कि निशा का फ़ोन था. पर मेरे उठाने से पहले ही वो स्विच ऑफ हो गया.आशु जाने से पहले फ़ोन स्विच ऑफ करना भूल गई थी इसलिए बैटरी डिस्चार्ज हो गई. तब मुझे याद आया की मुझे आशु के ये सब बता देना चाहिए पर बताऊँ कैसे? मैंने माँ के फ़ोन पर कॉल किया तो उन्होंने फ़ोन नहीं उठाया. अब मैं और कुछ भी नहीं कर सकता था. न ही घर पर बता सकता था की मैं जॉब छोड़ रहा हूँ वरना वो सब मुझे घर बिठा देते. वो पूरा दिन मैं बस ऑनलाइन जॉब ढूँढता रहा और ऑनलाइन अपने रिज्यूमे पोस्ट करता रहा. रात में एक लिस्ट बनायीं जहाँ सुबह इंटरव्यू के लिए जाना था. टेंशन एक दम से मेरे ऊपर सवार हुआ की मन किया की एक सिगरेट पी लूँ पर आशु को किया हुआ वादा याद आ गया.ब्रेड-बटर खा कर सो गया.

सुबह जल्दी से तैयार हो गया.राम नगर में एक छोटे ऑफिस के लिए निकला. वहाँ पहुँच कर देखा तो दो कमरों का एक ऑफिस जहाँ सैलरी के नाम पर मुझे बस दस हजार मिलने थे. अब ८,०००/- का रेंट भरने के बाद बचता क्या ख़ाक! वहाँ से मायूस लौटा और बिस्तर पर लेट गया.अगले दिन उठा और कुछ प्लेसमेंट एजेंसी गया और वहाँ अपने रिज्यूमे दिया और फिर वापस आया, पर अब दिल बेचैन होने लगा था. आशु की बहुत याद आ रही थी और साथ ही ये एहसास हुआ की शादी के बाद मेरी जिम्मेदारियाँ और भी बढ़ जाएँगी. ये सोच-सोच कर मैं टेंशन में डूब गया, गुम-सुम बैठा मायूस हो गया.दिल ने बहुत हिम्मत बटोरी और होंसला दिया की इस तरह हार मान ली तो आशु का क्या होगा. मुझे पॉजिटिव रहना चाहिए इसी जोश से मैं उठा और नाहा-धो कर तैयार हो गया और आशु को लेने घर के निकल पडा.

घर पहुँचते-पहुँचते रात हो गई. ठीक दस बजे मेरी बुलेट की आवाज सुन कर आशु दौड़ी-दौड़ी आई और उसने दरवाजा खोला. उसे देखते ही मेरी सारी टेंशन्स फुर्र हो गईं.मैंने आँखों के इशारे से उससे पुछा की सब कहाँ हैं तो उसने कहा की सब सो गये. मैंने तुरंत बाइक दिवार के सहारे खड़ी की और जा कर आशु को अपने सीने से लगा लिया. आशु भी कस कर मुझसे लिपट गई; "आपको बहुत मिस किया मैंने!" आशु ने खुसफुसाते हुए कहा. "मैंने भी...." बस इससे ज्यादा कहने को मन नहीं किया. हम अलग हुए और मैंने जा कर बाइक को स्टैंड पर लगाया और लॉक कर के अंदर आया. आशु ने दरवाजा बंद किया और बिना कहे ही खाना परोस कर ले आई. वो जानती थी की मैंने खाना नहीं खाया है, मैंने आंगन में पड़ी चारपाई खींची और रसोई के पास ले आया. आशु कुर्सी पर बैठी थी और मैं चारपाई पर बैठा था. खाने में आशु ने मेरे पसंद के दाल-चावल और करेले बनाये थे. वो अपने हाथों से मुझे खिलाने लगी. मुझे खिलाने में उसे जो आनंद आ रहा था ठीक वैसे ही आनंद मुझे उसके हाथ से खाने में आ रहा था. "तुमने खाया?" मैंने पुछा तो आशु ने बस सर हाँ में हिलाया. मैं समझ गया था की घर में सब के डर के मारे उसने खाना खा लिया होगा. पूरा खाना खा कर आशु बर्तन रखने गई तो थोड़ी आवाज हुई जिससे ताई जी उठ गईं और मुझे आंगन में बैठा देख कर पूछने लगी; "तू कब आया?" मैंने बताया की अभी २० मिनट हुए आये हूये. उन्होंने आशु को आवाज मारी और आशु रसोई से निकली; "लड़के को खाना दे." तो मैंने खुद ही कहा; "खाना खा लिया ताई जी." ये सुन कर ताई जी बोलीं; "चलो इतनी तो अक्ल आ गई इसमें (आशु में).चल अब आराम कर." इतना कह कर ताई जी सोने चली गईं.

मे और आशु नजरें बचाते हुए हाथ में हाथ डाले ऊपर आ गये. चूँकि मेरा कमरा पहले आता था तो मैं ने आशु को पकड़ के अंदर खींच लिया. मेरे कुछ कहने या करने से पहले ही आशु अपने पंजों के बल खड़ी हुई और मेरे होठों को चूम लिया. मैंने अपने दोनों होठों से आशु के निचले होंठ को मुँह में भर लिया और उसे चूसने लगा. अभी हम किस करते हुए दो मिनट ही हुए की मुझे लगा की कोई आ रहा है तो मैं और आशु दोनों अलग हो गए पर प्यास हमारे चेहरे से झलक रही थी. बेमन से आशु अपने कमरे में गई.मैं भी बिना कपडे बदले बिस्तर पर लेट गया.नींद थी की आने का नाम ही ले रही थी. मैं आधे घंटे बाद उठा और आशु के कमरे के बाहर खड़ा हो गया.पर कमरा अंदर से बंद था. एक बार को तो मन किया की दरवाजा खटखटाऊँ पर फिर रूक गया ये सोच कर की आशु ने दिन भर बहुत काम किया होगा और बेचारी थक कर सो रही होगी. मैं छत पर चला गया और एक किनारे जमीन पर बैठ गया और रात के सन्नाटे में सर झुकाये सोचने लगा. रात बड़े काँटों भरी निकली ...

सुबह की पहली किरण के साथ ही मैं उठ गया और नीचे आकर फ्रेश हो गया.नहाने के समय मैं सोच रहा था की मैं आशु को ये सब कैसे बताऊँ? वो ये सुन कर परेशान हो जाती पर उससे छुपाना भी ठीक नहीं था. सात बजे तक मैंने और घर के सभी लोगों ने खाना खा लिया था और हम दोनों शहर के लिए निकल पडे. हमेशा की तरह घर से कुछ दूर आते ही आशु मुझसे चिपक कर बैठ गई और अपने ख़्वाबों की दुनिया में खो गई. हमेशा ही की तरह हम उस ढाबे पर रुके और चाय पीने बैठ गये. तब मैंने आशु को सारी बातें बता दी और वो अवाक सी मेरी बातें सुनती रही. मेरे जॉब छोड़ने के डिसिजन से वो सहमत थी पर नये जॉब मिलने के बारे में सोच वो भी काफी टेंशन में थी. "जान! छोडो ये टेंशन ओके? अब ये बताओ की आज शाम का क्या प्लान है?" मैंने बात घुमाते हुए कहा पर आशु का मन जैसे उचाट हो गया था.

फिर कुछ सोचते हुए बोली; "आपके पास अभी कितने पैसे हैं बैंक में?"

"३५,०००/-" मैंने कहा.

"ठीक है, आज से फ़िज़ूल खर्चे बंद! बाहर से खाना-खाना बंद, आप को बनाने में दिक्कत होती है तो मुझे कहो मैं आ कर बना दिया करूँगी.बाइक पर घूमना बंद! मुझसे मिलने आओगे तो बस से आना! मेरे लिए आप कोई भी खरीदारी नहीं करोगे! जब तक आपको अच्छी जॉब नहीं मिलती तब तक ये राशनिंग चलेगी." आशु ने किसी घरवाली की तरह अपना हुक्म सुना दिया. मैंने भी मुस्कुराते हुए सर झुका कर उसकी हर बात मान ली. चाय पी कर हम उठे और वापस शहर की तरफ चल दिये. पहले आशु को कॉलेज ड्राप किया और फिर घर आ गया.घर में घुसा ही था की मैडम का फ़ोन आ गया.उन्होंने मुझे मिलने के लिए एक कैफ़े में बुलाया और साथ अपना लैपटॉप भी लाने को कहा. मैंने अपना लैपटॉप बैग उठाया और पैदल ही चल दिया. वो कैफ़े मेरे घर से करीब २० मिनट दूर था तो सोचा पैदल ही चलु. वहाँ पहुँचा तो मैडम ने हाथ हिला कर मुझे एक टेबल पर बुलाया. मेरे बैठते ही उन्होंने मेरे लिए एक कॉफ़ी आर्डर कर दी. "वो डेड लाइन नजदीक आ रही है और अब तो कोई है भी नहीं मेरी मदद करने वाला, तो प्लीज मेरी मदद कर दो."

"ओके मॅडम!" मैंने मुस्कुराते हुए कहा तो मैडम बोलीं; "अब काहे की मॅडम?! अब ना तो मैं बॉस हूँ और न तुम एम्प्लोयी, मैंने यहाँ तुम्हें फ्रेंड के नाते बुलाया हे. कॉल मी नितु!" अब ये सुन कर तो मैं चुप हो गया और मैडम मेरी झिझक भाँप गईं; "कम ऑन यार!"

"इतने सालों से आपको मॅडम कह रहा हूँ की आपको नितु कहना अजीब लग रहा है!" मैंने कहा.

"पर अब इस फॉर्मेलिटी का क्या फायदा? हम अच्छे दोस्त हैं और वही काफी है, ख़ामख़ा उसमें फॉर्मेलिटी दिखाना भी तो ठीक नहीं?!"

"ठीक है नितु जी!" मैंने बड़ी मुश्किल से शर्माते हुए कहा.

"नितु जी नहीं...सिर्फ नितु! और मैं भी अब से तुम्हें सागर कहूँगी! और प्लीज अब से मेरे साथ दोस्तों जैसा व्यवहार करना." मैडम ने मुस्कुराते हुए कहा.

दोपहर तक हम दोनों वहीँ कैफ़े में बैठे रहे और काम करते रहे. दोपहर को खाने के समय नितु ने ग्रिल्ड सैंडविच और कॉफ़ी मंगाई और अब बस प्रेजेंटेशन का काम बचा था. मैं चलने को हुआ तो नितु ने मेरा हाथ पकड़ के रोक लिया; " तुम्हें पता है, डाइवोर्स को ले कर किसी ने भी मुझे सपोर्ट नहीं किया. मेरे अपने मोम-डैड ने भी ये कहा की जैसे चल रहा है वैसे चलने दे! बस एक तुम थे जिसने मुझे उस दिन सपोर्ट किया. मेरे लिए तुम कोर्ट तक आये और वहाँ तुम पर कितना घिनोना इल्जाम भी लगाया गया .... यू एवन क्वीट योवर जॉब बिकाज ऑफ मी!" इतना कह नितु रोने लगीं तो मैंने उन्हें सांत्वना देने के लिए उनके कंधे को छुआ और धीरे से दबा कर उन्हें ढाँढस बंधाने लगा. "अगर अब भी रोना ही है तो डाइवोर्स के लिए क्यों लड़ रहे हो? रो तो आप पहले भी रहे थे ना?" ये सुन कर उन्होंने अपने आँसु पोछे और मेरी तरफ एक रीकमंडेशन लेटर बढ़ा दिया. मैंने उसे पढ़ा और उनसे पूछ बैठा; "आपने ये कब...आपकी अपनी कंपनी?"

"उस दिन जब तुम मुझे जी. एस. टी. ऑफिस छोड़ने गए थे उस दिन मैं अपनी कंपनी के जी. एस. टी. नंबर के लिए अप्लाई किया था. कुमार के साथ काम कर के इतना तो सीख ही गई थी की पैसे की क्या एहमियत होती है और इस प्रोजेक्ट ने मुझे काफी सेल्फ कॉन्फिडन्स दे दिया. अब तुम अपने रिज्यूमे में मेरी कंपनी का नाम लिख दो और ये रीकमंडेशन लेटर शायद तुम्हारे काम आ जाये."

"थैंक यू!!!" मैं बस इतना ही कह पाया.

"काहे का थैंक यू? जॉब मिलने के बाद पार्टी चाहिए!" नितु ने हँसते हुए कहा. मैं भी हँस दिया और फिर वहाँ से सीधा आशु से मिलने कॉलेज निकला.

आशु गुस्से से लाल बाहर निकली और उसके पीछे ही निशा भी आती हुई दिखाई दी. गेट पर पहुँच कर आशु मेरे पास आई और निशा दूसरी तरफ जाने लगी तभी आशु चिल्लाते हुए उससे बोली; "दुबारा मेरे आस-पास भी दिखाई दी ना तो तेरी चमड़ी उधेड़ दूँगी!" ये सुन कर मैं हैरान था की अब इन दोनों को क्या हो गया उस दिन का गुस्सा अब तक निकल रहा है?! "क्या हुआ?" मैंने आशु से पूछा. "ये हरामजादी मुझसे हमदर्दी करने के लिए आई और बोली की आपका नितु मैडम से अफेयर चल रहा है और आपके कारन उनका डाइवोर्स हो रहा हे. कुतिया ...कलमुही हरमजादी!" अब ये सुन कर मैं समझ गया की ये लगाईं-बुझाई सब अक्षय की हे. "बस अभी शांत हो जा...कल बताता हूँ मैं इसे!" मैंने आशु को शांत किया. उस ले कर चाय की एक दूकान पर आ गया और उसे चाय पिलाई ताकि उसका गुस्सा शांत हो. फिर मैंने उसे आज के बारे में सब बताया. जो बात मुझे महसूस हुई वो ये थी की उसे नितु बिलकुल पसंद नहीं, क्योंकि आशु के नितुसार मन ही मन वो ही मेरी नौकरी छोड़ने के लिए जिम्मेदार थी. मैं भी चुप रहा क्योंकि मैं खुद नहीं जानता था की जो हो रहा है वो किसका कसूर है! नितु को डाइवोर्स चाहिए था वो तो ठीक है पर मेरा नाम उसमें क्यों घसींटा गया? ना तो मैंने उनसे दोस्ती करने की पहल की थी ना ही उनके नजदीक जाने की कोई कोशिश की थी. खेर आशु से कुछ बातें कर मैंने उसे हॉस्टल छोड़ा और खुद घर लौटा और खाना बनाने की तैयारी कर रहा था. पर एक तरह की बेचैनी थी. आशु के साथ को मिस कर रहा था.

दो दिन बीते और इन दो दिनों में मेरा और आशु का मिलना बदस्तूर जारी रहा. रात को आशु फ़ोन कर के पूछती की कल सुबह आप कहाँ इंटरव्यू देने जा रहे हो और अगले दिन सुबह मुझे बेस्ट ऑफ लक विश करती, दोपहर को ये पूछती की इंटरव्यू कैसा रहा और शाम को हम मिलते.शुक्रवार को जब मैं उससे मिल कर लौटा तो रात को आशु का फ़ोन आया और मुझसे उसने शनिवार का प्लान पूछा. पर उस दिन मेरा कोई इंटरव्यू नहीं था इसलिए मैं घर पर ही रहने वाला था. मुझसे शाम का मिलने का वादा लिया और आशु खाना खाने चली गई. मैं भी अपना खाना बनाने में लग गया.बीते कुछ दिनों में कम से कम मैं खाना ढंग से खा रहा था. वरना तो रोज कच्चा-पक्का बना कर खा लिया करता था. बस एक बात थी. रात में बड़ी बेचैनी रहती थी!

अगली सुबह मैं देर से उठा क्योंकि रात भर नींद ही नहीं आई. सुबह के दस बज होंगे की दरवाजे पर दस्तक हुई, मैं उठा और दरवाजा खोला. अभी ठीक से देख भी नहीं पाया था की आशु एक दम से अंदर आई और मेरे सीने से कस कर लिपट गई. उसके गर्म एहसास ने मेरी नींद भगा दी और मैं भी उसे कस कर गले लगा कर उसके सर को चूमने लगा. आखिर आशु मुझसे अलग हुई और दरवाजा बंद किया; "आप बैठो मैं चाय बनाती हु." ये कह कर

वो चाय बनाने लगी. चाय के साथ-साथ वो पोहा भी ले कर आई, ये पोहा उसने नाश्ते में न खा कर मेरे लिए लाई थी. "तो कोई कॉल आया?" आशु ने पुछा, उसका मतलब था की मैंने जहाँ-जहाँ इंटरव्यू दिए हैं वहां से कोई कॉल आया. "नहीं.... हाँ एक ऑफर आया हे." ये सुनते ही आशु खुश हो गई. "कितनी पे है?" उसने उत्साह से पूछा.

"३५के ... मतलब ३५,०००/-" अब मेरे मुँह से ये सुन कर आशु की खुशियों का ठिकाना नहीं रहा. पर जब मैंने आगे; "पर यहाँ नहीं बरैली जाना होगा!" कहा तो वो उदास हो गई. "मेरी जान! मैं नहीं जा रहा अपनी जानेमन को छोड़ कर." मेरी बात से उसे तसल्ली हुई पर ख़ुशी नही. "चले जाओ ना! ३५ के... कम नहीं होते!" आशु ने अपने मन को मारते हुए कहा. "सच में चला जाऊँ?" मैंने थोड़ा मस्ती करने के इरादे से कहा, आशु ने बस जवाब में सर हिला दिया. "पक्का?" मैंने फिर मस्ती करते हुए पूछा. "हाँ!!!! कौन सा हमेशा के लिए जाना है? २ साल की ही तो बात है, फिर तो हम दोनों शादी कर लेंगे." आशु ने बेमन से जवाब दिया और पूरी कोशिश की कि अपने मुँह पर नकली मुखौटा लगा ले.आशु उस समय मेरे सामने कुर्सी पर बैठी थी और मैं उसके सामने पलंग पर बैठा था. मैं उठा और जा के आशु को पीछे से अपने बाजुओं से जकड़ लिया और आशु के कान में होले से खुसफुसाया; "तुम्हें पता है पिछले कुछ दिनों से मुझे तुम्हारी 'लत' पड़ गई हे. रात को बस तुम्हें ही याद करता रहता हूँ और तुम्हारी ही कमी महसूस करता हूँ, करवटें बदलता रहता हु. ऐसा क्या जादू कर दिया तुमने मुझ पर?" ये कहते हुए मैंने आशु के दाएँ गाल को चूम लिया. आशु उठ खड़ी हुई, मुझे बिस्तर तक खींच कर ले गई और मुझे अपने ऊपर झटके से खींच लिया. हम दोनों ही बिस्तर पर जा गिरे, नीचे आशु और उसके ऊपर मैं. हम दोनों ही की आँखों में प्यास झलक रही थी. मैंने आशु की होठों को अपनी गिरफ्त में लिया और उनको चूसने लगा और इधर आशु के दोनों हाथ मेरी टी-शर्ट उतारने के लिए मेरी पीठ पर चल रहे थे. तभी अचानक से नितु का फ़ोन बज उठा, मैंने आशु को होठों को छोड़ा और स्क्रीन पर किसका नाम है ये देखा. मैंने कॉल साइलेंट किया और आशु की आँखों में देखा तो उसमें एक चिंगारी नजर आई. आशु ने करवट ले कर मुझे अपने बगल में गिरा दिया और खुद मेरे ऊपर चढ़ गई. उसने बहुत तेजी से मेरे होठों पर हमला किया और उसे चूसने लगी. आज उसका मुझे किस करना बहुत आक्रामक था. मैं अपने दोनों हाथों से आशु का चेहरा थामना था पर आशु बार-बार अपनी गर्दन कुछ इस तरह हिला रही थी की मैं उसे थामने में असफल हो रहा था. उसका निशाने पर मेरे होंठ जिसे आज वो चूस के निचोड़ लेना चाहती थी. फिर अगले आशु मुझ पर से उतरी और अपने पटिआला का नाडा खोला और वो सरक कर नीचे जा गिरा, फिर उसने अपनी पैंटी निकाली और फटाफट मेरे लोअर को खींचा और उसे बिना पूरा निकाले बस लिंग को बाहर निकाला. मैं उसे ये सब करता हुआ देख रहा था. वो फिर से मेरे ऊपर चढ़ गई और मेरे लिंग को पकड़ के अपनी योनी पर

टिकाया.धीरे-धीरे वो उस पर अपना वजन डालते हुए उसे अपनी योनी में समा ने लगी. दर्द की लकीरें उसके माथे पर छाईं थीं पर आशु अपने होठों को दबा के दर्द को अपने मुँह में होते नीचे आ रही थी. जैसे ही पूरा लिंग अंदर पहुँचा की आशु की आँखें दर्द से बंद हो गईं, उसने अपने दोनों होठों अब भी अपने मुँह में दबा रखे थे और अपनी चीख मुँह में दफन कर चुकी थी. लगभग मिनट भर लगा उसे मेरे लिंग को अपनी योनी में एडजस्ट करने में और फिर अपने दोनों हाथ मेरी छाती पर टिका आशु ने ऊपर-नीचे होना शुरू किया.

अगले पल ही उसकी स्पीड तेज हो चुकी थी और उसकी योनी अंदर ही अंदर मेरे लिंग को जैसे चूसने लगी थी. मैं आशु की योनी का दबाव अपने लिंग पर साफ़ महसूस कर रहा था. मेरा पूरा जिस्म एक दम से गर्म हो गया था मानो जैसे की उसकी योनी मेरे लिंग के जरिये मेरी आत्मा को चूस रही हो. पाँच मिनट तक आशु जितना हो सके उतनी तेजी से मेरे लिंग पर कूद रही थी और मे उसे निचोड़ रही था. फिर अगले ही पल वो मुझ पर लेट गई और अपना सर मेरी छाती पर रख दिया. मैंने उसे नीचे किया, अपने घुटने बिस्तर पर टिकाये और तेजी से कमर हिलाना शुरू कर दिया. हर धक्के के साथ मेरी स्पीड बढ़ने लगी. आशु ने अपने दोनों हाथों से मेरा चेहरा थाम लिया और मेरी आँखों में देखने लगी. आज मैं पहली बार उसकी आँखों में एक आग देख पा रहा था. मुझे ऐसे लगने लगा जैसे वो यही आग मेरे जिस्म लगाना चाहती हो. आशु बिना पलकें झपके मेरी आँखों में देख रही थी. उसके मुँह से कोई सिसकारी नहीं निकल रही थी बस एक टक वो मेरी आँखों में झाँकने में लगी थी. हर धक्के के साथ उसका जिस्म हिल रहा था और नीचे उसकी योनी भी पूरी प्रतिक्रिया दे रही थी पर आशु की आँखें मेरी आँखों में गड़ी थी. पाँच मिनट होने को आये थे और अब आशु छूटने की कगार पर थी. तभी उसने अपनी पकड़ मेरे चेहरे पर खडी कर दी और मेरी आँखों में गुस्से से चिल्लाती हुई बोली; “यू आर ब्लडी माईन!” इतना कहते हुए वो झड़ गई. उसके हाथों से मेरा चेहरा आजाद हुआ और इधर आखरी झटका मारता हुआ मैं भी उसकी योनी में झड़ गया और आशु के ऊपर से लुढ़क कर बगल में गिर गया.

सासें दुरुस्त होने तक मेरे दिमाग बस आशु के वो शब्द ही घूम रहे थे, मैं समझ गया था की उसके मन में अब भी मुझे ले कर इनसिक्युरीटी थी! पर मेरे कुछ कहने से पहले ही आशु मेरी तरफ पलटी और अपना सर मेरी छाती पर रखते हुए बोली; "जानू...." पर मैं ने उसकी बात काट दी और उसे खुद से दूर धकेला और उसके ऊपर आ गया.अब मेरी आँखों में भी वही आग थी जो कुछ पल उसकी आँखों में थी. "एक बार बोलूँगा उसे ध्यान से सुन और अपनी दिल और दिमाग में बिठा ले! मैं सिर्फ तेरा हूँ और तू सिर्फ मेरी है, हमारे बीच कोई नहीं आ सकता! समझ आया? आज के बाद फिर कभी तूने इनसिक्युअर फील किया ना

तो खायेगी मेरे हाथ से!" मैंने गुस्से से अपने दाँत पीसते हुए कहा और जवाब में आशु ने अपनी दोनों बाहें मेरे गले में डाल दीं और मैंने उसे एक जोरदार किस किया! ये किस इस बात को दर्शा रहा था की मेरा उसके लिए प्यार अटूट है और चाहे कुछ भी होजाये ये प्यार कभी कम नहीं होगा. किस कर के में आशु के ऊपर से हटा और बाथरूम चला गया, मुँह-हाथ धो कर बाहर आया तो आशु खिड़की के सामने अपनी दोनों टांगें अपनी छाती से मोड बैठी बाहर देख रही थी. मैं उसके साथ खड़ा हो कर बाहर देखने लगा और आशु ने अपने बाएँ हाथ को मेरी कमर के इर्द-गिर्द लपेट कर मुझे अपने और नजदीक खींच लिया. "गो वॉश योवरसेल्फ!" मैंने कहा तो आशु उठी और मेरे सीने पर किस करके बाथरूम चली गई और मैं बाएँ हाथ से खिड़की को पकडे बाहर देखने लगा. आशु पीछे से आई और अपने गीले हाथों को मेरी छाती को जकड़ते हुए मुझसे सट कर खड़ी हो गई. मैं उसे अपने साथ बिस्तर पर ले गया और खींच कर उसे अपना ऊपर गिरा लिया, और हम ऐसे ही लेटे रहे. पूरी रात जिसने बड़ी मुश्किल से काटी हो उसके लिए तो ये पल खुशियों से भरा होगा. मुझे कब नींद आ गई कुछ होश नहीं रहा जब उठा तो कमरे में देसी घी की खुशबु फैली हुई थी. दाल रोटी खा कर हम दोनों खिड़की के सामने जमीन पर बैठे थे. आशु अपनी पीठ मेरे सीने से लगा कर बैठी थी;

आशु: आप वो बरैली वाली जॉब कर लो.

मैं: जान! आप जानते हो बरैली यहाँ से पाँच घंटे दूर है! फिर हम रोज-रोज नहीं मिल पाएंगे, सिर्फ एक रविवार ही मिलेगा और उस दिन भी घर जाना पड़ गया तो?

आशु: थोड़ा एडजस्ट कर लेते हैं?

मैं: जान! एक आध दिन की बात नहीं है? यहाँ पर जॉब ओपनिंग कब खुलेगी कुछ पता नहीं है? और ये बताओ तब तक मेरे बिना आप रह लोगे?

आशु ये सुन कर खामोश हो गई!

मैं: मैं तो नहीं रह सकता आपके बिना. पता है पिछले कुछ दिनों से मेरा क्या हाल है आपके बिना? दिन तो जैसे-तैसे गुजर जाता है पर रात है की कमबख्त खत्म ही नहीं होती. मेरा दिल आपके जिस्म की गर्माहट पाने के लिए बेचैन रहता हे. क्या जादू कर दिया तुमने मुझ पर?

आशु: ये मेरे प्यार का भूत है जो आपके जिस्म से चिपका हुआ है!

आशु ने हँसते हुए कहा. पर कुछ देर चुप रहने के बाद वो मुस्कुराते हुए बोली;

आशु: जानू दशेहरा आने वाला हे.

मैं: हाँ तो?

आशु: फिर करवाचौथ आएगा....

इतना कह के आशु चुप हो गई और उसके पेट में तितलियाँ उड़ने लगी. मैं समझ गया की उसका मतलब क्या है;

मैं: तो क्या चाहिए मेरी जानू को करवाचौथ पर? (मैंने आशु को कस कर अपनी बाहों में जकड़ते हुए कहा.)

आशु: बस आप!

मैं: मैं तो तुम्हारा हो चूका हूँ ना?

आशु: वो पूरा दिन मैं आपके साथ बिताऊँगी और उस दीं उपवास भी रखुंगी.

मैं: जो हुक्म बेगम साहिबा!

ये सुनते ही आशु खिलखिला कर हँस पडी. उसकी ये खिलखिलाती हँसी मुझे बहुत पसंद थी और में आँख मूंदें उसकी इस हँसी को अपनी रूह में उतारने लगा. पर अगले ही पल वो चुप हो गई और मेरी तरफ आलथी-पालथी मार के बैठ गई और मेरी आँखों में देखते हुए बोली;

आशु: आई एम सॉरी जानू! मैंने उस टाइम आपको ..... वो सब कहा!

मैं: हम्म्म... कोई बात नही. आई नो तू मुझे ले कर कितना पजेसिव है बट तेरी इनसिक्युरीटी मुझे बहुत गुस्सा दिलाती हे.

आशु: मैं क्या करूँ? बहुत मुश्किल से मैंने अपनी इस इनसिक्युरीटी को काबू किया था पर कुतिया (निशा) की वजह से सब कुछ खराब हो गया! मुझे आप पर भरोसा है पर मुझे ये डर लगता है की नितु मैडम आपको मुझसे छीन लेगी. अब तो आपने उन्हें नितु भी कहना शुरू कर दिया! आपको पता है मुझे कितनी जलन होती है जब आप उसे नितु कहते हो? प्लीज मेरे लिए उससे मिलना बंद कर दो? मैंने आप से जो भी माँगा है आपने वो दिया है, प्लीज ये एक आखरी बार... प्लीज... मैं आगे से आपसे कुछ नहीं माँगूगी.

आशु ने रोते-रोते सब कहा और फिर आकर मेरे सीने से लग गई और रोती रही.

मैं: नितु के साथ बस एक आखरी प्रेजेंटेशन बाकी है उसके बाद वो अपने रास्ते और मैं अपने रास्ते.

आशु: उसके बाद आप उससे नहीं मिलोगे ना?

मैं: नहीं

आशु: शुक्रिया!

तब जा कर आशु का रोना बंद हो गया.जब सुबह आशु ने मुझसे 'यू आर ब्लडी माईन!' कहा था मैं तब ही समझ चूका था की उसकी इनसिक्युरीटी कभी खत्म नहीं होगी. मैं चाहे उसे कितना भी समझा लूँ वो नहीं समझेगी और फिर कहीं वो कुछ उल्टा-सीधा न कर दे इसलिए मैंने उसकी बात मान ली थी. इतना प्यार करता था आशु से की उसके लिए एक दोस्ती कुर्बान करने जा रहा था! शाम को ठीक ६ बजे मैंने आशु को उसके हॉस्टल छोड़ा और घर आ गया.घर घुसते ही नितु का फ़ोन आ गया, उन्होंने मुझे प्रेजेंटेशन देने के लिए समय माँगा.मंडे का दिन फाइनल प्रेजेंटेशन था और उन्होंने मुझे ठीक ग्यारह बजे उसी कैफ़े में बुलाया. इधर मेरी मेल पर मुझे एक इंटरव्यू के लिए मंडे को बारह बजे बुलाया गया.इसलिए मैंने नितु को फ़ोन कर के प्रेजेंटेशन १० बजे रीशेड्युल करवाई और वो मान भी गई.

अगले दिन रविवार था. मैं जानता था की आशु आज भी आएगी, मैं जल्दी उठा और नहा-धो के तैयार हो गया और उसका इंतजार करने लगा. ठीक दस बजे दरवाजे पर दस्तक हुई और मैंने भाग कर दरवाजा खोला. सामने वही आशु का खिल-खिलाता चेहरा और उसके हाथ में एक थैली जिसमें अंडे थे! आशु सबसे पहले मेरे गले लगी और फिर हम ऐसे ही गले लगे हुए अंदर आये और दरवाजा बंद किया. फिर आशु ने अंडे संभाल कर किचन काउंटर पर रख दिए; "आज आप मुझे ऑमलेट बनाना सिखाओगे!" उसने बड़ी अदा से कहा. मैंने आशु को पलटा और उसका मुँह किचन काउंटर की तरफ किया, इशारे से उसे प्याज उठाने को कहा और इस मौके का फायदा उठा कर उसकी कमर से होते हुए उसके पेट पर अपने हाथों को लॉक कर के अपने जिस्म से चिपका लिया. आशु की गर्दन को चूमते हुए मैंने उसे प्याज छीलने को कहा, फिर उसके गर्दन की दायीं तरफ चूमा और उसे प्याज काटने को कहा. प्याज काटते समय दोनों ही की आँखें भर आईं थीं! आँखों से जब पानी आने लगा तो हम दोनों हँस दिए और मैंने आशु को अपनी गिरफ्त से आजाद कर दिया. जैसे ही मैं जाने को मुड़ा तो आशु ने मेरा हाथ पकड़ लिया और बोली: "मुझे छोड़ कर कहाँ जा रहे हो आप?" मैंने मुस्कुराते हुए कहा; "अपनी जानेमन को छोड़ कर कहा जाऊँगा?!" तो वो बोली; "जैसे पकड़ के खड़े थे वैसे ही खड़े रहो!" अब उसका आदेश मैं कैसे मना कर सकता था. मैं फिर से आशु के पीछे चिपक कर खड़ा हो गया और अपने हाथ फिर से उसके पेट पर लॉक कर लिए. प्याज कट गए थे अब मैंने उसे हरी मिर्च काटने को कहा; "कितनी मिर्च काटूँ?" आशु ने पुछा तो मैंने उसके दाएँ गाल से अपने गाल मिला दिए और कहा; "पिछले कुछ दिनों से जितनी तू स्पाइसीहो गई है उतनी मिर्च काट!" ये सुन कर आशु धीरे से हँस पड़ी और उसने ३ मिर्चें काटी. अब बारी थी अंडे तोड़ने की जो आशु को बिलकुल नहीं आता था. मैंने पास ही पड़ी कटोरी खींची और स्पून स्टैंड से एक फोर्क निकाला. फिर मैंने पीछे खड़े-खड़े आशु को अंडा कैसे तोडना है वो सिखाया.फोर्क से धीरे से 'टक' कर के अंडे के बीचों बीच मारा और फिर अपने दोनों अंगूठों की मदद से अंडा तोड़ के कटोरी में डाल दिया. जब अंडे की जर्दी वाला हिस्सा आशु ने देखा तो उसके मुँह में पानी आ गया."जान! अभी ये कच्चा है, स्मेल आएगी पाक जाने दो फिर खाना." फिर आशु को अंडा फटने को कहा. पास ही पड़े कपडे से मैंने अपने हाथ पोंछें और फिर से आशु को पेट पर अपने हाथों को लॉक किया.

अब मैने आशु की गर्दन के हर हिस्से को चूमना शुरू कर दिया. हर बार मेरे गीले होंठ उसे छूटे तो वो सिंहर जाती और उसके मुँह से सिसकारी फूटने लगती. अंडा फिट गया था अब उसमें प्याज और मिर्च मिला के आशु ने पुछा की अब और इसमें क्या डालना है. मैंने उसे नमक डालने को कहा तो वो पूछने लगी की कितना डालूँ तो इसके जवाब में मैंने आशु के दाएँ गाल को पाने मुँह में भर उसे चूसा और छोड़ दिया. "बस इतना डाल!" आशु शर्मा गई

और उसने थोड़ा नमक डाला मैंने ऊपर शेल्फ पर पड़ी ऑरेगैनो सीज़निंग उठाई और एक चुटकी उसमें डाल दी. अब मैंने आशु को अपनी गिरफ्त से आजाद किया और गैस जलाई और उस पर फ्राइंग पैन रखा. आशु साइड में खड़ी मुझे देखने लगी. फिर मैंने उससे मख्हन लाने को कहा और वो फ्रिज से मक्खन ले आई. मक्खन फ्राइंग पैन में डाला तो वो तुरंत ही पिघल गया, अब मैंने आशु से कहा की वो गौर से देखे, तो आशु किचन काउंटर पर बैठ गई. अंडे वाला घोल मैंने जैसे ही डाला उसकी खुशबु पूरे घर में फैलने लगी. जब पलटने की बारी आई तो मैंने फ्राइंग पैन को हैंडल से पकड़ा और उसे आगे-पीछे हिलाने लगा. फिर एक झटका दे कर मैंने पूरा ऑमलेट पलटा, थोड़ा बहुत छिटक कर नीचे गिर गया पर आशु इस प्रोफेशनल तरीके को देख खुश हो गई और उसे भी सिखाने को कहने लगी. ऑमलेट बन कर तैयार था; "पर ये तो मैं ही खा जाऊँगी? आप क्या खाओगे?" आशु ने किसी छोटे बच्चे की तरह कहा. "फ्रेंच टोस्ट खाओगी?" मैंने आशु से पूछा.

"वो क्या होता है?" आशु ने ऑमलेट की एक बाईट लेते हुए कहा. मैंने उसे ब्रेड और दूध ले के आने को कहा. आशु सब ले कर आ गई और फिर से काउंटर पर बैठ कर ऑमलेट खाने लगी. मैंने दूध और अंडे को मिक्स किया और उसमें हलकी सी चीनी और नमक-मिर्च मिला कर ब्रेड उसमें डूबा कर फ्राइंग पैन पर डाला मीठी सी सुगंध आते ही आशु आँखें बंद कर के सूंघने लगी. "वाव!!!" ये कहते हुए उसकी आँखें चमक उठी! आधा ऑमलेट उसने मेरे लिए छोड़ दिया और मुँह में पानी भरे वो टोस्ट के बनने का इंतजार करने लगी.

टोस्ट रेडी होते ही मैंने उसे दिया तो उसने जल्दी-जल्दी से उस की एक बाईट ली; "ममममम.....!!!" फिर उसने मेरे कंधे को पकड़ के अपने पास खींचा और मेरे दाएँ गाल को चूम लिया. "इतना अच्छा खाना बनाते हो आप? फिर बेकार में बाहर से क्यों खाना? आज से आप ही खाना बनाओगे!" आशु ने कहा.

"तुम साथ हो इसलिए इतना अच्छा खाना बन रहा है!" मैंने अगला टोस्ट फ्राइंग पैन में डालते हुए कहा.

"सच? तो शादी के बाद भी आप ही खाना बनोगे ना?" आशु ने मुझे ऑमलेट खिलाते हुए कहा.

"व्हाय नॉट?!!!"

"अच्छा जानू एक बात पूछूँ?"

"हाँ जी पूछो!" मैंने बहुत प्यार से कहा.

"मुझे ये प्रेगनेंसी वाली गोलियां कब तक खानी है?"

"जब तक हम शादी हो कर सेटल नहीं हो जाते तब टक!" मैंने एक और टोस्ट आशु की प्लेट में रखते हुए कहा.

"पर शादी के कितने महीने बाद?" आशु ने अपनी ऊँगली दाँतों तले दबाते हुए कहा. मैंने गैस बंद की और दोनों हाथों से उसके दोनों गाल खींचते हुए पुछा; "बहुत जल्दी है तुझे माँ बनने की?"

"हम्म...उससे ज्यादा जल्दी आपको पापा बनाने की है!"

"जब तक चीजें सेटल नहीं होती तब तक तो कुछ नहीं! आई नो .... पेनफुल है... बट कोई और चारा भी नहीं! घर से भाग कर नई जिंदगी शुरू करना इतना आसान नही." इसके आगे मैं कुछ नहीं बोलै क्योंकि फिर आशु का मन खराब हो जाता. उसने भी आगे कुछ नहीं कहा, शायद वो समझ गई थी की बिना नौकरी के अभी ये हाल है तो शादी के बाद तो मेरी जिमेदारी बढ़ जाएगी! खेर हमने किचन में ही खड़े-खड़े नाश्ता किया और फिर कमरे में आ कर बैठ गये. मैंने आशु को चाय बनाने को कहा और मैं बाथरूम में घुस गया.तभी अचानक दरवाजे पर नॉक हुई और इससे पहले की मैं बाथरूम से निकल कर दरवाजा खोलता आशु ने ही दरवाजा खोल दिया.

सामने मोहित और प्रफुल खड़े थे और उन्हें देखते ही आशु की सिटी-पिट्टी गुल हो गई. वो दोनों भी एक दूसरे को हैरानी से देखने लगे? इतने में मैं बाथरूम से बाहर आया और उन दोनों को अपने सामने दरवाजे पर खड़ा पाया और मुँह से दबी हुई आवाज में निकला; "ओह शीट!" आशु ने दोनों को नमस्ते कही और अंदर आने को कहा. दोनों अंदर आये तो आशु ने अपनई जीभ दांतों तले दबाई और होंठ हिलाते हुए मुझे सॉरी कहा. इधर मोहित और प्रफुल मुझे देख कर हँस रहे थे, हाथ मिला कर हम गले मिले और दोनों बैठ गये.

प्रफुल ने मेरी तरफ एक कागज़ का एनवेलप बढ़ाया, मैंने वो खोल कर देखा तो उसमें मेरी सैलरी का चेक था.

"ये सर ने दिया है!" प्रफुल ने कहा और मैंने भी वो एनवेलप देख कर टेबल पर रख दिया.

"और बताओ क्या हाल-चाल?" मैंने पूछा.

"सब बढ़िया, पर तूने क्यों जॉब छोड़ दी?" मोहित ने पूछा.

"कुमार ने कुछ बोला नहीं?" मैंने पुछा तो दोनों ने ना में सर हिलाया.

मैं बस मुस्कुराया और कहा; "यार ...उस साले की वजह से छोड़ी!" मैंने बात को हलके में लेते हुए कहा. इधर आशु पलट कर किचन में जाने लगी तो प्रफुल ने मजाक करते हुए पुछा; "अरे अश्विनी जी! आप यहाँ कैसे?" आशु पलटी और शर्म से उसके गाल लाल थे! वो बस मुस्कुराने लगी और मेरी तरफ देखने लगी.

"यार जैसे तुम दोनों को मेरी जॉब का पता चला और तुम मुझसे मिलने आ गए वैसे ही जब 'इनको' पता चला की मैंने जॉब छोड़ दी है तो मुझे मिलने आ गईं!"

"अच्छा???" मोहित ने मेरी टांग खींचते हुए कहा. "पर हमें तो तेरा घर पता था. अश्विनी जी को कैसे पता चला?" मोहित ने अपनी खिंचाई जारी रखी.

"वो...एक दिन देख लिया था 'इन्होने' मुझे." मैंने फिर से सफाई दी.

"अबे जा साले!" प्रफुल ने कहा.

"नहीं प्रफुल जी ... वो मेरी एक फ्रेंड यहीं नजदीक रहती है ...उसी से मिलने एक दिन आई थी... तब मैंने ... 'इन्हें'...मतलब सागर जी को देखा!" आशु ने जैसे-तैसे बात संभालते हुए कहा.

"इन्हें ??? क्या बात है?" मोहित ने अब आशु को चिढ़ाने के लिए कहा और ये सुन हम तीनों हँस पड़े और आशु ने शर्म से गर्दन झुका ली.

"शादी-वादी तो नहीं कर लिए हो?" प्रफुल ने मजाक-मजाक में कहा और हम तीनों हँसने लगे.

"यार शादी करते तो तुम दोनों को नहीं बताते? गवाही तो तुम दोनों ही देते!" मैंने आशु का बचाव करते हुए कहा पर ये सुन कर पूरे कमरे में हँसी गूंजने लगी. आशु भी अब हमारे साथ हँसने लगी थी और अब सारी बात खुल ही चुकी थी तो उसे एक्सेप्ट करने के अलावा किया भी क्या जा सकता था. मोहित और प्रफुल भले ही मेरे कलिग थे पर दिल के बहुत अच्छे थे. ऑफिस में कभी भी हमारे बीच किसी भी तरह की होड़ या तीखी बहस नहीं होती थी. कलिग कम और अच्छे दोस्त ज्यादा थे मेरे! आखिर आशु किचन में जा के सब के लिए चाय बनाने लगी.

"तो कब से चल रहा है ये?" मोहित ने पूछा.

"यार जब पहली बार आशु को देखा तो बस.....हाय!" मैंने आवाज ऊँचीं कर के कहा ताकि आशु सुन ले.

"चल अच्छी बात है यार! काँग्राचूलेशन!!!" मोहित ने कहा.

"भाई हमें तो कॉन्फिडेंस में ले लेता! हम कौनसा किसी को बता देते?" प्रफुल ने मुझे मेरी गलती की याद दिलाई.

"यार बताने वाला हुआ था और फिर ये सब हो गया." मैंने कहा इतने में आशु चाय बना कर ले आई और उसने मोहित और प्रफुल को दी.

"पर तूने जॉब छोड़ी क्यों?" प्रफुल ने जोर दे कर पुछा पर मैं इस टॉपिक को अवॉयड कर रहा हे.

"आपके बॉस ने इन पर इल्जाम लगा दिया की इनका उनकी बीवी के साथ नाजायज संबंध है!" आशु ने तपाक से बोला और ये सुन दोनों उसे आँखें फाड़े देखने लगे.

"क्या बकवास है ये?" मोहित ने कहा.

"तेरा और मैडम के साथ एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर? पागल हो गया है क्या वो साला?" प्रफुल बोला.

"कोर्ट में केस है और जब ये बात उस दिन इन्हें पता चली तो इन्होने उसी वक़्त अपना रेसिग्नेशन दे दिया." आशु बोली.

"ये तो बहुत बड़ी चिरांद निकला!" प्रफुल ने सर पीटते हुए कहा.

"प्रफुल जी आपके बॉस ने खुद गर्लफ्रेंड फंसा रखी है और इल्जाम इन पर लगाते हैं." आशु ने चाय का कप रखते हुए कहा. ये सुन कर दोनों सन्न थे! "आप दोनों अपना ध्यान रखना कहीं वो आपको ही न फँसा दे! सब कुछ पहले से प्लान था. पहले वो मुंबई के ट्रिप का बहाना, फिर वो राखी की शादी का काण्ड और फिर बाकी की रही सही कस्र नितु मैडम ने पूरी कर दी!" आशु ने गुस्से से कहा.

"आशु ....मैडम ने क्या किया?" मोहित ने पुछा, तो मैं समझ गया की आशु अब उस दिन होटल की सारी बात बक देगी. इसलिए मैंने ही बात संभाली;

"कुछ दिन पहले मैडम ने मुझसे लिफ्ट मांगी थी. उन्हें जी. एस. टी. ऑफिस जाना था. वहाँ से उन्होंने कहा की कबाब खाते हैं, अब कुमार ने हमारे पीछे जासूस छोड़ रखे थे जिसने हमें देख लिया और फोटो खींच ली."

मेरी बात सुन कर दोनों हैरान थे और उन्हें कहीं भी मेरी गलती नहीं लगी. खेर थोड़ा हँसी मजाक हुआ और चाय पी कर वो दोनों निकलने को हूये.

"अच्छा भाभी जी! चलते हैं, ये तो शुक्र है की आप यहाँ थे वरना ये साला तो कभी हमें चाय तक नहीं पूछता." प्रफुल ने मजाक करते हुए कहा. उसके मुँह से 'भाभी जी' सुन कर आशु की खुशियों का कोई ठिकाना नहीं था.

"चल भाई लव बर्ड्स को अकेला छोड़ देते हैं वरना मन ही मन दोनों गाली देते होंगे!" मोहित ने भी टांग खींचते हुए कहा. मैं दोनों के गले मिला और उन्हें छोड़ने नीचे उतरा. नीचे आ कर तो दोनों ने मेरी जम कर खिंचाई की ये बोल-बोल कर की लड़की पटा ली और हमें बताया भी नही. उन्हें छोड़ कर मैं ऊपर आया तो आशु चाय के बर्तन धो रही थी. मैंने

दरवाजा बंद कर आशु को फिर पीछे से अपनी बाहों में भर लिया. "जानू! ये भाभी शब्द सुनने में बहुत अच्छा लगता हे." आशु ने मंद-मंद मुस्कुराते हुए कहा. मेरे हाथ आशु के सीने तक पहुँच गए और उसके स्तन मेरी मुट्ठी में आ गये. मैंने उन्हें धीरे-धीरे मसलना शुरू कर दिया. "अब तो जल्दी से मुझे अपने दोस्तों की भाभी बना दो ना?" आशु ने कसमसाते हुए कहा.

"पहले तुम्हें ढंग से बीवी तो बना लु." मैंने आशु की गर्दन पर धीरे से काटा. "ससससस...आह!हह..!!!" इस आवाज के साथ ही आशु ने जल्दी से हाथ धोये और मेरी तरफ पलट गई. "आप ना? बहुत शरारती हो!" ये कहते हुए आशु मुझसे चिपट गई. मैंने आशु को अपनी गोद में उठाया और उसे पलंग पर लिटा दिया. मैं उसके ऊपर आ कर उसे किस करने वाला था की आशु ने अपने सीधे हाथ की ऊँगली मेरे होंठों पर रख दी. "सॉरी जान! आज सुबह से मेरे पीरियड्स शुरू हो गए!| आशु ने मायूस होते हुए कहा. मैंने झुक कर उसकी नाक से अपनी नाक लड़ाई और उसके माथे को चूमा. मैं उठा और फ्रिज से डेरी मिल्क चॉकलेट निकाली और उसे दी. "ये क्यों? आशु ने पूछा. "यार मैंने इंटरनेट पर पढ़ा था की पीरियड्स के टाइम लड़कियों को चॉकलेट और आइस-क्रीम बहुत पसंद होती हे."

"अच्छा? और क्या-क्या पढ़ा आपने?"

"ये ही की इन दिनों लड़कियां बहुत चिड़चिड़ी हो जाती हैं." मैंने आशु को चिढ़ाते हुए कहा.

"मैं कब हुई चिड़चिड़ी?" ये कह कर आशु मुझसे रूठ गई और दूसरी तरफ मुँह कर लिया. मैंने उसकी ठुड्डी पकड़ के अपनी तरफ घुमाई और कहा; "हो गई ना नाराज?" ये सुन कर आशु मुस्कुरा दी.

"आपने कब से ये सब पढ़ना शुरू कर दिया? पीरियड्स मुझे पहली बार थोड़े ही हुए हैं?" आशु ने चॉकलेट की बाईट लेते हुए कहा.

"बाप बनना है तो इन चीजों का ख्याल तो रखना ही होगा ना? पहले मैं इतना इंटरेस्ट नहीं लेता था पर जब से घर बैठा हूँ तो रात को यही सब पढता रहता हु." मैंने कहा.

"प्रेगनेंसी मैं हैंडल कर लूँगी! आप बाकी सब देखो?" आशु ने पूरे आत्मविश्वास से कहा.

"बाकी सब भी देख रहा हु." ये कहते हुए मैंने अपनी डायरी निकाली और उसमें मैंने बैंगलोर में सेटल होने से जुडी सारी चीजें लिखी थी. नए घर बसाने का सारा जिक्र था उसमें, बर्तन-भांडे से ले कर परदे, बेडशीट सब कुछ. अपने लैपटॉप पर मैंने प्रॉपर्टी वाले जो लिंक बुकमार्क कर रखे तो वो सब मैं आशु की दिखाने लगा. घर का ३६० डिग्री व्यू था और मैं आशु को सब बता रहा था की कौन सा हमारा कमरा होगा और कौन सा किचन होगा. किस फ्लैट का कितना भाड़ा है और कितना डिपाजिट लगेगा सब कुछ लिखा था. आशु मेरी सारी प्लानिंग देख कर हैरान थी और ये सब सुन कर उसकी आँखें भर आई. "हे!!! क्या हुआ जान?" मैंने आशु के चेहरे को अपने हाथों में थामते हुए कहा. "आज मुझे मेरे सपनों का संसार दिखाई दिया.... शुक्रिया!!!" मैंने आशु को अपने सीने से लगा लिया और उसे रोने नहीं दिया. "अच्छा दशहरे की छुट्टियाँ कब से हैं?" मैंने बात बदलते हुए कहा ताकि आशु का ध्यान हटे और वो और न रोये.

"नेक्स्ट टू नेक्स्ट वीक से! फ्रायडे अगर छुट्टी कर लूँ तो फिर सीधा मंडे को कॉलेज ज्वाइन करुंगी." आशु ने अपने आँसूँ पोछते हुए कहा. दशहरे का कुछ ख़ास प्लान नहीं था बस घर जाना था. हालाँकि आशु मना कर रही थी घर जाने से और कह रही थी की दशहरे हम शेहर में एक साथ मनाते है पर मैंने उसे समझाया की ऐसे घर नहीं जाने से वो लोग कभी भी यहाँ टपक सकते हैं और फिर सारा रायता फ़ैल जायेगा. आशु को बात समझ आ गई और उसने बात मान ली. दोपहर को खाना मैंने और आशु ने मिल कर बनाया और हमारी मस्ती चलती रही, मैं आशु को और वो मुझे बार-बार छूती रहती. खाना खा कर मैंने उसे कल की प्रेजेंटेशन के बारे में याद दिलाया तो उसने फिर से मुझे याद दिलाते हुए कहा; "कल लास्ट टाइम है!" मैंने बस हाँ में सर हिलाया और फिर ५ बजे उसे हॉस्टल छोड़ आया. घर आ कर दोपहर का खाना गर्म कर खाया, आशु से कुछ देर चैट की और फिर ‘प्यासा’ ही सो गया!

अगली सुबह मैं उठ कर तैयार हुआ और सबसे पहले कैफ़े पहुँचा और वहां नितु पहले से ही मेरा इंतजार कर रही थी. हम बिलकुल कोने में बैठे थे ताकि प्रेजेंटेशन के दौरान कोई हमें डिस्टर्ब न दे. वीडियो कॉल पर प्रेजेंटेशन शुरू हुआ और जल्दी ही सारा काम निपट गया.नितु ने प्रेजेंटेशन के बाद थैंक यू कहा और साथ ही ये भी बताया की वो कल बैंगलोर जा रहीं हे. मैंने उसने आगे और कुछ नहीं पुछा और जल्दी-जल्दी सीधा इंटरव्यू के लिए निकल गया.इंटरव्यू सक्सेसफुल नहीं था क्योंकि वहाँ कोई अपनी जान-पहचान निकाल लाया था! मैं हारा हुआ घर आया और लेट गया, मन में यही बात आ रही थी की ५ दिन में तू ने हार मान ली तो इतनी बड़ी लड़ाई कैसे लड़ेगा? आँखें बंद किये हुए कुछ देर लेटा रहा और फिर अचानक से मुझे भगवान् का ख्याल आया. जब कोई रास्ता दिखाई नहीं देता तो

एक भगवान् के घर का ही रास्ता दिखाई देने लगता है, में उठा और मंदिर जा पहुंचा. वहां बैठे-बैठे मन ही मन में मैंने अपने दिल की सारी बात भगवान् से कह दी, कोई जवाब तो नहीं मिला पर मन हल्का हो गया.ऐसा लगने लगा जैसे की कोई कह रहा हो की कोशिश करता रह कभी न कभी तो कामयाबी मिल जायेगी. मंदिर की शान्ति से मन काबू में आने लगा था इसलिए शाम तक मैं मंदिर में ही बैठा रहा.

ठीक ४ बजे मैं आशु के कॉलेज के लिए निकला, जब आशु ने मेरे मस्तक पर टिका देखा तो वो असमंजस में पड़ गई और फिर एक दम से उदास हो गई. हम चलते-चलते एक पार्क में पहुँचे और तब मैंने बात शुरू की; "क्या हुआ? अभी तो तेरे मुँह खिला-खिला था. अचानक से उदास कैसे हो गई?" आशु ने गर्दन झुकाये हुए कहा; "आपने नितु से शादी कर ली ना?" ये सुन कर मैं बहुत तेज ठहाका मार के हँसने लगा. उसके इस बचपने पर मुझे बहुत हँसी आ रही थी और उधर आशु मुझे हँसता हुआ देख कर हैरान थी. आशु गुस्से में मुड़ के जाने लगी तो मैंने पहले बड़ी मुश्किल से अपनी हँसी काबू में की और आशु के सामने जा के खड़ा हो गया."तू पागल हो गई है क्या? मैं नितु से शादी क्यों करूँगा? प्यार तो मैं तुझसे करता हूँ! मैं मंदिर गया था..." इसके आगे मैंने आशु से कुछ नहीं कहा और उसके चेहरे को हाथों में थामे उसकी आँखों में देखने लगा. आशु भी मेरी आँखों में सच देख पा रही थी और उसे यक़ीन हो गया था की मैं झूठ नहीं बोल रहा. वो आके मेरे सीने से लग गई. और मैं उसके सर पर हाथ फेरता रहा.

कुछ देर में जब उसके जज्बात उसके काबू में आये तो उसने पुछा; "आप मंदिर क्यों गए थे?" अब मैं इस बात को उससे छुपाना चाहता था की मैं मंदिर इसलिए गया था क्योंकि मैं इंटरव्यू के बाद हारा हुआ महसूस कर रहा था. "बस ऐसे ही!" मैंने बात को वहीँ खत्म कर दिया. "आपका इंटरव्यू कैसा था?" आशु ने अपने बैग से टिफ़िन निकालते हुए कहा. "नॉट गुड! किसी का आलरेडी जुगाड़ फिट था!" मैंने आशु से नजर चुराते हुए कहा. आशु अब सब समझ गई थी की मैं क्यों मंदिर गया था. उसने मेरे ठुड्डी पखडी और अपनी तरफ घुमाई और मेरी आँखों में आँखें डालते हुए बोली; "मैं हूँ ना आपके पास, तो क्यों चिंता करते हो?" उसका ये कहना ही मेरे लिए बहुत था. मेरा आत्मविश्वास अब दुगना हो गया था और माहौल हल्का करने के लिए मैंने थोड़ा हँसी-मजाक शुरू कर दिया. वो पूरा हफ्ता मैं या तो इंटरव्यू देने के लिए ऑफिसेस के चक्कर काटा या फिर जॉब कंसल्टेंसी वालों के यहाँ जाता था. जहाँ कहीं जॉब मिली भी तो पाय इतनी नहीं थी जितनी मैं चाहता था. पर फिर मुझे कुछ-कुछ समझ आने लगा, दिवाली आने में १ महीना रह गया था तो ऐसे मैं कौन सा मालिक एक एक्स्ट्रा आदमी को हायर कर बोनस देना चाहेगा, इसीलिए व्याकन्सी कम

निकल रहीं हे. मैंने ये सोच कर संतोष कर लिया की दिवाली के बाद तो नौकरी मिल ही जायेगी.

मंगलवार का दिन था और आशु सुबह-सुबह ही आ धमकी! मैं तो पहले से ही जानता था की वो आने वाली है इसलिए मैं खिड़की के सामने बैठा चाय पी रहा था. दरवाजा खुला था. इसलिए आशु चुपके से अंदर आई और मेरी आँखों पर अपने कोमल हाथ रख दिए ये सोच कर की मैं कहूँगा की कौन है? मैं तो पहले से ही जानता था की ये आशु है क्योंकि उसकी परफ्यूम की जानी-पहचानी महक मुझे पहले ही आ गई थी. अब समय था उसे जलाने का; "अरे कल्पना भाभी?!" मैंने जान बूझ कर ये नाम लिया, ये नाम किसी और का नहीं बल्कि मेरे मकान मालिक अंकल की बहु का नाम था. ये सुनते ही आशु गुस्से से तमतमा गई और उसने मेरी आँखों से हाथ हटाए और मेरे सामने गुस्से से खड़ी हो गई; "कल्पना भाभी के साथ आपका चक्कर है? वो आपके घर में कभी भी बिना बता घुस आती है और आपको ऐसे छूती है? ये सारी औरतें आपके पीछे क्यों पड़ीं हैं? एक नितु मैडम कम थी जो ये कल्पना भाभी भी आपके पीछे पड़ गईं? और आप.... आप बोल नहीं सकते की आप किसी से प्यार करते हो? मैं....मैं....."

"अरे..अरे..अरे... यार मजाक कर रहा था. तू क्यों इतनी जल्दी भड़क जाती है?" मैंने आशु को मनाते हुए कहा.

"भड़कूं नहीं? आपके मुँह से किसी भी लड़की का नाम सुनते ही मेरे जिस्म में आग लग जाती है! आपको मजाक करने के लिए कोई और टॉपिक नहीं मिलता?" आशु ने गुस्से से कहा.

'अच्छा सॉरी! आज के बाद ऐसा कभी मजाक नहीं करूँगा!" मैंने कान पकड़ते हुए कहा. मेरे ऐसा करने से आशु का दिल एक दम से पिघल गया और वो आ कर मुझसे चिपक गई.

तभी दरवाजे पर दस्तक हुई, मैं और आशु अलग हुए और एक दूसरे को देखने लगे. मैं दरवाजे के पास आया और मैजिक ऑय से देखा तो बाहर सुमन खड़ी थी. मैंने इशारे से आशु को बाथरूम में छुपने को कहा. जैसे ही आशु अंदर घुसी और बाथरूम का दरवाजा सटाया मैंने मैन डोर खोला. "बड़ी देर लगा दी दरवाजा खोलने में? कोई लड़की-वड़की छुपा रखी है?" सुमनं ने हँसते हुए कहा.

"नंगा था ... कपड़े पहन रहा था." मैंने भी उसी तरह से जवाब दिया.

"तो मुझसे कैसी शर्म?" सुमन ने फिर से मुझे छेड़ते हुए कहा.

"ओ मैडम जी! आपने कब देख लिया मुझे नंगा?" मैंने थोड़ा हैरानी से कहा.

"अरे मजाक कर रही थी! काहे सीरियस हो जाते हो आप?"

"यही मजाक करना आता है? कउनो और मजाक नहीं कर सकती?" मैं जानता था की आशु अंदर बाथरूम से हमारी सारी बात सुन रही है इसलिए अभी कुछ देर पहले कही उसकी बात उसे सुनाते हुए मैंने कहा. इधर सुमन खिलखिला कर हँस रही थी. कारन ये की हम दोनों कई बार एक दूसरे से इसी तरह देहाती भाषा में बात करते थे!

"चलो जल्दी से तैयार हो जाओ?"

"क्यों?" मैंने पुछा और यही सवाल आशु के मन में भी चल रहा था.

"माँ ने बुलाया है आपको, लंच पर"

"क्यों आज कोई ख़ास दिन है?" मैंने पूछा.

"वो..आज ...मेरा बर्थडे है!" सुमन ने मुस्कुराते हुए कहा.

"अरे सॉरी यार! हैप्पी बर्थडे! सॉरी मैं भूल गया था!" मैंने माफ़ी माँगते हुए उसे विश किया.

"मेरा बर्थडे याद करके रखते हो?"

मे :यार कॉलेज के कुछ 'ख़ास' लोगों का जन्मदिन याद हे." मेरे ये कहने के बाद मुझे एहसास हुआ की आशु ये सब सुन रही होगी और अभी मुझसे फिर लड़ेगी इसलिए मैंने अपनी इस बात में आगे बात जोड़ दी; "जैसे छोटू, सिद्धू भैया और मेरे ऑफिस के कलिग के"

"पर विश तो कभी किया नहीं?" सुमन ने सवाल किया.

"कैसे करता? मेरे पास नंबर तो था नहीं, बाकियों को व्हाटस ऍप पर विश कर दिया करता था." मैंने अपनी सफाई दी, जबकि मेरा उसका बर्थडे याद रखने का कारन मेरा उसके लिए प्यार था जो मैं उससे फर्स्ट ईयर में किया करता था. पर जब मुझे प्रकाश ने आशु की माँ वाले काण्ड के बारे में बताया था तब से मैंने खुद को जैसे-तैसे समझा लिया था की मैं सुमन से प्यार नहीं कर सकता. फिर आशु मिल गई और मेरे मन में सुमन के प्यार की कब्र बन गई.

"चलो कोई बात नहीं, इस बार तो विश कर दिया आपने. चलो चलते हैं... (कुछ सोचते हुए) अच्छा एक बात बताओ अश्विनी सुबह बोल के गई थी की कॉलेज जा रही है पर मुझे तो वो वहाँ मिली नहीं! आपको पता है कहाँ गई है?" मोहनी ने पूछा. मैं जानता था की आशु मेरे ही बाथरूम में छुपी है पर ये मैं उसे कैसे बता सकता था.

"पता नहीं... कहीं दोस्तों के साथ बंक तो नहीं कर रही?" मैंने अनजान बनते हुए कहा.

"हो सकता है, उसके पास फ़ोन भी नहीं की उसे कॉल कर के बुला लु. आप अपने घर में कह दो ना की उसे एक फ़ोन दिलवा दें ताकि कभी जरुरत हो तो उसे कॉल कर लु."

"आ जाएगी जहाँ भी होगी, लंच तक! आप ऐसा करो आप चलो मुझे एक जरुरी काम है वो निपटा कर मैं आता हु." मैंने बहाना मारा ताकि सुमन निकले.

"ठीक है पर लेट मत होना." इतना कह कर वो चली गई. मैंने दरवाजा बंद किया और आशु फिर से गुस्से में बाहर आई और अपनी कमर पर दोनों हाथ रख कर मुझे घूरने लगी.

"सॉरी बाबा ...सॉरी!!!' मैंने कान पकड़ते हुए कहा पर उसका गुस्सा शांत नहीं हुआ, वो किचन में घुसी और चम्मच और गिलास उठा के फेंकने शुरू कर दिये. "अरे यार ...सॉरी! ...सॉरी!!!!" पर उसने बर्तन मेरी ओर फेकने जारी रखे, हैरानी की बात है की एक भी बर्तन मुझे लगा नही. मैं धीरे-धीरे उसके नजदीक पहुँचा तभी उसके हाथ में बेलन आ गया.मुझे मारने के लिए उसने बेलन उठाया की तभी कुछ सोचने लगी ओर वो वापस किचन काउंटर पर छोड़ दिया ओर मेरे पास आ कर प्यार से अपने मुक्के मेरे सीने में मारने शरू कर दिये.

अउ..अउ..अउ..आह!" मैंने झूठ-मूठ का करहाना शुरू किया पर वो रुकी नही. मैंने उसे गोद में उठाया ओर पलंग पर ले आया, पर उसने मेरी छाती पर अब भी मुक्के मारने चालु रखे.मैंने दोनों हाथों से उसके दोनों हाथों को पकड़ कर अलग-अलग किया ओर उसके ऊपर झुक कर उसके होठों को चूमा, तब जा कर उसका गुस्सा शांत हुआ. "बाबू! ये बहुत पुरानी बात है, कॉलेज फर्स्ट ईयर की! पर जब से तुमसे प्यार हुआ मैं सब कुछ भूल गया था. तुम्हारी कसम! अब प्लीज गुस्सा थूक दो!" मैंने बहुत प्यार से कहा ओर आशु के हाथ छोड़ दिये. मैं उसके ऊपर से उठने लगा तो आशु ने मेरे टी-शर्ट के कालर को पकड़ा ओर अपने ऊपर खींच लिया; "ज्यादा न पुरानी बातें याद ना किया कीजिये, नहीं सच कर रही हूँ जान दे दूंगी मैं!"

"अरे बाप रे बाप! ई व्यवस्था!" मैंने भोजपुरी में कहा तो आशु की हँसी छूट गई. "अच्छा जान! चलो उठो ओर चलें आपके हॉस्टल!"

हम दोनों उठे और मैंने कपडे बदले और दोनों बस से हॉस्टल पहुंचे. चौराहे पर पहुँच कर मैंने आशु से जाने को कहा और मैं मार्किट की तरफ निकल गया.जन्मदिन पर खाली हाथ जाना सही नहीं लगा, अब अगर तौह्फे के लिए फूल लिए तो आशु जान खा जाएगी इसलिए मैंने एक महंगा पेन खरीदा और उसे गिफ्ट-व्रैप करा कर हॉस्टल पहुंचा. आशु ने दरवाजा खोला और हँसते हुए 'नमस्ते' कहा. अब आखिर सब के समने ये भी तो जताना था की हम दोनों एक साथ नहीं थे! मैंने आंटी जी के पाँव छुए और उन्होंने मुझे बैठे को कहा. वो भी मेरे पास ही बैठ गईं और घर के हाल-चाल पूछने लगी. "और बताओ जॉब कैसी चल रही है?" आंटी जी ने पुछा, मैंने बात को गोलमोल करना चाहा की तभी आशु बोल पड़ी; "आंटी जी जॉब तो छोड़ दी इन्होने!" अब ये सुनते ही आंटी जी मेरी तरफ देखने लगीं; "वो आंटी जी वर्क लोड बहुत बढ़ गया था ऊपर से सैलरी ढंग की देते नहीं थे!" मैंने झूठ बोला और आंटी ने मेरी बात मान भी ली. "सही किया बेटा, मेरे हिसाब से तो सरकारी नौकरी ही बढ़िया हे. काम कम और सैलरी ज्यादा!" मैं ये सुन कर मुस्कुरा दिया क्योंकि मेरी ऐसी आदत थी नहीं, मुझे तो मेरी मेहनत की कमाई हुई रोटी ही भाति थी!

कुछ देर बाद सुमन आ गई और मैंने उसे उसका तौहफा दिया तो उसने झट से तौहफा ले लिया. आंटी जी ने बड़ा कहा की बेटा क्या जरुरत थी तो मैंने बस इतना ही कहा की आंटी जी बस एक पेन ही तो है, वो बात अलग है की वो पेन पार्कर का था! आशु शांत रही और कुछ नहीं बोली, अब मैं चलने को हुआ तो सुमन कहने लगी की वो मुझे ड्राप कर देगी. मैंने बहुत मना किया पर आंटी जी ने भी कहा की कोई नहीं छोड़ आ. मैं उसकी स्कूटी पर पीछे बैठ गया और दोनों हाथों से पीछे के हैंडल को पकड़ लिया. हम रेड लाइट पर रुके तो सुमन

पीछे मुड़ी और बोली; थैंक यू!" मैंने बस इट्स ऑल राईट कहा और तभी ग्रीन लाइट हो गई. फिर पूरे रस्ते वो कुछ न कुछ बोलती रही, उसे अब भी पता नहीं था की मैंने जॉब छोड़ दी हे. जब घर आया तो सुमन बोली; "सॉरी इस बार आपको घर का खाना खिलाया! नेक्स्ट टाइम मैं पार्टी दूँगी!"

"कोई नहीं!" मैं बाय बोल कर जाने लगा तो वो खुद ही बोलने लगी; "माँ ना... सच्ची बहुत रोक-टोक रखती है मुझ पर! ऑफिस से घर और घर से ऑफिस, जरा सी लेट हो जाऊँ तो जान खा जाती है मेरी. मैंने कहा मैं बाहर ट्रीट दूँगी तो कहने लगी किसको ट्रीट देनी है? अब अगर ऑफिस वालों का नाम लेती तो वो मना कर देती इसलिए मैंने आपका नाम ले लिया. आपका नाम सुनते ही उन्होंने कहा की सागर को यहीं बुला ले बहुत दिनों से उससे मुलाक़ात नहीं हुई, इसलिए आप को आज के लंच का न्योता दिया. इतनी रोक-टोक तो वो अश्विनी पर भी नहीं रखती!"

"उनकी गलती नहीं है, ये जो आपका मुँहफट पना है न इसी के चलते वो ऐसा करती हे. रही आशु की बात तो वो हमेशा ही शांत रहती है, कम बोलती है और अपने काम से काम रखती है और कुछ-कुछ मेरी वजह से भी आंटी जी उस पर फिदा हैं, इसलिए उसे ज्यादा रोकती-टोकती नहीं!" मैंने आंटी की तरफदारी की.

"अच्छा तो मैं भी अश्विनी की तरह गाय बन जाऊँ?" सुमन ने हँसते हुए कहा.

"नहीं बन सकती! वो बनी ही अलग मिटटी के सांचे की है और फिर ऊपर वाले ने ही वो साँचा तोड़ दिया!" मैंने मुस्कुराते हुए कहा. मैंने आशु की तारीफ कुछ इस ढंग से की ताकि सुमन उसे समझ ही न पाए की मैंने तारीफ की है या उसका मजाक उड़ाया हे. मैं ऊपर आ गया और मोहनी अपनी स्कूटी मोड़ के चली गई. कुछ देर बाद आशु का मैसेज आया पर उसने गिफ्ट के बारे में कुछ नहीं कहा. वो समझ गई थी की मैंने वो गिफ्ट बस खानापूरी के लिए दिया था. थोड़ी इधर-उधर की बातें हुईं फिर मैं घर के कुछ काम करने लगा.

वो दिन बस ऐसे ही निकल गया और फिर आया रविवार और मैं नाहा-धो के पूजा कर के तैयार था. आशु भी समय से आ गई और आते ही मेरे सीने से चिपक गई. पर आज मैंने उसे नहीं छुआ और वो तुरंत ये बदलाव ताड़ गई. "क्या हुआ? नाराज हो?" उसने मेरी ठुड्डी पकड़ते हुए कहा. नहीं तो.... आज से व्रत हैं!" ये सुनते ही आशु मुझसे छिटक कर खडी हो गई और अपनी जीभ दाँतों तले दबा कर सॉरी बोली. दरअसल मैं हर साल नवरात्रों में व्रत रखता था और पूरे रखता था. "तब तो मैं आपको छू भी नहीं सकती?!" आशु ने पूछा.

"दिल साफ़ हो तो छू सकती हो, पर वासना भरी हो तो नहीं!" मैंने मुस्कुराते हुए कहा तो जवाब में आशु बोली; "आपको देखते ही मेरे जिस्म में आग लग जाती हे. उसे बूझाने ही तो मैं आपके करीब आती हूँ, पर हाय रे मेरी किस्मत! आप तो विश्वामित्र बन गए पर कोई बात नहीं ये मेनका आपकी तपस्या भंग अवश्य कर देगी!"

"बड़ा ज्ञान है तुझे? पर मेरे साथ ऐसा कुछ करने की कोशिश भी मत करना. मार खायेगी मेरे से!" मैंने आशु को चेतावनी दी. उसने बस हाँ में गर्दन हिलाई, वो जानती थी की व्रत के दिनों में मैं बहुत सख्त नियमों का प्लान करता हु. हालाँकि मेरे लिए भी इस बार बहुत मुश्किल था आशु के सामने होते हुए उससे दूर रहना. अब उस दिन चूँकि मैं कुछ खाने वाला नहीं था तो आशु ने भी कुछ खाने से मना कर दिया. मैंने फिर भी उसके लिए फ्रूट चाट बना दी और दोनों बिस्तर पर बैठे मूवी देखते रहे. वो पूरा हफ्ता वही रूटीन चलता रहा, जॉब ढूँढना, शाम को आशु से मिलना और फिर घर आ कर सो जाना. बुधवार को ही घर से बुलावा आ गया और गुरूवार की शाम मैं और आशु गाँव चले गये. घर में सब जानते थे की मेरा व्रत है तो माँ ने मेरे लिए दूध बनाया था जिसे पी कर मैं सो गया.शनिवार को घर में पूजा हुई और मेरा व्रत पूर्ण हुआ, फिर दबा के हलवा-पूरी खाई.

शाम को मैं छत पर बैठा था की आशु आ गई; "अच्छा अब तो आपको छूने की इज्जाजत है मुझे?"

"घर में सब मौजूद हैं तो ज्यादा मेरे पास भटकना भी मत" मैंने कहा तो आशु मुँह फुला कर चली गई. मैं जानता था की मुझे उसे कैसे मनाना है पर आज नहीं कल!

शाम से ले कर रात तक आशु मुझसे बात नहीं कर रही थी और मुँह फुला कर घूम रही थी. मैंने एक दो बार उससे बात करनी चाही तो वो बिदक कर चली गई. खाना परोस कर मुझे देने के टाइम भी वो अपनी आँखों से मुझे अपना गुस्सा दिखा रही थी. खाना खाने के बाद वो बर्तन धो रही थी. और उसके बर्तन धोना खत्म हो गया था. वो उठने लगी तभी मैंने अपना जूठा गिलास उसे दिया तो वो बुदबुदाते हुए बोली; "अब घर में आपको सब नहीं दिख रहे जो मुझे गिलास दे रहे हो?" मैं बस मुस्कुराया और वापस आंगन में सबके साथ बैठ गया.रात को सब एक-एक कर अपने कमरों में चले गए बस मैं, भाभी और आशु ही रह गए थे. भाभी का कमरा नीचे था तो वो मेरे सामने से इठलाते हुए गईं जो की आशु ने देख लिया और गुस्से में तमतमाते हुए गिलास नीचे फेंका.भाभी ने उसे ऐसा करते हुए नहीं देखा बस आवाज सुन के उस पर चिल्लाईं; "हाथ में खून है की नहीं!" आशु कुछ नहीं बोली और मेरे सामने से होती हुई सीढ़ी चढ़ने लगी. मैं मिनट भर आंगन में टहलता रहा और फिर

"छत पर आशु के सामने मेरी पूरी गर्दन रंग दी आपने और कितनी होली खेलनी है आपको?" मैंने जवाब दिया. फिर मैंने अचानक से झुक कर उनके पाँव छूए और भाभी बुदबुदाते हुए बोली; "पाँव की जगह कुछ और छूते तो मुझे और अच्छा लगता!" मैं उनका मतलब समझ गया पर पिताजी के सामने कहूँ कैसे? इसलिए मैं नहाने के लिए जाने को आंगन की तरफ मुड़ा तो भाभी ने लोटे में घोल रखा रंग पीछे से मेरे सर पर फेंका. ठंडा-ठंडा पानी जैसे शरीर को लगा तो मेरी झुरझुरी छूट गई. "अब तो गए आप?" कहते हुए मैंने ताव में उनके पीछे भागा, भाभी खुद को बचाने को इधर-उधर भागना चाहती थी पर मैंने उनका रास्ता रोका हुआ था. इतने में उन्होंने आशु का हाथ पकड़ा और उसे मेरी तरफ धकेला, मैंने आशु के कंधे पर हाथ रख कर उसे साइड किया और भाभी का दाहिना हाथ पकड़ लिया और उन्हें झटके से खिंचा. भाभी को गिरने को हुईं तो मैंने उन्हें गिरने नहीं

दिया और गोद में उठा लिया. उनका वजन सच्ची बहुत ज्यादा था ऊपर से वो मुझसे छूटने के लिए अपने पाँव चला रही थीं तो मेरे लिए उन्हें उठाना और मुश्किल हो गया था. आंगन में एक टब में कुछ कपडे भीग रहे थे मैंने उन्हें ले जा कर उसी टब में छोड़ दिया. जैसे ही भाभी को ठन्डे पानी का एहसास अपनी नितंब और कमर पर हुआ वो चीख पड़ी; "हाय दैय्या! सागर तुम सच्ची बड़े खराब हो! मर गई रे!" उन्हें ऐसे तड़पता देख मैं और आशु जोर-जोर से हँसने लगे और भाभी की चीख सुन माँ और ताई जी भी उन्हें टब में ऐसे छटपटाते हुए देख हँसने लगे. इससे पहले की माँ कुछ कहती मैंने खुद ही उन्हें सारी बात बता दी; "शुरू इन्होने किया था मेरे ऊपर रंग डाल कर, मैंने तो बस इनके खेल अंजाम दिया हे." इधर भाभी उठने के लिए कोशिश कर रहीं थीं पर उनकी बड़ी नितंब जैसे टब में फँस गई थी. आखिर मैंने और आशु ने मिल कर उन्हें खड़ा किया और भाभी की चेहरे पर मुस्कराहट आ गई क्योंकि आज जिंदगी में पहली बार मैंने उन्हें इस कदर छुआ था.

मैंने उनकी इस मुस्कराहट को नजरअंदाज किया और अपने कपडे ले कर नहाने घुस गया.करीब पाँच मिनट हुए होंगे की गोपाल भैया घर आया और उसके हाथ में मिठाई का डिब्बा था. उसने सब को डिब्बे से लड्डू निकाल कर दिए और मुझे भी आवाज दी की मैं भी खा लूँ पर मैं तो बाथरूम में था तो मैने कह दिया की आप रख दो मैं नहा कर खा लुंगा. मेरे नहा के आने तक सबने लड्डू खा लिए थे और पूरा डिब्बा साफ़ था. जैसे ही मैं नहा के बाहर आया तो पूरे घर में सन्नाटा पसरा हुआ था.... आंगन में चारपाई पर ताई जी और माँ लेटे हुए थे, भाभी शायद अपने कमरे में थीं और आशु रसोई के जमीन पर बैठी थी और दिवार से सर लगा कर बैठी थी. ताऊ जी और पिताजी अपने-अपने कमरे में थे और गोपाल भैया आंगन में जमीन पर पड़ा था. सब की आँखें खुलीं हुईं थीं पर कोई कुछ बोल नहीं रहा था. ये देखते ही मेरी हालत खराब हो गई. मुझे लगा कहीं सब को कुछ हो तो नहीं गया? मैंने एक-एक कर सब को हिलाया तो सब मुझे बड़ी हैरानी से देखने लगे. अब मुझे शक हुआ की जरूर सब ने भाँग खाई है और खिलाई भी उस कुत्ते गोपाल भैया ने है!!! मैं पिताजी के कमरे में गया तो उन्हें भी बैठे हुए पाया और उन्हें जब मैंने हिलाया तो वो शब्दों को बहुत खींच-खींच कर बोले; "इसमें.....भांग.....थी.....!!!" अब मैं समझ गया की गोपाल भैया ने भाँग के लड्डू सब को खिला दिए हैं! मैंने पिताजी को सहारा दे कर लिटाया और वो कुछ बुदबुदाने लगे थे. मैं ताऊ जी के कमरे में आया तो वो पता नहीं क्यों रो रहे थे, मैं जानता था की इस हालत में मैं उन्हें कुछ कह भी दूँ तब भी उनका रोना बंद नहीं होगा. मैंने उन्हें भी पुचकारते हुए लिटा दिया. इधर जब मैं वापस आंगन में आया तो माँ और ताई जी की आँख लग गई थी और गोपाल भैया भी आँख मूंदें जमीन पर पड़ा था. मैंने भाभी के कमरे में झाँका तो वहां तो अजब काण्ड चल रहा था. वो अपनी योनी को पेटीकोट के ऊपर से खुजा रही थीं और मुँह से पता नहीं क्या बड़बड़ा रही थी. मैंने फटाफट उनके कमरे का

दरवाजा बंद किया और कुण्डी लगा कर मैं आशु के पास आया, तो पता नहीं वो उँगलियों पर क्या गिन रही थी? मैंने उसे हिलाया तो उसने मेरी तरफ देखा और फिर पागलों की तरह अपनी उँगलियाँ गिनने लगी. "जानू! I लव ......"इतना बोलते हुए वो रुक गई. अब मेरी फटी की अगर किसी ने सुन लिया तो आज ही हम दोनों को जला कर यहीं आंगन में दफन कर देंगे. मैंने उसे गोद में उठाया और ऊपर उसके कमरे में ला कर लिटाया. मैं उसे लिटा के जाने लगा तो उसने मेरा हाथ कस कर पकड़ लिया और इशारे की आकृति बना कर मुझे किस करना चाहा. मैं उसके हाथ से अपना हाथ छुड़ा रहा था क्योंकि मैं जानता था की अगर कोई ऊपर आ गया तो हम दोनों को देख कर सब का नशा एक झटके में टूट जायेगा! पर आशु पर तो प्यार का भूत सवार हो गया था. पता नहीं उसे आज मेरे अंदर किसकी शक्ल दिख रही थी की वो मुझे बस अपने ऊपर खींच रही थी. "आशु मान जा...हम घर पर हैं! कोई आ जाएगा!" मैंने कहा पर उसने मेरी एक न सुनी और अपने दोनों हाथों के नाखून मेरे हाथों में गाड़ते हुए कस कर पकड़ लिए. आशु के गुलाबी होंठ मुझे अपनी तरफ खींच रहे थे और अब मेरा सब्र भी जवाब देने लगा था. मैंने हार मानते हुए उसके होठों को अपने होठं से छुआ पर इससे पहले की मैं अपनी गर्दन ऊपर कर उठता आशु ने झट से अपने दोनों हाथों को मेरी गर्दन के पीछे लॉक कर दिया और अपने होठों से मेरे होंठ ढक दिये. आशु पर नशा पूरे शबाब था और वो बुरी तरह से मेरे होंठ चूसने लगी. मेरे हाथ उसके जिस्म की बजाये बिस्तर पर ठीके थे और मैं अब भी उसकी गिरफ्त से छूटने को अपना जिस्म पीछे खींच रहा था.

मुझे डर लग रहा था की अगर कोई ऊपर आ गया तो, इसलिए मैंने जोर लगाया और आशु के होठों की गिरफ्त से अलग हुआ. पर ये क्या आशु ने "आई लव यू" रटना शुरू कर दिया. वो तो अपनी आँख भी नहीं झपक रही थी बस लेटे हुए मुझे देख रही थी और आई लव यू की माला रट रही थी. मैंने उस के कमरे को बाहर से कुण्डी लगाईं और रसोई में गया और वहाँ से कटोरी में आम का अचार निकाल लाया. आशु के कमरे की कुण्डी खोली तो छत पर देखते हुए अब भी आई लव यू बड़बड़ा रही थी. मैंने कटोरी से एक आम के अचार का पीस उठाया और आशु के सिरहाने बैठ गया.मुझे अपने पास देखते ही उसने मुझे अपनी बाहों में कस लिया. मैंने आम का पीस उसकी तरफ बढ़ाया तो अपने होंठ एक दम से बंद कर लिए. पर मैंने भी थोड़ा उस्तादी दिखाते हुए पीस वापस कटोरी में रखा और अपनी ऊँगली आशु को चटा दी. ऊँगली में थोड़ा अचार का मसाला लगा था. आशु ने खटास के कारन अपना मुँह खोला और मैंने फटाफट अचार का टुकड़ा उसके मुँह में डाल दिया. आशु एक दम से मुँह बनाते हुए उठ बैठी और उसने वो अचार का पीस उगल दिया. मुझे उसका ऐसा मुँह बनाते हुए देख बहुत हँसी आई पर वो मेरी तरफ सड़ा हुआ मुँह बना कर देखने

लगी. "सो जा अब!" मैंने आशु को कहा और उठ कर नीचे आ गया.बारी-बारी कर के सब को अचार चटाया और सब के सब आशु की ही तरह मुँह बना रहे थे और मुझे बहुत हँसी आ रही थी. सबसे आखिर में मैंने गोपाल भैया को अचार चटाया तो उस पर जैसे फर्क ही नहीं पड़ा, वो तो अब भी बेसुध से पड़ा था. अब मैं इससे ज्यादा कुछ कर नहीं सकता था तो उसे ऐसे ही छोड़ दिया. बाकी सब के सब नशा होने के कारन सो रहे थे, इधर मुझे भूख लग गई थी. वो तो शुक्र है की घर पर पकोड़े बने थे जिन्हें खा कर मैं अपने कमरे में आ कर सो गया.

शाम को चार बजे उठा तो पाया की घर वाले अब भी सो रहे हे. मैंने अपने लिए चाय बनाई और फिर रात के लिए खाना बनाने लगा. मैं यही सोच रहा था की हरामी गोपाल भैया ने ऐसी कौन सी भाँग खिला दी की सब के सब सो रहे हैं? पर फिर जब मुझे अपने कॉलेज वाला किस्सा याद आया तो मुझे याद आया की जब पहली बार मैंने भाँग खाई थी तो मैंने सुबह तक क्या काण्ड किया था! खेर खाना बन गया था और मेरे उठाने के बाद भी कोई नहीं उठा था. सब के सब कुनमुना रहे थे बस.एक बात तो तय थी की कल गोपाल भैया की सुताई होना तय है!

मैंने अपना खाना खाया और ऊपर आ गया, रात के १ बजे होंगे की मुझ नीचे से आवाज आई; "सागर!" मैं फटाफट नीचे आया तो देखा ताई जी और माँ चारपाई पर सर झुकाये बैठे हे. मैंने उन्हें पानी दिया और फुसफुसाते हुए पुछा; "ताई जी भूख लगी है?" उन्होंने हाँ में सर हिलाया तो मैं माँ और उनके लिए खाना परोस लाया. फिर मैंने पिताजी और ताऊ जी को उठाया और उन्हें भी खाना परोस कर दिया. इधर आशु भी नीचे आ गई और उसे देखते ही मैं मुस्कुराया और उसे माँ के पास बैठने को कहा. उसका खाना ले कर उसे दिया और मैं सीढ़ियों पर बैठ गया.तभी भाभी ने दरवाजा खटखटाया, क्योंकि उनके कमरे का दरवाजा मैंने बंद कर दिया था इस डर से की कहीं ताऊ जी और पिताजी उठ गए और उन्हें ऐसी आपत्तिजनक हालत में देख लिया तो! भाभी बाहर आईं और सीधा बाथरूम में घुस गई. वो वापस आईं तो उन्हें भी मैंने ही खाना परोस के दिया. सब ने फटाफट खाना खाया और कोई एक शब्द भी नहीं बोला. खाना खाने के बाद ताऊ जी अपने कमरे से बाहर आये और उन्होंने गोपाल भैया को जमीन पर पड़े हुए देखा तो उनका खून खौल गया.उन्होंने ठन्डे पानी की एक बाल्टी उठाई और पूरा का पूरा पानी उस पर उड़ेल दिया. इतना पानी अपने ऊपर पड़ते ही गोपाल भैया बुदबुदाता हुआ उठा और ताऊ जी ने उसे एक खींच कर थप्पड़ मारा. गोपाल भैया जमीन पर फिर से जा गिरा; "हरामजादे! तेरी हिम्मत कैसे हुई सब को भाँग के लड्डू खिलाने की? वो तो सागर यहाँ था तो उसने सब को संभाल लिया वरना यहाँ

कोई घुस कर क्या-क्या कर के चला जाता किसी को पता ही नहीं चलता. तुझे जरा भी अक्ल नहीं है की घर में औरतें हैं, तेरी बीवी है, बच्ची है?” पर गोपाल भैया को तो जैसे फर्क ही नहीं पड़ रहा था. मैंने भाभी को कहा की इन्हें अंदर ले कर जाओ, तो भाभी ने उन्हें सहारा दे कर उठाया और कमरे में ले गई. इधर पिताजी ताऊ जी की गर्जन सुन कर बाहर आये और मुझे इशारे से अपने पास बुलाया. मैं उनके पास गया और पिताजी का शायद सर घूम रहा था इसलिए मैंने उन्हें सहारा दे कर बैठक में बिठा दिया. सब के सब बैठक में आ कर बैठ गए और मुझसे पूछने लगे की आखिर हुआ क्या था? मैंने उन्हें सारी बात विस्तार से बता दी और अचार वाली बात पर सारे हँसने लगे. पर तभी पिताजी ने पुछा; "तुझे कैसे पता की अचार चटाना है?" अब ये सुन कर मैं फँस गया था. पहले तो सोचा की झूठ बोल दूँ, फिर मैंने सोचा की मेरा किस्सा सुन कर सब हंस पड़ेंगे और घर का माहौल हल्का हो जायेगा इसलिए मैंने अपना किस्सा सुनाना शुरू किया.....

"कॉलेज फर्स्ट ईयर था और होली पर घर नहीं आ पाया था क्योंकि असाइनमेंट्स पूरे नहीं हुए थे. होली के दिन सुबह दोस्त लोग आ गए और मुझे अपने साथ कॉलेज ले आये जहाँ हमने खूब होली खेली! फिर दोपहर को हम वापस हॉस्टल पहुँचे और नाहा धो कर खाना खाने आ गये. आज हॉस्टल में पकोड़े बने थे जो सब ने पेट भर कर खाये. जब वापस कमरे में आये तो मेरा एक दोस्त कहीं से भाँग की गोलियाँ ले आया था. उसने सब को जबरदस्ती खाने को दी ये कह कर की ये भगवान का प्रसाद हे. अब प्रसाद को ना कैसे कहते, जब सब ने एक-एक गोली खा ली तो वो सच बोला की ये भाँग की गोली हे. हम टोटल ४ दोस्त थे, अमन, मनीष और कुणाल. कुणाल को छोड़ कर बाकी तीनों डर गए थे की अब तो हम गए, पता नहीं ये भाँग का नशा क्या करवाएगा.हम ने सुना था की भाँग का नशा बहुत गन्दा होता है और आज जब पहलीबार खाई तो डर हावी हो गया. १५ मिनट तक जब किसी ने कोई उत-पटांग हरकत नहीं की तो हम तीनों ने चैन की साँस ली! हमें लगा की किसी ने बेवकूफ बना कर कुणाल को मीठी गोलियाँ भाँग की गोलियाँ बोल कर पकड़ा दी. ये कहते हुए अमन ने हँसना शुरू किया और उसकी देखा-देखि मैं और मनीष भी हँसने लगा. कुणाल को ताव आया की हम तीनों उसे बेवकूफ कह रहे हैं तो उसने हमें चुनौती दी; 'हिम्मत है तो एक-एक और खा के दिखाओ|' हम तीनों ने भी जोश-जोश में एक-एक गोली और खा ली. और फिर से उस पर हँसने लगे. हम तीनों ये नहीं जानते थे की भाँग का असर हम पर शुरू हो चूका था. तभी तो हम हँसे जा रहे थे. उधर कुणाल बिचारा छोटे बच्चे की तरह रोने लगा था और उसे देख कर हम तीनों पेट पकड़ कर हँस रहे थे. १५ मिनट तक हँसते-हँसते पेट दर्द होने लगा था और बड़ी मुश्किल से हँसी रोकी और तब मनीष ने सब को डरा दिया ये कह कर की हमें भाँग चढ़ गई हे. अब ये सुन कर हम चारों एक दूसरे की

शक्ल देख रहे थे की अब हम क्या करेंगे? अमन तो इतना डर गया था की कहने लगा मुझे हॉस्पिटल ले चलो, मैं मरने वाला हु. तो कुणाल बोला की कुछ नहीं होगा थोड़ी देर सो ले ठीक हो जायेगा, पर मनीष को बेचैनी सोने नहीं दे रही थी. इधर मनीष को गर्मी लगने लगी और वो सारे कपडे उतार कर नंगा हो गया और उसने पंखा चला दिया. मुझे भी डर लगने लगा की कहीं मैं मर गया तो? इसलिए मैंने सोचा की ये हॉस्पिटल जाएँ चाहे नहीं मैं तो जा रहा हु. अभी मैं दरवाजे के पास पहुँचा ही था की कुणाल ने हँसते हुए रोक लिया और बोला; 'कहाँ जा रहा है? बड़ी हँसी आ रही थी ना तुझे? और खायेगा?' मैं उस हाथ जोड़ कर मिन्नत करने लगा की भाई माफ़ कर दे, आज के बाद कभी नहीं खाऊँगा ये भाँग का गोला! मैं जैसे-तैसे बाहर आया और घडी देखि ये सोच कर की कहीं हॉस्पिटल बंद तो नहीं हो गया? उस वक़्त बजे थे रात के २, यानी हम चारों शाम के ४ बजे से रात के दो बजे तक ये ड्रामा कर रहे थे. अब हमारा कमरा था चौथी मंजिल पर, इसलिए मैं हमारे कमरे के दरवाजे के सामने लिफ्ट और सीढ़ियों के बीच खड़ा हो कर सोचने लगा की नीचे जाऊँ तो जाऊँ कैसे? अगर लिफ्ट से गया और दरवाजा नहीं खुला तो मैं तो अंदर मर जाऊँगा? और सीढ़ियों से गया तो पता नहीं कितने दिन लगे नीचे उतरने में? मैं खड़ा-खड़ा यही सोच रहा था की हमारे हॉस्टल के वार्डन का लड़का आ गया और मुझे ऐसे सोचते हुए देख कर मुझे झिंझोड़ते हुए पुछा की मैं यहाँ क्या कर रहा हूँ? मैंने उसे बताया की मैं हिसाब लगा रहा हूँ की सिढीयोंसे जाना सही है या लिफ्ट से? ये सुन कर वो बुरी तरह हँसने लगा. क्योंकि वहाँ लिफ्ट थी ही नहीं और जिसे मैं लिफ्ट समझ रहा था वो एक पुरानी शाफ़्ट थी जिसमें बाथरूम की पाइपें लगी थी. पर मैं अब भी नहीं समझ पाया था की हुआ क्या है और ये क्यों हँस रहा है? वो मेरे कंधे पर हाथ रख कर मुझे कमरे में ले आया और अंदर का सीन देख कर हैरान हो गया.मनीष पूरा नंगा था और उसने अपने गले में तौलिया बाँध रखा था जैसे की वो सुपरमैन हो और एक पलंग से दूसरे पर कूद रहा था. अमन बिचारा एक कोने में बैठा अपना सर दिवार में मार रहा था और बुदबुदाए जा रहा था; 'अब नहीं खाऊँगा....अब नहीं खाऊँगा....अब नहीं खाऊँगा...' कुणाल फर्श पर उल्टा पड़ा था और चूँकि उसे मछलियां बहुत पसंद थी तो वो खुद को मछली समझ कर फड़फड़ा रहा था और मैं रात के २ बजे से सुबह के ६ बजे तक बाहर खड़ा हो कर हिसाब लगा रहा था की सीढ़यों से जाऊँ या फिर लिफ्ट से!

उसी लड़के ने एक-एक कर हमें आम चटाया और हमारा नशा उतारा.इसलिए उस दिन से कान पकडे की कभी भाँग नहीं खाऊँग.|"

मेरी पूरी राम-कहानी सुन कर सारे घर वाले खूब हँसे और शुक्र है की किसी ने मुझे भाँग खाने के लिए डाँटा नहीं! बात करते-करते सुबह के चार बज गए थे इसलिए ताऊ जी ने कहा की सब कुछ देर आराम कर लें पर मुझे तो सुबह ही निकलना था. पर ताऊ जी ने कहा की आराम कर लो और ७ बजे उठ जाना, इसलिए सारे लोग सो गए और सुबह सात बजे जब मैं उठा तो ताई जी, भाभी और माँ रसोई में नाश्ता बना रहे थे. फ्रेश हो कर नाश्ता किया और ताई जी ने रास्ते के लिए भी बाँध दिया की भूख लगे तो खा लेना. शहर हम ११ बजे पहुँचे और पहले आशु को कॉलेज छोड़ मैं ऑफिस पहुंचा. सर ने थोड़ा डाँटा ... फिर जाने दिया क्योंकि आधा दिन लेट था मैं!

दिन गुजरते गए और आशु के एक्ज़ाम आ गए और उसने फिर से क्लास में टॉप किया! ये ख़ुशी सेलिब्रेट करना तो बनता था. तो रविवार को मैं उसे लंच पर ले जाना चाहता था पर उसके कॉलेज के दोस्त भी साथ हो लिए और सब ने कॉन्ट्री कर के लंच किया.कुछ महीने और बीते और आशु का जन्मदिन आया, मैंने उसे पहले ही बता दिया था की एक दिन पहले ही मैं उसे लेने आऊंगा पर आशु कहने लगी की उसके असाइनमेंट्स पेंडिंग हैं और अपने दोस्तों के साथ उसने कुछ क्लास बंक की थीं तो वो भी कवर करना है उसे! तो मेरा प्लान फुस्स हो गया! पर वो बोली की शाम को उसके सारे दोस्त उसके पीछे पड़े हैं की उन्हें ट्रीट चाहिए तो हम शाम को मिलते हे. अब कहाँ तो मैं सोच रहा था की उसका बर्थडे हम अकेले सेलिब्रेट कर्नेगे और कहाँ उसके दोस्त बीच में आ गये. पर मैं ये सोच कर चुप रहा की कॉलेज के दोस्त कभी-कभी करीब होते हैं और मुझे आशु को थोड़ी आजादी देनी चाहिए वरना उसे लगेगा की मैं पजेसिव हो रहा हूँ! अब मैं भी इस दौर से गुजरा था इसलिए दिमाग का इस्तेमाल किया और आशु के बर्थडे को खराब नहीं किया, बल्कि उसी जोश और उमंग से मनाया जैसे मनाना चाहिए. आशु के चेहरे की ख़ुशी सब कुछ बयान कर रही थी और मेरे लिए वही काफी था.

दिन बीतने लगे और आशु के कॉलेज के दोस्तों ने कोई ट्रिप प्लान कर लिया, मुझे लगा की शायद मुझे भी जाना है पर मुझे तो इनवाईट ही नहीं किया गया क्योंकि वैसे भी मैं कॉलेज वाला नहीं था. आशु ने मुझसे मिन्नत करते हुए जाने की इज्जाजत मांगी तो मैंने उसे मना नहीं किया. इस ट्रिप पर बनने वाली यादें उसे उम्र भर याद रहेगी. जितने दिन वो नहीं थी उतने दिन मैं रोज उसे सुबह-शाम फ़ोन करता और उसका हाल-चाल लेता रहता.जब वो वापस आई तो बहुत खुश थी और मुझे उसने ट्रिप की सारी पिक्चर दिखाईं और वो रविवार मेरा बस आशु की ट्रिप की बातें सुनते हुए निकला. दिन बीत रहे थे और काम की वजह से कई बार मुझे शनिवार को बरेली जाना पड़ता और इसलिए हम शनिवार को मिल नहीं पाते पर रविवार मेरा सिर्फ और सिर्फ आशु के लिए था. उस दिन वो आती तो मेरे लिए खाना

बनाती और कॉलेज की सारी बातें बताती और कई बार तो हम रविवार को पढ़ाई भी करते!

दिन बीते...महीने बीते...और सब कुछ सही चल रहा था...... कम से कम मुझे तो यही लग रहा था! मेरे अकाउंट में लाख रुपये कॅश और बाकी के ४ लाख की मैंने एफ डी करा दी थी जो अगले साल मार्च में म्याचूअर होने वाली थी. इधर मैंने बैंगलोर में लोकैलिटी फाइनल कर ली थी. आशु के डाक्यूमेंट्स जैसे पॅन कार्ड, आधार कार्ड और इलेक्शन कार्ड सब मेरे ही एड्रेस से तैयार हो गए थे. आशु का बैंक अकाउंट भी खोला जा चूका था जिसके बारे में मेरे और आशु के आलावा किसी को कोई भनक नहीं थी. हमारे गायब होते ही सब मेरा अकाउंट चेक करते पर किसी को तो पता नहीं की आशु का भी कोई बैंक अकाउंट है! मुझे बस भागने से कुछ दिन पहले अपने अकाउंट से सारे पैसे निकाल कर आशु के बैंक में कॅश जमा करने थे. बस एक ही काम बचा था वो था ट्रैन की टिकट, जिसे मैंने पहले बुक नहीं कर सकता था. कारन ये की जिस दिन हम भागते उस दिन के चार्ट में हमारा नाम होता और सब को पता चल जाता की ये दोनों कहाँ भागे हे. इसलिए जिस दिन भागना था उससे एक दिन पहले मुझे तत्काल टिकट लेनी थी. वो भी कुछ इस तरह की लखनऊ से वाराणसी पहुँचने के बाद आधे घंटे के अंदर ही दूसरी ट्रैन चाहिए थी जो हमें मुंबई उतारती और वहाँ से फिर आधे घंटे में दूसरी टिकट जो बैंगलोर छोड़ती! मैंने एक बैक-आप प्लान भी बना रखा था की अगर ट्रैन लेट हो गई तो हमें बस लेनी होगी. लखनऊ में कहाँ से ट्रैन पकड़नी थी वी जगह भी तय थी. स्टेशन से ट्रैन पकड़ना खतरनाक था क्योंकि सब सबसे पहले हमें ढूंढते हुए वहीँ आते.इसलिए मैंने रेलवे फाटक देख रखा था. इस फाटक पर हमेशा जाम रहता था और हरबार ट्रैन यहाँ स्लो होती और फिर करीब मिनट भर बाद ही आगे जाती थी. किसी भी हालत में कोई भी हमें ढूंढता हुआ यहाँ नहीं आ सकता था! मतलब प्लान बिलकुल सेट था और मैंने उसमें कोई भी लूपहोल नहीं छोड़ा था!!!!

खेर ये तो रही प्लान की बात, पर अब तो मेरा जन्मदिन आ ने वाला था और क्योंकि इस बार जन्मदिन वीकडे पर पड़ना था तो मैंने पहले ही छुट्टी ले ली थी. प्लान तो था की आशु को में एक दिन पहले ही उसके हॉस्टल से ले आऊंगा पर जब उसने बताया की उसके असाइनमेंट्स पेंडिंग हैं और कुछ लेक्चर भी हैं तो मैंने उससे कहा की अगले दिन वो हाल्फ डे में इधर भाग आये.

दो तारिख आई.मेरा जन्मदिन अगले दिन था और घडी में रात के साढ़े बारह बजने को आये थे पर अभी तक आशु ने मुझे कॉल करके विश नहीं किया था. हर साल वो ठीक

बारह बज कर एक मिनट पर मुझे काल किया करती थी पर इस बार इतनी लेट कैसे हो गई?! फिर मैंने सोचा की शायद कॉलेज से थक कर आयी होगी और सो गई होगी, कोई बात नहीं कल विश कर देगी ये सोचते हुए मैंने फ़ोन को तकिये के नीचे रख दिया और तभी मेरे फ़ोन पर बर्थडे के विश वाला मैसेज आया जिसे देख कर मेरे चेहरे पर मुस्कान आ गई और मैंने जवाब में उसे ढेर सारी चुम्मियों वाली स्माइली के साथ थैंक यू का मैसेज भेजा पर उसके बाद वो ऑफलाइन हो गई. मैंने बात को दरगुज़र किया और मुस्कुराते हुए सो गया.

सुबह से ऑफिस के सभी दोस्तों के मैसेज आने लगे थे, घर से भी फ़ोन पर बधाइयाँ आने लगी थी. आशु के आने तक मैं बस यही सोच रहा था की घर से भागने से पहले ये मेरा आखरी जन्मदिन होगा और फिर अगले जन्मदिन पर मैं और आशु एक साथ बैंगलोर में अपनी नई जिंदगी शुरू कर रहे होंगे.मोहित और प्रफुल ने इस बार जरूर कहा था की पार्टी करते हैं पर मैंने उन्हें ये कह कर टाल दिया की अगर आशु को पार्टी दिए बिना तुम्हारे साथ पार्टी की तो वो नराज हो जायेगी. दोनों ने मिल कर मेरा बड़ा मजाक उड़ाया की देखो शादी से पहले ये हाल है तो शादी के बाद क्या होगा?!

मैं फ्रेश हो कर नाश्ता बना रहा था की तभी आशु का मैसेज आया की वो बारह बजे आएगी और मैं इस ख़ुशी में अपने फोन पर गाने लगा कर कुछ ख़ास बनाने की तैयारी करने लगा और नाचता हुआ इधर से उधर घर में घूम रहा था. साढ़े बारह बजे दरवाजे पर दस्तक हुई, तो मैंने मुस्कुराते हुए दरवाजा खोला और आशु को प्यार से घर के अंदर आने का निमंत्रण दिया. आशु भी अंदर आ गई और उसने मेरे फ़ोन में बज रहे गानों को एकदम से बंद कर दिया. मैंने आगे बढ़ कर उसे गले लगाना चाहा तो उसने अपने हाथ को मेरी छाती पर रख के रोक दिया. मुझे उसका ये व्यवहार बड़ा अजीब लगा पर जब उसके चेहरे पर नजर गई तो वो बहुत सीरियस थी.

"आपसे कुछ बात करनी हे." इतना कह कर उसने मेरे दोनों हाथ पकड़ कर मुझे पलंग पर बिठाते हुए कहा. वो ठीक मेरे सामने खड़ी हो गई और मेरी आँखों में देखते हुए बोली;

आशु: मैंने बहुत सोचा… ह....हमारा ये....घर से भागने .....का प्लान सही नहीं!

आशु ने बहुत डरते-डरते कहा, पहले तो मुझे बहुत गुस्सा आया पर फिर मुझे एहसास हुआ की जब हम कोई खतरनाक कदम उठाते हैं तो दिल में एक डर होता है और मुझे आशु के इसी डर का निवारण करना होगा.

मैं: अच्छा पहले ये बता की तुझे क्यों लगता है की ये फैसला गलत है? (मैंने बहुत प्यार से पूछा.)

आशु: कोई स्टेबल लाइफ नहीं होगी हमारी.... दरबदर की ठोकरें खाना... और फिर हर पल डर के साये में जीना....

मैं: जान! थोड़ा स्ट्रगल है पर वो हम मिल कर एक साथ करेंगे! लाइफ में हर इंसान को थोड़ा-बहुत स्ट्रगल तो करना ही पड़ता है ना? फिर तु अकेली नहीं हो, मैं हूँ ना तुम्हारे साथ.

आशु: पर मुझसे ये स्ट्रगल नहीं होगा! एक महीने की जॉब में मेरा मन ऊब गया और मैं ही जानती हूँ की ये पार्ट टाइम जॉब मैंने कैसे किया, तो फुल टाइम जॉब कैसे करुँगी?

मैं: तुझे कोई जॉब करने की जरुरत नहीं हे. मैंने तुम्हें जब शादी के लिए उस दिन प्रोपोज़ किया था. तब तुमसे वादा किया था की मैं तुझे पलकों पर बिठा कर रखूँगा, कभी कोई तकलीफ नहीं होने दूँगा! ये देख ४ लाख की एफ डी और आज की डेट में मेरे पास १ लाख रुपया कॅश में है, हमारे भागने तक अकाउंट में कम से कम ७ लाख होंगे! इतने पैसों से हम नै जिंदगी शुरू कर सकते हैं!

मैंने आशु को एफ डी की रिसीप्ट और बैंक की पास बुक दिखाई पर उसे तसल्ली अब भी नहीं हुई थी.

मैं: अच्छा ये देख, बैंगलोर में हमें किस लोकैलिटी में रहना है, वहाँ तक कैसे पहुँचना है और जॉब ऑफर्स सब लिखे हैं इसमें.

ये कहते हुए मैंने आशु को अपनी डायरी दिखाई जिसमें मैंने सब कुछ फाइनल कर के रेडी कर रखा था. पर मुझे ये जानकर हैरानी हुई की आशु का डायरी देखने में जरा भी इंटरेस्ट नहीं था. मतलब की बात कुछ और थी और अभी तक वो बस बहाने बना रही थी.

मैं: देख आशु, तो कुछ छुपा रही है मुझसे.यूँ बहाने मत बना और सच-सच बता की बात क्या है? (मैंने आशु के चेहरे को अपने दोनों हाथों में थामते हुए कहा.)

आशु की नजरें झुक गई और उसने सच बोलने में पूरी शक्ति लगा दी;

आशु: मैं किसी और को चाहने लगी हूँ?

अब ये सुनते ही मेरा खून खोल गया और मैंने आशु के चेहरे पर से अपने हाथ हटाए और एक जोरदार तमाचा उसके बाएँ गाल पर मारा.

मैं: कौन है वो हरामी?

मैंने गरजते हुए कहा, पर आशु डर के मारे सर झुकाये रोने लगी और कुछ नहीं बोली. मैंने आशु के दोनों कन्धों को पकड़ कर उसे झिंझोड़ा और उससे दुबारा पुछा;

मैं: बोल कौन है वो?

आशु सहम गई और डरते हुए बोली;

आशु: र....रक्षित

ये नाम सुन कर मैंने उसके कन्धों को अपनी पकड़ से आजाद कर दिया और सर झुका कर बैठ गया.मेरा मन मान ही नहीं रहा था की ये सब हो रहा है! तभी आशु ने हिम्मत बटोरी और बोली;

आशु: वो भी मुझसे बहुत प्यार करता है और शादी करना चाहता है!

ये सुन कर मैंने आशु की आँखों में देखा तो मुझे उसकी आँखों में वही आत्मविश्वास नजर आया जो उस दिन दिखा था जब आशु ने मुझसे अपने प्यार का इजहार किया था. मेरी आँखों में आँसू आ गए थे क्योंकि मेरे सारे सपने चकना चूर हो चुका था. और रह-रह कर मेरे दिल में गुस्सा भरने लगा था. ऐसा गुस्सा जो कभी भी फुट सकता था. पर आशु इस बात से अनजान और मेरी आँखों में आँसू देख उसमें हिम्मत आने लगी थी. आज तो जैसे उसने इस रिश्ते को हमेशा से खत्म कर देने की कसम खा ली थी इसलिए वो आगे बोली; "कॉलेज ट्रिप पर हम बहुत नजदीक आ गए! उसने मुझसे ना केवल अपने प्यार का इजहार किया बल्कि मुझे शादी के लिए भी प्रोपोज़ किया! मैं उसे मना नहीं कर पाई क्योंकि वो

मुझे एक स्टेबल लाइफ दे सकता है! फिर आप ये भी तो देखो की आपकी और मेरी उम्र में कितना फासला है?!

आशु को एहसास नहीं हुआ की जोश-जोश में वो असली सच बोल गई जिसे सुनते ही मेरा गुस्सा फुट पड़ा और मैंने एक जोरदार झापड़ उसके गाल पर मारा और उसे जमीन पर धकेल दिया. मैं बहुत जोर से उस पर चिल्लाया; "ये था ना तेरा प्यार? तुझे सिर्फ ऐशों-आराम की जिंदगी जीनी थी ना? मन भर गया न तेरा मुझसे? तो साफ़-साफ़ बोल देती ये उम्र का फासला कहाँ से आ गया? ये तब याद नहीं आया था जब मुझसे पहली बार अपने प्यार का इज़हार किया था तूने?हरामी! मैं ही बावला था जो तेरे चक्कर में पड़ गया." आशु का बायाँ हाथ उसके गाल पर था और वो सर झुकाये वहीँ खड़ी थी. पर उसे देख कर मेरा गुस्सा बढ़ता ही जा रहा था. मैंने एक आखरी बार कोशिश की और अपने दोनों हाथों से उसके चेहरे को थामा, उसकी आँखों में झांकते हुए कहा: "प्लीज बोल दे तू मजाक कर रही थी? प्लीज .... प्लीज .... मैं तेरे आगे हाथ जोड़ता हु." पर उसकी आँखों में आँसूँ बह निकले थे और उसकी आंखें सब सच बता रहीं थी की अब तक जिस दिल पर मेरा नाम लिखा था उसे तो वो कब का अपने जिस्म से निकाल कर कचरे में डाल चुकी हे. "तू...तू जानती है वो लड़का किसका बेटा है? और उसके बाप ने तेरे....." मेरे आगे कहने से पहले ही आशु ने हाँ में सर हिलाया और अपने आँसूँ पोछते हुए बोली; "जानती हूँ... उसके पापा ने पंचायत में मेरी माँ को मौत की सजा सुनाई थी."

"और ये जानते हुए भी तू उससे प्यार करती है?"

"गलती मेरी माँ की थी. उसने शादीशुदा होते हुए भी किसी और से प्यार किया." आशु ने सर झुकाये हुए कहा, जैसे की उसे अपनी माँ के किये पर शर्म आ रही थी.

"गलती? और जो तूने की वो क्या थी?" मेरा मतलब हम दोनों के प्यार से था.

"उसी गलती को तो सुधारना चाहती हु." उसका जवाब सुनते ही मेरे तन बदन में आग लग गई और मैंने उसके गाल पर एक और तमाचा जड़ दिया.

"तो ये प्यार तेरे लिए गलती था? उस टाइम तो तू मरने के लिए तैयार थी और अब तुझे वही प्यार गलती लग रहा है?" आशु फिर चुप हो गई थी. अब मेरे अंदर कुछ भी नहीं बचा था. मैं हार मानते हुए अपने घुटनों के बल आ गिरा और अपने दोनों हाथों से अपने सर को पकड़ा. मेरी आँखों से खून के आँसूँ बह निकले थे; "क्यों? .... क्यों किया तूने ऐसा मेरे

साथ? क्यों मुझ जैसे पत्थर दिल को प्यार करने पर मजबूर किया और जब तेरा दिल भर गया तो मुझे छोड़ दिया. मैंने मना किया था...कहा था ....पर..." मैंने फूटफूटकर रोते हुए कहा.

आशु खड़ी होकर मेरे पास आई मेरे कंधे पर हाथ रखते हुए बोली; "हम अच्छे दोस्त तो रह सकते हैं?" ये सुनते ही मैंने उसका हाथ झिड़क दिया; "फक यू अँड फक योवर दोस्ती! नाऊ गेट दीं फक आऊट ऑफ माई हाऊस! अँड आई कर्स यू.... आई कर्स यू दॅट यू विल बी नेवर बी हॅपी... यू विल सफर... सो ब्याड दॅट एवरी डे... एवरी फकिंग डे विल् बी लाईक हेल फॉर यू! यू विल बिग फॉर दिस मिजरी टू एंड बट इट विल गेट वॉर्स ....वॉर्स टील एवरीथिंग यू लव इज लॉस्ट फॉरएवर!" इतना सुन के आशु रोती-बिलखती हुई दरवाजा जोर से बंद कर के चली गई.

उसके जाने के बाद तो जैसे मेरे जिस्म में अब जान ही नहीं बची थी और मैं निढाल होकर उसी जमीन पर गिर पड़ा और रोता रहा. रह-रह कर आशु की सारी बातें याद आने लगी जिससे दिमाग में और गुस्सा आता और गुस्से में आ कर मैं जमीन में मुक्के मारने लगता पर मेरे दिल का दर्द बढ़ता ही जा रहा था. शाम ५ बजे तक मैं जमीन पर पड़ा हुआ यूँ ही रोता रहा, पर जब फिर भी दिल का दर्द कम नहीं हुआ तो मैं उठा और अपने दिल के दर्द को कम करने के लिए दारु लेने निकल पडा.

जेब में जितने पैसे थे सबकी दारु खरीद ली और घर लौट आया. जैसे ही दारु की बोतल खोलने लगा तो वो दिन याद आया जब आशु से वादा किया था की मैं कभी शराब को हाथ नहीं लगाऊँगा. जैसे ही आशु की याद आई अंदर गुस्सा भरने लगा और जोश में आ कर मैंने बोतल सीधा मुँह से लगाईं और एक बड़ा घूँट भरा, जैसे ही घूँट गले से निकला तो गला जलने लगा. पर ये जलन उस दर्द से तो कम थी जो दिल में हो रहा था. अगला घूँट भरा तो वो दिन याद आने लगा जब आशु से मैंने अपने दिल की बात की कही, वो हमारा रोज फ़ोन पर बात करना ... उसका बार-बार मेरी बाहों में सिमट जाना.... उसका बार-बार मुझे किस करना और बेकाबू हो जाना.... वो हर एक पल जो मैंने उसके साथ बिताया था उसे याद कर के मैं पूरी की पूरी बोतल गटक गया और फिर बेसुध वहीँ जमीन पर लेट गया.मुझे कोई होश-खबर नहीं थी की मैं कहाँ पड़ा हूँ, सुबह कब हुई पता ही नहीं चला. सुबह के ग्यारह बजे मेरे फ़ोन की घंटी ताबड़तोड़ बजने लगी और मैं कुनमुनाता हुआ उठा और बिना देखे ही फ़ोन अपने कान पर लगा लिया;

मैं: हम्म्म...

बॉस: कहाँ पर है?

मैं: ममम...

बॉस: ग्यारह बज रहे हैं! तू अभी तक घर पर पड़ा है? शर्मा जी की फाइल कौन देगा? जल्दी ऑफिस आ!

ये सुनकर मुझे थोड़ा होश आया पर सर दर्द से फटा जा रहा था और बॉस की जोरदार आवाज कानों में दर्द करने लगी थी. इसलिए मैंने उनका फ़ोन ऐसे ही जमीन पर रख दिया और अपनी ताक़त बटोर के उठने को हुआ तो लड़खड़ा गया.फिर मैंने दुबारा उठने की कोशिश नहीं की और फिर से सो गया.करीब १ बजे फिर से बॉस का फ़ोन आया पर मैं ने फ़ोन नहीं उठाया और फ़ोन ही बंद कर दिया. उस समय मेरा दिमाग काम नहीं कर रहा था बस मुझे नशे में सोना था और ये भी होश नहीं था की मैं फर्श पर ही नींद में पेशाब रहा हु. ५ बजे आँख खुली और मैं उठा, कमर से नीचे के सारे कपडे मेरे ही पेशाब से गीले थे. मैं उठा और जैसे-तैसे खड़ा हुआ और बाथरूम में गया और अपने सारे कपडे उतार दिए और बाल्टी में फेंक दिए और नंगा ही कमरे में आया. अलमारी की तरफ गया और उसमें से एक कच्छा निकाला और एक बनियान निकाली और उसे पहन के किचन से वाइपर उठा के फर्श पर पड़े अपने पिशाब को बाथरूम की तरफ खींच दिया और वाइपर वहीँ पटक दिया. कमरे की खिड़कियाँ खोली और तभी याद आया की आशु वहीँ खड़ी हो कर बहार झाँका करती थी. फिर से मन में गुस्सा भरने लगा और शराब की दूसरी बोतल निकाली पर इससे पहले की उसे खोलता बाजु वाले अंकल ने घंटी बजाई. मैंने दरवाजा खोला तो उन्होंने मुझसे अपने घर की चाभी माँगी और मेरी हालत देख कर समझ गए की मैंने बहुत पी रखी हे. उनहोने कुछ नहीं कहा बस 'एन्जॉय' कहते हुए निकल गये. मैंने दरवाजा ऐसे ही भेड़ दिया पर दरवाजा लॉक नहीं हुआ.

मैं आकर उसी खिड़की के सामने जमीन पर बैठ गया, पीठ दिवार से लगा कर दारु की बोतल खोली और सीधा ही उसे अपने होठों से लगाया और एक बड़ा से घूँट पी गया.आज मुझे उतनी जलन नहीं हुई जितनी कल हुई थी. पास ही फ़ोन पड़ा था उसे उठाया, फिर याद आया की सुबह बॉस ने कॉल किया था और फिर फ़ोन वापस स्विच ऑफ ही छोड़

दिया. अगला घूँट पीते ही दरवाजा खुला और मेरे ऑफिस का कलिग मोहित अंदर आया और मुझे जमीन पर बैठे दारु पीते देख बोला; "अबे साले! बॉस की वहाँ जली हुई है तेरी वजह से और तू यहाँ दारु पी रहा है?" मैंने उसकी तरफ देखा पर बोला कुछ नहीं.बस दारु का एक और घूँट पिया."अबे दिमाग ख़राब हो गया है क्या तेरा?" उसने मुझे झिंझोड़ते हुए कहा पर मैं अब भी कुछ नहीं बोल रहा था बस एक-एक घूँट कर के दारु पिए जा रहा था. मोहित मुझे बहुत अच्छे से जानता था की मैं कभी इतनी नहीं पीता, हमेशा लिमिट पि है मैंने और आज इस तरह मुझे बिना रुके पीता हुआ देख वो भी परेशान होगया.मेरे हाथ से बोतल छीन ली और बोला; "अबे रुक जा! हरामी पिए जा रहा है, बता तो सही क्या हुआ?" मैंने अब भी उसकी बात का कोई जवाब नहीं दिया बस उससे बोतल लेने लगा तो उसने बोतल नहीं दी और दूर खिड़की के पास खड़ा हो कर पूछने लगा. जब मैं कुछ नहीं बोला तो वो समझ गया की ये दिल का मामला हे. इधर मैं भी ढीठ था तो मैं उठ के उससे जबरदस्ती बोतल छीन के ले आया और वापस नीचे बैठ के पीने लगा. "यार पागल मत बन! उस लड़की के चक़्कर में ऐसा मत कर! बीमार पढ़ जायेगा."उसने फिर से मेरे हाथ से बोतल खींचनी चाही तो मैं बुदबुदाते हुए बोला: "मरूँगा तो नहीं ना?"

"पागल हो गया है तू?" उसने गुस्से से मुझे डाँटते हुए कहा. "ये सब छोड़... ये बता ... माल है तेरे पास?" मैंने मोहित से पूछा तो वो गुस्सा करने लगा. "यार है तो दे दे वरना मैं बहार से ले आता हु." ये कह कर मैं उठा तो मोहित ने मुझे संभाला. वो जानता था ऐसी हालत में मैं बाहर गया तो पक्का कुछ न कुछ काण्ड हो जायेगा. "ये ले" इतना कह कर उसने मुझे एक गांजे की पुड़िया दी और मैंने उसी से सिगरेट माँगी और लग गया उसे भरने.पहला कश लेते ही मैं आँखें बंद कर के सर दिवार से लगा कर बैठ गया."बॉस को कह दियो की मैं तुझे घर पर नहीं मिला." मैंने आँखें बंद किये हुए ही कहा.

"अबे तेरी सटक गई है क्या? साले एक लड़की के चक्कर में आ कर कुत्ते जैसे हालत कर ली तूने अपनी! हरामी पूरे घर से बदबू आ रही है और तू चढ्ढी में बैठा शराब पिए जा रहा है? अबे होश में आ साले गधे?!" वो सब गुस्से में कहता रहा पर मेरे कान तो ये सब सुनना ही नहीं चाहते थे, वो तो बस उसी की आवाज सुन्ना चाहते थे जिसने मेरा दिल तोडा था. अगर अभी वो आ कर एक बार मुझे आई लव यू कह दे तो मैं उसे फिरसे सीने से लगा लूँगा और उसके सारे गुनाह माफ़ कर दूँगा, पर नहीं.... उसे तो अब कोई और प्यारा था! जब मोहित का भाषण खत्म हुआ तो उसने मेरे हाथ से सिगरेट ले ली और कश लेने लगा; "तू साले....छोड़ हरामी! अच्छा ये बता कुछ खाया तूने?" मैंने अभी भी उसकी बात का जवाब नहीं दिया और वो दिन याद किया जब वो मेरे कॉल न करने से नाराज हो जाया करती थी

और मैं उसे कॉल कर के पूछता था की कुछ खाया?" ये याद करते हुए मेरी आँख से आँसूँ बह निकले, उन्हें देखते ही मोहित को मेरे दिल के दर्द का एहसास हुआ और उसने मेरे कंधे पर थपथपाया और मुझे ढांढस बँधाने लगा.मैंने अपना हाथ उसके हाथ पर रख दिया और बोला; "थैंक्स भाई!!!" फिर अपने आँसूँ पोछे; "अब तू घर जा, भाभी चिंता कर रही होंगी.कल मैं ऑफिस आ जाऊंगा." उसे मेरी बात पर भरोसा हो गया पर जाते-जाते भी वो मेरे लिए खाना आर्डर कर गया.

अगली सुबह उठा और सबसे पहले माल फूँका! फिर मुँह धोया और अपनी लाश को ढोता हुआ ऑफिस आया. मुझे देखते ही बॉस ने इतना सुनाया की पूछो मत पर मैंने उसकी किसी बात का जवाब नहीं दिया. जवाब देता भी कैसे गांजे के नशे से मेरा होश गायब था और मैं बस सर झुकाये सब सुनने का दिखावा कर रहा था. जब उसका गुस्सा हो गया तो वो अपने केबिन में चला गया और मैं अपने टेबल पर आ कर बैठ गया.मोहित मेरे पास आया और मेरे कंधे पर हाथ रखा, जब मैंने सर उठाया तो मेरी आँखों की लाली देख कर वो समझ गया की मैंने गांजा पी रखा है और वो हँस दिया. उसे हँसता देख मेरी भी हँसी निकल गई. खेर इसी तरह दिन निकलने लगे, रोज बॉस की गालियाँ सुनना और फिर घर आकर दारु पीना और सो जाना. हर शुक्रवार घर से फ़ोन आता की मैं आशु को ले कर घर आ जाऊँ पर मैं कोई न कोई बहाना बना के बात टाल देता.

पूरा एक महीना निकल गया और अब हालातों ने मुझे एक मुश्किल दोराहे पर ला कर खड़ा कर दिया. फ़ोन बजा जब देखा तो पिताजी का नंबर था और उन्होंने मुझे और आशु को कल घर बुलाया था. आशु की शादी के लिए मंत्री साहब के लड़के का रिश्ता आया था. ये सुन कर खून तो बहुत उबला पर मैं कुछ कह नहीं सका. "आप आशु.............अश्विनी के हॉस्टल फोन कर दो वो मुझे कॉल कर लेगी." इतना कह कर मैंने कॉल काट दिया. मैं ऑफिस की छत पर चला गया और सिगरेट जला कर फूँकता रहा और ये सोचता रहा की कल कैसे उस बेवफा की शक्ल बर्दाश्त करूँगा! रात को अश्विनी का कॉल आया और उसका नंबर स्क्रीन पर फ़्लैश होते ही गुस्सा बाहर आ गया.पर मुझे अपना गुस्सा थोड़ा काबू करना था; "कल सुबह दस बजे बस स्टैंड|" इतना कह कर मैंने फ़ोन काट दिया. उस रात २ बजे तक मैं पीता रहा और मन ही मन उसे कोसता रहा और सुबह मेरी आँख ही नहीं खुली. सुबह १०:३० बजे अश्विनी के धड़ाधड़ कॉल आये तब नींद खुली पर आँखें अब भी नहीं खुल रही थी.मैंने बिना देखे ही फ़ोन अपने कान पर लगा दिया; "आप कहाँ हो?" ये जानी पहचानी आवाज सुन कर आँख खुली और याद आया की मुझे तो दस बजे बस स्टैंड पहुँचना था. "आ रहा हूँ!" इतना कह कर मैंने फोन काटा और बिना मुँह धोये ही निकल गया.बाल बिखरे हुए, दाढ़ी बढ़ी हुई और जिस्म से ही दारु की तेज महक आ रही थी. जब

मैं बस स्टैंड पहुँचा तो मुझे आशु इंतजार करती हुई दिखी, आज पूरे एक महीने बाद देख रहा था और मन में जिस प्यार को मैं दफना चूका था वो अब उभर आया था. मैंने जेब से फ्लास्क निकला और दारु का एक घूँट पिया और फिर अश्विनी की तरफ चलने लगा. अश्विनी की नजर जब मुझ पर पड़ी तो वो आँखें फाड़े बस मुझे ही देखे जा रही थी. आज तक उसने मुझे जब भी देखा था तो क्लीन शेवन और वेल ड्रेस देखा था और आज मुझे इस कदर देख उसका अचरज करना लाजमी था. उसके पास आ कर मैं रुका और जेब में हाथ डाल कर सिगरेट निकाली और जला कर उसका धुआँ उसके मुँह पर फूँका! वो थोड़ा खांसते हुए बोली; "आपने तो कसम खाई थी की आप कभी दारु और सिगरेट को हाथ नहीं लगाओगे?"

"तुमने भी तो कसम खाई थी की मेरा साथ कभी नहीं छोड़ोगी?! बट हिअर वी आर!" ये कह कर मैंने उसे ताना मारा और फिर नजरें इधर-उधर घुमाने लगा. मैं टिकट काउंटर पर पहुँचा तो पता चला की आखरी बस जा चुकी है जो शायद अश्विनी भी जानती थी. बस एक लेडीज स्पेशल बस थी जो अभी आने वाली थी. मैंने मन ही मन सोचा की इसे अकेले ही भेज देता हु. इसलिए मैं टहलता हुआ वापस उसके पास आया; "लेडीज स्पेशल बस आने वाली है, उसमें चली जा! मैं घर फोन कर देता हूँ कोई आ कर ले जाएगा."

"अकेले...पर ...मैं तो...." वो नजरें झुकाये डरते हुए बोलने लगी.

"तो बुला ले अपने 'रक्षित' को! वो छोड़ देगा तुझे गाँव." मेरा फिर से ताना सुन कर वो चुप हो गई और तभी मुझे फैजल नजर आया. ये फैजल उन्ही रहीम भैया का छोटा भाई था और वो मुझे अच्छे से जानता था. उसने मुझे देखते ही हाथ दिखा कर रुकने को कहा और मेरे पास ही बाइक दौड़ाता हुआ आ गया.

फैजल: अरे साब! आप यहाँ कैसे?

मैं: बस गाँव जा रहा था. पर बस निकल गई.

फैजल: अरे तो क्या हुआ साब, ये रही बस मैं भी उसी रास्ते जा रहा हु.

फैजल एक प्राइवेट बस का कंडक्टर था और अपने भाई की ही तरह मेरी बहुत इज्जत करता था. अश्विनी ने हम दोनों की सारी बातें सुन ली थी और वो थोड़ा हैरान भी थी की मैं कैसे फैजल को जानता था. मैंने उसे बैठने का इशारा किया और खुद बाहर ही रुक गया और दूकान से एक परफ्यूम की बोतल ली और एक काला चस्मा.घर पर कोई नहीं जानता था की मैं दारु पीता हूँ और इस हालत में घर जाता तो काण्ड होना तय था. मैंने परफ़्म अच्छे से लगाया और फैजल से माल माँगा उसने भी मुस्कुराते हुए अपनी भरी हुई सिगरेट मुझे दे दी और बदले में मैंने उसे पैसे दे दिये. बस के पीछे खड़ा मैं चुप-चाप सिगरेट पीता रहा और जब बस भर गई तो मैं बस में चढ़ गया.आशु खिडक़ीवाली सीट पर बैठी थी और उसकी साथ वाली सीट खाली थी पर मैं वहाँ नहीं बैठा बल्कि लास्ट वाली सीट पर पहुँच गया जो अभी भी खाली थी. मैंने उस पर पाँव पसार के लेट गया और सोने लगा. गांजे ने दिमाग तो पहले ही सन्न कर दिया था. एक बजा होगा और मुझे पेशाब आ रहा था तो मैं उठ कर बैठ गया.बस रुकने वाली थी और मैं ने उठ कर देखा तो अब भी आशु के बगल वाली सीट खाली ही थी. इतने में एक लड़का जो मेरे दाईं तरफ बैठा था वो उठा और जा कर अश्विनी के साथ बैठ गया और उसके साथ बदसलूकी करने लगा. वो जानबूझ कर उससे चिपक कर बैठा था और जबरदस्ती उससे बात करने लगा. अश्विनी उसके साथ बहुत अनकंफर्टेबल थी और बार-बार उससे कह रही थी की; "मुझे आपसे बात नहीं करनी!" पर वो हरामी बाज़ ही नहीं आ रहा था.

मैं धीरे-धीरे आगे बढ़ा और उस लड़के की गद्दी पर जोरदार थप्पड़ मारा. मेरा थप्पड़ लगते ही वो पलट के मुझे देखने लगा, मैंने ऊँगली के इशारे से उसे उठने को कहा: "निकल हरामी!" मैंने गरजते हुए कहा और ये सुनते ही फैजल पीछे की तरफ देखने लगा और उसे समझते देर न लगी की माजरा क्या हे. उसने एक कंटाप उस लड़के के मारा और लात मार के बस से उतार दिया और चिल्लाता हुआ बोला; "मंदबुद्धी कहिके दुबारा अगर दिख गया न तो गंडिया काट डालब!" आशु की आँखें भर आईं थीं और उसने मेरी तरफ देखा और 'थैंक यू' कहना चाहा पर मैंने उससे नजर ऐसे फेर ली जैसे की वो यहाँ थी ही नहीं! मैं आगे चला गया और कंडक्टर के बाजू वाली सीट पर बैठ गया.नशे का झोंका आ रहा था और मुझे नींद आ रही थी तो मैं बैठे-बैठे ही सोने लगा. दस मिनट बाद बस रुकी और मैं पेशाब कर आ गया और वापिस पीछे की सीट पर लेट गया.जब हमारा बस स्टैंड आया तो फैजल मुझे जगाने आया और वापस जाते समय अश्विनी से माफ़ी माँगने लगा; "दीदी...वो माफ़ करना आपको उस हरामी की वजह से तकलीफ हुई." अश्विनी ये सुन के सन्न रह गई और मेरी तरफ देखने लगी पर मैंने कुछ नहीं कहा और बस से नीचे उतर आया. बस स्टैंड से हम दोनों गज भर की दूरी पर चल रहे थे, मैंने जेब से फ्लास्क निकला और शराब पीने लगा. मन में बहुत दु:ख था और घर जाने से मैं कतरा रहा था. दरअसल मैं अश्विनी का रिश्ता

अपने सामने होते हुए नहीं देखना चाहता था और इसीलिए जब घर दूर से नजर आने लगा तो मैंने अश्विनी से अकेले जाने को कहा. "आप घर नहीं...." वो बस इतना ही बोल पाई की में बोल पड़ा; "घर में बोल दिओ कल मेरा ऑफिस था इसलिए मैं यहीं से चला गया." इतना कह कर मैं पलट कर वापस बस स्टैंड की तरफ चल पडा. अश्विनी मेरे दर्द को महसूस कर रही थी पर उसने कहा कुछ नहीं और चुप-चाप सर झुकाये घर चली गई. मैं बस स्टैंड पहुँचा और वहाँ बैठा बस का इंतजार करने लगा, अगली बस आने में आधा घंटा था तो मैं वहीँ लेट गया और कैसे भी कर के अपने दर्द को कम करने की सोचने लगा. अश्विनी की शादी में मैं खुद को कैसे सम्भालूंगा बस यही सोच रहा था की बस आ गई और मैं फिर से सबसे पीछे वाली सीट पकड़ के लेट गया.तभी घर से फ़ोन आया और पिताजी चिल्लाने लगे की मैं घर क्यों नहीं आया, मैंने फ़ोन उठा कर सीट पर दूसरी तरफ रख दिया और खुद खिड़की की से बाहर देखने लगा. जब मैंने फ़ोन देखा तो कॉल कट चूका था पर इसका मुझे जैसे कोई फर्क ही नहीं पड़ा, मैंने फिर से जेब से फ्लास्क निकाली और आखरी घूँट पिया और शहर आने का इंतजार करने लगा.

सात बजे मे शहर पहुँचा और उतरते ही पेट में दारु की ललक जाग गई. ठेके से दारु ली और एक सब्जी वाले से कखडी ली और घर आ गया और पीने लगा. आज अश्विनी की शक्ल देख कर कोफ़्त हो रही थी पर मुझे मेरी समस्या का अब तक कोई रास्ता नहीं मिला था. जमाने से तो विश्वास उठ चूका था मेरा, मेरा दिमाग कह रहा था की सब के सब मतलबी हैं यहाँ! सब मुझसे कुछ न कुछ चाहते थे, सुमन पढ़ना चाहती थी तो राखी ऑफिस के काम में मेरी हेल्प और तो और नितु मैडम ने भी मेरे जरिये अपना डाइवोर्स ले लिया था. ये डाइवोर्स फायनल वाली बात मुझे मोहित ने ही बताई थी और अब ये सब बातें मुझे कचोटने लगी थी. क्या मैं इस दुनिया में सिर्फ दूसरों के लिए जीने आया हूँ? क्या मुझे मेरी ख़ुशी का कोई हक़ नहीं? क्या माँगा था मैंने जो भगवान से दिया न गया? बस एक अश्विनी का प्यार ही तो माँगा था और उसने भी मुझे धोका दे दिया! ये सब सोचते-सोचते मेरी आँख से आँसू बहने लगे और मैं अपनी आँख से बहे हर एक कतरे के बदले शराब को अपने जिस्म में उतारता चला गया.कब नींद आई मुझे कुछ होश नहीं था. आँख तब खुली जब सुबह का अलार्म तेजी से बज उठा.

मैं कुनमुनाया और अलार्म बंद कर दिया पर ठीक पांच मिनट बाद फिर अलार्म बजा और मैं बड़े गुस्से के साथ उठा और जमीन पर फिर से बैठ गया.खिड़की से आ रही ठंडी हवा और उजाले ने मेरी नींद थोड़ी तोड़ दी थी. मेरा मन अब ये जॉब करने का बिलकुल नहीं था. क्योंकि अब मुझे इसकी कोई जरुरत नजर नहीं आ रही थी. ऊपर से ये घर जिसमें अश्विनी के लिए मेरा प्यार बस्ता था अब मुझे अंदर ही अंदर खाने लगा था. मैं उठा और नहाने चला

गया, फिर बाहर आते ही मैंने लैपटॉप पर रेंट पर मकान देखने शुरू किये और तब मुझे याद आया की कहाँ तो मैं अपने और अश्विनी के लिए बैंगलोर में मकान ढूँढ रहा था और कहाँ लखनऊ में ढूंढने लगा. मन में एक खेज सी उठी .....

लिस्ट में जो नाम सबसे ऊपर था उसी पर कॉल किया और अपनी रिक्वायरमेंट और बजेट उसे बता दिया. उसने ग्यारह बजे मुझे मिलने बुलाया. मैंने तुरंत बॉस को फ़ोन किया की मुझे घर शिफ्ट करना है इसलिए मैं आज नहीं आ पाउँगा, ये बोल कर मैं दलाल के पास चल दिया. एक-एक कर उसने मुझे ३-४ ऑप्शन दिखाए पर मुझे जो जच्चा वो था ठेके के पास. एक सोयाईटी थी और रेंट १५,०००/- था. २ बीएचके था बस ऑफिस से बहुत दूर था. पर हाईवे के पास था. वैसे भी मुझे कौन सा ऑफिस जाना था अब, मुझे तो जल्द से जल्द उस घर से निकलना था जहाँ अब मेरा दम घुटने लगा था. मकान मालिक ने मुझसे मेरे काम-धंधे के बारे में पुछा तो मैंने उसे सब कुछ बता दिया और अपने डॉक्युमेंट भी दिखा दिये. सब बात फाइनल कर मैं ने उनकी बैंक डिटेल्स ले ली और उसी वक़्त उन्हें सारी पेमेंट कर दी. दलाल ने सारे कागज बनवाने थे, मैं सीधा घर आया और दो स्युटकेस में अपना समान भरा और घर की चाभी पुरुषोत्तम अंकल जी को देने चल दिया. उन्हें मैंने ये कहा की मेरी पोस्टिंग अब बरेली में ज्यादा रहती है इसलिए मैंने नया घर हाईवे के पास लिया है ताकि आने-जाने में आसानी हो. घर की जाहिरात मैंने ऑनलाइन डाल दी है और नंबर उन्हीं का डाला हे. तो वो खुश हुए की उन्हें नया किरायदार ढूंढने के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी पडेगी.

अपनी बुलेट रानी पर पीछे सारा समान बाँध कर मैं नए फ्लैट पर आ गया और समान रख कर सीधा कुछ समान खरीदने निकल पडा. ग्लास का एक सेट, दारु की बोतल और कुछ चखना ले कर मैं घर लौट आया. अभी मैंने सोचा ही था की मैं पीना शुरू करूँ की दलाल और मकान मालिक कागज ले कर आ गये. उन्होंने देख लिया की बिस्तर पर शराब की बोतल रखी है पर किसी ने कुछ नहीं कहा, क्योंकि उनका मुँह-माँगा रेंट जो दे रहा था. कागज साइन कर के उन्होंने एक काम करने वाली दीदी से मिलवाया जो सब के यहाँ झाडू-पोछा और बाकी के काम करती थी. मेरे लिए तो ये ऐसा था जैसे अंधे को आँखें मिल गई हों. मैंने उनसे सारे काम की बात कर ली, झाडू-पोछा, कपडे, बर्तन और दिन में एक बार खाना बनाना. उन्होंने डरते हुए १,०००/- कहा. मैं जानता था की ये कम है पर मैंने इस डर से कुछ नहीं कहा की कहीं मकान मालिक इससे कमिशन में पैसे ना लेता हो. मैंने सोचा जब ये काम करने आएँगी तो मैं इन्हें पैसे बढ़ा कर दे दूंगा. मकान मालिक ने जाते-जाते बस इतना कहा; "बेटा प्लीज कोई बखेड़ा खड़ा मत करना." मैं उनका मतलब समझ गया."अंकल जी मैं बहुत शांत स्वभाव का आदमी हूँ, यहाँ किसी से मेरी कोई बात-चीत

नहीं होगी और न ही आपको कोई शिकायत आयेगी." मैंने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा. दीदी भी कह गईं की वो कल सुबह ७ बजे आएँगी, अब मुझे तंग करने वाला कोई नहीं था. मैंने अपना पेग बनाया और बालकनी में फर्श पर बैठ गया और सड़क को देखते-देखते घूँट भरने लगा. आज पता नहीं पर मेरा मन कह रहा था की शायद....शायद कुछ अच्छा हो जाए!पर नहीं ..... ऊपर वाला तो मुझसे आज कल बहुत खफा था. पास में पड़ा फ़ोन जिसमें अभी नुसरत फ़तेह अली का गाना बज रहा था वो अचानक से बंद हुआ और पिताजी का कॉल आ गया.

मैं: जी

पिताजी: बेटा अश्विनी का रिश्ते पक्का हो गया है, दिवाली के दूसरे दिन ही शादी है!

पिताजी ने हँसते हुए कहा और ये सुन कर मेरा हाल बेहाल था! आँख से एक कतरा एक आँसूँ निकला और बहता हुआ मेरी गोद में गिरा. जिसके दिल पर मेरा नाम लिखा था आज वो किसी और के नाम की मेहँदी रचवाने वाली थी! जो कल तक मेरा नाम लिया करती थी वो अब किसी और की होने जा रही थी. मैं अपने इन्हीं ख्यालों में गुम था और इधर पिताजी उम्मीद कर रहे थे की मैं ख़ुशी से उछाल जाऊंगा.

पिताजी: हेल्लो? सागर? हेल्लो?

मैं: हाँ जी! इधर ही हूँ मैं|

पिताजी: बेटा हम लोगों को तुझसे बात करनी है तू कल के आ जा.

अब में घर जा कर उस बेवफा की सूरत नहीं देखना चाहता था. उससे मेरा गम बढ़ना ही था कम नहीं होना था!

मैं: जी...वो....मैं नहीं आ पाऊँगा.आप बताइये की क्या काम था?

पिताजी: बेटा इतनी ख़ुशी की बात है और तू वहाँ अकेला है? देख भाई साहब भी कह रहे थे की तू कल आ जा वरना हम तुझे लेने आ जाते हे.

मैं: मैं लखनऊ में नहीं हूँ! मैं.....नॉएडा में हूँ!

पिताजी: क्या? पर क्यों?

मैं: जी वो काम....काम के सिलिसिले में आना पडा.

पिताजी: तो कब वापस आ रहा है?

मैं: जी टाइम लगेगा.... २०-२५ दिन....

उस टाइम मेरे मुँह में जो झूठ आ रहा था मैं वो सब बोले जा रहा था. मेरी शायद ये बात ताऊ जी भी सुन रहे थे इसलिए अगली आवाज उनकी थी जो बहुत गुस्से में थी;

ताऊ जी: सागर! अश्विनी के लिए इतना अच्छा रिश्ता आया है और तू बहाने बनाने में लगा है! मैं कहे देता हूँ की ये रिश्ता हाथ से जाना नहीं चाहिए, मंत्री जी सामने से रिश्ता ले कर आये हैं! अश्विनी की शादी से पहले मैं चाहता हूँ की तेरी शादी हो जाये. अच्छा लगता है की चाचा कुंवारा बैठा है और भतीजी की शादी हो रही है?! कल पहुँच यहाँ!

मैं: ताऊ जी मैं आपको पहले ही कह चूका ही की मुझे अभी शादी नहीं करनी तो फिर आप बार-बार मेरे पीछे क्यों पड़ जाते हैं? जिसका रिश्ता आया है उसकी चिंता करिये पहले! शादी के लिए वो मरी जा रही है मैं नहीं!

मैंने थोड़ा गुस्से में कहा क्योंकि कोई नहीं जानता था की मेरे दिल में क्या आग लगी है! हर किसी को अपनी करनी है तो करो, मैं भी अब वही करूँगा जो मुझे करना हे.

ताऊ जी: जुबान लड़ाता है? तुझे जरा सी छूट क्या दी तू तो हमारे सर पर नाचने लगा?

मैं: आप को ये रिश्ता अपने हाथ से नहीं जाने देना ना तो आप करो उसकी शादी. मेरे लिए कौन सा प्रधान मंत्री का रिश्ता आया है जो आप एक दम से शादी-शादी करने लगे?

दारु का नशा अब मुझसे सब बुलवा रहा था.

पिताजी: (चिल्लाते हुए) तू होश में है? क्या बोले जा रहा है? नशा-वषा किया है क्या? ऐसे बदतमीजी से बात करेगा तू भाई साहब से?

मैं: मैं इतनी बार तो आप सब से कह चूका हूँ की मुझे अभी शादी नहीं करनी तो फिर हर ६ महीने बाद आप लोग क्यों मेरे पीछे पड़ जाते हैं? आपको समाज की क्यों इतनी चिंता है? शादी के बाद बीवी को खिलाऊँगा क्या? या ये दुनिया वाले रोज ३ टाइम का खाना देने आएंगे मुझे?

शायद ताऊ जी को मेरी बात समझ आई और वो नरम होते हुए बोलने लगे;

ताऊ जी: ठीक है, तुझे शादी नहीं करनी ना? पर अपनी भतीजी की शादी में तो आ जा!

उनकी नरमी देख मुझे मेरी गलती का एहसास हुआ की उन्होंने तो मेरा दिल नहीं तोडा ना?

मैं: ताऊ जी मुझे माफ़ कर देना, मुझे आपसे इस तरह बात नहीं करनी चाहिए थी! मैं अभी शहर में नहीं हूँ, नॉएडा आया हूँ काम के सिलसिले में. कम्पनी के कुछ वीकनेसेस का काम है, इसलिए उसमें टाइम लगेगा. रही अश्विनी की शादी की बात तो मैं आ जाऊँगा, आप निश्चिन्त रहिये.अभी तो तकरीबन २ महीने हैं ना हमारे पास?

मैंने बड़ी हलीमी से बात की और ताऊ जी मान भी गये. फ़ोन कटते ही मैंने एक लार्ज पेग बनाया और उसे एक सांस में गटक गया.मैं कैसे उसकी शादी में जाऊँगा? कैसे उसे अपनी आँखों के सामने विदा होते हुए देखूंगा? काश ये सब देखने से पहले मैं मर जाता! ये सोचते-सोचते मैं पूरी बोतल पी गया पर कोई हल नहीं मिला. दिल और दिमाग को चैन नहीं मिल रहा था. अब तो दारु भी खत्म हो गई थी तो कुछ तो चाहिए था मुझे? मैं लड़खड़ाता हुआ उठा और गाँजा ढूँढने लगा, सारा समान उथल-पुथल करने के बाद मुझे वो मेरी ही पैंट की जेब में मिला. ठीक से दिख भी नहीं रहा था. इसलिए बड़ी मुश्किल से उसे सिगरेट में भरा और पहला कश लेते ही मैं वापस जमीन पर बैठ गया.दारु की खाली बोतल में मुझे एक आखरी बूँद दिखाई दी, मैंने उसे मुँह से लगाया और वो आखरी बूँद भी पी गया.ऐसा लगा मानो सबसे ज्यादा स्वाद उसी आखरी बूँद में था. फटाफट मैंने सिगरेट पी ताकि उसका नशा मेरा दिमाग जल्दी से सुन्न कर दे और मैं चैन से सो सकू. हुआ भी वही अगले दस मिनट में ही मेरी आँख लग गई और फिर सुबह खुली जब दीदी ने बेल्ल बजा-बजा कर मेरी नींद तोड़ी. मैंने बड़ी मुश्किल से उठ कर दरवाजा खोला, दरवाजा खुलते ही दीदी को दारु

का एक बहुत तेज भभका सूंघने को मिला. उन्होंने ने एक दम से अपनी नाक सिकोड़ ली और मुझे ये देख कर एहसास हुआ की मैंने क्या छीछालेदर किया है! मैं बिना कुछ कहे बाथरूम में घुसा और नहा-धो कर तैयार हुआ, अब घर में बर्तन तो थे नहीं की मुझे चाय मिलती| घर की सफाई हो चुकी थी और मुझे तैयार देख दीदी कहने लगीं की वो कपडे शाम को कर देंगी| मुझसे उन्होंने पुछा की मैं कितने बजे लौटूँगा तो मैंने उन्हें ६ बजे बोल दिया और फिर मैं ऑफिस के लिए निकल गया.आज मैंने सोच लिया था की सर को अपना रेसिग्नेशन दे दूंगा. ऑफिस आ कर जब मैंने जॉब छोड़ने की बात कही तो सर ने मुझे अपने सामने बिठाया और पुछा;

बॉस: पहले तो तू ये बता की ये क्या हालत बना राखी है अपनी? और क्यों ये जॉब छोड़ना चाहता है? कहीं कोई और जॉब मिल गई?

मैं: सर कुछ पर्सनल कारन हैं!

बॉस: जॉब छोड़ने के लिए पर्सनल कारन है या फिर ये दाढ़ी उगाने की वजह पर्सनल है?

सर बार-बार कारन जानने के लिए कुरेदते रहे क्योंकि पिछले कुछ महीनों में उन्होंने अंडर स्टाफिंग की थी और एकाउंट्स में सिर्फ दो ही लोग बचे थे, यानी मैं और मोहित और हम दोनों ही पूरा एकाउंट्स का काम देख रहे थे, हेडोफ़्फ़िस का भी और यहाँ ब्राँच का भी. अब मुझे सर को कुछ न कुछ बहाना मारना था तो मैंने कहा;

मैं: सर मैं बोर हो गया हूँ! इतनी दूर से आना पड़ता है!

बॉस: अरे भाई अभी तो तुम्हारी उम्र ही क्या है जो बोर हो गए? अभी तो सारी उम्र पड़ी है! दूर से आना पड़ता है तो यहाँ कहीं नजदीक घर देख ले!

मैं: सर यहाँ कहाँ बजट में घर मिलेगा?

बॉस: तो अब तो मेट्रो शुरू हो गई उससे आ जाया कर!

पर मैं तो मन बना चूका था की मुझे जॉब छोड़नी है इसलिए सर ने कहा;

बॉस: ठीक है यार अब तेरा मन बन ही चूका है तो, पर देख एक महीना रुक जा और ये काम निपटा दे फिर बाकी का मोहित संभाल लेगा.

मैं: जी ठीक है पर सर सुबह के टाइम में थोड़ा रिलॅक्ससेशन दे दो! रात को आप जितनी देर बोलो उतनी देर बैठ जाऊँगा!

सर मान गए और मैंने सोचा की अब महीना तो शुरू हो ही चूका है तो रो-पीट कर दिन पार कर लेता हूँ! इधर जब ये खबर मोहित को पता चली तो उसने चुप-चाप प्रफुल को फ़ोन कर दिया और शाम को जबरदस्ती मेरे साथ मेरा घर देखने के बहाने से मेरे साथ आ गया.रास्ते में ही उसने प्रफुल को भी पिक करने को कहा. जैसे ही प्रफुल ने मेरी हालत देखि तो वो गाली देते हुए कहने लगा; "हरामी क्या हालत बना राखी है अपनी?" पर मेरे जवाब देने से पहले ही मोहित बोल पड़ा; "साहब आज कल मजनू हो गए हैं!" मैं बस झूठी हँसी हँस कर रह गया, दोनों को एक मिनट छोड़ कर मैं कुछ लेने चला गया, वापस आया तो मेरे पास चिप्स, नमकीन और सोडे की बोतल थी.

हम तीनों दारु लेते हुए घर आ गए, बालकनी में तीनों जमीन पर बैठ गए और मैंने तीनों के लिए स्मॉल-स्मॉल पेग बनाये.इधर प्रफुल ने खाना आर्डर कर दिया. उन दोनों ने एक सिप ही ली थी और मैं एक साँस में गटक गया."अबे साले! आराम से, तू तो कतई देवदास हो रखा!" प्रफुल बोला पर आगे बात होने से पहले ही दीदी आ गईं और मैंने दरवाजा खोला. वो चुप-चाप बाथरूम में कपडे धोने लगी. मोहित ने बात शुरू करते हुए कहा; "जनाब नौकरी छोड़ रहे हैं!" ये सुनते ही प्रफुल चौंक पड़ा और बोला; तू पागल हो गया क्या? एक लड़की के चक्कर में पड़ कर इतनी अच्छी नौकरी छोड़ रहा है? होश में आ और लाइफ में प्रॅक्टिकल बन जा. देख तुझे मैं एक शुअर शॉट तरीका बताता हूँ उस लड़की को भूलने का. घर के अंदर बैठेगा तो इसी तरह ऊल-जुलूल हरकतें करेगा, घर से बाहर निकल और पेल दे किसी लड़की को! मेरे ऑफिस में है एक लड़का मैं उससे किसी लड़की का नंबर माँगता हूँ, उससे मिल और घपा-घप्प कर और मुव्ह- ऑन कर! वो भी लड़की तो मुव्ह-ऑन कर गई होगी तू क्यों उसके चक्कर में अपना नास कर रहा है!

"देख भाई, तेरे ये आईडिया तू अपने पास रख. मेरा गम बस मैं ही जानता हूँ और उसका ये इलाज तो कतई नहीं हे." मैंने दूसरा पेग बनाते हुए कहा.

"अच्छा तू ये बता की हुआ क्या एकज्याक्टली?" मोहित ने पूछा.

"कुछ नहीं यार, उसे कोई और पसंद आ गया.पैसे वाला था और वो उसे अच्छी जिंदगी दे सकता था." मैंने ज्यादा डिटेल ना देते हुए कहा.

"तो गोल्ड डिगर थी वो?" प्रफुल ने पूछा.

"ऐसी थी तो नहीं पर ......छोड़ ना! तू देख आर्डर कहाँ पहुंचा." मैंने बात बदलते हुए कहा क्योंकि अब मुझे अश्विनी के बारे में कोई बात नहीं करनी थी. प्रफुल भी समझ गया और उसने आगे कुछ नहीं बोला पर मोहित पर शराब का नशा चढ़ने लगा था और अब उसके मन में 'भाई के लिए प्यार' जाग गया था.

"हरामी! साला अगर उसने तुझे छोड़ा है तो वो किसी की सगी नहीं हो सकती! साले १...२...३...४...५ साल से जानता हूँ तुझे!

मोहित ने उँगलियों पर गिनते हुए कहा और उसे ऐसा करता देख मैं और प्रफुल हँस दिये.

"इसे और मत दे! साला रास्ते में ड्रामे छोड़ेगा और घर पर भाभी हमारी खाट खड़ी कर देगी!" प्रफुल ने मोहित को और पेग देने से मना किया, मैंने उसका पेग हम-दोनों में आधा-आधा बाँटना चाहा तो उसने एकदम से पेग छीन लिया और गटक गया.

"ओ मंदबुद्धी कहिके!" प्रफुल चिल्लाया पर तब तक मोहित पेग पी चूका था और हम दोनों फिर से हँसने लगे. तभी खाना आ गया, मैं दरवाजा खोलने गया तो दीदी भी कपडे धो कर निकल आईं, अब उन्हें कपडे डालने थे बालकनी में और वहां तो हम महफ़िल जमा कर बैठे थे.

"दीदी रहने दो मैं डाल दूँगा बाद में! अच्छा आप नॉन-वेज खाते हो ना?" मैंने पुछा तो वो एक दम से हैरान हो गईं और हाँ में गर्दन हिलाई.मैंने उनके लिए भी एक प्लेट नूडल मंगाए थे जो मैंने उन्हें दे दिये. पहले तो वो मना करने लगीं फिर मैंने थोड़ी जबरदस्ती कर के उन्हें दे दिया. वो मुस्कुरा कर चली गईं और मैं हम तीनों के लिए खाना ले कर बालकनी में बैठ गया.एल्युमीनियम के डिब्बे में नूडल्स आये थे तो प्लेट की जरुरत नहीं थी. हम तीनों ने खाना शुरू किया पर मोहित मियाँ पर नशा फूल शबाब पे था; "साला लड़कियाँ होती ही ऐसी हैं? मेरे गऊ जैसे दोस्त को छोड़ कर चली गई.... तू...तू चिंता मत कर....मैं...हरामी....तेरी शादी कराऊँगा.... उससे भी अच्छी लड़की से.... रुक अभी तेरी

भाभी को कॉल करता हु." इतना कह कर वो फ़ोन मिलाने को हुआ तो मैंने उसके हाथ से फ़ोन छीन लिया.

"अबे बावला हो गया है क्या? चुप-चाप खाना खा." मैंने कहा और आगे किसी को भी पीने नहीं दी. आज बहुत दिनों बाद मुझे खाना खाने में मजा आ रहा था. खाना खाने के बाद प्रफुल बोला; "देख यार! मेरी बात मान जा और ये जॉब मत छोड़| मैं मानता हूँ तुझे थोड़ा टाइम लगेगा और तू उसे भूल जायेगा." मैंने बस हाँ में सर हिलाया पर ये तो मेरा मन ही जानता था की मैं अंदर से बिखरने लगा हु.

घडी में अभी बस १० बजे थे और मोहित भैया तो लौटने लगे थे और अब उन्हें घर छोड़ना अकेले प्रफुल के बस की बात नहीं थी. मैंने कैब बुलाई और फिर हम ने मिलकर मोहित को कैब में बिठाया और पहले उसे घर छोड़ा और भाभी से माफ़ी भी मानगी की मेरे बर्थडे ट्रीट की वजह से भाई को थोड़ी ज्यादा हो गई. फिर प्रफुल को छोड़ मैं उसी कैब में वापस आया और रास्ते में ठेके से एक और बोतल ली. घर आते ही मैं बालकनी में बैठ गया और फिर से उसी दर्द की आगोश में चला गया.लार्ज बना के जैसे ही होठों से लगाया तो अश्विनी की शक्ल याद आ गयी और उसी के साथ गुस्सा भी खूब आया. एक सांस में पूरा पेग खींच गया और फटाफट दूसरा पेग बनाया, तभी याद आया की माल भी तो तैयार है! मैंने जेब से फेमस मलना की क्रीम की छोटी सी पुड़िया निकाली और लग गया पूरा सेटअप बनाने. पूरी गंजेडी वाली फीलिंग आ रही थी और मैं अपने इस बचकाने ख्याल पर मुस्कुराने लगा. आज पहली बार था की मैं अपने ही इस तरह के बचकाने ख्याल पर हँस रहा था. पर मेरे मन ने मुझे ये ख़ुशी ज्यादा देर तक एन्जॉय नहीं करने दी और मुझे अचानक से अश्विनी का हँसता हुआ चेहरा याद आ गया, मैं ने तैयार सिगरेट वहीँ जमीन पर छोड़ दी क्योंकि मेरा मन मुझे इस गम से बाहर नहीं जाने देना चाहता था. मैं पेग ले कर उठा और बालकनी में खड़ा हो कर ऊपर आसमान में देखने लगा. एक पल के लिए आँख मूँदि तो अश्विनी मुझे शादी के जोड़े में दिखी और फिर मेरी आँख से आँसू बह निकले और एक कतरा मेरे ही पेग में गिरा. मैंने सोचा की चलो आज अपने आंसुओं का स्वाद भी चख के देखूँ! झूठ नहीं कहूँगा पर ये वो स्वाद था जिसने दिल को अंदर तक छू लिए था! पेग खत्म हुआ और मैं वापस आ कर निचे बैठ गया पर अब दिल बगावत करने लगा था. उसे अब बस आशु चाहिए थी! चाहे जो करना पड़े वो कर पर उसे अपने पास ले आ! और अगर तू इतना ही बुजदिल है की अपने प्यार को ऐसे छोड़ देगा तो धिक्कार है तुझ पर! मर जाना चाहिए तुझे!!! मन ने ये सुसाईडल ख्याल पैदा करना शुरू कर दिए थे. आशु को अपने पास ला

सकूँ ये मेरे लिए नामुमकिन था और मरना बहुत आसान था! तभी नजर कमरे में घूम रहे पंखे पर गई.....

पर जान देना इतना आसान नहीं होता...वरना कितने ही दिल जले आशिक़ मौत की नींद सो चुके होते! मैं कुछ लड़खड़ाता हुआ उठा और रस्सी ढूँढने लगा, नशे में होने के कारन सामने पड़ी हुई रस्सी भी नजर नहीं आ रही थी. जब आई तो उसे उठाया और फिर पंखे की तरफ फेंकी और फंदा बना कर पलंग पर चढ़ गया.गले में डालने ही वाला था की दिमाग ने आवाज दी; "अबे बुज़दिल! ऐसे मरेगा? दुनिया क्या कहेगी? मरना है तो ऐसे मर की अश्विनी की रूह तुझे देख-देख कर तड़पे!" ये बात दिल को लग गई और मैं बिस्तर से नीचे उतरा और वापस जमीन पर बैठ गया. सामने भरी सिगरेट भरी पड़ी थी. वो उठाई और पीने लगा. घडी में १२ बजे थे और नशे ने मुझे दर्द के आगोश से खींच कर अपने सीने से चिपका लिया था और मैं चैन की नींद सो गया.

सूबह दीदी के आने के बाद आँख खुली और मैं आँख मलता हुआ बाथरूम में घुस गया, जब बाहर आया तो दीदी घर से चाय ले आईं थी. मैंने उन्हें शुक्रिया कहा और उनसे कहा की वो मेरी मदद करें ताकि मैं कुछ घर का समान खरीद सकू. पुराना समान तो मैं पुराने वाले घर में छोड़ आया था. दीदी की मदद से ऑनलाइन कुछ बर्तन मँगाए और कुछ कपडे अपने लिए मंगाए. दीदी उठ कर कमरे में सफाई करने गईं तो उन्हें वहाँ पंखे से लटकी रस्सी दिखाई दी और वो चीखती हुईं बाहर आई.

"आप खुदखुशी करने जा रहे थे साहब?" दीदी ने हैरानी से पुछा, तो मैंने बस ना में सर हिला दिया. "तो फिर ये रस्सी अंदर पंखे से झूला झूलने को लटकाई थी?!" दीदी ने थोड़ा गुस्सा दिखाते हुए कहा, पर मेरे पास कोई जवाब नहीं था इसलिए मैं चुप रहा.

"क्यों अपनी जिंदगी बर्बाद करने पर तुले हो?" दीदी ने खड़े-खड़े मुझे अपनापन दिखाते हुए कहा. मैं उस समय फर्श पर दिवार का सहारा ले कर बैठा था और वहीँ से बैठे-बैठे मैंने दीदी की आँखों में देखा और उनसे पुछा; "आपने कभी प्यार किया है?"

"जिससे शादी की उसी से प्यार करना सीख लिया." दीदी ने बड़ी आसानी से जवाब दिया. उनका जवाब सुन कर एहसास हुआ की मजबूरी में इंसान हालात से समझौता कर ही लेता हे.

"फिर आप मेरा दुःख नहीं समझ सकते!" मैंने गहरी साँस छोड़ते हुए कहा.

"शराब पीने से ये दर्द कम होता है?" दीदी ने पूछा.

"कम तो नहीं होता पर उस दर्द को झेलने की ताक़त मिलती है और चैन से सो जाता हूँ!"

"कल आपका दोस्त कुछ कह रहा था ना की आप........" इसके आगे उनकी बोलने की हिम्मत नहीं हुई और उन्होंने अपना सर झुकाया और अपने सीने पर से साडी का पल्लू खींच कर नीचे गिरा दिया. उनका मतलब कल रात प्रफुल की कही हुई बात की कोई लड़की पेल देने से था. इधर मेरी नजर जैसे ही उनके स्तनों पर पड़ी मैं तुरंत बोला:

"प्लीज ऐसा मत करो दीदी! मैं आपको सिर्फ जुबान से दीदी नहीं बोलता!" इतना सुनते ही दीदी जमीन पर घुटनों के बल बैठ गईं और अपना चेहरा अपने हाथों में छुपा लिया और रोने लगी. मैं अब भी अपनी जगह से हिला नहीं था. मेरा उन्हें सांत्वना देना और छूना मुझे ठीक नहीं लग रहा था. "साहब....." वो आगे कुछ बोलतीं उससे पहले ही मैं बात काटते हुए बोला; "दीदी आपसे छोटा हूँ कम से कम 'भैय्या' ही बोल दो!" ये सुन कर वो मेरी तरफ आँखों में आँसू लिए देखने लगी और अपनी बात पूरी की; "भैय्या.... मैंने आज तक ऐसा कुछ नहीं किया! पर आप से मिलने के बाद कुछ अपनापन महसूस हुआ और आपकी ये हालत मुझसे देखि नहीं गई इसलिए मैंने....." आगे वो शर्म के मारे कुछ नहीं बोली.

"दीदी प्लीज कभी किसी के भी मोह में आ कर फिर कभी अपनी इज्जत को यूँ न गिरा देना! मेरा दोस्त तो पागल है!" आगे मेरा कुछ कहने का मन नहीं हुआ क्योंकि उससे दीदी और शर्मिंदा हो जातीं. मैं तैयार हुआ और तब तक दीदी ने पूरा घर साफ़ कर दिया था और वो मेरे कल के बिखेरे हुए कपडे संभाल रहीं थी.

"दीदी वो...बर्तन तो कल आएंगे ... आप कल से खाना बना देना!" इतना कह कर मैं ने अपना बैग उठाया, दीदी समझ गईं की मेरे जाने का समय है तो वो पहले निकलीं और मैं बाद में निकल गया.वो पूरा दिन ऐसे ही बीता और रात को १० बजे मैं घर पहुंचा. फिर वही पेग बनाया और बालकनी में बैठ गया.पर आज सुसाईडल खयाल पैदा नहीं हुईं क्योंकि दिमाग में कुछ और ही चल रहा था और जबतक सो नहीं गया तब तक पीता रहा. सुबह वही दीदी के आने के बाद उठा, वो आज भी मेरे लिए चाय ले आईं थी. चाय पीता हुआ मैं अभी भी सर झुकाये बैठा था. दीदी भी चुप-चाप अपना काम कर रही थी. बात शुरू करते हुए मैंने पुछा; "दीदी आपके घर में कौन-कौन हैं?"

"मैं, मेरा पति और एक बेटा." दीदी ने बड़ा संक्षेप में जवाब दिया. वो अब भी कल के वाक्या के लिए शर्मिंदा थी.

"कितने साल का है बेटा?" मैंने बात को आगे बढ़ाने के लिए पूछा.

"साल भर का" दीदी के जवाब से लगा की शायद वो और बात नहीं करना चाहतीं, इसलिए मैंने उठ खड़ा हुआ और बाथरूम जाने लगा. तभी दीदी को पता नहीं क्या सूझी वो आ कर मेरे गले लग गईं और बिफर पड़ीं; "भैया ....मुझे .... गलत ......न समझना." उन्होंने रोते-रोते कहा. मैंने उन्हें अपने सीने से अलग किया और उनके आँसू पोछते हुए कहा; "दीदी मैं आपके जज्बात महसूस कर सकता हूँ और मैं आपके बारे में कुछ भी बुरा नहीं सोच रहा. जो हुआ उससे पता चला की आपका मेरे लिए कितना मोह हे. अब भूल भी जाओ ये सब. जिंदगी इतनी बड़ी नहीं होती की इतनी छोटी-छोटी बातों को दिल से लगा कर रखो."

मेरी बात सुन कर उन्हें इत्मीनान हुआ और वो थोड़ा मुस्कुराईं और मैं बाथरूम में फ्रेश होने चला गया.मेरे रेडी होने तक उनका काम खत्म हो चूका था. मेरे बाहर आते ही वो बोल पड़ीं; "भैया आप सुबह मेरे बारे में पूछ रहे थे, मेरे पति सेठ जी के यहीं पर ड्राइवर हैं, माता-पिता की मृत्यु मेरे बचपन में ही हो गई थी. फिर मैं यहाँ अपनी मौसी के पास आ गई और उनके साथ रह कर मैंने घर-घर काम करना शुरू किया. दो साल पहले मेरी शादी हुई और शादी के बाद मेरे पति दुबई निकल गए पर कुछ ही महीनों में उनकी नौकरी चली गई. मौसी की जानकारी निकाल कर यहाँ नौकरी मिली और सेठ जी ने भी मुझे पूरी सोसाइटी का काम दे दिया. अब यहाँ के सारे घरों का काम मेरे जिम्मे हे." दीदी ने बड़े गर्व से कहा.

"सारी सोसाइटी का काम आप अकेली कर लेती हो?" मैंने मुस्कुराते हुए पूछा.

"यहाँ २० फ्लैट हैं और अभी बस १० में ही लोग रहते हे. एक आपको छोड़ कर सब शादी-शुदा हैं और वहाँ पर सिर्फ झाडू-पोछा या कपडे धोने का ही काम होता हे."

"आप तो यहाँ सारा दिन होते होंगे ना? तो बेटे का ख्याल कौन रखता है?"

"भैया मैं तो यही रहती हूँ पीछे सेठ जी ने क्वार्टर बना रखे हे. दिन में २० चक्कर लगाती हूँ घर के ताकि देख सकूँ की मुन्ना क्या कर रहा है? कभी-कभी उसे भी साथ ले जाती हु."

"तो मुझे भी मिलवाओ छोटे साहब से!" मैंने हँसते हुए कहा.

"रविवार को ले आऊँगी" उन्होंने हँसते हुए कहा.

उसके बाद दीदी निकल गईं और मैं भी अपने काम पर चला गया.शाम का वही पीना और नशे से चूर सो जाना. ऐसे करते-करते रविवार आ गया और आज मैं तो जैसे उस नन्हे से दोस्त से मिलने को तैयार था. सुबह जल्दी उठा और तैयार हो कर बैठ गया, शराब की सारी बोत्तलें एक तरफ छुपा दी. दीदी आईं तो दरवाजा खुला हुआ था और वो मुझे तैयार देख कर हैरान हो गई. उनकी गोद में उनका बेटा था जो बड़ी हैरानी से मुझे देख रहा था. "मुन्ना ...देखो तेरे मामा" दीदी ने हँसते हुए कहा.

पर वो बच्चा पता नहीं क्यों मुझे टकटकी बांधे देख रहा था. जैसे की अपने नन्हे से दिमाग में आंकलन कर रहा हो और जब उसे लगा की हाँ ये 'दाढ़ी वाला' आदमी सही है तो वो मेरी तरफ आने को अपने दोनों पँख खोल दिये. मैंने उस बच्चे को जैसे ही गोद में लिया वो सीधा मेरे सीने से लग गया.जिस सीने में नफरत की बर्फ जम गई थी वो आज इस बच्चे के प्यार से पिघलने लगी थी. मेरी आँखें अपने आप ही बंद होती गईं और मैं अश्विनी के प्यार को भूल सा गया.... या ये कहे की उस बच्चे ने अपने बदन की गर्मी से अश्विनी के लिए प्यार को कहीं दबा दिया था. उसका सर मेरे बाएँ कंधे पर था और वो अपने नन्हे-नन्हे हाथों से जैसे मुझे जकड़ना चाहता था. उसकी तेज चलती सांसें ...वो फूल जैसी खुशबु.... उनके नन्हे-नन्हे हाथों का स्पर्श.... उस छोटे से 'पाक़' दिल की धड़कन... वो फ़रिश्ते सी आभा.... इन सब ने मेरे मन में जीने की एक ख्वाइश पैदा कर दी थी. मन इतना खुश कभी नहीं हुआ था. की आज मुझे अपने अंदर एक नई ऊर्जा महसूस होने लगी थी. मन ने जैसे एक छोटी सी दुनिया बना ली थी जिसमें बस मैं और वो बच्चा था.

इस बात से बेखबर की दीदी मुस्कुराती हुई मुझे अपने बच्चे को सीने से लगाए देख रही हे. मुझे होश तब आया जब उस बच्चे ने 'डा...डा..डा' कहना शुरू किया. मैंने आँखें खोलीं और दीदी को मेरी तरफ देख कर मुस्कुराते हुए पाया. मैंने उसे नीचे उतारा तो वो अपने चरों हाथों-पैरों पर रेंगता हुआ बालकनी की तरफ जाने लगा. "भैया सच्ची तुम मुन्ना के साथ कितने खुश थे! ऐसे ही खुश रहा करो!"

"तो फिर आप रोज मुन्ना को यहाँ ले आया करो." मैंने मुस्कुराते हुए कहा और फिर मुन्ना के पीछे बालकनी की तरफ चल दिया. वो बालकनी के शीशे के सहारे खड़ा हुआ और नीचे देखने लगा. उसके चेहरे की ख़ुशी बयान करने लायक थी. उस नन्ही से जान को किसी

बात की कोई चिंता नहीं थी. वो तो बस अपनी मस्ती में मस्त था! कितना बेबाक होता है ना बचपन! दीदी काम करने में व्यस्त हो गईं और मैं मुन्ना के साथ खेलने लगा. कभी वो रेंगता हुआ इधर-उधर भागता... कभी हम दोनों ही सर से सर भिड़ा कर एक दूसरे को पीछे धकेलने की कोशिश करते, में जानबूझ कर गिर जाता और वो आ कर मेरे ऊपर चढ़ने की कोशिश करता. मैं उसे उठा कर अपने सीने पर बिठा लेता और उसके नन्हे-नन्हे हाथों से खुद को मुके पढ़वाता.कभी उसे गोद में ले कर पूरे कमरे में दौड़ता तो कभी उसे अपनी पीठ पर बिठा के उसे घोड़े की सवारी कराता. पूरा घर मुन्ना की किलकारियों से गूँज रहा था और आज इस घर में जैसे जानआ गई हो, छत-दीवारें सब खुश थे!

काम खत्म कर दीदी मुन्ना को मेरे पास ही छोड़ कर चली गईं, फिर कुछ देर बाद आईं और तब तक दोपहर के खाने का समय हो गया था. उसे उन्होंने दूध पिलाया और मेरे लिए गर्म-गर्म रोटियाँ सेंकीं जो मैंने बड़े चाव से खाईं! आज तो खाने में ज्यादा स्वाद आ रहा था इसलिए मैं दो रोटी ज्यादा खा गया.मेरे खाने के बाद दीदी ने भी खाना खाया और वो काम करने चलीं गई. मुन्ना सो गया था तो मैं उसकी बगल ही लेट गया और उसे बड़ी हसरतें लिए देखने लगा और फिर से अपने छोटी सी ख़्वाबों की दुनिया में खो गया.मुन्ना के चेहरे पर कोई शिकन कोई चिंता नहीं थी. उसके वो पाक़ चेहरा मुझे सम्मोहित कर रहा था. कुछ घंटों बाद मुन्ना उठा तो मुझे देखते ही उसके चेहरे पर मुस्कान आ गई. मैंने उसे गोद में लिया और फिर पूरे घर में घूमने लगा. उसने बालकनी में जाने का इशारा किया तो मैं उसे ले कर बालकनी में खड़ा हो गया और वो फिर से सब कुछ देख कर बोलने लगा. अब उसके मुँह से शब्द नहीं निकल रहे थे पर मेरा मन उसकी आवाजों को ही शब्दों का रूप देने लगा. मैंने भी उससे बात करना शुरू कर दिया जैसे की सच में मैं उसकी बात समझ पा रहा हु. घर का दरवाजा खुला ही था और जब दीदी ने मुझे पीछे से मुन्ना से बात करते हुए देखा तो वो बोलीं; "सारी बातें मामा से कर लेगा? कुछ कल के लिए भी छोड़ दे?" मैं उनकी तरफ घूमा और हँसने लगा. मैं समझ गया था की वो मुन्ना को लेने आईं है पर मन मुन्ना से चिपक गया था और उसे जाने नहीं देना चाहता था. बेमन से मैंने उन्हें मुन्ना की तरफ बढ़ाया पर वो तो फिर से मेरे सीने से चिपक गया.मैंने उसके माथे को चूमा और तुतलाते हुए उससे कहा; "बेटा देखो मम्मी आई हैं! अभी आप घर जाओ हम कल सुबह मिलेंगे!" पर उसका मन मुझसे अलग होने को नहीं था. ये देख दीदी भी मुस्कुरा दीं और बोलीं; "भैया सच ये आपसे बहुत घुल-मिल गया हे. वरना ये किसी के पास ज्यादा देर नहीं ठहरता, मुझे देखते ही मेरे पास भाग आता हे." तभी उनका पति भी आ गया और उसने दीदी की बातें सुन भी लीं.अरे चल भी साहब को क्यों तंग कर रही है!" दीदी उसकी आवाज सुन चौंक गईं और मेरे हाथ से जबरदस्ती मुन्ना को लिया और घर चली गई.

अब मैं फिर से घर में अकेला हो गया था. पर मन आज की खुशियों से खुश था इसलिए आज मैंने नहीं पीने का निर्णय लिया और खाना खा कर लेट गया.पर नींद आँखों से गायब थी. गला सूखने लगा और मन की बेचैनी बढ़ने लगी. मैंने करवटें लेना शुरू किया ताकि सो सकूँ पर नींद कम्भख्त आई ही नही. कलेजे में जलन महसूस होने लगी जो दारू ही बुझा सकती थी. मैं एक दम से खड़ा हुआ और दारु की बोतल निकाली और उसे अपने होठों से लगा कर पीने लगा. पलंग पर पीठ टिका कर धीरे-धीरे सारी बोतल पी गया और तब जा कर नींद आई. एक बात अच्छी हुई थी. वो ये की मुन्ना के प्यार ने मुझे उस दर्द की जेल से बाहर निकाल लिया था.

सुबह जल्दी ही आँख खुल गई. शायद मन में मुन्ना से मिलने की बेताबी थी! मैं फ्रेश हो कर कपडे बदल कर बैठ गया की तभी बैल बजी.मैंने दरवाजा खोला और मुझे देखते ही मुन्ना मेरी बाहों में आने को मचलने लगा. उसे गोद में लेते ही जैसी बरसों पुराणी प्यास बुझ गई और मैं उसे ले कर ख़ुशी-ख़ुशी बालकनी में आ गया और वहाँ कुर्सी पर बैठ उससे फिर से बातें करने लगा. फिर मैंने अपना फ़ोन उठाया और मुन्ना को कुछ कपडे दिखाने लगा और उससे 'नादानी' में पूछने लगा की उसे कौन सी ड्रेस पसंद है? अब वो बच्चा क्या जाने, वो तो बस फ़ोन से ही खेलने लगा. वो अपने नन्हे-नन्हे हाथों से फ़ोन को पकड़ने लगा. आखिर मैंने उसके लिए एक छोटा सा सूट आर्डर किया और अर्ली डिलिव्हरी सिलेक्ट कर मैंने उसे अगले दिन ही मँगवा लिया. दीदी को इस बारे में कुछ पता नहीं था. इधर मोहित का फ़ोन आया और वो पूछने लगा की मैं कब आ रहा हूँ? अब मन मारते हुए मुझे ऑफिस जाना पड़ा और मुझे जाते देख मुन्ना रोने लगा. दीदी ने उसे बड़े दुलार से चुप कराया और मैं उसके माथे को चूम कर ऑफिस निकला.

मेरी ख़ुशी मेरे चेहरे से झलक रही थी जिसे देख मेरा दोस्त मोहित खुश था. सर दोपहर को ही निकल गए थे और मैं शाम को जल्दी भाग आया, सोसाइटी के गेट पर ही मुझे दीदी और मुन्ना मिल गए और मुझे देखते ही वो मेरी गोद में आने को छटपटाने लगा. दीदी ने हँसते हुए उसे मुझे दिया और खुद बजार चली गईं.इधर मैं गार्ड से कल का आर्डर किया हुआ पार्सल ले कर घर आ गया.मैंने मुन्ना को खुद वो कपडे पहनाये जो उसे बिलकुल परफेक्ट फिट आये, कहीं उसे नजर न लग जाए इसलिए मैंने उसे एक काला टीका लगाया. ये काला टीका मैंने तवे के पेंदे से कालक निकाल कर लगाया था. फिर उसे गोद में लिए हुए मैंने बहुत सारी फोटो खींची.कुछ देर बाद जब दीदी आईं तो अपने बच्चे को इन कपड़ों में देख उनकी आँखें नम हो गई. उन्होंने अपनी आँख से काजल निकल कर उसे टिका लगाना चाहा तो देखा की मैं पहले ही उसे टिका लगा चूका था. "भैया ये टिका तुमने कैसे लगाया?" उन्होंने अपने आँसू पोछते हुए पूछा. "दीदी मुझे डर लग रहा था की कहीं मेरी ही नजर न

लग जाए मुन्ना को तो मैंने तवे के पेंदे से कालक निकाल कर ये छोटा सा टिका लगा दिया." मैंने जब ये कहा तो दीदी हँस दी.

"पर भैया ये तो बहुत महँगा होगा?"

"मेरे भांजे से तो महँगा नहीं ना?!" फिर मैं मुन्ना को ले कर बालकनी में बैठ गया.रात होने तक मुन्ना मेरे साथ ही रहा, फिर दीदी उसे लेने आईं और मुन्ना फिर से नहीं जाने की जिद्द करने लगा. पर इस बार मैंने उसे बहुत प्यार से दुलार किया और उसे दीदी के हाथों में दे दिया. दीदी जाने लगी तो मैं हाथ हिला कर उसे बाय-बाय करने लगा और वो भी मुझे देख कर अपने नन्हे हाथ हिला कर बाय करने लगा. में खाना खा कर लेटा पर शराब ने मुझे सोने नहीं दिया. अब तो मेरे लिए ये आफत बन गई थी! मैंने सोच लिया की धीरे-धीरे इसे छोड़ दूँगा क्योंकि अब मेरे पास मुन्ना का प्यार था. पर उन दिनों मेरी किस्मत मुझसे बहुत खफा थी. क्यों ये मैं नहीं जानता पर मुझे लगने लगा था की जैसे वो ये चाहती ही नहीं की मैं खुश रहूँ! अगली सुबह मैं फटाफट उठा और फ्रेश हो कर दरवाजे पर नजरे टिकाये मुन्ना के आने का इंतजार करने लगा. आमतौर पर दीदी ७ बजे आ जाये करती थीं और अभी ९ बजने को आये थे उनका कोई अता-पता ही नहीं था. मन बेचैन हुआ और मैं उन्हें ढूँढता हुआ नीचे आया तो देखा की वहाँ पुलिस खड़ी है, गार्ड से पुछा तो उसने बताया की आज सुबह दीदी का पति उन्हें और मुन्ना को ले कर भाग गया.उसने रात को सेठजी के पैसे चुराए थे और उन्ही ने पुलिस बुलाई थी.

मुझे सेठ के पैसों से कोई सरोकार नहीं था मुझे तो मुन्ना के जाने का दुःख था! भारी मन से मैं ऊपर आया और दरवाजा जोर से बंद किया. शराब की बोतल निकाली और उसे मुँह से लगा कर गटागट पीने लगा. एक साँस में दारु खींचने के बाद मैंने बोतल खेंच कर जमीन पर मारी और वो चकना चूर हो गई. कांच सारे घर में फ़ैल गया था! मैं बहुत जोर से चिल्लाया; "आआआआआआआआआआआआआआ!!" और फिर घुटनों के बल बैठ कर रोने लगा. "क्या दुश्मनी है तेरी मुझसे? मैंने कौन सा सोना-चांदी माँगा था तुझसे? तुने 'आशु' को मुझसे छीन लिया मैंने तुझे कुछ नहीं कहा, पर वो छोटा सा बच्चा जिससे प्यार करने लगा था उसे भी तूने मुझसे छीन लिया? जरा सी भी दया नहीं आई तेरे मन में? क्या पाप किया है मैंने जिसकी सजा तू मुझे दे रहा है? सच्चा प्यार किया था मैंने!!!! कम से कम उस बच्चे को तो मेरे जीवन में रहने दिया होता! दो दिन की ख़ुशी दे कर छीन ली, इससे अच्छा देता ही ना!" मैं गुस्से में फ़रियाद करने लगा.

अल्लाह तुझसे, बंदा पूछे..

राह तू दे दे जाना कहा है जाना

अल्लाह तुझसे, बंदा पूछे..

राह तू दे दे जाना कहा है जाना

जाना कहा है जाना

जाना कहा है जाना...

तय थे दिल को ग़म जहाँ पे

मिली क्यों खुशियां वहीँ पे

हाथों से अब फिसले जन्नत

हम तो रहे न कही के

होना जुदा अगर

है ही लिखा

यादों को उसकी

आके तू आग लगा जा

अल्लाह तुझसे, बंदा पूछे..

राह तू दे दे जाना कहा है जाना

अल्लाह तुझसे, बंदा पूछे

तेरी ही मर्ज़ी सारे जहाँ में

तोह ऐसा क्यों जतलाये

ख्वाबों को मेरे छीन कैसे

तू खुदा कहलाये

माँग बैठा

चाँद जो दिल

भूल की इतनी

देता है कोई सजा किया?

अल्लाह तुझसे, बंदा पूछे..

राह तू दे दे जाना कहा है जाना

जाना कहा है जाना…

जाना कहा है जाना....

पर वहाँ मेरी फ़रियाद सुनने वाला कोई नहीं था. थी तो बस शराब जो मेरे दिल को चैन और राहत देती थी. एक वही तो थी जिसने मेरा साथ कभी नहीं छोड़ा था! कुछ देर बाद पोलिस और मकान मालिक घर आये और मेरी हालत देख कर पोलिस वाला कुछ पूछने ही वाला था की मकान मालिक बोला; "इंस्पेक्टर साहब ये तो अभी कुछ दिन पहले ही आया हे. सीधा-साधा लड़का है!"

"हाँ वो तो इसे देख कर ही पता लग रहा है?! क्या नाम है?" पोलिस वाले ने पूछा. अब मैं इतना भी नशे में नहीं था; "सागर" मैंने बड़ा संक्षेप में जवाब दिया क्योंकि ज्यादा बोलता तो वो पता नहीं और कितने सवाल पूछता.

"तुम संजय या उसकी पत्नी को जानते थे?" उसने सवाल दागा.

"संजय से बस एक बार मिला था और उसकी पत्नी मेरे यहाँ काम करती थी."

"उसका कोई फ़ोन नंबर है तुम्हारे पास?"

"जी नहीं!"

"दिन में क्यों पीते हो?"

"पर्सनल रिजन है!" ये सुन कर वो मुझे घूरता हुआ बाकियों से पूछताछ करने लगा.

मैंने दरवाजा भेड़ा और बिस्तर पर लेट गया, इधर मेरा फ़ोन बज उठा. मैंने फ़ोन उठाया तो मोहित पूछने लगा की कब आ रहा है? मैंने बस इतना बोला की तबियत ठीक नहीं है और वो समझ गया की मैंने पी हुई हे. शाम को वो धड़धड़ाता हुआ मेरे घर आ पहुँचा और जब मैंने दरवाजा खोला तो वो मेरी शक्ल देख कर समझ गया.मैं हॉल में बैठ गया और वो मेरे सामने बैठ गया, "भाई क्या हो गया है तुझे? दो दिन तो तू चहक रहा था और अब फिर से वापस उदास हो गया? क्या हुआ?" मैंने कोई जवाब नहीं दिया बस सर झुकाये बैठा रहा. तभी उसकी नजर कमरे में बिखरे काँच पर पड़ी और वो बोला; "वो आई थी क्या यहाँ?" मैंने ना में सर हिलाया. "तो ये बोतल कैसे टूटी?" उसने पुछा और तब मुझे ध्यान आया की घर में काँच फैला हुआ हे. वो खुद उठा और झाडू उठा कर साफ़ करने लगा, मुझे खुद पर बड़ा गुस्सा आया इसलिए मैंने उससे झाडू ले लिया और खुद झाडू लगाने लगा. "तू ने खाया कुछ?" मोहित ने पुछा तो मैने फिर से ना में सर हिलाया और उसने खुद मेरे लिए खाना आर्डर किया.

"देख तू कुछ दिन के लिए घर चला जा! मैं भी कुछ दिन के लिए गाँव जा रहा हु." मैं उसकी बात समझ गया था. उसे चिंता थी की उसकी गैरहजरी में मैं यहाँ अकेला रहूँगा तो फिर से ये सब करता रहूँगा और तब मुझे टोकने वाला कोई नहीं होगा. "देखता हूँ!" मैं बस इतना बोला और वापस उसके सामने बैठ गया."मेरी सास की तबियत खराब है, तेरी भाभी तो पहले ही वहाँ जा चुकी है पर वो अकेले संभाल नहीं पा रही इसलिए कुछ दिन की छुट्टी ले कर जा रहा हु." मोहित ने बात को आगे बढ़ाते हुए कहा. "कुछ ज्यादा सीरियस तो नहीं?" मैंने पुछा और इस तरह से हमारी बात शुरू हुई. मैंने उसे अपनी बाइक की चाभी दी ताकि वो समय से घर पहुँच जाए वरना बस के सहारे रहता तो कल सुबह से पहले नहीं पहुँचता."अरे! मैं बस से चला जाऊंगा." मोहित ने चाबी मुझे वापस देते हुए कहा. अब मुझे बात बनानी थी इसलिए मैंने कहा; "यार तू ले जा वरना यहाँ कहाँ खड़ी रखूँगा?" मेरी बात सुन कर उसे विश्वास हो गया की मैं भी घर जा रहा हूँ और उसने चाभी ले ली. फिर मैं उसे नीचे छोड़ने के बहाने गया और रात की दारु का जुगाड़ कर वापस आ गया.वापस आया तो खाना भी आ चूका था. अब किसका मन था खाने का पर उसे वेस्ट करने का मन नहीं किया. मैं वापस से बालकनी में अपना खाना और पेग ले कर बैठ गया.

मेरे मन में अब जहर भर चूका था. प्यार का नामोनिशान दिल से मिट चूका था. मन ने ये मान लिया था की इस दुनिया में प्यार-मोहब्बत सब दिखावा है, बस जरुरत पूरी करने का नाम है! पर अभी मेरी परेशानियाँ खत्म नहीं हुई थी. अश्विनी की शादी होनी थी और मुझे घर जाना था. घर अगर नहीं गया तो सब मुझे ढूंढते हुए यहाँ आ जायेंगे और फिर पता नहीं क्या काण्ड हो! घर जा कर मैं ये भी नहीं कह सकता की मैं शादी में शरीक ही नहीं होना चाहता! क्योंकि फिर मुझे उसका कारन बताना पड़ता जो की अश्विनी के लिए घातक साबित होता. ये ख्याल आते ही दिमाग ने बदला लेने की सोची, "जा के घर में सब सच बोल दे!" मेरे दिमाग ने कहा पर फिर उसका परिणाम सोच कर मन ने मना कर दिया. भले ही मेरा दिमाग अश्विनी से नफरत करता था पर मन तो अभी अपनी आशु का इंतजार कर रहा था. दिमाग और दिल में जंग छिड़ चुकी थी और आखिर नफरत ही जीती! इस जीत को मनाने के लिए मैंने एक लार्ज पेग बनाया और उसे गटक गया.नफरत तो जीत गई पर मेरा दिल हार गया और अब वो अंदर से बिखर चूका था. बस एक लाश ही रह गई थी जिसमें बस दर्द ही दर्द बचा था और उस दर्द की बस एक ही दवा थी वो थी शराब! अब तो बस इसी में डूब जाने का मन था शायद ये ही मुझे किसी किनारे पहुँचा दे.

अगली सुबह में देर से उठा और ऑफिस पहुँचा क्योंकि मोहित के गैरहाजरी में काम देखने वाला कोई नहीं था. अगले दो दिन तक मैंने देर रात तक बैठ कर काम निपटाया और फिर तीसरे दिन मैंने सर से बात की; "सर आई एम सॉरी पर मैं अब और ऑफिस नहीं आ सकता! टैक्स रिटर्न्स फाइनल हो चुकी हैं और मोहित वापस आ कर जमा कर देगा.इसलिए प्लीज मैं कल से नहीं आ पाउंगा." सर ने बहोत कोशिश की पर मैं नहीं माना और उसी वक़्त सर से अपनी बैलेंस पेमेंट का चेक ले कर पहले बैंक पहुँचा और उसे जमा किया फिर घर आ कर सो गया.जब उठा तो पहले नहाया और जब खुद को आज मैने आईने में देखा तो मुझे यक़ीन ही नहीं हुआ की ये शक़्स कौन है? मैं आँखें बड़ी कर के हैरानी से खुद को ही आईने में देखने लगा. वो सीधा-साधा लड़का कहाँ खो गया? उसकी जगह ये कौन है जो आईने में मुझे ही घूर रहा है? मेरी दाढ़ी के बाल इतने बड़े हो गए थे की मैं अब बाबा लगने लगा था. सर के बाल झबरे से थे और जब नजर नीचे के बदन पर गई तो मुझे बड़ा जोर का झटका लगा. गर्दन से नीचे का जिस्म सूख चूका था और मैं हद्द से ज्यादा कमजोर दिख रहा था. मेरी पसलियाँ तक मुझे दिखने लगीं थी! ये क्या हालत बना ली है मैंने अपनी? क्या यही होता है प्यार में? अच्छा-खासा इंसान इस कदर सूख जाता है?! अब मुझे समझ आने लगा था की क्यों मेरे दोस्त मुझे कहते थे की मैंने अपनी क्या हालत बना ली है?! दिमाग कहने लगा था की सुधर जा और ये बेवकूफियां बंद कर, वो कमबख्त तो तेरा दिल तोड़ चुकी है तू क्यों उसके प्यार के दर्द में खुद को खत्म करना चाहता हे. पर अगले ही पल मन ने मुझे फिर से पीने का बहाना दे दिया. "अभी तो उसकी

शादी भी होनी है? तब कैसे संभालेगा खुद को?" और मेरे लिए इतनी वजह काफी थी फिर से पीने के लिए. "पुराना वाला सागर अब मर चूका है!" ये कहते हुए मैंने किचन काउंटर से गिलास उठाया और उसमें शराब डाल कर पीने लगा. दोपहर से रात हुई और रात से सुबह.... पर मेरा पीना चालु रहा. जब नींद आ जाती तो सो जाता और जब आँख खुलती तो फिर से पीने लगता, इस तरह से करते-करते रविवार आया.

सुबह मेरी नींद पेट में अचानक हुए भयंकर दर्द से खुली, मैं तड़पता हुआ सा उठा और उठ कर बैठना चाहा. बैठने के बाद मैं अपने पेट को पकड़ कर झुक कर बैठ गया की शायद पेट दर्द कम हो पर ऐसा नहीं हुआ. दर्द अब भी हो रहा था और धीरे-धीरे बढ़ने लगा था. मैं उठ खड़ा हुआ और किचन में जा कर पानी पीने लगा. मुझे लगा शायद पानी पीने से दर्द कम हो पर ऐसा नहीं हुआ. मैं जमीन पर लेट गया पर पेट से अब भी हाथ नहीं हटाया था. बल्कि मैं तो लेटे-लेटे ही अपने घुटनों को अपनी छाती से दबाना चाह रहा था ताकि दर्द कम हो पर उससे दर्द और बढ़ रहा था. फिर अचानक से मुझे उबकाई आने लगी. मैं फटाफट उठा और बाथरूम में भागा और कमर पकड़ कर उल्टियाँ करने लगा. मुँह से सिर्फ और सिर्फ दारु ही बाहर आ रही थी. खाने के नाम पर सिर्फ चखना या खीरा-टमाटर ही अंदर गए थे जो दारु के साथ बाहर आ गये. करीब १० मिनट मैं कमोड पर झुक कर खड़ा रहा ताकि और उलटी होनी है तो हो जाये. पर उलटी नहीं आई और अब पेट का दर्द धीरे-धीरे कम हो रहा था. मुँह-हाथ धो कर आ कर मैं जमीन पर बैठ गया, मेरे हाथ-पैर काँपने लगे थे और निगाह शराब की बोतल पर थी. पर दिमाग कह रहा था की और और पीयेगा तो मरेगा! उठ और डॉक्टर के चल.

मैं उठा कपडे बदले और परफ्यूम छिड़क कर घर से निकला. ऑटो किया और डॉक्टर के पास पहुँचा, मेरा नम्बर आने तक मैं बैठा-बैठा ऊँघता रहा. जब आया तो डॉक्टर ने मुझसे बीमारी के बारे में पूछा. "सर आज सुबह मेरे पेट में बड़े जोर से दर्द हुआ, उसके कुछ देर बाद उल्टियाँ हुई और अब मेरे हाथ-पैर काँप रहे हैं!" उसने पुछा की मैं कितना ड्रिंक करता हूँ तो मैंने उन्हें सब सच बता दिया. उन्होंने कुछ टेस्ट्स लिखे और सामने वाले लैब में भेज दिया. वहाँ मेरा अल्ट्रा साऊंड हुआ, इ. सी. जी. हुआ और एक्स रे भी हुआ और भी पता नहीं क्या-क्या ब्लड टेस्ट किये उन्होंने! मैं पूरे टाइम यही सोच रहा था की शरीर में कुछ है ही नहीं तो टेस्ट्स में आएगा क्या घंटा! पर जब रिपोर्ट्स डॉक्टर ने देखि तो वो बहुत हैरान हुआ. "इट्स अ क्लिअर केस ऑफ फ्याटी लीवर! यू विल ह्याव टू स्टॉप ड्रिंकिंग अदरवाइज यू आर वेरी क्लोज टू डेवलप क्रायहोसिस ऑफ लीवर अँड थिंग्ज विल् गेट कॉम्पलीकेटेड फ्रॉम देयर. योवर प्रेजेंट कंडीशन कॅन बी कंट्रोल अँड इमप्रुव्ह." डॉक्टर ने बहुत गंभीर होते हुए कहा. पर उसकी बात का अर्थ जो मेरे दिमाग ने निकला वो ये था की मैं जल्द ही मरने

वाला हूँ पर कितनी जल्दी ये मुझे पूछना था! "सर इफ यू डोन्ट माईंड मी आस्किंग, हाऊ मच टाइम डू आई ह्याव?" ये सवाल सुन कर डॉक्टर को मेरे मानसिक स्थिति का अंदाजा हुआ और वो गरजते हुए बोला; "आर यू आऊट ऑफ योवर माईंड? दिस कंडीशन ऑफ यूअर कॅन बी कंट्रोलd यू आर नॉट गोना डाई!"

"बट व्हॉट इफ आई डोन्ट स्टॉप ड्रिंकिंग? देन आई एम गोना डाई राईट?"

"टेल मी व्हाय डू यू वाना डाई? इज दॅट अ सोल्युशन टू व्हॉटएवर क्राईसीस यू आर गोइंग थरु? डेथ इजंट अ सोल्युशन, लाइफ इज!"

मैं खामोश हो गया क्योंकि उसके आगे मेरे कान कुछ सुनना नहीं चाहते थे. डॉक्टर को ये समझते देर न लगी की मे डिप्रेशन से गुजर रहा था.इसलिए वो अपनी कुर्सी से उठा और मेरी बगल वाली कुर्सी पर बैठ गया और मेरे कंधे पर हाथ रखते हुए मुझे सांत्वना देने लगा.

"डू यू ह्याव अ फॅमिली?" मैंने हाँ में सर हिलाया.

"कॉल देम हिअर, यू निड देअर लव अँड अफेक्षण. यू हॅव टू अंडर स्टँड, यू आर स्लीपिंग इंटो डिप्रेशन अँड इट्स नॉट गुड! यू निड प्रोपर मेडिकल केयर, डोन्ट थरो योवर लाइफ दॅट इजीली!" मेरा दिमाग जानता था की डॉक्टर मेरे भले की कह रहा था पर अश्विनी की बेवफाई मुझे बस अन्धकार में ही रखना चाहती थी. "शुक्रिया डॉक्टर!" इतना कह कर मैं उठ गया और उन्होंने मुझे मेरी केस फाइल दे दी. पर हॉस्पिटल से बाहर आते ही शराब की ललक जाग गई और मैं ऑटो पकड़ कर सीधा घर के पास वाले ठेके पर आ गया.वहाँ दारु ले ही रहा था की मेरी नजर एक बोर्ड पर पड़ी, कोई नया पब खुला था जिसका नाम 'मैखाना' था! ये नाम ही मेरे मन उस जगह के बारे में उत्सुकता जगाने के लिए काफी था. ऊपर से जब मैंने नीचे देखा तो वहाँ लिखा था १ + १ ऑन आई एम फी एल ड्रिंक्स आफ्टर ८ पिएम अब ये पढ़ते ही मेरे मन में आया की आज रात तो कुछ नया ब्रांड ट्राय करते हैं! वहाँ से मेरा घर करीब २० मिनट दूर था तो मैंने ऑटो किया और घर आ गया.

शराब पीने लगा ही था की पिताजी का फ़ोन आ गया."कब आ रहा है तू घर?' उन्होंने डाँटते हुए कहा. मैं आगे कुछ कहता उससे पहले ही उनका गुस्सा फुट पड़ा; "मुश्किल से महीना रह गया है, घर पर इतना काम है और तू है की घर तक नहीं भटकता? क्या तकलीफ है तुझे? यहाँ सब बहुत खफा हैं तुझसे!"

"पिताजी .... काम...." आगे कुछ कहने से पहले ही वो फिर से बरस पड़े; "हरबार तेरी मनमानी नहीं चलेगी! तूने कहा तुझे नौकरी करनी है हमने तुझे जाने दिया. तूने कहा मुझे शादी नहीं करनी हम वहां भी मान गए.पर अब घर में शादी है और तू वहाँ अपनी नौकरी पकड़ कर बैठ है? छोड़ दे अगर छुट्टी नहीं देता तेरा मालिक तो! बाद में दूसरी पकड़ लिओ!"

"पिताजी इतनी आसानी से नौकरी नहीं मिलती! ये मेरी दूसरी नौकरी है, पहली वाली मैंने छोड़ दी क्योंकि वो बॉस तनख्वा नहीं बढ़ाता था. मैंने आप को इसलिए नहीं बताया क्योंकि आप मुझे वापस बुला लेते! अब नई नौकरी है तो इतनी जल्दी छुट्टी नहीं माँग सकता! मैं कल बात करता हूँ बॉस से और फिर आपको बताता हु." मैंने बड़े आराम से जवाब दिया.

"ठीक है! पर जल्दी आ यहाँ बहुत सा काम है!" उन्होंने बस इतना कहा और फ़ोन काट दिया. अब मैने बहाना तो बना दिया था पर कल क्या करूँगा यही सोचते-सोचते शाम हो गई. जो जाम मैंने पहले बनाया था उसे पीया और फिर गांजा फूंका और फिर बालकनी में बैठ गया.बैठे-बैठे आँख लग गई और जब खुली तो रात के नौ बज रहे थे. मुझे याद आया की आज तो 'मैखाने' मे जाना है, मैंने मुँह-हाथ धोया, कपडे पहने और परफ्यूम छिड़क कर ही पैदल वहाँ पहुँच गया.ज्यादा लोग नहीं आये थे, मैं सीधा बार स्टूल पर बैठा और बारटेंडर से ६० मिली सिंगल माल्ट मांगी! वहाँ के म्यूजिक को सुन कर मुझे अच्छा लग रहा था. अकेले में शराब पी कर सड़ने से तो ये जगह सही लगी मुझे. मरना ही तो थोड़ा ऐश कर के मरो ना! ये ख्याल आते ही मैंने भी गाने को एन्जॉय करना शुरू कर दिया. एक-एक कर मैंने १० ड्रिंक्स खत्म की और अब बजे थे रात के बारह और बारटेंडर ने और ड्रिंक सर्वे करने से मना कर दिया. कारन था की मैं बहुत ज्यादा ही नशे में था और मुझसे ठीक से खड़ा ही नहीं जा रहा था. बारटेंडर ने बाउंसर को बुलाया जिसने मुझे साहरा दे कर बाहर छोड़ा और खुद अंदर चला गया.मैं वहाँ ठीक से खड़ा भी नहीं हो पा रहा था और ऑटो का इंतजार कर रहा था पर कोई ऑटो आ ही नहीं रहा था और जो आया भी वो मेरी हालत देख कर रुका नही. अब मुझे एहसास हुआ की घर में पीने का फायदा क्या होता है, वहाँ पीने के बाद कहीं भी फ़ैल सकते हो! मैंने हिम्मत बटोरी और पैदल ही जाने का सोचा, पर अभी मुझे एक सड़क पार करनी थी जो मेरे लिए बहुत बड़ा चैलेंज था. रात का समय था और ट्रक के चलने का टाइम था इसलिए मैं धीरे-धीरे सड़क पार करने लगा. नशे में वो दस फूट रोड भी किलोमीटर चौड़ी लग रही थी. आधा रास्ता पार किया की एक ट्रक के हॉर्न की जोरदार आवाज आई और मैं जहाँ खड़ा था वहीँ खड़ा हो गया.नशे में आपके बॉडी के रेफ्लेक्सेस काम नहीं करते इसलिए मैं रूक गया था. पर उस ट्रक वाले ने मेरे साइड से बचा कर अपना ट्रक निकाल लिया. आज तो मौत से बाल-बाल बचा था. पर मैं तो पलट के उसे

ही गालियाँ देने लगा; "अबे! मंदबुद्धी कहिके मार देता तो दुआ लगती मेरी हरामी साइड से निकाल कर ले गया!" पर वो तो अपना ट्रक भगाता हुआ आगे निकल गया.मैं फिर से धीरे-धीरे अपना रास्ता पार करने लगा. जैसे-तैसे मैंने रास्ता पार किया और सड़क किनारे खड़ा हो गया, कोई ऑटो तो मिलने वाला था नहीं, न ही फ़ोन में बैटरी थी की कैब बुला लूँ और अब चल कर घर जाने की हिम्मत थी नही. मैंने देखा तो कुछ दूर पर एक टूटा हुआ बस-स्टैंड दिखा, सोचा वहीँ रात काट लेता हूँ और सुबह घर चला जाऊंगा. धीरे-धीरे वहाँ पहुँचा पर वहाँ लेटने की जगह नहीं थी बस बैठने भर को जगह थी. मैं अपनी पीठ टिका कर और सड़क की तरफ मुँह कर के बैठ गया और सोने लगा. वहाँ से जो कोई भी गाडी गुजरती उसकी हेडलाइट मेरे मुँह पर पड़ती, पर मैं गहरी नींद सो चूका था. कुछ देर बाद मेरे पास एक गाडी रुकी, गाडी से कोई निकला जिसने मेरा नाम पुकारा; "सागर!" पर मैं तो गहरी नींद में था तो मैंने कोई जवाब नहीं दिया. फिर वो शक़्स मेरे नजदीक आया और अपने फ़ोन की रौशनी मेरे मुँह पर मार कर मेरी पहचान करने लगा. जब उसे यक़ीन हुआ की मैं ही सागर हूँ तो उसने मुझे हिलना शुरू कर दिया. मेरे जिस्म से आती दारु की महक से वो शक्स समझ गया की मैं नशे में टुन हु. बड़ी मेहनत से उसने मुझे अपनी गाडी की पिछली सीट पर लिटाया और मेरे पाँव अंदर कर के वो शक़्स चल दिया.

अगली सुबह जब मेरी नींद खुली तो मेरी आँखों के सामने छत थी और मैंने खुद को एक कमरे में बिस्तर पर लेटा हुआ पाया. मैं जैसे ही उठा वो शक़्स जो मुझे उठा कर लाया था वो मेरे सामने था. "आप?" मेरे मुँह से इतना निकला की उन्होंने मेरी तरफ एक कॉफ़ी का मग बढ़ा दिया. ये शक़्स कोई और नहीं बल्कि नितु मैडम थी.

"क्या हालत बना रखी है अपनी?" उन्होंने मुझे डाँटते हुए पूछा. पर मैं उन्हें अपने पास देख कर थोड़ा सकपका गया था. मेरा इस वक़्त उनके घर में होना ठीक नहीं था. इसलिए मैं उठा और कॉफ़ी का मग साइड में रखा और जाने लगा. उन्होंने मेरा हाथ पकड़ा और बोलीं; "कहाँ जा रहे हो? बैठो यहाँ और कॉफ़ी पियो!"

"मॅडम मेरा आपके घर रुकना सही नहीं हे. आपके प्यारेंट क्या सोचेंगे?" इतना कह कर मैं फिर उठने लगा तो उन्होंने मेरे कंधे पर हाथ रखा और बोलीं; "ये मेरी फ्रेंड का घर हे. तुम जरा भी नहीं बदले अब भी बिलकुल जेंटलमैन हो!" उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा और कॉफ़ी वाला मग मुझे दुबारा पकड़ा दिया. मैं चुप-चाप कॉफ़ी पीने लगा और इधर वो कुछ सोचने लगीं की कुछ तो माजरा है जो मेरी ये हालत हो गई है!

'अच्छा अब बताओ क्या बात है? क्यों इस तरह अपनी हालत बना रखी है?" पर मैं खामोश रहा और कॉफ़ी पीने लगा. "ओह! सायलेंट ट्रीटमेंट!!!! नाराज हो मुझसे?" मॅडम ने फिर से पुछा और मैंने ना में गर्दन हिला दी. फिर मैंने अपना फ़ोन ढूंढ़ने के लिए हाथ मारा तो उन्होंने मेरा 'चार्ज' फ़ोन मुझे दिया. "कभी फ़ोन भी चार्ज कर लिया करो! या काम में इतने मशरूफ रहते हो की चार्ज करने का टाइम नहीं मिलता." उन्होंने कहा और अचानक ही मेरे मुँह से निकला; "जॉब छोड़ दी मैंने!" ये सुनते ही वो चौंक गईं और मुझसे पूछने लगीं; "क्यों?" मैं जाने के लिए उठ के खड़ा हुआ तो उन्होंने एक बार फिर मुझे जबरदस्ती बिठा दिया; "जॉब क्यों छोड़ी?" अब मैं उन्हें कुछ भी नहीं कहना चाहता था क्योंकि मेरी बात सुन कर वो मुझे अपनी हमदर्दी देना चाहती जो में कतई नहीं चाहता था.

"मन नहीं था! ... बोर हो गया था!" मैंने झूठ बोला पर उन्हें मेरी बात पर विश्वास नहीं हुआ, वो मेरे अंदर की झुंझलाहट समझ चुकीं थीं की अगर वो कुछ और पूछेंगी तो मैं उन्हीं पर बरस पडूँगा.इसलिए वो कुछ देर खामोश रही. मैं फिर उठा और जाने के लिए बाहर आया ही था की उन्होंने पीछे से कहा; "मुझे कॉल क्यों नहीं किया?" अब ये ऐसा सवाल था जिसके कारन मेरा गुस्सा बाहर आने को उबल पड़ा और मैं बड़ी तेजी से उनकी तरफ पलटा और चिल्लाने को हुआ ही था की मैंने अपने दाहिने हाथ की मुट्ठी तेज बंद की और खुद को चिल्लाने से रोका और दाँत पीसते हुए कहा; "आपने कॉल किया मुझे बैंगलोर जा कर?" ये सुन कर नितु मॅडम का सर झुक गया."और मैं कॉल करता भी तो किस नंबर पर?" ये कहते हुए मैंने उन्हें अपना व्हाटस अप्प खोल कर दिखाया जिस पर मेरे आखरी के दो हॅपी बर्थ डे वाले मैसेज अब भी उन्हें रिसीव नहीं हुए थे क्योंकि उन्होंने वहाँ जा कर अपना नंबर बदल लिया था.

जब मॅडम ने ये मैसेज देखे तो उनकी आँखों में आँसू छलक आये और उन्हें एहसास हुआ की उन्होंने मुझे मेरे बर्थडे तक पर विश नहीं किया था. दरअसल जब मैं उनके पति कुमार के ऑफिस में काम करता था तो मैं और राखी उन्हें उनके जन्मदिन पर हॅपी बर्थ डे बोला करते थे और उनके बैंगलोर जाने के बाद भले ही मैंने उन्हें कोई कॉल करने की कोशिश नहीं की पर उनके बर्थडे वाले दिन उन्हें मैसेज जरूर कर दिया करता था. पहली बार जब मैसेज भेजा तो काफी दिन तक वो उन्होंने रीड नहीं किया. मैंने सोचा की शायद वो बिजी होंगी या नंबर चेंज कर लिया होगा. फिर भी मैंने उन्हें वो दूसरा मैसेज उन्हें भेजा था ये सोच कर की इतनी दोस्ती तो निभानी चाहिए.

"आई एम सॉरी सागर! मैं वहाँ जा कर अपनी दुनिया में खो गई और तुम्हें कॉल करना ही भूल गई." मॅडम ने सर झुकाये हुए कहा.

"इट्स ओके मॅडम...एनी वे थॅन्क्स फॉर ... व्हॉट यू दिड लास्ट नाईट ...... आई होप आई दिड नॉट मिस बीहेव लास्ट नाईट." मैंने झूठी मुस्कराहट का नक़ाब पहन कर कहा और दरवाजे के पास जाने लगा तो मॅडम ने आ कर मेरे कंधे पर हाथ रख कर फिर से रोक लिया. "ये मॅडम - मॅडम क्या लगा रखा है? पिछली बार मैंने तुम्हें कहा था न की मुझे नितु बोला करो!" मॅडम ने मुस्कुराते हुए कहा.

"मॅडम दो साल में तो लोग शक़्लें भूल जाते हैं, मैं तो फिर भी आपको इज्जत दे कर मॅडम बुला रहा हूँ!" मेरे तीर से पैने शब्द मॅडम को आहत कर गए पर वो सर झुकाये सुनती रही. उन्हें ऐसे सर झुकाये देखा तो मुझे भी एहसास हुआ की मैंने उन्हें ज्यादा बोल दिया; "सॉरी!!!" इतना बोल कर मैं वपस जाने को निकला तो वो बोलीं; "चलो मैं तुम्हें ड्रॉप कर देती हु." इस बार उनके चेहरे पर वही मुस्कान थी जो अभी कुछ देर पहले थी.

"इट्स ओके मॅडम ... मैं चला जाऊंगा."

"कैसे जाओगे? ऑटो करोगे ना?"

"हाँ"

"तो ऐसा करो वो पैसे मुझे दे देना." मॅडम ने फिर से मुस्कुराते हुए कहा. मैंने मजबूरन उनकी बात मान ली और उनके साथ गाडी में चल दिया. "दो दिन पहले मैं यहाँ अपने मम्मी-डैडी से मिलने आई थी. पर उन्होंने तो मुझे घर से ही निकाल दिया! अब कहाँ जाती, तो अपनी दोस्त को फ़ोन किया और उससे मदद मांगी.वो बोली की वो कुछ दिनों के लिए बाहर जा रही है और मैं उसकी गैरहाजरी में रह सकती हु. कल रात उसे एयरपोर्ट छोड कर आ रही थी जब तुम मुझे उस टूटे-फूटे बस स्टैंड पर बैठे नजर आये. पहले तो मुझे यक़ीन नहीं हुआ की ये तुम हो इसलिए मैंने दो-तीन बार गाडी की हेडलाइट तुम्हारे ऊपर मारी पर तुमने कोई रियेक्ट ही नहीं किया. हिम्मत जुटा कर तुम्हारे पास आई और तुम्हारा नाम लिया पर तुम तब भी कुछ नहीं बोले, फिर फ़ोन की फ्लॅश लाईट से चेक करने लगी की ये तुम ही हो या कोई और है! ५ मिनट लगा मुझे तुम्हारी इन घनी दाढ़ी और बालों के जंगल के बीच शक्ल पहचानने में, फिर बड़ी मुश्किल से तुम्हें गाडी तक लाई और फिर हम घर पहुंचे."

"आपको इतना बड़ा रिस्क नहीं लेना चाहिए था." मैंने कहा.

"कोई और होता तो नहीं लेती, पर वहाँ तुम थे और तुम्हें इस तरह छोड़ कर जाने को मन नहीं हुआ. " मॅडम ने नजरें चुराते हुए अपने मन की बात कह डाली थी. पर मेरा दिमाग उस टाइम जल्द से जल्द घर पहुँचना चाहता था ताकि मैं फिर से अपनी मेहबूबा को अपने होठों से लगा सकूँ! लेफ्ट-राइट करते हुए हम आखिर सोसाइटी के मैन गेट पर पहुँचे और मैन सीट बेल्ट निकाल कर जाने लगा तो मॅडम बोलीं; "अरे! घर के नीचे से ही रफा-दफा करोगे?" अब ये सुन कर मैं फिर से बैठ गया और उनकी गाडी पार्क करवा कर घर ले आया. घर का दरवाजा खुलते ही उसमें बसी गांजे और दारु की महक मॅडम को आई और उन्होंने जल्दी से बालकनी ढूँढी और दरवाजा खोल दिया ताकि फ्रेश हवा अंदर आये. मैन खड़ा हुआ उन्हें ऐसा करते हुए देख रहा था और मुझे इसका जरा भी अंदाजा नहीं था की घर में ऐसी महक भरी हुई है, क्योंकि मेरे लिए तो ये महक किसी इत्र की सुगंध के समान थी. जब मॅडम ने मुझे अपनी तरफ देखते हुए पाया तो मैंने उनसे नजर बचा कर अपना सर खुजलाना शुरू कर दिया. "यार! सच्ची तुम तो बड़े बेगैरत हो! मेहमान पहली बार घर आया है और तुम उसे चाय तक नहीं पूछते!" मॅडम ने प्यार भरी शिकायत की. मैन सर खुजलाता हुआ बाथरूम में गया और हाथ-मुँह धो कर उनके लिए चाय बनाने लग गया.इसी बीच मॅडम ने घर का मोआईना करना शुरू कर दिया और मोआईना करते-करते वो मेरे कमरे में जा पहुँची जहाँ उन्हें मेरी मेडिकल रिपोर्ट सामने ही पड़ी मिली. उन्होंने वो सारी रिपोर्ट पढ़ डाली और उनकी आँखें नम हो गईं, तभी मैंने उन्हें किचन से आवाज दी; "मॅडम चाय!" नितु मॅडम ने अपने आँसू पोछे और वो बाहर आ गईं और अपने चेहरे पर हँसी का मुखौटा पहन कर बैठ गई. "चाय तो बढ़िया बनाई है?" उन्होंने मेरी झूठी तारीफ की.

"बुराइयाँ कितनी भी बुरी हों, सच्ची होती हैं...

झूठी तारीफों से तो अच्ची होती हैं!"

मेरे मुँह से ये सुन कर मॅडम मेरी तरफ देखने लगीं और अपने दर्द को छुपाने के लिए बोलीं; "क्या मतलब?"

"मतलब ये की चाय में दूध तक नहीं और आप चाय अच्छी होने की तारीफ कर रही हैं!"

"चाय, शायरी, और तुम्हारी यादें....

भाते बहुत हो, दिल जलाते बहुत हो"

मॅडम के मुँह से ये सुन कर मैन आँखें फाड़े उन्हें देखने लगा की तभी उन्होंने बात घुमा दी;
"अच्छा… एक अरसा हुआ लखनऊ घूमे हुए! चलो आज घूमते हैं!"

"मॅडम मैं तो यहीं रहता हूँ, बाहर से तो आप आये हो! आप घूमिये मैं तो यहाँ सब देख चूका हूँ, यहाँ के हर रंग से वाक़िफ़ हूँ!"

"ओह कम ऑन यार! मैं अकेली कहाँ जाऊँगी? तुम सब जगह जानते हो तो आज मेरे गाईड बन जाओ, घर बैठ कर ऊबने से तो बेहतर हे."

"मॅडम मेरा जरा भी मन नहीं है, मुझे बस सोना है!" मैंने मुँह बनाते हुए कहा पर वो मानने वाली तो थी नहीं!

"जब तक यहाँ हूँ तब तक तो मेरे साथ घूम लो, मेरे जाने के बाद जो मन करे वो करना." मैंने मना करने के लिए जैसे ही मुँह खोला की वो जिद्द करते हुए बोली;
"प्लीज...प्लीज...प्लीज....प्लीज...प्लीज....प्लीज!!!" मैं सोच में पड़ गया क्योंकि मन मेरा शराब पीना चाहता था और दिमाग कह रहा था की बाहर चलते हे. एक बार तो मन ने कहा की एक पेग पी और फिर मॅडम के साथ चला जा पर दिमाग कह रहा था की ये ठीक नहीं होगा! आखिर बेमन से मैंने मॅडम को बाहर बैठने को कहा और मैं नहाने चला गया.ठन्डे-ठन्डे पानी की बूँदें जब जिस्म पर पड़ी तो जिस्म में अजीब सी ऊर्जा का संचार हुआ एक पल के लिए लगा जैसे वही पुराना सागर ने जागने के लिए आँख खोली हैं पर दर्द ने उसे पिंजरे में कैद कर रखा था और उसे बाहर नहीं जाने देना चाहता था. मैं आज रगड़-रगड़ कर नहाया साबुन की खुशबु से नहाया हुआ मैं बाहर निकला. मैंने बनियान और नीचे टॉवल लपेटा हुआ था और मेरे सामने मॅडम शर्ट-जीन्स ले कर खड़ी थी. मुझे ये देख कर थोड़ी हैरानी हुई की मॅडम ने मेरे लिए खुद कपडे निकाले थे पर मैंने उस बात पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया क्योंकि मुझे अब ज्यादा चीजें अफेक्ट नहीं करती थीं! मैं तैयार हुआ, दाढ़ी में कंघी मार कर उसे सीधा किया और बाल चूँकि बहुत लम्बे थे तो उन्हें पीछे की तरफ किया. जैसे ही बाहर आया तो मॅडम मुझे बड़े गौर से देख रहीं थी. उनका मुझे इस तरह देखने से पता नहीं कैसे मेरे चेहरे पर मुस्कराहट ले आया;

“माई आईज वेयर ऑन हिम, व्हेन हिज शाईनी ब्लॅक हेयर, थिक..... ब्लॅक बीअर्ड, ब्युटीफुल ब्राऊन आईज, रेड चिक अँड दीं प्लीजन्ट स्माईल मेड मी रियलाईज हाऊ कलरफूल ही वाज!”

मॅडम के मुँह से अपनी ये तारीफ सुन कर मैं चौंक गया था क्योंकि मेरी नजर में मैं अब वो सागर नहीं रहा था जो पहले हुआ करता था.

"धीरे-धीरे ज़रा ज़रा सा निखरने लगा हूँ मैं

लगता हैं उस बेवफ़ा के जख्मों से उबरने लगा हूँ मैं"

मुझे नहीं पता उस समय क्या हुआ की ये शब्द मेरे मुँह से अपने आप ही निकले. मॅडम ने इन शब्दों को बड़े ध्यान से सुना था पर उन्होंने इसे कुरेदा नहीं, क्योंकि वो जानती थी की मैं उदास हो कर बैठ जाऊँगा और फिर कहीं नहीं जाऊंगा. उन्होंने ऐसे जताया जैसे की कुछ सुना ही ना हो और बोली; "चलो जल्दी!" मैंने भी उनकी बात का विश्वास कर लिया और उनके साथ चल दिया. "तो पहले थोड़ा नाश्ता हो जाए?" मॅडम ने कहा, पर मुझे भूख नहीं थी इसलिए मैंने सोचा वहाँ जा कर मैं खाने से मना कर दूंगा. मॅडम ने सीधा आझाद बाग का रुख किया, गाडी पार्क की और टुंडे कबाबी खाने के लिए चल दी. पूरे रस्ते वो पटर-पटर बोलती जा रही थीं, मेरा ध्यान आस-पास की दुकानों और लोगों पर बंट गया था. दूकान पहुँच कर मैं उनके लिए एक प्लेट टुंडे कबाबी और रुमाली रोटी लाया तो वो मेरी तरफ हैरानी से देखने लगीं और बोलीं: "ये तो मैं अकेली खा जाऊँगी! तुम्हारी प्लेट कहाँ है?"

"मेरा मन नहीं है...आप खाओ" मैंने मना करते हुए कहा.

"ठीक है.... मैं भी नहीं खाऊँगी!" ऐसा कहते हुए उन्होंने एकदम से मुँह बना लिया.

"मॅडम प्लीज मत कीजिये ऐसा!" मैंने रिक्वेस्ट करते हुए कहा.

"अगर मुझे अकेले खाने होते तो मैं तुम्हें यहा क्यों लाती? इंसान को कभी-कभी दूसरों की ख़ुशी के लिए भी कुछ करना चाहिए!" मॅडम ने उदास होते हुए कहा. "अच्छा एक बाईट तो ले लो." इतना कहते हुए मॅडम ने अपनी प्लेट मेरी तरफ बढ़ा दी. मैंने हार मानते हुए एक बाईट ली और बाकी का उन्होंने ख़ुशी-ख़ुशी खाया.

"नेक्स्ट स्टॉप रेजीडेंसी!" ये कहते हुए मॅडम ने गाडी स्टार्ट की, पूरी ड्राइव के समय मैं बस इधर-उधर देखता रहा क्यों की मन में शराब की ललक भड़कने लगी थी. जब भी कोई ठेका दिखता तो मन करता की यहीं उतर जाऊ और शराब ले आऊ पर मॅडम के साथ होने

की वजह से मैं खामोश रहा और अपनी ललक को पकड़ के उसे शांत करने लगा. शायद मॅडम भी मेरी बेचैनी भाँप गई थी इसलिए अब जब भी मेरी गर्दन ठेके की तरफ घूमती तो वो मेरा ध्यान भंग करने के लिए कुछ न कुछ बात शुरू कर देतीं. किसी तरह से हम रेजीडेंसी पहुँचे और वहाँ घूमने लगे और वहाँ भी मॅडम चुप नहीं हुईं और मुझे अपने बैंगलोर के घर के बारे में बताने लगी. बैंगलोर का नाम सुनते ही मेरा मन दुखने लगा और एक बार फिर अनायास ही मेरे मुँह से कुछ शब्द निकले;

"इन अंधेरों से मुझे कहीं दूर जाना था...

तुम्हारे साथ मुझे अपना एक सुन्दर आशियाना बसना था..."

ये सुन कर मॅडम एक दम से चुप हो गईं और मुझे भी एहसास हुआ की मुझे ये सब नहीं कहना चाहिए था. मैने इधर-उधर देखना शुरू किया और मजबूरन बहाना बनाना पड़ा; "मॅडम ... भूख लगी है!" ये सुनते ही उनके चेहरे पर ख़ुशी आ गई; "नेक्स्ट स्टॉप बिरयानी!!!" दोपहर के दो बजे हम बिरयानी खाने पहुँचे और मैंने अपने लिए हाफ और मॅडम के लिए फुल प्लेट बिरयानी ली. मेरा तो फटाफट खाना हो गया पर मॅडम अभी भी खा रही थी. मैं पानी की बोतल लेने गया और मेरे जाते ही वहाँ प्रफुल अपने ऑफिस के कलिग के साथ वहाँ आ गया.

प्रफुल: हाई मॅडम!!!

नितु मॅडम: हाई प्रफुल, सो गुड टू सी यू! यहाँ लंच करने आये हो?

प्रफुल: जी मॅडम!!!

नितु मॅडम: और अब भी वहीँ काम कर रहे हो?

प्रफुल: नहीं मॅडम ...सर ने काम बंद कर दिया था. मैंने दूसरी जगह ज्वाइन कर लिया और सागर ने अपने ही ऑफिस में मोहित को लगा लिया.

अब तक प्रफुल का कलिग आर्डर करने जा चूका था और मॅडम को उससे बात करने का समय मिल गया.

नितु मॅडम: प्रफुल ... इफ यू डोन्ट माईन ....., सागर को क्या हुआ है? मैं उससे कल रात मिली और उसकी हालत मुझसे देखि नहीं जाती! वो बहुत बीमार है, फ्याटी लीवर, डिप्रेशन,पेन, लॉस ऑफ एपेटाईट... आई होप तुमने उसे देखा होगा? वो बहुत कमजोर हो चूका है!

प्रफुल: मॅडम वो बावला हो गया है!

प्रफुल ने गुस्से में कहा और फिर उसे एहसास हुआ की उसने मॅडम के सामने ऐसा बोला इसलिए उसने उनसे माफ़ी मांगते हुए बात जारी रखी;

प्रफुल: सॉरी मॅडम .... मुझे ऐसा...

नितु मॅडम: इट्स ओके प्रफुल, आई कॅन अंडर स्टँड! (मॅडम ने प्रफुल की बात काटते हुए कहा.)

प्रफुल: ही वाज इन लव विद अश्विनी, अब पता नहीं दोनों के बीच में क्या हुआ? ये साला देवदास बन गया! मैंने और मोहित ने इसे बहुत समझाया पर किसी की नहीं सुनता, सारा दिन बस शराब पीता रहता है, अच्छी खासी जॉब थी वो भी छोड़ दी! अब आप बता रहे हो की ये इतना बीमार है, अब ये किसी की नहीं सुनेगा तो पक्का मर जायेगा.

नितु मॅडम: तो उसके घर वाले?

प्रफुल: उन्हें कुछ नहीं पता, ये घर ही नहीं जाता बस उनसे फ़ोन पर बात करता हे. मोहित बता रहा था की बीच में दो दिन ये बहुत खुश था पर उसके बाद फिर से वापस दारु, गाँजा!

इतने में मैं पानी की बोतल ले कर आ गया.

प्रफुल: और देवदास?

ये सुनते ही मैं उसे आँखें दिखाने लगा की मॅडम के सामने तो मत बोल ऐसा.पर वो मेरे बहुत मजे लेता था;

प्रफुल: तू मॅडम के साथ आया है?

मैं: हाँ... आजकल मैं गाइड की नौकरी कर ली हे.

मैंने माहौल को हल्का करते हुए कहा, पर वो तो मॅडम के सामने मेरी पोल-पट्टी खोलने को उतारू था;

प्रफुल: चलो अच्छा है, कम से कम तू अपने जेलखाने से तो बाहर निकला

मैंने उसे फिर से आँख दिखाई तो वो चुप हो गया.

मैं: चलें मॅडम?!

नितु मॅडम: चलते हैं.... पहले जरा तुम्हारी रिपोर्ट तो ले लूँ प्रफुल से!

पर तभी उसका कलिग आ गया और प्रफुल ने मुझे उससे पहचान कराया;

प्रफुल: ये है मेरा भाई जो साला इतना ढीढ है की मेरी एक नहीं सुनता!

ये सुन कर सारे हंस पड़े पर अभी उसका मुझे धमकाना खत्म नहीं हुआ था;

प्रफुल: बेटा सुधर जा वरना अब तक मुँह से समझाता था. अब मार-मार के समझाऊँगा?"

मैं: छोटे भाई पर हाथ उठाएगा?

और फिर सारे हँस पडे. मॅडम का खाना खत्म होने तक हँसी-मजाक चलता रहा और मैं भी उस हँसी-मजाक में हँसता रहा. काफी दिनों बाद मेरे चेहरे पर ख़ुशी दिखाई दे रही थी जिसे देख प्रफुल खुश था.

विदा ले कर मैं और मॅडम चलने को हुए तो प्रफुल ने मेरे कंधे पर हाथ रखा और अचानक से मेरे गले लग गया.भावुक हो कर वो कुछ बोलने ही वाला था की मॅडम ने पीछे से अपने

होठों पर ऊँगली रख कर उसे चुप होने को कहा. प्रफुल ने बात समझते हुए धीरे से मेरे कान में बुदबुदाते हुए कहा; "भाई ऐसे ही मुस्कुराता रहा कर! तेरी हँसी देखने को तरस गया था!" उसकी बात दिल को छू गई और मैं भी थोड़ा रुनवासा हो गया; "कोशिश करता हूँ यार!" फिर हम अलग हुए और वो ऑफिस की तरफ चल दिया और मैं अपने आँसुओं को पोछने के लिए रुमाल ढूँढने लगा, तो एहसास हुआ की मेरी आँखों का पानी मर चूका हे. दर्द तो होता है बस वो बाहर नहीं आता और अंदर ही अंदर मुझे खाता जा रहा हे.

मॅडम ने मेरा हाथ पकड़ा और मुझे बिना कुछ बोले पार्किंग की तरफ ले जाने लगी. मैं भी बिना कुछ बोले अपने जज्बातों को फिर से अपने सीने में दफन कर उनके साथ चल दिया. अब मॅडम भी चुप और मैं भी चुप तो मुझे कुछ कर के उन्हें बुलवाना था ताकि मेरे कारन उनका मन खराब न हो. "तो नेक्स्ट स्टॉप कहाँ का है मॅडम?" मैंने पुछा तो वो कुछ सोचने लगी और बोलीं; "हज़रतगंज मार्किट!!!"

इस तरह हम शाम तक टहलते रहे, रात हुई और मॅडम ने जबरदस्ती डिनर भी करवाया.फिर हम वापस गाडी के पास आ रहे थे की मेरे पूरे जिस्म में बगावत छिड़ गई! मेरे हाथ-पैर कांपने लगे थे और उन्हें बस अपनी दवा यानी की दारु चाहिए थी. मैं मॅडम से अपनी ये हालत छुपाते हुए चल रहा था. गाडी में बैठ कर अभी कुछ दूर ही गए होंगे की मॅडम को शक हो गया; "आर यू ऑल राईट?" उन्होंने पुछा तो मैंने ये कह कर टाल दिया की मैं बहुत थका हुआ हु. फिर आगे उन्होंने और कुछ कहा नहीं और मुझे सोसाइटी के गेट पर छोड़ा; "अच्छा मैं तो तुम्हें एक बात बताना ही भूल गई. रियान इन्फोटेक याद है ना?”

मैंने हाँ में सर हिलाया. "मेरी उनसे एक प्रोजेक्ट पर बात चल रही थी जिसके सिलसिले में 'हमें' न्यूयॉर्क जाना हे."

"हम?" मैंने चौंकते हुए कहा.

"हाँ जी... हम! लास्ट प्रोजेक्ट पर तुमने ही तो सारा काम संभाला था!"

"पर मॅडम...." मेरे आगे कुछ कहने से पहले ही उन्होंने मेरे सामने हाथ जोड़ दिए;

"सागर प्लीज मान जाओ! देखो मैं इतना बड़ा प्रोजेक्ट नहीं संभाल सकती!"

"मॅडम .... मैं सोच कर कल बताता हु."

"ओके ... तो कल सुबह १० बजे तैयार रहना!"

"क्यों?" मैंने फिर से चौंकते हुए पूछा.

"अरे यार! लखनऊ घुमाना है ना तुमने!" इतना कह कर वो हँसने लगी. मैं भी उनके इस बचपने पर हँस दिया और गुड नाईट बोल कर घर आ गया.घर घुसते ही मैंने सबसे पहले बोतल खोली और उसे अपने मुँह से लगा कर पानी की तरह पीने लगा, आधी बोतल खींचने के बाद मैं अपनी पसंदीदा जगह, बालकनी में बैठ गया.अब मेरा जिस्म कांपना बंद हो चूका था और अब समय था अभी जो मॅडम ने कहा उसके बारे में सोचने की. आज ३१ अक्टूबर था. २५ नवंबर को दिवाली और २७ नवंबर को अश्विनी की शादी थी. मुझे कैसे न कैसे इस शादी में शरीक नहीं होना था! तो अगर मैं मॅडम की बात मान लूँ तो मुझे विदेश जाना पड़ेगा और मैं इस शादी से बच जाऊँगा! ...... पर घर वाले मानेंगे? ये ख़याल आते ही मैं सोच में पड़ गया.इस बहाने के अलावा मेरे जहन में कोई और बहाना नहीं था. जो भी हो मुझे इसी बहाने को ढाल बना कर ये लड़ाई लड़नी थी. मन को अब थोड़ा चैन मिला था की अब मुझे इस शादी में तो शरीक नहीं होना होगा इसलिए उस रात मैंने कुछ ज्यादा ही पी.

अगली सुबह किसी ने ताबड़तोड़ घंटियां बजा कर मेरी नींद तोड़ी! मैं गुस्से में उठा और दरवाजे पर पहुँचा तो वहाँ मैंने नितु मॅडम को खड़ा पाया. उनके हाथों में एक सूटकेस था और कंधे पर उनका बैग, मुझे साइड करते हुए वो सीधा अंदर आ गईं और मैं इधर हैरानी से आँखें फाड़े उन्हें और उनके बैग को देख रहा था. "मेरी फ्रेंड और उसके हस्बैंड आज सुबह वापस आ गए तो मुझे मजबूरन वहाँ से निकलना पडा. अब यहाँ मैं तुम्हारे सिवा किसी को नहीं जानती तो अपना समान ले कर मैं यहीं आ गई." मैं अब भी हैरान खड़ा था क्योंकि मैं नहीं चाहता था की मेरे इस प्लेस ऑफ सोलीटुड में फिर कोई आ कर अपना घोंसला बनाये और जाते-जाते फिर मुझे अकेला छोड़ जाये. "क्या देख रहे हो? मैंने तो पहले ही बोला था न की इफ आई एवर निड अ प्लेस टू क्रॅश, आई विल्ल लेट यू नो! ओह! शायद मेरा यहाँ आना तुम्हें अच्छा नहीं लगा?" इतना कह कर वो जाने लगीं तो मैंने उनके सूटकेस का हैंडल पकड़ लिया. "आप मेरे वाले कमरे में रुक जाइये मैं दूसरे वाले में सो जाऊंगा." फिर मैंने उनके हाथ से सूटकेस लिया और अपने कमरे में रखने चल दिया. मुझे जाते हुए देख कर मॅडम पीछे से अपनी चतुराई पर हँस दीं उन्होंने बड़ी चालाकी से जूठ जो बोला था!

मैं अपना समान बटोरने लगा था की तभी मॅडम अंदर आईं और बोलीं; "कपडे ही तो हैं? पड़े रहने दो.... हाँ अगर कुछ अश्लील वाली चीजें हैं तो अलग बात है!" मॅडम ने जिस धड़ल्ले से अश्लील कहा था उसे सुन कर मेरी हवा टाइट हो गई! मुझे ऐसे देख कर मॅडम ने ठहाका मार के हँसना शुरू कर दिया. इसी बहाने से मेरी में हँसी निकल गई. मैंने अपने कपडे छोड़ दिए बस शराब की बोतले उठा कर बाहर निकलने लगा. मेरे हाथ में बोतल देख कर मॅडम की हँसी गायब हो गई और उदासी फिर से उनके चेहरे पर लौट आई. पर मैं इस बात से अनजान दूसरे कमरे में आ गया.इस कमरे में बस एक गद्दा पड़ा था. मैंने सारी खाली बोतलें डस्टबिन में डालीं और दो खाली बोतलें अपने सिरहाने रखी.इधर मॅडम ने किचन में खाने लायक चीजें देखनी शुरू कर दी, मैं अपने गद्दे पर चादर बिछा रहा था की मॅडम दरवाजे पर अपनी कमर पर हाथ रख कर खड़ी हो गईं; "तुम कुछ खाते-वाते नहीं हो? किचन में चायपत्ती और कुछ नमकीन के आलावा कुछ है ही नहीं!" अब में उन्हें क्या कहता की मैं तो सिर्फ दारु पीता हूँ! 'चलो गेट रेडी, कुछ ग्रोसरी का समान लाते हैं." अब मेरा मन घर से बाहर जाने का कतई नहीं था. तो मैंने अपने फ़ोन में एप खोल कर उन्हें दे दिया और मैं करवट ले कर लेट गया.मैंने ये तक नहीं सोचा की उस फ़ोन में मेरी और अश्विनी की तसवीरें हैं! मॅडम फ़ोन ले कर बाहर चली गईं और ग्रोसरी का समान आर्डर कर दिया. फिर उन्होंने फ़ोन गैलरी में फोटो देखनी शुरू कर दी. मेरा फोन मैने आज तक कभी किसी को नहीं दिया था इसलिए फ़ोन में किसी भी ऍप पर लॉक नहीं था. मॅडम ने सारी तसवीरें देखि, इधर जैसे ही मुझे होश आया की मॅडम फोटोज न देख लें तो में फटाफट बाहर आया और देखा मॅडम ग्रोसरी की पेमेंट वाले पेज पर पिन नंबर एंटर कर रहीं थी. मैं उनके पीछे चुप-चाप खड़ा रखा और जब उन्होंने पेमेंट कर दी तो मैंने उनसे फ़ोन माँगा. "क्यों डर रहे हो? फ़ोन में अश्लील छुपा रखा है क्या?" मॅडम ने मजाक करते हुए कहा तो फिर से मेरे चेहरे पर मुस्कराहट आ गई. मैं दुबारा सोने जाने लगा तो मॅडम ने रोक लिया; "यार कितना सोओगे? रात में कहीं चौकीदारी करते हो? चलो बैठो यहाँ मैं चाय बनाती हु." मैं चुप-चाप बालकनी में फर्श पर बैठ गया.ठंड का आगाज हो चूका था और हवा में अब हलकी-हलकी ठंडक महसूस की जा सकती थी और मैं इसी ठंडक को महसूस कर हल्का सा मुस्कुरा दिया. मैंने दोनों हाथों से कप पकड़ा और मॅडम भी मेरे सामने ही अपनी चाय ले कर बैठ गई. "तो क्या सोचा न्यूयॉर्क जाने के बारे में?" मॅडम ने चाय की चुस्की लेते हुए पूछा. ये याद आते ही मैं बहुत गंभीर हो गया और मॅडम समझ गईं की मैं मना कर दूँगा, इसलिए मॅडम का चेहरा मुरझा गया; "कब जाना है?" मैंने थोड़ा मुस्कुराते हुए कहा तो मॅडम के चेहरे पर ख़ुशी फिर से लौट आई. "२० नवंबर को पहले बैंगलोर जाना है, वहाँ से मुझे अपना समान लेना है और फिर वहाँ से मुंबई और फिर फाइनल स्टॉप न्यूयॉर्क!" मॅडम ने एक्साईटेड होते हुए कहा और उनके चेहरे की ख़ुशी मुझे सुकून देने लगी थी. ऐसा लगा मानो किसी अपने को ख़ुशी दे रहा हूँ और उनकी ख़ुशी से मुझे भी ख़ुशी होने लगी.

कुछ देर बाद ग्रोसरी का सारा समान आ गया, इतना समान अपने सामने मैं कई दिनों बाद देख रहा था. मैं उठ कर नहाने गया और मॅडम ने किचन संभाल लिया, नहा के आते-आते उन्होंने नाश्ता बना लिया था. मॅडम ने एक प्लेट में आधा परांठा मुझे परोस कर दिया. "मॅडम मुझे भूख नहीं लगती, आप क्यों मेरे लिए तकलीफ उठा रहे हो! आप खाइये!"

"क्या भूख नहीं लगती? अपनी हालत देखि है? अच्छी खासी बॉडी थी और तुमने उसकी रैड मार दी है! कहीं मॉडलिंग करने जाना है जो वेट लॉस कर रहे हो?!" मॅडम ने प्यार से मुझे डाँटा और एक बार फिर मेरी हँसी निकल गई. दरअसल ये मॅडम का गेम प्लान था. मुझे इस तरह छेड़ना और प्यार से डाँटना ताकि मैं थोड़ा मुस्कुराता रहूँ, पर मैं उनके इस गेम प्लॅन से अनविज्ञ था! मैंने परांठे का आधा हिस्सा मॅडम को दे दिया और बाकी का हिस्सा ले कर मैं वापस बालकनी में बैठ गया.मॅडम भी अपना परांठा ले कर मेरे पास बैठ गईं और मुझे प्रोजेक्ट के बारे में बताने लगी. इस बार मैं बड़े गौर से उनकी बातें सुन रहा था. "वैसे हम जा कितने दिन के लिए रहे हैं?" मैंने पुछा तो उन्होंने २० दिन कहा और मैं उसी हिसाब से सोचने लगा की घर पर मुझे कितने दिन का बताना हे. "और एक्सपेंसेस?" मैंने पुछा क्योंकि मेरे पास सवा चार लाख बचे थे, और बाकी मैं शराब और नए फ्लैट के चक्कर में फूँक चूका था! "उसकी चिंता मत करो वो सब रीइमबर्स हो जायेगा!"

इसके अलावा मैंने उनसे कुछ नहीं पूछा. नाश्ते के बाद हम इधर-उधर की बातें करते रहे और लैपटॉप पर कुछ डिस्कशन करने लगे. तभी मॅडम के लैपटॉप की बैटरी डिस्चार्ज हो गई और उन्होंने मुझसे मेरा लैपटॉप माँगा और उस पर वो मुझे कुछ साइट्स दिखाने लगीं जिनके साथ उन्होंने थोड़ा-थोड़ा काम किया था. मैं दो मिनट के लिए गया तो मॅडम ने मेरा लैपटॉप सारा चेक कर मारा और उन्हें वो सब बुकमार्क चेक कर लिए जो मैंने मार्क किये थे रेंट पर घर लेने के लिए, साथ ही उन्होंने जॉब ओपनिंग भी देख ली थीं और वो अब धीरे-धीरे सब समझने लगी थी. जो वो नहीं समझ पाईं थी वो था मेरा और आशु का रिश्ता! मेरे वापस आने तक उन्होंने सारी विंडोज क्लोज कर दी थी और उन्हें हिस्ट्री से भी डिलीट कर दिया था! जब मैं वापस आया तो मॅडम ने फिर से मेरी टाँग खींचते हुए कहा; "यार तुम तो बढ़िया वाली अश्लील फिलमे देखते हो?" ये सुनते ही मैं चौंका क्योंकि कई महीनों से अश्लील फिलमे देखा ही नहीं था. "नहीं तो! बड़े दिन हुए......" इतना मुंह से निकला और मुझे एहसास हुआ की मैंने कुछ ज्यादा बोल दिया. मॅडम मेरा रिएक्शन देख कर जोर-जोर से हँसने लगी. उनकी देखा-देखि मेरी भी हँसी निकल गई. दोपहर हुई और मॅडम ने खाना बना दिया और मुझे आवाज दी, हम दोनों अपनी-अपनी प्लेट ले कर फिर वहीँ बैठ गये. मैंने बड़ी मुश्किल से एक रोटी खाई और जैसे ही मैं उठने को हुआ तो मम ने मेरा हाथ पकड़ कर वापस बिठा दिया. "हेल्लो मिस्टर इतनी मन मनाई नहीं चलेगी, चुप कर के दो

रोटी और खाओ! सुबह भी आधा परांठा खाया है और अब बस एक रोटी?!" मॅडम ने फिर से प्यार से मुझे डांटा.

"मॅडम क्या करूँ इतना प्यार भरा खाना खाने की आदत नहीं है!" मुझे नहीं पता की मेरे मुँह से ये क्यों निकला, शायद ये मॅडम का असर था जो मुझ पर अब दिखने लगा था.

"तो आदत डाल लो!" मॅडम ने हक़ जताते हुए कहा और मैं भौएं सिकोड़ कर हैरानी से उनकी तरफ देखने लगा. उनका ये कहना की आदत डाल लो का मतलब क्या था? तभी मॅडम ने मेरा ध्यान भंग करने को एक रोटी और परोस दी. चूँकि मैंने अभी पी नहीं थी इसलिए अब दिमाग बहुत ज्यादा अलर्ट था और आज सुबह से जो हो रहा था उसका आंकलन करने लगा था. मैं सर झुका कर चुप-चाप खाना खाने लगा, मॅडम का खाना हो चूका था इसलिए वो मुझसे नजरें चुराती हुई चली गई. मेरा दिल अब किसी और को अपने नजदीक नहीं आने देना चाहता था. फिर न्यूयॉर्क वाले ट्रीप के बाद उन्होंने बैंगलोर चले जाना था और मैंने फिर वापस यहीं लौट आना था तो फिर इतनी नजदीकियाँ क्यों? ये दूसरीबार था जब मॅडम मेरे नजदीक आना चाहती थीं, पहली बार तब था जब हम मुंबई में थे और मैंने उन्हें अपने गाँव के रीती-रिवाज के डर की आड़ में उन्हें अपने नजदीक नहीं आने दिया था. इस बार भी मुझे फिर उसी डर का सहारा लेना था ताकि वो मेरे चक्कर में अपनी जिंदगी बर्बाद ना करें और मैं यहाँ अकेला चैन से घुट-घुट कर मरता रहु. मैंने सोचा अगली बार उन्होंने मुझे ऐसा कुछ कहा तो मैं उन्हें समझा दूंगा. अगर मुन्ना मेरी जिंदगी में नहीं आया होता तो शायद मैं मॅडम की तरफ बह जाता पर मुन्ना के आने के बाद मैंने एक बहुत जरुरी सबक सीखा था! मैं अभी इसी उधेड़-बन में था की मॅडम मेरी प्लेट लेने आ गई. पर मैंने उन्हें अपनी प्लेट नहीं दी बल्कि खुद उठा कर किचन में चल दिया. वहाँ से निकल कर मैंने देखा तो मॅडम बालकनी में बैठीं थी और उनकी आँखें बंद थी. मुझे लगा वो सो रही हैं, इसलिए मैं अपने कमरे में चला गया.कमरे में मेरे सिरहाने पड़ी बोतल पर ध्यान गया तो सोचा की एक घूँट पी लेता हूँ पर ख्याल आया की मॅडम यहाँ हैं, ऐसे में मेरा पीना उन्हें अनकंफर्टेबल महसूस करवाएगा.पर अब कुछ तो नशा चाहिए था. क्योंकि मेरे हाथ-पैर थोड़ा कांपने लगे थे! इसलिए मैंने सिगेरट और माल उठाया और चुप-चाप छत पर आ गया.वहाँ बैठ कर मैंने माल भरा और तसल्ली से सिगरेट पी और वहीँ दिवार से पीठ लगा कर बैठ गया.शाम के ४ बजे मैं नीचे आया तो मॅडम अब भी वैसे ही सो रही थीं बस ठंड के कारण वो थोड़ा सिकुड़ीं हुई थी. मैंने अंदर से एक चादर निकाली और उन पर डाल दी, फिर मैं चाय बनाने लगा. चाय की खुशबु सूंघ कर मदत अंगड़ाई लेते हुए उठी. जाने क्यों पर उन्हें ऐसे अंगड़ाई लेते देख मुझे अश्विनी की याद आ गई. मैं दोनों हाथों में चाय का कप

पकडे वहीँ रुक गया, अब तक मॅडम ने मुझे देख लिया था इसलिए वो खुद आईं और मेरे हाथ से चाय का कप ले लिया.

शायद मॅडम ये भाँप गई थीं की मैं उनकी दोपहर की बात का बुरा मान चूका हूँ, इसलिए हम दोनों में फिलहाल कोई बात नहीं हो रही थी. रात का खाना बनाने के बहाने से मॅडम ने बात शुरू की; "सागर रात को खाने में क्या बनाऊँ?"

"बाहर से मंगा लेते हैं!" मैंने कहा और फ़ोन पर देखने लगा की उनके लिए क्या मँगाऊँ? पर मॅडम बोलीं; "क्यों मेरे हाथ का खाना पसंद नहीं आया तुम्हें?"

"ऐसी बात नहीं है मॅडम .... आप यहाँ खाना बनाने थोड़े ही आये हो!" मैंने उनकी तरफ देखते हुए कहा.

"पर मैंने लोबिया भिगो दिए थे!" मॅडम ने मुँह बनाते हुए कहा, ये सुनकर मैं जोर से हँस पडा. उन्हें समझ नहीं आया की मैं क्यों हँस रहा हूँ पर मुझे हँसता हुआ देख वो बहुत खुश थी.

"मॅडम जब आपने पहले से लोबिया भिगो दिए थे तो आपने पुछा क्यों की क्या बनाऊँ?" ये सुन कर मॅडम को पता चला की मैं क्यों हँस रहा था और अब उन्होंने अपना माथा पीटते हुए हँसना शुरू कर दिया.

"बिलकुल मम्मी की तरह!" इतना कहते हुए उनकी हँसी गायब हो गई और सर झुका कर वो उदास हो गई. उनकी आँख से आँसू का एक कतरा जमीन पर पड़ा, मैं एक दम से उठा और उनके कंधे पर हाथ रख कर उन्हें सांत्वना देने लगा. फिर मैंने उनका हाथ पकड़ा और उन्हें कुर्सी पर बिठाया.

‘‘क्या किसी इंसान को खुश होने का हक़ नहीं है? स्कूल से ले कर शादी तक मैंने वो हर एक चीज की जो मेरे मम्मी-डैडी ने चाही. दसवी के बाद मुझे साइंस लेनी थी पर मम्मी-डैडी ने कहा कॉमर्स ले लो, फिर मुझे डी.यु. जाना था तो मुझे करेकपॉन्डेंस में एडमिशन दिलवा दिया ये बोल कर की कौन सा तुझे जॉब करनी है! उसके बाद सीधा शादी के लिए मेरे सामने एक लड़का खड़ा कर दिया और कहा की ये तेरा जीवन साथी हे. मैंने वो भी मान लिया पर वो ही अगर धोकेबाज निकला तो इसमें मेरा क्या कसूर है? वो मुझे कैसे कह

सकते हैं की निभा ले?! जब मैंने मना किया और डाइवोर्स ले लिया तो मुझे जलील कर दिया! इतनी जल्दी माँ-बाप अपने जिगर के टुकड़े को खुद से काट कर अलग कर देते हैं?" ये कहते हुए मॅडम रोने लगीं, मुझसे उनका ये दुःख देखा नहीं गया तो मैं उनके साथ बैठ गया और उनके कंधे पर हाथ रख कर उन्हें शांत करने लगा. उन्होंने अपना मुँह मेरे कंधे से लगाया और रोने लगी. मैं बस उनका कन्धा सहलाता रहा ताकि वो शांत हो जाये. मेरा मन कहने लगा था की हम दोनों ही चैन से जीना चाहते है, एक को माँ-बाप ने छोड़ दिया तो दूसरे को उसकी मेहबूबा ने छोड़ दिया. हालाँकि तराजू में मॅडम का दुःख मेरे दुःख से की ज्यादा बड़ा था पर कम से कम उन्होंने अपनी जिंदगी दुबारा शुरू तो कर ली थी और वहीँ मैं अपने गम में सड़ता जा रहा था.

कुछ देर बाद वो चुप हुईं और मेरे कंधे से अपना चेहरा हटाया, जहाँ उनका मुँह था वो जगह उनके आंसुओं से गीली हो गई थी. अब उन्हें हँसाने की जिम्मेदारी मेरी थी. पर जो इंसान खुद हँसना भूल गया हो वो भला दूसरों को क्या हसायेगा? "मॅडम मैने आपको पहले भी कहा था न की आप के चेहरे पर हँसी अच्छी लगती है, आँसू नहीं!" मॅडम ने तुरंत मेरी बात मान ली और अपने आँसू पोछ कर मुस्कुरा दी. फिर मॅडम ने खाना बनाया और उनका दिल रखने के लिए मैंने दो रोटी खाईं, कुछ देर तक हम दोनों बालकनी में खड़े रहे और फिर सोने चले गये. बारह बजे तक मैंने सोने की बहुत कोशिश की, बड़ी करवटें ली पर नींद एक पल के लिए नहीं आई. मॅडम की मौजूदगी में मेरा दिमाग मुझे पीने नहीं दे रहा था पर मन बेचैन होने लगा था. हाथ-पाँव फिर से कांपने लगे थे और अब तो बस दारु चाहिए थी.

हार मान कर मैं उठा और सोचा की ज्यादा नहीं पीयूँगा, जैसे ही मैंने अपने सिरहाने देखा तो वहाँ से बोतलें गायब थी. मैं समझ गया की ये मॅडम ने ही हटाईं हैं, मैं गुस्से में बाहर आया और मॅडम के कमरे में झाँका तो पाया वो सो रही हे. किसी तरह मैंने गुस्सा कण्ट्रोल किया और किचन में बोतले ढूँढने लगा. अभी २४ घंटे हुए नहीं इन्हें आये और इन्होने मेरी जिंदगी में उथल-पुथल मचाना शुरू कर दिया. ये शराब की ललक थी जो मेरे दिमाग पर हावी हो कर बोल रही थी! मेरा दिमाग भी यही चाह रहा था की मॅडम ने वो बोतलें फेंक दी हों ताकि आज मैं दारु पीने से बच जाऊँ, ये तो कम्बख्त मन तो जिसे दारु का सहारा चाहिए था! सबसे ऊपर की शेल्फ पर मुझे बोतल मिल ही गई और मैंने फटाफट गिलास में डाली और उसे पीने ही जा रहा था की पीछे से एक आवाज मेरे कान में पड़ी; "प्लीज.... मत पियो...." इस आवाज में जो दर्द था उसने जाम को मेरे होठों से लगने नहीं दिया. मैंने सबसे पहले लाइट जलाई और पलट कर देखा तो मॅडम आँखों में आँसू लिए मेरी तरफ देख रही थी. उन्होंने ना में गर्दन हिलाई और मुझे पीने से मना करने लगी. ऐसा लगा जैसे

बहुत हिम्मत कर के वो मुझे रोक रहीं हों, उनके हाव-भाव से मुझे डर भी साफ़ दिख रहा था. एक शराबी को दारु पीने से रोकना इतना आसान नहीं होता, क्योंकि शराब की ललक में वो कुछ नहीं सुनता और किसी को भी नुकसान पहुँचा सकता हे. पर मैं अभी उस हद्द तक नहीं गिरा था की उन पर हाथ उठाऊँ!

मैंने चुप-चाप गिलास किचन स्लैब पर रख दिया और सर झुका कर अपने अंदर उठ रही शराब पीनी की आग को शांत करने लगा. मेरा ऐसा करने का करना था मॅडम के आँसू, जिन्होंने मेरे जलते हुए कलेजे पर राहत के कुछ छींटें मारे थे. मॅडम डरती हुई मेरे नजदीक आईं और मेरे कांपते हुए दाएं हाथ को पकड़ कर धीरे से मुझे हॉल की कुर्सी पर बिठाया. फिर मेरे सामने वो अपने घुटनों के बल बैठ गईं और आँखों में आँसू लिए हिम्मत बटोर कर बोलीं; "सागर....मैं जानती हूँ तुम अश्विनी को कितना प्यार करते थे!" ये सुनते ही मैंने हैरानी से उनकी आंखों में देखा, पर इससे पहले मेरे लब कोई सवाल पूछते उन्होंने ही सवाल का जवाब दे दिया; "मुझे प्रफुल ने कल बताया. मैं नहीं जानती की क्यों तुम दोनों अलग हुए पर इतना जरूर जानती हूँ की उसमें तुम्हारी कोई गलती नहीं हो सकती. वो ही तुम्हें समझ नहीं सकी, इतना प्यार करने वाला उसे कहाँ मिलेगा? पर वो तो मुव्ह ऑन कर गई ना? फिर तुम क्यों अपनी जान देना चाहते हो? मैंने तुम्हारी सारी मेडिकल रिपोर्ट्स पढ़ी हैं, तुम ने अगर पीना बंद नहीं किया तो मैं अपना सबसे प्यारा दोस्त खो दूँगी!" मॅडम ने मेरे दोनों गालों को अपने दोनों हाथों के बीच रखते हुए कहा. ये सब सुन कर मैं फिर से टूट गया; "मॅडम ... अगर नहीं पीयूँगा तो वो और याद आएगी और मैं सो नहीं पाऊँगा. चैन से सो सकूँ इसलिए पीता हूँ!" मैंने ने रोते हुए कहा. ये सब मेरे दिमाग की उपज थी जो मुझे पीना नहीं छोड़ने देना चाहती थी और मॅडम ये जानती थी.

"तुम इतने भी कमजोर नहीं हो! ये तुम्हारे अंदर का डिप्रेशन है जो तुम्हें खुल कर साँस नहीं लेने दे रहा. फिर मैं हूँ ना यहाँ पर? आई प्रॉमिस मैं तुम्हें इस बार छोड़ कर कहीं नहीं जाउंगी. एक बार गलती कर चुकी हूँ पर दुबारा नहीं करुँगी! हम दोनों साथ-साथ ये लड़ाई लड़ेंगे और जीतेंगे भी." मॅडम ने मेरी आँखों में देखते हुए कहा और ना चाहते हुए भी मैं उनकी बातों पर विश्वास करने लगा. वैसे भी मेरे पास खोने के लिए बस मेरी एक जान ही रह गई थी!

मॅडम ने मेरा हाथ पकड़ा और मुझे उठा कर अपने साथ अपने कमरे में ले गईं, वो पलंग के सिरहाने बैठ गईं और मुझे उनकी गोद में सर रखने को कहा. मैं उस वक़्त अंदर से इतना

कमजोर था की मुझे अब किसी का साथ चाहिए था जो मुझे इस दुःख के सागर से निकाल कर किनारे लाये. मॅडम की वो गोद मेरे लिए कश्ती थी. ऐसी कश्ती जिसका सहारा अगर मैं ना लिया तो मैं पक्का डूब जाऊंगा. जब इंसान डूबने को होता है तो उसकी फायटींग स्पिरीट सामने आती है जो उसे आखरी सांस तक लड़ने में मदद करती है और यही वो स्पिरीट थी जिसने मुझे मॅडम की गोद में सर रखने को कहा. मैं भी उनकी गोद में सर रख कर सिकुड़ कर लेट गया.मेरी आँखें अब भी खुली थीं और वो सामने दिव्वार पर टिकी थी. दिल पिघलने लगा था और उसमें से आँसू का कतरा बहा और बिस्तर पर गिरा. मॅडम जिनकी नजर मुझ पर बनी हुई थी. उन्होंने मेरे आँसू पोछे और बोलीं; "सागर एक रिक्वेस्ट करूँ?"मैंने हाँ में सर हिलाया. "प्लीज मुझे मेरे नाम से बुलाया करो, तुम्हारे मुँह से 'मॅडम' सुनना मुझे अच्छा नहीं लगता." मैंने फिर से हाँ में सर हिलाया.

'नितु' ने मेरे बालों में हाथ फेरना शुरू किया, ये एहसास मेरे लिए जादुई था. मन शांत हो गया था और आँखें भारी होने लगी थीं, धीरे-धीरे मैं नींद के आगोश में चला गया.पर जिस्म को नशे की आदत हो गई थी इसलिए तीन बजे मेरी आँख फिर खुल गई. कमरे में अँधेरा था और इधर मेरा गला शराब की दरक़ार करने लगा था. दिल की धड़कनें अचानक ही तेज हो गई थीं, हाथ-पैर फिर से कांपने लगे थे अब बस दारु चाहिए थी ताकि मैं खुद को काबू में कर सकू. मैं धीरे से उठा और कमरे से बाहर आया और किचन स्लैब पर देखा जहाँ मेरा जाम मुझे देख रहा था और अपनी तरफ बुला रहा था. मेरे कदम अपने आप ही उस दिशा में बढ़ने लगे, काँपते हाथ अपने आप ही जाम को थाम कर उठा चुका था. पर कहते हैं ना की जब हम कोई गलत काम करते हैं तो हमारी अंतर्-आत्मा हमें एक बार रोकती जरूर हे. मैं एक पल के लिए रुका और मेरी अंतर्-आत्मा ने मुझे गाली देते हुए कहा; "वहाँ नितु तुझे इस गम से निकालने के लिए इतना त्याग कर रही है और तू उसे ही धोका देने जा रहा है? भला तुझमें और अश्विनी में फर्क ही क्या रहा?" ये ख़याल आते ही मुझे खुद से नफरत हुई, क्योंकि मेरे लिए सिर्फ और सिर्फ अश्विनी ही दोषी थी और मेरी इस हालत की जिम्मेदार भी वही थी! मेरा कुछ भी ऐसा करना जिसके कारन मैं उसके जैसा बन जाऊँ उससे अच्छा था की मर जाऊ. मैंने वो गिलास किचन सिंक में खाली कर दिया. पता नहीं क्यों पर मुझे ऐसा लगा जैसे नाली में गिरती वो दारु मुझे गालियाँ दे रही हो और कह रही हो; "जब कोई नहीं था तेरे पास तब मैं थी! आज जब नितु आ गई तो तू मुझे नाली में बहा रहा है? जब ये भी छोड़ कर जायेगी तब मेरे पास ही आएगा तू!"

"कभी नहीं आऊँगा तेरे पास, मर जाऊँगा पर नहीं आऊँगा! बहुत तिल-तिल कर मर लिया अब फिर तुझे कभी अपने मुँह नहीं लगाऊँगा. तूने सिर्फ मुझे जलाया ही है, कोई एहसान

नहीं किया मुझ पर! एक इंसान मुझे सहारा दे कर संभालना चाहता है और तू चाहती है मैं भी उसे धोका दूँ?" मैं जोश-जोश में ऊँची आवाज में बोल गया इस बात से अनजान की नितु ने पीछे खड़े हो कर ये सब देख और सुन लिया हे. जब मैं पलटा तो नितु की आँखें भरी हुई थीं, उन्होंने मेरे काँपते हुए हाथों को पकड़ा और आ कर मेरे सीने से लग गईं और बोलीं; "शुक्रिया!!!" इसके आगे वो कुछ नहीं बोलीं, फिर मुझे वापस पलंग पर ले गईं और मुझे अपने गोद में सर रख कर लेटने को कहा. एक बार फिर मैं उस प्यार की गर्माहट में लेट गया पर नींद आना इतना आसान नहीं था. "आई एम प्राउड ऑफ यू!" ये कहते हुए उन्होंने मेरे माथे को चूमा और मेरे बालों में अपनी उँगलियाँ फेरने लगी. नितु का ये किस मेरे पूरे शरीर को झिंझोड़ गया, पुराना सागर अब जाग गया था और वो अब वापस आने को तैयार था! पर अंदर से मेरा पूरा जिस्म काँप रहा था और नितु बस मन ही मन प्रार्थना कर रही थीं की ये रात कैसे भी पार हो जाए ताकि वो कल सुबह मुझे हॉस्पिटल ले जा सके. जागते हुए दोनों ने रात गुजारी और सुबह होते ही उन्होंने मुझे फ्रेश होने को कहा, उन्होंने चाय और नाश्ता बनाया. मेरा शरीर अब बुरी तरह कांपने लगा था. जिस्म से पसीना आने लगा था और मुझे थकावट भी बहुत लग रही थी. नहाने का जैसे कोई असर ही नहीं पड़ा था मुझ पर, मुझसे तो ठीक से बैठा भी नहीं जा रहा था. नितु ने बड़ी मुश्किल से मुझे नाश्ता कराया और कटोरी से धीरे-धीरे चाय पिलाई. घर से निकलना आफत हो गई थी ऐसा लगा जैसे की कोई भूत-बाधा वाला मरीज भगवान के डर से बाहर नहीं आना चाहता हो.

"एम्बुलेंस बुलाऊँ?" नितु ने पुछा तो मैंने ना में सर हिला दिया और कहा; "इतनी जल्दी हार नहीं सागरँगा! आप कैब बुला लो!" कैब आई और मैं सीढ़ियों पर बैठते-बैठते नीचे उतरा और आखिर हम हॉस्पिटल पहुंचे. नितु ने वहाँ इमरजेंसी में मुझे उसी डॉक्टर से मिलवाया और वो मेरी ये हालत देख कर समझ गया."सी आई टोल्ड यू!" उसने फटाफट जो औपचारिकताएं थी वो पूरी कीं और वही टेस्ट दुबारा दोहराये. रिपोर्ट आने तक उसने मुझे आराम करने को कहा और एक बेड दे दिया. पर मैंने मना कर दिया; "सर आई एम अ फायटर! अभी इस पर लेटने का समय नहीं आया. मैं बाहर वेट करता हूँ!" डॉक्टर और नितु मेरे अंदर ये पॉजिटिव चेंज देख कर बहुत खुश थे. रिपोर्ट्स आने के बाद डॉक्टर ने हमें वापस अंदर बुला लिया और बिठा कर बताने लगा; "सागर आई एम अफ्रेड रिपोर्ट आर नॉट गुड! योवर लीवर इज ड्यामेज ..... यू हॅव क्रायहोसिस ऑफ लीवर!!! यू कान्ट गो बॅक टू ड्रिंकिंग ऑर एल्स यू आर गोना डाई!" ये बात नितु के लिए बर्दाश्त कर पाना मुश्किल था इसलिए वो रो पडी. मैंने उनके कंधे पर हाथ रखा; "हे! आई एम डाईंग!" मैंने थोड़ा मजाक करते हुए कहा.

"इज शी यू आर वाइफ?" डॉक्टर ने पूछा. तो मैंने मुस्कुराते हुए कहा; "शी इज दीं वन हु किपिंग मी अलाईव!"

"देन मॅडम इट्स गोना बी वन फाइट फॉर यू! एज यू कॅन सी दीं कोंस्टांट शिवरिंग, इट्स बिकाज हिज बॉडी इज एडिक्टेड टू दीं इनटॉक्सीकेशन ही इज बिन टेकिंग फॉर सच अ लाँग टाइम. नाऊ दॅट ही इज स्टॉप, हिज बॉडी इज क्रेविंग फॉर इट! हिज बॉडी विल् रिजेक्ट एनी मेडिकेशन वी गिव बट, यू हॅव टू मेक शुअर ही टेक मेडीसिन ऑन टाइम. अल्सो, वेरी सो ऑन.... यू विल सी दीं विड्रावल सिंपटम! ही इज गैनिंग टू रियाक्ट अँड बाय रियाक्ट.आई मीन ...!ही माईट बीकम वायलंट. कीप एन आय ऑन हिम कौज आई नो ही विल् स्टार्ट ड्रिंकिंग अगैन! यू हॅव टू कीप अल्कोहोल अवे फ्रॉम हिम एट एनी कॉस्ट ऑर यू विल लूज योवर बेस्ट फ्रेंड! ही अल्सो निड अ थेरेपिस्ट सो ही कॅन इज दीं प्रेशर ऑन हिज ह्याड, ही सिम अ वेरी इमोशनल पर्सन अँड ही विल एवेनचुअली ह्याव अ नर्व्हस ब्रेकडाऊन! एट दॅट टाइम डू टेक केयर ऑफ हिम, दीं थेरेपिस्ट विल् राईट सम मेडिकेशन टू इज हिज मेंटल प्रेशर अँड कीप हिम इन चेक. आई एम राईटींग सम सिरप अँड क्यापसुल फॉर हिज लीवर एज वेल एज हिज एपेटाईट. होम कुक फूड ओन्ली! नो ओयली फूड, फास्ट फूड ऑर एनीथिंग. नॉर्मल होम कुक फूड ओन्ली. अल्सो, ही कंपलेन अबाउट स्लीप डेप्रीवेशन सो आई एम राईटींग वन स्लीपिंग पिल, डू नॉट इंक्रिज दीं डोज अंडर एनी कंडीशन!" डॉक्टर ने बड़ी ही सख्त हिदायतें दी थीं और ये सुन कर ही पालन करने से डर लगने लगा था.

"कितना टाइम लगेगा इस में?" मैंने पुछा तो डॉक्टर ऐसे हैरान हुआ जैसे मैं कोई तुर्रमखाँ हु.

"इट वॉन्ट बी इजी! इफ यू फॉलो माई एडव्हाइस प्रोपरली देन एट लिस्ट अ इअर!" डॉक्टर ने गंभीर होते हुए कहा. पर मुझे अपने ऊपर पूरा विश्वास था की मैं ये कर लूँगा..... ब्लडी ओव्हरकॉन्फिडन्स!

हॉस्पिटल से लौटते-लौटते शाम के ४ बज गए थे, नितु ने आते ही चाय बनानी शुरू कर दी और मैं उनसे बात करने लगा. जब से नितु आई थी वो बस घर में खाना ही बना रही थी. मुझे बड़ा बुरा लग रहा था की मेरी वजह से उन्हें ये तकलीफ उठानी पड़ रही हे. मैंने सिक्योरिटी गार्ड को फ़ोन कर के कहा की वो कोई काम करने वाली भेज दे, नितु ने जब ये सुना तो वो बोली; "क्या जरुरत है? मैं कर रही हूँ ना सारा काम?"

"खाना बनाने तक तो ठीक है पर ये बर्तन धोना, झाड़ू-पोछा और कपडे धोना मुझे पसंद नहीं, ये काम कोई और कर लेगा. आप बस टेस्टी-टेस्टी खाना बनाओ!" मैंने हँसते हुए कहा.

"अच्छा मेरे हाथ का खाना इतना पसंद है? ठीक है तो फिर आज से एक रोटी एक्स्ट्रा खानी होगी!" नितु की बात सुन कर मैं अपनी ही बात में फँस गया था. मैं मुस्कुरा दिया और अपने कमरे में जा कर लेट गया.लेटे-लेटे मैं सोच रहा था की मुझे घर भी जाना है ताकि वहाँ जा कर मैं विदेश जाने का कारन बता कर शादी से अपनी जान बचा सकूँ! पर इस हालत में जाना, मतलब वो लोग मुझे कहीं जाने नहीं देंगे. दिन कम बचे थे और मुझे जल्द से जल्द ठीक होना था. रात को खाने के बाद नितु ने मुझे दवाई दी और मैं थोड़ा वॉक करने के बाद अपने कमरे में सोने जाने लगा. "वहाँ कहाँ जा रहे हो?" नितु ने पुछा, मैंने इशारे से उन्हें कहा की मैं सोने जा रहा हु. "नहीं....रात में तबियत खराब हुई तो?" नितु ने चिंता जताते हुए कहा.

"कुछ नहीं होगा? अगर तबियत खराब हुई तो मैं आपको उठा दूंगा."

"तुम्हें क्या प्रॉब्लम है मेरे साथ इस कमरे में सोने में?" नितु ने अपनी कमर पर दोनों हाथ रखते हुए पूछा.

"यार! अच्छा नहीं लगता आप और मैं एक ही रूम में, एक ही बेड पर!"

"ओ हेल्लो मिस्टर! आई एम सिंगल समझे! अपनी ये सभ्यता है न अपने पास रखो!" नितु ने मेरी टाँग खींचते हुए कहा.

"तभी तो दिक्कत है? आप सिंगल, मैं सिंगल फिर .... यू नो ... शादी हुई होती तो बात अलग होती!" मैंने भी नितु की टाँग खींची!

"अच्छा? चलो अभी करते हैं शादी?" नितु ने मेरा हाथ पकड़ा और बाहर जाने के लिए तैयार हो गई. हम दोनों ने इस बात पर खूब जोर से ठहाका लगाया! ५ मिनट तक नॉन-स्टॉप हँसने के बाद नितु बोली; "चलो सो जाओ!" उन्होंने जबरदस्ती मुझे अपने कमरे में सोने के लिए कहा. मैं भी मान गया और जा कर एक तरफ करवट ले कर लेट गया और नितु दूसरी तरफ करवट ले कर लेट गई. दवाई का असर था तो मैं कुछ देर के लिए बड़े

इत्मीनान से सोया पर असर ज्यादा देर तक नहीं रहा और २ बजे मेरी आँख खुल गई और उसके बाद करवटें बदलते-बदलते सुबह हुई.

सुबह नितु ने उठते ही देखा की मैं आँखें खोले छत को देख रहा हूँ; "गुड मॉर्निंग! सोये नहीं रात भर?"

"दो बजे के बाद नींद नहीं आई, इसलिए जागता रहा." मैंने उठ के बैठते हुए कहा. तभी नितु की नजर मेरे काँपते हुए हाथों पर पड़ी और उनकी चिंता झलकने लगी. मैं धीरे-धीरे उठा क्योंकि मुझे लग रहा था की कहीं चक्कर आ गया तो! फ्रेश हो कर मैं बालकनी में कुर्सी पर बैठ गया और नितु चाय बना कर ले आई. "अच्छा थेरेपिस्ट के पास कब जाना है?" नितु ने पूछा. ये सुनते ही मेरी आंखें चौड़ी हो गईं, मैं जानता था की थेरेपिस्ट के पास जाने के बाद मुझे उसे सब बातें बतानी होंगी और ये सब बताना मेरे लिए आसान नहीं था. "प्लीज...मुझे थेरेपिस्ट के पास नहीं जाना!" मैंने मिन्नत करते हुए कहा. "पर क्यों?" नितु ने चिंता जताते हुए कहा.

"प्लीज...मैं नहीं जाऊँगा.... तुम जो कहोगी वो करूँगा पर वहाँ नहीं जाऊंगा." मैं किसी भी हालत में ये सच किसी के सामने नहीं आने देना चाहता था क्योंकि ये सुन कर डॉक्टर और नितु दोनों ही मेरे बारे में गलत सोचते और मैं खुद को गलत साबित होने नहीं देना चाहता था. अब मुझमें इतनी ताक़त नहीं थी की मैं किसी को अपनी सफाई दूँ पर उनकी सोच मुझे जरूर चुभती!

"ठीक है...मैं एक बार डॉक्टर से बात करती हूँ!"

नाश्ता बनाने का समय हुआ तो नितु ने एक पतला सा परांठा बनाया, जैसे ही उन्होंने मुझे परोस कर दिया मैंने तुरंत उसके दो टुकड़े किये और आधा टुकड़ा उठा लिया. पर नितु को मुझे डराने का स्वरनिाम मौका मिल चूका था. उन्होंने आँखें तर्रेर कर कहा; "थेरेपिस्ट के जाना है?" ये सुनते ही मैं डरने का नाटक करते हुए ना में सर हिलाने लगा. "तो फिर ये पूरा खाओ!" मैंने डरे सहमे से बच्चे की तरह वो बचा हुआ टुकड़ा उठा लिया, मेरा बचपना देख उन्हें बहुत हँसी आई. उनके चेहरे की हँसी मेरे दिल को छू गई. ऐसा लगा जैसे बरसों बाद उन्हें हँसता हुआ देख रहा हु. नाश्ते के बाद गार्ड एक काम करने वाली को ले आया और नितु ने चौधरी बनते हुए उससे सारी बात की और उसे आज से ही काम पर रख लिया.

उसने काम शुरू कर दिया था और मुझे अचानक से दीदी और मुन्ना की याद आ गई. मैं एक पल के लिए खमोश हो गया और मुन्ना को याद करने लगा. उस नन्हे से बच्चे ने मुझे दो दिन में ही बहुत सी खुशियाँ दे दी थीं, पता नहीं वो कहा होगा और किस हाल में होगा? नितु ने जब मुझे गुमसुम देखा तो वो मेरे बगल में बैठ गईं और मेरे कंधे पर हाथ रखते हुए बोलीं; "क्या हुआ?" उनका इतना प्यार से बोलना था की मैंने उन्हें मुन्ना और दीदी के बारे में सब बता दिया. वो मेरा दुख समझ गईं और मुझे संत्वना देने लगी.... दोपहर हुई और फिर वही उनका मुझे थेरेपिस्ट के नाम से डराना जारी रहा. शाम को उन्होंने बताया की डॉक्टर बोल रहा है की मुझे थेरेपिस्ट के पास जाना पडेगा. पर मेरे जिद्द करने पर वो कुछ सोचने लगीं और बोलीं की हफ्ते भर के लिए वो जो-जो कहें मुझे करना होगा, मेरे लिए तो थेरेपिस्ट के बजाए यही सही था. मैं तुरंत मान गया पर मुझे नहीं पता था की वो मुझसे क्या करवाने वाली हैं!

रात हुई और खाना खाने के बाद नितु ने मुझे अपने पास जमीन पर बैठने को कहा. वो मेरे पीछे कुर्सी ले कर बैठीं और मेरे सर की अच्छे से मालिश की ताकि मुझे अच्छे से नींद आये. "बाल बड़े रखने हैं तो ठीक से बाँधा भी करो!" ये कहते हुए नितु ने मेरे बालों का बून बनाया.बाल बहुत बड़े नहीं थे वरना और भी अच्छे लगते.

दवाई खा कर मैं नितु वाले कमरे में लेट गया.मैं इस वक़्त सीधा लेटा था की नितु ने झुक कर मेरे माथे को चूमा. कल की ही तरह ये किस मेरे पूरे शरीर को झिंझोड़ कर चला गया."कल सुबह ६ बजे उठना है! कल से हम योग करेंगे!" ये कहते हुए नितु बिस्तर के अपने साइड सो गई. पर रात के दो बजते ही मेरे नींद खुली और मेरे पेट में बहुत जोर से दर्द होने लगा. दर्द इतनी तेज बढ़ रहा था की ऐसा लग रहा था की मेरे प्राण अब निकले! मैं जितना हो सके उतना अपनी कराह को दबा कर सिकोड़ कर लेटा हुआ था. पर नितु को मेरे दर्द का एहसास हो ही गया और उन्होंने तुरंत कमरे की लाइट जला दी. मैं अपने घुटने अपने छाती से चिपकाए लेटा कसमसा रहा था. माथे पर ढेर सारा पसीना, जिस्म में कंपकंपाहट! मेरी हालत देख कर नितु घबरा गई और किसी तरह खुद को संभाल कर मेरे माथे पर हाथ फेरने लगी. पसीने से उनके हाथ गीले हो गए, तो वो बाहर से एक टॉवल ले आईं और मेरे चेहरे से पसीने पोछने लगी और तभी उनकी आँखों से आँसू निकलने लगे. वो खुद को लाचार महसूस कर रही थी और चाह कर भी मेरा दर्द कम नहीं कर पा रहीं थी. उनका रोना मुझसे देखा नहीं गया तो मैंने उनसे पानी माँगा, वो दौड़ कर पानी ले आई. दो घुट पानी पिया था की मुझे उबकाई आ गई. किसी तरह से मैं अपनी उबकाई को कण्ट्रोल करता हुआ बाथरूम पहुँचा और वहाँ मैं कमोड पकड़ कर बैठ गया और जो कुछ भी पेट में अन्न था वो सब बाहर निकाल दिया. मेरे उलटी करने के दौरान नितु मेरी पीठ सहला रही

थी. पेट खाली हुआ थो कंपकपी और बढ़ गई. मुझे सहारा दे कर नितु ने मुझे वापस पलंग पर लिटाया; "मैं एम्बुलेंस बुलाती हूँ!" ये कहते हुए नितु फ़ोन नंबर ढूँढने लगी.

"नहीं.... !!! सुबह तक .... वेट करो प्लीज!" मैंने कांपते हुए कहा. उस समय मुझे एहसास हुआ की मैं किस कदर कमजोर हो चूका हु. अश्विनी के चक्कर में मैं मौत के मुँह में पहुँच चूका हु. नितु उस वक़्त बहुत ज्यादा घबराई हुई थी. वो मेरे सिरहाने बैठ गई और मेरा सर अपनी गोद में रख लिया. पूरी रात वो मेरे सर पर हाथ फेरती रहीं, जिस कारन मेरी थोड़ी आँख लगी.

सुबह ६ बजते ही मेरी आँख खुल गई क्योंकि नितु मेरा सर धीरे से अपनी गोद से हटा रही थी. "चाय" मैंने कांपती हुई आवाज में कहा. नितु ने तुरंत चाय बनाई, मैंने बहुत ताक़त लगाई और बेड से टेक लगा कर बैठा. अपने हाथों को देखा तो वो काँप रहे थे. नितु कप में चाय लाइ और एक कप को पकड़ने के लिए हम दोनों ने अपने दोनों हाथ लगाए थे. चाय अंदर गई तो जिस्म को लगा की कुछ ताक़त आई हे. मैं इतना तो समझ गया था की अगर मैंने खाना नहीं खाया तो मुझे सलाईन चढ़ाना पड़ेगा इसलिए मैंने नितु से टोस्ट खाने को मांगे.ये सुन कर उन्हें थोड़ी तसल्ली हुई की मेरी तबियत में कुछ सुधार आ रहा हे. नाश्ता करते-करते दस बज गए थे, मैं खुद ही बोला की हॉस्पिटल चलते हे. बड़ी मुश्किल से हम हॉस्पिटल पहुँचे और जब डॉक्टर ने चेक किया तो उसने कहा; "सागर की बॉडी दवाइयाँ रिजेक्ट कर रहीं हैं, मैं दवाइयाँ बदल रहा हु. इसके खाने का भी ध्यान रखो हल्का खाना दो, सूप दो, खिचड़ी, फ्रूट्स ये सब दो. एक बार में नहीं खाता तो थोड़ा-थोड़ा दो!"

"डॉक्टर साहब प्लीज कोई भी दवाई दो पर कल वाला हादसा फिर से ना हो!" मैंने कहा.

"दवाई चेंज की है मैंने, होपफुली अब नहीं होगा." डॉक्टर ने और दवाइयाँ लिख दी.

"सर इस कंपकंपी का भी कुछ कर दीजिये!" मेने कहा.

"इसकी कोई दवाई नहीं है, ये तुम्हारा जिस्म जिसे तुमने नशे का आदि बना दिया था वो रियेक्ट कर रहा हे. इसे ठीक होने में समय लगेगा!' तभी नितु ने इशारे से थेरेपी वाली बात छेड़ी और डॉक्टर ने मेरी क्लास ले ली! "ये बताओ तुम्हें थेरेपी लेने से क्या प्रॉब्लम है?"

"सर मैं जिन बातों को भूलना चाहता हूँ वो डॉक्टर को फिर से बता कर उस दुःख को दुबारा फेस नहीं करना चाहता." मैंने गंभीर होते हुए कहा.

"ये बातें फिलहाल दबीं हैं पर कभी न कभी ये बाहर आएंगी और फिर तुम्हें बहुत दर्द देंगी, फिर तुम दुबारा से पीना शुरू कर दोगे! इसलिए आज चले जाओ डॉक्टर अभी यहीं हे." डॉक्टर की बात थी तो सही पर मैं उन बातों को किसी के सामने दोहराना नहीं चाहता था और उससे बचने के लिए मैं बहाने बनाने लगा. कभी योग का बहाना करता तो कभी मॉर्निंग वॉक करने का बहाना करता. पर डॉक्टर पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ा और मुझे मजबूरन थेरेपिस्ट के पास जाना पडा. पर मैंने भी होशियारी दिखाई और उसे आशु और मेरे रिश्ते की बात छोड़ कर सब बता दिया. उसे लगा की एक और आशिक़ आ गया और उसने मुझे १० मिनट का लेक्चर दिया और कहा की मैं ज्यादा सोचूं न, जो हो चूका है उसे भूल जाऊँ, हँसी-ख़ुशी रहूँ, तबियत सुधरने के बाद एक हेलथी लाइफ स्टाइल जिऊँ और जल्दी से शादी कर लु. घर की जिम्मेदारियाँ पड़ेंगी तो ये सब धीरे-धीरे भूल जाऊंगा. चलो आज नितु को भी आधा सच जानने को मिल गया की आखिर हुआ क्या था!

हम घर आये तो एक बात जो मैंने नोटिस की वो थी की नितु को शादी की बात से कुछ ठेस पहुँची हो. शायद उन्हें अपनी शादी याद आ गई. खेर ये बचा हुआ दीं बहुत ही शान्ति से गुजरा.| रात में वही कंपकंपी और फिर जागते हुए सुबह का इंतजार करना.

सुबह उठते ही मैंने नितु से कहा की वो मुझे योग करना सिखाये. नितु की योग में महारथ हासिल थी. उन्होंने चुन-चुन कर मुझे वो ही आसन कराये जो मेरे लिए करना आसान था. कोई भी एकजरसाइज करने वाला आसन नहीं करवाया क्योंकि शरीर अभी भी बहुत कमजोर था. वो बस मुझे मेरी साँस पर नियंत्रण करना और फोकस करने के लिए प्राणायाम सीखा रही थी. योग के बाद हमने चाय पी और तभी उनका फ़ोन बज उठा. वो फ़ोन ले कर कमरे में चली गईं और मैं उठ कर बाथरूम जाने लगा की तभी मुझे इतना सुनाई दिया; "मैं अभी नहीं आ सकती, जो भी है अपने आप संभाल लो!" मैं उस टाइम कुछ नहीं बोला. नाश्ते के बाद हम बैठे थे और नौकरानी काम कर रही थी. मेरा ध्यान अब भी मेरे कांपते जिस्म पर था और मुझे अपनी इस हालत पर गुस्सा आ रहा था. "मेरी वजह से आप क्यों अपना बिज़नेस खराब कर रहे हो?" मैंने नितु की तरफ देखते हुए कहा और उन्हें समझ आ गया की मैंने उनकी बात सुन ली हे.

"अभी मेरा तुम्हारे साथ रहना जरुरी है!"

"१-२ दिन की बात होती तो मैं कुछ नहीं कहता, पर इसे ठीक होने में बहुत टाइम लगेगा और तब तक आपका ऑफिस का काम कौन देखेगा? आप चले जाओ, मैं अपना ध्यान रखूँगा!" मैंने कहा.

"बोल दिया न नहीं!" इतने कहते हुए वो गुस्से में उठ कर चली गई. मुझे भी इस बात पर बहुत गुस्सा आया, मैं जोश में उठा और अपने कमरे में जा कर लेट गया.मैं नहीं चाहता था की कोई मेरी वजह से किसी भी तरह का नुकसान सहे और यहाँ तो नितु के बिज़नेस की बात थी तो मैं कैसे उन्हें ये नुकसान सहते हुए देखता. मैंने अपने गद्दे के नीचे से सिगरेट का पैक निकाला और पीने लगा. अभी दो कश ही पीये थे की नितु धड़धड़ाते हुए अंदर आईं और मेरे हाथ से सिगरेट छीन कर फेंक दी. इतना काफी था मेरे अंदर के गुस्से को बाहर निकलने के लिए; "डॉक्टर ने सिगरेट पीने से तो मना नहीं किया ना?"

"इसकी भी आदत लगानी है? लीवर तो खराब कर ही लिया है अब क्या लंग्ज भी खराब करने हैं?" उन्होंने गुस्से में कहा.

"कुछ तो रहने दो मेरी जिंदगी में? शराब छोड़ दी अब क्या ये सिगरेट भी छोड़ दूँ? तो जियूँ किसके लिए? ये उबला हुआ खाना खाने के लिए?" मैंने गुस्से से कहा.

"सिर्फ शराब और सिगरेट के लिए ही जीना है तुम्हें?" नितु ने पूछा. मेरे पास उनकी इस बात का कोई जवाब नहीं था. तो आँसू ही सच बोलने को बाहर आ गये.

"आप क्यों अपनी लाइफ मुझ जैसे लूज़रके लिए बर्बाद कर रहे हो? आपको तक़रीबन एक हफ्ता हो गया मेरी तीमारदारी करते हुए? क्यों कर रहे हो ये सब? क्या मिलेगा आपको ये सब कर के? छोड़ दो मुझे अकेला और मरने दो!" मैंने बिलखते हुए कहा. ये था वो नर्व्हस ब्रेकडाऊन जो डॉक्टर ने कहा था की होगा. क्योंकि दिमाग को अब शराब पीने के लिए बहाना चाहिए था और इस समय उसने ये बहाना बनाया की नितु की लाइफ मेरे कारन खराब हो रही हे. नितु भी जानती थी की वो मुझे चाहे कितना भी प्यार से समझा ले पर मेरे पल्ले कुछ नहीं पडेगा. उन्हें मुझे जीने के लिए एक वजह देनी थी. एक ऐसी वजह जिसके लिए मैं ये लड़ाई जारी रखूँ और फिर से अपने पैरों पर खड़ा हो जाऊ. उन्हें मुझे अपनी दोस्ती का एहसास दिलाना था. पर सख्ती से ताकि मेरे दिमाग में उनकी बात घुसे!

वो मेरे गद्दे पर घुटनों के बल बैठीं और मेरे टी-शर्ट के कालर को पकड़ा और मुझे बड़े जोर से झिंझोड़ा, फिर गरजते हुए मेरी आँसुओं से लाल आँखों में देखती हुई बोलीं; "लूक एट मी! तुम्हारी जगह मैं पड़ी होती तो क्या मुझे छोड़ कर चले जाते?..... बोलो? ..... नहीं ना?.... फिर मैं कैसे छोड़ दूँ तुम्हें?! ..... तुम्हें जीना होगा....मेरे लिए....मेरी दोस्ती के लिए..... तुम्हें ऐसे मरने नहीं दूँगी मैं! मेरी लाइफ में तुम वो अकेले इंसान हो जिसे मैंने अपना माना है और तुम मरने की बात करते हो? अब मर्द बनो और इस लड़ाई को जारी रखो!" नितु की ये बातें मेरे लिए ऐसी थीं जैसे काली गुफा में रौशनी की एक किरण, मैं धीरे-धीरे इस रौशनी की तरफ बढ़ ही रहा था की नितु ने मुझे एक बार फिर से झिंझोड़ा और पुछा; "समझे? फाइट!!!!" मैंने हाँ में गर्दन हिलाई और तब जा कर उन्होंने मेरा कालर छोडा. कुछ टाइम तक वो मेरी तरफ प्यार से देखने लगीं जैसे मुझसे माफ़ी माँग रही हों की उन्होंने मेरे साथ सख्ती दिखाई और इधर मेरा पूरा जिस्म दहल गया था. नितु की आँखें नम हो चली थीं तो मैंने उनके आँसू पोछे और गद्दे के नीचे से सिगरेट का पैक उन्हें निकाल कर दे दिया. नितु ने वो पैक लिया और बिना कुछ बोले चली गईं और मैं दिवार से सर लगा कर बैठा रहा और अपने दिल को तसल्ली देता रहा और हिम्मत बटोरता रहा की नितु ने ने इतनी मेहनत की है मुझे ठीक करने में तो मैं इसे बर्बाद जाने नहीं दूंगा. कुछ देर बाद मैं खुद बाहर आया और देखा तो नितु किचन में खाना बना रही हे. मैं चुप-चाप हॉल में बैठ गया की तभी उन्होंने कहा की मैं उनका लैपटॉप ऑन करू. मैंने वैसा ही किया और उन्होंने मुझे पासवर्ड बताया और मेल एकसेस करने को बोला. मेल में एक कंपनी का कुछ डाटा था जिसे उन्हें सॉर्ट करना था. आगे उन्हें कुछ नहीं कहना पड़ा और मैं खुद ही लग गया.इतने दिनों बाद माउस पकड़ कर बड़ा अजीब सा लग रहा था. दिक्कत ये थी की हाथ कांपने की वजह से माउस इधर-उधर क्लिक हो रहा था तो मैं उसे बड़े धीरे चला रहा था. जब टाइप करने की बारी आई तो लैपटॉप की बटण दब जाती. मुझे नहीं पता था की नितु मुझे इस तरह जूझते देख मुस्कुरा रही थी. खाना बनने के बाद वो दोनों का खाना एक थाली में परोस कर लाईं.मैंने चुप-चाप लैपटॉप बंद कर दिया. थोड़ा डरा-सहमा था की कहीं नितु फिर से न डाँट दे. पर नहीं इस बार उन्होंने मुझे अपने हाथ से खाना खिलाना शुरू कर दिया. मुझे खिलने के बाद उन्होंने भी वही बेस्वाद खाना खाया."आप क्यों ये खाना खा रहे हो? आप बीमार थोड़े हो?" मैंने कहा. "बहुत मोटी हो गई हूँ मैं, इसी बहाने मैं भी थोड़ा वजन कम कर लुंगी." उन्होंने मजाक करते हुए कहा.

"कौन से ब्युटी पिजन में हिस्सा ले रहे हो?" मैंने उनका बहाना पकड़ते हुए कहा. "आप पहले ही मेरा इतना 'ख्याल' रख रहे हो ऊपर से ये बेस्वाद खाना भी खा रहे हो! प्लीज ऐसा मत करो!" मैंने रिक्वेस्ट करते हुए कहा.

"दो बार खाना मुझसे नहीं बनता!" नितु ने फिर से बहाना मारा.

"कोई दो बार खाना नहीं बनाना, दाल में तड़का लगाने से पहले मेरे लिए निकाल दो और तड़के वाली आप खा लो." मैंने उन्हें सोल्युशन दिया पर वो कहाँ मानने वाली थीं तो मुझे बात घुमा कर कहनी पड़ी; "ओके! ऐसा करो मेरे मुंह का स्वाद बदलने के लिए मुझे १-२ चम्मच तड़के वाली दाल दे दो. फिर तो ठीक है? इतने से खाने से कुछ नहीं होगा!" बड़ी मुश्किल से वो मानी.

खेर खाना हुआ और उसके बाद हमने लैपटॉप पर ही एक मूवी देखि, मूवी देखते-देखते नितु सो गई. शाम को मैंने चाय बनाई और बड़ी मुश्किल से बनाई क्योंकि हाथ कांपते थे! रात को खाने के बाद मैंने फिर से बात शुरू की; "आप मेरे लिए इतना कर रहे हो की मेरे पास आपको शुक्रिया कहने को भी शब्द नहीं हैं."

"लगता है सुबह वाली डाँट से अक्ल ठिकाने नहीं आई तुम्हारी?" उन्होंने फिर से चेहरे पर गुस्सा लाते हुए कहा.

"आ गई बाबा! पर एक बार बात तो सुन लो! काम ही पूजा होती है ना? तो आपका यूँ ऑफिस के काम ना करना ठीक है?" मैंने थोड़ा गंभीर होते हुए कहा.

"ठीक है...तुम्हें मेरे काम की इतनी ही चिंता है तो चलो मेरे साथ बैंगलोर! तुम मुझे वहाँ जॉईन कर लो एज एन इम्प्लोयी नहीं बल्कि एज अ बिजिनेस पार्टनर!" ये सुनते ही मैं चौंक गया?

"बिजिनेस पार्टनर? ...इम्पॉसिबल!"

"क्यों इम्पॉसिबल? तुम काम इतने अच्छे से जानते हो, वो प्रोजेक्ट याद है ना? वो सब तुम ने ही तो संभाला था. इस वक़्त मेरी टीम में बस दो ही लोग हैं और हम दोनों आसानी से काम कर सकते हैं."

"पर बिजिनेस पार्टनर क्यों? इम्प्लोयी क्यों नहीं? मैंने पूछा.

"हेल्लो सैलरी कौन देगा? पहले ही दो लोगों को सैलरी देनी पड रही है ऊपर से तुम्हें तो सबसे ज्यादा सैलरी देनी पड़ेगी आखिर सबसे एक्सपिरियंस हो तुम!" नितु ने हँसते हुए कहा.

"अच्छा? यार आप तो बड़े कल्क्यूलेटिव निकले!" मैंने हँसते हुए कहा.

"बिजिनेस संभालती हूँ तो इतना तो सीख गई हूँ, वैसे भी हम दोनों दोस्त हैं और ऑफिस में वो एमप्लोयर - इम्प्लोयी का ड्रामा मुझसे नहीं होगा!" आखिर सच उनके मुँह से बाहर आ ही गया.

"ओके .... न्यूयॉर्क से आने के बाद मैं वहीं शिफ्ट हो जाऊंगा." ये सुनते ही नितु खामोश हो गई.

"नहीं...हम न्यूयॉर्क नहीं जा रहे... अभी तुम्हारी तबियत ठीक नहीं है!"

"हेल्लो...मैडम मुझे नहीं पता .... अगर न्यूयॉर्क नहीं जाना तो मैं कहीं नहीं जा रहा." मैंने रूठते हुए कहा.

"बट तुम्हारी तबियत...." नितु ने चिंता जताते हुए कहा पर मैंने उनकी बात काट दी;

"कम ऑन यार! ऐसी अपोर्चूनिटी कोई छोड़ता है क्या? हमारे पास अभी काफी टाइम है अँड आई प्रॉमिस मैं ठीक हो जाऊंगा. मुझे भी थोड़ा चेंज चाहिए! प्लीज....प्लीज...प्लीज..." मेरा जबरदस्ती करने का कारन था की नितु ये गोल्डन अपोर्चूनिटी वेस्ट करे. अगर मैं उन्हें ना मिला होता तो वो ये अपोर्चूनिटी कभी मिस नहीं करती, आखिर वो मान ही गईं और तुरंत लॅपटॉप से एक मेल कर दिया.

अगली सुबह से मेरे अंदर बहुत से बदलाव आने लगे, जितनी भी नकारात्मकता थी वो सब नितु की केयर के कारन निकल चुकी थी और मेरी जिंदगी की नई शुरुआत हो चुकी थी. अब मैंने रोज सुबह समय पर उठना, योग करना और फिर नितु के साथ मॉर्निंग वॉक करना शुरू कर दिया था. खाने में मैं वही उबला हुआ खाना खा रहा था और साथ में फ्रूट्स और स्प्राउट वगैरह खाने लगा था. नितु के ऑफिस का सारा काम मैंने लॅपटॉप से करना शुरू कर दिया था. नितु का काम बस खाना बनाना और मुझे दवाई देने तक ही रह गया था.

हाथ-पैर अब भी कांपते थे पर पहले जितने नहीं! कुछ दिन बाद मोहित और प्रफुल मुझसे मिलने आये और नितु को वहाँ देख कर दोनों थोड़ा हैरान थे और शक करने लगे थे की हम दोनों का कुछ चल तो नहीं रहा पर मैंने उन्हें नितु की चोरी से सब सच बता दिया. वो खुश थे की मेरी सेहत में दिन पर दिन सुधार आ रहा था और दोनों ने नितु को बहुत-बहुत शुक्रिया किया. दिन कैसे गुजरे पता ही नहीं चला और १५ तारीक आ गई. इन बीते दिनों में घर से बहुत से फ़ोन आये और मुझे बहुत सी गालियाँ भी पड़ीं क्योंकि लगभग ३ महीने हो गए थे मुझे घर अपनी शक्ल दिखाए और ऊपर से शादी भी थी जिसके लिए मैंने एक ढेले का काम नहीं किया था. १६ तारीक को आने का वादा कर के मैं जाने को तैयार हुआ तो नितु ने कहा की वो भी साथ चलेंगी, पर उन्हें साथ ले जाना मतलब बवाल होना! इसलिए मैंने उन्हें समझाते हुए कहा; "बस एक दिन की बात है, मैं बस घर जा कर न्यूयॉर्क जाने की बात कर के अगले दिन आ जाऊंगा." पर उन्हें चिंता ये थी की अगर वहाँ जा कर मैंने फिर से पी ली तो? "आई प्रॉमिस मैं ऐसा कुछ नहीं करूँगा!" बड़ी मुश्किल से उन्हें समझा-बुझा कर मैं निकला पर अंदर ही अंदर अश्विनी की शक्ल देखने से दिल में टीस उठना और फिर खुद को फिर से गिरा देने का डर लग रहा था. पर कब तक मैं इसी तरह डरूँगा ये सोच कर दिल मज़बूत किया और बस में बैठ गया.

बस में बैठा ही था की नितु का फ़ोन आ गया, ये कॉल उन्होंने मेरा हाल-चाल पूछने को किया था. "यार अभी तो निकला हूँ, बस में बैठा हूँ....आप चिंता मत करो!" पर उन्होंने मेरी एक ना सुनी और अगले ४ घंटे तक हम बात करते रहे. उनके पास जैसे बात करने के लिए आज सब कुछ था. जब और कुछ नहीं मिला तो उन्होंने वेब सीरीज की ही बात छेड़ दी और मैं भी उनसे इस मुद्दे पर बड़े चाव से बात करने लगा. जैसे ही ग्यारह बजे तो मुझे नाश्ता करने को कहा, रास्ते के लिए उन्होंने थोड़ा नाश्ता बाँधा था वो मैंने खाया और मेरे साथ-साथ उन्होंने भी फ़ोन पर बात करते हुए खाया.जब बस एक जगह हॉल्ट पर रुकी तो मैंने केले खरीदे ताकि बाहर का खाने की बजाए फ्रूट्स खाऊँ. आखिर एक बजे मैं बस से उतरा और घर की तरफ चल दिया. मेरी दाढ़ी बढ़ी हुई, बालों का बून बना हुआ और दोनों हाथ जीन्स में घुसेड़ कर मैं बात करता हुआ चलता रहा. हाथ जीन्स की जेब में डालने का करण ये था की मैं अपने हाथों की कंपकंपी छुपा सकूँ, वरना घर वाले सब चिंता करते और मुझे वापस नहीं जाने देते.

अगर नितु ने फ़ोन कर के मुझे बातों में व्यस्त ना रखा होता तो घर की तरफ बढ़ते हुए मेरे मन में फिर वही दुखभरे ख्याल आने शुरू हो जाते. घर से दस कदम की दूरी पर मैंने उन्हें ये कह दिया की घर आ गया मैं आपको थोड़ी देर में कॉल करता हु. कॉल काटते ही मेरे अंदर गुस्सा भरने लगा, मैं मन ही मन मना रहा था की अश्विनी मेरे सामने ना आये वरना

पता नहीं मेरे मुँह से क्या निकलेगा. शुक्र है की घर का दरवाजा खुला था. माँ और ताई जी आंगन में बैठीं थी. घर दुबारा रंगा जा चूका था. टेंट वगैरह का समान घर के बाहर और आंगन में पड़ा था. देख कर साफ पता चलता था की ये शादी वाला घर हे. जैसे ही माँ और ताई जी ने मुझे देखा तो दस सेकंड तक वो दोनों मुझे पहचानने की कोशिश में लगी रही. जब उन्हें तसल्ली हुई तो ताई जी ने डांटते हुए पुछा; "ये क्या हालत बना रखी है? बाबा-वाबा बन गया है क्या?" मैं कुछ कहता उसके पहले ही माँ भी बरस पड़ी; "सूख कर कांता हुआ है, इतना भी क्या काम में व्यस्त रहता है की खाने-पीने का ध्यान नहीं रहता?"

"बीमार हो गया था!" मैंने बस इतना ही कहा क्योंकि मैं जो सोच रहा था उसके विपरीत मेरे साथ हो रहा था. मुझे लगा था मेरी ये हालत देख कर वो रोयेंगे, चिंता करेंगे पर यहाँ तो मुझे और डाँटा जा रहा है! माना मैंने इतने महीने घर न आने की गलती की पर मेरी ये हालत देख कर तो माँ का दिल पसीज जाना चाहिए था! "माँ, पिताजी और ताऊ जी कहाँ हैं?" मैंने पूछा.

"तुझसे तो शादी के काम करने के लिए छुट्टी ली नहीं जाती तो अब किसी को तो काम करना होगा ना? वो तो शुक्र है की अश्विनी को तू घर छोड़ गया था वरना चूल्हा-चौका भी हमें फूँकना पड़ता! न्योता बाँटने गए हैं, कल आएंगे!" माँ के मुँह से अश्विनी का नाम सुन कर मुझे बहुत गुस्सा आया और मैं पाँव पटकता हुआ ऊपर कमरे में चला गया.मेरे पास एक पिट्ठू बैग था जिसे मैंने अपने बिस्तर पर रखा और मैं धुप में छत की तरफ जा रहा था की तभी नितु का फ़ोन आ गया; "बात हो गई?"

"नहीं.... ताऊ जी और पिताजी घर से बाहर गए हैं! कल आएंगे उनसे बात कर के कल आ जाऊंगा." मैंने मुंडेर पर बैठते हुए कहा.

"किसी से लड़ाई मत करना, आराम से बात करना और अगर जाने से मना करें तो कोई बात नहीं!" नितु ने प्यार से मुझे समझाते हुए कहा. मैंने उन्हें जान बुझ कर अभी जो हुआ उस बारे में नहीं बताया क्योंकि मैं उम्मीद कर रहा था की शायद ताऊ जी का दिल जरूर पसीज जाएगा.अभी मैं बात कर ही रहा था की अश्विनी मुझे मेरी तरफ आती हुई दिखाई दी, मैंने गुस्से से उसे देखा और हाथ के इशारे से वापस लौट जाने को कहा पर वो नहीं मानी और मेरी तरफ आती गई. "मैं आपको थोड़ी देर में कॉल करता हूँ!" इतना कह कर मैंने कॉल काटा.

"ये क्या हालत बना रखी है आपने?" आशु ने चिंता जताने का नाटक करते हुए कहा. शुरू से ही वो कभी इस तरह का नाटक नहीं कर पाई तो अब क्या कर पाती.

"ज्यादा नाटक मत पेल! मेरी इतनी ही फ़िक्र होती तो मुझे यूँ छोड़ नहीं देती!" मैंने उसे झड़ते हुए कहा. पर उसके पर निकल आये थे इसलिए वो भी मेरे ऊपर बरसने लगी;

"अगर अपनी लाइफ के बारे में सोच कर एक डिसिजन लिया तो क्या गलत किया? तुम मुझे कभी स्टेबिलिटी नहीं दे सकते थे, रक्षित दे सकता है!" आज उसने पहली बार मुझे आप की जगह 'तुम' कहा था और उसका ये कहना था की मेरा गुस्सा उबल पड़ा;

"तुझे पहले दिन से ही पता था की हमारे रिलेशनशिप में कितना खतरा है पर तब तो तुझे सिर्फ प्यार चाहिए था मुझसे?! अगर तूने मुझे ये बहाना दे कर छोड़ा होता और फिर घरवालों की मर्जी से शादी आकृति तो शायद कम खून जलता मेरा पर तूने मुझे सिर्फ और सिर्फ इसलिए छोड़ा क्योंकि तुझे एक अमीर घर का लड़का मिल गया जो तुझे दुनिया भर के ऐशों-आराम दे सकता है! तूने मुझे धोका सिर्फ और सिर्फ पैसों के लिए दिया है!" ये सच सुन कर वो चुप हो गई और सर झुका कर खड़े हो गई.

"अब बोल क्या लेने आई थी यहाँ?" मैंने गुस्से में पूछा.

मेरा गुस्सा देख उसका बुरा हाल था. फिर भी हिम्मत करते हुए वो बोली; "आप ...शादी तक प्लीज मत रुकना...कॉलेज से रक्षित के दोस्त आएंगे और वो आपको देखेंगे तो....." अश्विनी ने अपनी बात अधूरी छोड़ दी.

"मुझे यहाँ देख कर वो कहेंगे की ये तो चाचा-भतीजी हैं और कॉलेज में तो लवर्स बन कर घुमते थे!" मैंने आशु को ताना मारते हुए कहा. "ओह! तूने उसे मेरे बारे में कुछ नहीं बताया ना?" मैंने अश्विनी का मजाक उड़ाते हुए कहा.

"अगर चाहूँ तो मुझे मिनट नहीं लगेगा सब सच बोलने में और फिर वो खेत में खड़ा पेड़ दिख रहा है ना?!" मैंने उस पेड़ की तरफ ऊँगली करते हुए उसे फिर ताना मारा. "पर मैं तेरी तरह गिरा हुआ इंसान नहीं हूँ! तुझे क्या लगा मैं यहाँ तेरी शादी में 'चन्ना मेरेया' गाने आया

हूँ?!" इतना कह कर मैं नीचे जाने को पलटा तो अश्विनी को यक़ीन हो गया की मैं उसकी शादी में शरीक नहीं हूँगा और उसने मुझे; "थैंक यू" कहा पर मेरे मन में तो उसके लिए सिर्फ नफरत थी जो गाली के रूप में बाहर आ ही गई; "फक ऑफ!!!" इतना कह कर मैं नीचे आ गया.

मैंने अश्विनी को नितु के बारे में कुछ नहीं बताया, क्यों नहीं बताया ये मैं नहीं जानता. शायद इसलिए की उसे ये जानकर जलन और दुःख होगा या फिर शायद इसलिए की कल को वो सबसे मेरे और नितु के बारे में कुछ न कह दे, या फिर इसलिए की उसका गंदा दिमाग इस सब का गंदा ही मतलब निकालता और फिर मेरा गुस्सा उस पर फूट ही पडता.!

मैं नीचे आया तो सब मुझे ही देख रहे थे क्योकि छत पर जब मेरी आवाज ऊँची हुई तो वो सब ने सुनी थी पर मैं कहा क्या ये वो सुन नहीं पाए थे! उनके लिए तो मैं अश्विनी को झाड़ रहा था. भाभी ने कहा की मैं खाना खा लूँ पर मैं बिना खाये ही बाहर चल दिया. भूख तो लगी थी पर मन अब घर में रहने को नहीं कर रहा था. मैं ने बाहर से फ्रूट चाट खाया और नितु को फ़ोन किया. उसे मैंने जरा भी भनक नहीं होने दी की अभी क्या हुआ! बात करते-करते मैं एक बगीचे में बैठ गया, कुछ देर बाद मुझे प्रकाश मिला और मेरी हालत देख कर वो समझ गया की लौंडा इश्कबाजी में दिल तुड़वा चूका है! उसने मुझसे लड़की के बारे में बहुत पुछा और मैं उसे टालता रहा ये कह कर की उस बेवफा को क्या याद करना!

मैं शाम को घर आया तो किसी ने मुझसे कोई बात नहीं की, चाय पी और आंगन में लेटा रहा. तभी वहाँ गोपाल भैया आ गया और मुझे ताना मारते हुए बोला; "मिल गई छुट्टी?" मैं एकदम से उठ बैठा और उसे सुनाते हुए कहा; "मुझे तो छुट्टी नहीं मिली पर आपकी तो बेटी की शादी है आपने कौन से झंडे गाड़ दिए?! अभी भी तो कहीं से पी कर ही आ रहे है!" वो कुछ बोलने को आया पर ताई जी को देख कर चुप हो गया.वो चुप-चाप अपने कमरे में घुसा और भाभी को आवाज दे कर अंदर बुलाया.

रात के खाने के समय ताई जी ने फिर मुझे बात सुनाने के लिए बोली; "भाई क्या जमाना आ गया है, चाचा की शादी हुई नहीं और हमें भतीजी की शादी करनी पड़ रही है!"

"दीदी क्या करें, बाहर जा कर इसके पर निकल आये हैं, तो ये हमारी क्यों सुनेगा?!" माँ ने कहा. मैंने चुप-चाप खाना खाया और अपने कमरे में आ गया.सर्दी शुरू हो चुकी थी इसलिए मैं दरवाजा भेड़ कर लेटा था की भाभी हाथ में दूध का गिलास ले कर आई. आते

ही उन्होंने शाल उतार कर रख दी, उन्होंने साडी कुछ इस तरह पहनी थी की उनका एक स्तन उभर कर दिख रहा था. ब्लाउज के दो हुक खोल कर वो मुझे अपना क्लीवेज दिखाते हुए गिलास रखने लगी. फिर मेरी तरफ अपनी नितंब कर के वो नीचे झुकीं और कुछ उठाने का नाटक करने लगी. पर मेरा दिमाग तो उनकी सौतेली बेटी के कारन पहले से ही आउट था! मैं एक दम से उठ बैठा और उनका हाथ पकड़ कर अपने पास खींच कर बिठाया. भाभी के चेहरे पर बड़ी कातिल मुस्कान थी. वो सोच रहीं थी की आज उन्हें मेरा लिंग मिल ही जायेगा जिसके लिए वो इतना तड़पी हैं!

"क्यों करते हो ये सब?" मैंने उन्हें थोड़ा डाँटते हुए कहा.

"मैंने क्या किया?" भाभी ने अपनी जान बचाने के लिए कहा.

"ये जो अपने जिस्म की नुमाइश कर के मुझे लुभाने की कोशिश करते रहते हो!" मैंने भाभी के ब्लाउज के खुले हुए हुक की तरफ ऊँगली करते हुए कहा. ये सुन कर उनकी शर्म से आँखें झुक गई;

"बोलो भाभी? क्यों करते हो आप? आपको लगता है की इस सबसे मैं पिघल जाऊँगा और आपके साथ संभोग करूँगा?!" अब भाभी की आँख से आँसू का एक कतरा उनकी साडी पर गिरा. ये देख कर मैं पिघल गया और समझ गया की बात कुछ और है जो भाभी मुझे बता नहीं रही;

"मुझे अपना देवर नहीं दोस्त समझो और बताओ की बात क्या है? क्यों आपको ये जिल्लत भरी हरकत करनी पड़ती है?" ये सुन कर भाभी एकदम से बिफर पड़ीं और रोने लगी. रोते-रोते उन्होंने सारी बात कही; "तुम जानते हो न अपने भैया को? बताओ मुझे और कुछ कहने की जरुरत है? इतने साल हो गए शादी को और मैं आज तक माँ बन नहीं पाई, बताओ क्यों? सारा दिन नशा कर-कर अपना सारा किस्म खराब कर लिया तो ऐसे में मैं क्या करूँ? कहीं बाहर इसलिए नहीं जाती की पिछली बार की तरह बदनामी हुई तो ये सब मुझे मौत के घाट उतार देंगे! इसलिए मैंने तुम्हारी तरफ आस से देखना शुरू किया! तुम्हारी तरफ एक अजीब सा खिचाव महसूस होता था. तुम्हें बचपन से बड़े होते देखा है, भले ही अब माँ बनने की उम्र नहीं मेरी कम से कम तुम्हें एक बार पा लूँ तो दिल को सकून मिले!"

“भाभी जो आपके साथ हुआ वो बहुत गलत है पर ये सब करना इसका इलाज तो नहीं? आप डाइवोर्स ले लो और दूसरी शादी कर लो!" मैंने भाभी को दिलासा देते हुए कहा.

"नहीं सागर! ये मेरी दूसरी शादी है और अब तीसरी शादी करना या करवाना मेरे परिवार के बस की बात नहीं! मेरे लिए तो तुम ही एक आखरी उम्मीद हो, रहम खाओ मुझ पर! तुम्हारा क्या चला जायेगा अगर मुझे दो पल की खुशियाँ मिल जायनेंगी?!" उन्होंने फिर रोते हुए कहा.

"नहीं भाभी मैं ये सब नहीं कर सकता!" मैंने उनसे दूर होते हुए कहा.

"क्यों?" भाभी ने अपने आँसू पोछते हुए कहा.

"क्योंकि मैं आपसे प्यार नहीं करता!"

"तो थोड़ी देर के लिए कर लो!" उन्होंने मिन्नत करते हुए कहा.

"नहीं भाभी ....मेरे साथ जबरदस्ती मत करो!"

"एक बार सागर! बस एक बार...."

"भाभी प्लीज चले जाओ!" मैंने उन्हें थोड़ा गुस्सा दिखाते हुए कहा क्योंकि उनकी आँखों में मुझे वासना नजर आ रही थी. भाभी की बातों से उनका दर्द मैं समझ सकता था पर एक उलझन थी. उन्हें बच्चा चाहिए या फिर अपने तन की आग मिटानी हे. मेरा उनके साथ कुछ भी करना बहुत गलत होता इसलिए मैंने उनके साथ कुछ नहीं किया. भाभी उठ के जाने लगी तो मैंने कहा; "भाभी.... ताई जी से कहो की गोपाल भैया को नशा मुक्ति केंद्र भेजे, थोड़ी तकलीफ होगी पर वो धीरे-धीरे सम्भल जायेगा. फिर हो सकता है की आपके रिश्ते उसके साथ सुधर जाएँ और प्लीज किसी और के साथ कुछ गलत करने की सोचना भी मत.आपकी इज्जत का बहुत मोल है, सिर्फ आपके लिए ही नहीं बल्कि इस घर के लिए भी. मैं भी दुआ करूँगा की आप को अपने पति से वो प्यार मिले जिस पर आपका हक़ हे." भाभी ने पहले हाथ जोड़ कर मूक माफ़ी माँगी और फिर हाँ में सर हिलाया और वो चली गई. उनके जाने के बाद मुझे खुद पर गर्व हुआ क्योंकि मैं आज चाहता तो गलत रास्ते पर

जा सकता था पर मैंने ऐसा नहीं किया, मैं लेट गया और गोपाल भैया के बारे में सोचने लगा.

गोपाल भैया बचपन से ही गलत संगत में रहा, पढ़ाई-लिखाई में उसका मन नहीं था क्योंकि वो जानता था की आगे उसे जमींदारी का काम संभालना हे. उसे सुधरने के लिए घरवालों ने उसकी शादी जल्दी करा दी, ये सोच कर की वो सुधर जायेगा और वो कुछ सुधरा भी. पर फिर भाभी को वो प्यार नहीं दे पाया जो उसे देना चाहिए था. दिन भर खेत के मजदूरों के साथ गांजा फूकना शुरू किया तो भाभी पर से उसका ध्यान हटता रहा. फिर भाभी पेट से हुई, घर वाले लड़के की उम्मीद करने लगे और जब लड़की पैदा हुई तो सब ने उन्हें ही दोषी मान लिया. अब ऐसे में उन्हें खेत में काम करने वाले एक लड़के से प्यार हुआ और फिर वो काण्ड हुआ! उस काण्ड के बाद गोपाल भैया के दोस्तों ने उसका बड़ा मजाक उड़ाया और इसी के चलते उसकी शादी फिर से करा दी. नई वाली भाभी का पति गौना होने से पहले ही मर गया था तो उनके लिए तो ये अच्छा मौका था पर उन्हें क्या पता की उन्हें एक चरसी के गले बाँधा जा रहा है, पता नहीं उसने नई भाभी को कितना प्यार दिया. या दिया भी की नहीं! बचपन से ही उसे इतने छूट दी गई थी जिसके कारन वो ऐसा हो गया.मेरे पैदा होने के बाद ना चाहते हुए भी घर में उसका और मेरा कंप्यारिजन शुरू हो गया और शायद इसी के चलते उसने किसी की परवाह नहीं की. खेतों में जाना छोड़ दिया. जो काम मेरे पिताजी को संभालना पडा. शहर वो सिर्फ और सिर्फ एक ख़ास 'माल' लेने जाता था. इस बहाने अगर किसी ने उसे कोई काम दे दिया तो वो करता या कई बार वो भी नहीं करता. ताऊ जी और पिताजी मजबूरी में सारा काम सँभालते थे क्योंकि उन्हें गोपाल भैया से अब कोई उम्मीद नहीं थी.

यही सब सोचते-सोचते सुबह हुई और मैं जल्दी से उठ गया, छत पर योग किया और वॉक के लिए बाहर निकल गया.मेरे वापस आने तक पिताजी और ताऊ जी भी आ चुके थे..

ताऊ जी: ये क्या हालत बना रखी है अपनी?

उन्होंने भी सब की तरह वही सवाल दोहराया.

मैं: जी बीमार हो गया था.

पिताजी: तो यहाँ नहीं आ सकता था? फ़ोन कर देता हम लेने आ जाते? यहाँ तेरी देखभाल अच्छे से होती.

मैं: आप सब को शादी-ब्याह की तैयारी करनी थी ऐसे में मुझे अपनी तीमारदारी करवाना सही नहीं लगा. अभी मैं ठीक हु.

पिताजी: बहुत अक्ल आ गई तुझ में? ये कुछ पत्रियाँ हैं इन्हें आज बाँट आ और वापसी में टेंट वाले को बोलता आइओ की वो कल आजाये.

पिताजी ने मुझे शादी का काम पकड़ा दिया जो मैं कर नहीं सकता था क्योंकि उस घर में हर एक क्षण मुझे सिर्फ और सिर्फ दर्द दे रहा था.

मैं: पिताजी ....आप सब से कुछ बात करनी हे.

ताऊ जी: बोल? (उखड़ी हुई आवाज में)

मैं: मुझे एक प्रोजेक्ट मिला है जिसके लिए मुझे अमेरिका जाना है और फिर उसी कंपनी ने मुझे बैंगलोर में जॉब भी ऑफर की हे.

मेरा इतना कहना था की ताऊ जी ने एक झन्नाटे दार तमाचा मेरे गाल पर दे मारा.

ताऊ जी: चुप चाप ब्याह के कामों में हाथ बँटा, कोई नहीं जाना तूने अमेरिका!

मैं: ताऊ जी ये मेरी लाइफ का सवाल है!

पिताजी: भाई साहब ने कहा वो सुनाई नहीं दे रहा तुझे? कहीं नहीं जायेगा तू! जितना उड़ना था उतना उड़ लिया तू, अब घर बैठ!

मैं: पिताजी विदेश जाने का मौका सब को नहीं मिलता, मुझे मिला है और मैं इसे गंवाना नहीं चाहता. (मैंने थोड़ा सख्ती दिखते हुए कहा.)

ताऊ जी: तुझे विदेश जाना है ना, तू शादी कर मैं भेजता हूँ तुझे विदेश!

मैं: ताऊ जी आपको पता है की एक तरफ की टिकट कितने की है? ९०,०००/- रूपए है! दो लोगों का आना-जाना ४ लाख रूपए! वहाँ रहना-खाना अलग! एक ट्रिप के लिए सब कुछ बेचना पड़ जायेगा आपको!

ताई जी: तुझे शर्म नहीं आती जुबान लड़ाते?

ताऊ जी: नहीं ...नहीं...नहीं...बात कुछ और है! ये विदेश जाना इसका बहाना है, असल बात कुछ और है?

ताऊ जी कुछ-कुछ समझने लगे थे पर मुझे तो उनसे सच छुपाना था इसलिए मैं बस इसी बात को पकड़ कर बैठ गया.

मैं: नहीं ताऊ जी, मैं आपसे सच कह रहा हु. ये देखिये....

ये कहते हुए मैंने उन्हें फ़ोन में ई-मेल दिखाई जो उनके समझ तो आनी नहीं थी. इसलिए मैंने आशु को इशारे से बुलाया और उसे पढ़ने को कहा. उसने सारी मेल पढ़ी और ये भी की वो मेल नितु ने भेजा हे.

अश्विनी: जी दादा जी.

पिताजी: चल एक पल को मान लेता हूँ पर तू कुछ दिन रुक कर भी जा सकता है ना? अश्विनी क्या तारिख लिखी है इसमें?

अश्विनी: जी २९ तारीख

ताऊ जी: अब बोल?

मैं: (एक गहरी साँस लेते हुए) आपको सच सुनना ही है तो सुनिए, में इस शादी से ना खुश हूँ! इस इडियट को पढ़ाने के लिए मैंने क्या-क्या पापड़ नहीं बेले! वो पंडित याद है ना आपको जिसे आपने इसके दसवीं के रिजल्ट वाले दिन बुलाया था. उसे मैंने पूरे ५,०००/- रुपये खिलाये थे ताकि वो आपके सामने झूठ बोले की इसके ग्रहों में दोष है, वरना आप तो इसकी शादी तब ही करा देते! और ये वहाँ शहर में उस मंत्री के लड़के से इश्क़ लड़ा रही

थी! आप सब को पता है न उस मंत्री के बारे में की उसने क्या किया था? यही सब करने के लिए इसे शहर भेजा था आपने? शादी के बाद तो अब इसे वो मंत्री पढ़ने नहीं देगा!

मैंने जानबूझ कर अश्विनी को बलि का बकरा बनाया, इधर मेरी बात सुन आशु का सर शर्म से झुक गया क्योंकि मैंने जो कहा था वो सच ही था! वहीं मेरे मुँह से ये सुनते ही ताऊ जी ने अपना सर पकड़ लिया और पिताजी समेत बाकी सभी लोग मुझे देखने लगे.

ताई जी: तो इसी लिए तो कल अश्विनी पर बरस रहा था. हमने कितना पुछा पर वो कुछ नहीं बोली बस रोती रही!

वो आगे कुछ और बोलतीं पर ताऊ जी ने हाथ दिखा कर उन्हें चुप करा दिया और खुद बोले;

ताऊ जी: तूने हम लोगों से दगा किया?

मैं: दगा कैसा? आप सब को प्यार से जब समझाया की इसे आगे पढ़ने दो तब आप सब ने मुझे ही झाड़ दिया तो मुझे मजबूरन ये करना पडा. मुझे क्या पता था की शहर जा कर इसे हवा लग जायेगी और ये ऐसे गुल खिलाएगी?!

पिताजी: कुत्ते! (पिताजी ने मुझे जीवन में पहली बार गाली दी.)

मैं: आप सब को मैं ही गलत लग रहा हूँ? इसकी कोई गलती नहीं? दो साल पहले तक तो आप सब इसे छोटी सी बात पर झिड़क दिया करते थे और आज अचानक इतना प्यार क्यों?

ताई जी: इसकी हिमायत इसलिए कर रहे हैं क्योंकि इसके कारन हमें इतने बड़े खानदान से नाम जोड़ने का मौका मिल रहा हे. समाज में हमें वो समान वापस मिलने वाला है जो इसकी माँ के कारन छीन गया था. तूने ऐसा कौन सा काम किया है?

मैं: ताई जी आपको बस घर के मान सम्मान की पड़ी है? कल से आया हूँ आप में से किसी ने भी ये पुछा की मेरी तबियत कैसी है? मुझे आखिर क्या बिमारी हुई थी? दो पल किसी ने प्यार से पुचकारा मुझे? ऐसा कौन सा जादू चला दिया इसने यहाँ रह कर?

ताऊ जी: बस कर! मैं तुझसे बस एक आखरी बार पूछूँगा, तू यहाँ रह कर शादी में शरीक होगा या फिर तुझे विदेश जाना है?

मैं: मैं विदेश जाना चाहता हु.

ताऊ जी: ठीक है, अपना सामान उठा और निकल जा मेरे घर से! दुबारा यहाँ कभी पैर मत रखिओ, मैं तुझे जायदाद से भी बेदखल करता हु.

ताऊ जी का फैसला सुन कर मुझे लगा की मेरे माँ-बाप रोयेंगे या मुझे समझायेंगे पर पिताजी ने गरजते हुए कहा;

पिताजी: सामान उठा और निकल जा!

मैं आँखों में आँसू लिए ऊपर अपना बैग लेने चल दिया. बैग ले कर आया और एक-एक कर सबके पैर छुए पर किसी ने एक शब्द नहीं कहा. जब पिताजी के पाँव छूने आया तो उन्होंने मुझे धक्के मारते हुए घर से निकाल दिया और दरवाजा मेरे मुँह पर बंद कर दिये. मैं अपने आँसू पोछते हुए चल दिया. आज मन बहुत दुखी था और खून के आँसू रो रहा था और इस सब का जिम्मेदार अगर कोई था तो वो थी अश्विनी! ना वो मेरी जिंदगी में जबरदस्ती घुस आती और तबाही मचा कर मेरा हँसता-खेलता जीवन उजाड़ती!

बस स्टैंड पर पहुँचने से पहले मुझे प्रकाश मिला और मैंने उससे मदद मांगते हुए कहा; "यार एक मदद कर दे! देख मुझे कुछ जरुरी काम से जाना पड़ रहा है तू प्लीज शादी के काम संभाल लिओ!" उस मिनट नहीं लगा कहने में की चिंता मत कर पर वो समझ गया की बात कुछ और हे. पर मैंने उसे कहा की मैं बाद में बता दूंगा, फिलहाल वो मेरे घर में होने वाले कार्यक्रम को संभाल ले! उसकी यहाँ बहुत जान-पहचान थी और मैं जानता था की वो आसानी से सारा काम संभाल लेगा. मैं बस में बैठ कर वापस लौटा, घर आते-आते २ बज गए थे और जैसे ही बैल बजी तो नितु ने ख़ुशी-ख़ुशी दरवाजा खोला. पर जब मेरी आँसुओं से लाल आँखें देखीं तो वो सब समझ गई और एकदम से मेरे गले लग गई और रो पडी. मैंने उसके सर पर हाथ फेरा और हम घर के अंदर आये. मैंने अश्विनी की शादी की बात छोड़ कर उसे सब बता दिया और वो भी बहुत दुखी हुई और कहने लगी की मैंने क्यों जबरदस्ती अमेरिका जाने की जिद्द की!

"वहाँ अब मेरी कोई जरुरत नहीं थी. मुझे अपनी जिंदगी में अब आगे बढ़ना है और वो सब मुझे अब भी इसी तरह बाँध के रखना चाहते हे. मैं उड़ना चाहता हूँ पर उनकी सोच अब भी शादी पर अटकी हुई है! दो पल के लिए प्यार से बात कर के समझाते तो शायद मैं जाने से मना भी कर देता पर सब को मुझ पर सिर्फ गुस्सा ही आ रहा था. कल से किसी ने ये तक नहीं पुछा की मुझे बिमारी क्या हुई थी? मेरी अपनी माँ तक ने मेरा हाल-चाल नहीं लिया. तो अब क्या उम्मीद करूँ? अब या तो उनके हिसाब से चलो और जो वो कहें वो करो तो सब ठीक है पर जहाँ अपनी मर्जी चलानी चाही तो मुझे घर से निकाल दिया. मेरे अपने पिताजी ने मुझे धक्के मार कर घर से निकाल दिया." ये कहते हुए मेरी आँखें फिर नम हो गई. नितु ने आगे बढ़ कर मेरे आँसू पोछे और मुझे अपने सीने से लगा कर पुचकारा.

अपने ही माँ-बाप के द्वारा दुत्कारे जाने से मैं बहुत उदास था. पर इसमें उनका कोई दोष नहीं था. दोष था तो उस अश्विनी का!

दोपहर का समय था पर खाने का जरा भी मन नहीं था. मन तो नितु का भी नहीं था पर वो जानती थी की खाना खा के मुझे दवाई लेनी है, पहले ही मैं सुबह घर से भूखे पेट निकला जा चूका था. उन्होंने जबरदस्ती खाना परोसा और प्लेट मेरे सामने रख दी. मैंने ना में गर्दन हिला कर मना किया पर वो नहीं मानी, अपने हाथों से एक कौर मेरे होठों के सामने ले आई. मेरा मन नहीं हुआ की मैं उनका दिल तोड़ूँ, इसलिए मैंने मुंह खोला और उन्होंने मुझे वो कौर खिला दिया. खाना खा कर मैं बालकनी में फिर अपनी जगह बैठ गया.मेरा सर चौखट से लगा था और घुटने मेरे सीने से दबे थे. नितु बिना कुछ बोले मेरे साथ बैठ गई और अपना सर मेरे दाएँ कंधे पर रख दिया. हम दोनों ऐसे ही चुपचाप बैठे रहे, मुझे लगा कहीं नितु खुद को इस सब के लिए दोषी न मानने लगे इसलिए मैंने बात शुरू की; "भगवान का शुक्र है की आप हो मुझे संभालने के लिए वरना पता नहीं मेरा क्या होता!" पर नितु खामोश रही अब उन्हें बुलवाने के लिए मुझे कुछ तो करना ही था.

"मैं तो बस तुझसे ही बना हूँ

तेरे बिन मैं बेवजह हूँ,

मेरा मुझे कुछ भी नही, सब तेरा

सब तेरा, सब तेरा, सब तेरा"

मैंने गाने के बोल गुनगुनाये तो नितु एक दम से मेरी तरफ देखने लगी और उनके होठों पर मुस्कराहट तैरने लगी जो मुझे पसंद थी.गाना सुन कर नितु जोश में आ गई और उसने मेरा

हाथ पकड़ कर मुझे खड़ा किया और अपने फ़ोन पर यही गाना लगा दिया. नितु मेरे सीने से लग कर खड़ी हुई और हम धीरे-धीरे झूमने लगे और गाने के बोल गुनगुनाने लगे. अब दोनों का मूड ठीक हो चूका था तो हमें जाने की प्लानिंग करनी थी. सामान नितु ने पहले से ही पैक कर दिया था. बस अब मेरी एक बाइक बची थी. जिसे बेचने का मन मेरा कतई नहीं था क्योंकि वो मैंने अपने पैसों से खरीदी थी. नितु मेरी परेशानी अच्छे से जानती थी इसलिए वो बोली; "तुम्हें ये बेचने की कोई जरुरत नहीं हे." इतना कह कर उन्होंने फटाफट एक फ़ोन घुमाया; "अक्कू! सुन बेटा मुझे लखनऊ से एक बुलेट भेजनी है बैंगलोर तो जरा पता कर के बताना कैसे भेजेंगे!" उस लड़के ने कुछ कहा होगा की नितु बोली; "ओये! तेरे लिए नहीं है, मेरे फ्रेंड की हे. हाँ वही वाला!" ऐसे कहते हुए वो हँसने लगी. कॉल खत्म हुआ तो मैंने पुछा; "वही वाला? और कितने फ्रेंड हैं आपके?"

"पिछले कुछ दिनों से तुम मेल भेज रहे थे ना तो वो पूछ रहा था की वो मेल वाला फ्रेंड" ये सुन कर मैं भी मुस्कुरा दिया. फिर मैंने उनसे उनका बैंक अकाउंट नंबर माँगा तो वो भड़क गईं; "मुझे पैसे दोगे?"

"अरे बाबा! अब यहाँ से जा रहा हूँ तो बैंक आकउंट यहाँ रख कर क्या फायदा? कौन बार-बार यहाँ आएगा, इसलिए अभी मैं आपके अकाउंट में पैसे ट्रांसफर कर रहा हूँ और बाद में वहाँ अकाउंट खुलने के बाद आप वापस मेरे अकाउंट में डाल देना." ये सुनने के बाद वो समझीं और डिटेल्स दीं, पर जब अमाउंट ट्रांसफर हुआ और उन्होंने ४ लाख रुपये देखे तो वो आँखें फाड़े मुझे देखने लगी. "इस तरह आँख मूँद कर कभी किसी पर विश्वास नहीं करना चाहिए!" नितु ने कहा.

"किसी पर नहीं करता, पर आप पर करता हूँ!" इतना कह कर मैं मुस्कुरा दिया.

"थैंक यू इतना विश्वास करने के लिए!" नितु ने मुस्कुराते हुए कहा. हमारे पास मुश्किल से दो दिन ही रह गए थे, मैंने मोहित-प्रफुल को मिलने बुलाया, हम तीनो हॉल में बैठे थे और नितु ने सब के लिए चाय बना दी थी. नितु मेरे साथ बैठी थी और मोहित और प्रफुल मेरे सामने बैठे थे. पता नहीं क्यों पर वो दोनों कुछ ज्यादा ही मुस्कुरा रहे थे; "यार तुम दोनों को एक खुश खबरि देना चाहता हूँ!" मैंने कहा. इतना सुनते ही उनकी आखे खिल गई. "बता यार, तेरे मुँह से खुशखबरी सुनने को कान तरस गए थे." मोहित ने कहा.

"यार नितु को एक प्रोजेक्ट मिला जिसके सिलसिले में हम न्यूयॉर्क जा रहे हैं और उसके बाद वापसी मे मैं नितु को ही बैंगलोर में ज्वाइन करुंगा." मेरी बात नितु को अधूरी लगी तो

उन्होंने उसमें अपनी बात जोड़ दी;

"नॉट एज एन इम्प्लोयी बट एज अ बिजिनेस पार्टनर!!!" ये सुन कर मोहित और प्रफुल दोनों खुश हुए पर ये वो खबर नहीं थी जो वो सुनना चाहते थे.

"अरे वाव!" मोहित ने कहा और प्रफुल ने मुझसे हाथ मिलाया और इस बार उसकी पकड़ थोड़ी कठोर थी और वो मुझे आँखों से कुछ इशारा भी कर रहा था जिसे मैं समझ नहीं पाया था. "अब तो पार्टी बनती है!" मोहित बोला पर पार्टी सुनते ही नितु का चेहरा थोड़ा फीका पड़ गया क्योंकि मैं बाहर कुछ भी नहीं खा सकता था.

"गाईज, डॉक्टर ने मुझे बाहर से खाने को मना किया है!" मैंने सफाई देते हुए कहा.

"अरे तो क्या हुआ? हम घर पर ही कुछ बना लेते हैं! चल गाजर का हलवा बनाते हैं!" प्रफुल ने पूरे जोश में आते हुए कहा. इतना कह कर हम तीनों उठ खड़े हुए पर नितु बोल पड़ी;

"अरे तो तुम लोग बैठो मैं बनाती हु."

"अरे मॅडम आप क्यों तकलीफ करते हो, हम तीनों हैं ना!" मोहित बोला.

"ये क्या मॅडम-मॅडम लगा रखा है? यू आर नॉट माई इम्प्लोयी एनीमोर! कॉल मी नितु!" अब ये सुन कर दोनों मेरी तरफ देखने लगे. तभी नितु दुबारा बोली; "सागर भी तो मुझे नितु कहता है फिर तुम्हें क्या प्रॉब्लम है?"

"मॅडम वो क्या है न हम इसकी तरह बद्तमीज नहीं हैं!" प्रफुल ने मेरी टाँग खींचते हुए कहा.

"ओह! भाई साहब मुझे भी इन्होने ही बोला था की नाम से बुलाया करो!" मैंने अपनी सफाई दी.

"गाईज, ये बात तो सच है की इससे ज्यादा तमीजदार लड़का मैंने नहीं देखा. शिष्टता तो इनके रग-रग में बसी हे."

"मॅडम वो..." मोहित कुछ कहने को हुआ तो नितु ने उसकी बात काट दी;

"कम ऑन गाईज!" उनका इतना कहना था की दोनों मान ही गए और एक साथ बोले; "ओके नितु जी!"

"नितु जी नहीं सिर्फ नितु!" नितु ने कहा तो दोनों ने मुस्कुरा कर हाँ में सर हिलाया. उसके बाद हम तीनों ने किचन में मिलकर गाजर का हलवा बनाया और बनाते-बनाते हमारी बहुत सी बातें हुई, बहुत से राज खोले गए और हँसी मजाक खूब चला.

२० तारीख को हम सुबह एयरपोर्ट के लिए निकले, दिल का एक टुकड़ा अचानक से रो पड़ा और आँखें नम हो गई. हम टैक्सी में बैठे थे और मेरी नजरें खिड़की से चिपकी हुईं थी. हर वो दूकान, हर वो मोहल्ला, हर वो सड़क जहाँ मैंने घूमते हुए इतने साल निकाले आज वो सब मैं पीछे छोड़ कर जा रहा था. कॉलेज से ले कर अब तक करीब ७ साल बिताने के बाद जैसे दिल का एक हिस्सा यहीं रह जाना चाहता था. इस शहर ने मेरी जिंदगी का हर एक पहलु देखा था फिर चाहे वो कॉलेज में पढ़ने वाले स्टूडेंट की आवारागर्दी हो या मोहब्बत में चोट खाये आशिक़ के आँसू! मेरे ये आँसू नितु से छुप नहीं पाए और उन्होंने मेरी ठुड्डी पकड़ के अपनी तरफ घुमाई और आँखों के इशारे से पुछा की क्या हुआ? तो मैंने उन्हें अपने मन के ख्याल सुना दिये. ये सुन कर वो मुस्कुरा दी और मेरे माथे को चूमते हुए बोलीं; "तुम शहर छोड़ कर नहीं बल्कि इस यादें अपने सीने में बसाये ले जा रहे हो." मैंने हाँ में सर हिलाया और उनकी बात एकसेप्ट की!

इमोशनल होते हुए हम एयरपोर्ट पहुँचे, ये मेरी लाइफ की पहली हवाई यात्रा थी जो नितु करवा रही थी. कहने को तो ये ढाई घंटे की यात्रा थी पर मेरे लिए ये यादगार यात्रा थी. अपने फ़ोन से मैं जितनी पिक्चर ले सकता था वो लीं, नितु को मुझे ऐसा करता देख एक अजीब सा सुख मिल रहा था और वो बैठी बस मुस्कुराती हुई मुझे देख रही थी. मैं उनके पास आया और उनके साथ बहुत सी सेल्फी खींची. अश्विनी और मेरी सारी सेल्फी तो मैं डिलीट कर चूका था और फ़ोन खाली था. तो सोचा की उसे एक अच्छे दोस्त के साथ फोटो खींच कर भर दू. खेर जब बोर्डिंग शुरू हुई तो हमारी सिट एक साथ नहीं बल्कि दूर-दूर थीं क्योंकि मेरी टिकट लास्ट में बुक हुई थी. पर नितु बहुत होशियार थी. उनकी बगल वाली सीट पर एक लड़की बैठी थी तो उसने उससे कहा; "एक्स्क्युज मी, मेरे हस्बैंड और मेरी सिट दूर-दूर मिली हैं तो आप प्लीज वहाँ बैठ जाओगे?" उस लड़की ने मुस्कुराते हुए हाँ भरी और मेरे पास आई और मेरे कंधे को छूते हुए कहा; "आपकी वाइफ बुला रही हैं!" मैं

हैरानी से उसे देखने लगा की ये क्या बोल रही है, फिर मैंने पलट कर देखा तो नितु हँस रही थी. मैं समझ गया और उठ कर उनके पास चल दिया. "यार आपको चैन नहीं है ना?" मैंने हँसते हुए कहा. मैं उनके बगल वाली सीट पर बैठने लगा तो उन्होंने मुझे अपनी खिड़की वाली सीट दे दी. हवाई जहाज में पहलीबार बैठना वो भी खिड़की वाली सीट पर! टेक ऑफ से पहले सीट बेल्ट की अनाऊंसमेंट हुई. आज मैं अपने जीवन में पहली बार अपना फ़ोन 'एअरप्लेन' मोड में डालने को मरा जा रहा था. जब मैंने ये बात नितु को बताई तो वो भी मेरा बचपना सुन हँस पडी.

टेक ऑफ और ल्यांड करते हुए मेरी थोड़ी फटी थी पर नितु ने मेरे बाएँ हाथ पर अपने हाथ रखे हुए थे तो डर कम लगा. हम बैंगलोर पहुँचे और बाहर निकलते ही मैंने उस जमीन को अपनी उँगलियों से छू लिया. "जब पहलीबार लखनऊ आया था कॉलेज पढ़ने तब भी मैंने ये किया था और आप देखो कितना प्यार दिया उस शहर ने और आज यहाँ नई जिंदगी शुरू करने आया हूँ तो गर्व महसूस हो रहा हे." मैंने कहा तो नितु ने मेरी पीठ थपथपाई! नितु ने अक्कू को फ़ोन किया तो उसने हमें बाहर बुलाया, बाहर पहुँच कर देखा तो मुझे विश्वास नहीं हुआ, वहाँ अक्कू मेरी बाइक के साथ खड़ा था. मैंने हालाँकि अक्कू को तो नहीं पहचाना पर अपनी बाइक को पहचान गया था. "तुम्हारा वेलकम गिफ्ट!" नितु ने कहा तो मेरे चेहरे पर खुशियाँ अपने रंग बिखेरने लगी. "बेटा ये तीन बैग ले कर तू घर निकल हम तुझे वहीँ मिलेंगे." नितु ने अक्कू को कहा और उसने तुरंत ऑटो कर लिया. मैंने दाहिने हाथ को चूमा और फिर उसी हाथ से बाइक को छुआ और फिर उस पर सवार हो कर बड़े स्टाइल से किक मारी, वो भड़भड़ करते हुए स्टार्ट हुई और ये आवाज नए शहर में सुन मेरे मन में रोमांच भर उठा. नितु पीछे से आ कर मेरे से सट कर बैठ गई. "सच्ची आज एक अरसे बाद तुम्हारे साथ बाइक पर बैठने का मौका मिला हे." नितु खुश होती हुई बोली और मुझे पीछे से थाम लिया. नितु मुझे रास्ता बताती रही और मैं बाइके ख़ुशी-ख़ुशी चलाता रहा, रास्ते में पड़ने वाली हर जगह के बारे में मुझे जानकारी दी. अंततः हम घर पहुँचे, नीचे बाइक खड़ी कर के हम ऊपर पहुँचे तो नितु ने घंटी बजाई दरवाजा एक मलयाली लड़की ने खोला जो वहाँ काम करती थी. उसके हाथ में पूजा की थाली थी और मेरे चेहरे पर हैरानी! "वो दीदी ने बोला की आप आ रे कर के!"

"यार मेरा ग्रह प्रवेश हो रहा है क्या?" मैंने कहा और फिर हम तीनों ठहाका मार के हँसने लगे. खेर अंदर जाने के बाद नितु ने मेरा उस लड़की से इंट्रो करवाया, उसका नाम 'अल्का' था. पर ये घर १ बी.एच.के था और मुझे अल्का के सामने उनके कमरे में जाने में झिझक हो रही थी. इतने में अक्कू समान ले कर आ गया, मैंने फ़ौरन उसके हाथ से सूटकेस लिया. अब अक्कू और अल्का के सामने मैं कैसे सामान अंदर रखूँ?

मैं हॉल में ही बैठ गया और इधर नितु ने अल्का को खाना बनाने के बारे में इंस्ट्रक्शन शुरू कर दिया. अक्कू उर्फ़ आकाश एक ट्रेनी था और उसी की तरह एक और लड़का था जिसका नाम रवि था. दोनों एम बी ए स्टूडेंट्स थे और नितु के पास ट्रेनिंग ले रहे थे. "तो ऑफिस चलें?" मैंने पुछा तो नितु अक्कू को देखने लगी और फिर ना में सर हिला दिया. "आज ही तो आये हैं और तुम्हें आज से ही काम स्टार्ट करना है? चलो पहले थोड़ा घूम लो, ऑफिस कल से ज्वाइन कर लेना. मैंने भी सोचा की ठीक ही तो है आज का दिन शहर ही घुमते हे. इसलिए वो पूरा दिन हम शहर घुमते रहे और जब रात को वापस आये तो मुझे नितु के कमरे में मेरा सामान मिला. "मैं हॉल में ही सो जाता हूँ!" मैंने कहा तो नितु भड़क गई; "क्या हॉल मैं सो जाता हूँ? इस डबल बेड पर मैं अकेले सोऊँ?"

"यार अच्छा नहीं लगता की हम दोनों एक घर में एक ही रूम में सोएं! आपके इम्प्लोयी और अल्का क्या सोचेगी?"

"सागर ये लखनऊ नहीं है, यहाँ लोग लिव्ह-इन रिलेशनशिप में रहते हैं और तुम हो के बेड शेयर करने से डर रहे हो? हम सिर्फ एक बेड शेयर कर रहे हैं ना और तो कुछ नहीं? सो ग्रो अप!"

लेटते ही नितु को नींद आ गई पर मेरे लिए जगह नई थी तो थोड़ी बेचैनी थी! मैं चुप-चाप उठा और बालकनी में खड़ा हो गया और उस सोते हुए शहर को देखने लगा. मुझे वो शहर भी लखनऊ जैसा ही लगा बस दिन के समय ये लखनऊ से अलग था वरना रात में तो ये अब भी वैसे ही लग रहा था. मैं हाथ बाँधे खड़ा चाँद को निहारता रहा और जब लगने लगा की अब नींद आ रही है तो सोने चला गया.अगले दिन सबसे पहले उठा और चाय बनाने की सोची पर कीचन में क्या कहाँ रखा है उसमें थोड़ा समय लगा. आखिर चाय बन गई और मैं नितु के लिए चाय ले कर पहुँचा तो वो करवट ले कर लेटी हुई थी. मैंने उनके साइड टेबल पर चाय रखी और एक आवाज दी और उन्होंने आँख खोल दी. सामने चाय देख वो उठ बैठीं; "अरे मुझे बोला होता?"

"जल्दी उठ गया था तो सोचा चाय बना लूँ!" मैंने कहा और उनके सामने बैठ कर चाय की चुस्की लेने लगा. फिर हम रेडी हुए और ऑफिस के लिए निकले, अभी मैं बाइक पार्क ही कर रहा था की नितु ने अक्कू को कॉल कर दिया. मैंने ये नहीं देखा और जब मैं आया तो हम एक बिल्डिंग में दाखिल हुए, मुझे लगा की इतनी बड़ी बिल्डिंग में ऑफिस होना ही बड़ी बात है पर जब हम ऊपर पहुँचे तो ये एक शेयर्ड ऑफिस निकला. दरवाजे पर अक्कू और रवि दोनों प्लेट ले कर खड़े थे, दरवाजे पर वेलकम का स्टीकर था और मैं ये देख कर खुश

था. रवि चूँकि ब्राह्मण था तो वो मंत्र पढ़ते हुए उसने तिलक किया और फिर आरती ले कर हम अंदर घुसे. सामने ही एक छोटा सा मंदिर था मैंने वहाँ प्रणाम किया और प्रार्थना की कि भगवान हमें काम में तरक्की देना. नितु का ऑफिस कुल मिला कर बस दो कमरों का ही था. एक बड़ा हॉल जिसमें दो डेस्क थे जिनपर प्रिंटर और दोनों लड़कों के लैपटॉप थे. दूसरा था एक छोटा केबिन जिसमें एक बॉस चेयर, बॉस टेबल और उसके सामने दो चेयर्स नितु ने मुझे अपनी चेयर पर बैठने को कहा पर मैं नहीं माना; "ये आपकी जगह है!" मैंने कहा पर तभी अक्कू ने पार्टनर हाईप डीड नितु के हाथ में दी. नितु ने वो दीड टेबल पर रखी और मुझे कहा; "ये लो पार्टनर हाईप डीड इस पर साइन करो और पूरे हक़ से यहाँ बैठो.

"पर इसकी क्या जरुरत है?" मैंने कहा.

"अरे कमाल करते हो? बिना इस पर साइन किये हम अकाउंट कैसे खोलेंगे? और अभी तो और भी जरुरी डाक्यूमेंट्स हैं जिन पर तुम्हें साइन करना है!" उनकी बात सही थी इसलिए मैंने बिना पड़े ही साइन कर दिया. "पढ़ तो लो?" नितु ने कहा.

"आपने पढ़ लिया था न? तो बस!" मैंने कहा. पर अब नितु फिर से कहने लगी की मैं उसकी सीट पर बैठूँ; "नहीं...ये आपकी जगह है धीरे-धीरे जब मैं इस ऑफिस में अपनी जगह बना लूँगा तब बैठूंगा, पर फिलहाल तो मुझे बाकियों से मिलवाओ!" इतना कह कर मैंने बात टाल दी और फिर नितु ने मुस्कुराते हुए आस-पड़ोस वाले बोसेस से इंट्रो कराया ये कह के की मैं उनका बिजिनेस पार्टनर हूँ! सबसे मिलकर हम वापस आये, रवि और अक्कू अपने डेस्क पर बैठे काम कर रहे थे. "अच्छा आकाश आप मुझे क्लायंट की लिस्ट दे दो!" मैंने कहा तो उसने जवाब में "ओके सर" कहा. उस समय मेरी छाती गर्व से फूल गई. जिस इंसान ने इतने साल से सबको सर कहा हो अचानक से उसे कोई सर कहे तो उसे कितना गर्व होता है ये मुझे उस दिन पता चला. मैं तो काम में लग गया पर नितु ने शॉपिंग शुरू कर दी. लंच टाइम मैंने सबके लिए बाहर से खाना मंगाया और मेरा खाना तो मैं साथ ही लाया था. आकाश और रवि ने पुछा तो मैंने उन्हें बता दिया की मेरी तबियत ठीक नहीं है और डॉक्टर ने मुझे बाहर के खाने से परहेज करने को कहा हे.

शाम होते ही नितु मुझे मॉल ले गई और वहाँ उसने मुझे बिज़नेस सूट दिलवाया, अब चूँकि मुझे न्यूयॉर्क जाना था तो प्रेजेंटएबल तो लगना था. फिर वहीँ एक सेलोन में मुझे एक अच्छा सा हेयर कट और बियर्ड स्टाइल करवाया और अब मैं वाक़ई में हैंडसम लग रहा था. "हाय! सागर सच्ची बड़े हसीन लग रहे हो!" नितु ने कहा और इधर मेरे गाल शर्म से लाल हो गये. जब मैंने खुद को आईने में देखा तो पाया की कहाँ उस दिन जब मैंने खुद को

आईने में देख कर अफ़सोस किया था और कहाँ आज जब मैं वाक़ई में इतना हैंडसम दिख रहा हु.

दूसरे दिन हमारी न्यूयॉर्क की फ्लाइट थी और उत्साह से भरे हम दोनों वहाँ पहुँचे और होटल में चेक-इन किया. वो पूरी रात हमने प्रेझेंटेशन और बाकी की सारी तैयारी में लगा दी. हमारी प्रेजेंटेशन से पहले एक सेमीनार था जहाँ उनहोने कुछ गाईडलाईन दी थीं, मुझे उसके हिसाब से थोड़े चेंजेस करने पड़े और हम तैयार थे. कॉन्फ्रेंस रूम में दो अमेरिकन बैठे थे जिन्हें हमें प्रेजेंटेशन देनी थी. स्टार्ट नितु ने किया और जैसे ही डेटा प्रेजेंट करने की बारी आई तो उन्होंने मुझे पॉइंटर दे दिया. मैंने बड़े ही आराम से उन्हें सारा कुछ समझाया और उसके बाद उन्होंने हमें बाहर बैठने को कहा. हम दोनों ही बाहर बेसब्री से इंतजार कर रहे थे की तभी उन्होंने हमें अंदर बुलाया और कॉन्ट्रैक्ट ऑफर किया. ये सुनते ही नितु ख़ुशी से उछल पड़ी और मेरे गले लग गई और मेरे दाएं गाल को अपनी लिपस्टिक से लाल कर दिया., ये देख वो अंग्रेज भी हँसने लगे और हम दोनों भी हँसने लगे. "थयांक यू सर फॉर गिविंग अस दिस अपोर्चूनिटी अँड वी प्रॉमिस वी विल डीलीवर व्हॉट वी प्रॉमिस!" मैंने ये कहते हुए उनसे हाथ मिलाया और फिर हम दोनों हँसी-ख़ुशी बाहर आये. बाहर आते ही आशु ने फिर से मुझे अपनी बाहों में कस लिया.

आज दिवाली थी तो वहाँ से निकल कर हम सीधा होटल आये और वहाँ नहा-धो कर हम ने कपडे बदले. मैंने कुरता-पजामा और नितु ने साडी पहनी और हम सीधा मंदिर पहुंचे. उस शहर मे भारतीय लोगो ने मिलकर एक मंदिर बनाया था.ये पहलीबार था की मैं दिवाली पर अपने परिवार के साथ नहीं था और जब हम मंदिर पहुँचे तो वहाँ सब लोगों को उनके परिवार के साथ देख आखिर मेरी आँखें छलक ही आई. नितु ने मेरे आँसू पोछे पर उनका भी वही हाल था जो मेरा था. मैंने उनकी आँखें पोछीं और फिर हमने भगवान के दर्शन किये और अपने लिए तथा अपने परिवारों के लिए भी प्रार्थना की. पूजा के बाद मैंने प्रकाश को फ़ोन किया और उससे हाल-चाल लेने लगा तो उसने जो बताया वो सुन कर मैं हैरान हो गया.मेरे घर में बाकायदा पूजा हो रही थी और खुशियाँ मनाई जा रही थी. किसी को भी मेरे ना होने का गम नहीं था! दिल दुखा की मैं यहाँ सब को इतना मिस कर रहा हूँ और वहाँ किसी को कोई दु:ख भी नहीं, पर फिर ये सोचा की मेरी कमी शायद अश्विनी की शादी ने पूरी कर दी होगी. शादी की सारी तैयारियाँ प्रकाश करवा रहा था जिससे पिताजी और ताऊ जी को थोड़ी सहूलत थी. उन्होंने उसे ये भी बता दिया था की मुझे घर से निकाल दिया गया है क्योंकि मैंने भतीजी की शादी की जगह विदेश जाना ज्यादा जरुरी समझा जिस पर प्रकाश ने मुझे डांटा. पर मैं उसे सच नहीं बता सकता था इसलिए जो वो कह रहा था वो सब सुनता रहा. फ़ोन पर बात करने के बाद मैं उदास खड़ा था की तभी नितु ने पीछे से आ

कर मेरा दाहिना हाथ थाम लिया. "क्या हुआ? घर पर सब ठीक है ना?" नितु ने पुछा तो मैंने झूठी मुस्कान के साथ कहा; "हाँ...सब ठीक है! चलो चल कर कुछ खाते हैं!" अब चूँकि वहाँ घर का खाना नहीं मिल सकता था तो बाहर खाने के अलावा मेरे पास कोई चारा नहीं था. पर मेरी तबियत में पहले से काफी सुधार था इसलिए मैंने ये रिस्क ले लिया. खाना मैं कम मिर्च और तेल वाला ही खा रहा था ताकि कुछ कम्प्लीकेशन ना बढे.

खा-पी कर हम होटल लौटे और लेट गए, नितु जानती थी की मेरा मन उदास है और कहीं मैं इस दुःख को फिर से अपने सीने से ना चिपका लूँ इसलिए आज लेटते समय उन्होंने मेरी कमर पर हाथ रख दिया. उनका ऐसा करना मेरे लिए बहुत अजीब था क्योंकि मेरे शरीर के सारे रोएं खड़े हो गए थे. पर मैं चुप-चाप पड़ा रहा, कुछ देर लगी सोने में और आखिर नींद आ ही गई. कुछ देर बाद उन्होंने धीरे से हाथ सरका लिया और दूसरी तरफ मुँह कर के सो गई.

अगली सुबह हम दोनों देर से उठे और उठने के बाद भी नींद पूरी नहीं हुई शायद जेट लेग हो गया था. वो पूरा दिन हमने घुमते हुए बिताया और कंपनी के साथ बैठ कर कुछ स्टडी किया. शाम हुई तो आज मन 'चेंज' करने को कर रहा था. सर्दी का आगाज हो चूका था तो कुछ तो चाहिए था! "आज बियर पीएं?" मैंने एक्ससाईटेड होते हुए पुछा तो नितु चिढ गई; "बिलकुल नहीं! जरा सा ठीक हुए नहीं की बियर पीनी है!" मैंने आगे कुछ नहीं कहा और मुस्कुरा दिया. उनका इस कदर हक़ जताना मुझे अच्छा लगता था. हम आखिर होटल आ गए तो खाना खा कर जल्दी सो गये. सुबह मैं जल्दी उठ गया और मैंने रवि को कॉल किया और उससे कुछ अपडेट लेने लगा. फिर अचानक से मुझे कुछ याद आया और मैंने कुछ पुरानी कम्पनियाँ जिनके साथ 'कुमार' काम करते थे उन्हें मैंने मेल भेज दिये. चूँकि इन कंपनियों का डेटा मैं ही देखता था तो मेरे लिए ये काम आसान था. ८ बजे नितु भी उठ गई और मुझे ऐसे काम करते देख कर मेरे पास आईं और मेरे हाथ से लैपटॉप छीन लिया. "थोड़ा आराम भी कर लो!" इतना कहते हुए वो लैपटॉप अपने साथ ले गई. मैंने शाम को घूमने का प्लान बना लिया, और मीटिंग के बाद हम घूमने निकल पडे. हमारे पास दिन बहुत थे इसलिए हमें कोई जल्दी नहीं थी.

दिन निकलते गए और मेरी दोस्ती जेनिफर नाम के एक गोरी से हो गई. पर नितु को वो फूटी आँख नहीं भाति थी! जब भी मैं उससे बात करता तो नितु मेरे पास आ कर बैठ जाती. मुझे नितु को इस तरह सताने में बड़ा मजा आता था और मैं जानबूझ कर उससे लम्बी-लम्बी बातें किया करता था. उसकी रूचि थी इंडिया घूमने की और मैं उसे अलग-अलग जगह के बारे में बताया करता था. नितु को शायद ये डर था की कहीं मैं उस गोरी से

प्यार तो नहीं करता? एक दिन की बात है हम दोनों कॉफ़ी पी रहे थे की नितु भी आ कर बैठ गई. जेनिफर को किसी ने बुलाया तो वो एक्स्क्युज मी बोल कर चली गई. उसके जाते ही नितु ने मेरे कान पकड़ लिए; "इससे शादी कर के यहीं सेटल होने का इरादा है क्या?" ये सुन कर मैं हँस पडा.

"वो मैरिड है!" मैंने हँसते हुए कहा और तब नितु को समझ आया की इतने दिन से मैं उन्हें सताये जा रहा था. वो भी हँसने लगी और फिर एकदम से खामोश हो गई; "क्या हुआ?" मैंने पूछा.

"तुम्हारी दोस्ती खोने का डर सताने लगा." नितु ने उदास होते हुए कहा.

"तुम पागल हो? ऐसा कुछ नहीं होगा, मैं भला आपको छोड़ दूँ? मेलि प्याली-प्याली दोस्त को!" मैंने नितु की ठुड्डी पकड़ते हुए कहा. ये सुन कर नितु फिर से मुस्कुराने लगी. उस दिन शाम को जेनिफर और उसका पति भी हमारे साथ घूमने आये और फिर मौका आया पीने का. अब नितु उनके सामने मुझे कैसे मना करती पर फिर मैंने ही मना किया. इस बार नितु ने खुद कहा; "जस्ट वन बिअर!" हमने बस एक-एक बियर पी और फिर होटल लौट आये.

दिन गुजरते गए और आखिर हमारा काम खतम होने को आया था. हम वापस बैंगलोर आ गए और नितु ने आते ही रवि और आकाश को इस प्रोजेक्ट पर लगा दिया. पर वो अकेले इसे संभाल नहीं सकते थे इसलिए मैंने उनके साथ बैठना शुरू कर दिया. नितु की इनवोलमेंट कम थी क्योंकि ये एडवान्स अकाउंटिंग थी और इंडियन अकाउंटिंग स्टँडर्ड की जगह जी. ए. पी. पी. के हिसाब से काम करना था जिसके बारे में मैंने उन कुछ दिनों में सीखा था. बाकी का सब मैंने केस-स्टडी से सीखना शुरू कर दिया. मैंने जो पुरानी कंपनियों को मेल किया था उसमें से १-२ ने रिवर्ट किया था तो मैंने वो काम नितु को दे दिया. वो बहुत हैरान थी की मैंने उन्हें क्यों अप्रोच किया. कुमार ने तो काम बंद कर दिया अब अगर हमें उनके क्लायंट मिल जाते हैं तो अच्छा ही है! वो तो मेरी रेपुटेशन थी की उन लोगों ने १-१ क्वार्टर की रिटर्न का काम हमें दे दिया था. कुल मिला कर काम अच्छा चल पड़ा था. सिर्फ पुराने क्लाइंट्स से ही हमने अच्छा प्रॉफिट कमा लेना था. युएस वाला का काम थोड़ा मुश्किल था पर पैसा बहुत अच्छा था. हालाँकि उन्होंने कॉन्ट्रैक्ट बहुत थोड़े टाइम का दिया था पर मुझे पूरी उम्मीद थी की वो कॉन्ट्रैक्ट आगे एक्सटेंड जरूर करेंगे.

मुश्किल से हफ्ता बीता होगा की नितु का जन्मदिन आ गया था.

१९ को नितु का जन्मदिन था तो मैंने १८ को ही सोच लिया था की मुझे क्या करना हे. १८ का पूरा दिन मैं ऑफिस में ही था. शाम होने को आई तो मैंने नितु को अकेले ही भेज दिया क्योंकि मुझे डेटा फाइनल करना था ताकि कल का पूरा दिन मैं और नितु घुमते रहें! मैं रात को ठीक साढ़े ग्यारह बजे पहुंचा और चूँकि मेरे पास डुप्लीकेट चाभी थी तो मैं दबे पाँव अंदर आया. हॉल में मैंने केक रखा और मोमबत्ती लगाई और मैं पहले चेंज करने लगा, जैसे ही बारह बजे मैंने नितु को आवाज दे कर उठाया. पर वो एक आवाज में नहीं उठी, मैंने साइड लैंप जलाया और फिर पूरा हैप्पी बर्थडे वाला गाना गाया;

"हॅपी बर्थ डे टू यू,

हॅपी बर्थ डे टू यू,

हॅपी बर्थ डे डिअर नितु,

हॅपी बर्थ डे टू यू"

तब जा कर नितु की आँख खुली और उन्होंने मुस्कुराते हुए मुझे देखा. मैंने उनके सामने घुटनों के बल बैठा था.नितु एक दम से उठी और मेरे गले लग गई. "शुक्रिया" कहते-कहते उनकी आवाज रोने वाली हो गई. मैं समझ गया की वो अपने मम्मी-डैडी को मिस कर रही हे. 'अच्छा अब रोना नहीं है, चलो बाहर आओ एक सरप्राइज है!" ये कहते हुए मैं उन्हें बाहर लाया और केक देख कर वो खुश हो गई. उन्होंने मुझे एक बाद फिर गले लगा लिया. मैंने फ़ौरन मोमबत्ती जलाई और फिर उन्होंने केक काटा. हम दोनों हॉल में ही सोफे पर बैठ गये. "एक अरसे बाद मैं अपना बर्थ डे सेलिब्रेट कर रही हूँ! पर मुझे लगा की तुम इतना बिजी हो तो शायद भूल गए होगे?"

"इतने साल आप से दूर रहा तब आपको विश करना नहीं भूला तो साथ रह कर भूल जाऊँगा?"

रात में भूख लगी तो मैंने मैगी बनाई और दोनों ने किचन में खड़े-खड़े खाई और फिर सोने चले गये.

अगली सुबह मैं जल्दी उठा और कॉफी बना कर नितु के साइड टेबल पर रखते हुए कहा; "कॉफी फॉर दीं बर्थ डे गर्ल!" नितु एक दम से उठ बैठी और मेरा हाथ पकड़ कर वहीं बिठा लिया. "तो आज का क्या प्रोग्राम है?" नितु ने पूछा. मैं एक दम से खड़ा हुआ और दोनों हाथ हवा में उठाते हुए चिल्लाया; "रोड ट्रीप!!!!" ये सुनते ही नितु भी एक्साईटेड हो गई!

"पर कहाँ?" नितु ने पूछा. "शिवा समुद्रम फॉल्स!!!!" मैंने कहा और हम दोनों कूदने लगे, मैं जमीन पर नितु पलंग पर! अल्का आई तो नितु ने उसे भी केक खिलाया, मैंने आकाश और रवि को भी बुला लिया था. दोनों ने आ कर नितु को विश किया और सबने केक खाया.रवि ने मना किया क्योंकि उसे लगा की इसमें अंडा होगा पर मैंने उसे बताया की इसमें अंडा नहीं है तो उसने भी तुरंत खा लिया.

हम दोनों तैयार हो कर बाइक से निकले, पूरे १३५ किलो मीटर की ड्राइव थी. पहले ६० किलोमीटर में ही हवा निकल गई इसलिए मैंने बाइक एक रेस्टरंट पर रोकी और दोनों ने एक-एक कप स्ट्रांग वाली कॉफ़ी पी और फिर से चल पडे. कुछ देर बाद रोड खाली आया तो नितु जिद्द करने लगी की उसे ड्राइव करना हे. आजतक उन्होंने स्कूटी ही चलाई थी और ऐसे में ये भारी भरकम बाइक वो कैसे संभालती? उन्हें मना करना मुझे ठीक नहीं लगा, इसलिए मैंने उन्हें आगे आने को कहा. "ये बहुत भारी है, आप संभाल नहीं पाओगे, मैं आपके नजदीक आ कर बैठ जाऊँ?" मैंने उनसे पूछा. अब थोड़ा दर तो उन्हें भी लग रहा था क्योंकि बुलेट पर बैठते ही उन्हें उसके वजन का अंदाजा मिल गया था. "प्लीज गिरने मत देना!" इतना कहते हुए उन्होंने मुझे अपने नजदीक बैठने की इजाजत दी. मैंने उन्हें जब बाइक स्टार्ट करने को कहा तो उनसे वो भी नहीं हुई क्योंकि मैंने किक थोड़ी टाइट रखी थी ताकि मैं उसे स्टाइल से स्टार्ट करू. अब इसमें सेल्फ था नहीं जो वो एक बटन दबा कर स्टार्ट कर लेतीं, इसलिए मुझे ही खड़े हो कर बाइक स्टार्ट करनी पडी. अब बुलेट की भड़भड़ आवाज सुन कर ही वो डर गईं और क्लच छोड़ ही नहीं रही थी.

"नो...नो ...नो ...मैं नहीं चलाऊँगी!" नितु ने घबराते हुए कहा.

अब मुझे लगा की अगर इन्होने डर के एक दम से छोड़ दिया तो दोनों टूट-फुट जाएंगे! इसलिए मैंने दोनों हाथ उनके पेट पर लॉक कर दिए और बड़ी धीमी आवाज में उनके कान में कहा; "क्लच को धीरे-धीरे छोडो जैसे आप स्कूटी चलाते टाइम छोड़ते हो!" मेरे उनके छू भर लेने से नितु की सांसें तेज हो गईं थी पर जब मैंने धीरे से उनके कान में इंस्ट्रक्शन दी तो उन्होंने खुद पर काबू किया और धीरे-धीरे क्लच छोडा. शुरुरात में थोड़े झटके लगे और फिर बाइक चल पडी. अब मुझे भी एहसास हुआ की मुझे उनको ऐसे नहीं छूना चाहिए था. मैंने धीरे-धीरे अपने हाथ उनके पेट से हटा लिए ताकि वो नार्मल हो जाये. नितु का ध्यान अब बाइक पर था और मेरा ध्यान सब तरफ था की कहीं कोई आकर हमें ठोक नहीं दे. कुछ देर बाद आखिर उनका हाथ बैठ ही गया, घंटे भर में ही उनका मन भर गया और उन्होंने फिर मुझे चलाने को कहा. मैंने इस बार कुछ ज्यादा ही तेजी से चलाई जिससे नितु को मुझसे चिपक कर बैठना पडा. साढ़े तीन घंटे की ड्राइव के बाद हम पहुँचे और वहाँ का नजारा देख कर शरीर में और फूर्ति आ गई. पानी का शोर सुन कर ही उसमें कूद जाने का

मन कर रहा था. हमने वहाँ मिल कर खूब मौज-मस्ती की और शाम को निकले.घर आते-आते १० बज गए, वो तो शुक्र है की अल्का जाते-जाते खाना बना गई थी वरना आज भूखे ही सोना पडता. खाना खा कर मैं उठा तो नितु बोली; "शुक्रिया आज का दिन इतना स्पेशल और मेमोरेबल बनाने के लिए!"

"शुक्रिया आपको की आपने पहले वाले सागर को फिर से मरने नहीं दिया!" मैंने मुस्कुराते हुए कहा और हम दोनों सो गये.

अब आया क्रिसमस और हररोज की तरह जब मैं नितु की बेड टी ले कर आया तो नितु बोली; "रोज-रोज क्यों तकलीफ करते हो?"

"तकलीफ कैसी ये तो मेरा प्यार है!" मैंने हँसते हुए कहा पर नितु के पास इसका जवाब पहले से तैयार था; "थोड़ा और प्यार दिखा कर खाना भी बना दो फिर!"

"अच्छा चलो आज आपको अपने हाथ का खाना भी खिला देता हु. उँगलियाँ ना चाट जाओ तो कहना. पर अभी तैयार हो जाओ चर्च जाना हे." मैंने कहा.

"क्यों शादी करनी है?" नितु ने मुझे चिढ़ाते हुए कहा.

"शादी तो हम रजिस्ट्रार ऑफिस में करेंगे पहले चर्च जा कर गॉड का आशीर्वाद तो ले लें." ये सुनते ही हम दोनों बहुत जोर से हँसे.नितु और मेरे बीच ऐसा मजाक बहुत होता था. एक तरह से दोनों जानते थे की हमें कैसे दूसरे को हँसाना हे. अब ले-दे कर हम दोनों ही अब एक-दूसरे का सहारा थे! खेर हम तैयार हो कर चर्च आये और वहाँ अपने और अपने परिवार के लिए प्रेयर किया. भले ही उनसब ने हम से मुँह मोड़ लिया था पर हम अब भी अपने परिवार को उतना ही चाहते थे! हम दोनों ही भावुक हो कर चर्च से निकले पर जानते थे की एक-दूसरे को कैसे हँसाना हे.

"तो क्या खिला रहे हो आज?" नितु ने पूछा.

"यार मैं ठहरा देहाती, मुझे तो दाल-रोटी ही बनानी आती हे." मैंने बाइक स्टार्ट करते हुए कहा.

"प्यार से बनाओगे तो दाल में भी चिकन का स्वाद आजायेगा." नितु ने पीछे बैठते हुए कहा.

"चलो फिर आज चिकन ही खिलाता हूँ!" मैंने कहा और बाइक सीधा सुपरमार्केट की तरफ ले ली. वहाँ से सारा समान खरीदा और एप्रन पहन कर कीचन में कूद पड़ा, नितु को मैंने दूर ही रखा वरना वो टोक-टोक कर मेरी नाक में दम कर देती. चिकन मेरीनेशन की और सोचा की बटर चिकन बनाऊँ लेकिन फिर मन किया की ग्रिल चिकन बनाते हैं! जब बन गया तो मैंने नितु को चखने को बुलाया, किस्मत से वो टेस्टी बना, पहलीबार के हिसाब से टेस्टी! वो तो शुक्र है की मैंने साथ में दाल बनाई थी जिसमें मेरी महारत हासिल थी तो खाना थोड़ा बैलेंस हो गया, वरना उस दिन अच्छी बेजती हो जानी थी! दिन हँसी ख़ुशी बीत रहे थे और बिजिनेस भी अब अच्छी रफ्तार पकड़ने लगा था.

फिर आया ३१ दिसंबर.आकाश और रवि दोनों ने नितु से कहा की आज तो पार्टी होनी चाहिए. नितु का कहना था की घर पर ही करते हैं, पर मुझे पता था की लड़कों को चाहिए शराब और शबाब और वो सिर्फ पब में मिलता. मैंने जब नितु से जाने को कहा तो वो मना करने लगी. "प्लीज यार! देखो लड़कों का बड़ा मन है!" पर वो नहीं मानी, मैं जानता था की उनके न जाने का कारन मैं ही हु. "अच्छा बाबा आई प्रॉमिस १ बियर से ज्यादा और कुछ नहीं लूँगा! फिर ये देखो टीm बिल्डिंग के लिए ये अच्छा भी हे." मैंने एक बहना और जोड़ा तो नितु मान गई. मेरे साथ तो नितु थी. पर उन लड़कों की पहले से ही गर्लफ्रेंड थी. उन दोनों लड़कियों से हमारा इंट्रोडक्शन हुआ, अब जगह पहले से ही भरी पड़ी थी तो खड़े-खड़े ही हमने पीना शुरू किया. मेरी बियर अभी आधी ही हुई थी की नितु मुझे खींच कर डांस फ्लोर पर ले गई और हम दोनों ने नाचना शुरू किया. हमारी देखा-देखि वो चारों भी डांस करने लगे. लाऊड म्युजिक में डांस करते-करते पता ही नहीं चला की ११ बज गए! नितु ने जैसे ही टाइम देखा वो मुझे अपने साथ ले कर निकलने लगी. हमने सबको बाई बोला और हम घर पहुँच गये. पर नितु ने घर पर सेलिब्रेट करने का प्लान बना रखा था इसलिए वो मुझे शुरू से ही कहीं नहीं जाने देना चाहती थी. मैं चेंज कर रहा था और इधर नितु ने पूरा माहौल बनाना शुरू कर दिया था. बालकनी में गद्दियां लगी थी. ब्लूटूथ पर सारे स्लो ट्रैक्स धीमी आवाज में चल रहे थे और वाइन के दो गिलास रखे हुए थे. साइड में रेड वाइन की एक बोतल रखी थी. जब मैं बाहर वापस आया तो मैं अपने दोनों गालों पर हाथ रख कर आँखें फाड़े देखने लगा. "आँखें फाड़ कर क्या देख रहे हो, आओ बैठो." नितु ने कहा और मैं जा कर बालकनी में फर्श पर बैठ गया.नितु ने गिलास में वाइन डाली और फिर हमने चियर्स किया, इधर नितु ने पीना शुरू कर दिया और मैंने उसे सूँघना शुरू किया. "क्या हुआ? वाइन से बदबू आ रही है?" नितु ने पूछा. मैं उस समय वाइन को गिलास के

अंदर गोल-गोल घुमा रहा था; "इसे वाईन टेस्टिंग कहते हैं!" मैंने कहा और मुस्कुरा दिया. "सारे शौक अमीरों वाले पाल रखे हैं तुमने?" नितु ने चिढ़ते हुए कहा. "हाँ...क्योंकि मुझे अमीर बनना है, गरीब और कमजोर आदमी की यहाँ कोई औकात नहीं! याद है वो फर्स्ट टाइम मुंबई जाना और वहाँ मेरा मीटिंग के बाहर वेट करना और फिर अश्विनी का मुझे छोड़ना. आपको पता है जब मैंने पहली बार आपका ऑफिस देखा तो मेरे मन में आया की मुझे इसे दो कमरों से पूरे हॉल पर फैलाना हे." मेरे ख्याल सुन कर नितु के चेहरे पर मुस्कान आ गई. ये कोई आम मुस्कान नहीं थी. बल्कि ये गर्व वाली मुस्कान थी. ठीक बारह बजते ही पटाखों का शोर शुरू हो गया, नितु खडी हुई और मेरा हाथ पकड़ कर मुझे अंदर लाई| मेरे गले लगते हुए बोली; "हॅपी न्यू इअर!! आई विश की ये साल तुम्हारे लिए खुशियां ले कर आये और तुम्हें खूब ऊँचाइयों पर ले जाये."

"करेक्शन: ये साल 'हमारे' लिए ढेर सारी खिशियाँ लाये और 'हमें' खूब ऊँचाइयों पर ले जाये. दुःख में साथ देते हो और खुशियों में पीछे रहना चाहते हो? अब कुछ भी मेरा नहीं बल्कि हमारा है, यो दोस्ती एक नए मुक़ाम तक जाएगी और सब के लिए मिसाल होगी!" मैंने नितु को कस कर गले लगाते हुए कहा. मेरी बात सुन कर नितु की आँखें भर आईं और उन्होंने भी मुझे कस कर गले लगा लिया.

अगले दिन सुबह-सुबह मुझे प्रकाश का फ़ोन आया और नए साल की मुबारकबाद के बाद वो मुझे सॉरी बोलने लगा. "तेरी भाभी मिली थी उन्होंने बताया की तू आखिर क्यों गया घर छोड़ कर! तेरी इतनी मेहनत के बाद भी अश्विनी ने पढ़ाई पूरी नहीं की और प्यार के चक्कर में पड़ कर शादी कर ली."

"भाई छोड़ वो सब, ये बता वहाँ सब कैसे हैं? शादी ठीक से निपट गई ना?" मैंने पूछा.

"हाँ सब अच्छे से निपट गया पर यार सच में यहाँ तेरे ना होने से किसी को कोई फ़र्क़ नहीं पडा. मुझे कहना तो नहीं चाहिए पर तेरे परिवार को तेरी पड़ी ही नहीं! तेरे ताऊ जी तो गाँव में छाती ठोक कर घूम रहे हैं, उन्हें ये नहीं पता की मंत्री ने ये शादी सिर्फ और सिर्फ अपने लड़के की ख़ुशी और अगले महीने होने वाले चुनाव में अपनी इमेज बचाने को की हे." प्रकाश ने काफी गंभीर होते हुए कहा."यार छोड़ ये सब, तुझे एक गिफ्ट भेज रहा हूँ शायद तुझे पसंद आये. जब मिले तो कॉल करिओ" मैंने ये कहते हुए बात जल्दी से निपटाई.

नितु को चाय दे कर मैं हॉल में अपना काम ले कर बैठ गया क्योंकि अगर खाली बैठता तो फिर वही सब सोचने लगता. कुछ देर बाद अल्का आ गई और उसने नाश्ता बनाया, "अरे

आज तो साल का पहला दिन है आज भी काम करोगे?" नितु ने अंगड़ाई लेते हुए कहा.

"साल की शुरुआत काम से हो तो सारा साल काम करते रहेंगे!" इतना कह कर मैं फिर से बिजी हो गया.मुझे नितु को अपने परिवार के बारे में कुछ भी कहना ठीक नहीं लगा इसलिए मैं खुद को लैपटॉप में घुसाए रहा. शाम होते-होते वो समझ गई की कुछ तो गड़बड़ है इसलिए उन्होंने मेरा लैपटॉप एक दम से बंद कर दिया जिससे मुझे बहुत गुस्सा आया; "क्या कर रहे हो?" मैंने चिढ़ते हुए कहा.

"सुबह से इसमें घुसे हो? थोड़ी देर आराम कर लो!" नितु ने एकदम से जवाब दिया जिससे मेरा गुस्सा फूट ही पडा.

"आपको पता भी है की आपके आस-पास क्या हो रहा है? दुनिया चाँद पर जा रही है और आप हो की अब भी वही फाईनांशियल एनालीसिस में लगे हो! सोशल मीडिया पर आपकी प्रेजेंस झिरो है! अपनी फोटो डालते हो, पर मैंने आपको कंपनी प्रोफाईल बनाने को कहा वो बनाई आपने? आपको मैंने सर्व्हिस चार्ज के बारे में मेल भेजा था उस पर बात की आपने मुझसे? सिलिकॉन ट्रेडर्स का डाटा रेडी किया आपने? सारा काम आकाश और रवि पर छोड़ देते हो! सिर्फ कॉन्ट्रॅक्ट लाने से काम नहीं चलता, जो हाथ में काम है उसे भी करना पड़ता है!" मैं बोलता रहा और वो सर झुकाये सुनती रही. मैं आखिर बालकनी में आ कर आँखें बंद कर के बैठ गया.आधे घण्टे तक मुझे कोई आवाज सुनाई नहीं दी, वरना वो सारा दिन घर में इधर से उधर चहल कदमी करती रहती थी. मुझे एहसास हुआ की मैंने अपने घरवालों का गुस्सा उन पर उतार दिया तो मैं उठ कर उन्हें मनाने कमरे में पहुँचा तो नितु बेड पर सर झुका कर बैठी थी.

"आई एम रियली सॉरी! मुझे गुस्सा किसी और बात का था और मैंने वो आप पर उतार दिया! प्लीज फॉरगिव मी." मैंने घुटने के बल उनके सामने बैठते हुए कहा. पर नितु ने अबतक अपना सर नहीं उठाया था और वो वैसे ही सर झुकाये हुए बोलीं; "मैं बहुत स्लो हूँ, चीजों को ज्यादा गंभीरता से नहीं लेती. जरुरी बातों को कई बार नजर अंदाज कर देती हूँ, आजतक मैंने सिर्फ और सिर्फ किसी को गंभीरता से लिया है तो वो तुम हो! मुझे बुरा नहीं लगा की तुमने जो कहा पर बुरा लगा तो ये की तुमने मुझे डाँटा!" नितु ने ये बात 'तुमने मुझे डाँटा' बिलकुल बच्चे की तरह तुतलाते हुए कहा और ये देख कर मुझे उन पर प्यार आ गया; "आजा मेरा बच्चा!"" कहते हुए मैंने अपनी बाहें खोली और नितु आ कर मेरे गले लग गई.

"अब ये बताओ की क्या बात है की सुबह से इतना गुस्सा हो!" नितु ने पुछा तो मैंने उन्हें सुबह की बात बता दी पर आधी.ये बात सुन कर उन्हें भी बुरा लगा और मैं इस बारे में ज्यादा ना सोचूं इसलिए उन्होंने मजाक में कहा; "अब सजा के लिए तैयार हो जाओ!" नितु ने कहा और मैंने सरेंडर करते हुए कहा; "जो हुक्म मालिक!"

"आज रात पार्टी करनी है, जबरदस्त वाली वरना सारा साल मुझे ऐसे ही डाँटते रहोगे." नितु ने कहा इसलिए हम तैयार हो कर ८ बजे निकले. क्लब पहुँचते ही नितु मस्त हो गई. अब मुझ पर तो पीने की बंदिश थी तो मैं बस एक बियर की बोतल को चुस्की ले-ले कर पीने लगा. देखते ही देखते उन्होंने खूब पी ली और मुझे खींच कर डांस फ्लोर पर ले आई. बारह बजे तक उन्होंने दबा कर पी और मैं बिचारा एक बियर और स्टार्टर्स खाता रहा. बारह बजने को आये तो मैंने उन्हें चलने को कहा पर मैडम जी आज फुल मूड में थी. कैब करके उन्हें घर लाया पर अब वो टैक्सी से उतरने से मना करने लगी और सो गई. "साहब ले जाओ ना, मुझे घर भी जाना है!" ड्राइवर बोला तो मजबूरन मुझे उन्हें गोद में उठाकर ऊपर लाना पडा. ऊपर ला कर मैंने उन्हें बेड पर लिटाया और मैं चेंज करके लेट गया.करीब घंटे भर बाद ही नितु का हाथ मेरी कमर पर था और मुझे उनकी तरफ खींच रहा था. मैं समझ गया की मैडम जी कोई सपना देख रही हे. अब वहाँ रुकता तो पता नहीं वो नींद में क्या करतीं, इसलिए मैं बाहर हॉल में आ कर लेट गया.

सुबह जब मैं बेड टी ले कर गया तो उनका सर बहुत जोर से घूम रहा था. चाय पी कर वो करहाते हुए बोलीं; "हम ....घर कब आये?"

"साढ़े बारह!" मैंने चाय की चुस्की लेते हुए कहा और ऐसे जताया जैसे मैं उनसे नाराज हु.

"सॉरी" उन्होंने शर्मिंदा होते हुए कहा.

"मेरी इज्जत लूटने के बाद सॉरी कहती हो?" मैंने ड्रामा जारी रखते हुए गुस्से से कहा.

"क्या?" नितु ने चौंकते हुए कहा.

"हाँ जी! रात में पता नहीं आपको क्या हुआ की आप मेरे ऊपर चढ़ गए और मेरे कपडे नोचने शुरू कर दिए! आपको होश भी है आपने क्या-क्या किया मेरे साथ?" मैंने रोने का नाटक किया. पर नितु समझ गई थी की मैं ड्रामा कर रहा हूँ क्योंकि उन्होंने अभी तक कल रात वाले कपड़े पहने थे.

"ससससस....हाय! सागर सच्ची बड़ा मजा आया कल रात! कल रात तुम्हारा ठीक से चीर हरण नहीं हो पाया था. आज मैं जी भर के तुम्हारा चीर हरण करती हूँ!" ये कहते हुए वो खड़ी हुई और मैं भी उठ कर भागा.उनको डॉज करते हुए मैं पूरे घर में भाग रहा था और वो भी मेरे पीछे-पीछे कभी सोफे पर चढ़ जाती तो कभी पलंग पर. अचानक ही उन्हें ठोकर लगीं और वो मेरे ऊपर गिरीं और मैं पलंग पर गिरा. एक पल के लिए दोनों एक दूसरे की आँख में देख रहे थे पर फिर हम दोनों को कुछ अजीब सा एहसास हुआ, वो उठ कर बाथरूम में चली गईं और मैं उठ कर बालकनी में आ गया. मन में अजीब सी तरंगें उठ रही न थी पर मैं उन तरंगों को प्यार का नाम नहीं देना चाहता था इसलिए अपना ध्यान वापस काम में लगा दिया.

दिन हँसी-ख़ुशी से बीत रहे थे और हमारा ये हँसी-मजाक चलता रहता था. मेहनत दोनों बड़ी शिद्दत से कर रहे थे और कामयाबी मिल रही थी. जिन कंपनियों के हमें एक क्वार्टर का ही काम दिया था उन्होंने हमें पूरे साल का काम दे दिया था. युएस वाला प्रोजेक्ट बड़े जोर-शोर से चल रहा था और मैंने नितु को उसकी प्रेजेंटेशन के काम में लगा दिया. मार्च तक हमें एक और इम्प्लोयी चाहिए था तो नितु ने मेरी जिम्मेदारी लगा दी की मैं इंटरव्यू लूँ, आज तक जिसने इंटरव्यू दिया हो उसे आज इंटरव्यू लेने का मौका मिल रहा था. एक्सपिरियंस की जगह मैंने फ्रेशर बुलाये, क्योंकि एक तो सैलरी कम देनी पड़ती और दूसरा वो जोश-जोश में परमानेंट जॉब के चक्कर में काम अच्छा करते हे. नए लड़के को हायर कर लिया गया और उसे काम अच्छे से समझा कर टीम में जोड़ लिया गया.लड़के नितु से शर्मा कर के हँसी-मजाक कम किया करते थे पर मेरे साथ उनकी अच्छी बनती थी और मैं जब उन्हें खाली देखता तो उनकी टांग खिचाई कर देता था. किसी पर भी गुस्सा नहीं करता था. मैं अच्छे से जानता था की काम कैसे निकालना हे. उनकी ख़ुशी के लिए कभी-कभार खाना बाहर से मंगा देता तो वो खुश हो जाया करते. जून में युएस का प्रोजेक्ट फाइनल हुआ और अब मौका था सेलिब्रेट करने का, अब तो मेरी सेहत भी अच्छी हो गई थी तो इस बार जम कर दारु पी मैंने. रात के एक बजे हम दारु के नशे में धुत्त घर पहुँचे, दरवाजा बंद करके हम दोनों एक दूसरे से लिपट कर सो गये. सुबह जब मेरी आँख खुली तो मैंने नितु को खुद से चिपका हुआ पाया और धीरे से खुद को छुड़ाने लगा. पर तभी नितु की नींद खुल गई और वो मेरी आँखों में देखने लगी. फिर मेरे गाल को चूम कर वो बाथरूम में घुस गई. दरअसल उन्होंने मेरा मॉर्निंग वूड देख लिया था. यही वो कारन है की मैं रोज उनसे पहले उठ जाता था ताकि वो मेरा मॉर्निंग वूड न देख लें. उसे देख कर वो मेरे बारे में गलत ही सोचेंगी.

मैं बहुत शर्मा रहा था ये सोच कर की नितु मेरे बारे में क्या सोचती होगी? उन्हें लगता होगा की कैसा ठरकी लड़का है, एक रात साथ चिपक कर क्या सोइ की इसके लिंग खड़ा हो गया! मैं यही सोचता हुआ बालकनी में बैठा था. नितु बाथरूम से बाहर निकलीं और चाय बनाने लगी. मैं अब भी शर्म के मारे बाहर बैठा था. "क्या हुआ?" नितु ने मुझे चाय देते हुए पूछा. मैं कुछ नहीं बोला बस सर झुकाये उनसे चाय ले ली. पर वो चुप कहाँ रहने वाली थीं, इसलिए मेरे पीछे पड़ गईं तो मैंने हार कर हकलाते-हकलाते कहा: "व...वो ...सुबह...मैं...वो... हार्ड ...था!" मैं उनसे पूरी बात कहने से डर रहा था. पर वो समझ गईं और हँसने लगी; "तो क्या हुआ?"

"आपको नहीं देखना चाहिए था!.... आई मीन ... मुझे जल्दी उठना चाहिए था! रोज इसीलिए तो जल्दी उठ जाता हु." मैंने कहा.

"ये पहलीबार तो नहीं देखा!" नितु ने चाय की चुस्की लेते हुए आँखें नीचे करते हुए कहा. पर ये मेरे लिए शॉक था; "क्या? आपने कब देख लिया?"

"तुम्हें क्या लगता है की मैं रात को उठती नहीं हूँ? इट्स ओके .... ये तो नार्मल बात है!" नितु ने कहा पर मेरे शर्म से गाल लाल थे! "आय-हाय! गाल तो देखो, सेब जैसे लाल हो रहे हैं!" नितु ने मेरी खिंचाई शुरू कर दी और मैं हँस पडा.

अब काम बढ़ता जा रहा था और अब हमें एक कॉन्फ्रेंस रूम चाहिए था जहाँ हम किसी से मिल सकें या फिर अगर कोई टीम मीटिंग करनी हो. उसी बिल्डिंग में सबसे ऊपर का फ्लोर खाली था. तो मैंने नितु से उसके बारे में बात की. वो शुरू-शुरू में डरी हुई थी क्योंकि रेंट डबल था पर चूँकि वहाँ कोई और ऑफिस नहीं था जबतक कोई नहीं आता तो हम पूरा फ्लोर इस्तेमाल कर सकते थे! नितु को आईडिया पसंद आया और हमने मालिक से बात की, अब उसे दो कमरों के लिए तो कोई भी किरायदार मिल जाता पर पूरा फ्लोर लेने वाले कम लोग थे. सारा ऑफिस सेट हो गया था. आज मुझे मेरा अपना केबिन मिला था...मेरा अपना! ये मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि थी और इसके लिए मैंने बहुत मेहनत भी की थी. अपनी बॉस चेयर को मैं बस एक टक निहारे जा रहा था. मेरे अंदर बहुत ख़ुशी थी जो आँसू बन कर टपक पडी. नितु जो मेरे पीछे खडी थी उसने मेरे कंधे पर हाथ रखा और मुझे ढाँढस बँधाने लगी. "काश मेरे माँ और पिताजी यहाँ होते तो आज उनका कितना गर्व हो रहा होता!" मैंने कहा पर वो सब तो वहाँ अश्विनी की खुशियों में लीन थे, मुझसे उनका कोई सरोकार नहीं रह गया था. "सागर आज ख़ुशी का दिन है, ऐसे आँसू बहा कर इस दिन को खराब ना करो! आई नो तुम अपने माँ-पिताजी को मिस कर रहे हो पर वो अपनी ख़ुशी में व्यस्त हैं." नितु ने कहा और तभी बाकी के सारे अंदर आये और मुझे ऐसा देख कर मुझे चियर करने के लिए बोले; "सर आज तो पार्टी होनी चाहिए!"

"अबे यार काम भी कर लिया करो, हर बार पार्टी चाहिए तुम्हें!" मैंने मुस्कुराते हुए कहा, पर उनकी ख़ुशी के लिए बाहर से खाना मंगा लिया.

इधर युएस से हमें एक और कॉन्ट्रैक्ट मिल गया और वो भी पूरे साल का. काम डबल हो गया था और अब हमें एक और इम्प्लोयी की दरकार हुई और साथ में एक प्यून भी जो चाय वगैरह बनाये.अब तक तो हम चाय बाहर से पिया करते थे. प्यून के लिए हमने अल्का को ही रख लिया और एक और इम्प्लोयी को नितु ने हायर किया. नितु के शुरू के दिनों में वो यहाँ एक हॉस्टल में रहतीं थीं और ये लड़की उनकी रूममेट थी. एक लड़की के आने से लड़के भी जोश में आ गए थे और तीनों उसे काम में मदद करने के बहाने से घेरे रहते. "गाईज सारे एक साथ समझाओगे तो कैसे समझेगी वो?" मैंने तीनों की टांग खींचते हुए कहा. ये सुन कर सारे हँस पड़े थे, नितु बड़ा ख़ास ध्यान रखती थी की ये तीनों कहीं इसी के चक्कर में पड़ कर काम-धाम न छोड़ दें और वो जब भी किसी को उस लड़की के साथ देखती तो घूर के देखने लगती और लड़के डर के वापस अपने डेस्क पर बैठ जाते. तीनों लड़के मन के साफ़ थे बस छिछोरपना भरा पड़ा था. नितु ने उसे अपने साथ रखना शुरू कर दिया और ये तीनों मेरे पास आये; "सर देखो न मॅडम ने उसे अपना साथ रख लिया है, सारा टाइम वो उनके साथ ही बैठती है, ऐसे में हम उससे फ्रेंडशिप कैसे करें?"

"क्या फायदा यार, आखिर में उसने तुम्हें फ्रेंड झोन कर देना है!" मैंने कहा.

"सर ट्राय ट्राय बट डोन्ट क्राय!" आकाश बोला.

"अच्छा बेटा, करो ट्राय फिर! मैंने कुछ कहा तो मेरी क्लास लग जाएगी!" मैंने ये कहते हुए खुद को दूर कर लिया.

फिर एक दिन की बात है मैं और नितु अपने-अपने केबिन में बैठे थे की उस लड़की का बॉयफ्रेंड उसे मिलने ऑफिस आया. वो उससे बात कर रही थी और इधर तीनों के दिल एक साथ टूट गए! मैं ये देख कर दहाड़े मार कर हँसने लगा, सब लोग मुझे ही देख रहे थे और मैं बस हँसता जा रहा था. नितु अपने केबिन से मेरे पास आई और पूछने लगी तो मैंने हँसते हुए उन्हें सारी बात बताई. तो वो भी हँस पड़ीं और तीनों लड़के शर्मा ने लगे और एक दूसरे की शक्ल देख कर हँस रहे थे!

"कहा था मैंने इन्हें की फ्रेंड झोन हो जाओगे पर नहीं इन्हें ट्राय करना था!" मैंने हँसी काबू करते हुए कहा.

"क्या सर एक तो यहाँ कट गया और आप हमारी ही ले रहे हो!" आकाश बोला.

"बेटा भगवान् ने दी है ना एक गर्लफ्रेंड उसी के साथ खुश रहो, अब जा कर पंडित जी के साथ बैठ कर जी. एस. टी. की रिटर्न फाइनल कर के लाओ" मैंने उसे प्यार से आर्डर देते हुए कहा और वो भी मुस्कुराते हुए चला गया.नितु भी बहुत खुश थी क्योंकि उन्होंने मेरी सब के साथ अंडर स्टँडिंग देख ली थी.

ऐसे ही हसी मजाक मे दिन बीते. एक दिन हम दोनों शाम को बैठे चाय पी रहे थे;

मैं: यार थोड़ा बोर हो गया हूँ, सोच रहा हूँ की एक ब्रेक ले लेते हैं!

नितु: सच कहा तो बताओ कहाँ चलें? कोई नई जगह चलते हैं!

मैं: मेरा मन ट्रेकिंग करने को कर हे.

नितु: वाव!!!

मैं: खीरगंगा का ट्रेक छोटा है, वहाँ चलें?

नितु: वो कहा है?

मैं: हिमाचल प्रदेश में हे. हालाँकि ये बारिश का सीजन पर मजा बहुत आयेगा.

नितु: ठीक है डन!

मैं: पर पहले बता रहा हूँ की ट्रेकिंग आसान नहीं होती, वहाँ जा कर आधे रास्ते से वापस नहीं आ सकते. चाहे जो हो ट्रेक पूरा करना होगा!

नितु: तुम साथ हो ना तो क्या दिक्कत है?!

मैं: ठीक है तो तुम टिकट्स बुक करो और मैं गियर खरीदता हु.

नितु: गियर?

मैं: और क्या? रक सॅकचाहिए, रेन कोट चाहिए, ट्रैकिंग के लिए शूज चाहिए वरना वहाँ फिसलने का खतरा हे.

नितु ने टिकट्स बुक की और जानबूझ कर ऐसे दिन पर करि ताकि वो मेरा बर्थडे वहीं मना सके, इधर मैंने भी अपनी तैयारी पूरी की. ३० अगस्त को हम निकले और दिल्ली पहुँचे, वहाँ दो दिन का स्टे था. दिल्ली में जो पहली चीज मुझे देखनी थी वो था इंडिया गेट.वहाँ पहुँच कर गर्व से सीना चौड़ा हो गया, अब चूँकि मुझ पर कोई खाने-पीने की बंदिश नहीं थी तो मैं नितु को लेकर निकल पडा. दिल्ली आने से पहले मैंने 'पेट भर' के रिसर्च की थी जिसके फल स्वरुप यहाँ पर क्या-क्या मिलता है वो सब मैंने लिस्ट में डाल लिया था.

सबसे पहले हमने पहाड़गंज में सीता राम दीवान चाँद के छोले भठूरे खाये. हमने एक ही प्लेट ली थी क्योंकि आज हमें पेट-फटने तक खाना था. वहाँ से हम देल्ही मेट्रो ले कर चावड़ी बजार आ गए और वहाँ हमने सबसे पहले नटराज के दही भल्ले खाये, फिर जुंग

बहादुर की कचौड़ी, फिर जलेबी वाला की जलेबी और लास्ट में कुरेमल की कुल्फी! पेट अब पूरा गले तक भर गया था और अब बस सोना था.

अगले दिन भी हम खूब घूमें और शाम ६ बजे चेकआउट किया, उसके बाद हम सीधा कश्मीरी गेट बस स्टैंड आये और वहाँ से हमें व्होल्व्हो मिली जिसने हमें अगली सुबह भुंतर उतारा| हमारी किस्मत अच्छी थी की बारिशें बंद हो चुकीं थीं इसलिए हमें कोई तकलीफ नहीं हुई. भुंतर से टैक्सी ले कर हम कसोल पहुँचे और वहाँ समान रख कर फ्रेश हुए और सीधा मणिकरण गुरुद्वारे गए वहाँ, गर्म पानी में मुंह-हाथ धोये और लंगर का प्रसाद खाया.वापस आ कर हम सो गए क्योंकि अगली सुबह हमें जल्दी निकलना था.

सुबह हमने एक रक सॅक लिया जिसमें कुछ समान था!एक बस ने हमें वहाँ उतारा जहाँ से ट्रैकिंग शुरू होनी थी और रास्ता देखते ही दोनों की हवा टाइट हो गई. बिलकुल कच्चा रास्ता जो एक छोटे से गाँव से होता हुआ जाता था और फिर पहाड़ की चढ़ाई! पर वहाँ का नजारा इतना अद्भुत था की हम रोमांच से भर उठे और ट्रैकिंग शुरू की. रास्ता सिर्फ दिखने में ही डरावना था पर वहाँ सहूलतें इतनी थी की कोई दिक्कत नहीं हुई लेकिन सिर्फ आधे रास्ते तक! रुद्रनाग पहुँच कर हमने वहाँ मंदिर में दर्शन किये और आगे बढे, उसके आगे की चढ़ाई बिलकुल खड़ी और रिस्की थी! ये देख कर नितु ने ना में गर्दन हिला दी. "मैं नहीं जाऊँगी आगे!" नितु बोली.

"यार आधा रास्ता पहुचं गए हैं और अब हार मान लोगे तो कैसे चलेगा?" ये कहते हुए मैंने उनका हाथ पकड़ा और आगे ले कर चल पडा. मैं आगे-आगे था और उन्हें बता रहा था की कहाँ-कहाँ पैर रखना हे. आगे हमें के संकरा रास्ता मिला जहाँ सिर्फ एक पाँव रखने की जगह थी और वहाँ थोड़ा कीचड भी था. मैं आगे था और रक सॅक उठाये हुए था और नितु मेरे पीछे थी. उन्होंने कीचड़ में जूते गंदे ना हो जाएँ ये सोच कर पाँव ऊँचा-नीच रखा जिससे उनका बैलेंस बिगड़ गया और वो खाईं की तरफ गिरने लगीं, मैंने तुरंत फुर्ती दिखाई और उनका हाथ पकड़ लिया वरना वो नीचे खाईं की तरफ गिर जातीं.उन्हें खींच कर ऊपर लाया और वो एक दम से मेरे सीने से लग गईं और रोने लगी. इन कुछ पलों में उन्होंने जैसे मौत देख ली थी. मैंने उनके पीठ को काफी रगड़ा ताकि वो चुप हो जाये. आधे घंटे तक हम वहीं खड़े रहे और लोग हमें देखते हुए आगे बढ़ते जा रहे थे. मैं चुपचाप था और कोशिश कर रहा था की वो चुप हो जाएँ ताकि हम वापिस जा सकें! उन्होंने रोना बंद किया और मैंने उन्हें पीने को पानी दिया. फिर खाने के लिए एक चॉकलेट दी और जब वो नार्मल हो गईं तो कहा; "चलो वापस चलते हैं!" पर वो जानती थी की मेरा मन ऊपर जाने का है इसलिए उन्होंने हिम्मत करते हुए कहा; "मैंने कहा था ना की मुझे संभालने के लिए तुम हो! तो फिर

वापस क्यों जाएंगे? गिरते हैं शहसवार ही मैदान-ए-जंग में। वो तिफ़्ल क्या गिरेगा जो घुटनों के बल चले." नितु ने बड़े गर्व से कहा. मैंने उनका हाथ पकड़ कर उन्हें उठाया और गले लगाया, उनके माथे को चूमते हुए कहा; "आई एम प्राउड ऑफ यू!" हम आगे चल पड़े और बड़ी सावधानी से आगे बढे, टाइम थोड़ा ज्यादा लगा पर हम ऊपर पहुँच ही गये.

सबसे पहले हमने एक टेंट बुक किया और अपना समान रख कर फोटो क्लिक करने लगे. आज दो तरीक थी और नितु को रात बारह बजे का बेसब्री से इंतजार था. हम दोनों कुर्सी लगा कर अपने ही टेंट के बाहर बैठे थे. अब वहाँ कोई नेटवर्क नहीं था तो हम बस बातों में लगे थे और वहाँ का नजारा देख कर प्रफुल्लित थे.

शाम को खाने के लिए वहाँ मॅगी और चाय थी तो हमने बड़े चाव से वो खाई| रात के खाने में हमने दो थालियाँ ली और टेंट के बाहर ही बैठ कर खाई| बारह बजे तक नितु ने मुझे सोने नहीं दिया और मेरे साथ बैठ के बातें करती रही, अपने जीवन के किस्से सुनाती रही और मैं भी उन्हें अपने कॉलेज लाइफ के बारे में बताने लगा. इसी बीच मैंने उन्हें वो भांग वाले काण्ड के बारे में भी बताया. जैसे ही बारह बजे नितु ने मेरा हाथ पकड़ कर मुझे खड़ा किया और मेरे गले लग कर बोलीं; "हॅपी बर्थ डे माई डिअर! गॉड ब्लेस यू!" इतना कहते हुए उनकी आवाज भारी हो गई. मैने उन्हें कस कर गले लगा लिया ताकि वो रो ना पड़ें.कुछ देर में वो नार्मल हो गईं और हम सोने के लिए अंदर आ गये.

सुबह जल्दी ही आँख खुल गई. फ्रेश होने के बाद उन्होंने मुझे कहा की ऊपर मंदिर चलते हे. मंदिर के बाहर एक गर्म पानी का स्त्रोत्र था जिसमें सारे लोग नहा रहे थे, हमने हाथ-मुंह धोया और भगवान के दर्शन करने लगे. दर्शन के बाद नितु ने मेरा हाथ पकड़ा और मुझे वहाँ एक पत्थर पर बैठने को कहा. "मुझे तुमसे कुछ बात करनी है!" नितु ने बहुत गंभीर होते हुए कहा. एक पल के लिए मैं भी सोच में पड़ गया की उन्हें आखिर बात क्या करनी है?

"सागर मैं तुमसे प्यार करती हूँ....सच्चा प्यार!" नितु ने गंभीर होते हुए कहा.

"आप ये क्या कह रहे हो?" मैंने चौंक कर खड़े होते हुए कहा.

"जब हम कुमार के ऑफिस में प्रोजेक्ट पर काम कर रहे थे तभी मुझे तुमसे प्यार हो गया था! पर मैं उस समय कुमार की पत्नी थी. इसलिए कुछ नहीं बोली! बड़ी हिम्मत लगी और फिर तुम्हारे सहारे के कारन मैं आजाद हुई. फिर घरवालों ने मुझे अकेला छोड़ दिया ओर

ऐसे में मैं तुम्हारे लिए बोझ नहीं बनना चाहती थी. इसलिए तुम से दूर बैंगलोर आ गई और सोचा की जिंदगी दुबारा शुरू करूँगी पर तुम्हारी यादें साथ नहीं छोड़ती थी. बहुत कोशिश की तुम्हें भुलाने की और भूल भी गई. इसलिए मैंने अपना नंबर बदल लिया था क्योंकि मेरा मन जानता था की तुम मुझे कभी नहीं अपनाओगे. देखा जाए वो सही भी था क्योंकि उस टाइम तुम अश्विनी के थे, अगर मैं तुमसे अपने प्यार का इजहार भी करती तो तुम मना कर देते और तब मैं टूट जाती. बड़े मुश्किल से डरते हुए मैं दुबारा लखनऊ आई, क्योंकि जानती थी की तुम्हारे सामने मैं खुद को संभाल नहीं पाऊँगी पर एक बार और अपने मम्मी-डैडी से रिश्ते सुधारने की बात थी. लेकिन उन्होंने तो मुझसे बात तक नहीं की और घर से बाहर निकाल दिया. फिर उस रात जब मैंने तुम्हें उस बस स्टैंड पर देखा तो मैं बता नहीं सकती मुझ पर क्या बीती.दूर से देख कर ही मन कह रहा था की ये तुम नहीं हो सकते, तुम्हारी ऐसी हालत नहीं हो सकती! वो रात मैंने रोते-रोते गुजारी ....फिर ये तुम्हारी बिमारी और वो सब.... मैंने बहुत सम्भलने की कोशिश की पर ये दिल अब नहीं सम्भलता!" नितु ने रोते-रोते कहा.

"आप मेरे बारे में सब नहीं जानते, अगर जानते तो प्यार नहीं नफरत करते!" मैंने उनका कन्धा पकड़ कर उन्हें झिंझोड़ते हुए कहा.

"क्या नहीं पता मुझे?" नितु ने अपना रोना रोकते हुए पुछा?

"मेरे और अश्विनी के रिश्ते के बारे में" मैंने उनके कन्धों को छोड़ दिया.

"तुम उससे प्यार करते थे और उसने तुमसे धोखा किया, बस!" नितु ने कहा.

"बात इतनी आसान नहीं है!..... हम दोनों असल जिंदगी में चाचा-भतीजी थे!" इतना कहते हुए मैंने उन्हें सारी कहानी सुना दी, उसका मुझे धोखा देने से ले कर उसकी शादी तक सब बात!

"तो इसमें तुम्हारी क्या गलती थी? आई वो थी तुम्हारे पास, तुम तो अपने रिश्ते की मर्यादा जानते थे ना? तभी तो उसे मना कर रहे थे, और रिश्ते क्या होते हैं? इंसान उन्हें बनाता है ना? हमारा ये दोस्ती का रिश्ता भी हमने बनाया ना? अगर तुमने उससे अपने प्यार का इजहार किया होता तो भी मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता! फर्क पड़ता है तो सिर्फ इस बात से की अभी तुम क्या चाहते हो? क्या तुम उससे अब भी प्यार करते हो? क्या तुम्हारे दिल में

उसके लिए अब भी प्यार है?" नितु ने मुझे झिंझोड़ते हुए पूछा. में नितु की बातों में खो गया था. क्योंकि जिस सरलता से वो इस सब को ले रहे थीं वो मेरे गले नहीं उतर रही थी! पर उनका मुझे झिंझोड़ना जारी था और वो जवाब की उम्मीद कर रहीं थी.

"नहीं....मैं उससे सिर्फ नफरत करता हूँ! उसकी वजह से मुझे मेरे ही परिवार से अलग होना पड़ा!" मैंने कहा.

"तो फिर क्या प्रॉब्लम है? इतने दिनों में एक छत के नीचे रहते हुए तुम्हें कभी नहीं लगा की तुम्हारे दिल में मेरे लिए थोड़ा सा भी प्यार है?" नितु ने पूछा.

"हुआ था...कई बार हुआ पर...मुझ में अब दुबारा टूटने की ताक़त नहीं हे." मैंने नितु की आँखों में देखते हुए कहा. ये मेरा सवाल था की क्या होगा अगर उन्होंने भी मेरे साथ वही किया जो अश्विनी ने किया.

"मैं तुम्हें कभी टूटने नहीं दूँगी! मैं तुमसे बहुत प्यार करती हूँ!" नितु ने पूरे आत्मविश्वास से कहा. उस पल मेरा दिमाग सुन्न हो चूका था. बस एक दिल था जो प्यार चाहता था और उसे नितु का प्यार सच्चा लग रहा था. पर खुद को फिर से टूटते हुए देखने का डर भी था जो मुझे रोक रहा था.

"मैं तुम्हारा डर समझ सकती हूँ, पर हाथ की सभी उँगलियाँ एक सी नहीं होतीं. अगर एक लड़की ने तुम्हें धोखा दिया तो जरुरी तो नहीं की मैं भी तुम्हें धोका दूँ? उसके लिए तुम बाहर जाने का रास्ता थे, पर मेरे लिए तुम मेरी पूरी जिंदगी हो!" मेरा दिल नितु की बातें सुन कर उसकी ओर बहने लगा था. पर जुबान खामोश थी!

"हाँ अगर तुम्हें मेरी उम्र से कोई प्रॉब्लम है तो बात अलग है!" नितु ने माहौल को हल्का करते हुए कहा. पर मुझे उनकी उम्र से कोई फर्क नहीं पड़ता था. बस दिल टूटने का डर था!

"आई लव यू!!!" मैंने एकदम से उनकी आँखों में देखते हुए कहा.

"आई लव यू टू!!!!" नितु ने एकदम से जवाब दिया और मेरे गले लग गई. हम १० मिनट तक बस ऐसे ही गले लगे रहे, कोई बात-चीत नहीं हुई बस दो बेक़रार दिल थे जो एक दूसरे

में करार ढूँढ रहे थे. "तो शादी कब करनी है?" नितु बोली और मैंने उन्हें अपने आलिंगन से आजाद किया.

"पहले इस पहाड़ से तो नीचे उतरें!" मैने मुस्कुराते हुए कहा. हम दोनों एक दूसरे का हाथ पकड़ कर अपने टेंट की तरफ आ रहे थे की तभी नितु बोली; "मैं बड़ी खुशनसीब हूँ, यहाँ आई थी एक दोस्त के साथ और जा रही हूँ हमसफ़र के साथ!"

"खुशनसीब तो मैं हूँ जो मुझे तुम्हारे जैसा साथी मिला, जो मेरे सारे दुःख बाँट रहा है!" मैंने कहा.

"मैं तुम्हें इतना प्यार दूँगी की तुम सारे दुःख भूल जाओगे!" नितु ने मुस्कुराते हुए आत्मविश्वास से कहा. मैंने नितु के सर को चूम लिया.

हमने बैग उठाया और नीचे उतर चले. इस वक़्त हम दोनों ही एक अजीब से जोश से भरे हुए थे, वो प्यार जो हम दोनों के दिलों में धधक रहा था ये उसी की ऊर्जा थी. रास्ते भर हमने जगह-जगह पर फोटोज क्लिक करी. दोपहर होते-होते हम कसोल वापस पहुँचे और सबसे पहले मैंने नूडल पैक करवाए.हाय क्या नूडल्स थे! ऐसे नूडल मैने आजतक नहीं खाये थे! मैंने एक पौवा रम ली और 'माल' भी लिया! रूम पर आ कर पहले हम दोनों बारी-बारी नहाये और फिर नूडल खाने लगे, मैंने एक-एक पेग भी बना कर रेडी किया. अब रम में होती है थोड़ी बदबू जो नितु को पसंद नहीं आई. "इव्व .....तुम तो हमेशा अच्छी वाली पीते हो तो आज रम क्यों?" नितु ने नाक सिकोड़ते हुए कहा. "इंसान को कभी अपनी जड़ नहीं भूलनी चाहिए! रम से ही मैंने शुरुआत की थी और पहाड़ों पर रम पीने का मजा ही अलग होता हे." मैंने कहा और नाक सिकोड़ कर ही सही पर नितु ने पूरा पेग एक सांस में खींच लिया. जैसे ही रम गले से नीचे उत्तरी उनका पूरा जिस्म गर्म हो गया."वाव ये तो सच में बहुत गर्म है! अब समझ में आया पहाड़ों पर इसे पीने का मतलब!" नितु ने गिलास मेरे आगे सरकाते हुए कहा. "सिर्फ पहाड़ों पर ही नहीं, सर्दी में भी ये 'रम बाण्ड इलाज' है!" मैंने कहा और हम दोनों हंसने लगे. नूडल के साथ आज रम का एक अलग ही सुरूर था और जब खाना खत्म हुआ तो मैंने अपनी 'लैब' खोल दी जिसे देख कर नितु हैरान हो गई! "अब ये क्या कर रहे हो?" नितु ने पूछा.

"इसे कहते हैं 'माल'!" ये कहते हुए मैंने सिगरेट का तम्बाकू एक पेपर निकाला और मलाना क्रीम निकाली, दिखने में वो काली-काली, चिप-चिपि सी होती हे. "ये क्या है?" नितु ने अजीब सा मुंह बनाते हुए कहा.

"ये है यहाँ की फेमस मलाना क्रीम!" पर नितु को समझ नहीं आया की वो क्या होती हे. "हशीश!" मैंने कहा तो नितु एक दम से अपने दोनों गालों को हाथ से ढकते हुए मुझे देखने लगी! "आऊच.... .... ये तो ड्रग्स है? तुम ड्रग्स लेते हो?" नितु ने चौंकते हुए कहा. उनका इतना लाउड रिएक्शन का कारन था रम का असर जो अब धीरे-धीरे उन पर चढ़ रहा था.

"ड्रग्स तो अंग्रेजी नशे की चीजें होती हैं, ये तो नेचुरल है! ये हमें प्रकृति देती है!" मैंने अपनी प्यारी हशीश का बचाव करते हुए कहा जिसे सुन नितु हँस पडी. मैंने हशीश की एक छोटी गोली को माचिस की तीली पर रख कर गर्म किया और फिर उसे सिगरेट के तम्बाकू में डाल कर मिलाया और बड़ी सावधानी से वापस सिगरेट में भर दिया. सिगरेट मुँह पर लगा कर मैंने पहला कश लिया और पीठ दिवार से टिका कर बैठ गया.आँखें अपने आप बंद हो गईं क्योंकि जिस्म को आज कई महीनों बाद असली माल चखने को मिला था. "इसकी आदत तो नहीं पड़ती?" नितु ने थोड़ा चिंता जताते हुए पूछा.

"इतने महीनों में तुमने कभी देखा मुझे इसे पीते हुए? नशा जब तक कण्ट्रोल में रहे ठीक होता है, जब उसके लिए आपकी आत्मा आपको परेशान करने लगे तब वो हद्द से बाहर हो जाता हे." मैंने प्रवचन देते हुए कहा, पिछले साल यही तो सीखा था मैंने!

"मैं भी एक पफ लूँ?" नितु ने पुछा तो मैंने उन्हें सिगरेट दे दी. उन्होंने एक छोटा सा पफ लिया और खांसने लगी और मुझे सिगरेट वापस दे दी. मैंने उनकी पीठ सहलाई ताकि उनकी खांसी काबू में आये. उनकी खांसी काबू में आई और मैंने एक और ड्रैग लिया और फिर से आँख मूँद कर पीठ दिवार से लगा कर बैठ गया.तभी अचानक से नितु ने मेरे हाथ से सिगरेट ले ली और एक बड़ा ड्रैग लिया, इस बार उन्हें खांसी नहीं आई, दस मिनट बाद वो बोलीं; "कुछ भी तो नहीं हुआ? मुझे लगा की चढ़ेगी पर ये तो कुछ भी नहीं कर रही!" नितु ने चिढ़ते हुए कहा.

"ये दारु नहीं है, इसका असर धीरे-धीरे होगा, दिमाग सुन्न हो जाएगा. मैंने कहा. पर उस पर रम की गर्मी चढ़ गई तो नितु ने अपने कपडे उतारे, अब वो सिर्फ एक पतली सी टी-शर्ट और काप्री पहने मेरे बगल में लेती थीं और फोटोज अपलोड करने लगी. इधर उनकी फोटोज अपलोड हुई और इधर मेरे फ़ोन में नोटिफिकेशन की घंटियाँ बजने लगी. मैंने फ़ोन उठाया ही था की नितु ने फिर से मेरे हाथ से सिगरेट ली और एक बड़ा ड्रैग लिया, उनका ऐसा करने से मैं हँस पड़ा और वो भी हँस दी. मैंने अपना फ़ोन खोल के देखा तो ३० फेसबुक की नोटिफिकेशन थी! मैं हैरान था की की इतनी नोटिफिकेशन कैसे! मैंने जब खोला तो देखा की नितु ने हम दोनों की एक फोटो डाली थी और कॅप्शन में लिखा था; 'ही

सेड येस स स स! आई लव यू!!!' नितु के जितने भी दोस्त थे उन सब ने फोटो पर हार्ट रियाक्ट किया था और काँग्राचूलेशन की झड़ी लगा दी थी! तभी आकाश का कमेंट भी आया है; "काँग्राचूलेशन सर अँड मॅडम!" मैं मुस्कुराते हुए नितु को देखने लगा जो मेरी तरफ ही देख रही थी. चेहरे पर वही मुस्कुराहट लिए और रम और हशीश के नशे में चूर उनका चेहरा दमक रहा था. "चलो अब सो जाओ!" मैंने मुस्कुराते हुए कहा और लास्ट ड्रैग ले कर मैं दूसरी तरफ करवट ले कर लेट गया.नितु ने मेरे कंधे पर हाथ रख मुझे अपनी तरफ घुमाया और मेरे से चिपक कर लेट गई. आज पता नहीं क्यों पर मेरे जिस्म में एक झुरझुरी सी पैदा हुई और मेरा मन बहकने लगा. बरसों से सोइ हुई प्यास भड़कने लगी. दिल की धड़कनें तेज होने लगीं और मन मेरे और नितु के बीच बंधी दोस्ती की मर्यादा तोड़ने को करने लगा. मेरे शरीर का अंग जिसे मैं इतने महीनों से सिर्फ पेशाब करने के लिए इस्तेमाल करता था आज वो अकड़ने लगा था. पर कुछ तो था जो मुझे रोके हुए था. मैंने नितु की तरफ देखा तो उसकी आँख लग चुकी थी. मैंने खुद को धीरे से उसकी गिरफ्त से निकाला और कमरे से बाहर आ कर बालकनी में बैठ गया.सांझ हो रही थी और मेरा मन ढलते सूरज को देखने का था. सो मैं बाहर कुर्सी लगा कर बैठ गया.जिस अंग में जान आई थी वो वापस से शांत हो गया था. दिमाग ने ध्यान बहारों पर लगा दिया. कुछ असर सिगरेट का भी था सो मैं चुप-चाप वो नजारा एन्जॉय करने लगा. साढ़े सात बजे नितु उठी और मुझे ढूंढती हुई बाहर आई, पीछे से मुझे अपनी बाहों में भर कर बोली; "यहाँ अकेले क्या कर रहे हो?"

"कुछ नहीं बस ढलती हुई सांझ को देख रहा था." ये सुन कर नितु मेरी गोद में बैठ गई और अपना सर मेरे सीने से लगा दिया. उसके जिस्म की गर्माहट से फिर से जिस्म में झूझुरी छूटने लगी और मन फिर बावरा होने लगा, दिल की धड़कनें तेज थीं जो नितु साफ़ सुन पा रही थी. शायद वो मेरी स्थिति समझ पा रही थी इसलिए वो उठी और मेरा हाथ पकड़ कर मुझे अंदर ले आई. दरवाजा बंद किया और मेरी तरफ बड़ी अदा से देखा. उनकी ये अदा आज मैं पहली बार देख रहा था और अब तो दिल बगावत कर बैठा था. उसे अब बस वो प्यार चाहिए था जिसके लिए वो इतने दिनों से प्यासा था. नितु धीरे-धीरे चलते हुए मेरे पास आई और अपनी बाहें मेरे गले में डाल दी और कुछ पलों के लिए हमारी आँखें बस एक दूसरे को देखती रही. इन्ही कुछ पलों में मेरे दिमाग ने जिस्म पर काबू पा लिया, नितु ने आगे बढ़ कर मुझे किस करना चाहा पर मैंने उनके होठों पर ऊँगली रख दी; "अभी नहीं!" मैंने कहा और नितु को कस कर गले लगा लिया. नितु ने एक शब्द नहीं कहा और मेरी बात का मान रखा. हम वापस बिस्तर पर बैठ गए; "तुम्हारा मन था ना?" नितु ने पूछा.

"था.... पर ऐसे नहीं!!!" मैंने कहा.

"तो कैसे?" नितु ने पूछा.

"शादी के बाद! तब तक हम ये दोस्ती का रिश्ता बरकरार रखेंगे! प्यार भी होगा पर एक हद्द तक!"

"अब पता चला क्यों मैं तुमसे इतना प्यार करती हूँ?!" नितु ने फिर से अपनी बाहों में जकड़ लिया, पर इस बार मेरा जिस्म में नियंत्रण में था.

मेरा खुद को और उनको रोकने का कारन था. समर्पण! हम दोनों एक दूसरे को आत्मिक समर्पण कर चुका थे. पर जिस्मानी समर्पण के लिए नितु पूरी तरह से तैयार नहीं थी. इतने महीनों में मैंने जो जाना था वो ये की नितु की संभोग के प्रति उतनी रूचि नहीं जितनी की होनी चाहिए थी. मैं नहीं चाहता था की वो ये सिर्फ मेरी ख़ुशी के लिए करें और वही गलती फिर दोहराई जाए जो मैंने अश्विनी के लिए की थी!

अगले दिन हम तैयार हो कर तोश जाने के लिए निकले, यहाँ की चढ़ाई खीरगंगा के मुकाबले थकावट भरी नहीं थी. यहाँ पर बहुत से घर थे और रास्ता इन्हीं के बीच से ऊपर तक जाता था. ऊपर पहुँच कर हमने वादियाँ का नजारा देखा, नितु को इतना जोश आया की वो जोर से चिल्लाने लगी; " आई लव यू सागर!" मैं खड़ा हुआ उसे ऐसा देख कर मुस्कुरा रहा था. हमने बहुत सारी फोटोज खेंची और वापस कसोल आ गये. शाम की बस थी जो हमें दिल्ली छोड़ती, बस में एक प्रेमी जोड़ा था जिसे देख कर नितु के मन में प्यार उबलने लगा. उसने मेरी बाँह अपने दोनों हाथों में पकड़ ली, जैसे की कोई प्रेमी जोड़ा पकड़ता हे. मैंने फ़ोन निकाला और हमारी कल वाली फोटो पर आये कमैंट्स पढ़ने शुरू किये. ऐसा लग रहा था जैसे सारा बैंगलोर जान गया हो, "तैयार हो जाओ, बैंगलोर पहुँचते ही सब टूट पड़ेंगे!" नितु ने कहा. तभी मेरा फ़ोन बजने लगा; "ओ चिरांद! हमें बताया भी नहीं तू ने और शादी कर ली?" प्रफुल बोला. ये सुनते ही मेरी हँसी छूट गई. "यार अभी की नहीं है!" मैंने हँसते हुए कहा.

"मुझे तो पहले से ही पता था की तुम दोनों का कुछ चल रहा है!" मोहित बोला. दरअसल प्रफुल का फ़ोन स्पीकर पर था.

"उस दिन जब तूने कहा था न की तू एक खुशखबरी बाँटना चाहता है मुझे तभी लगा था की तूम दोनों शादी की बात कहने वाले हो." प्रफुल बोला.

"तब तक हम इतने करीब नहीं आये थे ना!" नितु ने बोला. क्योंकि मेरे फ़ोन में हेडफोन्स लगे थे और एक इयर पीस नितु के पास था और एक मेरे पास.

"भाभी जी! कब कर रहे हो शादी!" मोहित बोला. ये सुन कर हम दोनों ही हँस पड़े और उधर वो दोनों भी हँस पडे.

"मैं तो अभी तैयार हूँ पर सागर मान ही नहीं रहा!" नितु ने बात मेरे सर मढ़ते हुए कहा.

"यार अभी हम कसोल में हैं, पहले घर पहुँचते हैं फिर जरा वर्कआऊट करते हे. चिंता मत करो 'वर दान' तुम ही करोगे!" मैंने कहा, इस बात पर हम चारों हँस पडे.इसी तरह हँसते हुए हम अगले दिन दिल्ली पहुँचे और वहाँ से फ्लाइट ली जिसने हमें बैंगलोर छोडा.

घर पहुँचे तो नितु के जितने भी जानकार थे या दोस्त थे वो सब आ गए और हमें बधाइयाँ दी और सब की जुबान पर एक ही सवाल था की शादी कब कर रहे हो. अभी तक तो हमने नहीं सोचा था की शादी कब करनी है तो उन्हें क्या बताते, हम दोनों ही इस सवाल पर एक दूसरे की शक्ल देख रहे होते और हँस के बात टाल देते. वैसे शादी के नाम से दोनों ही के पेट में तितलियाँ उड़ रहीं थी! पर नितु कुछ सोच रही थी. कुछ था जो वो चाहती थी पर मुझे बता नहीं रही थी. एक दिन की बात है, मैं ऑफिस से जल्दी आया तो देखा नितु बालकनी में चाय का कप पकडे गुम- सुम बैठी हे. मैंने चुपके से आ कर उसके सर को चूमा और उसकी बगल में बैठ गया."क्या हो रहा है?" मैंने पुछा तो नितु ने भीगी आँखों से मेरी तरफ देखा, मैं एक दम से घबरा गया और तुरंत उसके सामने बैठ गया और उसके आँसूँ पोछे! "सुबह से मम्मी-डैडी को दस बार कॉल कर चुकी हूँ पर वो हरबार मेरा फ़ोन काट देते हैं!" नितु ने फिर से रोते-रोते कहा. मैं सब समझ गया, वो चाहती थी की हमारी शादी में उसके मम्मी-डैडी भी शामिल हों और ना केवल शामिल हों बल्कि वो हमें आशीर्वाद भी दें.अब मेरे परिवार ने तो मुझसे मुँह मोड़ लिया था तो उन्हें बता कर भी क्या फर्क पड़ना था! "मम्मी-डैडी घर पर ही हैं ना?" मैंने नितु का चेहरा अपने हाथों में थामते हुए पूछा. तो जवाब में नितु ने हाँ में सर हिलाया, मैंने तुरंत फ़ोन निकाला और कल की फ्लाइट की टिकट्स बुक कर दी. "पॅक योवर बॅग्स वी आर गोइंग टू योवरप्यारेंट!" मैंने उनकी आँखों में देखते हुए कहा.

"पर वो नहीं मानेंगे! खामाखां बेइज्जत कर देंगे!" नितु ने रोते हुए कहा.

"वो हमसे बड़े हैं, थोड़ा गरिया भी दिए तो क्या? मेरे घरवालों की तरह जान से तो नहीं मार देंगे ना?!" मैंने कहा.

"तुम्हारे लिए जान देनी पड़ी तो दे दूँगी...." नितु इसके आगे कुछ बोलती उससे पहले मैं बोल पड़ा; "वाह! मेरे लिए मरने के लिए तैयार हो और मैं तुम्हारे लिए चार गालियाँ नहीं खा सकता?" मैंने कहा और नितु का हाथ पकड़ कर उसे खड़ा किया और अपने सीने से लगा लिया.

अगले दींन हम सीधा नितु के मम्मी-डैडी के घर पहुँचे, मैंने डोरबेल बजाई और दरवाजा नितु की मम्मी ने खोला. उन्होंने पहले मुझे देखा पर मुझे पहचान नहीं पाईं, पर जब उनकी नजर नितु पर पड़ी तो उनके चेहरे पर गुस्सा लौट आया. वो कुछ बोल पातीं उससे पहले ही पीछे से नितु के डैडी आ गए और उन्होंने सीधा नितु को ही देखा और चिल्लाते हुए बोले; "क्यों आई है यहाँ?"

"सर प्लीज... मेरी एक बार बात सुन लीजिये उसके बाद आप जो कहेंगे हम वो करेंगे...आप कहेंगे तो हम अभी चले जाएंगे! बस एक बार इत्मीनान से हमारी बात सुन लीजिये....!" मैंने उनके आगे हाथ जोड़ते हुए कहा. उनके मन में अपनी बेटी के लिए प्यार अब भी था इसलिए उन्होंने हाँ में गर्दन हिला कर हमें अंदर आने दिया. वो हॉल में सोफे पर बैठ गए और उनकी बगल में नितु की मम्मी खड़ी थी. मैं अब भी हाथ जोड़े खड़ा था और नितु मेरे पीछे सर झुकाये खड़ी थी.

"सर आपकी बेटी उस रिश्ते से खुश नहीं थी. वो एक ऐसे रिश्ते में भला कैसे रह सकती थी जहाँ उसका ख्याल रखने वाला, उसको प्यार करने वाला कोई नहीं था? ऐसा नहीं है की इसने रिश्ता निभाने की कोई कोशिश नहीं की, पूरी शिद्दत से इसने उस आदमी से रिश्ता निभाना चाहा पर अगर कोई साफ़ कह दे की वो किसी और से प्यार करता है और जिंदगी भर उसे ही प्यार करेगा तो ऐसे में नितु क्या करती? आपने शायद मुझे नहीं पहचाना, मेरा नाम सागर है! कुमार ने मुझे ही बलि का बकरा बनाया था ताकि वो नितु से छुटकारा पा सके.वो आदमी कतई नितु के काबिल नहीं था! बचपन से ले कर जवानी तक नितु ने वही किया जो आपने कहा! फिर चाहे वो सब्जेक्ट चुस करना हो या कॉलेज सेलेक्ट करना हो, सिर्फ और सिर्फ इसलिए की वो आपको खुश देखना चाहती हे. शादी भी सिर्फ और सिर्फ इसलिए की ताकि आप दोनों को ख़ुशी मिले तो क्या उसे हक़ नहीं की वो अपनी जिंदगी थोड़ी सी अपनी ख़ुशी से जी सके?! डाइवोर्स के बाद वो आप पर बोझ न बने इसलिए उसने जॉब की, डाइवोर्स के बाद उसे जो पैसा मिला उससे खुद बिज़नेस शुरू किया और फिर आपके पास लौटी आपका आशीर्वाद लेने और आपको प्रुव करने के लिए की उसने जिंदगी में तर्रक्की पाई है! पर शायद आप तब भी नितु से खफा थे! उस दिन नितु को मैं बहुत बुरी हालत में मिला...." आगे मैं कुछ और बोलता उससे पहले नितु ने मेरे कंधे पर हाथ रख दिया. वो नहीं चाहती थी की मैं उन्हें अश्विनी के बारे में सब कहूं.इसलिए मैंने अपनी बात को थोड़ा छोटा कर दिया; "मैं लघभग मरने की हालत में था. जब नितु ने मुझे संभाला और मुझे जिंदगी का मतलब समझाया, मुझे याद दिलाया की जिंदगी कितनी जरुरी होती हे. मुझे मेरे पाँव पर खड़ा करवाया और अपने साथ बिज़नेस में एज अ पार्टनर ले कर आई. पिछले साल दिसंबर से ले कर अब तक हमने बहुत तरक्की की है, दो कमरे के ऑफिस को आज हमने पूरे फ्लोर पर फैला दिया हे. अब जब हम अपनी जिंदगी का एक जरुरी कदम लेना चाहते हैं तो हमें आपके प्यार और आशीर्वाद की जरुरत है! हम दोनों एक दूसरे से बहुत प्यार करते हैं और शादी करना चाहते हैं! आप प्लीज हमें अपना आशीर्वाद दीजिये और हमें अपना लीजिये. आपके अलावा हमारा अब कोई नहीं है और बिना माँ-बाप के आशीर्वाद के हम शादी नहीं कर सकते! बस इसीलिए हम आपके पास आये हैं!" मैंने घुटनों पर बैठते हुए कहा. मेरी बातें उन पर असर कर गईं और उनकी आँखों

से अश्रुओं की धारा बह निकली. उन्होंने गले लगाने को अपनी बाहें खोली और नितु भागी-भागी गई और उनके गले लग गई. मैं उठ कर खड़ा हुआ और ये मिलन देख कर मेरी भी आँखें नम हो चली थीं, क्योंकि मैं अपने माँ-बाप को मिस कर रहा था. नितु से गले मिलने के बाद नितु के डैडी ने मुझे भी गले लगने को बुलाया. मैं ने पहले उनके पाँव छुए और फिर उनके गले लग गया, आज बरसों बाद मुझे वही गर्मी का एहसास मिला जो मुझे मेरे पिताजी से गले लगने के बाद मिलता था. उनसे गले लगने के बाद नितु की मम्मी ने भी मुझे गले लगने को बुलाया. मैंने पहले उनके पाँव छुए और फिर उन्होंने मेरे माथे पर चूमा और फिर अपने गले से लगा लिया. उनसे गले लग कर मुझे माँ की फिर याद आ गई.

नितु के मम्मी-डैडी ने हमें अपना लिया था. और नितु बहुत खुश थी! उन्होंने मुझे बिठा कर मुझसे मेरे परिवार के बारे में पुछा और मैंने उन्हें सब बता दिया. फिर मम्मी जी ने एक सवाल पुछा जो उनकी तसल्ली के लिए जरुरी था;

मम्मी जी: बेटा बुरा ना मानो तो एक बात पूछूँ?

मैं: जी जरूर

मम्मी जी: बेटा तुम्हारी उम्र कितनी है?

मैं: जी २८

मम्मी जी: नितु ३४ की है और फिर डिवोर्सी भी हे. तुम्हें इससे कोई परेशानी तो नहीं? बुरा मत मानना बेटा पर तुम या तुम्हारे परिवार वाले इसके लिए राजी होंगे?

मैं: मॅडम मेरे घरवालों ने मुझे घर से निकाल दिया. क्योंकि मैंने अपनी भतीजी की शादी में हिस्सा लेने की बजाय अपना करीयर चुना! इसलिए उनका शादी में आने का सवाल ही पैदा नहीं होता! रही मेरी बात तो मॅडम, आई इंशुअर यू की मुझे नितु के डिवोर्सी होने से या उम्र में ज्यादा होने से कोई फर्क नहीं पड़ता! मैंने उनसे प्यार उनकी उम्र या उनका म्यारिटल स्टेटस देख कर नहीं किया.

डैडी जी: वो सब तो ठीक है बेटा पर ये तुमने सर-मॅडम क्या लगा रखा है? तुम यहाँ कोई इंटरव्यू देने थोड़े ही आये हो?

नितु: डैडी इंटरव्यू ही तो देने आये हैं, मेरे हस्बैंड की जॉब का इंटरव्यू!

ये सुन कर सब हँसने लगे.

डैडी जी: बेटा जब हम नितु के मम्मी-डैडी हैं तो तुम्हारे भी हुए ना?

नितु: डैडी ये ऐसे ही हैं! मुझे भी पहले ये मॅडम ही कह कर बुलाते थे, वो तो मैंने कहा तब जा कर मेरा नाम लेना शुरू किया.

मम्मी जी: बेटा सभ्य्य होना अच्छी बात है पर अपनों में नहीं!

मैं: जी मम्मी जी!

डैडी जी: शाबाश!

वो पूरा दिन मैं उन्हीं के पास बैठा और हमारी बहुत सी बातें हुई जिससे उन्हें ये पता चल गया की मैं कैसा लड़का हु. रात को खाने के बाद सोने की बारी आई; वहाँ बस दो ही कमरे थे एक मम्मी-डैडी का और एक नितु का.नितु तो अपने ही कमरे में सोने वाली थी. मैंने सोचा मैं हॉल में ही सो जाता हु. पर तभी मम्मी जी आ गईं;

मम्मी जी: बेटा तुम यहाँ नहीं सोओगे!

नितु: तो क्या मेरे कमरे में? (नितु ने मजे लेने की सोची!)

मम्मी जी: वो शादी के बाद अभी सागर तेरे डैडी के साथ सोयेगा और मैं तेरे साथ! (मम्मी जी ने नितु के साथ थोड़ा मजाक में बात की और ये देख मैं मुस्कुराने लगा.)

नितु: डैडी रात में खरांटें मारते हैं!

मैं: मेरी चिंता मत करो, मैं और डैडी जी तो रात भर बातें करेंगे!

तभी डैडी जी भी आ गये.

डैडी जी: कौन बोला मैं खर्राटें मारता हूँ?

मैंने एक दम से नितु की तरफ ऊँगली कर दी.

डैडी जी: अच्छा? और जो तू १० साल की उम्र तक रात को डर के मारे बेड गीला कर देती थी वो?

ये सुन कर मैं, मम्मी जी और डैडी जी हँस पड़े और नितु शर्म से लाल हो गई!

मैं: डैडी जी ये आपने सही बात बताई, बहुत टांग खींची है मेरी अब मेरी बारी है! आज रात तो सारे राज जानूँगा मैं तुम्हारे! (मैंने हँसते हुए कहा.)

नितु: प्लीज डैडी कुछ मत बताना वरना ये सारी उम्र मुझे चिढ़ाते रहेंगे!

मैं: नहीं प्लीज डैडी मुझे सब बताना, ये मेरी बहुत खिंचाई करती हे.

डैडी जी: मैं तो बता कर रहूँगा!

तो इस तरह मजाक-मस्ती में वो रात गुजरी, अगली सुबह ही हम सब उनके पंडित के पास चल दिए और उन्होंने मेरी जन्म तिथि से मेरी कुंडली बनाई और शादी की तारिख २३ फरवरी निकाली. अब तारिख सुन कर हम दोनों का मुँह फीका हो गया, मम्मी जी ने नितु के गाल पकड़ते हुए कहा; "बड़ी जल्दी है तुझे शादी करने की!" उनकी बात सुन हम सब हँस दिये.

अब मम्मी-डैडी को बैंगलोर में हमारा घर देखना था और उन्हें ये नहीं पता था की हम १ बी.एच.के में रह रहे हैं वरना वो बहुत गुस्सा करते! हम ने सोचा की पहले एक २ बी.एच.के लेते हैं और फिर उन्हें वहाँ बुला आकर घर दिखाएँगे.तो तय ये हुआ की इस साल दिवाली वो हमारे साथ बैंगलोर में ही मनाएंगे.हम हँसी-ख़ुशी वापस आये और नितु ने हाऊस फाइंडिंग का काम पकड़ लिया और मुझे पहले के पेंडिंग काम करने पडे. नितु घर शॉर्टलिस्ट करती और रोज शाम को मुझे अपने साथ देखने के लिए ले जाती. ऐसे करते-करते २० दिन हो गए और हमें फायनली अपने सपनो का घर मिल गया.हमने मिल कर उसे

सजाया, ये वो खरोंदा था जहाँ हमारी नई जिंदगी शुरू होने वाली थी! दिवाली में १० दिन रह गए थे और मम्मी-डैडी आ गए थे. उन्हें पिक करने मैं ही गया था और नए घर में आ कर वो बहुत खुश थे. नितु ने उन्हें हमारे पुराने घर के बारे में सब सच बता दिया था और उन्होंने हमें कुछ नहीं कहा. वो जानते थे की बच्चे बड़े हो गए हैं और समझदार भी!

अगले दिन हम दोनों मम्मी-डैडी को ऑफिस ले गए और अपना ऑफिस दिखाया, डैडी जी हमारे लिए एक गणपति जी की मूर्ति लाये थे जो उन्होंने ऑफिस के मंदिर में खुद रखी.फिर दिवाली की पूजा हुई और उन्होंने अपने हाथ से सारे स्टाफ को बोनस दिया.घर पर पूजा भी पूरे विधि-विधान से हुई और उन्होंने हमें ढेर सारा आशीर्वाद दिया. कुछ दिन बैंगलोर घूमने के बाद वो वापस लखनऊ चले गया.उनके जाने के अगले दिन मेरे फ़ोन पर कॉल आया, मैंने बिना देखे ही कॉल उठा लिया और फिर एक भारी-भरकम आवाज मेरे कान में पड़ी; "बेटा....घर आजा...." ये आवाज मेरे ताऊ जी की थी और उनकी आवाज से दर्द साफ़ झलक रहा था.... उनके आगे कुछ कहने से पहले ही मेरी जुबान ने हाँ कह दिया.

मैंने तुरंत अपना बैग उठाया और उसमें कपडे ठूसने लगा, नितु ने मुझे ऐसा करते देखा तो वो घबरा गई; "क्या हुआ?" उसने पूछा. पर मेरे कहने से पहले ही उसे मेरी आँखों में आँसू नजर आ गए; "ताऊ जी का फ़ोन था...मुझे कुछ दिन के लिए गाँव जाना होगा!" मैंने खुद को संभालते हुए कहा. "मैं भी चलती हूँ!" नितु ने घबराते हुए कहा. "नहीं....अभी नहीं! पहले मुझे जाने दो, फिर मैं तुम्हें कॉल करूँगा तब आना." मैंने कहा और नितु एकदम से मेरे सीने से लग गई. उसे डर लग रहा था की मैं कहीं उसे छोड़ कर तो नहीं जा रहा? "बेबी ... डरो मत.... मैं वापस आऊँगा! आई प्रॉमिस!!!" मैंने नितु के आँसूँ पोछते हुए कहा. नितु को यक़ीन हो गया और वो मुझे छोड़ने के लिए एयरपोर्ट तक आई और आँखों में आँसू लिए बोली; "मैं तुम्हारा इंतजार करुँगी!" मैंने अपने दोनों हाथों से उनके चेहरे को थामा और माथे को चूमा; "जल्दी आऊँगा!" ये कहते हुए मैं एयरपोर्ट के अंदर घुसा और फ्लाइट में बैठ कर लखनऊ पहुंचा और वहाँ से बस पकड़ कर घर की ओर चल दिया. जहाँ पिछली बार मेरी आँखों में आँसू थे क्योंकी मेरे अपनों ने ही मुझे घर से निकाल दिया था वहाँ आज एक अजीब सी ख़ुशी थी की मेरे परिवार ने मुझे फिर वापस बुलाया.

ख़ुशी-ख़ुशी मैं बस से उतरा और अपने बचपन के हसीन दिन याद करता हुआ घर की ओर चल पडा. सारी पुरानी सुखद यादें ताज़ा हो चुकीं थीं और घरवालों से मिलने की बेचैनी बढ़ती जा रही थी. घर पहुँचा और दरवाजा खटखटाया तो ताऊ जी ने दरवाजा खोला. मुझे देखते ही उनकी आंख नम हो गईं, मैंने झुक कर उनके पाँव छुए और उन्होंने तुरंत मुझे अपने गले लगा लिया. रोती हुई आवाज में वो बस इतने बोले; "तेरी माँ...." इतना सुनते ही

मेरे मन की ख़ुशी गायब हो गई और डर सताने लगा की कहीं उन्हें कुछ हो तो नहीं गया.मैं तुरंत माँ के कमरे की तरफ दौड़ा वहाँ जा के देखा तो माँ लेटी हुई थी और पिताजी उनकी बगल मैं बैठे थे. जैसे ही माँ की नजर मुझ पर पड़ी उन्होंने मुझे गले लगाने को तुरंत अपने हाथ खोल दिए, मैंने अपना बैग बाहर ही छोडकर अंदर आया और माँ के गले लग गया.माँ का शरीर कमजोर हो गया था पर अब भी उनके कलेजे में वो तपिश थी जो पहले हुआ करती थी. माँ ने रोना शुरू कर दिया और मैं भी खुद को रोने से ना रोक पाया. पिताजी जो अभी तक सर झुका कर बैठे थे मुझे देखते ही उठ खड़े हुए और शर्म से उनका सर झुक गया, पीछे ताई जी, ताऊ जी और भाभी भी चुप-चाप आ कर खड़े हो गये. सभी की आंखें भीगी हुई थीं पर मेरा ध्यान अभी सिर्फ और सिर्फ मेरी माँ पर था.

माँ ने रोती हुई आवाज में कहा; "मुझे माफ़ कर दे बेटा!" पर मैं उन के मुँह से कुछ नहीं सुनना चाहता था क्योंकि वो बहुत बीमार थीं इसलिए मैं ने उनको आगे कुछ बोलने का मौका ही नहीं दिया. "बस माँ... सब भूल जाओ!" मैंने कहा और जब मैं उनके पास से उठा तो मैंने सब को अपने पीछे खड़ा पाया. सबसे पहले ताई जी आगे आईं और मैंने उनके पाँव छुए और उन्होंने मुझे अपने गले लगा लिया. "बेटा....माफ़ कर दे....!" ताई जी ने रोते-रोते कहा. "छोडो ताई जी!" मैंने बस इतना ही कहा. उसके बाद भाभी भी मेरे गले लग गईं और मुझे उनके पाँव छूने का मौका ही नहीं दिया. "सागर भैया! मुझसे भी नाराज हो!" भाभी ने रोते-रोते कहा. मैंने धीरे से कहा; "भाभी आपने तो कुछ किया ही नहीं?" फिर नजर पिताजी पर पड़ी जो सर झुकाये खड़े थे, मैं उनके पास पहुंचा और उनके पाँव छूने को झुका तो उन्होंने सीधा मुझे अपने गले लगा लिया और फूट-फूट के रोने लगे. "बेटा...मेरे पास अलफ़ाज़ नहीं कुछ कहने को....मैंने अपने ही बेटे को धक्के मार कर घर से निकाला, उसके मुँह पर दरवाजा बंद कर दिया! मुझे तो मर जाना चाहिए!" पिताजी रोते हुए बोले. "बस पिताजी...आपको पूरा हक़ है!" मैंने कहा और खुद को रोने से रोका.

जब मैं वापस पलटा तो ताऊ जी बोले; "बेटा तू क्या गया घर से, इस घर की किस्मत ने हम से मुँह मोड़ लिया! तेरे साथ जो हमने किया उसी के कारन हम लोगों पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा! ८ जुलाई को कुछ हमलावर लोग अश्विनी के ससुराल में घुस आये और इसके सास-ससुर और पति को जान से मार दिया. वो तो शुक्र है की उसने खुद को घर के गुसल खाने में छुपा लिया था वरना वो लोग इसे भी मार देते! पूरा का पूरा खानदान खत्म हो गया! पुलिस का चक्कर हुआ और चार महीने तक हमें इसी घर में कैद रखा गया ताकि कहीं हम लोगों पर भी हमला ना हो जाये. इन चार महीनों में सारा खेती-बाड़ी का काम खराब हो गया, फिर तेरी माँ ने अन्न-जल त्याग दिया और कहने लगी जब तक मेरा बेटा नहीं आ जाता तब तक मैं कुछ नहीं खाऊँगी! तब मैंने तुझे फ़ोन किया! और तुम लोग

जानते हो, मैंने बस इतना कहा की बेटा घर आजा और इसने एक शब्द नहीं कहा और सीधा घर आगया! इसके मन में हम में से किसी के लिए दिल में कोई मलाल नहीं और हमने ऐसे फ़रमाबरदार लड़के के साथ जो सलूक किया ये सब उसकी का फल है!" ताऊ जी बोले.

"ताऊ जी जो हुआ सो हुआ! आप सब मेरा परिवार हो और अगर आपने मुझे घर से निकाला भी तो क्या हुआ? आपको पूरा हक़ था!" मैंने अपने आँसू पोछते हुए कहा. तभी पीछे छुपी हुई अश्विनी सामने आई, आँखें आंसुओं से लाल, काली साडी पहने हुए और आ कर सीधा मेरे गले लग गई. मेरे जिस्म को ऐसा लगा जैसे की किसी काले साये ने मुझे दबोच लिया हो, मैंने तुरंत उससे खुद से अलग कर दिया. सब ने मेरा ये बर्ताव देखा और ताई जी बोलीं; "माफ़ कर दे इसे बेटा! इस बेचारी ने बहुत कुछ सहा है!"

"कभी नहीं ताई जी! इसे तो मरते दम तक माफ़ नहीं करूँगा! इसके कारन मुझे मेरे ही घर से मेरे ही परिवार ने निकाल दिया और ये खड़ी चुप-चाप सब देखती रही. आपको याद है न इसके बचपन के दिन, जब आप सब इसे डाँटा और झिड़का करते थे? तब मैं इसे बचाता था और उस दिन इसके मुँह से एक शब्द नहीं फूटा!" ये सुन कर सब का सर झुक गया, मेरे दिल में आग तो इस बात की लगी थी की इस लड़की ने मुझे अपने प्यार के जाल में फंसा कर मेरा इस्तेमाल किया पर वो मैं कह नहीं सकता था. इसलिए मैंने बात को नया मोड़ दिया था. अब मैं अपने परिवार को और दुखी नहीं देखना चाहता था और ऊपर से मुझे माँ की भी चिंता थी; "ताऊ जी मैं जा कर डॉक्टर को ले आता हु." इतना कहते हुए मैं बाहर निकला और कुछ दूरी पर पहुँच कर मैंने नितु को फ़ोन मिलाया और उसे सारी बात बताई. माँ की हालत खराब सुन वो आने की जिद्द करने लगी पर मैंने उसे समझाया की ये समय ठीक नहीं हे. एक बार उनकी तबियत ठीक हो जाए मैं उन्हें सब कुछ बता दूँगा और तब नितु को माँ से मिलवाऊँगा.

"आशु के साथ ....." आगे नितु कुछ कह पाती उससे पहले मैंने उसकी बात बीच में काट दी; "आशु नहीं अश्विनी! दुबारा ये नाम कभी अपनी जुबान पर मत लाना! मैं ये नहीं कहूंगा की जो हुआ वो अच्छा हुआ पर मुझे उससे घंटा कोई फर्क नहीं पड़ा! जब उसकी बला से मैं जीऊँ या मरुँ तो मेरी बला से वो जिये या मरे!" मैंने गुस्से से कहा.

"ओके ...ओके ... काम डाऊन! इस वक़्त तुम्हें घर को संभालना है, कहीं इतना गुस्सा कर के खुद बीमार न पड़ जाना." नितु ने कहा.

कॉल काट कर मैं कुछ दूर आया हूँगा की मुझे प्रकाश मिल गया.उसने अपनी बाइक रोकी और उतर कर मेरे गले लग कर रोने लगा. "भाई....." इसके आगे वो कुछ नहीं बोला. "देख मैं आ गया हूँ तो सब कुछ ठीक हो जायेगा. वैसे ये बता की घडी कैसी लगी?" मैंने बात बदलते हुए कहा. उसने तुरंत मुझे अपना हाथ दिखाया जिसमें उसने घडी पहनी हुई थी. "अब लग रहा है न तू हीरो!" मैंने हँसते हुए कहा. उसने पुछा की मैं कहाँ जा रहा हूँ तो मैंने उसे बताया की डॉक्टर को लेने तो वो बोला की मेरी बाइक ले जा. उसकी बाइक ले कर मैं फ़ौरन डॉक्टर के पहुँचा और उन्हें माँ का हाल बताया, जो-जो जरुरी था वो सब ले कर हम घर आये.

डॉक्टर ने माँ को देखा और दवाइयां लिखीं, सलाईन चढ़ायी और फिर मैं उसे छोड़ कर आ गया.शाम होने को आई थी और अभी तक किसी ने कुछ नहीं खाया था. तभी मुझे याद आया की गोपाल भैया तो यहाँ है ही नहीं? "ताऊ जी गोपाल भैया कहा हैं?" मैंने पुछा तो उन्होंने कहा; "बेटा ४ महीने पुलिस का सख्त पहरा था और वो किसी को भी बाहर जाने नहीं देती थी. अब तू तो जानता ही है की गोपाल भैया को नशे की लत हे. उससे ये सब बर्दाश्त नहीं हो रहा था और उसकी हालत दिन पर दिन खराब होती जा रही थी. तब तेरी भाभी ने बताया की जाने से पहले तूने कहा था की उसे नशा मुक्ति केंद्र ले जाय जाये. इसलिए हम ने उसे वहाँ भर्ती कराया है और ईश्वर की कृपा से अब उसमें बहुत सुधार हे."ये जान कर ख़ुशी हुई की अब गोपाल भैया सुधर जाएगा.

पकोडे बन कर आये और मैंने माँ को अपने हाथ से खिलाये, नवंबर का पहला हफ्ता था तो सर्द हवाएँ चल रहीं थी. सब माँ-पिताजी के कमरे में ही बैठे थे सिवाय अश्विनी के! "तो बेटा तू इतने दिन था कहा पर?" माँ ने पूछा.

"माँ पहले तो मैं बैंगलोर गया था जहाँ मैंने एक दोस्त की कंपनी में काम शुरू किया. उसने मुझे अपनी कंपनी में पार्टनर बनाया, मैंने इतने साल जो भी कमाया था वो मैंने उसके बिज़नेस में लगा दिया. फिर उसी के साथ मैं अमेरिका गया और वहाँ नया काम सीखा और हम वापस बैंगलोर आ गये. नया काम मिला और हम दोनों ने मिल कर काम बहुत फैलाया बाकी आप सब का आशीर्वाद है की बिज़नेस अच्छा चल रहा हे." मैंने कहा पर मैंने जानबूझ कर उन्हें नितु के बारे में कुछ नहीं बताया.

"अरे फिर तो तूने अमरीका में गाय-गोरु, सूअर, मछली, सांप, केकड़े और पता नहीं क्या क्या खाया होगा?" ताई जी ने नाक सिकोड़ते हुए कहा.

"नहीं ताई जी... मैं उन दिनों बीमार था और बाहर का खाना नहीं खा सकता था.वहाँ जा कर मैंने सलाद या फिर वहा भारतीय रेस्टरंट था जहाँ मैं दाल-रोटी ही खाता था." मैंने हँसते हुए कहा, क्योंकि मेरे परिवार को अब भी लगता था की बाहर सब यही खाते हैं!

"तुझे हुआ क्या था उन दिनों? तू एक दम से सूख गया था! वो तो हम लोग शादी-ब्याह के काम में लगे थे इस करके पूछना भूल गए!" पिताजी ने पूछा.

"कुछ नहीं पिताजी....जब सपने टूटते हैं तो इंसान थोड़ा टूट ही जाता है!: ये शब्द अपने आप ही निकल पड़े जिसे अश्विनी ने सब के बर्तन उठाते हुए सुना और फिर चली गई.

"क्या मतलब?" ताऊ जी ने पूछा.

"जी वो...मेरी जॉब छूट गई थी! मैं मन ही मन घर लेने की तयारी कर रहा था ...तो..." मैंने बात को जैसे-तैसे संभाला.

'पर बेटा ऐसा था तो तूने हमें क्यों कुछ नहीं बताया? पिताजी बोले.

"क्या बताता पिताजी? वो हालत आप सब से देखि नहीं जाती..... बिलकुल गोपाल भैया जैसी हालत थी मेरी..... मौत के कगार पर पहुँच गया था मैं! अगर मेरा दोस्त नहीं होता और मुझे नहीं संभालता तो मैं मर ही जाता!मैंने उन्हें सच बता दिया पर नितु का नाम अब भी नहीं बताया था. इधर सब के सब हैरानी से मुझे देख रहे थे.

"तू शराब पीता है?" ताऊ जी ने कहा.

"ताऊ जी इतने साल शहर में रहा, कभी-कभी जब टेंशन ज्यादा होती तो पी लेता था पर कण्ट्रोल में पीता था. पर उन दिनों काबू से बाहर हो गई!" मैंने शर्म से सर झुकाते हुए कहा.

"तो तू अब भी पीता है?" माँ ने पूछा.

"माँ मैं जिस माहौल में काम करता हूँ उसमें कभी-कभी कोई ख़ुशी मनानी होती है तो थोड़ा बहुत होता हे." मैंने कहा.

"देख बेटा हम सब के लिए तू ही एक सहारा है और तू ऐसा कुछ ना कर की...." आगे बोलने से पहले माँ की आँखें गीली हो गई.

"माँ मैं वादा करता हूँ की मैं ऐसा कभी कुछ नहीं करूँगा!"

"अब तेरा बिज़नेस भी चल पड़ा है, तो शादी कर ले!" पिताजी बोले.

"बिलकुल पिताजी....पर पहले माँ तो ठीक हो जाए!" मैंने उत्साह में आते हुए कहा.

"तूने इतना कह दिया. मेरी आधी तबियत ठीक हो गई!" माँ ने कहा और सारे लोग हँस पडे.

रात का खाना मैंने माँ को अपने हाथ से खिलाया तो माँ बोली; "देख कितनी नसीब वाली हूँ मैं, पहले मैं तुझे खिलाती थी और आज तू मुझे खिला रहा है!" मैं ये सुन कर मुस्कुरा दिया. उन्हें अच्छे से खाना खिला कर मैंने भी उनके सामने बैठ कर खाना खाया और फिर उन्हें दवाई दी. माँ के सोने तक मैं उनके पाँव दबाता रहा और फिर अपने कमरे में आ कर पलंग पर सर झुका कर बैठ गया.मैं सोच रहा था की माँ जल्दी से तंदुरुस्त हो जाएँ तो मैं उन्हें नितु से मिलवाऊँ! पर एक ही दिक्कत है, अश्विनी! अभी उसका नाम लिया ही था की एक काला साया मेरे कमरे की चौखट पर खड़ा हो गया.

"आपकी बद्दुआ लग गई मुझे! कहते हैं की किसी सच्चे आशिक़ को कभी दुःख नहीं देना चाहिए और मैंने उसका दिल तोडा था. तो मुझे सजा तो मिलनी ही थी!" अश्विनी मेरे नजदीक आई. उसने एक शाल ओढ़ रखी थी; "मैंने कभी रक्षित को आपके और मेरे प्यार के बारे में कुछ नहीं बताया. कभी हिम्मत नहीं हुई उसे कुछ कहने की, वो सच्चा प्यार करता था मुझसे पर मैं उसे भी 'छलने' लगी! आशु ने अपनी शाल हटाई और उसकी गोद में एक नन्ही सी जान थी. उसने उसे मेरी तरफ बढ़ाया और बोली; "ये आपके प्यार की निशानी! इसे आपको सौंपने आई हूँ....! साक्षी....वही नाम जो आप देना चाहते थे!" मैं एक टक उस दो महीने की बच्ची को देखने लगा, आँखें बंद किये हुए वो सो रही थी. पर सर्द हवा से उसकी नींद टूटने लगी थी. मैंने उसे तुरंत अपनी गोद में ले लिया और अपने सीने से लगा लिया. जिगर में जल रही नफरत की आग पर आज पानी बरसने लगा था!

सीने में जितनी भी जलन थी. अगन थी वो सब ठंडी हो रही थी! आँख बंद किये मैं उस आनंद के सागर में डूब गया..... मेरे सीने की तपन पा कर वो बची भी जैसे मुझ में अपने पापा को ढूँढ रही थी. मैंने उसे अपने सीने से अलग किया और उसके मस्तक को चूमा. अपने दाहिने हाथ से उसके गाल को सहलाया! आँखें जैसे प्यासी हो चली थीं और उसके मासूम चहरे से हटती ही नहीं थी. आज मैं खुद को दुनिया का सबसे खुशकिस्मत इंसान समझ रहा था! मेरा जीवन जैसे पूरा हो चूका था! आज तक सीने में बस एक आशिक़ का दिल धड़कता था पर आज से एक बाप का दिल धड़कने लगा था. मैंने एक बार फिर से उसके माथे को चूमा, दिवार का सहारा ले कर मैं बैठा और अपने ऊपर चादर डाल ली और वो चादर मैंने मेरी बेटी के इर्द-गिर्द लपेटी.कुछ इस तरह से की उसे गर्माहट मिले पर सांस भी पूरा आये.

साक्षी की छोटी सी प्यारी सी नाक... उसके छोटे-छोटे होंठ.... गुलाब जामुन से गुलाबी गाल... तेजोमई मस्तक.... उसके छोटे-छोटे हाथ .... मैं मंत्र मुग्ध सा उसे देखता ही रहा. धौंकनी सी चलती उसकी सांसें जैसे मेरा नाम ले रही थी.... उसके छोटे-छोटे पाँव जिनमें एक छोटी सी जुराब थी. वो पूरी रात मैं बस साक्षी को निहारता रहा और एक पल के लिए भी अपनी आँखें नहीं झपकाईं! सुबह कब हुई पता नहीं, कौन आया और कौन गया मुझे जैसे कोई फर्क ही नहीं पड रहा था. आँखें बस उसी पर टिकी थीं और मैं उम्मीद करने लगा था की वो अभी अपने छोटे से मुँह से 'पापा' कहेगी! सुबह जब उसकी आँख खुली तो उसने मुझे देखा और मुझे ऐसा लगा जैसे की वो मुस्कुराई हो. मैंने उसके माथे को चूमा और उसने अपने नन्हे-नन्हे हाथ ऊपर उठा दिये. मैंने जब उन्हें पकड़ा तो उसने एक दम से मेरी ऊँगली पकड़ ली. "मेरा बच्चा उठ गया?" मैंने उसकी मोतियों जैसी आँखों में देखते हुए कहा. "मैं आपका पापा हूँ!" मैंने कहा और उसके गाल को चूमा और वो मुस्कुराने लगी. मैं उठा क्योंकि मन ने कहा की उसे दूध चाहिए होगा और नीचे आया. मेरी गोद में साक्षी को देख ताई जी बोलीं; "मिल लिए?" तभी अश्विनी सामने आई और उसके चेहरे पर एक मुस्कान थी. ये मुस्कान इसलिए थी की मैं आज अपनी बेटी को पा कर बहुत खुश था. "जानता था तू साक्षी की वजह से अश्विनी को माफ़ कर देगा!" ताऊ जी बोले. "माँ-बाप के किये की सजा बच्चों को कभी नहीं देते और फिर ये तो मेरी बेटी है, मैं भला इससे गुस्सा कैसे हो सकता हु." मैंने साक्षी का कमाता चूमते हुए कहा. उस पल एक बाप बोल रहा था और उसे कुछ फर्क नहीं पड रहा था की कोई क्या सोचेगा.अगर उस समय कोई मुझसे सच पूछता तो भी मैं सब सच बोल देते! मेरे मुँह से 'मेरी बेटी' सुन कर अश्विनी फिर से मुस्कुरा दी, वो सोच रही थी की मैंने उसे माफ़ कर दिया हे. पर मेरा दिल उसके लिए अब पत्थर का बन चूका था! उसने मेरे हाथ से साक्षी को लिया और ऊपर उसे दूध पिलाने चली गई.

मैं अपनी माँ के पास आया और उनका हाल-चाल पूछा. चाय पी और मेरा दिल फिर से साक्षी के लिए बेकरार हो गया मैं उसे धुंढता हुआ ऊपर पहुंचा. अश्विनी ने उसे दूध पिलाना बंद किया था और वो अपने ब्लाउज का हुक बंद कर रही थी. मैं वहाँ रुका नहीं और छत पर चला गया.वो मेरे पीछे-पीछे साक्षी को गोद में ले कर आई और फिर मेरी तरफ बढ़ाते हुए बोली; "आपकी लाड़ली!" मैंने उसकी तरफ देखा भी नहीं और मुस्कुराते हुए साक्षी को अपनी गोद में उठा लिया. मैं साक्षी की पीठ सहलाते हुए छत पर घूमने लगा. फिर अचानक से मुझे याद आया की नितु को कॉल कर के खुशखबरी दे दू. मैंने तुरंत उसे कॉल मिलाया और कहा की जल्दी से वीडियो कॉल पर आओ. मैं छत पर पैरापिट वॉल से पीठ लगा कर नीचे बैठा. मेरी दोनों टांगें जुडी थीं और साक्षी उसी का सहारा ले कर बैठी थी. इतने में नितु का वीडियो कॉल आ गया; "आपको पता है आज है ना, मैं हैं ना, आपको है ना एक प्याली-प्याली, गोलू-गोलू प्रिन्सेस से मिलवाना है!" मैंने तुतलाते हुए कहा. मेरी ऐसी भाषा सुन कर नितु हँसने लगी और बोली; "अच्छा जी? मुझे भी मिलवाओ ना!" मैंने फ़ोन साइड में रखा और साक्षी को अपने सीने से लगा कर बिठाया और फिर फ़ोन दुबारा उठाया. साक्षी को देखते ही नितु बोल पड़ी; "ये प्यालि-पयाली छोटी सी गुड़िया कौन है?" साक्षी भी फ़ोन देख कर मुस्कुराने लगी. "मेरी बेटी साक्षी!" मैंने गर्व से कहा. ये सुन कर नितु को एक झटका लगा पर उसने ये बात जाहिर नहीं की और मुस्कुराते हुए कहा; "छो छवींट!" मैंने साक्षी के सर को चूमा और तभी नितु ने पुछा; "माँ कैसी हैं अब?"

"कल सलाईन चढ़ाया था और दवाइयाँ दी हे. कल सब कह रहे थे की शादी कर ले, तो मैंने कहा की माँ की तबियत ठीक हो जाये फिर. वैसे मैंने सब को तुम्हारे बारे में थोड़ा-थोड़ा बता दिया हे."

"क्या-क्या बताया?" नितु ने उत्सुकता से पूछा.

"यही की तुम ने मुझे मरने से बचाया और फिर मुझे अपने बिज़नेस में भी पार्टनर बनाया, बस तुम्हारा नाम नहीं बताया!" मैंने कहा.

"हाय! कितना वेट करना होगा!" नितु ने साँस छोड़ते हुए कहा.

"यार जैसे ही माँ ठीक हो जाएंगी मैं उन्हें सब कुछ बता दूंगा. तब तक मैं तुम्हारा परिचय मेरी बेटी से करा देता हु. बेटा (साक्षी) ये देखो ...मैं है ना... इनसे है ना... शादी करने वाला हूँ! फिर ये है ना आपकी मम्मी होंगी!" मैंने तुतलाते हुए कहा. पर मेरी ये बात शायद नितु को ठीक नहीं लगी.

"तुम बुरा न मानो तो एक बात पूछूँ?" नितु बोली. उसी आवाज में गंभीरता थी इसलिए मैंने पूरा ध्यान साक्षी से हटा कर नितु पर लगाया और हाँ में सर हिलाया. "आर यू शुअर!" नितु ने डरते हुए कहा. ये डर जायज था क्योंकि अगर किसी बाप से पूछा जाए की ये उसका बच्चा है तो गुस्सा आना लाज़मी हे.

"हाँ ये मेरा ही खून है! तुम तो जानती ही हो की अश्विनी के कॉलेज के दिनों में हम बहुत नजदीक आ गए थे और अश्विनी की लापरवाही की वजह से उसके पीरियड्स मिस हो गए! तब मैं उसे डॉक्टर के ले गया था और उन्होंने कहा था की वो फिजिकली हेलथी नहीं है इसलिए उस टाइम कुछ भी नहीं हो सकता था. उन्होंने उसे कुछ दवाइयां दी थीं ताकि वो अपनी प्रेग्नानसी को डीले करती रहे! शादी के बाद अश्विनी ने वो गोलियाँ खानी बंद कर दी होंगी!" मैंने कहा. नितु को विश्वास हो गया की ये मेरा ही बच्चा है पर अब मेरे दिल में एक सवाल पैदा हो चूका था; "अगर तुम बुरा ना मानो तो मैं एक सवाल पूछूँ?" मैंने कहा पर नितु जान गई थी की मैं क्या पूछने वाला हूँ और वो तपाक से बोली; "हाँ... मैं इस प्यारी सी गुड़िया को अपनाऊँगी और अपनी बेटी की तरह ही प्यार करूंगी!" इस जवाब को सुन मेरे पास अब कोई सवाल नहीं था और मुझे मेरा परिवार पूरा होता दिख रहा था. "शुक्रिया!" मैंने नम आँखों से कहा.

"शुक्रिया किस बात का? अगर तुम मेरी जगह होते तो मना कर देते?" नितु ने मुझे थोड़ा डाँटते हुए कहा. मैंने अपने कान पकड़े और दबे होठों से सॉरी कहा. "साक्षी देख रहे हो अपने पापा को? पहले गलती करते हैं और फिर सॉरी कहते हैं? चलो साक्षी को मेरी तरफ से एक बड़ी वाली किसी दो!" नितु ने हुक्म सुनाते हुए कहा. मैंने तुरंत साक्षी के दाएँ गाल को चूम लिया, साक्षी एक दम से मुस्कुरा दी. उसकी मुस्कराहट देख कर हम दोनों का दिल एक दम से ठहर गया."अब तो मुझे और भी जल्दी आना है ताकि मैं मेरी बेटी को खुद किसी कर सकूँ!" नितु ने हँसते हुए कहा. तभी नीचे से मुझे पिताजी की आवाज आई और मैं बाय बोल कर साक्षी को गोद में लिए नीचे आ गया.नाश्ता तैयार था तो अश्विनी ने साक्षी को गोद में लेने को हाथ आगे बढाए, पर मैंने उसे कुछ नहीं कहा और साक्षी को गोद में ले कर माँ के कमरे में आ गया.मेरा और माँ का नाश्ता ले कर पिताजी कमरे में ही आ गये. "अच्छा बीटा अब तो साक्षी को यहाँ लिटा दे और नाश्ता कर ले." पिताजी बोले पर मेरे पास उनकी बात का तर्क मौजूद था. "आज माँ मुझे खिलाएँगी!" मैंने कहा तो माँ ने बड़े प्यार से मुझे परांठा खिलाना शुरू किया और मैंने साक्षी के साथ खेलना जारी रखा. नाश्ता के बाद मैंने माँ को दवाई दी और फिर उन्हीं के बगल में बैठ गया, क्या मनोरम दृश्य था! एक साथ तीन पीढ़ी, माँ के बगल में उनका बेटा और बेटे की गोद में उसकी बेटी!

कुछ देर बाद अश्विनी आई और चेहरे पर मुस्कान लिए बोली; "साक्षी को नहलाना है!" अब मुझे मजबूरन साक्षी को अश्विनी की गोद में देना पड़ा पर मेरा दिल बेचैन हो गया था. साक्षी से एक पल की भी जुदाई बर्दाश्त नहीं थी मुझे! माँ सो चुकी थी इसलिए मैं एक दम से उठा और ताऊ जी से कहा की मैं बजार जा रहा हूँ तू उन्होंने एक काम बता दिया. मैं पहले प्रकाश के घर पहुँचा और उससे चाभी माँगी और बजार पहुंचा. वहां मैंने माँ के लिए फल लिए और अपनी बेटी के लिए कुछ समान खरीदने लगा. गूगल से जो भी जानकारी ले पाया था वो सब खरीद लिया बेबी पाउडर, बेबी आयल, बेबी वाइप्स, एक सॉफ्ट टॉवल, एक छोटा सा बाथ टब और बहुत ढूंढने के बाद हीलियम गैस वाले गुब्बारे! सब समान बाइक के पीछे बाँध कर मैं घर पहुंचा. सामान मुझसे उठाया भी नहीं जा रहा था इसलिए मैने भाभी को आवाज दी और वो ये सब देख कर हँस पडी. सारा सामान ले कर हम अंदर आये, फल आदि तो भाभी ने रसोई में रख दिए और बाकी का सामान ले कर मैं माँ वाले कमरे में आ गया.ये सारा समान देख सब हँस रहे थे की मैं क्यों इतना सामान ले आया. साक्षी आंगन में चारपाई पर लेटी थी. मैंने सब समान छोड़ कर पहले गुब्बारे उसके नन्हे हाथों और पैरों से बाँध दिये. वो हवा में उड़ रहे थे और साक्षी अपने हाथ-पैर हिला रही थी. ऐसा लगता था मानो ख़ुशी से हँसना चाह रही हो! सारा घर ये देख कर खुश था और हँस रहा था. मैंने फ़ौरन एक वीडियो बनाई और नितु को भेज दी! उसने जवाब में; "आऊच...." लिख कर भेजा, फिर अगले मैसेज में बोली; "मुझे भी आना है अभी!" उसका उतावलापन जायज था पर मैं मजबूर था क्योंकि घर वालों को अभी इतना बड़ा झटका नहीं देना चाहता था. माँ अकेली कमरे में थीं तो मैंने उन्हें उठा कर बिठाया और उन्हें भी कमरे के भीतर से ही ये नजारा दिखाया. उन्होंने तुरंत कहा; "जल्दी से बच्ची को टिका लगा, कहीं नजर ना लग जाए!" ताई जी ने फ़ौरन साक्षी को टीका लगा दिया. पूरा घर साक्षी की किलकारियों से भर चूका था और आज बरसों बाद जैसे खुशियाँ घर लौट आई हों! दोपहर खाने के बाद मैं साक्षी को अपने सीने से सटाये था और माँ की बगल में लेटा था. कुछ देर बाद साक्षी उठ गई क्योंकि उसने सुसु किया था. मैंने पहले बेबी वाइप्स से उसे साफ़ किया, पॉउडर लगाया और फिर उसे डायपर पहनाया.फिर अश्विनी का कमरे से दूसरे कपडे निकाल कर पहनाया, अश्विनी हाथ बाँधे मुझे ऐसा करते हुए बस देखती रही और मुस्कुराती रही, पर मेरा ध्यान सिर्फ साक्षी पर था. जब साक्षी को भूख लगी तो मजबूरन मुझे उसे अश्विनी के हवाले करना पड़ा, पर मेरा मन जानता है की उस टाइम मुझे कितना बुरा लग रहा था. तभी नितु का फ़ोन आया और उसने मुझे किसी से बात करने को कहा. मैं अपना फ़ोन ले कर आंगन में बैठ गया और पार्टी से बात कर रहा था. सारी बात अंग्रेजी में हो रही थी और मुझे ये नहीं पता था की घर के सारे लोग मुझे ही देख रहे हे. जब मेरी बात खत्म हुई तब मैंने देखा की सब मुझे ही देख रहे हैं और गर्व महसूस कर रहे हे.

रात को अश्विनी ने दूध पिला कर साक्षी को मुझे दे दिया. मैंने साक्षी को फिर से अपनी छाती से चिपकाया और लेट गया.अपने ऊपर मैंने एक चादर डाल ली ताकि साक्षी को सर्दी ना लगे. नींद तो आने से रही और ऐसा ही हाल नितु का भी था. उसने मुझे एक मिस कॉल मारी और मैंने तुरंत कॉल बैक किया और उससे बात करने लगा. जब से हमारी शादी की तारिख तय हुई थी हम दोनों रात को एक दूसरे के पहलु में ही सोते थे और अब तो ऐसी हालत थी की उसे मेरे बिना और मुझे उसके बिना नींद ही नहीं आती थी. देर रात तक हम बस ऐसे ही खुसर-फुसर करते हुए बातें करते रहे. नितु तकिये को अपने से दबा कर सो गई और मैंने अपनी बेटी साक्षी को खुद से चिपका लिया और उसके प्यारे एहसास ने मुझे सुला दिया.

सुबह ६ बजे ताई जी ने मेरे सर पर हाथ फेरा तब मैं उठा और उनके पाँव छुए! फिर सब के साथ चाय पी और नहाने का समय हुआ तो अश्विनी फिर से साक्षी को लेने आ गई पर मैंने उसकी तरफ देखे बिना ही "नहीं" कहा और राजसी में पानी गर्म करने रख दिया. साक्षी अब तक उठ गई और अब उसे शायद मेरी आदत हो गई थी इसलिए उसकी किलकारियाँ शुरू हो गई. पानी गर्म करके मैंने उसे साक्षी के लिए लाये हुए टब में डाला और फिर उसमें ठंडा पानी डाला और जब वो हल्का गुनगुना हो गया तब मैंने साक्षी को उसमें बिठाया. पानी बिलकियल कोसा था इसलिए उसे ठंड नहीं लगी पर पानी का एहसास पाते ही उसने हिलना शुरू कर दिया. ताऊ जी, ताई जी, पिताजी, भाभी और अश्विनी सब देखने लगे की मैं कैसे साक्षी को नहलाता हु. मैंने धीरे-धीरे पानी से उसे नहलाया और साबुन लगा कर अच्छे से साफ़ किया. फिर उसे तौलिये से धीर-धीरे साफ किया, अच्छे से तेल की मालिश की और फिर उसे कपड़े पहनाये.मैंने ये भी नहीं ध्यान दिया की सब घरवाले मुझे ही देख रहे हैं और मुस्कुरा रहे हे. अच्छे से तेल-पाउडर लगा कर साक्षी एक सुन्दर गुड़िया की तरह तैयार थी! मैंने खुद उसके कान के पीछे टीका लगाया और उसके माथे को चूमा फिर उसे अपने सीने से लगा कर मैं पलटा तो देखा सब मुझे देख रहे हैं; "चाचा जी, सागर की बीवी बड़ी किस्मत वाली होगी! उसे कुछ नहीं करना पड़ेगा, सब काम तो सागर कर ही लेता हे." भाभी बोलीं और सब हँस पड़े, जो नहीं हँसा था वो थी अश्विनी क्योंकि उसे अब एहसास हुआ था की उसने किसे खो दिया! उस दिन से साक्षी मुझसे एक पल को भी जुदा नहीं होती थी. दिन में बस उसे मुझसे दूर तब ही जाना पड़ता जब उसे भूख लगती और पेट भरने के बाद वो सीधा मेरे पास आती. हफ्ता बीत गया और मेरा साक्षी के लिए प्यार दिनों-दिन बढ़ता जा रहा था. हम दोनों बाप-बेटी एक दूसरे के बिना नहीं रह पाते!

सोमवार को ताऊ जी ने कहा की आज गोपाल भैया को लाने जाना है तो मैं और वो साथ निकले. जब गोपाल भैया से मिले तो वो काफी कमजोर हो गया था और मुझे देखते ही वो मेरे गले लग गया.आज बरसों बाद मुझे उसके दिल में भाई वाला प्यार नजर आया, मैं बाहर आया और टैक्सी की.हम तीनों साथ घर लौटे.ताऊ जी आगे थे और मैं गोपाल भैया के साथ उसका सामान ले कर चल रहा था. जैसे ही मैं अंदर घुसा मैंने देखा की अश्विनी साक्षी को डाँट रही है और उसे मारने के लिए उसने हाथ उठाया है, ये देखते ही मेरे जिस्म में आग लग गई और मैं जोर से चिल्लाया; "अश्विनी! तेरी हिम्मत कैसे हुई मेरी बेटी को मारने की!" मैंने उसे धक्का दिया और साक्षी को अपने सीने से लगा लिया और उसके सर को चूमने लगा और इधर से उधर तेजी से चलने लगा ताकि वो रोना बंद कर दे. "ताई जी आप भी कुछ नहीं बोल रहे इसे?" मैंने ताई जी से शिकायत की!

"बेटा ये दूध पीने के बाद भी नहीं चुप हो रही थी. इसलिए अश्विनी को गुस्सा आ गया!" ताई जी बोली.

"इतनी छोटी बच्ची को कोई मारता है?" मैंने गुस्से से अश्विनी को झड़ते हुए कहा, अश्विनी डरी सहमी सी अपने कमरे में चली गई और मैं साक्षी की पीठ सहलाता हुआ आंगन में एक कोने से दूसरे कोने घूमता रहा. पर उसका रोना बंद नहीं हो रहा था. मुझे पता नहीं क्या सूझी मैंने गुनगुनाना शुरू कर दिया;

"कौन मेरा, मेरा क्या तु लागे

क्यूँ तु बांधे, मन के मन से धागे

बस चले ना क्यूँ मेरा तेरे आगे

कौन मेरा, मेरा क्या तु लागे

क्यूँ तु बांधे, मन के मन से धागे

ढूंढ ही लोगे मुझे तुम हर जगह

अब तो मुझको खबर है

हो गया हूँ तेरा

जब से मैं हवा में हूँ तेरा असर है

तेरे पास हूँ एहसास में, मैं याद में तेरी

तेरा ठिकाना बन गया अब सांस में मेरी

कौन मेरा, मेरा क्या तु लागे

क्यूँ तु बांधे, मन के मन से धागे

बस चले ना क्यूँ मेरा तेरे आगे

कौन मेरा, मेरा क्या तु लागे

क्यूँ तु बांधे, मन के मन से धागे|"

इस गाने के एक-एक बोल को मैं महसूस कर पा रहा था. ऐसा लगा जैसे मैं अपने मन की बात को उस छोटी सी बच्ची से पूछ रहा हूँ! कुछ देर बाद साक्षी मुझसे लिपट कर सो गई. एक बार फिर सब मुझे ही देख रहे थे; "बेटा तेरे जैसा प्यार करने वाला नहीं देखा!" ताऊ जी बोले.

"इतना प्यार तो मैंने तुझे नहीं किया!" पिताजी बोले.

"चाचा जी, सच में सागर साक्षी से सबसे ज्यादा प्यार करता हे." भाभी बोली.

"भाभी सिर्फ प्यार नहीं बल्कि जान बस्ती है मेरी इसमें और आप में से कोई इसे कुछ नहीं कहेगा." मैने सब को प्यारसे चेतावनी दी.

गोपाल भैया का बड़ा स्वागत हुआ क्योंकि वो सच में एक जंग जीत कर आये थे. जब साक्षी को भूख लगी तो मैंने भाभी से कहा की वो साक्षी को अश्विनी के पास ले जाएँ; "तुम ही ले जाओ! जाके अपनी लाड़ली को भी मना लो तब से रोये जा रही है!" उनका मतलब अश्विनी से था; "मेरी सिर्फ एक लाड़ली है और वो है मेरी बेटी साक्षी!" इतना कहता हुआ मैं ऊपर आ आया और देखा अश्विनी फर्श पर उकड़ूँ हो कर बैठी है, उसका चेहरा उसके घटनों के बीच था और मुझे उसकी सिसकने की आवाज आ रही थी. मैंने उसके कमरे के दरवाजे पर खटखटाया तो उसने मेरी तरफ देखा, उसकी आँखें लाल थीं और वो जैसे मुझे कस कर गले लगाना चाहती थी. पर मेरा व्यवहार अभी भी उसके लिए नरम नहीं हुआ था. अब भी वही सख्ती थी जो मुझे उससे दूर खड़ा किये हुए थी. अश्विनी ने अपने आँसू पोछे और साक्षी को प्यार से अपनी गोद में लिया और मैं छत पर चल दिया. बड़ी बेसब्री से मैं एक कोने से दूसरे कोने के चक्कर लगा रहा था और इंतजार कर रहा था की कब साक्षी मेरे पास वापस आये. कुछ देर बाद अश्विनी साक्षी को ले कर आई और मुस्कुराते हुए मुझे गोद में वापस दिया. वो पलट के जाने को हुई पर फिर कुछ सोचते हुए रुक गई. "आपने मुझे माफ़ कर दिया ना?" अश्विनी ने मेरी तरफ घूमते हुए पूछा. पर मैंने उसकी किसी बात का जवाब नहीं दिया और नीचे जाने लगा. अश्विनी ने एकदम से मेरी बाजू पखडी, "प्लीज जवाब तो दे दो?" उसने मिन्नत करते हुए कहा.

"किस बात की माफ़ी चाहिए तुझे? मेरा दिल तोड़ने की? या फिर साक्षी पर हाथ उठाने की?" मैंने गुस्से से उसकी तरफ देखते हुए कहा.

"दोनों की!" अश्विनी ने सर झुकाते हुए कहा.

"नहीं!" इतना कह कर मैं नीचे आ गया.

अगले दिन की बात है, सुबह मैं अपनी बेटी के साथ माँ के पास बैठा था की ताऊ जी आये और मुझे एक काम सौंपा. "ताऊ जी मैं थोड़ी देर बाद चला जाऊँ? अभी साक्षी सोइ नहीं है, मैं नहीं हूँगा तो ये फिर से रोने लगेगी! इसे सुला कर चला जाता हूँ!" मैंने कहा तो ताऊ जी मुस्कुरा दिए और ठीक है कहा. कुछ देर बाद साक्षी सो गई तो मैंने सोचा की मैं उसे अश्विनी को दे दूँ पर वो मुझे घर में कहीं नहीं मिली. मैंने साक्षी को माँ की बगल में लिटाया और उन्हें बता कर ताऊ जी का कहा काम करने चल दिया.

हमारे गाँव में एक कुँआ है जिसका लोग अब इस्तेमाल नहीं करते और ना ही वहाँ कोई आता-जाता है क्योंकि सब ने हैंडपंप लगवा लिया हे. मैं उसी के पास से गुजर रहा था की

मेरी नजर वहाँ एक लड़की पर पड़ी जो बड़ी तेजी से उसकी तरफ जा रही थी. साडी का रंग देख मुझे समझते देर ना लगी की ये अश्विनी ही है, मैं तुरंत उसके पीछे भागा. वो अंदर कूदने के लिए अपना एक पाँव बढ़ा चुकी थी की मैंने उसका हाथ पीछे से पकड़ा और जोर से पीछे जमीन पर गिरा दिया. "मरने का इतना शौक है तो किसी ऐसे कुँए में कूद जिसमें पानी हो! इसमें मुश्किल से ४ फुट पानी होगा और उसमें तू डूब के नहीं मरेगी! जान देने के लिए कलेजा चाहिए होता है, एक चाक़ू ले और अपनी कलाई काट ले और हा गहरा काट! है हिम्मत?" मैंने अश्विनी पर चिल्लाते हुए कहा. "तुझे क्या लगता है तेरे जान देने से तेरे पाप कम हो जाएंगे?" मैंने उसे डाँटते हुए कहा.

"कम नहीं होंगे पर मुझसे आपकी ये बेरुखी नहीं देखि जाती!" अश्विनी ने रोते हुए कहा.

"मेरी ये बेरुखी कभी खत्म नहीं होगी! कम से कम मेरे जीते जी तो नहीं! और तुझे क्या पड़ी है मेरी बेरुखी की? अभी तेरा परिवार होता तो तुझे कोई फर्क नहीं पड़ता! ना ही कोई मुझे यहाँ बुलाता, तुझे क्या लगता है की मैं नहीं जानता की मुझे यहाँ क्यों बुलाया गया है? आखिर अचानक से कैसे सब के मन में मेरे लिए प्यार जाग गया.जहाँ कुछ महीनों पहले तक सब मेरे बिना त्यौहार मना रहे थे और मैं वहाँ सब को याद कर के मरा जा रहा था. जब दूसरों को उनके परिवार से मिलते देखता था तो टीस उठती थी मन में! बुरा लगता था की परिवार होते हुए भी मैं एक अनाथ की जिंदगी जी रहा था. मेरा मन मेरे परिवार से दूर नहीं रहना चाहता. अपना परिवार ...उसके प्यार के लिए स्वार्थी बन गया हूँ!" इतना कह कर मैं वहाँ से चल दिया. शाम को जब मैं वापस पहुँचा तो अश्विनी आंगन में सर झुकाये बैठी सब्जी काट रही थी. मैं माँ के पास पहुँचा और साक्षी को अपनी छाती से लगा लिया और उसके माथे पर चुम्मियों की झड़ी लगा दी. "बड़ी मुस्किल से चुप हुई है!" माँ ने कहा. मैंने साक्षी को गोदी में ऊपर उठाया, उसका मुँह मेरी तरफ था. मैं तुतलाती हुई जुबान में उससे बोला; "मेला बेटा दादी को तंग करता है! उनकी बात नहीं सुनता?" ये सुन कर साक्षी की किलकारी गूंजने लगी.

मैंने उसे फिर से अपने सीने से लगाया और माँ के पास बैठ गया.माँ की तबियत में अब सुधार था पर अभी तक वो कमरे से बाहर नहीं आईं थी. कमजोरी अब भी थी. पर चूँकि मैं उनके पास रहता था और उन्हें समय पर दवाई देता था अपने हाथ से खाना खिलाता था इसलिए उनकी तबियत में अब सुधार था. अश्विनी जब घर आई तो मुझसे नजरें चुराती फिर रही थी. उसे डर था की कहीं मैं सबका ना बोल दूँ की वो खुदखुशी करने गई थी! खेर रात हुई और खाना खाने के बाद मैं और साक्षी ऊपर मेरे कमरे में थे. साक्षी को नींद नहीं

आ रही थी. तो मैंने उसे अपनी जाँघों के सहारे बिठाया और उससे बात करने लगा. मुझे उस छोटी सी बच्ची से बात करना बहुत अच्छा लगता था? भले ही वो मेरी बात नहीं समझती थी पर जब वो किलकारियाँ मैं सुनता था तो दिल को एक अजीब सुकून मिलता था. अश्विनी का कमरा मेरे बगल में ही था तो वो चुप-चाप मेरी बातें सुना करती. जब काफी देर बात करने के बाद भी साक्षी नहीं सोइ तो मैंने सोचा की उसे लोरी सूना दू.

"चंदनिया छुप जाना रे

छन भर को लुक जाना रे

निंदिया आँखों में आए

बिटिया मेरी मेरी सो जाए

हुम्म...निंदिया आँखों में आए

बिटिया मेरी मेरी सो जाए

लेके गोद में सुलाऊँ

गाउँ रात भर सुनाऊँ

लोरी लोरी लोरी लोरी लोरी...."

लोरी सुनते-सुनते ही मेरी बेटी नींद की आगोश में चली गई! मैंने खुद को कंबल से लपेट लिया ताकि मेरी बेटी ठंड से ना उठ जाए! सुबह हुई और धुप अच्छी थी. मैं साक्षी को ले कर छत पर आ गया और पीठ टिका कर नीचे बैठ गया.साक्षी अंगड़ाई लेते हुए उठी और मुझे अपने सामने देख कर उसके चेहरे पर मुस्कान आ गई. मैंने उसके माथे को चूम कर गुड मॉर्निंग कहा! तभी अश्विनी ऊपर आ गई. उसके हाथ में कपड़ों से भरी एक बाल्टी थी. अश्विनी कपड़े सुखाने के लिए डाल रही थी और मैं साक्षी के साथ खेलने में व्यस्त था. "सॉरी कल जो भी मैं करने जा रही थी! पागल हो गई थी. दिमाग काम नहीं कर रहा था!" अश्विनी बोली पर मैंने उसका कोई जवाब नहीं दिया और साक्षी को गोद में ले कर नीचे जाने लगा. तभी अश्विनी ने मेरे कंधे पर हाथ रख कर मुझे रोक दिया! "इन कुछ दिनों में मैं सपने सजाने लगी थी. वो सपने जिसमें सिर्फ हम दोनों और साक्षी थे! क्या हम दोनों फिर से एक नहीं हो सकते? प्यार तो आप अब भी मुझसे करते हो, तो क्या हम इस बार घर से नहीं भाग सकते?" आँखों में आँसू लिए अश्विनी बोली.

"प्यार और तुझसे? 'बेवकूफ' समझा है मुझे? एक बार 'गलती' कर चूका हूँ तुझ पर भरोसा करने की, दुबारा नहीं करने वाला! तब तुझे ऐशों-आराम की जिंदगी चाहिए थी. अब मुझे चैन की जिंदगी चाहिए!" इतना कह कर मैंने अश्विनी का हाथ झटक दिया और नीचे आने लगा.

"तो आप ही बोलो की आपकी माफ़ी पाने के लिए, भरोसा वापस पाने के लिए क्या करूँ?" अश्विनी ने चीखते हुए कहा. उसकी आवाज नीचे तक गई और आंगन में बैठी ताईजी और भाभी ने साफ़ सुन लिया. मैं भी चिल्लाते हुए बोला; "जस्ट लिव्ह मी अलोन!" मेरे चिल्लाने से साक्षी रोने लगी तो मैं उसे प्यार से पुचकारने लगा और बिना किसी को कुछ बोले घर से निकल गया.कुछ दूर तक पहुँचते-पहुँचते साक्षी चुप हो गई; "सॉरी बेटा मैं इतनी जोर से चिल्लाया, पर आपकी मम्मी जबरदस्ती मेरे नजदीक आना चाहती है और मैं उसे जरा भी पसंद नहीं करता." साक्षी बड़ी मासूमियत से मेरी तरफ देखने लगी जैसे पूछ रही हो की क्या मैं उससे भी नफरत करता हूँ; "आप तो मेरी प्याली-प्याली राजकुमारी हो, आप में तो मेरी जान बस्ती है! मैं आपसे बहुत-बहुत प्याल करता हूँ!" ये सुन कर साक्षी का चेहरा फिर से मुस्कुराने लगा.

कुछ देर बाद मैं घर आया और माँ को दवाई दी और उनके पास बैठ गया."बेटा माफ़ कर दे उसे! उसने बहुत कुछ भोगा है!" ताई जी पीछे से आईं और बोली. मैंने बस ना में गर्दन हिलाई और साक्षी को लेके एक बार फिर से घर से बाहर आ गया.साक्षी को गोद में लिए मैं ऐसे ही टहल रहा था की पिताजी का फ़ोन आया और उन्होंने मुझे जल्दी से घर बुलाया. मैं घर पहुंचा तो देखा बाहर एक पुलिस की जीप खड़ी हे. अंदर पहुँच कर देखा तो थानेदार और काला कोट पहने वकील एक चारपाई पर बैठे थे और बाकी सब उनके सामने दूसरी चारपाई पर बैठे थे. पिताजी ने मुझे अपने पास बैठने को कहा, थानेदार कुछ बोल रहा था पर मुझे देखते ही चुप हो गया."थानेदार साहब ये मेरा बेटा है, कुछ दिन पहले ही आया हे." पिताजी बोले और थानेदार ने अपनी बात आगे बढ़ाई; "काफी मशक्कत के बाद हमें वो लोग हाथ लगे जिन्होंने मंत्री साहब के घर पर हमला किया था! हमारी अच्छी खासी खातिरदारी के बाद उन्होंने सब कबूल कर लिया हे. इस सब का मास्टरमाइंड कुंवर सिंह नाम का आदमी है जिससे मंत्री साहब की पुरानी दुश्मनी थी! उसी ने वो आदमी भेजे थे मंत्री साहब के पूरे परिवार को मरने के लिए! फिलहाल उसकी तलाश जारी है, हमे लगता है कि या तो वो सरहद पार कर नेपाल निकल गया है या फिर कहीं अंडरग्राउंड हो गया हे. जैसे ही कुछ पता चलेगा हम आपको खबर कर देंगे."

"पर साहब हमारे परिवार को तो कोई खतरा नहीं है?" ताऊ जी ने पूछा.

"नहीं कोई घबराने की बात नहीं है! कुंवर सिंह की दुश्मनी सिर्फ मंत्री जी से थी. हमें नहीं लगता की वो आप पर या अश्विनी पर कोई जानलेवा हमला करेगा|!" थानेदार ने आश्वसन दिया. अब बारी थी वकील साहब के बोलने की, पर उनके कुछ कहने से पहले ही मेरा फ़ोन बज उठा. कॉल नितु का था और मैं उस वक़्त बात नहीं कर सकता था इसलिए मैंने; "थोड़ी देर में बात करता हूँ" कह कर काट दिया.

"देखिये अब जो मैं कहने जा रहा हूँ वो आप सभी के फायदे की है! मंत्री जी तो अब रहे नहीं, नाही उनके खानदान का अब कोई बचा, ले दे कर एक अश्विनी उनकी बहु और उसकी बेटी बची हे. ऐसे में उनकी सारी जायदाद पर अश्विनी का हक़ बनता है, मुझे आपकी आज्ञा की जरुरत है और मैं कोर्ट में क्लेम का केस बना देता हूँ...." आगे वकील साहब कुछ भी कहते उसके पहले ही ताऊ जी बोल पड़े; "नहीं वकील साहब हमें कुछ नहीं चाहिए! मुझे और मेरे परिवार को इन कानूनी पचड़ों से दूर रखो"

"भाई साहब आप दिल से नहीं दिमाग से सोचिये, कल को अश्विनी की बेटी बड़ी होगी उसकी पढ़ाई-लिखाई, शादी-दहेज़ का खर्चा और आप लोग जो अभी इस चार कमरों के घर में रह रहे हो उसकी जगह आलिशान महल में रहोगे! आप क्लेम नहीं करोगे तो इसे पार्टी वाले खा जाएन्गे? फिर आपको क्या मिलेगा? कम से कम ये तो सोचिये की अश्विनी का सुहाग उजड़ा है!" वकील साहब ने अपनी तरफ से सारे तर्क एक थाली में परोस कर हमारे आगे रख दिए पर ताऊ जी का निर्णय अडिग था; "वकील साहब मेरा जवाब अब भी ना है, साक्षी की परवरिश मैं और मेरा परिवार अच्छे से कर सकता हे. उसके लिए हमें किसी की सहायता नहीं चाहिए! इसी दौलत के चलते ये हत्याकांड हुआ है और अब हम इसमें दुबारा पड़ कर फिर से कोई खतरा नहीं उठाना चाहते!" ताऊ जी ने हाथ जोड़ दिए और वकील साहब आगे कुछ न बोल पाए. ताऊ जी कहना सही था क्योंकि ये दौलत मंत्री ने खून से कमाई थी और अब इसे अपना लेना ऐसा था की गरीबों की हाय लेना! वकील साहब और थानेदार के जाने के बाद सब आंगन में बैठ गये.

भाभी ने सब के लिए चाय बनाई और सब कौरा तापने लगे.अश्विनी सब को चाय देने लगी और ताऊ जी ने उसे वहीं बैठने को कहा. "देख बेटी तुझे चिंता करने की कोई जरुरत नहीं हे. हम सब हैं यहाँ तेरे लिए!" ताऊ जी ने अश्विनी के सर पर हाथ फेरते हुए कहा. इतने में उसका रोना छूट गया और गोपाल भैया ने उसे अपने पास बिठाया और उसके आँसू पोछे. सब उसे दिलासा देने लगे और मैं साक्षी को अपनी छाती से चिपकाए खामोश बैठा रहा. ताऊ जी ने जब मुझे खामोश देखा तो वो बोले; "बेटा माफ़ कर दे इसे! तू तो इसका बचपन

से इसका ख्याल रखता आया है, तूने इसकी ख़ुशी के लिए हर वो चीज की जो तू कर सकता था और अब देख इसकी आँखें हमेशा नम रहती हैं! इतनी जिद्द ठीक नहीं!"

"माफ़ करना ताऊ जी, पर मैं इसे माफ़ नहीं कर सकता! इसने मुझे पुछा-नहीं, बताया नहीं और उस लड़के से प्यार करने लगी! मैं शहर में ही रहता था ना, क्या इसने मुझे बताया की ये किसी से प्यार कर रही है? आप ही कह रहे हो की मैं इसका सबसे बड़ा हिमायती था तो इसे तब मेरी याद नहीं आई? चुप-चाप इसने सब कुछ तय कर लिया! ये सब जानती थी. उस मंत्री के बारे में अपनी माँ के बारे में और फिर भी इसने वो कदम उठाया. इसे नहीं पता की उस मंत्री के घर में इसे खून में डूबी रोटियाँ खानी पड़ेंगी? पर नहीं तब तो मैडम जी को इश्क़ का भूत सवार था! जब आप सब मुझे घर से निकाल रहे थे तब ये कहाँ थी? तब बोली ये कुछ आपसे? इसने एक बार भी कहा की 'सागर चाचा' को मत निकालो? मैं आप सब के सामने झूठा बना ताकि इसे पढ़ने को मिले और इसे इश्क़ लड़ाना था तो लड़ाओ भाई!" मैंने आग बबूला होते हुए कहा.

"बेटा जो हुआ उसे छोड़ दे...." पिताजी बोले पर उनकी बात पूरी हो पाती उससे पहले ही मेरा गुस्सा फिर फूटा;

"छोड़ दूँ? आप सब मुझे एक बात बताओ अगर ये हादसा नहीं हुआ होता, ये अपनी जिंदगी सुख से गुजार रही होती तो क्या मैं आज यहाँ बैठा होता? क्या जरुरत रहती इस घर को मेरी! मुझे माफ़ करना ताऊजी, पिताजी, ताई जी और माँ (जो अंदर बैठीं सब देख और सुन रहीं थीं!) पर आप सब तो मुझे घर निकला दे कर 'इसकी' खुशियों में लग गए, आप सब ने त्यौहार भी बड़े अच्छे से मनाये पर आप में से किसी ने भी मेरे बारे में सोचा? मानता हूँ की मैं इसे इडियट की शादी मैं काम करने की बजाए अपनी जॉब और विदेश जाने के बारे में सोचा जो गलत था पर क्या इसकी इतनी बड़ी सजा होती है? आप सब को इसका गम दिखता है मेरा नहीं? पूरा एक साल मैंने आप सब को याद कर के कैसे गुजारा ये मैं जानता हूँ! दिवाली पर मैं रो रहा था की मेरा परिवार मुझसे दूर है! नए साल में मैं अपने माँ-बाप के पाँव छूना चाहता था. उनका आशीर्वाद लेना चाहता था पर मेरे परिवार ने तो जिन्दा होते हुए भी मुझे अनाथ बना दिया था! ऐसी भी क्या बेरुखी थी की आप सब ने मुझे इस कदर काट के खुद से अलग कर दिया जैसे मेरी आपको कोई जरुरत ही नहीं थी! आपको क्या लगा की प्रकाश आपके पास क्यों आया था? क्यों वो शादी ब्याह का काम देख रहा था? उसे पड़ी ही क्या थी पर उसने सिर्फ मेरे कहने पर ये सब किया! मैं तो ना रहते हुए भी आपको सहारा दे गया और मुझे क्या मिला? ताऊ जी के मुँह से बस चार शब्द

सुन कर लौट आया क्यों? क्योंकि मुझे मेरा परिवार प्यारा है!" मैंने कहा तो सब के सर झुक गये.

अब मैं क्या कहता इसलिए उठ कर ऊपर अपने कमरे में जाने लगा तो माँ ने अंदर से मुझे इशारे से अपने पास बुलाया, मैं साक्षी को ले कर उनके पास आया तो उन्होंने मुझे अपने गले लगा लिया और रोने लगीं; "मुझे माफ़ कर दे बेटा! मैं तेरी गुनहगार हूँ...सब की तरह मैं भी स्वार्थी हो गई और अपने ही खून से मुँह मोड़ लिया. मैं तेरे पाँव पड़ती हूँ!" माँ ने मेरे पाँव छूने चाहे तो मैंने उन्हें रोक दिया; "क्यों मुझे पाप का भागी बना रहे हो माँ! जो कुछ भी हुआ मैं उसे भूलना चाहता हूँ पर मुझे जब जबरदस्ती अश्विनी से बात करने को कहा जाता है तो ये सब बाहर आ जाता है! इस घर में मेरे अलावा और ६ लोग हैं जो 'अब' उसे प्यार करते हैं तो फिर मेरे प्यार की उसे क्या जरुरत है?" मैंने कहा तो पीछे से ताई जी आ गईं और बोलीं; "ठीक है बेटा! आज के बाद तुझे उससे बात नहीं करनी ना कर पर हम सब को माफ़ कर दे! हम सब ने बहुत बड़ी गलती की, बल्कि पाप किया है!" ताई जी ने हाथ जोड़ते हुए कहा. माँ और मेरी बात सब बाहर सुन रहे थे और मैं अब किसी को शर्मिंदा नहीं करना चाहता था इसलिए मैंने ताई जी के गले लग कर उन्हें माफ़ कर दिया. एक-एक कर सारे मेरे गले लगे और दुबारा माफ़ी मांगी, अब मैं क्या करता वो मेरा परिवार था और दिल से माफ़ी मांग रहा था. बदला तो ले नहीं सकता था इसलिए उन्हें माफ़ कर दिया! रात में नितु से बात हुई और उसे सब कुछ बताया तो वो मेरे दिल का हाल समझ गई और कोशिश करती रही के मैं उन बातों को दिल से लगा कर फिर गलत रास्ते पर ना भटक जाऊ.

अगली सुबह फिर अश्विनी ने काण्ड किया! साक्षी को दूध पिला कर उसने मुझे दिया और बोली; "अब से ये आपकी जिम्मेदारी है!" उसकी ये बात ताई जी, भाभी, माँ, गोपाल भैया और पिताजी ने सुन ली. ताऊ जी उस टाइम घर पर नहीं थे, इतना कह कर अश्विनी दौड़ती हुई बाहर चली गई. "सागर रोक उसे कहीं कुछ गलत ना कर ले!" पिताजी चिल्लाये मैंने साक्षी को माँ के पास लिटाया और मैं उसके पीछे दौडा. पिताजी और सब लोग जल्दी से बाहर आये, मैंने करीब १०० मीटर की दूरी पर जा कर उसका हाथ पकड़ लिया और उसे खींच कर नीचे पटक दिया. मैंने अश्विनी को कंधे पर उठाया और वो रोते हुए छटपटाने लगी. मैं बस अपने आपको उसे मारने से रोकता रहा वरना मन तो किया अभी उसे एक झापड़ रसीद करूँ! सब ने मुझे उसे कंधे पर लाते हुए देखा तो सब अंदर चल दिये. एक-दो जन मुझे अश्विनी को ऐसे ले जाते हुए देखने लगे तो घर की इज्जत बचने के लिए मैंने हँसता हुआ चेहरा बना लिया ताकि उन्हें लगे की यहाँ मजाक चल रहा हे.

शुक्र है किसी ने कुछ कहा नहीं और वो अपने-अपने रस्ते चले गये. अंदर आंगन में आते ही मैंने उसे जमीन पर पटक दिया और उस पर जोर से चिल्लाया; "खत्म नहीं हुआ तेरा ड्रामा?" फिर मैं इधर-उधर डंडा ढूँढने लगा, रसोई में मुझे एक पतली सी लकडी मिली तो मैं उससे अश्विनी की छिताई करने को उठा लाया. मेरे हाथ में डंडा देख कर पिताजी बीच में आ गए और मेरा हाथ पकड़ लिया; "छोड़ दो पिताजी, आज तो मैं इसके सर से ये खुदखुशी का भूत उतार देता हूँ! आपको बताया नहीं पर कुछ दिन पहले ये कुँए में कूदने गई थी. वो तो मैं सही समय पर पहुँच गया और इसे रोक लिया और आज फिर इसने वही ड्रामा किया." मैं गरजते हुए बोला. "पागल मत बन! वो दुखी है...." पिताजी बोले पर उनकी बात पूरी होने से पहले ही मैं चिल्लाया; "कुछ दुखी-वुखी नहीं है ये! इतना ही दुखी होती और सच में मरना चाहती तो उस दिन उस सूखे कुँए में कूदने ना जाती और आज भी मुझे बता कर, ढिंढोरा पीट कर जाने की क्या जरुरत पड़ी इसे?" मैने रसोई से चाक़ू उठाया और अश्विनी को दिखाते हुए बताया की कैसे करते हैं खुदखुशी. "उस दिन बोला था न, ऐसे चाक़ू ले, यहाँ कलाई में घुसा और चीरते हुए ऊपर की तरफ ले जा!" मैं उस टाइम बहुत गुस्से में था और नहीं जानता था की क्या बोल रहा हूँ, तभी पिताजी ने मुझे एक थप्पड़ मारा और मेरा होश ठिकाने लगाया. अश्विनी जमीन पर पड़ी रोती जा रही थी और मुझसे ये बर्दाश्त नहीं हो रहा था सो मैं साक्षी को ले कर बाहर चला गया.दोपहर को खाने के समय आया, तब तक ताऊ जी भी आ चुका था. और सब आंगन में ही बैठे थे. मैंने साक्षी को माँ के पास लिटाया और पिताजी से हातजोड़ कर अपने व्यवहार के लिए माफी मांगी.ताऊ जी ने मुझे अपने पास बिठाया और प्यार से समझाया की मैं अपने गुस्से पर काबू रखूँ पर जब मैंने उन्हें सारी बात बताई तो सब को समझ आ गया की ये सब अश्विनी का ड्रामा है! वरना अगर उसे मरना ही होता तो ३६ तरीके हैं जान देने के, वो बस सब का ध्यान अपनी तरफ खींचना चाहती थी. सबसे जरुरी बात जो केवल मैं जानता था वो ये की अश्विनी मुझ पर मानसिक दबाव बना रहे थी ताकि मैं उसके बहकावे में आ जाऊँ और फिर से उससे प्यार करने लग जाऊ. पर अब सबकुछ साफ़ हो चूका था और वो ये नहीं जानती थी की ताऊ जी के मन में क्या चल रहा है! वो पूरा दिन सभी उदास थे और चिंतित थे क्योंकि किसी के पास इसका कोई इलाज नहीं था पर ताऊ जी कुछ और सोच रहे थे. दोपहर को सब ने चुप-चाप खाना खाया और मैं माँ के पास बैठा हुआ था और उनके पाँव दबा रहा था. साक्षी सो रही थी और पूरे घर में एक दम सनाटा पसरा हुआ था. मेरा फ़ोन साइलेंट था और उसमें एक के बाद एक नितु के फ़ोन आने लगे थे. फ़ोन कब स्वीच ऑफ हुआ ये तक नहीं पता चला मुझे! रात में ताऊ जी ने भाभी को अश्विनी के पास सोने को कहा ताकि वो फिर से कुछ ना करे!

अगली सुबह चाय पीने के बाद सब आंगन में बैठे थे, मैंने भी सोचा की मुझे आये हुए डेढ़ महीना हो गया है और माँ अब तक उसी कमरे में हे. मैंने आज उन्हें बाहर सब के साथ बैठने की सोची.पिछले कुछ दिनों से मैं माँ की रोज मालिश कर रहा था जिसका असर दिखा और माँ मेरा सहारा लेते हुए बाहर आंगन में आई. माँ ने सबसे पहले सूरज भगवान को नमस्कार किया और फिर चारपाई पर बैठ गई. नाश्ता होने के बाद ताऊ जी ने सब को आंगन में धुप में बैठने को कहा और बात शुरू की; "मैं तुम सबसे एक बात करना चाहता हूँ! भगवान् ने अश्विनी के साथ बड़ा अन्याय किया है, इतनी सी उम्र में उसके सर से उसका सुहाग छीन लिया! वो कैसे इतनी बड़ी उम्र अकेली काटेगी! इसलिए मैं सोच रहा हूँ की उसकी शादी कर दी जाए!" ताऊ जी की बात सुन कर सब हैरान हुए, पहला तो उनकी बात सुन कर और दूसरा की ताऊ जी आज सबसे उनकी राय लेना चाह रहे थे जबकि आज तक वो सिर्फ फैसला करते आये हैं!

"भैया आप जो कह रहे हैं वो सही है, अभी उम्र ही क्या है बच्ची की!" पिताजी बोले और घर में मौजूद सब ने ये बात मान ली. मैं अपनी इसमें कोई प्रतिक्रिया नहीं दी क्योंकि मैं तो साक्षी के साथ खेलने में व्यस्त था. मेरा मन में बस यही था की मैं साक्षी को खुद से दूर नहीं जाने दूँगा फिर चाहे मुझे जो करना पडे. "सागर तू भी बता बेटा?" ताऊ जी ने मुझसे पूछा. "ताऊ जी आप का फैसला सही है! एक नै जिंदगी की शुरुआत करना ही सही होता हे." मैंने कहा. पर मेरा ये जवाब अश्विनी को जरा भी नहीं भाया, वो तेजी से मेरी तरफ आई और साक्षी को मेरे हाथ से लेने लगी. साक्षी ने मेरी ऊँगली पकडी हुई थी और वो मेरी गोद में खेल रही थी. "क्या कर रही है?" मैंने थोड़ा गुस्सा होते हुए कहा. "ये मेरी बेटी है!" अश्विनी ने गुस्से से कहा और उसका ये गुस्सा देख मैं अपने गुस्से पर काबू नहीं कर पाया. "जन्म देने से कोई माँ नहीं बन जाती. तेरी शादी हो रही है ना? जा के अपनी नै जिंदगी की शुरुआत कर. क्यों साक्षी को उसका हिस्सा बना रही है?" मैंने साक्षी को उससे दूर करते हुए कहा. "अच्छा? साक्षी मेरी बेटी है, मैं चाहे जो करूँ उसके साथ तुम होते कौन हो कुछ बोलने वाले?" अश्विनी बोली और उसकी बात सुन कर मुझे बहुत गुस्सा आया. मैंने एक जोरदार तमाचा उसके गाल पर मारा दूसरा तमाचा भी उसके गाल पर पड़ता इसके पहले ही गोपाल भैया ने मेरा हाथ पकड़ लिया और इसका फायदा उठा कर अश्विनी साक्षी को मुझसे छीन कर ऊपर ले गई. अभी वो ऊपर की कुछ ही सीढ़ियां चढ़ी होगी की साक्षी का रोना शुरू हो गया और उसका रोना सुन कर मेरा खून खोल गया.मैंने अश्विनी को रोकना चाहा पर सबने मुझे जकड़ लिया, मैं खुद को सबकी पकड़ से छुड़ाने लगा और छूट कर ऊपर भागना चाहता था ताकि आज अश्विनी की गत बिगाड़ दूँ! "छोड़ दो मुझे पिताजी! आज तो मैं इसे नहीं छोडूँगा!" पर किसी ने मुझे नहीं छोड़ा, सब के सब बस यही कह रहे थे की शांत हो जा सागर! पर मेरे जिस्म में तो आग लगी थी ऐसी आग जो आज अश्विनी को

जला देना चाहती थी. जब मैं किसी के काबू में नहीं आया तो ताई जी ने नीचे से चिल्लाकर अश्विनी को आवाज मारी और उसे नीचे बुलाया. "सागर देख शांत हो जा...हम बात करते हैं!" ताई जी ने कहा पर मैं तो गुस्से से पागल हो चूका था और किसी की नहीं सुन रहा था. आखिर में माँ ही धीरे-धीरे उठीं और मेरे आगे हाथ जोड़ते हुए बोली; "बेटा....मान जा....शांत हो...जा...!" माँ ये कहते-कहते थोड़ा लडख़ड़ाईं तो मैंने एक झटके से खुद को छुड़ाया और उन्हें गिरने से थाम लिया. उन्हें सहारा दे कर बिठाया और गुस्से में उठा पर माँ ने मेरा हाथ पकड़ लिया; "तुझे मेरी कसम बेटा...बैठ यहाँ पे!" इतने में अश्विनी नीचे आ गई और मेरी तरफ देखने लगी. मेरी आँखों में गुस्से की ज्वाला उसे साफ़ नजर आ रही थी जिसे देख कर उसके मन में एक अजीब सी ख़ुशी महसूस हुई. वो अच्छे से जानती थी की मेरा दिल साक्षी के बिना जल रहा है और वो इसी बात पर अंदर ही अंदर मुस्कुरा रही थी. उसकी मुस्कराहट उसके चेहरे पर आ रही थी और मुझे न जाने क्यों साक्षी को खो देने का डर सता रहा था! मेरा गुस्सा मरता जा रहा था और एक पिता का पानी बेटी के लिए प्रेम बाहर आ रहा था. आज चाहे अश्विनी मुझसे जो मांग ले मैं सब उसे दे दूँगा, बस बदले में मुझे मेरी बेटी दे दे! पर वो दिल की काली औरत आज मुझे ऐसा तड़पता देख कर खुश हो रही थी! आखिर एक बाप अपना गुस्सा पीते हुए, आँखों में आँसू लिए बोल पड़ा; "तु चाहती थी न मैं तुझे माफ़ कर दूँ? ठीक है...मैं तुझे दिल से माफ़ करता हूँ पर प्लीज मेरे साथ ऐसा मत कर! साक्षी मेरी जान है, उसे मुझसे मत छीन!" मैंने मिन्नतें करते हुए कहा. "मुझे अब किसी की माफ़ी-वाफी नहीं चाहिए!" अश्विनी अकड़ कर बोली. "तो बोल तुझे क्या चाहिए? जो चाहिए वो सब दूँगा तुझे बस मुझे साक्षी से अलग मत कर!" मैंने घुटनों पर आते हुए हाथ जोड़े पर अश्विनी का कोई फर्क नहीं पड़ा बल्कि वो क्रूरता भरी हँसी हँसने लगी! "अब पता चला की कैसा लगता है जब कोई आपसे आपकी प्यारी चीज छीन ले? यू कर्स मी दॅट डे अँड I लॉस्ट एवरीथिंग.... फकिंग एवरीथिंग! दिस वाज दीं पेबॅक! बहुत प्यार करते हो न साक्षी से? अब तड़पो उसके लिए जैसे मैं तड़प रही हूँ अपने पति के लिए!" मैं हैरानी से उसकी तरफ देख रहा था. क्योंकि मेरा दिल कह रहा था की अश्विनी ने साक्षी को मुझे अपने पाप के प्रायश्चित के रूप में सौंपा था पर ये तो....!!! मैं अभी अपने ख्याल को पूरा भी नहीं कर पाया की अश्विनी बोल पड़ी; "जो सोच रहे हो वो सही है! ये सब मेरा प्लान था.... मैंने ही आपको साक्षी के इतना करीब धकेला और अब मैं ही उसे आप से दूर कर के ये यातना दे रही हूँ! जीयो अब सारी उम्र इस दर्द के साथ, वो सामने होते हुए भी आपकी नहीं हो सकती!" जैसे ही उसकी बात पूरी हुई गोपाल भैया ने उसे एक जोरदार तमाचा मारा. उसके सम्भलने से पहले ही भाभी ने भी एक करारा तमाचा उसे दे मारा. "हरामजादी! इतना मेल भरा हुआ है तेरे मन में? तू पैदा होते ही मर क्यों ना गई? इतनी मुश्किल से ये परिवार सम्भल रहा था पर तुझे सब कुछ जला कर राख करना है!" गोपाल भैया बोले! इस सच का खुलासा होते ही मेरे अंदर तो जैसे जान ही नहीं बची थी.

सांसें जैसे थम गईं और मैं जमीन पर गिर पडा. उसके बाद मुझे कुछ होश नहीं रहा की क्या हुआ....

शाम को जब मेरी आँख खुली तो सब मुझे घेर कर बैठे थे, मैं उठ के बैठा तो माँ की जान में जान आई. पर मेरा मन मेरी बेटी के लिए व्याकुल था और मैं प्यासी नजरों से उसे ढूँढ रहा था. "साक्षी....?" मेरे मुँह से निकला तो भाभी ऊपर साक्षी को लेने गईं, पर अश्विनी ने उसे उन्हें सौंपने से मना कर दिया. वो चिल्लाते हुए बोली ताकि मैं भी सुन लूँ; "मेरे साथ जबरदस्ती मत करना वरना मैं पुलिस बुला लूँगी!" ये कहते हुए उसने भाभी को डराने के लिए अपना फ़ोन उठा लिया पर भाभी को कोई फर्क नहीं पड़ा, उन्होंने पहले तो उसके गाल पर एक झन्नाटे दार तमाचा मारा और फिर उसकी गोद से साक्षी को छीनते हुए बोलीं; "जो करना है कर ले!" नीचे आ कर उन्होंने साक्षी को मेरी गोद में दिया. साक्षी रो रही थी और जैसे ही मैंने उसे अपनी छाती से लगाया तो मेरे जोरों से धड़कते हुए दिल को चैन मिला. मिनट भी नहीं लगा साक्षी को चुप होने में, मैंने उसके छोटे से हाथों में अपनी ऊँगली थमाई और उसे ये इत्मीनान हो गया की उसके पापा उसके पास हे. पर अश्विनी का दिमाग सनक चूका था. उसने पुलिस कंप्लेंट कर दी और नीचे आकर दरवाजा खोल दिया. कुछ ही देर में वही थानेदार आ गया जो उस दिन आया था. पुलिस की जीप का साईरन सुन सब बाहर आ गए थे. मैं और माँ कमरे में अब भी बैठे थे, साक्षी मेरी छाती से चिपकी किलकारियाँ निकाल रही थी. ऐसा लगता था जैसे मानो कह रही हो की प्लीज पापा मुझे अपने आप से दूर मत करो! पर मैं उस वक़्त खुद को बेबस महसूस कर रहा था!

मैं कुछ कह पाता उससे पहले ही एक महिला पुलिस कर्मी और उनके साथ एक हवलदार कमरे में घुस आये और मेरी गोद से साक्षी को लेने को अपने हाथ खोल दिये. मैंने ना में सर हिलाया तो पीछे से थानेदार की आवाज आई; "ये अश्विनी की बेटी है और तुम जबरदस्ती इसे इसकी माँ से छीन कर रहे हो!" मैं उसी वक़्त बोलना चाहता था की ये मेरी भी बेटी है पर मेरे मन में साक्षी को खो देने के डर ने मेरे होंठ सिल दिए थे!

"थानेदार साहब ये अश्विनी का चाचा है!" ताऊ जी बोले.

" साहब आप अश्विनी को समझाइये, कंप्लेंट इसी ने की है और हमारा काम है करवाई करना!" थानेदार बोलै और उसने महिला पुलिस कर्मी को इशारा किया की वो साक्षी को मुझसे छीन ले.वो पुलिस कर्मी भी समझ सकती थी की मैं साक्षी से कितना प्यार करता हूँ, फिर भी उसने जबरदस्ती साक्षी को मेरी गोद से ले लिया पर साक्षी अब भी मेरी ऊँगली पकडे हुए थी जिसे उसने अपने दूसरे हाथ से छुड़वाया! उसने साक्षी को अश्विनी को सौंप दिया और अश्विनी मेरी तरफ देख कर मुस्कुराने लगी और ऊपर चली गई. मैं बस आँखों में

आँसू लिए घुट कर रह गया, मेरा दर्द वहाँ समझने वाला कोई नहीं था. साक्षी के रोने की आवाज सुन मैं आज फिर से टूटने लगा था. जिस्म में जैसे जान ही नहीं बची थी! मैं सर दिवार से टिका कर चुप-चाप बैठा रहा और हिम्मत बटोरने लगा.

थानेदार के जाने के बाद भाभी ने नीचे से अश्विनी को गालियाँ देनी शुरू कर दी थी. ताऊ जी भी गुस्से में भरे थे, घर का हर एक सदस्य अश्विनी के पागलपन के कारन सख्ते में था और उसे कोस रहा था. माँ मेरे सर पर हाथ फेर रहीं थीं पर मेरा दिमाग सुन्न हो गया था उसे सिवाए साक्षी के रोने के और कुछ सुनाई नहीं दे रहा था. "भाभी मुझे समझ नहीं आता की आखिर हो क्या रहा है? क्यों सागर ऐसी हरकतें कर रहा है? साक्षी उसकी बेटी नहीं है फिर भी वो इतना मोह में क्यों बहे जा रहा है?" मेरे पिताजी ताई जी से बोले. पर ताऊ जी मेरे इस मोह को कुछ और ही समझ रहे थे; "तुम सब जानते हो की सागर अश्विनी से कितना प्यार करते आया है! बचपन से एक वही है जो उसकी हर फरमाइश पूरी करता था इतना सब कुछ करने के बाद जब अश्विनी ने उसे बिना बताये शादी की तो वो बहुत गुस्सा हुआ और फिर उस दिन हमने उसे घर से निकाल दिया वो बेचारा टूट गया था! इस कुलटा (अश्विनी) ने साक्षी को जानबूझ कर आगे किया और जबरदस्ती सागर के मन में उसके लिए प्यार पैदा किया और जब सागर का लगाव उससे बढ़ गया तो जानबूझ कर साक्षी को उससे दूर कर दिया. सब कुछ इसने जानबूझ कर किया, हमारे लड़के को इसी ने बरगलाया है! अँधा-लूला जो कोई भी मिलता है बांधो इसे उसके गले और छुट्टी पाओ इस मनहूस से! रही सागर की बात तो उसे कुछ टाइम लगेगा पर वो ठीक हो जाएगा." ताऊ जी ये कहते हुए कमरे के अंदर आये और मेरे सर पर हाथ फेरते हुए बोले; "बेटा...तू चिंता ना कर! हम सब यहाँ हैं तेरे लिए! और सुनो कोई भी उसे इसके आस-पास भटकने मत देना." ताऊ जी ने सबको आगाह किया और भाभी से कहा की वो खाना परोसें.

भाभी खाना परोस कर लाइ पर मैं बस सामने की दिवार को घूर रहा था. मुझे उसमें साक्षी का अक्स दिख रहा था. भाभी ने मेरा हाथ पकड़ कर झिंझोड़ा तो मैं अपने ख़्वाबों की दुनिया से बाहर आया. आँखें आँसू बहने से लाल हो चुकी थीं, भाभी के हाथ में खाना देख कर समझ ही नहीं आया की क्या कहूं? पर फिर माँ की तरफ देखा जो आस कर रहीं थीं की मैं खाना खाऊँ, मैंने एक नकली मुस्कान अपने चेहरे पर चिपकाई और माँ की तरफ थाली ले कर घूम गया.मैंने उसी नकली मुस्कराहट से माँ को खाना खिलाया, माँ बार-बार मना कर रही थीं की पहले मैं खाऊँ पर मैंने जबरस्ती करते हुए उन्हें खिलाने लगा. उनके खाने के बाद मैं थाली ले कर बाहर आया, सब को लगा की मैंने खा लिया पर भाभी जानती थी की मैंने माँ को खिला दिया है, उन्होंने मेरे लिए दूसरी थाली में खाना परोसा पर मैंने गर्दन हिला कर मना कर दिया.

"सागर ऐसे मत करो! क्यों उस हरामजादी के लिए खाना छोड़ रहे हो? उसने तो पेट भर के धकेल लिया, तुम क्यों...." भाभी खुसफुसाती हुए बोली. "भाभी बिलकुल इच्छा नहीं है..... आप बस किसी को कुछ मत कहना!" इतना कह कर मैं घर के बाहर आया और कुछ दूर तक जेब में हाथ डाले चल दिया.

मैं जान बुझ कर घर से निकला था ताकि थोड़ी देर बाद जब मैं घर में घुसूँ तो माँ को लगे की मैं खाना खा रहा था. अकेले चलते हुए मुझे मेरी बेबसी का एहसास कचोटे जा रहा था! साक्षी मेरी बेटी है और जो अश्विनी ने आजतक मेरे साथ किया उससे उसका साक्षी पर कोई हक़ नहीं बनता! साक्षी को उसने एक हथियार की तरह इस्तेमाल कर के मेरे कलेजे को छलनी किया था. उसका बदला तो हो चूका था पर मेरा अभी बाकी था! मेरी बेबसी अब गुस्से में तब्दील हो गई थी. मुझे उसे जवाब देना था.....पर अभी नहीं!

कुछ देर बाद मैं घर लौटा और माँ के सामने ऐसे जताया जैसे मैंने खाना खा लिया हो! माँ को दवाई दी और सोने ऊपर जाने लगा, पर पिताजी ने मेरा हाथ पकड़ कर मुझे रोक लिया; "तू आज अपनी माँ के पास सो जा, वो बहुत उदास थी पूरा दिन" मैंने पिताजी की बात मान ली और माँ के पास लेट गया.रात के १ बजे मैं उठा, अपने गुस्से को निकालने का यही सही समय था. मैं दबे पाँव ऊपर गया और देखा की अश्विनी के कमरे का दरवाजा खुला है, मैंने धीरे से उसे खोला और अंदर पहुंचा. दरवाजे की आहट से अश्विनी उठ गई और उसने लाइट जला दी; "अब क्यों आये हो यहाँ?" अश्विनी अकड़ते हुए बोली. मैंने उसके बाल उसकी गुद्दी से पकडे और उसकी आँखों में झांकते हुए गुस्से से बोला; "बहुत शौक है ना तुझे बदला लेने का? अब देख तू मैं क्या करता हूँ! याद है मैने तुझे क्या कर्स किया था? 'एवरी फकिंग डे विल् बी लाईक हेल फॉर यू!' याद राख इस बात को!" इतना कह कर मैंने उसके बाल झटके से छोड़े और अपने कमरे से फ़ोन का चार्जर ले कर मैं नीचे उतर आया. फ़ोन चार्जिंग पर लगाया और लेट गया, पर नींद नहीं आई! मन में बस साक्षी को पाने की ललक लिए पूरी रात जागते हुए काटी.

सुबह उठ कर मैंने अपना फ़ोन देखा जो पूरा चार्ज हो चूका था. जैसे ही फ़ोन ऑन हुआ उसमें नितु की ५० मिस्ड कॉल्स दिखीं, ये देखते ही मेरी हवा टाइट हो गई! मैं साक्षी को तो लघभग खो ही चूका था. नितु को नहीं खो सकता था. मैंने तुरंत उसके नंबर पर कॉल करना शुरू किया पर उसका फ़ोन स्विच ऑफ था! मैंने ढ़ढ़ढ़ कॉल करने जारी रखे और उम्मीद करता रहा की वो उठा लेगी, पर उसका फ़ोन स्विच ऑफ ही रहा. माँ मुझे ऐसे कॉल करता देख परेशान हो रही थी. मैंने उन्हें कुछ नहीं कहा बस चुपचाप टिकट बुक करने लगा. इतने में डैडी जी (नितु के डैडी) का फ़ोन आ गया.मैं फ़ोन उठा कर आंगन में एक

कोने में खड़ा हो गया; "सागर बेटा सब ठीक तो है? तुम्हारी नितु से कोई लड़ाई हुई? परसों जब से आई है बस रोये जा रही है?" ये सुनते ही मेरी हालत खराब हो गई; "डैडी जी....मैं आ रहा हूँ...३-४ घंटे में पहुँच रहा हूँ!" इतना कहते हुए मैंने फ़ोन काटा और अपना पर्स उठाने भागा; "क्या हुआ? इतना परेशान क्यों है?" पिताजी ने पूछा. "वो मेरा बिज़नेस पार्टनर यहाँ है....मुझे जल्दी जाना होगा ....!" इतना कहते हुए मैं बिना मुँह-हाथ धोये घर से निकल गया.दाढ़ी बढ़ी हुई, बाल खड़े, रात के टी-शर्ट और पजामा पहने ही मैं निकल गया.मन में बुरा विचार आ रहे थे की कहीं नितु कुछ कर ना ले?! अगर उसे कुछ हो गया तो मैं भी मर जाऊँगा! ये सोचते हुए मैं बस में चढा. पूरे रास्ते उसका नंबर मिलाता रहा पर अब भी उसका नंबर बंद था.

कॉलोनी के गेट से नितु के घर तक दौड़ता हुआ पहुँचा और घंटी बजाई, दरवाजा मम्मी जी ने खोला और मेरी हालत देख कर वो हैरान थी. मैंने अपनी साँसों को काबू किये बिना ही हाँफते हुए कहा; "नितु.....कहा...?" मम्मी जी ने मुझे अंदर की तरफ इशारा किया. मैं तेजी से अंदर पहुँचा और देखा तो नितु दूसरी तरफ मुँह कर के लेटी है और अब भी रो रही थी. उसकी पीठ मेरी तरफ थी इसलिए वो मुझे नहीं देख पाई. उसे जिन्दा देखकर मुझे चैन मिला, मैंने अपनी सांसें काबू की और उसके पास पहुँचा और उसे पुकारा; "नितु'ये सुनते ही नितु बिजली की रफ्तार से उठ बैठी और मेरे गले लग गई. मुझे उसकी शक्ल देखना का भी मौका नहीं मिला. नितु का रोना और भी तेज हो गया था और मैं बस उसके सर पर हाथ फेर कर उसे चुप कराना चाह रहा था. "बस-बस...मेरा बच्चा....बस!" मैंने खुद को तो रोने से रोक लिया था पर नितु को रोक पाना मुश्किल था. "मुझे.....लगा.....आप.... अब....कभी नहीं....आओगे!" नितु ने रोते-रोते कहा.

"पागल! ऐसे मत बोलो! आई लव यू! ऐसे कैसे तुम्हें छोड़ दूँगा?" ये सुनने के बाद ही नितु ने रोना बंद किया. पीछे डैडी जी और मम्मी जी ने सब सुना और बोले; "देखा? मैं कहता था न सागर नितु से बहुत प्यार करता है!" डैडी जी बोले और हमने पलट कर देखा तो वो हमें इस तरह लिपटे हुए देख कर मुस्कुरा रहे थे. जब नितु ने मुझे ठीक से देखा तो उसकी आँखें फिर से भर आईं; "ये क्या हालत बना ली है 'आपने'? " नितु बोली. मैं चुप रहा क्योंकि मैं मम्मी जी और डैडी जी के सामने कुछ कहना नहीं चाहता था. उन्हें भी इस बात का एहसास हुआ और दोनों बाहर चले गये. "मेरी छोड़ो और ये बताओ तुमने कैसे सोच लिया की मैं तुम्हें छोड़ कर हमेशा के लिए गाँव रहूँगा? मैंने तुम्हें प्रॉमिस किया था ना की मैं वापस आऊँगा... फिर?" मैंने नितु के आँसू पोछते हुए कहा.

"मैं यहाँ आपको सरप्राइज देने के लिए आई थी. मैंने आपको कितने काल किये पर आपने एक भी कॉल नहीं उठाया! फिर फ़ोन स्विच ऑफ हुआ....मुझे लगा आपने मुझे ब्लॉक कर दिया और अब आप मुझसे शादी करने अब कभी नहीं आओगे!"

"इट वाज अ रफ डे .... वेरी ब्याड ....." मैंने सर झुकाते हुए कहा.

"क्या हुआ? टेल मी?" नितु बोली पर यहाँ कुछ भी कहना मुझे ठीक नहीं लगा और नितु ये समझ भी गई. इतने में मम्मी जी चाय ले कर आ गईं और डैडी जी भी आ गए और वहाँ बैठ गये. "बेटा ये क्या हालत बना रखी है तुमने?" डैडी जी ने पूछा.

"वो दरअसल डैडी जी घर से फ़ोन आया था. सब ने मुझे वापस बुलाया और वहाँ जा कर पता चला की मेरा परिवार बड़े बुरे हाल से गुजर रहा था. मेरी भतीजी के ससुराल वालों को दुश्मनी के चलते किसी ने सब को जान से मार दिया! बस मेरी भतीजी जैसे-कैसे बच गई. तो अभी पूरा घर बहुत परेशान है!" ये सुनते ही मम्मी और डैडी जी को बहुत दुःख हुआ और उन्होंने सब से मिलने की इच्छा जाहिर की; "जी मैं पहले नितु को सबसे मिलवाना चाहता हूँ!" मैंने कहा पर उन्हें एक डर सता रहा था की कहीं मेरे घरवालों ने शादी के लिए मना कर दिया तो? "ऐसा कुछ नहीं होगा डैडी जी! वो मान जाएंगे!" मैंने मुस्कुराते हुए कहा पर ये तो मैं ही जानता था की ये कितनी बड़ी टेढ़ी खीर है! इधर नितु मुझसे मेरी हालत का कारण जानने को बेकरार थी. पर यहाँ तो मैं उसे कुछ बताने से रहा इसलिए वो उठ कर खड़ी हुई और मेरी तरफ अपने बैग से निकाल कर एक तौलिया फेंका; "गेट रेडी!" मैं तथा मम्मी-डैडी उसकी तरफ हैरानी से देखने लगे क्योंकि जो इंसान पिछले ४८ घंटों से बस रोये जा रहा था उसमें अचानक इतनी शक्ति कैसे आ गई? हम सब को हैरानी से उसे देखते हुए वो हँसते हुए बोली; "क्या? हम दोनों घूमने जा रहे हैं!" ये सुन कर मम्मी-डैडी हंस पड़े और मे भी मुस्कुरा दिया. नितु के इसी बचपने का तो मैं दीवाना था!

मैं उठा और तभी मेरा फ़ोन आ गया, "जी पिताजी! नहीं सब ठीक है... जी ...नहीं कोई घबराने की बात नहीं है! मैं परसों आऊँगा? हांजी...कुछ जरुरी काम है!" मैंने जरुरी काम है बहुत धीरे से बोला जिसे कोई सुन नहीं पाया. उसके बाद मैं नहाया और नितु मेरे कुछ कपडे ले आई थी वो पहने और हम घूमने निकले. नितु जानती थी की मैंने कुछ नहीं खाया होगा इसलिए पहले उसने जबरदस्ती मुझे कुछ खिलाया और फिर आंबेडकर पार्क ले आई. वहाँ एक शांत जगह देख कर हम बैठे और नितु ने मेरा दायाँ हाथ अपने हाथ में लिया और सारी बात पूछी. मैंने रोते-रोते उसे सारी बात बताई और ये सब सुन कर उसका पारा चढ़ गया.वो एकदम से उठ खड़ी हुई और मेरा हाथ पकड़ कर खींचते हुए मुझे खड़ा किया और

बोली; "चलो घर, आज इसे मैं जिन्दा नहीं छोड़ूँगी!" मैंने नितु के दूसरे हाथ को पकड़ लिया और उसे अपने गले लगा लिया. "आप क्यों..... मार दो उसे जान से! बाकी सब मुझ पर छोड़ दो!" नितु ने कहा.

"मन तो मेरा भी यही किया था पर उसकी जान ले कर मैं तुम्हें भी खो दूँगा!" मैंने नितु से अलग होते हुए कहा. ये बात सच भी थी क्योंकि फिर मुझे जेल हो जाती और हम दोनों हमेशा-हमेशा के लिए जुदा हो जाते. "तो फिर क्या करें? हाथ पर हाथ रखे बैठे रहे?" नितु ने गुस्से से कहा.

"शादी करेंगे!" मैंने कहा और नितु कुछ सोचते हुए बोली; "ठीक है! चलो आज ही घर चलते हैं!"

"नहीं...आज नहीं.... कल पहले तुम्हारा बर्थडे सेलिब्रेट करते हैं." मैंने कहा.

"पर क्यों? वहाँ जा कर सेलिब्रेट करेंगे!" नितु ने कहा.

"घरवाले इतनी आसानी से हमारी शादी के लिए नहीं मानेंगे और मैं नहीं चाहता की तुम्हारा जन्मदिन खराब हो!" मैंने नितु को फिर से अपने सीने से लगा लिया. नितु मेरी बात समझ गई थी और उसने कल के लिए सारा प्लान भी बना लिया था. पर मैं तो बस उसे अपने सीने से चिपकाए साक्षी की कमी को पूरा करना चाह रहा था. पर जो गर्म एहसास मुझे साक्षी को गले लगाने से मिलता था वो मुझे नितु को गले लगाने से नहीं मिल रहा था. साक्षी की कमी कोई पूरी नहीं कर सकता था!

"आपकी दिल की धड़कनें क्यों तेज हैं?" नितु ने पूछा. अब मैं उसे क्या कहता? शायद वो मेरी बात को समझ ना पाति, या फिर वो इसका कुछ और मतलब निकालती इसलिए मैंने बात घुमा दी; "इतने दिनों बाद तुम्हें गले लगा ना इसलिए दिल बेकाबू हो गया!" पर नितु मुझे अच्छे से जानती थी और ये भी जानती थी की मेरे मन में क्या चल रहा हे. मेरे मन के विचारों और पीड़ा को महसूस कर के नितु डर गई थी. जिस सागर को उसने इतनी मुश्किल से संभाला था कहीं वो फिर से अंतहीन गम की खाईं में न गिर जाए! "अच्छा ये बताओ ये तुमने आजकल मुझे 'आप' कहना क्यों शुरू कर दिया?" मैंने बातों को आगे बढ़ाते हुए कहा वरना नितु को शक हो जाता की मैं अंदर से दुखी हु.

"मम्मी को देख कर! उस दिन मैं जब आपसे बात कर रही थी तो मम्मी ने मुझे टोका और कहा की पति परमेश्वर होता है और मुझे आदर से बात करनी चाहिए जैसे वो करतीं हैं पापा से|" नितु ने बड़े भोलेपन से जवाब दिया. मम्मी जी का तातपर्य था की शादी के बाद वो मुझे आप कहे पर ये नितु का बचपना था जो की उस बात को अभी से मानना चाहता था.

"अच्छा जी? तो ठीक है मैं भी अबसे तुम्हें आप ही कहूँगा?" मैंने कहा.

"नहीं.... इतनी मुश्किल से तो आप तुम पर आये हो अब फिर से आप पर जाना चाहते हो?" नितु ने चिढ़ते हुए कहा.

"यार अगर आप मुझे इज्जत देकर बात कर रहे हो तो मैं भी करुंगा. ये कहाँ लिखा है की सिर्फ पत्नियाँ ही पति को आप कह सकती हैं और पति नहीं?" मैंने तर्क दिया.

"वैसे .... एक बात कहूँ?" नितु ने शर्माते हुए कहा.

"हाय-हाय!! शर्म से गाल लाल हो गए आपके तो?" मैंने नितु की टाँग खींचते हुए कहा.

"ये हम दोनों का एक दूसरे को आप कहना.....एक अजीब सा एहसास दिलाता है! लगता है मानो जिस्म में हजारों तितलियाँ उड़ रही हों! क्या यही प्यार है? नितु ने मेरी आँखों में देखते हुए कहा. उसकी आँखों में मुझे आज अलग ही कसक दिखी, इधर मेरी आँखों में सुनापन था और मुझे अपने जज्बात नितु से छुपाने थे!

"हम्म्म....." इसके आगे मैं कुछ बोल ना पाया और नितु को अपने सीने से लगा लिया.

शाम होने को आई थी इसलिए मैंने नितु से कहा की घर चलते हैं, ठंड में बाहर ठिठुरने से अच्छा है घर जा कर बैठें.तभी घर से फ़ोन आया; "जी .... वो एक जरुरी मीटिंग थी और मैं उसके बारे में भूल गया था. कपडे? जी वो मैंने यहाँ से ले लिए थे..... कल एक और मीटिंग है ....उसके बाद मैं परसों आ जाऊँगा.....और हाँ.....मैं अपने पार्टनर को भी साथ ला रहा हूँ .... जी.... जी ठीक है....माँ से कह दीजियेगा की वो चिंता ना करें!" पिताजी से बात कर के मैंने उन्हें इत्मीनान दिला दिया था की मैं ठीक-ठाक हु. इधर मेरे मुँह से मिलवाने की बात सुन नितु भी बहुत खुश थी! हम घर लौटे तो डैडी जी से थोड़ी डाँट पड़ी; "तुम दोनों की अभी तक शादी नहीं हुई है, ज्यादा इधर-उधर घूमा न करो!" पर मम्मी जी मेरे बचाव में

सामने आईं; "इसे (नितु को) डाँटो सागर को यही ले गई थी. वो तो बेचारा कुछ कहता नहीं इसे!"

"बहुत दिन हुए ना तुझे डाँट खाये?" डैडी जी ने नितु को थोड़ा डराया और नितु का सर झुक गया."सॉरी डैडी जी, नेक्स्ट टाइम से हम दोनों ध्यान रखेंगे!" मैंने नितु का बचाव किया और ये देख डैडी-मम्मी हंस पड़े और हम दोनों हैरानी से उन्हें देखने लगे. "बेटा अभी शादी नहीं हुई और तुम अभी से इसकी गलतियों पर पर्दा डाल रहे हो?" डैडी जी ने हँसते हुए कहा. रात को खाने के बाद मैं वॉक लेने के लिए अकेले निकल पड़ा, जब वापस आया तो नितु नाराज हो चुकी थी; "अकेले क्यों गए? मैं भी चलती!" नितु बोली. "बेबी....दुबारा डाँट खानी है?" मैंने बहुत प्यार से नितु से पुछा तो उसे डैडी जी की डाँट याद आ गई. मैं वाशरूम गया और वापस आया तो नितु ने मेरा हाथ पकड़ा और हम दोनों सोफे पर टी.वी. के सामने बैठ गए, कुछ देर बाद डैडी जी और मम्मी जी भी बैठ गये. नौ बजे और मम्मी-डैडी उठ कर सोने के लिए चले गए, उनके जाते ही नितु मुझसे सट कर बैठ गई. फिर अचानक ही उसने मुझे अपना सर उसकी गोद में रखने को कहा. वो मेरे बालों में उँगलियाँ फेरने लगी; "अगर आप आज ना आते तो मैंने सोच लिया था की मैं अपनी जान दे दूँगी!" नितु बोली. मैं उठ के बैठा और मेरी आँखें आँसुओं से भर गई; "साक्षी को तो मैं खो चूका हूँ अब तुम्हें खोने की ताक़त नहीं रही मुझ में! भूलकर भी कभी ऐसा कुछ मत करना वरना तुम्हारे साथ मैं भी मर जाता!" मैंने कहा तो नितु ने मेरे आँसू पोछे और बोली; "ना आपने साक्षी को खोया है और न मुझे खाओगे!" नितु ने मुस्कुराते हुए कहा, शायद वो जानती थी की उसे क्या करना हे. मेरे दिमाग ने नितु की बात को ठीक से समझा ही नहीं, मुझे लगा की वो मेरा दिल रखने को ऐसा कह रही हे. आगे हम कुछ बात कर पाते उससे पहले ही मम्मी जी आ गईं और हमें ऐसे गले लगे देख कर प्यार से टोकते हुए बोलीं; "बेटा और दो महीने की बात है!" ये सुन कर हम दोनों शर्म से लाल हो गए और दूर-दूर बैठ गये. "चल नितु सो जा!" मम्मी जी बोली. "आप चलो मैं आती हूँ!" नितु ने हँसते हुए कहा और मम्मी जी के जाते ही मेरी गोद में सर रख कर सो गई. मैंने नितु के माथे को चूमा और उसे गोद में ले कर कमरे में आया और धीरे से मम्मी जी की बगल में लिटा दिया. घडी में अभी दस बजे थे और मुझे बारह बजने का इंतजार था. मैं चुपचाप आ कर सोफे पर बैठ गया और फ़ोन में साक्षी की तसवीरें देखने लगा. स्क्रीन पर उसके गालों को सहलाता और उस प्यार को महसूस करने की कोशिश करता. दिल अंदर से बहुत दुखी था और आखिर एक बाप के आँसू छलक ही आये, वो दर्द बाहर ही गया और मैं सोफे पर लेटा उस दर्द को अपने अंदर दफन करने में लग गया पर दर्द को वापस सीने में दफन करना इतना आसान नहीं होता! मुझे ये डर भी सता रहा था की अगर मम्मी-डैडी जी ने मुझे यहाँ ऐसे देखा तो मैं उनसे क्या कहूँगा? उनसे सच भी तो नहीं कह सकता था वरना वो मेरे बारे में क्या सोचते? और फिर

शायद मैं और नितु फिर कभी एक नहीं हो पाते! मैंने अपने आँसू पोछे और टाइम देखा तो घडी में ११:५९ हुए थे, मैं डैडी जी वाले कमरे में आया जहाँ मैंने केक रखा था जो मैंने वॉक पर जाते समय खरीदा था. उसे ला कर मैंने ड्राइंग रूम में रखा और कैंडल जलाएं फिर मैं नितु को उठाने गया.नितु बायीं तरफ करवट ले कर लेटी थी. मैं उसके सामने घुटनों पर बैठ गया, झुक कर उसके गालों को चूमा और खुसफुसाती हुए कहा; "हॅपी बर्थ डे माई वुड बी वाइफ!" ये सुनते ही नितु ने मुस्कुराते हुए आँख खोली और उठ कर बैठी. कमरे में उस वक़्त रोशिनी कम थी इसलिए वो मेरी लाल आँखें नहीं देख पाई और सीधा मेरे गले लग गई. बिस्तर पर हुई हलकजहल से मम्मी जी की आँख खुल गई और उन्होंने साइड लैंप ऑन कर दिया. उन्होंने हम दोनों को गले लगे हुए देखा तो प्यार से बोलीं; "तुम दोनों की शादी जल्दी करनी पड़ेगी वरना तुम दोनों मुझे सोने नहीं दोगे!" पर मम्मी जी की बात सुन कर भी नितु मुझसे चिपकी रही. मम्मी जी नितु का बर्थडे भूल गई थीं इसलिए मैंने अपने होंठ हिलाते हुए उन्हें इशारे से याद दिलाया की नितु का बर्थडे हे. "बेटी थोड़ा तो शर्म किया कर? बर्थडे है तो क्या सागर को छोड़ेगी नहीं?" ये सुन कर नितु मुझसे अलग हुई और उसने मेरी लाल आँखें देख लीं और उसे समझते देर न लगी की ये लाल क्यों है! वो आगे कुछ कहती उससे पहले ही मम्मी जी ने उसे अपने गले लगा लिया और बोलीं; "हैप्पी बर्थडे मेरी लाडो! मेरी लाडो को दुनिया की सारी खुशियाँ मिले!" मैं भी जान गया था की नितु ने मेरी लाल आँखें देख ली हैं और अब वो ज़रूर पूछेगी, इसलिए उससे नजरें चुराते हुए मैं डैडी जी को उठाने चल दिया. डैडी जी को तारिख का अंदाजा नहीं था और उन्हें लग रहा था की बर्थडे परसों है पर मैंने उन्हें यक़ीन दिलाया तो वो उठे और उन्हें बुरा ना लगे इसलिए मैंने उन्हें इस बात के बारे में कुछ नहीं कहा. वो बाहर आये तो ड्राइंग रूम में केक पर मोमबत्ती जलते हुए देखि और वो मेरा प्लान समझ गये. डैडी जी नितु की बाईं तरफ बैठ गए और उसे अपने गले लगा कर जन्मदिन की बधाई दी और बहुत सारा प्यार दिया पर नितु की नजरें मुझ पर गड़ी हुई थी. नितु की नजरें मुझे चुभ रही थीं और मैं आज के दिन को अपना दुखड़ा सूना कर खराब नहीं करना चाहता था. "चलिए केक काटते हैं!" मैंने नितु से आँखें चुराते हुए कहा. केक की बात सुन कर मम्मी जी चौंक गई पर मैं नहीं चाहता था की नितु को लगे की उसके मम्मी-डैडी उसका बर्थडे भूल गए इसलिए मैंने सारा क्रेडिट उन्हें दे दिया. "डैडी जी ने केक मंगवाया है, चलो जल्दी!" इतना कह कर मैं सबसे पहले बाहर आया और सारी लाइट्स जला दीं, पीछे से मम्मी-डैडी और नितु आ गये.

केक पर मैने जानबूझ कर हॅपी बर्थ डे नितु लिखवाया था क्योंकि और कुछ लिखवाता तो हम दोनों ही मम्मी-डैडी के सामने शर्मा जाते! केक काट के वो पहला टुकड़ा डैडी जी को खिलाने लगी पर डैडी जी ने उसका हाथ पकड़ कर मेरी तरफ कर दिया और नितु ने हँसते

हुए मुझे केक खिलाया और फिर मैंने एक छोटी सी बाईट नितु को खिलाई उसके बाद उसने मम्मी-डैडी को खिलाया और हम सारे ड्राइंग रूम में ही बैठ गये. "डैडी कल सुबह हम दोनों बर्थडे सेलिब्रेट करने जाएँ?" नितु ने शर्माते हुए कहा.

"ठीक है....पर रात का डिनर साथ करना है!" डैडी जी ने मुस्कुराते हुए कहा. ये सुन कर नितु खुश हो गई डैडी जी के गले लग गई. कल का प्रोग्राम सेट था तो मम्मी-डैडी और मैं उठ खड़े हुए ताकि सोने जा सकें पर नितु ने मेरा हाथ पकड़ लिया और मुझे बैठने को कहा. मैंने गर्दन ना में हिलाई क्योंकि एक तो मुझे पता था की वो क्या पूछेगी और दूसरा डैडी जी कहीं डाँट ना दे! नितु ने एक दम से मुँह बना लिया और मुझे उसके पास बैठना पड़ा, डैडी-ममममय ने जब देखा तो वो मुस्कुराते हुए बोले; "बेटा ज्यादा देर तक जागना मत!" और वो सोने चले गये. नितु ने मेरा चेहरा अपने हाथों में थाम लिया और बोली; "साक्षी को याद कर के रो रहे थे ना?" साक्षी का नाम सुनते ही मैं खुद को रोक नहीं पाया और आंखें फिर छलक आई. नितु ने मुझे कस कर गले लगा लिया और बोली; "मैं हूँ ना?.... सब ठीक हो जायेगा!" फिर मेरी पीठ पर हाथ फेरती रही ताकि मैं चुप हो जाऊ. बड़ी ताक़त लगी मुझे खुद को संभालने में ताकि मैं नितु का ये स्पेशल दिन अपने रोने-धोने से बर्बाद न कर दूँ! मैंने अपने आँसूँ पोछे और नकली मुस्कराहट होठों पर चिपकाते हुए कहा; "शुक्रिया! चलो अब सो जाते हैं, सुबह का क्या प्लान है?" पर नितु मुझे अच्छे से समझती थी और चूँकि हम घर पर थे इसलिए यहाँ वो कुछ ज्यादा पूछ नहीं सकती थी. "कल का सारा दिन हम साथ स्पेंड करेंगे!" इतना कहते हुए वो खड़ी हुई और एक बार मुझे अपने गले लगा लिया और इस बार मैंने खुद को रोने से रोक लिया. मैंने आशु को उसके कमरे के बाहर छोड़ा और मैं डैडी जी वाले कमरे में आ कर सो गया.

अगली सुबह बड़ी प्यारी थी....नितु मुझे उठाने आई और चूँकि वहाँ मैं अकेला सो रहा था तो उसने मेरे गाल पर अपने होंठ रखे और उन्हें अपने मुँह में भर कर धीरे से काट लिया. इस जोरदार किस से मेरा पूरा शरीर हरकत करने लगा. मैने आँखें खोले बिना ही नितु का हाथ पकड़ कर अपने ऊपर खींच लिया और उसे अपनी बाहों में जकड़ लिया. "ससस....गुड ..... मॉर्निंग!!!" नितु ने मेरे जिस्म के स्पर्श से सीसियाते हुए कहा. मैंने नितु के माथे को चूमा और कहा; "हॅपी बर्थ डे मल्लिकाय हुस्न जी!" नितु शर्मा गई और अपना सर मेरे सीने पर रख कर लेट गई. तभी मम्मी जी आ गईं और अपनी कमर पर हाथ रखते हुए बोली; "हे राम! सुबह-सुबह तुम दोनों का रोमांस चालु हो गया?!" उनकी आवाज सुनते ही नितु छिटक कर खड़ी हुई और बाहर भाग गई. मैं भी उठ के बैठ गया और मम्मी जी मेरे पास आईं और मेरे कान पकड़ते हुए बोलीं; "चल बदमाश बाहर!" मैं बाहर आया और मेरा कान अब भी मम्मी जी के हाथ में था; "सुनते हो जी? जल्दी से शादी कराओ इनकी, ये दोनों दिन ब दिन पागल होते जा रहे हैं!" मम्मी जी की बात सुन कर मेरे और नितु के गाल शर्म से लाल हो गए और डैडी जी जोर से हँसने लगे. "सॉरी मम्मी जी! नेक्स्ट टाइम से ..... " आगे मैं कुछ कह पाता उससे पहले नितु कूदती हुई नजदीक आई और मम्मी जी के गले लगी और उनके कान में बोली; "नेक्स्ट टाइम से आप हमें पकड़ नहीं पाओगे!" इतना कहते हुए नितु खिलखिला कर हँसी और अपने कमरे में भाग गई. "रुक जा बदमाश!" मम्मी जी मेरा कान छोड़ते हुए बोली. डैडी जी जो ये सब सुन नहीं पाए थे पूछने लगे; "क्या हुआ?"

"ये लड़की है न सच्ची बहुत बदमाश हो गई है!" ये कहते हुए मम्मी जी हँस के डैडी जी के पास जाने लगीं और मेरा हाथ भी पकड़ कर साथ ले गई. मुझे उन्होंने डैडी जी के साथ सोफे पर बिठाया और वो मेरे सामने पफ्फी पर बैठ गईं; "बेटा.... मुझे ये कहने की जरुरत तो नहीं पर फिर भी एक माँ हूँ इसलिए कह रही हूँ, इसका बहुत ख्याल रखना! हम दोनों इसे एक बार लघभग खो चुका था. क्योंकि हम इसे समझ नहीं पाए थे, पर वो तुम थे जिसने हमें इसके जज्बात समझाये! इसके मन में तुम्हारे लिए बहुत प्यार है और मैं जानती हूँ तुम भी इसे बहुत चाहते हो, इसलिए इसे हमेशा खुश रखना, बहुत सारा प्यार देना! वो प्यार भी देना जो हम इसे ना दे पाए!" मम्मी जी ने रुंधे गले से कहा. मैं उनके सामने घुटनों पर बैठ गया और बोला; "मम्मी जी मैं आपसे वादा करता हूँ मैं नितु को बहुत खुश रखूँगा, पूरी कोशिश करूँगा की उसकी आँखों में कभी आँसू ना आये!"

डैडी जी ने मेरे सर पर हाथ रखा और कहा; "बेटा मुझे तुम पर पूरा भरोसा है और शुक्रिया की कल रात तुमने केक का सारा क्रेडिट हमें दिया. वरना हम तो भूल ही गए थे!"

"डैडी जी आप केक लाओ या मैं लाऊँ बात तो एक ही है!" इतना कह कर मैं बैठ गया की नितु अपने कमरे के बाहर से चिल्लाई; "क्या प्लानिंग हो रही है?"

"किसने कहा यहाँ तेरी बात हो रही है?" डैडी जी ने उसे प्यार से डाँटते हुए कहा. पर मुझे अपने मम्मी-डैडी के इतने करीब बैठा देख नितु का दिल गदगद हो उठा!

नहा-धो कर हमें निकलते-निकलते बारह बज गए, नितु डैडी जी की गाडी ड्राइव कर रही थी. उसने पहले गाडी एक ठेके के बाहर रोकी और मुझे रेड वाइन लाने को कहा. मैंने उसके हुक्म की तामील की, फिर उसने कुछ खाने के लिए स्नैक्स लेने को कहा और फिर गाडी एक होटल के बाहर रोक दी. "हम यहाँ क्या कर रहे हैं?" मैंने पूछा.

"वही जो हम घर पर नहीं कर पाते!" नितु ने मुस्कुराते हुए कहा.

"यार ये सही नहीं है!" मैंने झिझकते हुए कहा.

"क्यों? घर पर मम्मी-डैडी होते हैं और हम साथ बैठ भी नहीं पाते!" नितु ने कहा तो मुझे इत्मीनान हुआ की नितु 'उस' काम के लिए यहाँ नहीं आई हे. हम ने चेक इन किया और रूम के अंदर आये;

"यार बड़ा अजीब सा लग रहा है?" मैंने कहा तो नितु हँसने लगी; "क्यों डर लग रहा है?" नितु ने पूछा.

"ऐसी जगह एक बॉयफ्रेंड अपनी गर्लफ्रेंड को लाता है 'उस' काम के लिए!" मैंने शर्माते हुए कहा.

"इसीलिए तो लाई हूँ आपको यहाँ! आप तो मुझे कहीं ऐसी जगह ले जाते नहीं, सोचा मैं ही ले जाऊँ?" नितु ने बिस्तर पर गिरते हुए कहा. मैं नितु की बगल में ही लेट गया और नितु ने अपना सर मेरे सीने पर रख दिया और मेरे दिल की धड़कनें सुनने लगी;

"हाय! आपका दिल तो अभी से रोमांटिक हो गया?" नितु बोली.

"रोमांटिक नहीं डर से धड़क रहा है!" मैंने हँसते हुए कहा.

"किस बात का डर?" नितु ने हैरान होते हुए कहा.

"जिस काम के लिए यहाँ लाये हो?" मैंने नितु को चिढ़ाते हुए कहा.

"आपका मन नहीं है?" नितु ने थोड़ा सीरियस होते हुए कहा.

मैंने नितु को एक दम से मेरे नीचे किया और उसके ऊपर झुक कर उसकी आँखों में देखते हुए कहा; "बेबी ये सब सुहागरात तक बचा रहा हूँ मैं! वो रात हमारी एक दूसरे को सौंप देने की रात होगी!" मैंने कहा.

"और अगर वो रात नहीं आई तो?" नितु ने मेरी आँखों में देखते हुए कहा.

"क्या? ऐसा क्यों कह रही हो?" मैंने चिंता जताते हुए कहा.

"कल हम आपके घर जा रहे हैं ना, आपको लगता है की मेरा पास्ट जानकार आपके सब घरवाले मान जायेंगे? उन्होंने अगर इस शादी से मना कर दिया तो? हमें मार दिया तो? मरना तो मैं सह लूंगी पर आपकी जुदाई नहीं सह सकती!" नितु ने कहा.

"मैं तुम्हें कुछ नहीं होने दूँगा! समझ आया? रही हमें अलग करने की तो उसका उन्हें (मेरे घरवालों को) कोई हक़ नहीं हे. हमारी शादी तो हो कर रहेगी चाहे मुझे कुछ भी करना पड़े!" मैंने थोड़ा गुस्सा दिखाते हुए कहा.

"तो मेरे लिए क्या फिर से अपना घर छोड़ दोगे?" नितु बोली.

"हाँ" मैंने इतना कहा और नितु की आँखों में आँखें डाले देखने लगा, वो कुछ कहने वाली थी पर चुप हो गई. उसके होंठ कांपने लगे थे और उसने मुझे किस करने के लिए अपनी बाँहों को मेरी गर्दन पर लॉक कर लिया और मुझे अपने होठों पर झुकाने लगी. मैंने अपनी ऊँगली उसके होठों पर रख दी और उसके दाएँ गाल को चूम लिया. नितु मुस्कुरा दी और बोली; "वैसे आपको सुबह वाली किसी कैसी लगी?"

"बहुत अच्छी, और आगे से मुझे ऐसे ही जगाना!" मैंने हँसते हुए कहा.

हम दोनों उठे और नितु ने गिलास में वाइन डाली और खाने के लिए जो स्नैक्स लिए थे वो खोले और मैं वाशरूम में फ्रेश होने गया.फ्रेश हो कर आया तो नितु पलंग पर बेडपोस्ट को सहारा ले कर बैठी थी और टी.वी. जोर से चल रहा था. मैं भी जूते उतार कर उसकी बगल में बैठ गया;

"टी.वी. की आवाज कम कर दो वरना लोग सोचेंगे की यहाँ 'गर्मागर्म' प्रोग्राम चल रहा है!" मैंने हँसते हुए कहा.

"सही है, उन्हें लगना भी चाहिए!" नितु ने हँसते हुए कहा.

कुछ देर बाद नितु ने मुझे अपनी तरफ खींचा और मेरा सर अपनी गोद में रखा, मेरी शर्ट का कालर पकड़ कर नीचे की तरफ किया जिससे मेरी गर्दन उसे साफ़ नजर आने लगी. धीरे-धीरे उसने अपने होंठ मेरी गर्दन पर रखे और धीरे-धीरे अपनी जीभ से चुभलाने लगी. पता नहीं उसे इसमें क्या मजा आता था पर अगले दस मिनट तक वो इसी तरह मेरी गर्दन के माँस के टुकड़े को कभी धीरे से काटती, कभी उसे चुभलाती और कभी उसे चूसने लगती. दस मिनट बाद जब नितु ने मेरी गर्दन पर से अपने गुलाबी होंठ हटाए तो जितना हिस्सा उसके मुँह में था वो लाल हो चूका था और नितु के मुख के रस की तार मेरी गर्दन और उसके होठों को जोड़े हुए थी. मेरी आँखें बंद थीं जो ये बता रही थीं की मुझे कितना मज़ा आ रहा है! नितु की नजर मेरे अकड़ चुके लिंग पर पड़ी और वो उभार देख उसकी सांसें थम गई. संभोग का डर उसे सताने लगा और उसके हाथ-पाँव काँपने लगे! मेरी आँखें खुलीं और उसकी तेजी से ऊपर-नीचे होती छातियां देख मैं उसके डर को भाँप गया.मैं उठ कर बैठा तो नितु का दिल जोर से धड़कने लगा, मैंने नितु की तरफ देखा तो उसने अपनी आँखें झुका ली. मैं सीधा हो कर तकिये पर सर रख कर लेट गया और अपने दोनों हाथ खोल कर नितु को अपने पास बुलाया. नितु का डर एक सेकंड में फुर्र हो गया और वो आ कर मेरे सीने से लिपट गई और हम दोनों ऐसे ही लेटे रहे. जब नितु के दिल की धड़कन सामन्य हुई तो मैंने उसके कान में खुसफुसाती हुए कहा; "मेरा बेबी डर गया था? आपको क्या लगा की मैं......संभोग....." मैंने थोड़ा अटकते-अटकते कहा और ये सुन नितु ने हाँ में सर हिलाया. "आववव्वव्व .... मेरा बेबी! डोन्ट वरी!" फिर हम ऐसे ही लिपटे सो गए, वाइन की कुछ खुमारी थी बाकी नितु के जिस्म की गर्माहट जिसने मुझे और नितु को सुला दिया.

शाम ५ बजे डैडी जी का फ़ोन आया तब हम उठे और मुँह-हाथ धो कर निकले और घर पहुंचे. कपडे बदल कर हम सब निकले, आगे मैं और डैडी जी बैठे थे और पीछे नितु और मम्मी जी.पार्किंग में गाडी पार्क कर के हम सब अंदर जा रहे थे की मैंने एक कॉल का बहाना बनाया और १० मिनट के लिए बाहर रुक गया! मैं जल्दी से अंदर आया तो नितु की नजरें बस मुझे ही ढूँढ रही थी. "सॉरी जी....वो घर से कॉल आया था!" मैंने डैडी जी को झूठ बोलते हुए कहा. नितु घर का कॉल सुनते ही थोड़ा चिंतित हो गई. मैंने गर्दन ना में हिला कर उसे कहा की कोई सीरियस बात नहीं है तब जा कर उसे इत्मीनान हुआ. खाना आर्डर हुआ और वहाँ बॉलीवुड के गाने बजने लगे, कोई शोर शराबा नहीं था बस सॉफ्ट म्यूजिक बज रहा था. इधर मम्मी जी ने मेरी गर्दन पर लाल निशान देख लिया और पुछा की ये कैसे हुआ, मैंने थोड़ा शर्माते हुए कहा "एक मच्छर ने काट लिया!" ये सुनते ही नितु ने टेबल के नीचे से मुझे पैर मारा और मैं हँसने लगा. डैडी जी मेरी बात समझ गए और वो भी हँस पडे. नितु ने जब उन्हें हँसते हुए देखा तो वो शर्म से लाल हो गई.

फिर डैडी जी ने शादी की बातें शुरू की, वो मेरे घर आना चाहते थे और मैंने उन्हें कहा कि कल नितु को मिलवा कर वापस आता हूँ और फिर आप सब मिल लीजियेगा, इतने में खाना आया और हमने खाना शुरू किया. डेजर्ट आर्डर करने के बाद मम्मी जी और नितु वाशरूम चले गए और मुझे डैडी जी से कुछ पूछने का मौका मिल गया."डैडी जी.... एक बात पूछनी थी?" मैंने थोड़ा झिझकते हुए कहा.

"क्या हुआ बेटा? बोलो?" डैडी जी ने मुझे इज्जाजत दी फिर भी मैंने थोड़ा डरते हुए कहा; "वो.......वो मैं ....नितु को अभी प्रोपोज़ करना चाहता था!" डैडी जी ने कहा; "भई इसमें पूछने की क्या बात है?" कुछ देर बाद जब नितु और मम्मी जी आये तो मैंने खड़े हो कर नितु का हाथ पकड़ लिया और उसे बैठने नहीं दिया. मैं एक घुटने पर झुका और जेब से रिंग की डिब्बी निकाली और कहा; "थोड़ा बुद्धू हूँ, थोड़ा स्टुपिड हूँ, थोड़ा पागल हूँ पर जैसा भी हूँ तुमसे बहुत प्यार करता हूँ! विल् यू म्यारी मी?" नितु ख़ुशी से कूद पड़ी और हाँ में गर्दन हिलाते हुए अपना बायाँ हाथ आगे कर दिया. मैंने नितु को अंगूठी पहनाई और उठ के खड़ा हुआ. नितु फ़ौरन मेरे गले से लग गई और बोली; "आई लव यू!" मम्मी-डैडी भी उठ खड़े हुए और हमें अपने गले लगा लिया. बहुत सारा आशीर्वाद दिया और बहुत सारा प्यार दिया. डेजर्ट आ गया था और वो खाने के बाद डैडी जी ने जबरदस्ती बिल पे किया. फिर हम घर आ गये, मम्मी जी ने सब को सोने के लिए कहा क्योंकि कल सुबह नितु और मुझे घर के लिए जल्दी निकलना था. पर नितु कहाँ सोने वाली थी. चेंज करने के बाद मैं पानी पीने किचन जा रहा था की वो मुझे खींच कर सोफे पर ले आई. टी.वी ऑन कर के हम

दोनों बैठ गए, ड्राइंग रूम में आज काफी सर्दी थी पर नितु ने सारि तैयारी कर रखी थी. नितु ने एक डबल वाला कंबल अपने और मेरे ऊपर डाल दिया. अपने घुटने उसने अपनी छाती से चिपका लिए और मेरे कंधे पर सर रख कर टी.वी. देखने लगी. "बेबी! आज रात सोना नहीं है क्या?" मैंने खुसफुसाते हुए कहा. नितु ने ना में गर्दन हिलाई और कंबल के अंदर मेरा दायाँ हाथ पकड़ लिया. दस मिनट बाद मम्मी जी नितु को बुलाने आई; "बेटी सो जा और सागर को भी सोने दे! कल सुबह तुम दोनों को जाना है!"

"मम्मी मैं बस थोड़ी देर में आ रही हूँ!" नितु ने उनकी तरफ देखते हुए कहा. मम्मी जी मुस्कुरा दीं और सोने चली गई. उनके जाते ही नितु ने मेरी गोद में सर रख दिया; "वैसे बेबी ....थैंक यू!" मैंने कहा.

"क्यों?" नितु ने पूछा.

"आपने मेरा इतना ध्यान रखा, एक पल भी मेरा ध्यान साक्षी पर जाने नहीं दिया. उसके लिए..." मैंने कहा तो नितु मुस्कुरा दी फिर कुछ सोचते हुए बोली; "आज रात हम यहीं सोते हैं?"

"क्यों बेबी? मैंने थोड़ा हैरान होते हुए कहा.

"बस ऐसे ही, आज आप से अलग सोने को मन नहीं कर रहा है!" मैं समझ गया की उसके मन में कल के लिए डर पैदा हो चूका हे.

"बेबी कल कुछ नहीं होगा! एवरीथिंग विल् बी फाइन!" मैंने नितु को आश्वासन दिया पर उसका दिल इस आश्वासन को मानने वाला नहीं था.

"कल अगर हम नहीं रहे.... तो कम से कम ये रात तो याद रहेगी ना?" नितु की आँखें छलक आई. मैंने नितु को उठा के बिठाया और उसके चेहरे को अपने हाथों में थाम लिया; "तुम्हें पता है आज ही मैंने मम्मी-डैडी से वादा किया है की मैं तुम्हारी आँखों में आँसू का एक कतरा नहीं आने दूँगा और तुम हो की रो रही हो? क्यों मुझे झूठा बना रही हो?आई प्रॉमिस तुम्हें कुछ नहीं होगा!" मैंने कहा.

"और अगर आपको कुछ हो गया तो? मैं तो तब भी मर जाऊँगी!" नितु ने अपने आँसू पोछते हुए कहा.

'किसी को कुछ नहीं होगा!" मैंने कहा पर इस बार मेरी बात में वजन कम था. मैं मन ही मन तैयारी कर चूका था की अगर हालत बिगड़े और हालत ऐसे बने जैसे तब बने थे जब भाभी वाला काण्ड हुआ तो मुझे कैसे भी कर के नितु को बचाना हे. उसे मेरी वजह से कुछ नहीं होना चाहिए! उस काण्ड के बारे में सोचते ही मेरे रोंगटे खड़े हो गए थे!

सुबह नाहा धो कर तैयार हुए और नाश्ता कर के मैं और नितु मम्मी-डैडी का आशीर्वाद ले कर निकले.मम्मी-डैडी ने कहा था की अगर मेरे घर वाले नहीं माने तो वो खुद चल कर बात करेंगे और हम दोनों बस मुस्कुरा कर हाँ में गर्दन हिला कर रह गए थे. घर के बाहर से ऑटो किया और ऑटो मैंने बैठते ही नितु ने मेरा हाथ थाम लिया, आज नितु की पकड़ में कठोरता थी और डर भी छलक रहा था. ऑटो से हम बस स्टैंड उतरे और फिर बस में बैठ गये. बस में भी नितु ने हाथ पकड़ा हुआ था. मैंने नितु का हाथ एक बार चूमा और नितु के चेहरे पर मुस्कराहट आ गई. कुछ देर बाद जब बस हॉल्ट के लिए रुकी तो मैंने घर फ़ोन कर दिया; "जी पिताजी.... मैं बस रास्ते में हूँ....हाँ जी...मेरे साथ ही है... जी एक बजे तक पहुँच जाऊंगा. आप सब घर पर ही हैं ना? जी ठीक है... ओके जी!" मैंने कॉल काटा और नितु बोली; "क्या कहा पिताजी ने?"

"वो पूछ रहे थे की अपने बिज़नेस पार्टनर को साथ ला रहा है ना? और फिर मैंने पुछा की सब घर पर ही हैं ना तो उन्होंने कहा की सब हमारा ही इंतजार कर रहे हैं." ये सुन कर नितु के दिल की धड़कनें तेज हो गईं, उसके हाथ काँपने लगे थे. मैंने नितु को कस कर अपने गले लगा लिया और नितु ने जैसे-तैसे खुद को संभाला. कुछ समय बाद बस ने हमें बस स्टॉप उतारा और वहाँ से १५ मिनट की वॉक थी. मैं और नितु हाथ पकडे चल रहे थे और हर एक कदम आगे बढ़ाते हुए दोनों के दिलों की धड़कनें तेज होती जा रही थी. जब मुझे घर दूर से दिखाई देने लगा तो मैंने बात शुरू की; "बेबी! अगर मैं आपसे कुछ माँगू तो आप दोगे?"

"हाँ" नितु ने एक दम से कहा.

"प्रॉमिस?" मैंने पूछा.

"प्रॉमिस!" नितु ने आत्मविश्वास से कहा.

"अगर अभी हालात बिगड़े और बात मरने-मारने की आई तो आप यहाँ से भाग जाओगे! मैं जितनी देर तक हो सकेगा सब को रोकूँगा पर आप बिना पीछे मुड़े भागोगे! मेरे अल्वा यहाँ आपको कोई नहीं जानता, आपके घर का पता कोई नहीं जानता तो आप यहाँ बिलकुल नहीं रुकोगे! समझे?" मैंने एक साँस में कहा. ये सुनते ही नितु एकदम से ठिठक कर रुक गई. उसकी आँखें भर आईं और वो ना में गर्दन हिलाने लगी. "नितु आपने अभी प्रॉमिस किया था ना?" पर नितु अब भी ना में गर्दन हिला रही थी. मैंने नितु के दोनों कंधे पकडे और उसे समझाया; "बेबी...मैंने मम्मी-डैडी को प्रॉमिस किया था.... मेरा परिवार कैसे

रियाक्ट करेगा मुझे नहीं पता ये सिर्फ एक इमरर्जन्सी प्लॅन है! कम से कम आप भाग कर मेरे लिए मदद तो ला पाओगे ना? प्लीज... इस सब में आपको कुछ नहीं होना चाहिए! प्लीज....मेरी बात मानो! आपको मेरी कसम!" मेरे पास जो भी तर्क थे मैंने वो सब दे डाले पर नितु नहीं मानी! "मरना है तो साथ मरेंगे!" नितु ने रोते हुए कहा. नितु की बात सुन कर मुझे उस पर गर्व हो रहा था. वो पीठ दिखा के भागना नहीं चाहती थी बल्कि मेरे साथ कंधे से कन्धा मिला कर हालात से लड़ना चाहती थी! मैंने नितु के आँसू पोछे और उसका हाथ पकड़ कर फिर से घर की ओर चल दिया.

जब घर करीब ५० कदम की दूरी पर रह गया तो नितु ने मेरा हाथ छोड़ दिया ताकि हमें कोई ऐसे ना देख ले.आखिर घर पहुँच कर मैंने दरवाजा खटखटाया और दरवाजा ताऊ जी ने खोला, जहाँ मुझे देख कर उन्हें ख़ुशी हुई वहां जैसे ही उनकी नजर नितु पर पड़ी उनके ख़ुशी फ़ाख्ता हो गई! वो बिना कुछ बोले अंदर आ गए और आंगन में सब के साथ बैठ गये. "ताऊ जी, ताई जी, माँ, पिताजी, भाभी और भैया ये हैं नीता साहिवाल, मेरी बिज़नेस पार्टनर जिसने मेरे मुश्किल समय में मुझे संभाला और फिर अपने साथ बिज़नेस में पार्टनर की तरह काम करने का मौका दिया." ये सुनने के बाद ताऊ जी को इत्मीनान हुआ, उन्हें लगा था की मैं और नीता शादी कर के यहाँ आये हैं!

नितु ने सब को हाथ जोड़ कर नमस्कार किया और एक-एक कर सब के पाँव छुए.सब ने उसे आशीर्वाद दिया और ख़ास कर माँ ने उसे अपने गले लगा लिया! "बेटी...मेरे पास शब्द नहीं है..... तेरा बहुत बड़ा एहसान है!" माँ ने रुंधे गले से कहा. "माँ एहसान कह कर मुझे शर्मिंदा मत करो!" नितु ने बड़े प्यार से माँ से कहा. अश्विनी उस वक़्त सबसे पीछे खड़ी थी और चूँकि मैं ने अश्विनी से नितु का तार्रुफ़ नहीं कराया था इसलिए वो सड़ी हुई सी शक्ल ले कर पीछे खड़ी रही. नितु उसके पास नहीं गई और गोपाल भैया से नमस्ते कर के वापस मेरे साथ खड़ी हो गई. "बहु बेटा चाय रखो!" ताऊ जी ने भाभी से कहा पर मैंने भाभी को रोक दिया; "भाभी रुक जाओ, आप बैठो कुछ बात करनी है!" मैंने थोड़ा गंभीर होते हुए कहा. "पिताजी कुछ दिन पहले आप ने कहा था ना शादी कर ले! तो मैंने नितु से शादी करने का फैसला किया हैं!" मैंने एक गहरी सांस ली और पूरी हिम्मत जुटाते हुए कहा. घर वाले कुछ कहते उसके पहले ही अश्विनी पीछे से बोल पड़ी; "अच्छा? ये तो वही हैं ना जिनके पति के यहाँ आप पहले ऑफिस में काम करते थे! फि उसी पति ने कोर्ट में डाइवोर्स का केस किया था और कहा था की तुम्हारे इनके साथ नाजायज तालुकात हैं!" ये सुनते ही मैं गुस्से से उठने लगा तो नितु ने मेरा हाथ पकड़ के रोक दिया. उसे भी जानना था की अश्विनी के मन में कितना ज़हर भरा हैं! "और हाँ...वो बंबई जाना, ट्रैन में इनका आपकी गोद में सर रख कर लेटना प्रकाश भैया के चाचा ने भी तो देखा था ना? फिर एक ही होटल

में, एक ही कमरे में मिस्टर अँड मिसेस सागर मौर्य बन कर रात बिताना! ये सब भी तो बताओ!" अश्विनी बोली और फिर वही घिनौनी हँसी उसके होठों पर आ गई! ये सब सुन कर सारे घर वाले अवाक मुझे देखने लगे.

"ये सच हैं की मैं नीता के पति के ऑफिस में ही काम करता था पर तब हमारा रिश्ता सिर्फ एक मालिक और नौकर का था. मुंबई जाने का प्लान बॉस ने बनाया था और मुझे फँसाने के लिए उसने मुझे इनके साथ भेजा था. ट्रैन में कुछ नहीं हुआ, वहाँ मेरी गोद में इनका सर रख कर लेटना सिर्फ और सिर्फ इसलिए था क्योंकि हमारी बोगी में दो गुंडे जैसे लड़के थे जो नीता को गन्दी नजर से देख रहे थे. हम ने बस मिल के नाटक किया ताकि वो कोई गलत हरकत न करें! मुंबई पहुँचते-पहुँचते हमें देर रात हो गई थी. वहाँ कोई होटल नहीं मिला तो मजबूरन हमें एक कमरे में रात गुजारनी पड़ी वो भी अलग-अलग बिस्तर पर! पिताजी, ताऊ जी आप तो मुझे जानते हैं क्या आपको लगता हैं की मैं कभी किसी की मजबूरी का कोई फायदा उठाऊँगा? या कोई ऐसी हरकत करूँगा? वो आदमी बहुत नीच था और इनसे छुटकारा पाना चाहता था. उसने इन्हें कभी कोई सुख नहीं दिया. पत्नी होने का कोई एहसास नहीं दिलाया और दिलाता भी कैसे उसका खुद बाहर चक्कर चल रहा था!" मैंने घर वालों को सारी सफाई दी.

"कमाल है! अब तक तो सुना था की काजल की कोठरी में कैसो ही सयानो जाय एक लीक काजल की लागे है तो लागे है, पर यहाँ तो सब के दामन दूध के धुले हैं!" अश्विनी फिर बोली और ये सुनते ही मैं भुनभुना गया और जोर से चिल्लाया; "शट दीं फक अप!" मेरी गर्जन सुन ताऊ जी गुस्से में दहाड़े; "तेरा दिमाग खराब हो गया है? होश में है या नशा कर के आया है? ये लड़की ना हमारी ज़ात की, ऊपर से तलाकशुदा!"

"उम्र में भी बड़ी है!" अश्विनी फिर चुटकी लेते हुए बोली पर इस बार ताऊ जी ने उसे गुस्से से चुप करा दिया; "मुँह बंद कर अपना!"

क्या ज़ात-पात देख रहे हैं आप ताऊ जी? हमारी कौन से ज़ात वाले ने आज तक मदद की है? जब घर के हालात खराब थे तब किसने आ कर पुछा था?" मैंने ताऊ जी से पूछा. मेरा आत्मविश्वास देख उनका गुस्सा भड़क उठा और वो अपने कमरे में तेजी से घुसे और दिवार पर टंगी दुनाली ले आये. दुनाली का मुँह नितु की तरफ था और हालाँकि अभी तक ताऊ

जी ने बन्दूक नितु पर तानी नहीं थी पर मुझे नितु के लिए डर लगने लगा था. इधर नितु भी बहुत घबरा गई थी. मैं तुरंत नितु के आगे आ गया ताकि अगर गोली चले भी तो पहले मुझे लगे नितु को नही. घरवाले सब डरे-सहमे खड़े थे, माँ, ताई जी और भाभी रो रही थीं और पिताजी सर झुकाये खड़े थे. वो आज तक अपने बड़े भाई के खिलाफ नहीं गए थे. "ताऊ जी किसे गोली मारेंगे आप? इस लड़की को जिसने मेरी जान बचाई! मर गया होता मैं और आपको तो मेरी लाश देखना भी नसीब नहीं होती अगर ये लड़की ना होती तो!" मैंने कहा पर ताऊ जी पर इसका तर्री भर भी असर नहीं हुआ. वो फिर से गुस्से से चिंघाड़ते हुए बोले; "तुझे शहर जाने देना मेरी सबसे बड़ी भूल थी. ना तू वहाँ जाता ना इस लड़की की बातों में आता!"

"मैं किसी की बातों में नहीं आया! आपको इस शादी से समस्या क्या है? आपने अश्विनी की शादी के समय तो कुछ नहीं कहा? वो मंत्री कौन सा हमारी ज़ात का था? उसने तो सारे काम ही गंदे किये थे, कितने लोगों के खून से हाथ रेंज थे उसके! नितु के माँ-बाप तो सीधे-साढ़े पढ़े लिखे लोग हैं!" मैंने कहा.

"वो ऊँची ज़ात का था...." ताऊ जी गुस्से से बोले और उनकी बात पूरी होती उससे पहले ही मैं बोल पड़ा; "तो ये कौन सी किताब में लिखा है की अपने से ऊँची ज़ात में शादी करो पर नीची ज़ात में नहीं! और आपको क्या लगता है की मंत्री ने अपने बेटे की शादी अश्विनी से क्यों की? अपने बेटे के प्यार के आगे झुक कर और अपना वोट बैंक बढ़ाने के लिए वो आपके घर आया था!" मैंने एकदम सच बात कही जो ताऊ जी को बहुत चुभी और उन्होंने फ़ौरन बन्दूक मेरे ऊपर तान दी! माँ, ताई जी और भाभी सब ताऊ जी से गुहार करते रहे की वो ऐसा ना करें पर ताऊ जी के कान उनकी गुहार नहीं सुन सकते थे! पिताजी भी उन्हें रोकने को दो कदम बढे पर ताऊ जी की आँख में अंगारे देख रुक गए और सर झुका कर खड़े हो गये. इधर मैं और नितु समझ चुका था. की आज के दिन हम दोनों ही आज मार दिए जायेंगे और शायद इसके बारे में किसी को पता भी ना चले! नितु पीछे खड़े रोने लगी थी और उसके रोने की आवाज सुन कर मेरा दिल बहुत दुःख रहा था. मुझे कैसे न कैसे करके नितु को यहाँ से निकालना था. पर मुझे ताऊ जी के सामने अडिग खड़ा देख कर नितु में हिम्मत आ गई और वो पीछे से निकल कर मेरे सामने खड़ी हो गई और बोली; ताऊ जी रुक जाइये! आपको जान लेनी है तो मेरी ले लीजिये, इनकी (सागर की) जान ले कर आप सारी उम्र खुद को माफ़ नहीं कर पाओगे. मैं तो वैसे भी इस घर की नहीं हूँ तो मेरी जान ले कर आपको उतना दुःख नहीं होगा!" मैं ने नितु का हाथ पकड़ लिया और उसे पीछे करने जा रहा था की ताऊ जी बोल पड़े; "मुझे तेरी जान लेने का भी कोई शौक नहीं है! निकल जा इस घर से भी और सागर की जिंदगी से भी!" ये सुनते ही नितु ने अपना हाथ

मेरे हाथ से छुड़ा लिया और रोती हुई जाने को पलटी, पर मैंने उसका हाथ एक बार फिर पकड़ लिया; "मर तो मैं वैसे भी जाऊँगा!" मैंने कहा तो नितु एक पल को रुकी और मेरी आँखों में देखते हुए बोली; "मैं यहाँ आपको आपके परिवार के हाथों मरवाने नहीं आई थी. मैं तो यहाँ सब का आशीर्वाद लेने आई थी! पर अगर ताऊ जी नहीं चाहते की ये शादी ना हो तो, मैं बस उनसे आपको माँग सकती हूँ छीन नहीं सकती! अपने परिवार के बिना आप कितना तड़पे हो ये मैंने देखा है और फिर उसी तरह तड़पते हुए नहीं देखना चाहती!" नितु ने रोते हुए कहा. "तो तुम भी मुझे छोड़ दोगी? फिर उसी हाल में जिससे बाहर निकाला था?" अब तो मेरे आँसूँ भी बह निकले थे! "मजबूर हूँ!" नितु ने बिलख कर रोते हुए कहा. मैंने तेजी से नितु को अपने पास खींचा और उसे अपने गले लगा लिया और आँखों में गुस्सा लिए ताऊ जी को देखा और जोर से चिल्लाया; "मार दो हम दोनों को! और इसी आंगन में गाड़ देना! रोज हमारी कबर पर बैठ कर अपनी इज्जत और शानोशौकत की पीपड़ी बजाते रहना." इतना कह कर मैं नितु को खुद से समेटे हुए बाहर की तरफ बढ़ने लगा. ताऊजी मेरी गर्जन सुन कर काँप गए थे पर उनका अहम उनके ऊपर हावी था! उन्होंने दुनाली मेरी पीठ पर तान दी, सेफ्टी लॉक खोला और ट्रिगर दबाया......... धाँय!!! गोली चली और छत पर जा लगी. पिताजी ने आगे बढ़ कर ताऊ जी की बन्दूक की नली छत की तरफ कर दी थी जिससे गोली छत में जा घुसी! मैं और नितु एक दम से रुक गए, नितु को लगा की वो गोली मेरे जिस्म में घुसी है और उसके प्राण सूख गए, पर जब उसने मुझे ठीक ठाक देखा तो उसकी जान में जान आई. इधर अश्विनी को देख कर ऐसा लग रहा था जैसे उसे उसके हिस्से की ख़ुशी लगभग मिल ही गई हो!

हम दोनों पलटे और देखा की पिताजी जीवन में पहलीबार अपने बड़े भाई की आँखों में आँखें डाल कर देख रहे हैं और तेजी से सांस ले रहे हे.

"ये आप क्या करने वाले थे भाईसाहब? मेरे बेटे पर गोली चलाई आपने? मेरे बेटे पर?" इतना कहते हुए पिताजी ने झटके से उनके हाथ से बन्दूक छीन ली और दूर फेंक दी. "रुक जा सागर, तू कहीं नहीं जाएगा! आजतक मैने हर वो काम किया है जो इन्होने (ताऊ जी ने) कहा, चाहे सही या गलत अपने बड़े भाई का हुक्म समझ मैं वही करता आया. इन्होने उस दिन कहा की सागर को घर से निकाल दे तो मैंने वो भी किया पर आज इन्होने तुझ पर बन्दूक तान दी और गोली चलाई, ये मैं नहीं सहन करूँगा!" पिताजी बोले और ताऊ जी बस पिताजी को घूरते रहे. इधर मेरी माँ भाभी का सहारा ले कर आगे बढ़ी और ताऊ जी से बोली; "ब्याह के बाद मैंने आपको और दीदी को अपने माँ-बाप माना और आप दोनों ने भी मुझे बेटी की तरह प्यार दिया. बेटे को खो देने का गम मैं जानती हूँ, भले ही पिछली बार मैं कुछ बोल नहीं पाई पर सागर की कमी मुझे हमेशा खलती थी! आप भी तो जानते हो की

बेटा जब घर नहीं होता तो घर का क्या ख्याल होता है? गोपाल भैया जब अस्पताल में था तब आप ने दीदी की हालत देखि थी ना? मुझ में अब अपने बेटे को दुबारा खोने की ताक़त नहीं है, आजतक मैंने आपसे कुछ नहीं माँगा.....आज पहली और आखरी बार माँगती हूँ..." माँ ने अपना आँचल ताऊ जी के सामने फैला दिया और बोलीं; मेरी झोली में मेरे बेटे का प्यार डाल दो, उसे इसी लड़की से शादी करने दीजिये!" माँ की हिम्मत देख ताई जी और भाभी भी माँ के साथ खड़े हो गये."सागर की हालत देखि थी न उस दिन? क्या करेंगे हम जी कर हमारे बच्चे ही खुश नहीं हैं तो?" ताई जी रोती हुई बोली. "पिताजी सागर अब बच्चा नहीं हैं, सोच समझ कर फैसला लेते हैं! आप ने कितनी बड़ाई की है सागर की और आज आप गुस्से में कैसी अनहोनी करने जा रहे थे?" गोपाल भैया बोले. भाभी कुछ बोल ना पाइन क्योंकि वो ताऊ जी से बहुत डरती थीं इसलिए उन्होंने केवल ताऊ जी के आगे हाथ जोड़ दिये. घर के सारे लोग मेरी तरफ आ चुका था.

खुद को यूँ अकेला देख ताऊ जी की आँखें झुक गई. उन्हें एहसास हुआ की उनका झूठा घमंड लगभग हमारे परिवार का अंत कर देता. ताऊ जी आँखों से पछतावे के आँसूँ बह निकले, उन्होंने अपनी बाहें खोल कर मुझे और नितु को अपने पास बुलाया. हम दोनों जा कर ताऊ जी के गले लग गए और ताऊ जी ने हम दोनों के सर चूमे और बोले; "मुझे माफ़ कर दो मेरे बच्चों! मैं गुस्से से अँधा हो चूका था! तुम सब ने आज मेरी आंखें खोल दीं! तुम दोनों की शादी बड़े धूम धाम से होगी और तुम दोनों को वो हर एक ख़ुशी मिलेगी जो मिलनी चाहिए. इतना कहते हुए ताऊ जी पिताजी के पास गए और उनके सामने हाथ जोड़े.

पिताजी ने एक दम से ताऊ जी के दोनों हाथ पकड़ लिए और उनके गले लग गए और बोले; "नहीं भैया ...मैं आपसे छोटा हूँ...आज जो जुर्रत की उसके लिए माफ़ कर देना!" पिताजी रोते हुए बोले; "नहीं छोटे...तूने आज मेरी आँखें खोल दी!" ताऊ जी रोते हुए बोले. फिर ताऊ जी ने भाभी से कहा की वो साक्षी को ले कर आएं और जैसे ही भाभी सीढ़ी की तरफ गईं अश्विनी उनके सामने खड़ी हो गई और उनका रास्ता रोक लिया. भाभी कुछ बोलती उससे पहले ही ताऊ जी तेजी से अश्विनी के पास पहुंचे और एक जोरदार थप्पड़ उसे मारा; "आग लगाने आई थी तू यहाँ? मंथरा!!!! जा बहु ले कर आ साक्षी को!" अश्विनी डरी-सहमी सी एक कोने में खड़ी हो गई! जैसे ही भाभी ने ऊपर जा कर अश्विनी के कमरे का दरवाजा खोला की उन्हें साक्षी के रोने की आवाज सुनाई दी! गोली की आवाज से साक्षी जाग गई थी और जोर-जोर से रो रही थी! मैंने जैसे ही ये आवाज सुनी मैं तुरंत ऊपर दौड़ता हुआ पहुंचा. भाभी अभी साक्षी को गोद में उठाने ही वाली थीं की मैंने उसे उनसे पहले उठा लिया और उसे एक दम से अपनी छाती से चिपका लिया. "मेरा बच्चा......!!!"

इतना ही कह पाया. आज कई दीन बाद एक पिता को उसकी बेटी मिली थी और अंदर से आँसूँ बह निकले. जब मैं नीचे आया तो ताऊ जी अश्विनी को डाँट रहे थे; "कैसी माँ है तू? अपनी नन्ही सी बेटी को कमरे में बंद रखती है? जा बुला ले जिस मर्जी कोतवाल को में देखता हूँ की क्या करता है!" ताऊ जी ये कहते हुए मेरी माँ के सामने आये और हाथ जोड़ते हुए बोले; "मुझे माफ़ कर दे बहु! मैं तेरा कसूरवार हूँ, तुझे तेरे बच्चे से दूर करने का पाप किया है मैंने!"

"भाईसाहब जो हुआ सो हुआ, अब बस इस घर में फिर से खुशियां गूंजने लगे मैं बस यही चाहती हूँ!" माँ बोली. तब तक मैं साक्षी को ले कर नीचे आ गया था और मेरी गोद में आते ही साक्षी का रोना बंद हो गया था और उसकी किलकारियाँ शुरू हो गईं थी. "देख रहे हो आप (ताऊ जी), आज दो दिन बाद इस घर में साक्षी की किलकारियाँ गूँज रही हैं? तेरे जाने के बाद सागर ये एकदम से गुमसुम हो गई थी!" ताई जी बोली. मैंने साक्षी के माथो को चूमा तो उसने एकदम से मेरी ऊँगली पकड़ ली और उसकी किलकारी की आवाज पूरे घर में गूंजने लगी. नितु हसरत भरी आँखों से मुझे साक्षी से प्यार करते हुए देख रही थी. जब मेरा ध्यान नितु पर गया तो मैंने उसे साक्षी को दिया. साक्षी को गोद में लेते ही नितु को उसकी ममता का एहसास जीवन में पहली बार हुआ. उसकी आँखें एक दम से भर आईं और उसने साक्षी को अपनी छाती से लगा लिया. जहाँ मैं ये देख कर अंदर ही अंदर ख़ुशी से फूला नहीं समा रहा था वहीँ दूसरी तरफ अश्विनी जल के राख हो चुकी थी. उसकी नफरत उसके चेहरे से दिख रही थी पर वो ताऊ जी के डर के मारे कुछ नहीं कर पा रही थी. वो गुस्से में पाँव पटकते हुए ऊपर अपने कमरे में चली गई. इधर नितु साक्षी को अपनी छाती से लगाए हुए माँ और ताई जी के पास बैठ गई. वहीँ ताऊजी, पिताजी और गोपाल भैया ने मुझे अपने पास बिठा लिया. फिर जो बातें शुरू हुईं तो मैंने घरवालों को सब कुछ बता दिया. अब जाहिर था की ताऊजी ने नितु के घरवालों से मिलने की ख्वाइश प्रकट करनी थी. मुझे उसी वक़्त कहा गया की परसों ही सब को मिलने बुलाओ और चूँकि आज शाम होने को है तो कल मैं नितु को सुबह छोड़ने जाऊ. मैंने फ़ोन मिलाया और ताऊ जी ने बात करने के लिए मुझसे फ़ोन लिया. उन्होंने बड़े प्यार से डैडी जी से बात की और उन्हें परसों आने का न्योता दिया. साथ ही ये भी कह दिया की अभी समय बहुत हो गया है तो आज 'नीता बिटिया' यहीं रुकेगी और कल सागर आपके पास छोड़ आयेगा. चाय बनने लगी तो नितु ने भाभी की मदद करनी चाही पर भाभी मजाक करने से बाज नहीं आईं और बोलीं; "अरे पहले शादी तो कर लो! उसके बाद ये सब तुम्हें ही करना है!" ये सुन कर सारे लोग हँस पड़े और घर में हँसी का माहौल बन गया.कोई अगर दुखी था तो वो थी अश्विनी जो ऊपर अपने कमरे में बैठी जल-भून रही थी! माँ और ताई जी ने नितु से बहुत से सवाल पूछे और मेरी बताई गई बातों को वेरीफाई किया गया, तथा मेरी बचकानी हरकतों के बारे

में भी नितु को आगाह किया गया.कुल मिला कर कहें तो आज हमारे घर में खुशियाँ लौट आईं थी!

नितु और मैं हम दोनों ही बहुत खुश थे और हमारी ख़ुशी दुगनी हो गई थी साक्षी को पा कर...... पर हम चाह कर भी साक्षी को माँ-बाप वाला प्यार नहीं दे सकते थे क्योंकि साक्षी की माँ यानी अश्विनी ये कभी नहीं होने देती!

रात का खाना बनने तक मैं साक्षी को अपनी छाती से चीपकाये रहा और घर के सब मर्दों के बीच रह कर बातें करता रहा. चूँकि ये घर के एकलौते कुंवारे लड़के की शादी थी और वो भी परिवार की आखरी शादी तो सब के मन में उत्साह भरा हुआ था. अश्विनी की दूसरी शादी की तरफ किसी ने तवज्जो नहीं दी थी क्योंकि अब घर वालों को अश्विनी के पागलपन से पीछा छुड़ाना था. ताऊ जी ने पूरे घर का रंग-रोगन का काम गोपाल भैया को सौंप दिया. और परसों के दिन जो नितु के मम्मी-डैडी का स्वागत होना था उसकी जिम्मेदारी उन्होंने पिताजी और अपने सर ले ली थी. "बेटा एक बात तो बता?" पिताजी थोड़ा हिचकते हुए बोले. "हाँ जी बोलिये?" मैंने साक्षी से अपना ध्यान उनकी तरफ करते हुए कहा. "बेटा....तू हमारा रहन-सहन तो जानता हे. अब बहु के घरवाले वो क्या सोचेंगे? क्या उन्हें ये रंग-ढंग जमेगा? मेरा मतलब ....वो ठहरे शहर में रहने वाले और हम ठहरे देहाती!" पिताजी बोले और ताऊ जी ने उनकी बात का समर्थन करते हुए हाँ में गर्दन हिलाई."ताऊ जी, पिताजी वो लोग बस आपका अपनी बेटी के लिए प्यार देखना चाहते हे. बाकी उन्हें हमारे रहन-सहन से कोई परेशानी नहीं होगी. वो लोग जमीन से जुड़े लोग हैं और किसी भी तरह का कोई दिखावा नहीं करते." मैंने सब सच ही कहा था. क्योंकि जितने भी दिन मैं वहां रहा था उतने दिन मुझे मम्मी-डैडी के बर्ताव में कोई भेदभाव या घमंड नजर नहीं आया था.

उधर माँ ने नितु को अपने साथ बिठा रखा था और उससे उसकी पसंद-नापसंद पूछी जा रही थी. जो सवाल मुझसे यहाँ पुछा गया था वही सवाल नितु से माँ ने पूछा. मेरे माँ-बाप खुद को नितु के मम्मी-डैडी के सामने कम आंक रहे थे. "माँ कोई अंतर् नहीं है? बस बुलाने का फर्क है, मैं मम्मी-डैडी कहती हूँ और 'ये' (अर्थात मैं) माँ-पिताजी कहते हैं!" नितु ने माँ के सवाल का जवाब देते हुए कहा. पर भाभी को नितु की टांग खींचने का मौका फिर से मिल गया; "ये? भला 'ये' कौन है?" भाभी ने थोड़ा जोर से कहा ताकि मैं भी सुन लु. "भाभी नाम नहीं ले सकती ना इसलिए!" नितु ने शर्माते हुए कहा. नितु का जवाब सुन सभी हँस पडे. "बहु तू ज्यादा टाँग न खींच!" ताई जी प्यार से भाभी को डांटा. "माँ एक बात बताओ, जब देवर भाभी का रिश्ता हंसी-मजाक का हो सकता है तो देवरानी और भाभी का रिश्ता ऐसा क्यों नहीं हो सकता?" भाभी ने पुछा तो नितु बोल पड़ी; "बिलकुल भाभी!" नितु का जवाब सुन माँ ने नितु के सर पर हाथ फेरा.

घर में हँसी मजाक चल रहा था और वहाँ ये हँसी-मजाक अश्विनी के दर्द का सबब बन चूका था. जब नितु सागर के साथ होती थी तब भी उसे नितु से चिढ होती थी और अब तो सागर उससे शादी कर रहा है तो उसका जल भून कर राख होना तय था! सागर को चाचा कहने में उसे मौत आती थी और नितु को चाची कहने के बारे में वो सोच भी नहीं सकती थी! वो बेसब्री से इससे बाहर निकलने का रास्ता ढूंढने लगी. पर उसके लिए अब सारे दरवाजे बंद हो चके थे! जिस दर्द से सागर ने विदेश जाने के बहाने खुद को बचा लिया था अब वही दुःख अश्विनी को अपने आगोश में लेने को मचल रहा था! वो तो आत्महत्या भी नहीं कर सकती थी. क्योंकि ऐसा करने से सागर और नितु साक्षी को अपना लेते और मरने के बाद भी अश्विनी को शान्ति नहीं मिलती! वो तो बस यही चाहती थी की सागर भी उसी की तरह आग में जले, तड़पे और मर जाए! जहाँ एक तरफ नीचे सारा परिवार नई खुशियों के साथ नई उमंग में सागर और नितु के लिए नई जिंदगी की दुआ कर रहा था. वहीँ ऊपर बैठी अश्विनी बस सागर की बरबादी की मनोकामना कर रही थी. "मुझसे तो तूने सब कुछ छीन लिया? कम से कम मेरे दुश्मन को तो चैन से मत रहने दे? कुछ दिन पहले ही मैंने उसे इतना तड़पाया था और जो सुकून मुझे मिला उसे तो मैं बयान भी नहीं कर सकती. आज भी वो मौत के इतने करीब था पर तूने उसे मरने नहीं दिया! क्या बिगाड़ा है मैंने तेरा?" रोती बिलखती अश्विनी भगवान् से सागर की मौत माँग रही थी. "बस एक मौका मिल जाए और मैं खुद इस आदमी को तेरे पास भेज दूँगी! कम्भख्त पैसे भी नहीं मेरे पास वरना इसे मरवा देती!" अश्विनी ने अपनी किस्मत को कोसते हुए कहा.

इधर इस सब से बेखबर मैं अपनी और नितु की शादी को ले कर खुश था और अब तो मेरे पास साक्षी भी थी! मैं जानता था की अब अश्विनी में इतनी हिम्मत नहीं की वो ताऊ जी के सामने कुछ बोलने की हिम्मत करे, वरना ताऊ जी की दुनाली में अभी भी एक गोली बाकी थी और उन्हें वो अश्विनी को आशीर्वाद स्वरुप देने में जरा भी हिचक नहीं होती! रात का खाना हुआ और आज बरसों बाद सब ने एक साथ बैठ कर खाया.माँ, ताई जी और भाभी ने मिलकर नितु को इतना खिलाया जितना उसने आज तक नहीं खाया था. अश्विनी अपना खाना ले कर राजसी में बैठी थी और सब को इस तरह नितु को प्यार देते देख जलन से मरी जा रही थी पर बेबस थी और कुछ कह नहीं सकती. खाने के बाद उसने साक्षी को दूध पिलाया और साक्षी को ले कर ऊपर जाने लगी तो ताई जी ने उसे रोका और नीचे ही सब के साथ सोने को कहा पर वो अपनी अखडी गर्दन ले कर ऊपर जाने लगी. "साक्षी को दे यहाँ!" ताई जी ने उससे रूखे स्वर में कहा तो ताऊ जी के डर के मारे उसने बेमन से साक्षी को ताई जी को दे दिया. सब जानते थे की अश्विनी का दिमाग सनका हुआ और वो गुस्से में कहीं साक्षी के साथ कुछ गलत ना करे. ताई जी ने साक्षी को मेरी गोदी में दिया और मैं उसे ले कर ताऊ जी वाले कमरे में अंगीठी के सामने बैठ गया.वहाँ अभी भी मेरी शादी की बातें हो रही थीं और शादी के लिए मेरे कमरे में खरीदारी करने की चर्चा चल रही थी.

इधर नितु के मन में साक्षी के लिए प्यार उमड़ पड़ा था. इन कुछ घंटों में ही उसका मन साक्षी ने मोह लिया था; "माँ.... आज साक्षी को मैं अपने साथ सुला लूँ?"

"बेटी कोशिश कर ले! ना तो सागर साक्षी को गोद से उतारेगा और ना ही साक्षी उसकी गोद से उतरेगी! दोनों में बिलकुल बाप-बेटी वाला प्यार है!" माँ ने मुस्कुराते हुए कहा. पर नितु कहाँ हार मानने वाली थी. वो माँ के कमरे से बाहर आई पर उसकी हिम्मत नहीं हुई ताऊ जी कमरे में घुसने की, क्योंकि वहाँ सब मर्द बैठे थे और ताऊ जी और पिताजी से उसकी शर्म उसे अंदर नहीं आने दे रही थी. वो कमरे के बाहर ही चक्कर लगाने लगी. तभी भाभी ने बाहर से मुझे आवाज दी और मैं उठ कर कमरे के बाहर आया. नितु ने पहले भाभी को देखा और थैंक यू कहा और फिर मेरी तरफ देखते हुए बोली; "आज मुझे भी मेरी बेटी के साथ सोने दो?" नितु की बात सुन कर मैं मंत्र-मुग्ध सा उसे देखने लगा. इतनी जल्दी नितु ने साक्षी को अपना लिया था इसकी कल्पना भी मैंने नहीं की थी! मैंने एक बार साक्षी के मस्तक को चूमा और उसे नितु की तरफ बढ़ा दिया. पर साक्षी के नन्हे हाथों ने मेरी कमीज पकड़ ली थी. मैंने धीरे से उसके कान में खुसफुसाते हुए कहा; "बेटा आज रात आपको मम्मी के पास सोना है!" मेरा इतना कहाँ था की साक्षी ने मेरी कमीज छोड़ दी और नितु ने उसे अपनी छाती से लगा लिया. नितु की आँखें बंद हो गईं, ऐसा लगा जैसे उसके जलते माँ

के कलेजे को सुकून मिल गई हो. मेरी आँखें नितु के चेहरे पर टिकी थीं और मैं उस सुकून को महसूस कर पा रहा था. जब नितु ने आँखें खोली और मुझे खुद को देखते हुए पाया तो शर्म से उसके गाल लाल हो गये. उसने मुस्कुरा कर मुझे थैंक यू कहा और माँ के कमरे में चली गई. मैं मुस्कुराता हुआ वापस ताऊ जी के कमरे में आ गया और उधर जैसे ही माँ ने नितु की गोद में साक्षी को देखा वो बोल पड़ीं; "लो भाई! आज पहलीबार सागर ने किसी को साक्षी की जिम्मेदारी दी है वरना रात को तो साक्षी उसी के पास सोती थी." ये सुन कर नितु को खुद पर गर्व होने लगा! रात को सोने का इंतजाम कुछ ऐसा था की माँ के कमरे में सारी औरतें सोने वाली थीं और ताऊ जी के कमरे में सारे मर्द.मेरा बिस्तर आज ताऊ जी और पिताजी के बीच था. देर रात तक हमारी बातें चलती रही.

अगली सुबह सब जल्दी उठे, नितु भी आज सब के साथ उठी और साक्षी को ले कर मेरे पास आई जो रो रही थी. "मेरा बच्चा क्यों रो रहा है?" उस समय मैं अकेला ताऊ जी के कमरे में बिस्तर ठीक कर रहा था और मौके का फायदा उठाते हुए मैंने नितु का हाथ पकड़ लिया; "आप कहाँ जा रहे हो? साक्षी बेटा आपने मम्मी को तंग तो नहीं किया?" मैंने कहा.

"रात में तो बड़े आराम से सोई पर सुबह उठते ही रोने लगी!" नितु बोली और मेरे थोड़ा नजदीक आ गई. हम दोनों की नजरें बस एक दूसरे पर टिकी थीं; "वो क्या है ना सुबह होते ही साक्षी को पापा की गुड मॉर्निंग वाली किसी चाहिए होती है!" मैंने कहा.

"अच्छा? और साक्षी के पापा को मेरी गुड मॉर्निंग वाली किसी नहीं चाहिए होती?" नितु ने शर्माते हुए मुझे उस दिन वाली किसी याद दिलाई!

"चाहिए तो होती है.....पर .....!!!" मैं आगे कुछ कह पाता उससे पहले ही भाभी आ गईं जो बाहर से हमारी बातें सुन रही थी.

"हाय राम! तुम दोनों तो बड़े बेशर्म हो? शादी से पहले ही किस्सियाँ कर रहे हो? रुको अभी बताती हूँ सबको!" भाभी बोलीं और बाहर जाने लगीं की नितु ने उनका हाथ पकड़ लिया; "नहीं भाभी प्लीज!!!" नितु घबरा गई थी और ये देख कर भाभी हँस पड़ी तब जा कर नितु को पता चला की वो बस उसकी टाँग खींच रही हैं! "अच्छा सच्ची-सच्ची बता तुझे किसी चाहिए?" भाभी ने मुझसे पुछा और ये सुन कर मेरे गाल लाल हो गए और गर्दन झुक गई. "समझ गई! चलो अब भाभी हूँ तो कुछ तो करना पड़ेगा! हम्म्म्म...." ये कहते हुए भाभी कुछ सोचने लगी. "रहने दो भाभी! अभी इन्हें मुझे छोड़ने भी तो जाना हे." नितु ने कहा.

"हाय राम! तो तुम दोनों क्या बाहर खुले में सबके सामने....... लाज नहीं आती तुम्हें!" भाभी मुँह पर हाथ रखते हुए बोली.

"नहीं नहीं भाभी... क्या बात कर रहे हो?" मैंने नितु का बचाव किया तब जा कर नितु को एहसास हुआ की वो क्या बोल गई थी!

"भाभी मेरा मतलब था की हम अभी थोड़ी देर में निकलने वाले हैं!" नितु ने बात संभालनी चाही.

"अरे रहने दे! तू मुझे उल्लू समझती है!" भाभी ने नितु की पीठ पर प्यार से थपकी मारते हुए कहा.

"सच भाभी आपकी कसम हमने आजतक वैसा कुछ नहीं किया.... बस कुछ दिन पहले से ही ये 'किसी' शुरू हुई हे." मैंने कहा. भाभी जानती थी की मैं कभी झूठी कसम नहीं खाता था इसलिए उन्होंने नितु की टाँग और नहीं खींची.तभी बाहर से ताई जी की आवाज आई; 'अरे तुम तीनों अंदर कौन सी खिचड़ी पका रहे हो?" उनकी बात सुन कर हम सब बाहर आये और भाभी बोलीं; "माँ मैं तो नजर रख रही थी की ये दोनों क्या बातें कर रहे हैं!" भाभी बोलीं और खिलखिला कर हँस पड़ी और इधर हम दोनों के गाल लाल हो गये.

नाश्ता कर के हम निकलने लगे तो ताऊ जी बोले; "वहाँ पहुँच कर हमें फोन करना और कल निकलने से पहले भी फोन करना." नितु ने सब के पाँव छुए और हम दोनों मुस्कुराते हुए घर से निकले.जहाँ कल आते हुए हमारे प्राण सूख रहे थे की नजाने क्या होगा वहीँ आज हम इतने खुश थे की उसे व्यक्त करने के लिए हम ने एक दूसरे का हाथ थाम लिया. बस स्टैंड पहुंचे तो नितु ने बात शुरू की;

नितु: तो घर पर क्या बोलना है?

मैं: जो हुआ वो सब बताना हे.

नितु: पर इतनी डिटेल की क्या जरुरत है? हम बस इतना कह देते हैं की सब राज़ी हे. वैसे भी माँ का कल शाम को फ़ोन आया था और मैंने उन्हें बता दिया था की यहाँ सब शादी के लिए राज़ी हैं और हम कल आ रहे हे.

मैं: बेबी बात को समझो! कल को ये बात अगर सामने आई तो पता नहीं डैडी जी कैसे रियेक्ट कर्नेंगे! फिर वो चुड़ैल (अश्विनी) भी है जो इस बात को मिर्च-मसाला लगा कर कहेगी!

नितु: ये सुन कर डैडी डर जायेंगे और फिर उन्होंने शादी के लिए मना कर दिया तो?

मैं: कुछ नहीं होगा....मैं उन्हें समझा दूंगा.

नितु को मुझ पर तो विश्वास था पर वो अपने डैडी को भी जानती थी. इसीलिए वो मना कर रही थी.

पर एक बात थी जो सब से छिप्पी थी. वो थी मेरा और अश्विनी का रिश्ता जो अगर सबके सामने आता तो सब कुछ तहस-नहस हो जाता. बस आई और हम दोनों बैठ गए, मेरे मन में जो बात चल रही थी उससे मेरी शक्ल पर बारह बज रहे थे.

नितु: क्या सोच रहे हो?

मैं: यही की क्या हमारे घरवालों को सब कुछ पता होना नहीं चाहिए?

नितु: सब कुछ.....नहीं! थोड़ा बहुत...हाँ! आप जब गाँव आये हुए थे तब मम्मी ने मुझसे आपके पास्ट के बारे में पुछा था. तो मैंने बता दिया पर अश्विनी का नाम और आपसे रिश्ता नहीं! इतना ही उनके लिए जानना काफी है, इससे ज्यादा कुछ भी बताना मतलब सब कुछ खत्म कर देना और मुझ में आपको खोने की ताक़त नहीं हे. ना तो मैं उन्हें कुछ बताऊँगी और ना ही आपको बताने दूँगी!

मैं: पर क्या ये सही है?

नितु: सही है...बिलकुल सही हे. सच मुझे जानना जरुरी था उन्हें नहीं, जिंदगी हमें साथ बितानी है उन्हें नहीं! जो बात दबी है उसे दबी रहने दो!

नितु ने मुझे आगे कुछ कहने नहीं दिया पर वो भूल रही थी की दुनिया में और भी लोग हैं जो मेरे और अश्विनी के रिश्ते के बारे में सब जानते हे. अब चूँकि हमारा (मेरा और नितु का)

रिश्ता सब के सामने आ रहा था तो ऐसे में अश्विनी और मेरे रिश्ते को ले कर कीचड उछलना स्वाभाविक था.

पर अभी के लिए हम दोनों अपने आँखों में शादी के सपने लिए बस के झटके खाते हुए घर पहुंचे. वहाँ मैंने डैडी जी को सारी बात बताई और सब सुन कर उन्हें ख़ुशी तो हुई पर साथ ही उन्हें चिंता भी हुई! ख़ुशी का कारन हमारी शादी के लिए मेरे घर वालों का मान जाना था और चिंता मेरे ताऊ जी का गुस्सैल स्वभाव था! "डैडी जी आप को घबराने की कोई जरुरत नहीं है, जो होना था वो स्वाभविक था. उसके पीछे का कारन है हमारे ही गाँव और मेरे ही घर में घटी एक घटना." फिर मैंने उन्हें भाभी वाले काण्ड की सारी बात बता दी; "अब उनकी जगह आप होते तो आप भी शायद नाराज होते.पर अब ताऊ जी का दिल साफ़ हे. उन्होंने नितु को हमारे घर की बहु के रूप में स्वीकार लिया हे. मेरी माँ तो नितु से मुझसे भी ज्यादा प्रेम करती है और सिर्फ वे ही नहीं बल्कि घर के सब लोग नितु से बहुत प्यार करते हैं!" मैंने कहा और फिर नितु ने उन्हें मेरी माँ से हुई सारी बातें बताईं, तब जा कर उनके दिल को सुकून मिला. "डैडी जी मैं आप से वादा करता हूँ की नितु हमेशा खुश रहेगी और मैं उस पर कोई आंच नहीं आने दूँगा!" मेरी बात सुन कर डैडी जी की चिंता दूर हुई और उन्होंने मुझे अपने गले लगा लिया. डैडी जी से बात होने के बाद मैंने घर फ़ोन कर के कल आने का समय बता दिया और ये सुनते ही मेरे घर में तैयारियाँ शुरू हो चुकी थी. तम्बू-कनात वालों को बुला लिया गया, घर में कालीन बिछ गया, रसोइयों को ख़ास पकवानों की फरमाइश कर दी गई. घर पर लाइटें लग गईं, छत पर और आंगन की क्यारियों में नए-नए पौधे लगा दिए गये. बैठने-उठने के लिए कुर्सियाँ-टेबल साफ़ करा दिए गए, घर के सारे कमरों की सफाई ढंग से हुई और सब कुछ सजा-धजा के रखा गया.पेंट नहीं हो पाया क्योंकि समय नहीं था पर घर इतना चमक गया था की पेंट ना होने पर किसी का ध्यान ही ना जाये. वहाँ बस हमारा इंतजार हो रहा था.

इधर मैं, नितु और मम्मी-डैडी निकले, बस की जगह हमने डैडी जी की गाडी ही ली. ड्राइविंग सीट पर मैं था और मेरे साथ डैडी जी थे, पीछे मम्मी जी और नितु बैठे थे. पूरे रास्ते हम सब बस बातें करते रहे, इधर हर एक घंटे में मेरे घर से फ़ोन आ रहा था. वो तो फ़ोन नितु के पास था जो पिताजी को हमारी एकज्याकट लोकेशन बता रही थी. मैंने गाडी सीधा अपने घर के बाहर रोकी और इधर मेरे सारे घर वाले स्वागत करने के लिए बाहर खड़े हो गये. मैंने सब का परिचय करवाया और वहीँ खड़े-खड़े सब ने एक दूसरे को गले लगाना और आशीर्वाद देना शुरू कर दिया. आस-पड़ोस वाले जो इतनी तैयारी देख कर हैरान थे

वो ये मिलन का सीन देख के समझ गए थे की यहाँ मेरे रिश्ते की बात चल रही हे. फिर सब अंदर आये और आंगन में बैठ गए और बातों का सिलसिला शुरू हुआ. डॅडी जी और ताऊ जी ने एक दूसरे से कोई बात नहीं छुपाई और दोनों परिवार एक दूसरे की गलतियों और खामियों को समझ चुका था.. जहाँ एक तरफ डैडी जी ने अपनी गलती मानी की उन्होंने नितु के साथ ज्यादती करते हुए उसे घर से निकाल दिया वहीँ मेरे ताऊजी ने मेरा अमरीका जाने पर मुझे घर से निकालने की बात कबूली.

डैडी जी ने मेरी बड़ाई करनी शुरू की; "भाईसाहब आपका लड़का सच में हीरा है, पहली नजर में ही हमारे दिल में घर कर गया.जिस तरह से इसने नितु को हम से फिर से मिलाया वो काबिले तारीफ है!" ये सुन कर मेरे ताऊ जी भी नितु की बधाई करने से नहीं चूके; "भाईसाहब इसका सारा श्रेय सिर्फ नीता बेटी को ही जाता हे. जिस तरह उसने सागर को संभाला वो भी तब जब हम उसके पास नहीं थे....मेरे पास तो उसे धन्यवाद देने के लिए शब्द नहीं हैं! बल्कि मैं तो उसका कसूरवार हूँ!" ताऊ जी ने नितु के आगे हाथ जोड़े तो नितु ने फ़ौरन उठ कर उनके हाथ पकड़ लिए; "ताऊ जी कोई कसूरवार नहीं हैं आप! क्या बड़ों को बच्चों को डांटने या मारने का हक़ नहीं होता?" नितु को ताऊ जी की हिमायत करते देख ताई जी संग सभी की आँखें नम हो गईं, अब मुझे सब का मूड ठीक करना था सो मैं उठ कर ऊपर गया तो देखा अश्विनी छत पर अकेली बैठी है और अपना सर वॉल से टकरा रही हे. नीचे मिलन होने के बाद वो ऊपर आ गई थी. पर मैं यहाँ उसे नहीं बल्कि अपनी बेटी को लेने आया था. मैंने साक्षी को गोद में उठाया जो अकेली कमरे में लेटी छत की ओर देख कर अपने हाथ-पाँव हिला रहे थी. मुझे ऐसा लगा जैसे वो मुझसे शिकायत कर रही हो की पापा आप मुझे भुल गये. मैंने तुरंत उसे अपनी गोद में उठाया ओर उससे बोला; "मेरा बच्चा! मैं आपको नहीं भूला, चलो आपको सब से मिलवाता हु." मैं फटाफट साक्षी को ले कर नीचे उतरा और उसे मम्मी-डैडी से मिलवाया; "ये है हमारे घर की सबसे छोटी ओर प्यारी सदस्य, साक्षी!" उसे देखते ही मम्मी-डैडी ने उसे बड़ा प्यार दिया और फिर पूरे घर का माहौल वापस से खुशनुमा हो गया.

शादी की तारीख तो पहले से ही तय थी. "२३ फरवरी". घर में सब के पास काफी समय था तैयारी के लिए. जैसे ही डैडी जी ने दहेज़ की बात रखी तो ताऊ जी ने इस बात को सिरे से नकार दिया; "भाईसाहब ऐसी गुणवान बहु के इलावा हमें और कुछ नहीं चाहिए!" ये सुन कर तो मैं भी हैरान था. क्योंकि गाँव-देहात में आज भी ये प्रथा चलती है और गाँव क्या शहर में भी यही प्रथा चल रही हे. बाद में जब मैं ताऊजी से इसका कारन पुछा तो वो बोले; "बेटा मैंने तेरा और नीता का प्यार देखा है और इसके चलते मैं या हमारे परिवार से कोई भी

ऐसी कोई हरकत नहीं करेगा जिससे इस शादी में कोई बाधा आये. फिर हमें दहेज़ की क्या जरुरत है? तेरे और बहु के लिए सारी तैयारी मैं कर रहा हूँ, तू बस देखता जा!" ताऊ जी ने इतने गर्व से कहा की मैं उनके गले लग गया.खेर खाने का समय हुआ और फिर इतने मजेदार पकवान परोसे गए की क्या कहूँ! खाने के बाद ताऊ जी डैडी जी के साथ सब को हमारी जमीन दिखाने निकले और रास्ते में जो कोई भी मिला उससे डैडी जी का तार्रुफ़ अपने समधी के रूप में करवाया. सब कुछ देख कर हम सब ऊपर छत पर बैठे, शाम की चाय भी सब ने ऊपर पि.इस दौरान अश्विनी अपने कमरे में छुपी रही और इन खुशियों से जलती रही! इधर पिताजी ने एक अलाव ऊपर जलवाया और सब उसके इर्द-गिर्द बैठ गये. हँसी-मजाक हुआ और फिर डैडी जी ने मँगनी करने की बात की.

हमारे गांव में ऐसी कोई रस्म नहीं थी. इसकी जगह हम 'बरेछा' की रस्म करते हे. इस रस्म में दुल्हन के घर वाले दूल्हे का तिलक कर उसे कुछ उपहार देते हैं और इसी के साथ शादी की बात पक्की मानी जाती हे. मुझे लगा की ताऊ जी मना कर देंगे पर पिताजी और ताऊ जी दोनों ही इस बात के लिए तैयार हो गए और गोपाल भैया से पंडित जी को बुलाने को कहा. पंडित जी अपनी पोथी-पटरी ले कर आये और गुना-भाग कर १० दिन बाद का मुहुरत निकाल दिया.

मुहूरत निकला तो सब को फिर से मुँह मीठा करने का मौका मिल गया.ताऊ जी ने रसोइये को गर्म-गर्म जलेबियाँ लाने को कहा. फटाफट गर्म-गर्म जलेबियाँ आईं. ठंडी की शाम में, अलाव के सामने बैठ के सब ने जलेबियाँ खाईं! ७ बजते-बजते ठण्ड प्रचंड हो गई इसलिए सब नीचे आ गए और नीचे बरामदे में बैठ गये. रसोइयों ने खाना बनाना शुरू कर दिया था जिसके खुशबु सब को मंत्र-मुग्ध किये हुए थी. मैं यहाँ सब मर्दों के साथ बैठा था और नितु वहाँ सब औरतों के साथ.साक्षी मेरी गोद में थी और अपनी पयाली-प्याली आँखों से मुझे देख रही थी. अब नितु जब से आई थी तब से उसने साक्षी को गोद में नहीं लिया था और उसकी ममता अब रह-रह कर टीस मारने लगी थी. आखिर वो भाभी को ले कर कमरे से बाहर निकली और उस कमरे की तरफ देखने लगी जहाँ मैं सब के साथ बैठा था. भाभी चुटकी लेने से बाज़ नहीं आईं और बोलीं; "बेकरारी का आलम तो देखो?" ये सुन कर दोनों खी-खी करके हँसने लगी. इधर कल सुबह जाने की बात हो रही थी तो मैंने कहा की मैं सब को घर छोड़ दूँगा पर डैडी जी बोले; "बेटा तुम्हें तकलीफ करने की कोई जरुरत नहीं है!" पर गोपाल भैया जानते थे की मेरा असली मकसद क्या है और वो बोल पड़े; "चाचा जी! सागर इसलिए जाना चाहता है ताकि नीता के साथ रह सके!" गोपाल भैया ने बात कुछ इस ढंग से कही की सब समझ गए और हँस पडे. "अब तो तुमने बिलकुल नहीं जाना! अब

तुम दोनों शादी के बाद ही मिलोगे!" डैडी जी बोले. "सही कहा समधी जी आप ने! भाई थोड़ा रस्मों-रिवाजों की भी कदर करो!" ताऊ जी बोले.

इधर नितु और भाभी ने सारी बात सुन ली थी और ये ना मिलने वाली बात सुन नितु का दिल बैठा जा रहा था. उसने बड़ी आस लिए हुए भाभी की तरफ देखा और भाभी सब समझ गई. "सागर...जरा इधर आना!" भाभी ने मुझे आवाज दी और मैं साक्षी को ले कर बाहर आया. मेरी शक्ल पर बारह बजे देख वो समझ गईं की आग दोनों तरफ लगी हे. भाभी कुछ कहती उसके पहले ही मेरी नजर ऊपर गई और देखा तो अश्विनी नीचे झाँक रही हे. "भाभी कुछ करो ना? देखो कल मुझे 'इन्हें' छोड़ने भी नहीं जाने दे रहे!" मैंने मुँह बनाते हुए कहा. भाभी एक मिनट कुछ सोचने लगी और फिर ऊँची आवाज में बोलीं; "अरे सागर तुमने नीता को अपना कमरा तो दिखाया ही नहीं?" उनकी बात सुन कर हम दोनों समझ गए और दोनों सीढ़ियों की तरफ जाने लगे. "अरे साक्षी को तो देते जाओ, इसका वहाँ क्या काम?" भाभी ने फिर से दोनों की चुटकी लेते हुए कहा. मैंने एक बार देख लिया की कोई देख तो नहीं रहा और ये भी की अश्विनी देख ले, फिर मैंने झट से नितु का हाथ पकड़ा और हम दोनों ऊपर आ गये. अश्विनी जल्दी से अपने कमरे में छिप गई और दरवाजा बंद कर लिया. हम दोनों मेरे कमरे में घुसे, नितु आगे थी और मैं पीछे.मैंने दरवाजा हल्का से चिपका दिया और जैसे ही पलटा नितु ने मुझे कस कर गले लगा लिया. "आई लव यू बेबी!" मैंने कहा और कुछ इतनी आवाज से कहा की अश्विनी सुन ले.नितु एक दम से मेरा मकसद समझ गई और बोली; "ससससस... अब तो इंतजार नहीं होता!" ये सुन कर मेरी हँसी छूट गई पर मैंने कोई आवाज नहीं निकाली और अपने मुँह पर हाथ रख कर हँसने लगा. तभी नितु को एक शरारत सूझी और वो बोली; "कितने दिन हुए मुझे आपको वो गुड मॉर्निंग वाली किसी दिए हुए!" नितु ने मेरी कमीज के ऊपर के दो बटन खोले, मेरी गर्दन को बाईं तरफ झुकाया और अपने होंठ मेरी गर्दन पर रख दिये. मेरे हाथ उसकी कमर पर सख्त हो गए और मैंने उसे कस कर अपने से चिपका लिया. इधर नितु ने अपनी जीभ से मेरी गर्दन पर चुभलाना शुरू कर दिया. फिर नितु ने जितना हिस्सा उसके मुँह से घिरा हुआ था उसे अपने मुँह में सक कर लिया और दांतों से धीरे से काटा. मेरा लिंग एक दम से फूल कर कुप्पा हो गया, नितु को उसके उभार से अच्छे से एहसास भी हुआ और डर के मारे उसने वो किसी तोड़ दी! उसकी आँखें झुक गईं और नितु मुझसे दूर चली गई. मैं समझ गया की उसे अपने इस डर के कारन शर्म आ रही हे. मैं धीरे से उसके पास बढ़ा और उसे अपनी तरफ घुमाया, उसके चेहरे को अपने दोनों हाथों में थामा और उसकी आँखों में देखते हुए धीमे से बोला ताकि अश्विनी न सुन ले; "बेबी ....इट्स ओके! डोन्ट ब्लेम योवरसेल्फ!" ये सुन कर नितु को तसल्ली हुई वरना वो रो पड़ती.मैंने उसके माथे को चूमा

और नितु ने मुझे अपनी बाहों में जकड़ लिया और फिर से अपने होंठ मेरी गर्दन पर रख दिये.

इधर भाभी एकदम से धड़धड़ाती हुई अंदर आईं और हम दोनों को ऐसे गले लगे देख फिर से चुटकी लेने लगीं; "मुझे तो लगा यहाँ मुझे कुछ अलग देखने को मिलेगा पर तुम दोनों तो गले लगने से आगे ही नहीं बढे? तुम्हें और कितना टाइम चाहिए होता है?"

"क्या भाभी? अभी तो इंजन गर्म हुआ था और आपने उस पर ठंडा पानी डाल दिया!" मैंने चिढ़ने का नाटक करते हुए कहा.

"हाय! माफ़ कर दो देवर जी पर नीचे आपके ससुर जी बुला रहे हैं!" भाभी की बात सुन कर मैंने अपनी कमीज के सारे बटन बंद किये और ये देख कर भाभी की हँसी छूट गई; "तुम दोनों जिस धीमी रफ़्तार से काम कर रहे हो उससे तो तुम्हें एक रात भी कम पड़ेगी!" भाभी ने फिर से दोनों का मज़ाक उड़ाया. मैंने जा कर भाभी को गले लगाया और उन्हें थैंक यू कहा तो भाभी ने मेरी टाँग खींचते हुए कहा; "देख रही है? जब से मेरी शादी हुई है आज पहलीबार है की सागर ने मुझे ऐसे गले लगाया है! क्यों नई बहु को जला रहे हो?" ये सुन कर नितु ने भी पीछे से आ कर भाभी को गले लगा लिया. अब हम दोनों ही भाभी के गले लगे हुए थे की तभी ताई जी हमें ढूढ़ती हुई आ गईं; "अरे वाह! देवर-देवरानी और भाभी तीनों एक साथ गले लगे हुए हो?" हम दोनों ताई जी को देख कर अलग हुए और भाभी ने अपनी बात फिर से दोहराई तो ताई जी ने उनके सर पर प्यार से एक चपत लगाई और बोलीं; "जब उस दिन घर आया था तब गले नहीं लगाया था?" तब भाभी को याद आया की जब मैं पहलीबार घर आया था तब मैंने सब को गले लगाया था.

खेर रात के खाने का समय हुआ और सब ने एक साथ टेबल-कुर्सी पर बैठ कर खाना खाया, फिर जैसे ही गाजर का हलवा आया तो सारे खुश हो गये. डैडी जी ने ताऊ जी के इंतजाम की बड़ी तारीफ की, फिर खान-पान के बाद सब सोने चल दिये. ताऊ जी वाले कमरे में डैडी जी, पिताजी और ताऊ जी लेटे, गोपाल भैया वाले कमरे में भाभी और नितु सोने वाले थे और मेरे कमरे में मैं और गोपाल भैया सोने वाले थे. बाकी बची माँ, मम्मी जी और ताई जी तो वो माँ वाले कमरे में लेट गये. रसोइये जा चुका था. और बरामदे में बस मैं, गोपाल भैया, नितु और भाभी आग के अलाव के पास बैठे थे. साक्षी मेरी गोद में थी और मेरी ऊँगली पकड़ कर खेल रही थी. "आपको क्या जरुरत थी सागर के छोड़ने जाने पर

कुछ कहने की?" भाभी ने गोपाल भैया की क्लास लेते हुए कहा. "अरे मैं तो...." भैया कुछ कह पाते इससे पहले मैं बोल पड़ा; "सही में भैया एक दिन हमें साथ मिल जाता!"

"हाँ भैया ....अब देखो ना १० दिन तक...." जोश-जोश में नितु ज्यादा बोल गई और फिर एकदम से चुप हो गई. ये देख कर हम तीनों ठहाका मार के हँसने लगे! "चिंता मत कर बहु! मैंने बात बिगाड़ी है तो मैं ही सुधारूँगा भी! दो एक दिन रुक जा फिर हम तीनों (यानी मैं, भैया और भाभी) शहर आयेंगे. हम दोनों काम में लग जाएंगे और तुम दोनों अपना घूम लेना!" भैया की बात सुन मैंने उन्हें झप्पी दे दी! कुछ देर हँस-खेल कर हम सब अपने-अपने कमरों में सोने चल दिये.

अगली सुबह हुई और सब नहा-धो कर तैयार हुए और नाश्ता-पानी हुआ. फिर आया विदा लेने का समय तो ताऊ जी और पिताजी सबसे पहले अपने होने वाले समधी जी से गले मिले और ठीक ऐसा ही माँ और ताई जी ने अपनी होने वाली समधन जी के साथ किया. ताऊ जी ने गोपाल भैया को कुछ इशारा किया और वो अपने कमरे से मिठाईयाँ और कपडे का एक गिफ्ट पैक ले कर निकले; "समधी जी ये हमारी तरफ से प्यारभरी भेंट! अब हम अपनी समझ से जो खरीद पाए वो हमने आप सब के लिए बड़े प्यार से लिया." ताऊ जी बोले और उधर डैडी जी बोले; "अरे समधी जी इसकी तकलीफ क्यों की आपने? हम तो यहाँ रिश्ता पक्का करने आये तो और आपने तो...." डैडी जी का मतलब था की वो तो जल्दी-जल्दी में खाली हाथ आ गए थे और ऐसे में उन्हें शर्म आ रही थी. पर डैडी जी की बात पूरी होने से पहले ही ताऊ जी ने उन्हें एक बार और गले लगा लिया और बोले; "समधी जी कोई बात नहीं!" ताऊ जी ने डैडी जी को इतने कस कर गले लगाया की वो कुछ आगे नहीं कह पाए और मैंने खुद ये समान गाडी में रखवाया.मैंने मम्मी-डैडी जी के पाँव छुए और उधर नितु सब से मिलने और पाँव छूने लगी. "अगली बार तुझे मैं बहु कह कर गले लगाऊँगी!" माँ बोली और फिर सब ने ख़ुशी-ख़ुशी नितु और मम्मी डैडी को विदा किया. उनके जाने के बाद सब घर में आये और ताऊ जी ने गोपाल भैया से मंगनी की रस्म की सारी तैयारियाँ शुरू करने को कहा. जिन लोगों ने कल मम्मी-डैडी को आते हुए देखा था वो अब सब आ कर पूछ रहे थे और ताऊ जी और पिताजी बड़े गर्व से मेरी शादी की बात बता रहे थे. दोपहर के खाने के बाद मैंने बात छेड़ते हुए कहा;

मैं: मैं सोच रहा था की शादी में और मँगनी के लिए सारे आदमी सूट पहने!

माँ: और हम लोग?

मैं: आप सब साड़ियाँ.... पर साड़ियाँ मेरी पसंद की होंगी!

ताई जी: ठीक है बेटा जैसा तू ठीक समझे.

ताऊ जी: पर बेटा हम ने कभी सूट नहीं पहना? सारी उम्र हमने धोती और कुर्ते में काटी है तो अब कहाँ हमें पतलून पहना रहा है?

मैं: ताऊ जी थोड़ा तो मॉडर्न बन ही सकते हैं? आप तीनों सूट में बहुत अच्छे लगोगे! फिर ये भी तो सोचिये की हमारे गाँव में आप अकेले होंगे जिसने सूट पहना है!

मेरी बात सुन कर ताऊ जी मान गए, और अगले दिन सुबह-सुबह जाने का प्लान सेट हो गया.कुछ देर बाद नितु का फ़ोन आया की वो घर पहुँच गए हैं और मम्मी-डैडी मेरे घर वालों से बहुत खुश हे. मैं उस वक़्त साक्षी को गोद में ले कर बैठा था और उसकी किलकारी सुन नितु का मन उससे बात करने को हुआ पर वो नन्ही सी बच्ची क्या बोलती? मैंने वीडियो कॉल ऑन की और नितु ने साक्षी को अपनी ऊँगली चूसते हुए देखा और वो एकदम से पिघल गई. फिर मैंने नितु को बताया की पिताजी , ताऊ जी और गोपाल भैया सूट पहनने के लिए मान गए हैं तो उसने कहा की मैं उसे कलर बता दूँ ताकि वो उस हिसाब से अपने डैडी का सूट सेलेक्ट करे. इसी तरह बात करते हुए और साक्षी की किलकारियां देखते हुए हमारी बात होती रही. अगले दिन सुबह हम सब दर्जी के निकल लिए और मैंने वहाँ जा कर हम चारों क सूट का कपडा और डिज़ाइन सेलेक्ट करवाया, दर्जी ने साथ ही साथ सबका मांप भी लिया. शादी के लिए कपडे सेलेक्ट करना फिलहाल के लिए टाल दिया गया था. फिर हम सारे मर्द एक साडी की दूकान में घुसे और वहाँ मैंने एक-एक कर साड़ियों का ढेर लगा दिया. घंटा भर लगा कर मैंने माँ, भाभी और ताई जी के लिए साड़ियाँ ली" उसके बाद ताऊ जी हम सब को सुनार की दूकान में ले गए और वहाँ मुझसे ही नितु के लिए अंगूठी पसंद करने को कहा गया, दुकानदार को हैरानी तो तब हुई जब मैंने उसे नितु की ऊँगली का एकज्याकट साइज बताया! खरीदारी कर के हम घर लौट रहे थे और ताऊ जी ने मुझे कोई पैसा खर्च करने नहीं दिया था.

बजार में मोटरसाइकिल का एक नया शोरूम खुला था और मैं बातों-बातों में गोपाल भैया से जान चूका था की उन्हें बाइक चलानी आती हे. वो तो उनके नशे के चलते ताऊ जी बाइक लेने नहीं देते थे. मैंने सोचा की घर में एक बाइक तो होनी ही चाहिए, इसलिए मैंने गोपाल भैया का हाथ पकड़ा और एक बाइक के शोरूम में घुस गया."बताओ भैया कौनसी पसद आई आपको?" मैंने खुश होते हुए पूछा.

"बेटा इसकी क्या जरुरत है?" ताऊ जी बोले.

"ताऊ जी आज तक मैं सब के लिए कुछ न कुछ लाया हूँ, भैया के लिए बस शर्ट-पैंट ही ला पाया, आज तो एक तौहफा देने दो! मैंने कहा तो ताऊ जी मुस्कुरा दिए और मेरे पिताजी की पीठ पर हाथ रखते हुए उन्हें अपने गर्व का एहसास दिलाया. इधर गोपाल भैया भी भावुक हो गए और मेरे गले लग गये. फिर मैं उनका हाथ पकड़ कर अंदर ले आया और उनसे पुछा तो उन्होंने डिलक्स सेलेक्ट की पर मेरा मन हिरो पॅशन प्रो पर था. मैने उन्हें जब उसकी तरफ इशारा किया तो वो एकदम से खुश हो गए और लाल रंग में वही सेलेक्ट की गई. जब मैं पैसे देने लगा तो ताऊ जी ने बड़ी कोशिश की पर मैं जिद्द पर अड़ गया और मैंने उन्हें पैसे नहीं देने दिये. किस्मत से डिलीवरी भी उसी वक़्त मिल गई. मैं और गोपाल भैया फरफराते हुए पहले निकले.ताऊ जी और पिताजी बाद में आये, जैसे ही बाइक घर के बाहर रुकी भैया ने पी-पी हॉर्न की रेल लगा दी. सबसे पहले भाभी निकली और बाइक देख कर एकदम से अंदर भागीं और आरती की थाली ले आईं, ताई जी और माँ भी आ कर बाहर खड़े हो गए और भैया ने बड़े गर्व से कहा की ये मैंने उन्हें तौह्फे में दी हे. अश्विनी ऊपर छत से नीचे झांकते हुए देख रही थी पर उसे ये देख कर जरा भी ख़ुशी नहीं हुई थी. पूजा हुई और मैंने भाभी और भैया को जबरदस्ती ड्राइव पर भेज दिया और मैं, माँ ताई जी सब अंदर आ गये. ताई जी ने हलवा बनाना शुरू किया और मैंने साक्षी को गोद में ले कर खेलना शुरू किया. कुछ देर बाद ताऊ जी और पिताजी लौट आये और उनके आने के एक घंटे बाद भैया और भाभी भी लौट आये.

शाम को मैं और नितु वीडियो कॉल पर बात कर रहे थे की तभी भाभी आ गईं और उन्होंने भी नितु से बात करना शुरू कर दिया और आज के तौह्फे के बारे में बताया. तभी भाभी ने इशारे से भैया को ऊपर बुला लिया और उनसे बोली; "देखो मैं कुछ नहीं जानती कल के कल ही दोनों को मिलवाओ!" नितु उस वक़्त वीडियो कॉल पर ही थी और शर्मा रही थी की तभी भैया मुझसे बोले; "तू कपडे पहन मैं अभी ले चलता हूँ तुझे!" ये सुन मैं तो एकदम से खड़ा हुआ पर भाभी बोली; "अभी टाइम ही कहाँ बचा है? कल सुबह चलते हैं, मैं भी इसी बहाने लखनऊ घूम लुंगी." तो बात तय हुई की कल का दिन हम चारों लखनऊ घूमेंगे, रही ताऊ जी से बात करनी तो वो भी भैया ने खुद कर ली.

अगले दिन हम लखनऊ के लिए निकले और पूरे रास्ते भाभी मेरी टाँग खींचती रहीं, "आज तो अपनी होने वाली दुल्हनिया से मिलने जा रहे हो!" नितु हमें लेने बस स्टैंड पहुँच गई थी और वहाँ से हम अलग हो गये. भैया-भाभी घूमने चले गए और मैं और नितु कहीं और निकल लिए. घुमते-घुमते बात चली लोगों को इंवाईट करने की तो मैं और नितु नाम गिनने लगे की किस किस को बुलाना हे.

मैं: यार मेरे कॉलेज से तो कोई नहीं आ सकता, रिजन ओबविअस है सब अश्विनी को जानते हैं!

नितु: मेरा तो कॉलेज ही कॉरेस्पोंडेंस था! कुछ स्कूल के दोस्त हैं पर उनसे मेरी कोई ख़ास-बात चीत नहीं हे. एक दोस्त है शालू जिस के घर मैं रुकी थी वो मेरी बहुत अच्छी दोस्त है तो वो जरूर आयेगी.

मैं: मोहित-प्रफुल ...... उन्हें .....मैं आगे कुछ नहीं बोल पाया.

नितु: उन्हें बुला तो लें पर वो भी अश्विनी के बारे में जानते हे.

मैं: उन्हें सच बता दूँ?

नितु: आप को विश्वास है उन पर?

मैं: बहुत विश्वास है! आपके आने से पहले वही थे जो मुझे थोड़ा-बहुत संभाल पा रहे थे. ज्यादा से ज्यादा क्या होगा की वो लाऊड रियाक्ट करेंगे और दोस्ती टूट जायेगी!

नितु: जितना मैं उन्हें जानती हूँ वो शायद ऐसा कुछ न कहें!

मैंने फ़ोन निकाला और मोहित-प्रफुल को कॉन्फ्रेंस कॉल पर लिया; "यार कुछ बहुत जरुरी बात करनी है, अभी मिलना है! प्लीज!!!" आगे मुझे कुछ बोलना नहीं पड़ा और उन्होंने फ़ौरन जगह और टाइम फिक्स किया.

मैं: मेरी कॉलेज की एकलौती दोस्त है जिसे मैं बुलाना चाहता हु.

नितु: सुमन? पर उसे भी तो पता है?

मैं: वो अकेली ऐसी दोस्त है जो सब जानते हुए भी मेरे खिलाफ नहीं थी.

मैंने सुमन को कॉल मिलाया और उसे सब बताया, अश्विनी के बारे में सुन कर उसे बहुत गुस्सा आया और वो उसे गाली देने लगी; "हरामजादी कुतिया! इसकी वजह से .....हम दोनों........" वो आगे कुछ नहीं कह पाई.पर मैं उसका मतलब समझ गया था. अगर आशु नहीं होती तो आज मैं और सुमन साथ होते! "सॉरी....तो कब आना है मुझे?" सुमन बोली. "आप मेरी तरफ से आजाओ! मेरे नाते-रिश्तेदार कम हैं!" नितु बोली और उसकी बात सुन सुमन को एहसास हुआ की कॉल स्पीकर पर था और नितु ने उसकी सारी बात सुन ली थी इसलिए वो एकदम से खामोश हो गई!

"हेल्लो? सुमन?" नितु बोली और तब जा कर सुमन ने हेल्लो कहा. "यार इट्स ओके .... आई नो एवरीथिंग ...." ये सुन कर भी सुमन कुछ नहीं बोली तो मजबूरन मुझे ही बोलना पड़ा; "अच्छा बाबा आप २० फरवरी को मेरे घर पहुँच जाना और अपना एड्रेस टेक्स्ट कर दो मैं कार्ड भेज देता हूँ!" तब जा कर उसके मुँह से 'सॉरी' निकला और मैंने बाय बोल कर कॉल काट दिया.

मुझे भी थोड़ा आकर्ड फील हुआ पर नितु एकदम नार्मल थी. कुछ देर बाद मोहित और प्रफुल भी मिलने आ गए और मैं उन्हें एकदम से सारी बात नहीं बता सकता था इसलिए मैंने बात घुमाते हुए कहा;

मैं: यार अगर तुम लोगों को मेरे बारे में कोई ऐसी बात पता चले जिससे मेरा करैक्टर खराब हो तो क्या तुम मुझसे दोस्ती रखोगे? या फिर तुम्हारी नजरों में दोस्ती की अहमियत कम हो जाएगी? और फिर तुम सब की तरह मुझे जज करोगे?

मोहित: तू पागल हो गया है क्या?

प्रफुल: हम दोनों हमेशा तेरे साथ हैं, तुझे इतने सालों से जानते हैं तू कभी कोई गलत काम कर ही नहीं सकता!

मोहित: अगर किया भी तो उससे हमारी दोस्ती में फर्क नहीं आएगा? तूने जब ये दारु पीना शुरू किया था तब हम तेरे साथ ही थे ना? तुझे समझाते थे, रोकते थे पर तूने बात नहीं मानी!

प्रफुल: अच्छा अब बता भी क्या बात है?

उनकी बात सुन कर ये साफ़ हो गया था की वो मेरा साथ नहीं छोड़ेंगे.मैंने उन्हें सारी बात बता दी, मुझे पता था की वो मुझे कुछ ज्ञान की बात कहेंगे!

मोहित: यार अब तो तू नितु से प्यार करता है ना?

मैं: हाँ

प्रफुल: तो प्रॉब्लम क्या है? तुम दोनों की शादी कब है?

मैं: २३ फरवरी

मोहित: ठीक है ...तो अब ये सड़ी हुई सी शक्ल क्यों बना रखी है तूने?

प्रफुल: अबे साले! जो हुआ वो तेरा पास्ट था. तेरा इस्तेमाल किया उसने. अब वो सब भूल कर नई जिंदगी शुरू कर!

मैं: पर यार तुम लोगों को .....

मोहित: (मेरी बात काटते हुए) सुन मेरी बात! अगर ये सारा रायता उस लड़की ने ना फैलाया होता और तू तब हमें ये सारी बात बताता तब भी हम तेरा साथ देते, तुझे ताना नहीं मारते! तूने प्यार किया उससे... वो भी सच्चा वाला!

अब ये बात सुन कर सब साफ़ हो चूका था की मेरे दोस्त मेरे साथ हैं और उन्हें जरा भी मतलब नहीं की मेरा और अश्विनी का रिश्ता क्या था! मेरे दिल पर से आज बहुत बड़ा पत्थर उतर गया था! उनसे ख़ुशी-ख़ुशी विदा ले कर हम दोनों वापस बस स्टैंड आये, जहाँ भैया-भाभी पहले से खड़े थे! भाभी ने हम दोनों के मजे लिए और फिर हम सब अपने-अपने घर लौट आये.

अगले दिन की बात है, दूध पीने के बाद साक्षी सो रही थी और मुझे ऑफिस का एक जरुरी काम करना था. तो मैं अपना लैपटॉप ले कर छत पर आ गया था और वहाँ बैठा अपना काम कर रहा था की वहाँ पीछे से अश्विनी आ गई. मेरा ध्यान स्क्रीन पर था और वो मेरे पीछे खड़ी थी. वो पीछे से ही बोली; "ये सब जान बूझ कर रहे हो ना?"

‘नितु से जब प्यार हुआ तब तो मुझे तेरे साथ हुए हादसे के बारे में पता तक नहीं था. ये तो मेरी किस्मत थी जो मुझे वापस इस घर तक खींच लाई! तो ये जानबूझ कर कैसे हुआ?' मन ये सफाई देना चाहता था पर फिर एहसास हुआ की ना तो अश्विनी मेरी ये सफाई सुनने के लायक है और ना ही मेरे कुछ कहने से वो बात समझेगी इसलिए मैंने उसे वही जवाब दिया जो वो सुन्ना चाहती थी; "अभी तो शुरुआत है!" इतना कह मैं अपना लैपटॉप ले कर नीचे आने लगा तो वो पीछे से बोली; "मैं तुम्हारी नितु से कितना नफरत करती हूँ ...... ये जानते हुए .....तुमने ये चाल चली?" ये कहते हुए वो पीछे खड़ी ताली मारती रही और मैं चुप-चाप नीचे आ गया.

निचे आ कर मैंने खुद को साक्षी के साथ व्यस्त कर लिया. उसी शाम को अश्विनी ने अपनी चाल चली, रात को सब खाना खा रहे थे की वो ताऊ जी के सामने कान पकड़ कर खड़ी हो गई; "दादाजी.... मैं माफ़ी के लायक तो नहीं पर क्या आप सब मुझे एक आखरी बार माफ़ कर देंगे? मैं ईर्ष्या में जलकर जो कुछ भी किया मैं उसके लिए बहुत शर्मिंदा हूँ और वादा करती हूँ की आज के बाद ऐसा कुछ भी नहीं करूँगी! इस परिवार की इज्जत मेरी इज्जत होगी और मैं इस पर कोई आँच नहीं आने दूँगी!" इतना कहते हुए अश्विनी ने घड़ियाली आँसू बहाने शुरू कर दिये. ख़ुशी का मौका था और डैडी-मम्मी जी भी कई बार अश्विनी के बारे में पूछ चुका था., हरबार झूठ बोलना ताऊ जी को भी अच्छा नहीं लग रहा था. इसलिए उन्होंने अश्विनी को माफ़ कर दिया और उनके साथ-साथ घर के हर एक सदस्य ने उसे माफ़ कर दिया. पर अश्विनी न मेरे पास माफ़ी मांगने आई और ना ही मैं उसे माफ़ करने के मूड में था.

रंग-रोगन का काम शुरू हो चुका था और इस बार रंग मेरे पसंद का करवाया गया था. मेरे कमरे में तो कुछ ख़ास ही मेहणत करवाई जा रही थी और उसका रंग ताऊ जी ने ख़ास कर नितु से पूछ कर करवाया था. घर भर तैयारियों में लगा था पर मुझे कोई काम नहीं दिया गया था. कारन ये की पिछले कई दिनों से मैं ऑफिस नहीं जा पा रहा था और काम बहुत ज्यादा पेंडिंग था तो मेरा सारा समय व्हिडिओ-कॉल पर जाता. अब तो साक्षी भी मुझसे नाराज रहने लगी थी क्योंकि मैं ज्यादातर लैपटॉप पर बैठा रहता था. वो ज्यादा कर के माँ के पास रहती और जब मैं उसे लेने जाता तो मेरे पास आने से मना कर देती; "सॉरी मेरा

बच्चा!" में कान पकड़ कर उससे माफ़ी मांगता तो वो मुस्कुराते हुए माँ की गोद से मेरे पास आ जाती.

सगाई से दो दिन पहले की बात है, मैं छत पर बैठा काम कर रहा था और साक्षी नीचे सो रही थी की अश्विनी कपडे बाल्टी में भर कर आ गई. "एक बात पूछूँ? तुमने ऐसा क्या देख लिया उसमें जो तुम्हें उससे प्यार हो गया? कहाँ वो ३३ की और कहाँ मैं २३ की! उसकी जवानी तो ढल रही है और मेरी तो अभी शुरू हुई है! याद है न वो दिन जो हमने एक दूसरे के पहलु में गुजारे थे? तुम तो मुझे छोड़ते ही नहीं थे! हमेशा मेरे जिस्म से खेलते रहते थे! वो पूरी-पूरी रात जागना और पलंगतोड़ संभोग करना! सससस.... कितनी बार किया तुमने उसके साथ संभोग? उतना तो नहीं किया होगा जितना मेरे साथ किया था? अरे वो देती ही नहीं होगी! राखी कहती थी की मॅडम को संभोग वाली बातें करना पसंद नहीं! जिसे बातें ही पसंद ना हो वो संभोग कहाँ करने देगी? अभी भी मौका है.... मैं अब भी तैयार हूँ!!!!" अश्विनी ने ये बातें कुछ इस तरह से कहीं के मेरे बदन में आग लग गई. मैं एक दम से उठ खड़ा हुआ और बोला; "तेरी सुई घूम-फिर कर संभोग पर ही अटकती है ना? नहीं किया मैंने उसके साथ संभोग और अगर सारी उम्र ना करने पड़े तो भी मुझे कोई फर्क नहीं पड़ेगा! पता है क्यों? क्योंकि वो मुझसे प्यार करती है और मैं भी उससे प्यार करता हूँ! तेरे लिए प्यार की परिभाषा होती होगी संभोग हमारे लिए नहीं! हमारे लिए बस साथ रहना ही प्यार है!" इतना कह कर मैं पाँव पटककर वहाँ से चला गया.उस दिन रात को जब नितु का फ़ोन आया तो मैंने उससे ये बात छुपाई! आमतौर पर मैं नितु से कोई बात नहीं छुपाता था पर मैंने ये बात उसे नहीं बताई!

उस दिन के बाद से अश्विनी मुझसे कोई बात नहीं करती, हाँ उसकी घरवालों के साथ अच्छी बनने लगी थी. घर के सभी कामों में वो हिस्सा ले रही थी और उसने सब को ये विश्वास दिला दिया था की वो वाक़ई में बहुत खुश हे. एक बदलाव जो मैं अब उसमें देख पा रहा था वो ये था की अश्विनी ने अब मुझे प्यासी नजरों से देखना शुरू कर दिया था. वो भले ही मुझसे दूर रहती पर किसी न किसी तरीके से मुझे अपने जिस्म की नुमाइश करा देती, कभी जानबूझ कर मेरे पास अपना क्लीवेज दिखाते हुए झाडू लगाती तो कभी साडी को अपनी कमर पर ऐसे बांधती जिससे मुझे उसका नैवेल साफ़ दिख जाता. उसकी इन हरकतों का मुझ पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा था पर बड़ा अजीब सा लग रहा था. ऐसा लगता मानो मुझे उससे घिन्ना आने लगी थी.

आखिर मेरी सगाई का दिन आ ही गया और मम्मी-डैडी और नितु सब गाडी से आ गये. मैं उस वक़्त तैयार हो रहा था इसलिए मैं नीचे नहीं आ पाया, घर के सभी लोगों ने उन्हें रिसीव किया और उन्हें अंदर लाये.इधर नितु की नजरें पूरे घर में घूम रही थीं की मैं दिख जाऊँ, पर भाभी ने उनकी नजरें पकड़ ली थीं और वो उसके कान में खुसफुसाते हुए बोलीं; "आपके मंगेतर अभी तैयार हो रहे हैं!"ये सुन कर नितु शर्मा गई. तभी उसकी नजर अश्विनी पर पड़ी जो चेहरे पर नकली मुस्कान चिपकाए सब को देख रही थी. डैडी जी ने भी जब उसे देखा तो अपने पास बिठाया और उन्हें उस पर बड़ा तरस आया. "बेटी पिछली बार तुमसे ज्यादा बात नहीं हो पाई, तुम्हारी तबियत ठीक नहीं थी! अब कैसी है तुम्हारी तबियत?" डैडी जी ने पुछा और अश्विनी ने नकली हँसी हँसते हुए कहा; "जी अंकल अब ठीक है!" अभी आगे वो कुछ बोलते की मैं सूट पहने हुए नीचे उतरा.नितु ने मुझे पहले देखा और उसकी आँखें चौड़ी हो गईं! उसकी ठंडी आह भाभी ने सुन ली और वो बोलीं; "माँ आप कहो तो सागर को काला टीका लगा दूँ!" भाभी की आवाज सुन कर सब मेरी तरफ देखने लगे.

इधर मेरी नजर नितु पर पड़ी और मैं आखरी सीढ़ी पर रुक गया और आँखें फाड़े उसे देखने लगा. घर में सब का ध्यान अब हम दोनों पर ही था और सब चुप हो गए थे. आज नितु को साडी में देखा मेरा मन बावरा हो गया था. आखिर भाभी चल के मेरे पास आईं और मेरा हाथ पकड़ कर मेरी तन्द्रा भंग की! मैं बैठक में आ कर ताऊ जी और पिताजी के बीच बैठ गया."क्या हुआ था बेटा?" डैडी जी ने पुछा और मेरे मुँह से अचानक निकल गया; "वो बहुत दिनों बाद देखा ना....." ये बोलने के बाद मुझे एहसास हुआ और मैंने शर्म से मुस्कुराते हुए सर झुका लिया. यही हाल नितु का भी था और उसके भी मेरी तरह शर्म से हजाल लाल थे और ये सब देख कर अश्विनी की आँखें गुस्से से लाल थी.

मँगनी की रस्म शुरू हुई और पहले नितु ने मुझे अंगूठी पहनाई जो थोड़ी लूज थी और फिर जब मैंने उसे अंगूठी पहनाई तो वो उसे एकदम फिट आई. सबका मुँह मीठा हुआ और खाना-पीना शुरू हुआ, मैंने भाभी को इशारा किया और वो समझ गई. भाभी ने नितु को कहा की वो उनके साथ चल कर कमरा देख ले जिसमें पेंट हुआ हे. उनके जाते ही दो मिनट बाद मैंने फ़ोन निकाला और ऐसे जताया की मैं फ़ोन पर बात कर रहा हूँ और फिर आंगन में आ गया और धीरे-धीरे सीढ़ी चढ़ कर ऊपर पहुँच गया.भाभी और नितु मेरे कमरे में खड़े मेरा ही इंतजार कर रहे थे. मुझे देखते ही नितु बोली; 'तो आपने भाभी को सब पहले से ही समझा दिया था की उन्हें क्या बहाना कर के मुझे वहाँ से निकालना है?" नितु बोली.

"और क्या?" मैंने कहा और भाभी ये देख कर हँस पडी. "यार आपका (भाभी का) काम हो गया, आप जाओ!" मैंने कहा.

"अच्छा जी? ठीक है चल नीता!" भाभी ने एकदम से उसका हाथ पकड़ लिया और नीचे जाने को निकलीं."सॉरी...सॉरी...सॉरी.... माफ़ कर दो... !!!" मैंने अपने कान पकड़ते हुए कहा. ये देख कर भाभी और नितु दोनों हँस पडे. "वैसे भाभी आपको नहीं लगता की नितु आज बहुत ज्यादा सुन्दर लग रही है?" मैंने पूछा. मैं तो बस भाभी के जरिये नितु को ये बताना चाहता था की आज वो बहुत सूंदर लग रही हे. भाभी के सामने हम दोनों थोड़ा शर्म किया करते थे!

"वो तो तुम्हारा बिना पलके झपकाए देखने से ही पता चल गया था!" भाभी ने मेरी टाँग खींचते हुए कहा.

"वैसे भाभी क़यामत तो आज आपके देवर जी ढा रहे हैं!" नितु ने मेरी तारीफ करते हुए कहा.

"मेरे देवर जी? मैं चली नीचे, वरना तुम दोनों मेरी शर्म कर के बार-बार मेरा ही नाम ले-ले कर बातें करोगे." भाभी बोलीं और हँसते हुए नीचे चली गई. उनके जाते ही मैंने नितु का हाथ पकड़ लिया; "यार सच्ची आज आप इतने हसीन लेग रहे हो की मन करता है आज ही शादी कर लूँ!" मैंने कहा और नितु शर्माते हुए मेरे सीने से आ लगी और बोली; "हैंडसम तो आज आप लग रहे हो!" हम दोनों ऐसे ही गले लग कर खड़े थे की तभी वहाँ हमें बुलाने के लिए अश्विनी आ गई. हमें इस तरह गले लगे देख उसके जिस्म में बुरी तरह आग लग गई. उसने बड़े जोर से मेरे कमरे के दरवाजे पर हाथ मारा और चिल्लाई; "अभी शादी नहीं हुई है तुम दोनों की!" उसे देखते ही हम दोनों हड़बड़ा गए और अलग हुए पर उसके इस कदर चिल्लाने से मुझे गुस्सा आ गया; "तेरी....... !!!" मैं आगे कुछ कहता उससे पहले ही नितु ने मेरा हाथ पकड़ कर रोक लिया. "बोलने दो बेचारी को! तकलीफ हुई है!!!" नितु ने मुस्कुराते हुए कहा. नितु ने आज उसी अंदाज में कहा जिस अंदाज में उस दिन अश्विनी ने मेरा मजाक उड़ाया था जब मैं उससे साक्षी को माँग रहा था. नितु की बात सुन कर अश्विनी जलती हुई नीचे चली गई. "मत लगा करो इसके मुँह! ये जानबूझ कर आपको उकसाने आती है!" नितु बोली, मैंने सर हिला कर उसकी बात मान ली और फिर उसे दुबारा अपने पास खींच लिया; "आपको किस करने की गुस्ताखी करने का मन कर रहा है!" मैने नितु की आँखों में देखते हुए कहा तो जवाब में नितु ने अपनी आँखें बंद कर लीं.मैंने अभी नितु के होठों पर अपने होंठ रखे ही थे की भाभी आ गई और अपनी कमर पर हाथ रखते हुए

बोलीं; "शर्म करो!" उनकी आवाज सुनते ही हम दोनों अलग हो गये. "भाभी हमेशा गलत टाइम पर आते हो!" मैंने शिकायत करते हुए कहा, इधर नितु के गाल शर्म से सुर्ख लाल हो चुका था.! भाभी ने मेरे कान पकड़ लिए; "बेटा ज्यादा ना उड़ो मत! शादी हो जाने दो उसके बाद मैं आस-पास भी नहीं भटकूँगी!" नितु भाभी के पीछे छुप गई और बोली; "तो मुझे बचाएगा कौन?" ये सुन कर तो हम तीनों हँस पड़े और भाभी ने हम दोनों को अपने गले लगा लिया. तभी पीछे से मम्मी जी आ गईं मेरा कमरा देखने और हमें ऐसे गले लगे देख मुस्कुराते हुए बोलीं; "लो भाई! यहाँ तो देवर-देवरानी और भाभी का प्रेम मिलाप चल रहा है!" ये सुन कर हम अलग हुए; "बेटा (भाभी) इसका ख्याल रखना, कभी-कभी ये मनमानी करती है!" मम्मी जी बोली. "आप चिंता ना करो मैं नीता का ध्यान अपनी दोस्त जैसा ख्याल रखुंगी." भाभी ने मुस्कुराते हुए कहा. आखिर हम नीचे आ गए, फिर खाना-पीना हुआ और इस दौरान अश्विनी कहीं भी नजर नहीं आई! समय से मम्मी-डैडी और नितु चले गए, पर जाते-जाते नितु ने साक्षी को अपनी गोद में लिया और उसके कान में फुसफुसाते हुए कहा; "अब जब आपसे मिलूँगी तो आपको अपने साथ ही रखुंगी.!" ये सुन कर साक्षी मुस्कुराने लगी और नितु ने उसके माथे को चूमा और मुझे दे दिया.

दिन गुजरने लगे और शादी में अभी एक महीना रह गया था. शादी के कार्ड छप कर आये. मेरे दोस्तों को कार्ड मैंने भेज दिए और ऑफिस स्टाफ को भी कार्ड भेज दिये. अल्का को कार्ड नितु ने भेजा और साथ ही उसे टिकट भी भेज दी. इधर घरवालों ने जब नाते-रिश्तेदारों को कार्ड भेजा तो सभी ने पूछना शुरू कर दिया. ताऊ जी ने सब से यही कहा की लड़की सब की पसंद की है और उन्हें बाकी डिटेल नहीं दी, मैं तो वैसे भी इन सब बातों से अनविज्ञ था! शादी से ठीक १५ दिन पहले तक मेरा घर रिश्तेदारों से खचाखच भर चूका था. मैं उन दिनों काम के चलते बहुत ज्यादा बिजी था तो घर में जो कोई भी बात होती वो मेरे सामने नहीं होती थी. दिन में मैं छत पर अपना लैपटॉप ले कर बैठा होता था. रात में मुझे देर तक जागने की मनाही थी. मेरे कुछ कजन कभी-कबार आ कर मेरे पास बैठ जाते और उनके साथ हँसी-मजाक होता. इतने लोग तो अश्विनी की शादी में भी नहीं आये थे!

एक दिन की बात है की घर में घमासान खड़ा हो गया, बात शुरू की मौसा जी ने! "भाईसाहब! आपकी अक्ल पर पत्थर पड़ गए हैं जो एक तलाकशुदा लड़की की शादी, उम्र में सागर से ५ साल बड़ी की शादी अपने लड़के से करवा रहे हो?" उनकी बात सुनते ही पिताजी और ताऊ जी भड़क उठे, पिताजी के कुछ कहने से पहले ही ताऊ जी बोल उठे; "यहाँ तुम से कुछ पुछा गया? शादी में बुलाया है, चुप-चाप आशीर्वाद दो और निकल जाओ!" मौसा जी ताऊ जी से उम्र में छोटे थे और उनका बड़ा मान करते थे, वैसे तो सभी मान करते थे या ये कहूँ की डरते थे! इसलिए जब ताऊ जी चिल्लाये तो मौसा भीगी बिल्ली बन कर चुप हो गये. बड़ी हिम्मत कर के छोटी मौसी बोलीं; "भाईसाहब लड़की तो हमारी ज़ात की भी नहीं!" उनकी बात का जवाब ताई जी ने दिया; "काहे की ज़ात? जब हम मुसीबत में थे तो कौन से ज़ात वाले सामने आये थे? सब के सब पुलिस के डर के मारे अपने घर में छुपे हुए थे!" ताई जी की बात सुन कर सब के सब चुप-चाप खड़े हो गये. "मेरी बात गौर से सुन लो सारे! तुम में से अगर किसी ने भी इस शादी में विघ्न डाला या कोई ऐसी हरकत की जिससे हमारी मट्टी-पलीत हुई तो उसे गोली से उड़ा दूँगा! तुम में से किसी ने अगर समधी-समधन को या बहु को कुछ भी ताना मारा या कहा ना तो अंजाम तुम्हें मैं बता चूका हूँ! एक आरसे बाद इस घर में खुशियाँ आ रही हैं!" ताऊ जी की दहाड़ सुन सब के सब चुप हो गये. अब मुझे कहने की तो कोई जरुरत नहीं की ये लगाई-बुझाई अश्विनी की थी. एक वही तो थी जो सब कुछ जानती थी! इसलिए मैं इंतजार करने लगा की मुझे कब मौका मिले जब वो अकेली हो.

रात को जब मैं साक्षी को उससे लेने के बहाने उसके कमरे में पहुँचा तो मुझे वो अकेली अपना बिस्तर ठीक करते हुए दिखी; "मिल गई तेरे कलेजे को ठंडक? लगा ली ना आग?" ये सुनते ही अश्विनी बोली; "मैंने क्या किया?" उसने अनजान बनने का नाटक किया पर मेरे

सामने उसका ये रंग नहीं चल सकता था. "ज्यादा अनजान बनने की कोशिश मत कर! तेरे आलावा यहाँ और कोई है जिसे मेरी खुशियां देख कर आग लग रही हो! दुबारा तूने ऐसा कुछ किया ना तो दुर्गत कर दूँगा तेरी!" मैंने अश्विनी को हड़काया और साक्षी को ले कर अपने कमरे में आ गया.अगले दिन सुबह-सुबह एक बड़ा सा ट्रक घर के आगे खड़ा हो गया, ताऊ जी ने सारे मर्दों को आवाज दी. सभी हैरान थे सिवाए उनके और पिताजी के, जब ट्रक पर से तिरपाल हटा तो उसमें पड़ा सामान देख सब समझ गये. उसमें सारा फर्नीचर था जो ताऊ जी ने स्पेशल आर्डर दे कर बनवाया था. जब सामान उतारने के लिए मैंने हाथ लगाना चाहा तो ताऊ जी ने मना कर दिया. मैं ख़ुशी-ख़ुशी ऊपर आया की एक और टेम्पो की आवाज सुनाई दी, मैंने छत से नीचे झाँका तो पता चला की डैडी जी ने भी कुछ सामान भेजा था. घर में जितने भी रिश्तेदार आये थे सब के सब सामान उतारने में लग गए और पिताजी और ताऊ जी ये ध्यान रख रहे थे की कहीं कुछ टूट ना जाये. मेरा कमरा इतना बड़ा था पर उसमें सामान के नाम पर मेरा सिंगल बेड और एक टेबल था बाकी उसमें ट्रंक रखे हुए थे जिनमें गर्म कपडे होते थे. आज जा कर मेरे कमरे को एक डबल बेड, ड्रेसिंग टेबल, छोटा सोफा, अलमारी और स्टडी टेबल का सुख मिल रहा था. मैं ने नितु को वीडियो कॉल कर के सामान ऊपर चढ़ते हुए दिखाया और वो बहुत खुश हुई.

शादी में एक हफ्ता रह गया था और पिताजी ने मंदिर में पूजा रखवाई थी. सारा परिवार वहीँ जमा था. में भी वहीँ था और काम में मदद कर रहा था. ताऊ जी ने मुझे कुछ सामान लाने के लिए घर भेजा. जब मैं घर पहुँचा तो वहाँ पर सिर्फ अश्विनी थी. उसके अल्वा वहाँ कोई नहीं था. मैं सामान लेने अपने कमरे में पहुँचा तो अश्विनी चुपके से मेरे कमरे के बाहर खड़ी हो गई. जैसे ही मैं सामान ले कर पलटा की अश्विनी ने अचानक से मेरा हाथ पकड़ लिया और मुझे खींच कर सीधा छत पर ले आई. मैं उसके साथ नहीं जाना चाहता था पर आज उसकी पकड़ बहुत मजबूत थी और उसमें बहुत ज्यादा ताक़त आ गई थी. छत पर आ कर उसने मेरा हाथ छोड़ दिया और वो घुटनों के बल खड़ी हो गई और अपने दोनों हाथ जोड़ लिए; "प्लीज ....प्लीज मुझे माफ़ कर दो!" अश्विनी की आँखें छल-छला गईं थी. पर मेरा मन तो जैसे पत्थर का हो चूका था. जिस पर उसके रोने का कोई असर नहीं हो रहा था उल्टा गुस्सा आ रहा था; "किस लिए माफ़ कर दूँ? मेरा दिल तोडा उसके लिए? या फिर मुझे मेरे ही बेटी से दूर किया उसके लिए?" मैंने गुस्से से कहा.

"सबके लिए....मैंने बहुत पाप किये हैं! तुम्हारे दिल के साथ खेल खेला.... जानते-बूझते तुम्हें बहुत दुःख दिया........" इतना कहते हुए अश्विनी ने मेरे पैर पकड़ लिए और बिलख-बिलख कर रोने लगी. मैंने उसके हाथों की पकड़ खोलनी चाही पर उसने मेरा दाहिना पैर अपनी छाती से जकड़ रखा था. "मैं तुम से बहुत प्यार करती हूँ और तुम्हारे बिना नहीं रह सकती!.....मैं तुम्हें अपनी आँखों के सामने किसी और का होता हुआ नहीं देख सकती! प्लीज....एक मौका दो मुझे" अश्विनी ने बिलखते हुए कहा. उसकी बात सुन कर एक पल को मेरा दिल पसीज गया, इसलिए मैंने उसे समझाते हुए कहा; "देख हमारे बीच जो कुछ भी था वो सब उसी दिन खत्म हो गया था जब तूने रक्षित से शादी की थी. अब मैं नितु से प्यार करता हूँ और वो भी मुझसे बहुत प्यार करती है, हमारी शादी होने वाली हे. अब ये पागलपन छोड़ दे और अपने मन से ये बात निकाल दे की मैं अब दुबारा तुझसे प्यार कर सकता हु." मैंने फिर से अपने पाँव को छुड़ाने की कोशिश की.

"नहीं...पहले भी तुम ने मना किया था की तुम मुझसे प्यार नहीं करते पर मेरे प्यार ने तुम्हारे मन में मेरे प्यार की लौ जला दी थी! इस बार भी मैं ऐसा कर सकती हूँ...बस एक मौका दे दो! एक आखरी मौका.....अबकी बार मैंने कुछ भी गलत किया तो मेरी जान ले लेना...मैं उफ़ तक ना करुँगी!...... हम दोनों और साक्षी कहीं दूर एक सुकून भरी जिंदगी जियेंगे! मेरा नहीं तो कम से कम साक्षी का सोचो? यहाँ से दूर आप उसे कितना प्यार दे सकोगे? .... उसे भी तो अपने पापा का प्यार चाहिए! कल को वो बोलने लगेगी तो आपको क्या कहेगी?" अश्विनी की साक्षी वाली बात सुन कर मैं चुप हो गया था. पर मैं नितु के साथ ये धोका नहीं कर सकता था. इसलिए मैंने ना में सर हिलाया और अश्विनी की पकड़ से अपना पाँव छुड़ा

लिया. मैं नीचे आने को दो ही कदम चला हूँगा की अश्विनी जमीन से उठ खड़ी हुई और बोली; "अपनी हालत याद है न उस दिन क्या हुई थी? क्या कहा था तुमने उस दिन मुझसे?...... 'तो बोल तुझे क्या चाहिए? जो चाहिए वो सब दूँगा तुझे बस मुझे साक्षी से अलग मत कर!'... यही कहा था ना उस दिन ..... ठीक है... आज माँगती हूँ..... इस शादी का ख्याल अपने मन से निकाल दो, मिटा दो नितु की सारी यादें और मैं तुम्हें साक्षी दे दूँगी! ये सिर्फ मुँह से नहीं कह रही, बल्कि कानूनी रूप से तुम्हें साक्षी की कस्टडी दे दूँगी! फिर बुलवा लेना उसके मुँह से पापा, मैं कुछ नहीं कहूँगी!" अश्विनी ने फिर से वही जहरीली हँसी हँसते हुए कहा और मुस्कुराते हुए मेरे सामने से गुजरी.

मैने उसका हाथ बड़ी जोर से पकड़ा और उसे झटके से रोका और पीछे की तरफ खींचा, मेरी आँखें आँसुओं से लाल हो गई थी; "दिखा दी ना तूने अपनी ज़ात! साक्षी के नाम पर नितु की जिंदगी का सौदा करना चाहती है? तू चाहती है मैं भी उसके साथ वही करूँ जो तूने मेरे साथ किया था? पर मैं तेरी तरह मौका परस्त नहीं हूँ, मैं साक्षी से बहुत प्यार करता हूँ पर उसके लिए मैं नितु को नहीं छोड़ सकता! वो मेरे बिना मर जायेगी.....तुझसे कई गुना ज्यादा उससे प्यार करता हूँ!" मैंने रोते हुए कहा, अगले ही पल मेरे आँसू सूख गए और एक बाप का प्यार बाहर आया. मैंने अश्विनी का गाल पकड़ लिया और उसकी आँखों में देखते हुए बोला; "तू अपनी नितंब का जोर लगा दे, देखता हूँ कैसे तू साक्षी को मुझसे अलग रख पाती है!" मेरे आँखों में गुस्सा देख अश्विनी आगे कुछ नहीं बोल पाई क्योंकि वो भी जानती थी की वो चाहे कुछ भी कर ले वो ताऊ जी के रहते साक्षी को मुझसे दूर नहीं कर सकती थी. "तेरे पास कोई रास्ता नहीं है! तुझे इसी घर में रहना होगा.... तेरी शादी तो उस हत्यकांड के बाद होने से रही! यहाँ रहते हुए तू साक्षी को मुझसे कभी अलग नहीं कर पाएगी!" मैंने अश्विनी की सारी हिम्मत तोड़ दी थी. उसने जो घरवालों का प्यार जीतने के लिए जो कुछ दिन पहले ड्रामा किया था उसके चलते अब वो बुरी नहीं बन सकती थी वरना ताऊ जी समेत सारे घर वाले उसकी जान ले लेते! इतना कहते हुए मैं मंदिर लौट आया और पूजा में शामिल हो गया.पर मैं ये नहीं जानता था की वो कमिनी औरत किसी भी हद्द तक गिर सकती है!

इधर मैं पूजा में बैठा था और उधर उसने नितु को फ़ोन कर दिया. नितु का नंबर वो पहले ही भाभी के फ़ोन से निकाल चुकी थी और आज उसने अपनी गन्दी चाल चली. "हेल्लो! नितु? मैं अश्विनी बोल रही हूँ!" नितु अश्विनी की आवाज सुन कर एकदम से चौंक गई और इसके पहले वो कुछ कहती अश्विनी बोल पड़ी; "कैसी औरत हो तुम? तुम्हारी वजह से सागर अपनी बेटी को छोड़ कर तुमसे शादी कर रहा है! मैंने उससे आज पुछा की क्या वो साक्षी के साथ रहना चाहता है या तुम्हारे साथ शादी करना चाहता है तो उसने तुम्हें चुना! शर्म

आनी चाहिए तुम्हें, तुम एक बाप को उसी की बेटी से छीन रही हो! वो तुमसे को प्यार नहीं करता बल्कि वो तुम्हारी जान बचाने के लिए तुमसे शादी कर रहा है!" इतना बोल कर अश्विनी ने कॉल काटा और नितु को एक व्हाट्सअप्प भेजा जिसमें उसने कुछ देर पहले मेरी कही बात का ऑडियो भेजा. उसने बड़ी ही चालाकी से मेरी "तुझसे कई गुना ज्यादा उससे प्यार करता हूँ!" वाली बात को काट दिया और बाकी की बात ऐसे के ऐसे ही उसे भेज दी थी. ये ऑडियो सुन कर नितु एक दम से सन्न रह गई और उसे लगा की मैं उससे कम प्यार करता हूँ और साक्षी से ज्यादा प्यार करता हु. मेरे इस त्याग के बारे में सोच कर नितु टूट गई. वो कतई नहीं चाहती थी की मैं साक्षी को छोड़ूँ बल्कि वो अपने प्यार की कुर्बानी देने को तैयार हो गई थी! नितु ने फ़ौरन एक मैसेज टाइप किया; "आई एम कॉलिंग दिस वेडिंग ऑफ!" और मुझे भेज दिया. मैं उस वक़्त पूजा में था तो उसका मैसेज नहीं देख पाया, पूजा रात नौ बजे तक चली और पूजा के बाद जब मैंने नितु का मैसेज पढ़ा तो मेरे होश उड़ गए, मैंने उसे कॉल करना शुरू किया पर वो फ़ोन नहीं उठा रही थी. मैंने डैडी-मम्मी को कॉल किया तो पता चला की वो बाहर किसी रिश्तेदार के आये हैं! अब मेरी हालत ख़राब हो गई क्योंकि वहाँ नितु अकेली थी और वो कुछ गलत ना कर ले इसलिए मैंने गोपाल भैया से बाइक की चाभी मांगी. मेरी शक्ल देखते ही वो समझ गए की कुछ तो बात है, "भैया दोस्त का एकसिडेंट हो गया इसलिए मैं लखनऊ जा रहा हु." इतना कह कर मैं बाइक पर बैठा और नितु के घर की तरफ निकल पडा. ४ घंटे का रास्ता मैंने ३ घंटों में पूरा किया, बाइक हवा से बातें कर रही थी और चूँकि मैंने कपडे कम पहने थे सो ठंड से मेरा हाल बुरा था. ये तो मेरे जिस्म में नितु को खो देने का डर था जो मुझे संभाले हुए था वरना इतनी ठंड में बाइक फुल स्पीड से चलाना?!

रात सवा बारह बजे मैं नितु के घर पहुँचा और ताबड़तोड़ घंटियां बजाईं, नितु ने मुझे मॅजिक आय से देख लिया था और वो दरवाजे से अपनी पीठ टिकाये रो रही थी पर दरवाजा नहीं खोल र ही थी. इधर मैंने दरवाजा पीटना शुरू कर दिया था. मुझे अभी तक नहीं पता था की नितु दरवाजे से पीठ लगा कर बैठी रो रही हे. "नितु....प्लीज दरवाजा खोलो....आई नो .... तुम घर पर हो....प्लीज....." आखिर नितु बोली; "नहीं...मुझे कोई बात नहीं करनी! इट्स ओव्हर!" नितु ने बड़ी मुश्किल से ये कहा था और उसकी आवाज में दर्द महसूस कर मैं टूटने लगा था. "प्लीज....तुम्हें मेरे प्यार का वास्ता! बस एक बार दरवाजा खोल दो! प्लीज...." मैंने काँपते हुए कहा क्योंकि ठंड अब जिस्म पर हावी हो चुकी थी.

नितु उठ कर खड़ी हुई, अपने आँसूँ पोछे और दरवाजा खोला और इससे पहले वो कुछ कहती मैं ही उस पर बरस पड़ा: "तुम्हें लगता है की तुम इतनी आसानी से कहोगी की दिस

वेडिंग इज ऑफ और सब कुछ खत्म हो जाएगा? आखिर मैंने किया क्या है जिसकी सजा मुझे दे रही हो? तुम अश्विनी की तरह निकलोगी की ये मैं कतई नहीं मान सकता." मैंने जब ये कहा तो नितु ने अपना फ़ोन निकाला और मुझे वो ट्रिम रिकॉर्डिंग सूना दी! वो सुनने के बाद मैं समझ गया की ये किसकी कारस्तान है पर अभ के लिए मुझे नितु को संभालना था.उसे सच से रूबरू कराना था. "ये पूरी बात नहीं है!" इतना कह कर मैंने नितु को सब सच बता दिया और नितु आँखें फाड़े सब सुनती रही; "आपने सोच भी कैसे लिया की मैं ऐसा कर सकता हूँ? ये सब उस हरामजादी का किया धरा है और आज मैं उसे जिन्दा नहीं छोडूँगा." इतना कह कर मैं वापस निकलने को पलटा तो नितु ने मेरा हाथ पकड़ लिया और तब उस एहसास हुआ की मेरा पूरा जिस्म बर्फ सा ठंडा हो चूका हे. "आप ऐसा कुछ नहीं करोगे! वो यही तो चाहती है.....गलती मेरी है, मुझे आपसे पहले पूछ लेना चाहिए था! पर मैं नहीं चाहती थी की आप साक्षी के प्यार से वंचित रहो!" नितु रोते हुए बोली और मुझे अपने गले लगा लिया. उसके गर्म जिस्म का एहसास मुझे मेरे ठन्डे जिस्म पर होने लगा था. "लीसन टू मी! साक्षी मेरी बेटी है और इस बात को कोई झुटला नहीं सकता. मैं उससे प्यार करता रहूँगा फिर चाहे हम यहाँ रहे या बैंगलोर में! पहले तो मैं सोच रहा था की मैं साक्षी को गोद ले लूँ पर घरवाले इसके लिए कभी नहीं मानेंगे! फिर आज नहीं तो कल हमारा अपना बच्चा भी तो होगा ना?! ऐसे बहुत से सवाल हैं जिनका जवाब अभी ढूंढा नहीं जा सकता, फिलहाल मेरे लिए ये शादी जरुरी है, उसके बाद मैं साक्षी के बारे में सोचूँगा!" मैंने कहा और नितु मेरी बात समझ गई. साथ ही उसके मन में अश्विनी को सबक सिखाने की आग भी जल उठी!

हम दोनों ऐसे ही गले लगे हुए खड़े रहे और फिर थोड़ी देर बाद घर से फ़ोन आ गया; "हाँ जी....सब ठीक है जी...कोई घबराने की बात नहीं! जी... मैं सुबह तक निकलता हूँ!" मैंने कहा और ये सुन नितु भी हैरान हो गई. "घर की पूजा खत्म हुई तब मैंने आपका मैसेज देखा और जिस हालत में था उसी हालत में भाग आया. गोपाल भैया से ये कहा की दोस्त का एक्सीडेंट हो गया है! उसी के लिए डाँट पड़ रही थी की बता कर नहीं जा सकता था!" मैंने नितु को सच बताया तो उसने कान पकड़ कर मुझे सॉरी कहा! फिर उसने कॉफ़ी बनाई जिसे पीने के बाद मेरे जिस्म में गर्मी आई.

सुबह ६ बजे तक मैं वहीँ रहा और फिर बाइक से निकला, जाते-जाते- नितु ने मुझे अपनी शाल दी ताकि मैं ठंड से खुद को बचा पाऊँ. मैं घर पहुँचा और कहानी बना कर सुना दी पर भाभी ने जब शॉल देखि तो वो सब समझ गई की बात कुछ और हे. कुछ देर बाद उन्होंने मुझसे शाल के बारे में पुछा तो मैंने उन्हें ये कहा की हॉस्पिटल के बाद मैं नितु से मिलने गया

था और उसी ने ये शॉल दी हे. भाभी बस मुस्कुरा दी और चली गईं, अब अश्विनी मुझसे छुपती फिर रही थी. मेरी भी मजबूरी थी की घर में सब मौजूद थे और उनके सामने मेरा उसे कुछ कहना लाखों सवाल खड़े कर देता. हम दोनों चूँकि कई दिनों से बात नहीं कर रहे थे और जब से मैं घर पहुँचा था तब से तो अश्विनी डरी-डरी सी रहती थी. अब इस पर सवाल उठना तो तय था.....

"क्यों भाई सागर क्या बात है? जब से हम लोग आये हैं देख रहे हैं की अश्विनी और तुम बात भी नहीं करते? कहाँ तो पहले तुम उसका इतना ख्याल रखते थे, घर-परिवार की मर्जी के खिलाफ जा कर उसे पढ़ा रहे थे! और तो और उसकी शादी में भी तुम विदेश चले गए? क्या नाराजगी है, हमें भी बताओ?" मौसा जी बोले.

"मौसा जी जिस उल्लू को पढ़ाने के लिए इतने पापड़ बेले वो कमबख्त पढ़ाई-लिखाई छोड़ कर इश्क़-मोहब्बत करती फ़िरे, ऐसे एहसान फरामोश इंसान से क्या बात करना? यहाँ तक की मैं तो शहर में रहता था. मुझे तक इस बात की खबर नहीं की ये इश्क़ लड़ा रही हैं! जिस इंसान को मैं हमेशा डाँट से बचाता था वही इंसान जब मुझे सबसे डाँट पड़ रही थी खामोश था. यही नहीं इसने मुझे शादी के लिए रुकने तक को नहीं बोला तो मैं क्यों रुकता? मुझे इतना अच्छा मौका मिला अमेरिका जाने का, काम सीखने का, एक बिज़नेस से जुड़ने का अपना हमसफ़र चुनने का तो ऐसा मौका मैं कैसे छोड़ देता!" मेरा जवाब सुन कर मौसा जी बस मुस्कुरा दिए और बोले; "ठीक है बेटा पर अब तो सब सही हो गया ना? अब तो माफ़ कर दे इसे?!"

"नहीं मौसा जी! इतने कम पाप नहीं किये इसने की इसे माफ़ी दे दी जाए! फिर मेरे अकेले के ना बात करने से इसे क्या फर्क पड़ेगा? आप सब तो हो ना इससे बात करने को?!"

"चलो भाई, जैसी तुम्हारी मर्जी! पर ये बताओ सारा समय ये कम्प्यूटर ले कर बैठे रहते हो, शादी तुम्हारी है थोड़ा काम-वाम देखा करो!" मौसा जी शिकायत करते हुए बोले पर इसका जवाब ताऊ जी ने ही दे दिया;

"तुम्हें पता भी है ये क्या काम करता है? अमेरिका की कंपनी का काम है ये! वहाँ हमारे देश की तरह लोग छुट्टियाँ नहीं मारते, कमाई डॉलरों में होती है! १ डॉलर मतलब ७० -७५ रुपये! इस काम के इसे १ लाख डॉलर मिल रहे हैं!!!!" ताऊ जी के मुँह से इतनी बड़ी रकम सुन कर सब के कान खड़े हो गए थे और पूरे घर में मेरी तारीफें शुरू हो गई थीं! इधर मुझे

अश्विनी की क्लास लेनी थी पर वो किसी न किसी सदस्य के साथ चिपकी हुई थी. पर आखिर वो कब तक मुझसे भागती!

रात को मैं सोने जल्दी चला गया, साक्षी मेरे साथ ही चिपकी सो रही थी. मेरा कमरा सब समान से भरा था और वहाँ जाने की किसी को भी इज़ाजत नहीं दी गई थी. ताऊ जी का कहना था की जब तक नई बहु नहीं आ जाती तब तक उस सामान को कोई नहीं छुएगा! रात को ग्यारह बजे साक्षी ने सुसु किया और उसके डायपर के साथ उसके कपडे भी खराब हो गये. मेरी बेटी ने मुझे उसकी माँ की क्लास लेने का मौका दे दिया था. मैंने पहले तो साक्षी का माथा चूमा और किलकारियां मारते हुए अपने हाथ पाँव चलाने लगी. मानो उसे भी मजा आ रहा हो की आज उसकी माँ की क्लास लगने वाली है! फिर मैंने उसके सारे कपडे निकाले और उसे कंबल ओढ़ा दिया. कमरे में हीटर चालु किया ताकि कमरा गर्म बना रहे. मैं अपने कमरे से बाहर निकला और जा कर अश्विनी के कमरे का दरवाजा खटखटाया. वो घोड़े बेच कर सोइ थी. इसलिए दस मिनट तक खटखटाने के बाद उसने दरवाजा खोला. जैसे ही उसने मुझे देखा उसकी फ़ट गई और आँखें अपने आप झुक गई. एक तो बाहर ठंड में १० मिनट से खड़ा होना पड़ा और ऊपर से नितु की हालत देख कर जो गुस्सा आया था उससे मेरा जिस्म जलने लगा. मैंने अश्विनी का गला पकड़ लिया और उसे ढकेलते हुए अंदर आया और उसे उसी के बिस्तर पर गिरा दिया. अश्विनी छटपटा रही थी ताकि मैं उसका गला छोड़ दूँ; "कल अगर नितु को कुछ हो जाता ना तो आज मैं तुझे जिन्दा जला देता! आज आखरी बार तुझे बताने आया हूँ, अगर तूने कोई भी लगाई-बुझाई की ना तो अपनी खेर मना लियो फिर! मुझे मिनट नहीं लगेगा तेरी जान लेने में!" मेरी पकड़ अश्विनी के गले पर तेज थी और अगर दो मिनट और उसका गला नहीं छोड़ता तो वो पक्का मर जाती. मैंने जैसे ही उसका गला छोड़ा वो साँस लेने की कोशिश करते हुए छटपटाने लगी! मैंने साक्षी के कपडे लिए और वापस अपने कमरे में आ गया.साक्षी अब भी जाग रही थी और कंबल के अंदर अपने हाथ-पैर मार रही थी. कुछ देर पहले जो मुझे गुस्सा आ रहा था वो अश्विनी को देख कर गायब हो गया था. साक्षी को अच्छे से कपडे पहना कर मैं उसे अपनी छाती से चिपका कर सो गया.

अगली सुबह सुमन आ गई और चूँकि सब उसे सब जानते थे तो सब ने उसका बड़ा अच्छा स्वागत किया और बाकी रिश्तेदारों से मिलवाया. अश्विनी तो जैसे उसे देख कर वहीँ जम गई. उसकी साँस ही अटक गई! वो जानबूझ कर आगे नहीं आई और काम करने की आड़ में छिपी रही. आखिर सुमन को ही उसका नाम ले कर उसे बाहर बुलाना पड़ा, अश्विनी उसके सामने सर झुकाये खड़ी हो गई. सुमन ने आगे बढ़ कर उसे गले लगाया ताकि किसी को कुछ शक ना हो और उसके कान में खुसफुसाई; "तेरी जैसी गिरी हुई लड़की मैंने आज तक नहीं देखि! अगर तुझे यही खेल खेलना था तो बता देती, कम से कम मैं शादी तो ना करती और आज मैं और सागर जी एक होते! सच में तुझे मेरी भी हाय लगेगी!" इतना कहते हुए, अपने चेहरे पर जूठी मुस्कान लिए सुमन आशु से अलग हुई.

"तो ताऊ जी, दूल्हे मियाँ कहाँ है?" सुमन ने चहकते हुए पूछा. मैं उस वक़्त छत पर साक्षी को गोद में लिए कॉल पर बात कर रहा था. ताऊ जी ने जब उसे छत पर मेरे होने का इशारा किया तो सुमन कूदती हुई ऊपर आ गई. दरअसल सुमन घर के चप्पे-चप्पे से वाक़िफ़ थी क्योंकि वो मेरी गैरहाजरी में अश्विनी की शादी में आई थी. मैंने कॉल डीसकनेक्ट किया और जैसे ही पलटा की सुमन मुस्कुराती हुई मुझे दिखी.फिर उसकी नजर साक्षी पर गई और वो सोचने लगी शायद किसी रिश्तेदार की बेटी है इसलिए वो सीधा मेरे पास आई; "दूल्हे मियाँ! कितना काम करोगे?" सुमन ने हँसते हुए पूछा.

"यार वो थोड़ा काम ज्यादा है, नितु भी बहुत बिजी है!" मैंने कहा.

"चलो मैं आ गई हूँ तो मैं यहाँ काम संभाल लूँगी!" सुमन मुस्कुराते हुए बोले.

"मेरी बेटी से तो मिलो?" मैंने सुमन का परिचय साक्षी से कराते हुए कहा पर ये सुन कर वो सन्न रह गई और आँखें फाड़े मुझे देखने लगी!

"ये.....तुम्हारी बेटी......सच में?" सुमन हैरानी से बोल भी नहीं पा रही थी.

"हाँ जी!.... मेरी बेटी!" मैंने आत्मविश्वास से कहा. मेरा आत्मविश्वास देख उसकी हैरानी गायब हुई और मैंने उसे सब सच बता दिया. सुमन ने साक्षी को मेरे हाथ से लेना चाहा पर साक्षी ने मेरी कमीज पकड़ रखी थी. "बेटा ये सुमन आंटी हैं, पापा की बेस्ट फ्रेंड!" मैंने तुतलाते हुए साक्षी से कहा तो वो मुस्कुराने लगी और सुमन की गोद में चली गई. "पापा की सारी बातें मानती है? गुड गर्ल!! वैसे इसकी नाक बिलकुल तुम्हारी जैसी है!" सुमन ने

साक्षी की नाक पकड़ते हुए कहा. सुमन के मन के विचार मैं पड़ पा रहा था. उसके दिल में अब मेरे लिए प्यार था. वो बस इस प्यार को दबाये हुए थी और किसी के भी सामने उसे नहीं आने देती थी. पर आज साक्षी को गोद में लेने के बाद उसके मन में एक टीस उठी! टीस मुझे ना पाने की, टीस मेरे साथ एक छोटा संसार न बसा पाने की और टीस एक बच्चे के ना होने की!

सुमन की आँखें छलछला गईं और वो साक्षी को अपने गले से चिपकाते हुए रो पडी. मैंने सुमन को गले लगा लिया और उसे के सर पर हाथ फेरते हुए उसे चुप कराया. मैं समझ सकता था की उसे अश्विनी की करनी का कितना दुख है और अभी तो वो उसके काण्ड से अपरिचित थी वरना वो उसकी खाट खड़ी कर देती! "हे... हे.... हे काम डाऊन! शायद हमारा मिलना नहीं लिखा था!" मैंने कहा और सुमन के आँसूँ पोछे."लिखा तो था पर ..... अश्विनी नाम के ग्रहण ने मिलने नहीं दिया!" सुमन ने खुद को गाली देने से रोकते हुए कहा. अब मैंने बात बदलने के लिए उससे उसके और उसके पति के बारे में पुछा और ये भी की वो कब खुशखबरी दे रही हे. उसने बताया की उसके पति को गल्फ में जॉब मिल गई इसलिए वो शादी के बाद वहाँ चला गया.महीने-दो महीने में उसका भी पासपोर्ट आ जायेगा और फिर वो भी चली जायेगी! मुझे ये जानकार बहुत ख़ुशी हुई और हम छत पर खड़े बातें कर रहे थे की तभी वहाँ भाभी आ गई; "लगता है नितु को बोलना पड़ेगा की उसका दूल्हा यहाँ कुछ ज्यादा ही 'फ्री' हो गया है!" भाभी ने मजाक करते हुए कहा. "भाभी मैं अपनी होने वाली बीवी से कुछ नहीं छुपाता. वो तो सुमन से मिली भी हे." फिर मैंने भाभी को उस दिन का सारा किस्सा सुना दिया. "देखा भाभी मुझे तो शुरू से ही शक था!" सुमन मुस्कुराते हुए बोली. "तो मुझे क्यों नहीं बताया?" भाभी ने कहा और फिर हम सारे हँसने लगे.

अब चूँकि सुमन आ गई थी तो घर में मुझे एक दोस्त मिल गया था. जब कभी मैं काम में बिजी होता तो साक्षी उसी के पास होती. सुमन अपनी बातों से सभी का मन लगाए हुए थी और बाकी दिन कैसे निकले पता ही नहीं चला. जो भी रस्में शादी वाले दिन से पहले निभाई जानी थीं वो सभी प्रेमपूर्वक निभाईं गईं और सुमन ने बहुत सारी फोटो क्लिक करीं. हमारे गाँव में शादी के एक दिन पहले पूजा होती है और उसमें दूल्हे को हल्दी लगाई जाती हे. जब ये समरोह शुरू हुआ तो मुझे एक सफ़ेद पजामा-कुरता पहना कर पहले पूजा में बिठाया गया और उसके बाद हल्दी लगना शुरू हुई. मैंने कुरता उतार दिया और आलथी-पालथी मार कर आंगन में बैठ गया.सबसे पहले माँ, ताई जी और भाभी ने मुझे हल्दी लगाई. भाभी को तो मेरी मस्ती लेने का मौका मिल गया और उन्होंने मेरा गला और छाती हल्दी से लबेड दिया! उसके बाद सभी औरतों ने मेरे हल्दी लगाई. इस समारोह की एक-

एक फोटो और वीडियो सुमन ने ही शूट की! फोटोग्राफर वाला भाई भी कहने लगा दीदी मुझसे अच्छी फोटो तो आप खींच रही हो और उसकी इस बात पर सब ने सुमन की बड़ी तारीफ की.

शादी वाले दिन सुबह-सुबह ताऊ जी किसी को फ़ोन पर बहुत डाँट रहे थे, जब मैंने पुछा तो उन्होंने बात टाल दी. कुछ ही घंटों बाद घर के आगे एक चम-चमकती हुई रॉयल ब्लू फोर्ड इकोस्पोर्ट खड़ी हो गई. (दरअसल वो डिलीवरी लेट होने के लिए मैनेजर को डाँट रहे थे!)

ताऊ जी ने मुझे आवाज मार के नीचे बुलाया और गाडी देख मेरी आँखें चौंधियाँ गई! "ताऊ जी????..... ये आपने???? .... पर क्यों???" मैंने पूछा.

"तो हमारी बहु क्या फटफटी के पीछे बैठ कर आती?" ताऊ जी ने सीना ठोक कर कहा और चाभी मुझे दी; "ये ले बेटा! तेरा शादी का तौहफा .... बड़ी मुश्किल हुई इसे ढूंढने में! बजार में इतनी गाड़ियाँ हैं की समझ ही नहीं आया की कौन सी खरीदूँ? फिर हमने सुमन बिटिया से पुछा तो उसने बताया की ये वाली सागर को पसंद है!" मैंने पलट के सुमन की तरफ देखा तो वो साक्षी को गोद में लिए बहुत हँस रही थी! मैंने ताऊ जी और पिताजी के पाँव छुए और उन्होंने मुझे गले लगा लिया. घर में आया हर एक इंसान खुश था सिवाय एक के!

शाम चार बजे तक सब तैयार हो गए थे और घर के बाहर एक के पीछे एक ३ बसें भी खड़ी थीं ताकि बाराती वेण्यू तक पहुँच सके. मेरे दोस्त यानी मोहित-प्रफुल डायरेक्ट हमें वहीँ मिलने वाले थे. ताऊ जी ने सब को जल्दी बैठने को कहा, अभी मैं पूरा तैयार नहीं हुआ था इसलिए जैसे ही मैंने ताऊ जी की आवाज सुनी तो मैं बनियान पहने ही नीचे आया. "ताऊ जी आप सब को भेज दीजिये बस, आप, मैं, पिताजी, माँ और ताई जी गाडी से जायेंगे. आज पहली राईड मैं आप सब के साथ चाहता हूँ!" ताऊ जी को मेरी बात जच गई इसलिए उन्होंने सब को भेज दिया बस हम लोग ही रह गये. जब मैं तैयार हो कर नीचे आया तो जो लोग बच गए थे वो सब मुझे देखने लगे और उनकी आँखें नम हो गई.

माँ ने फ़ौरन मुझे काजल का टीका लगाया. फिर एक-एक कर सब ने मुझे गले लगाया और आखिकार हम निकले! बसें पहले पहुँचीं और फिर हुई हमारी ग्रँड एन्ट्री! गाडी ठीक वेडिंग

हॉल के सामने रुकी और हमें गाडी से उतरता देख मम्मी-डैडी समेत उनके सारे रिश्तेदार हैरान हो गये. सब की नजर बस मेरे ऊपर ही टिकी थी क्योंकि मैं शेरवानी में लग ही इतना हैंडसम रहा था की क्या कहें! मेरे दोनों दोस्त मोहित-प्रफुल मेरे साथ खड़े हो गए थे और उन्हीं के साथ सुमन भी अपनी लेहंगा चोली में बड़े रुबाब के साथ खड़ी हो गई. "हमारा दूल्हा आ गया अपनी दुल्हन को लेने!" प्रफुल जोर से बोला और सभी ने शोर मचाना शुरू कर दिया. पीछे-पीछे बैंड-बाजा शुरू हो चूका था. इधर मम्मी-डैडी जी हाथ में आरती की थाली लिए खड़े हुए थे. मेरी आरती उतारी गई और फिर सबकी मिलनी हुई. यहाँ मैं बेसब्र हो रहा था क्योंकि मुझे नितु को देखना था पर सारे मिलनी में ही लगे हुए थे. बड़ी देर बाद एंट्री हुई! (वैसे बस १५ मिनट ही लगे थे पर मुझे तो ये समय घंटों का लग रहा था!)

मुझे तो पोडीयम पर बिठा दिया गया और एक-एक कर नितु के सभी रिश्तेदारों से मिलवाया गया पर मेरी नजर तो नितु को ढूँढ रही थी. वैसे ज्यादा लोगों की गॅदरिंग नहीं हुई थी करीब १०० एक आदमी आये होंगे, जिसमें ज्यादातर मेरे परिवार से ही थे! गाना बज रहा था: 'तेरे इश्क़ में जोगी होना!' और इधर मैं जोगी बने-बने ऊब गया था! कुछ देर बाद आखिर मुझे विवाह वेदी पर बैठने को कहा गया जहाँ पंडित जी मंत्र जाप कर रहे थे! मैं बार-बार गर्दन इधर-उधर घुमा कर नितु के आने का रास्ता देख रहा था. अब दोस्तों को मजे लेने थे सो वो आ गए और मेरे पीछे बैठ गए; "भाई थोड़ा सब्र रख, भाभी बस आने वाली है!" मोहित बोला. "यार ये औरतों का तैयार होना कसम से बहुत बड़ा ड्रामा है! यहाँ इंतजार कर-कर के हालत बुरी है और इन्हें कोई होश ही नहीं!" मैंने कहा. सही मायने में उस दिन मुझे एहसास हो रहा था की औरतें कितना टाइम लगाती हैं तैयार होने में! पर जब नितु की एंट्री हुई तो मैं पलकें झपकना भूल गया, मेरा मुँह खुला का खुला रह गया, आँखें जितनी फ़ट कर बाहर आ सकती थी उतनी फ़ट चुकी थीं!

मैं उठ कर खड़ा हुआ और इधर नितु शर्माते हुए नजरें झुकाये आई और उसके साथ उसकी वो बेस्ट फ्रेंड भी आई. पर मेरी नजरें तो नितु पर गड़ी थीं, उसकी नजरें झुकी हुई थी. उसने अभी तक मुझे नहीं देखा था. "क्यों भाई अब तो चैन मिल गया तुझे?" प्रफुल बोला. "यार जितना भी टाइम लिया पर जो खूबसूरती दिख रही है उसके आगे ये इंतजार भी सोखा लग रहा है!" मैंने कहा जिसे सुन कर मोहित-प्रफुल दोनों हँसने लगे. "जानेमन! जरा नजर उठा कर हमें भी देख लो, हम भी आपकी नजरों से घायल होना चाहते हैं." मैंने नितु से खुसफुसाते हुए कहा. तब जा कर नितु ने अपनी नजरें उठाई और मुझे देखा, ये सब इतने स्लो मोशन में हुआ की लगा मानो ये पल यहीं रुक गया हो. "हाय! कहीं मेरी ही नजर आपको ना लग जाए!" नितु ने खुसफुसाते हुए जवाब दिया.

मैंने प्रफुल से माइक माँगा और उसने मुझे माइक ला कर दिया;

"क्या पूछते हो शोख निगाहों का माजरा,

दो तीर थे जो मेरे जिगर में उतर गये"

मैंने नितु की इबादत में जब ये शेर पढ़ा तो ये सुन सारे लोग तालियाँ बजाने लगे. ये शोर सुन नितु को बहुत गर्व हुआ और उसने मुझसे माइक माँगा और जवाब में एक शेर पढ़ा;

"जरुरत नहीं है मुझे घर में आइनों की अब,

उनकी निगाहों में हम अपना अक्स देख लेते हैं...."

नितु का शेर सुन तो पूरे हॉल में शोर गूँज गया.हमारे माता-पिता हम पर बहुत गर्व कर रहे थे. तभी सुमन मेरे पीछे खड़े होते हुए बोली; "एक शायर को उसकी कविता मिल गई!" ये सुन कर नितु की नजर सुमन पर पड़ी और उसके चेहरे की ख़ुशी बता रही थी की वो हम दोनों के लिए कितनी खुश हे.

विधि-विधान से शादी की सारी रस्में हुईं और इस पूरे दौरान हम दोनों बहुत खुश दिख रहे थे. उसके बाद खाना-पीना हुआ, फोटो खिचवाने का काम हुआ और ये सब निपटाते-निपटाते रात के ३ बज गये. घर आते-आते सुबह हो गई थी. बड़े रस्मों-रिवाज के साथ नितु का गृह प्रवेश हुआ. भाभी ने मेरा कमरा सजा दिया था और नितु को अंदर बिठा दिया गया था. मुझे अब भी नीचे रोक कर रखा हुआ था. कुछ देर बाद जब भाभी नीचे आईं तो मेरा हाथ पकड़ कर मुझे मेरे कमरे तक ले गईं और बाहर चौखट पर खड़े हो कर बोलीं; "मेरी देवरानी का ख्याल रखना!" भाभी ने बड़े नौटी अंदाज में ये कहा. पहले कुछ सेकंड तो मैं इसे समझने की कोशिश करने लगा और जब समझ आया तब तक भाभी का खिल-खिलाकर हँसना शुरू हो चूका था. "मेरे बुद्धू देवर! जाओ जल्दी अंदर तुम्हारी पत्नी इंतजार कर रही है!" इतना कहते हुए उन्होंने मुझे अंदर धकेला और दरवाजा बाहर से बंद कर दिया. इधर मैंने भी सेफ्टी के लिए अंदर से कुण्डी लगा दी की कहीं वो दुबारा अंदर ना आ जाएँ!!!!

कमरे में भाभी ने मद्धम सी रौशनी कर रखी थी. जो माहौल को रोमांटिक बना रही थी. बेड के बगल में एक गिलास रखा था जिसमें दूध था! ये बड़ा ही ख़ास दूध होता है, मेरे दोस्त

प्रकाश ने मुझे बताया था की ये दूध बहुत जबरदस्त होता है! जब मेरी नजर नितु पर पड़ी तो वो गठरी बनी पलंग पर सर झुका कर बैठी थी. लाल जोड़े में आज वो क़यामत लग रही थी! आज हमें रोकने वाला कोई नहीं था. जो बंदिश मैंने खुद पर रखी थी आज वो टूटने वाली थी! मैंने धीरे-धीरे नितु के पास पहुँचा और पलंग पर बैठ गया.नितु के पाँव जो मुझे दिख रहे थे, उसने वो अपने घूँघट के अंदर छिपा लिए. मैंने हाथ बढ़ा कर नितु का घूँघट उठाया तो देखा नितु सर झुकाये नीचे देख रही हे. उसके होठों की लाली देख मेरा दिल मचलने लगा था! फिर मुझे दूध के बारे में याद आया तो मैंने वो गिलास उठाया और आधा पिया, उसका स्वाद बहुत गजब का था या फिर ये नितु के हुस्न का जादू था जिसके कारन में कुछ ज्यादा इम्याजिन करने लगा था. मैंने वो आधा दूध का गिलास नितु को दिया. अब वो बेचारी शर्म से लाल अपनी नजरें उठा कर मुझे देखना ही नहीं चाह रही थी. किसी तरह उसने वो गिलास पकड़ा और आँख बंद कर के दूध पिया| दूध पी कर खाली गिलास रखने लगी तो मैंने उसका हाथ पकड़ लिया और खुद गिलास टेबल पर रखा. उसके बाद मैं वापस सीधा बैठ गया और नितु को देखने लगा. कुछ भी करने की जैसे हिम्मत ही नहीं हो रही थी! मैं सोचने लगा शायद नितु कुछ पहल करे तो मुझे आगे बढ़ने में आसानी हो और उधर नितु का दिल धाड़-धाड़ कर के बजने लगा था. नितु का ये पहला मौका था और वो बेचारी शायद उम्मीद कर रही थी की मैं कुछ करूँगा! करीब २० मिनट तक हम दोनों ही चुप बैठे थे, नितु की नजरें नीचे थीं और मेरी आँखें बस नितु पर टिकी थी. मैंने नोटिस किया की नितु के होंठ थरथरा रहे हैं, मैंने इसे ही एक आमंत्रण समझा और मैं नितु के करीब खिसक कर बैठ गया.पर नितु ने कोई रिएक्शन नहीं दिया. इधर मुझे झिझक होने लगी! ५ मिनट तक मैं मन ही मन इस झिझक से लड़ने लगा और फिर यही सोचा की जो भी होगा देख लेंगे! मैने अपने दोनों हाथों से नितु के दोनों कंधे पकडे और उसे धीरे से पीछे धकेल कर लिटा दिया. नितु एक दम से सीधा लेट गई और मैं उसके ऊपर झुक गया, जाने मुझे ऐसा लगा की शायद नितु ये सब नहीं करना चाहती और मुझे उसका ये विचार ठीक लगा क्योंकि अब मुझ में आगे बढ़ने की हिम्मत नहीं हो रही थी! बड़ी हिम्मत जूता कर मैंने उससे पुछा; "यू डोन्ट वांट टू डू इट?” पर ये सुन कर नितु ने अपनी झुकी हुई नजर ऊपर उठा ली और मेरी आँखों में देखने लगी. नितु की आँखों में मुझे अपने लिए प्यार नजर आया पर संभोग के लिए झिझक भी नजर आई. अब मुझ में थोड़ी हिम्मत आ गई. मैंने अपने दाएँ हाथ से नितु के बाएँ गाल को सहलाया और अपना सवाल फिर से दुहराया; "बेबी! अगर आपका मन नहीं है तो इट्स ओके! कोई प्रॉब्लेम नहीं!" ये सुन कर तो जैसे नितु को विश्वास ही नहीं हुआ की भला कोई आदमी सुहाग की सेज पर अपनी पत्नी से संभोग करने के लिए उसकी मर्जी पूछ रहा हो! वो खामोश नहीं रहना चाहती थी पर लफ़्ज उसके गले में घुट कर रह गये. नितु ने अपनी दोनों बाहें मेरी गर्दन पर लॉक कीं और मुझे अपने ऊपर और झुका लिया. अब मुझे विश्वास हो गया की नितु ने मुझे सहमति दे दी हे.

हम दोनों टेबल पर खाना खाने बैठ गए पर नितु गुम- सुम थी और कुछ बोल नहीं रही थी. ना ही वो खाने को हाथ लगा रही थी. मैंने खुद उसे अपने से खाना खिलाना शुरू किया तब जा कर उसने खाना शुरू किया. दोनों ने चुप-चाप खाना खाया और सोने चले गये. मैं पीठ के बल सीधा लेटा था की तभी नितु ने करवट ली और अपना सर मेरे सीने पर रख दिया. कुछ देर हिम्मत बटोरने के बाद बोली; "आई... थिंक.... आई कान्ट... कन्सिव!" ये सुनते ही मैं चौंक कर बैठ गया और नितु को भी बिठा दिया. "क्या डू यू मीन यू कान्ट कन्सिव? किसने बोला? कौन से डॉक्टर को दिखाया?" मैंने सवालों की बौछार कर दी! "इतने महीने हो गए....और मैं अभी तक कन्सिव नहीं कर पाई हूँ! हर हफ्ते मैं टेस्ट (प्रेगनेंसी टेस्ट) करती हूँ...पर....! शायद मेरी उम्र की वजह से....?!" नितु ने हताश होते हुए कहा. अब मुझे सब समझ आगया की आज नितु क्यों मुझ पर बरस पड़ी थी! "हे.... आप पागल हो क्या? हमें बस ३ महीने हुए हैं और इन तीन महीनों में हमने कितनी बार संभोग किया? इट टेक टाइम.... थोड़ा सब्र करो! (कुछ सोचते हुए) अक्च्युअली इसका दोषी मैं हूँ...मैं आपको ज्यादा समय नहीं दे पाता और आप इसे अपनी उम्र से जोड़ रहे हो? पागल... बुद्धू ....डफर.... आपकी संतुष्टि के लिए कल डॉक्टर के चलते हैं ओके? अँड आई एम शुअर कुछ नहीं निकलेगा!" मैंने कहा और नितु को अपने गले लगा लिया. माँ न बन पाने के डर के कारन नितु हार मानने लगी थी और उसकी ममता साक्षी को चाहती थी. वो मन ही मन साक्षी को अपना आखरी विकल्प मान चुकी थी और उसे खोने से डरती थी. पूरी रात मैंने नितु को अपने सीने से चिपकाए रखा और उस के सर पर हाथ फेरता रहा ताकि वो चैन से सो जाये.

सुबह उठते ही मैं फटाफट तैयार हुआ और कॉफ़ी ले कर नितु को उठाया. मुझे तैयार देख नितु को होश आया की हमें डॉक्टर के जाना हे. वो फटाफट तैयार हुई और हम डॉक्टर के आये, कुछ टेस्ट्स वगैरह हुए और रिपोर्ट हमें कल रिपोर्ट के साथ बुलाया. वो पूरा दिन नितु डरी-डरी रही और मैं उसके साथ बैठा रहा, ऑफिस की छुट्टी की और फ़ोन भी बंद कर दिया. अगले दिन जब हम दोनों रिपोर्ट ले कर डॉक्टर के पास पहुंचे तो उसने कहा की घबराने वाली कोई बात ही नहीं हे. दोनों के लिए कुछ दवाइयाँ लिखी और हमें एक साथ ज्यादा से ज्यादा समय व्यतीत करने को कहा. नितु अच्छे से जान गई थी की काम को ले कर मैं कितना पॅशनेट हूँ इसलिए हमने कुछ नियम-कानून बनाये. मैं किसी भी हाल में शाम

६ बजे के बाद कोई भी बिज़नेस से जुड़ा हुआ काम नहीं करुंगा. ६ बजे के बाद मेरा पूरा समय सिर्फ और सिर्फ नितु का होगा और मैंने भी एक शर्त रखी की सुबह हम दोनों जल्दी उठेंगे और योग और एकजरसाइज करेंगे, बाहर से खाना-पीना बंद और एक हेलथी लाइफ स्टाइल जियेंगे. ऑफिस में एक की जगह हमें दो लोग हायर करने पड़े, नए लोगों को मैंने अपने साथ युएस. वाले प्रोजेक्ट पर लगा लिया. नितु को मैंने बाकी के काम दे दिए जो उसके लिए म्यानेज करना आसान था. बिज़नेस अब धीरे-धीरे ग्रो कर रहा था और हम दोनों इसी से खुश थे.

इधर अश्विनी अंदर ही अंदर हमारे घर की बुनियाद में सेंध लगा चुकी थी. सारे घर के लोगों के दिलों में अश्विनी ने अपनी जगह फिर से बना ली थी. सब की बातें वो सर झुका कर मानने लगी थी और साक्षी तो पहले से ही सब का प्यार पा रही थी. अश्विनी के मन में मेरे लिए जो गुस्सा था वो अब धधक कर आग का रूप ले चूका था. उसका बदला, उसकी नफरत अब सारी हदें पार कर चूके थे! बाहर-बाहर से तो वो ऐसे दिखाती थी की वो बहुत खुश है पर अंदर ही अंदर कुढ़ती जा रही थी. मुझसे बदला लेने के लिए उसे सब से पहले नितु को ठिकाने लगाना था. ताकि मैं उसे खोने के बाद टूट जाऊँ और तिल- तिल कर तड़पूँ और फिर वो अपने हाथों से मेरा खून करे! पर कुछ भी करने के लिए उसे चाहिए था पैसा जो उसके पास था नहीं, पर मंत्री की जायदाद तो उसकी थी!

अश्विनी ने चोरी छुपे उस इंस्पेक्टर को कॉल किया और उससे उसने वकील का नंबर लिया. "वकील साहब मैं अश्विनी बोल रही हूँ!" अश्विनी का नाम सुनते ही वकील को याद आ गया."वकील साहब उस दिन आप घर आये थे ना? और आपने कहा था की मंत्री यानी मेरे ससुर जी की जायदाद की एकलौती वारिस मैं हूँ?! तो आप मुझे बता सकते हैं की मैं उसे कैसे क्लेम करूँ?" ये सुनते ही वकील खुश हो गया और उसने अश्विनी को कानूनी दांव-पेंच समझाना शुरू कर दिया जो उसके पल्ले नहीं पडा. "देखिये वकील साहब, मुझे अपनी बेटी के भविष्य की चिंता हे. आपके ये दांव-पेच मेरी समझ के परे हैं, मुझे आप बस इतना बताइये की क्या आप मुझे उस जायदाद का वारिस बना सकते हैं?" अश्विनी ने साक्षी के नाम से झूठ बोला. उसे साक्षी के भविष्य की रत्ती भर चिंता नहीं थी उसे तो केवल मुझसे बदला लेना था! "आप उस जायदाद की जायज वारिस हैं और मैं आपको आपका हक़ दिलवा सकता हूँ!" वकील बोला. इससे पहले वो अपनी फीस की बात करता अश्विनी ने उसे पहले ही बता दिया; "देखिये वकील साहब, मेरे पास आपको देने के लिए पैसे नहीं हैं! मेरे घरवाले इस केस को ले कर मुझे रोक रहे हैं पर मैं चाहती हूँ की आप मेरी तरफ से केस फाइल कर दिजिये. जैसे ही मुझे जायदाद मिलेगी मैं उसका १०% आपको फीस के रूप में दे दुंगी. आप को यदि मुझ पर भरोसा ना हो तो आप कागज बना कर ले आइये मैं साइन कर देती हूँ!" अश्विनी ने अपनी चाल चली, वैसे तो वकील बिना फीस के कोई काम नहीं करता पर अश्विनी के १०% के लालच में पड़ कर वो मान गया.ये सारा काम चोरी-छुपे होना था इसलिए अश्विनी ये सोच कर बहुत खुश थी की क्या होगा जब वो केस जीत जाएगी! सारा का सारा परिवार उसके कदमों में गिर पड़ेगा यही सोच कर अश्विनी के मन का कमीनापन बाहर आ गया.

कुछ दिन बाद वकील अश्विनी से मिलने आया और कागज ले कर आया जो उसे साइन करने थे. अश्विनी छुपते-छुपाते हुए उससे मिलने कुछ दूरी पर गाँव के स्कूल पहुँची, आज

चूँकि छुट्टी थी और पूरा स्कूल खाली था तो वो आराम से सारे कागज पढ़ सकती थी. उसे ये जान कर हैरानी हुई की मंत्री की जायदाद पूरे ५० करोड़ की थी और वकील को ये जान कर ख़ुशी हुई की उसे इस केस के ५० लाख मिलने वाले हे. "देखिये अश्विनी जी, केस तो मैं कल फाइल कर दूँगा और आपको चिंता करने की भी जरुरत नहीं क्योंकि मेरी बहुत अच्छी जान पहचान है जिससे आपको ज्यादा तारीखें नहीं मिलेंगी, बस उसका खर्चा थोड़ा-बहुत होगा! मंत्री साहब की पार्टी ने क्लेम किया था जायदाद पर मैंने फिलहाल उस पर स्टे ले रखा हे. आपको एक दिन कोर्ट में पेश होना होगा, पर आपको कुछ कहना नहीं हे." वकील की बात सुन कर अश्विनी आश्वस्त हो गई और ख़ुशी-ख़ुशी घर लौट आई.

रात को सोते समय साक्षी ने सोचना शुरू किया, उस ने हर एक बात, हर एक शब्द सोच लिया था जो उसे कहना हे. अब बात आई टाइमिंग की, तो वो भी उस ने सोच लिया की कौनसा समय सबसे बेस्ट होगा जिससे पूरे परिवार को एक साथ धक्का लगे! जून का महीना आते ही अश्विनी की जलन उस पर हावी होना शुरू हो चुकी थी. उसे जल्द से जल्द अपना बदला चाहिए था. उसने छुप के वकील को फ़ोन किया; "वकील साहब और कितना टाइम लगेगा?" अश्विनी ने पूछा.

"अश्विनी जी, अभी तो बस दो ही महीने हुए हैं!" वकील मुस्कुराता हुआ बोला.

"वो सब मुझे नहीं पता, मुझे ये प्रॉपर्टी किसी भी हालत में १० अगस्त से पहले अपने नाम पर चाहिए!" अश्विनी ने अपना फरमान सुनाते हुए कहा.

"इतनी जल्दी? देखिये कोर्ट-कचेहरी में थोड़ा टाइम तो लगता है!" वकील हैरान होते हुए बोला.

"आप कह रहे थे न की कुछ खर्चा होगा? कितना लगेगा?" अश्विनी ने अपनी बेसब्री दिखाते हुए कहा.

"जी...वो...यही कुछ ५ लाख!" वकील हकलाते हुए बोला.

"मैं १० लाख दूँगी! पर काम मेरे मुताबिक करवाओ!" अश्विनी की बात सुन वकील हैरान हो गया और उसने अपने जुगाड़ लगाने शुरू कर दिये. विपक्ष के वकील को उसने लाख रुपये पकड़ाए और ५ लाख में उसने जज को सेट किया जिसने विपक्ष का क्लेम ख़ारिज

कर दिया. जुलाई के महीने में ही कोर्ट ने फैसला अश्विनी के पक्ष में दे दिया वो भी बिना अश्विनी के कोर्ट जाये. जैसे ही ये खबर वकील ने अश्विनी को दी वो फूली न समाई! प्रॉपर्टी ट्रांसफर के कुछ कागजों पर साइन करने के लिए वकील ने अश्विनी को स्कूल बुलाया. उन कागजों में वकील ने मंत्री की जमीन का एक टुकड़ा जिसकी कीमत करीब २० लाख थी वो अश्विनी से अपनी फीस के रूप में मांगी. अश्विनी ने मिनट नहीं लगाया उसकी बात मानने में और सारे पेपर पढ़ कर दस्तखत कर दिये. "२९ जुलाई तक सारी प्रॉपर्टी आपके नाम हो जायेगी." वकील ने पेन का ढक्कन बंद करते हुए मुस्कुरा कर कहा.

"थैंक यू वकील साहब! आप वो हवेली खुलवा दीजिये और उसकी साफ़-सफाई करवा दीजिये! वहां एक कांता नाम की औरत काम करती थी उसे मेरा नाम बोल दीजियेगा वो सब काम संभाल लेगी और उसके पति को कहियेगा की १९ अगस्त को मुझे लेने यहाँ आये वो भी मर्सिडीज लेकर!" अश्विनी ने कमीनी हँसी हँसते हुए कहा. वकील समझ गया की अश्विनी १९ को ही घर लौटेगी इसलिए उसने अश्विनी के कहे नितुसार साफ़-सफाई करवा दी और कांता और उसके पति को नौकरी पर रख लिया.

इधर घर लौटते ही अश्विनी की ख़ुशी छुपाये नहीं छुप रही थी. पर उसकी ख़ुशी को ग्रहण लगने वाला था. रात को ताऊ जी ने बताया की अश्विनी की दूसरी शादी के लिए एक रिश्ता आया हे. ये सुनते ही अश्विनी को बहुत गुस्सा आया, उसका मन तो किया की वो अभी ताऊ जी का खून कर दे पर उसने खुद को काबू किया और रोनी सी सूरत बना कर बोली; "दादाजी....प्लीज...ऐसा मत कीजिये!.... मैं इस परिवार को छोड़ कर नहीं जाऊँगी! मुझे इस घर से अलग मत कीजिये! आप सब ही मेरे लिए सब कुछ हो!" अश्विनी रोते हुए बोली, ताई जी ने माँ बन कर उसे सम्भाला और उसे पुचकारने लगीं ताकि वो चुप हो जाये. "बेटी तेरी उम्र अभी बहुत कम है! इतनी बड़ी उम्र तो कैसे काटेगी?" ताऊ जी ने प्यार से अश्विनी को समझाना चाहा पर वो नहीं मानी और अपना तुरुख का इक्का फेंक दिया; "आप मेरी चिंता मत कीजिये, साक्षी जो है मेरे पास? मैं उसी के सहारे जिंदगी काट लूँगी, फिर आप सब भी तो हैं!" ताऊ जी शांत हो गए और अश्विनी की बात फिलहाल के लिए मान गये. इधर अश्विनी की खुशियों पर लगा ग्रहण छट गया और उसकी वही कमीनी हँसी लौट आई. "बहुत जल्दी तेरी गर्दन मेरे हाथ में होगी!" अश्विनी रात को सोते समय बुदबुदाई! उसका मतलब मेरी गर्दन से था! बदले का प्लान सेट था और अब बस उसे मेरे आने का इंतजार था. वो जानती थी की मैं साक्षी के जन्मदिन पर जरूर आऊँगा और ठीक इसी समय वो अपना वार मुझ पर करेगी.

इधर इन सब बातों से बेखबर मैं और नितु अपनी नई जिंदगी अच्छे से जी रहे थे. दिन, हफ्ते, महीने गुजरे और अगस्त आ गया.नितु ने अपनी टीम यानी अक्कू, पंडित जी और अपनी दोस्त के कान खींचने शुरू कर दिये. "अगर इस बार तुम में से किसी ने भी हमारे जाने के बाद मज़े किये और काम नहीं किया तो तुम सब की खैर नहीं! मुझे डेली अपडेट चाहिए की तुम लोगों ने कितना काम किया है? कोई भी काम अगर पेंडिंग हुआ तो तुम सबकी प्रमोशन खतरे में पड जायेगी!" नितु ने सब को चेतावनी देते हुए कहा. प्रमोशन के लालच में तीनों काम करने के लिए तैयार हो गये. इधर मेरी टीम में ज्वाइन हुए दोनों मेरी उम्र के थे और मुझे उन्हें ज्यादा कुछ नहीं कहना पड़ा क्योंकि वो काम की सिरीयस नेस समझते थे. हमारा प्रोजेक्ट स्टेप बाय स्टेप था इसलिए मेरा उनके काम पर नजर रखना बहुत आसान था. स्टाफ को अच्छे से काम समझा कर हम अगले दिन फ्लाइट से लखनऊ पहुँचे, एक दिन मम्मी-डैडी के पास रुके और फिर गाँव पहुंचे. हमने अपने आने की तारीख किसी को नहीं बताई थी. इसलिए ये सरप्राइज पा कर सब खुश हो ने वाले थे. घर आते ही सबसे पहले मैं अपनी माँ से मिला और फिर अपनी लाड़ली को ढूंढते हुए अश्विनी के कमरे में जा पहुँचा जहाँ भाभी और अश्विनी साक्षी को तैयार कर रहे थे. मुझे वहां देखते ही भाभी खुश हो गईं, साक्षी ने मुझे देख अपने हाथ-पाँव मारने शुरू कर दिये. मैंने उसे फ़ौरन उठाकर अपने सीने से लगा लिया और आँखें बंद किये उस पल को जीने लगा. इतने महीनों से जल रही एक बाप के सीने की आग आज शांत हुई! “आई मिस यू सो मच माई लिट्ल एंजल!!!!” मैंने साक्षी को अपने सिने से लगाए हुए कहा, आँसू की कुछ बूँदें छलक कर साक्षी के कपड़ों पर गिरीं तो भाभी ने मेरे कंधे पर हाथ रख मुझे नहीं रोने को कहा.

उधर अश्विनी के चेहरे पर आज अलग ही मुस्कान थी. ऐसा लगा मानो उसे इस बाप-बेटी के मिलन से बहुत ख़ुशी हुई हो! पर मैं नहीं जानता था की ये वो मुस्कान थी जो किसी शिकारी के चेहरे पर तब आती है जब वो अपने शिकार को जाल में फँसते हुए देखता हे. पीछे से नितु भी भागती हुई ऊपर आ गई. पहले उसने भाभी को गले लगाया और फिर आस भरी नजरों से मुझे देखने लगी ताकि मैं उसे साक्षी को दे दू. मैंने साक्षी को उसे दिया तो उसने फ़ौरन उसे अपने सीने से लगा लिया और उसके माथे पर पप्पियों की झड़ी लगा दी. अश्विनी को ये दृश्य जरा भी नहीं भाया और वो नीचे चली गई.

ताऊ जी, पिता जी, गोपाल भैया और ताई जी बाहर गए थे इसलिए उनके आने तक हम सब नीचे ही बैठे रहे. माँ ने मुझे अपने पास बिठा लिया और मुझसे बहुत से सवाल पूछती रहीं, इधर नितु साक्षी को अपनी छाती से लगाए हुए उसे दुलार करने लगी. उसने साक्षी से बातें करना शुरू कर दिया था और उसकी ख़ुशी से निकली आवाजों का अपने मन-मुताबिक अर्थ निकालना शुरू कर दिया था. मैं ये देख कर बहुत खुश था और उन बातों में

शामिल होना चाहता था पर मेरी माँ को भी उनके बेटे का प्यार चाहिए था. इसलिए मैं माँ की गोद में सर रख कर लेट गया और माँ ने मेरे बालों को सहलाते हुए बातें शुरू कर दी. "बहु (भाभी) आज सागर की पसंद का खाना बनाना." माँ ने कहा तो भाभी रसोई जाने को उठीं, नितु ने एक दम से उनका हाथ पकड़ कर उन्हें रोक लिया. "आप बैठो यहाँ, आज से खाना मैं बनाऊँगी!" ये कहते हुए नितु उठी. "अरे तू अभी आई है, थोड़ा आराम कर ले कल से तू रसोई संभाल लिओ!" भाभी बोलीं पर मैं उठ कर बैठा और अपनी पत्नी की तरफदारी करते हुए बोला; "आज खाना मैं और नितु बनाएंगे और माँ आप चलो मैं आपको चॉपर दिखाता हूँ!" ये कहते हुए हम सारे रसोई में पहुँच गये. मैंने भाभी और माँ को चॉपर दिखाया और वो कैसे काम करता है ये बताया तो वो ये देख कर बहुत खुश हूये.

मैं और नितु हाथ-मुँह धोकर खाना बनाने घुस गये. साक्षी के लिए मैं एक बेबी कॅरी बॅग लाया था जिसे मैंने पहन लिया और साक्षी को उसमें आराम से बिठा दिया. अब मैं एक कंगारू जैसा लग रहा था जिसके बेबी पाउच में बच्चा बैठा हो! मैं और नितु खाना बना रहे थे और साक्षी के साथ खेल भी रहे थे. गैस के आगे खड़े होने का काम नितु करती, और चोप्पिंग का काम मैं करता. सब्जियों को देख साक्षी उन्हें पकड़ने की कोशिश करती और मैं जानबूझ कर दूर हो जाता ताकि वो उन्हें पकड़ न पाए. हमें इस तरह से खाना बनाते हुए देख माँ और भाभी हँस रही थी. खाना बनने के १५ मिनट बाद ही सब आ गए और हम दोनों को देख कर बहुत खुश हूये. "बेटा तूने बताया क्यों नहीं की तुम दोनों आ रहे हो? हम लेने आ आ जाते!" ताऊ जी बोले तो नितु मेरी तरफ देखने लगी; "ताऊ जी आप सब को सरप्राइज देना चाहते थे!" मैंने कहा और फिर हमने सबके पाँव छुए और आशीर्वाद लिया. मेरी गोद में साक्षी को देखते ही पिताजी बोले; "आते ही अपनी लाड़ली के साथ खेलने लग गया?!"

"पिताजी मिली प्याली-प्याली बेटी को मैंने बहुत याद किया!" मैंने तुतलाते हुए साक्षी की तरफ देखते हुए बोला. साक्षी ये सुनते ही हँसने लगी. बीते कुछ महीनों में सबसे ज्यादा वीडियो कॉल नितु ने साक्षी को देखने के लिए की थी. मैं चूँकि बिजी होता था तो १५ दिन में कहीं मुझे मौका मिल पाता था वीडियो कॉल में साक्षी को देखने का. "सच्ची पिताजी हम दोनों ने साक्षी को बहुत याद किया, मैं तो फिर भी काम में लगा रहता था पर नितु तो हर दूसरे-तीसरे दिन भाभी को वीडियो कॉल किया करती थी." मैंने कहा तो माँ बोली; "अब बहु भी खुशखबरी सुना दे तो उसका भी अकेलापन दूर हो जाए!" माँ की बात सुन हम दोनों शर्म से लाल हो गए थे. भाभी ने जैसे तैसे बात संभाली और बोलीं; "पिताजी खाना तैयार है!" सब खाने के लिए बैठ गए और जब मैंने और नितु ने सब को खाना परोसा तो सब हैरान हो गये. "पिताजी खाना आज दोनों मियाँ-बीवी ने मिल कर बनाया है!" भाभी

हँसते हुए बोली. ये सुनकर सब खुश हुए और सब ने बड़े चाव से खाना खाया.खाने के बाद हमारे लाये हुए तौह्फे हमने सब को दिये. सब के लिए कुछ न कुछ था. यहाँ तक की हम दोनों अश्विनी के लिए भी एक साडी लाये थे जिसे उसने सब के सामने नकली हँसी हँसते हुए ले लिया. पर सबसे ज्यादा तौह्फे साक्षी के लिए थे, १० ड्रेसेस के सेट जिसमें से एक ख़ास कर उसके जन्मदिन के लिए था. उसके खलेने के लिए खिलोने, फीडिंग बोतल, छोटी छोटी चुडीया और भी बहुत सी चीजें.मैं साक्षी को गोद में ले कर उसे उसके गिफ्ट्स दिखा रहा था और साक्षी बस हँसती जा रही थी!

रात को सोने के समय मैं साक्षी को अपने साथ ऊपर कमरे में ले आया. रसोई के सारे काम निपटा कर नितु भी ऊपर आ गई. मैं साक्षी को गोद में ले कर उससे बात करने में लगा हुआ था. नितु कुछ देर चौखट पर खड़ी बाप-बेटी का प्यार देखती रही और फिर बोली; "आई एम रियली सॉरी! मैंने आपको बहुत गलत समझा! मुझे लगा था की ऑफिस के काम में आप साक्षी को भूल गए!" नितु ने सर झुकाये हुए कहा. "बेबी (नितु) भूल नहीं गया था...बस अपने प्यार को दबा कर रख रहा था. घरवायलों से तुमने वादा किया था न की तुम मेरा ख्याल रखोगी? फिर तुम्हें गलत कैसे साबित होने देता?!" मैंने नितु को उस दिन की बात याद दिलाई जब उसने अमेरिका जाते समय माँ से वादा किया था. "आपको अपनी फिलिंग इस तरह दबानी नहीं चाहिए! इट कुड हर्ट यू मेंटली!" नितु चिंता जताते हुए बोली.

"बेबी आप जो थे मेरे पास मेरा ख्याल रखने के लिए!" मैंने मुस्कुराते हुए कहा, बात को खत्म करने के लिए नितु को अपने पास बुलाया. नितु दरवाजा बंद कर के आई और हम तीनों आज महीनों बाद एक साथ गले लगे. फिर नितु ने साक्षी को मेरी गोद से ले लिया और उसे चूमते हुए लेट गई. वो पूरी रात हमने जागते हुए साक्षी को प्यार करके गुजारी, इतने महीनों का सारा प्यार साक्षी पर उड़ेल दिया गया.साक्षी को सोता हुआ देख कर हम दोनों ठंडी आहें भर रहे थे!

इस तरह से दिन कब निकले और साक्षी का जन्मदिन कब आया पता ही नहीं चला. १८ अगस्त की सुबह को सब तय हुआ की कल हम केक काटेंगे और साक्षी का जन्मदिन धूम-धाम से मनाएंगे. ताऊ जी ने गोपाल भैया और मेरी ड्यूटी लगाई की हम दोनों सारे इंतजाम करें और इधर उन्होंने सारे गाँव में दावत का ऐलान कर दिया. मुझे और गोपाल भैया को कुछ करना ही नहीं पड़ा क्योंकि प्रकाश को एक कॉल किया और उसने सारा इंतजाम करवा दिया. टेंट वाला आया और पंडाल बाँधने लगा, हलवाई बर्तन वगेरा सब घर छोड़ गए और कल शाम को आने की बात कह गये. प्रकाश ने बड़े-बड़े स्पीकर लगवा दिए और गानों की लिस्ट मेरे पास थी! केक का आर्डर देने मैं, प्रकाश और गोपाल भैया निकले और शाम तक सब तैयारियाँ हो गईं थी.

रात को खाने के बाद मैं, नितु और साक्षी अपने कमरे थे और बेसब्री से १२ बजने का इंतजार कर रहे थे. हम दोनों ही साक्षी को जगाये हुए थे और उसके साथ खेल रहे थे, कभी दोनों उससे बात करने लगते तो कभी उसे गुद-गुदी करते. टिक...टिक...टिक.. कर घडी ने आखिर १२ बजा ही दिये. १२ बजते ही नितु ने साक्षी को गोद में ले लिया और बोली; मेरी राजकुमारी!! आपको जन्मदिन बहुत-बहुत मुबारक हो! आप को मेरी भी उम्र लगे, जल्दी-जल्दी बड़े हो जाओ और बोलना शुरू करो! मुझे आपके मुँह से पहले पापा सुनना है और फिर मेरे लिए मम्मी!" नितु ने साक्षी के दोनों गाल चूमे और फिर उसे मेरी गोद में दिया; "मेला बेटा बड़ा हो गया!....बड़ा हो गया!.....आऊ... ऊ ऊ ऊ ले...ले... १ साल का हो गया मेरा बच्चा! हैप्पी बर्थडे मेले बच्चे...आपको दुनियाभर की खुशियाँ मिले....और आप जल्दी-जल्दी बड़े हो जाओ! आई लव यू माई lil एंजल! गॉड ब्लेस यू!!!" मैंने साक्षी को चूमते हुए कहा और वो भी मेरे इस तरह तुतला कर बोलने से हँस पडी. उस रात को साक्षी के सोने तक नितु और मैं उसके साथ खेलते रहे और अनगिनत फोटो खींचते रहे, कभी उसे चूमते हुए तो कभी उसके सामने मुँह बनाते हुए!

फिर हुई सुबह एक ऐसी सुबह जो सब के लिए एक अलग रूप ले कर आई थी. जहाँ एक तरफ मैं और नितु खुश थे क्योंकि आज हमारी बेटी साक्षी का जन्मदिन था. ताऊ जी-ताई जी खुश थे की उनके घर में आई खुशियाँ आज दो गुनी होने जा रही है, माँ-पिताजी खुश थे की उनका बहु-बेटा उनके पास हैं और बहुत खुश हैं, गोपाल भैया- भाभी खुश थे की उनकी जिंदगी में एक नया मेहमान आने वाला है और आज उनकी पोती का जन्मदिन है तो दूसरी तरफ जलन, बदले और सब को दुःख पहुँचाने वाली अश्विनी इसलिए खुश थी की आज वो इस घर रुपी घोंसले के चीथड़े-चीथड़े करने वाली है! वो घरोंदा जो उसे आज तक सर छुपाने की जगह दिए हुआ था आज उसी घरोंदे को वो अपने बदले की आग से जलाने वाली थी.

मैं और नितु साक्षी को साथ लिए हुए नीचे आये और सब का आशीर्वाद लिया और साक्षी को भी सबका आशीर्वाद दिलवाया. नहा-धो कर हम तीनों पहले मंदिर गए और वहाँ साक्षी के लिए प्रार्थना की. हमने भगवान से अपने लिए कुछ नहीं माँगा, ना ही ये माँगा की वो साक्षी को हमारी गोद में डाल दे क्योंकि हम दोनों ही इस बात से समझोता कर चुके थे की ये कभी नहीं होगा, आज तो हमने उसके लिए खुशियाँ माँगी...ढेर सारी खुशियाँ ...हमारे हिस्से की भी खुशियाँ साक्षी को देने को कहा. प्रार्थना कर हम तीनों ख़ुशी-ख़ुशी घर लौटे और रास्ते में साक्षी के लिए रखी पार्टी की बात कर रहे थे. सारे लोग आंगन में बैठे थे की अश्विनी ऊपर से उत्तरी और उसके हाथों में कपड़ों से भरा एक बैग था. उसे देख सब के सब खामोश हो गए, "ये बैग?" ताई जी ने पूछा.

"मैं अपने ससुर जी की जायदाद का केस जीत गई हूँ!" अश्विनी ने मुस्कुराते हुए कहा और उसकी ये मुस्कराहट देख मेरा दिल धक्क़ सा रह गया और मैं समझ गया की आगे क्या होने वाला हे. "आप सब की चोरी मैंने केस फाइल किया था और कुछ दिन पहले ही सारी जमीन-जायदाद मेरे नाम हो गई!" अश्विनी ने पीछे मुड़ने का इशारा किया तो हम सब ने पीछे पलट कर देखा, वहाँ वही वकील जो उस दिन आया था हाथ में एक फाइल ले कर खड़ा था. "वकील साहब जरा सब को कागज तो दिखाइए!" अश्विनी ने वकील को फाइल की तरफ इशारा करते हुए कहा और वो भी किसी कठपुतली की तरह नाचते हुए फाइल ताऊ जी की तरफ बढ़ा दी और वपस हाथ बाँधे खड़ा हो गया.ताऊ जी ने वो फाइल मेरी तरफ बढ़ा दी, चूँकि मेरी गोद में साक्षी थी तो मैंने नितु से वो फाइल देखने को कहा. सबसे ऊपर उसमें कोर्ट का आर्डर था जिसमें लिखा था की अश्विनी मंत्री जी की बहु उनकी सारी जायदाद की कानूनी मालिक हे. नितु ने ये पढ़ते ही ताऊ जी की तरफ देखते हुए हाँ में गर्दन हिला दी. "हरामजादी! तूने....तेरी हिम्मत कैसे हुई?" ताऊ जी का गुस्सा आसमान पर चढ़ गया था और वो लघभग अश्विनी को मारने को आगे बढे की पिताजी ने उन्हें रोक लिया. "तुझे पता है न उस दौलत की वजह से ही मंत्री का खून हुआ? और तू उसी के लालच में पड़ गई?" पिताजी ने कहा.

"आप सब को तो मेरी चिंता है नहीं, तो मैंने अगर अपने बारे में सोचा तो क्या गुनाह किया? मेरी भी बेटी है, कल को उसकी पढ़ाई का खर्चा होगा, शादी-बियाह का खर्चा होगा वो कौन करेगा? अब आपके पास उतनी जमीन-जायदाद तो रही नहीं जितनी हुआ करती थी. सब तो आपने इस.... सागर की शादी में लगा दी!" अश्विनी बोली और उसकी बात सुन सब का पारा चढ़ गया.

"चुप कर जा कुतिया!" भाभी बोली.

"किस हक़ से मुझे चुप होने को कह रही हो? मैं तुम्हारी बेटी थोड़े ही हूँ? तुमने तो मुझे नौकरानी की तरह पाल-पोस कर बड़ा किया अब मेरी बेटी को भी नौकरानी बनाना चाहती हो?" अश्विनी भाभी पर चिल्लाते हुए बोली ये सुनते ही गोपाल भैया ने अश्विनी की सुताई करने को लट्ठ उठाया; "मुझे छूने की कोशिश भी मत करना, तुम्हें सिर्फ नाम से पापा कहती हूँ! बेटी का प्यार तो तुमने मुझे कभी दिया ही नहीं! मुझे अगर छुआ भी ना तो पुलिस केस कर दूँगी!" अश्विनी ने उन्हें चेतावनी देते हुए कहा पर भैया का गुस्सा उसकी धमकी सुन और बढ़ गया.मैंने और भाभी ने उन्हें शांत करने के लिए उन्हें रोक लिया. भाभी उनके सामने खड़ी हो गईं और मैंने पीछे से अपने एक हाथ को उनकी छाती से थाम लिया.

"तो इतने दिन तू बस नाटक कर रही थी!" ताई जी बोली.

"हाँ!!! आज साक्षी का जन्मदिन है और सब के सब यहाँ हैं जिन्होंने कभी न कभी मेरा दिल दुखाया है और तुम सब लोगों से बदला लेने का यही सही समय था. जब से बड़ी हुई हमेशा मैंने सब के ताने सुने, कोई पढ़ने नहीं देता था सब मुझसे ही काम करवाते थे! थोड़ी बड़ी हुई तो मुझे लगा ये (मेरी तरफ ऊँगली करते हुए) शायद मुझे समझेगा पर इसके अपने नियम-कानून थे! हमेशा इस घर के नियम-कानून से बाँधे रखा...पर अब नहीं! अब मेरे पास पैसा है और मैं अपनी जिंदगी वैसे ही जीऊँगी जैसे मैं चाहती हूँ!" अश्विनी ने अपने इरादे सब के सामने जाहिर किये पर ये तो बस एक झलक भर थी.

"तुझे क्या लगता है की अपने बचपन का रोना रो कर तू सब को चुप करा सकती है? भले ही किसी ने तुझे बचपन से प्यार नहीं दिया पर जिसने किया उसे तूने क्या दिया याद है ना? तुझे सिर्फ मुझसे नफरत है तो बाकियों पर ये अत्याचार क्यों कर रही है? इतनी मुश्किल से इस घर में खुशियाँ आई हैं और तू उनमें आग लगाने पर तुली है!" मैंने गुस्से में कहा.

"तेरी माँ के मरने के बाद मैंने ही तुझे संभाला था. तुझे तो याद भी नहीं होगा! बेटी तुझे किस बात की कमी है इस घर में?" माँ ने कहा.

"याद है....आपके सुपुत्र ने ही बताया था और इसीलिए आपसे मुझे उतनी शिकायत नहीं जितनी इन सब से है! मेरा दम घुटता है यहाँ!" अश्विनी अकड़ कर बोली.

"तो निकल जा यहाँ से! और आज के बाद दुबारा कभी अपनी शक्ल मत दिखाइओ!" गोपाल भैया ने लट्ठ जमीन पर फेंकते हुए कहा. "मेरे ही खून में कमी थी....या फिर ये तेरी

असली माँ का गंदा खून है जो अपना रंग दिखा रहा है!" भैया ने कहा और अश्विनी से मुँह मोड लिया!

अश्विनी चल कर मेरे पास आई जबरदस्ती साक्षी को खींचने लगी. साक्षी ने मेरी कमीज अपने दोनों हाथों से पकड़ राखी थी. अश्विनी ने अपने हाथों से उसकी पकड़ छुड़ाई.इधर साक्षी को खुद से दूर जाते हुए देख मेरी आँखों से आँसू बहने लगे, नितु का भी यही हाल था और वो लगभग अश्विनी से मूक जुबान में मिन्नत करने लगी. पर अश्विनी पर इसका रत्तीभर फर्क नहीं पड़ा, साक्षी ने रोना शुरू कर दिया था और अश्विनी उसी को डाँटते हुए घर से निकल गई. बाहर उसकी शानदार काले रंग की मर्सिडीज खड़ी थी जिसमें बैठ वो अपने हवेली चली गई और इधर सारा घर भिखर गया.

पिताजी और ताऊ जी आंगन में पड़ी चारपाई पर सर झुका कर बैठ गए, माँ और ताई जी रसोई की दहलीज पर बैठ गए, भाभी और गोपाल भैया बरामदे में पड़ी चारपाई पर बैठ गए और मैं और नितु स्तब्ध खड़े रहे! जो कुछ अभी हुआ उससे हम दोनों के सारे सपने चूर-चूर हो गए थे. माँ ने हम दोनों को २-३ आवाजें मारी पर हमारे कानों में जैसे वो आवाज ही नहीं गई. आखिर भाभी ने उठ कर हमारे कन्धों पर हाथ रखा तब जा कर हमें होश आया. नितु ने मेरी तरफ देखा तो मेरी आँखें आंसुओं की धारा बहा रही थी. वो कस कर मुझसे लिपट गई और जोर-जोर से रोने लगी! भाभी ने उसके कंधे पर हाथ रख कर उसे शांत करवाना चाहा पर वो चुप नहीं हुई. वो रो रही थी पर मैं तो रो भी नहीं पा रहा था. दिल में आग जो लगी हुई थी! आज तीसरी बार मैंने साक्षी को खोया था और ये दर्द दिल में आग बन कर सुलग उठा था. मैंने नितु को खुद से अलग किया और तेजी से दरवाजे की तरफ बढ़ा तो नितु ने एकदम से मेरा हाथ पकड़ कर मुझे रोक लिया. वो जानती थी की मैं अश्विनी की जान ले कर रहूँगा; "प्लीज....अभी आपकी जरुरत… यहाँ इस घर को है!" नितु ने रोते हुए कहा और कस कर मेरा हाथ थामे रही. उसकी बात सही थी. पहले मुझे अपने परिवार को संभालना था उसके बाद मैं अश्विनी की हेखडी ठिकाने लगाने वाला था. मैंने हाँ में सर हिला कर उसकी बात मान ली और वापस आंगन में आ गया.

मैं ताऊ जी के सामने घुटने मोड़ कर बैठ गया और उनसे पूछने लगा; "ताऊ जी...आप ने मेरी शादी में कितने पैसे खर्चा किये?....बोलिये?"

"मैंने जो भी किया वो सब से पूछ कर अपनी ख़ुशी से किया! ये हमारे घर की आखरी शादी थी....अगली शादी देख सकूँ इतनी मेरी उम्र नहीं! और तू भी उसकी बातों पर ध्यान मत दे!" ताऊ जी बोले. फिर उन्होंने गोपाल भैया से कहा की वो सब को मना कर दें आज की पार्टी के लिए! इतना कह कर ताऊ जी उठ कर जाने लगे तो मैं उनके गले लग गया."बेटा......!!!" वो बस इतना कह पाए और फिर अपनी आँखों में आँसू लिए अपने कमरे में चले गये. पिताजी ने मुझे अपने पास बैठने को कहा, उधर नितु और भाभी माँ-ताई जी के पास बैठ गई. "बेटा.....हम सब ने ये सोचा भी नहीं था.... इस परिवार को फिर से बिखरने मत दिओ!" पिताजी रोते हुए बोले. मैंने उनके आँसू पोछे और उनसे घर के असली हालात जाने.

अश्विनी की शादी में मेरी शादी से भी दुगना खर्च हुआ था और इसके चलते घर के हालात डगमगा गए थे. ताऊ जी और पिताजी ने जैसे-तैसे हालात संभाले ही थे की अश्विनी के साथ वो काण्ड हुआ, फिर गोपाल भैया का नशा मुक्ति केंद्र जाना और पोलिस की पहरेदारी, इस सब के चलते हालात खराब होने लगे. ले दे कर अब हमारे पास जमीन के दो

बड़े टुकड़े बचे थे जिनसे आराम से गुजर-बसर हो रही हे. ऐसा नहीं था की हालात बहुत पतले थे पर अब हालत वो नहीं थे जो २ साल पहले हुआ करते थे. मुझे ये सब जानकार बहुत धक्का लगा था पर मैं इसे जताना नहीं चाहता था. कुछ देर बाद जब गोपाल भैया वापस आये तो मैं उन्हें ले कर ताऊजी के कमरे में गया.ताऊ जी दिवार से सर लगाए जमीन पर बैठे थे, मैं और गोपाल भैया उनके सामने बैठ गए; "ताऊ जी आप चिंता क्यों करते हैं? आपके दोनों बेटे आपके सामने बैठे हैं, हम दोनों मिल कर घर संभाल सकते हैं और देखना इस बार फिर से खुशियाँ वापस आएँगी!" मैंने ताऊ जी को उम्मीद बंधाते हुए कहा, उन्होंने मुझे और गोपाल भैया को अपने गले लगने को बुलाया. हमें अपने सीने से लगाए वो बोले; "बच्चों अब तुम दोनों का ही सहारा है! संभाल लो इस घर की कश्ती को!" ताऊ जी से मिल कर मैं और भैया वापस आये तो मैंने उन्हें भाभी का ख़ास ख्याल रखने को कहा क्योंकि वो ६ महीना प्रेग्नेंट थी. मैं माँ और ताई जी के पास आया और उनके बीच में बैठ गया, दोनों ने अपना सर मेरे दोनों कन्धों पर रख दिया. "माँ, ताई जी आपका बेटा है ना यहाँ तो फि आपको कोई चिंता करने की कोई जरुरत नही." मैंने कहा तो दोनों रो पड़ीं, तभी नितु आ गई और उसने माँ को संभाला और मैंने ताई जी को. कुछ देर बाद नितु को मैं वहीँ छोड़ कर भाभी के पास आया. गोपाल भैया भाभी के पास सर झुका कर बैठे थे; "क्या भैया मैंने आपको यहाँ भाभी का ख्याल रखने को भेजा और आप हो की सर झुका कर बैठे हो?! अच्छा भाभी ये बताओ, आप चाय पीओगे?" मैंने कमरे में कैद शान्ति को भंग करते हुए कहा, भाभी ने मुझे इशारे से अपने पास बुलाया और अपने पास बिठाया. "तूने दुःख छुपाना कहाँ से सीखा?" भाभी ने भीगी आँखों से पूछा. "जब लगने लगा की मेरे रोने से मेरे परिवार को कितना दुःख होता है तो ये आँसूँ अपने आप सूख गए!" मैंने कहा और सब के लिए चाय बनाने लगा. चाय बना कर मैने सब को दी, दोपहर में किसी ने कुछ नहीं खाया और मैं बस एक कमरे से दूसरे कमरे में आता-जाता रहा ताकि थोड़ी चहल-पहला रहे और घर वाले ज्यादा दुखी न हों. प्रकाश ने भी जब फ़ोन किया तो मैंने उसे सब बता दिया.

रात हुई और नितु ने सब के लिए खाना बनाया पर किसी का मन नहीं था. मैंने एक-एक कर सबको उनके कमरों से बाहर निकाला और एक साथ बिठा कर सब को खाना खिलाया. जैसे-तैसे सब ने चुप-चाप खाना खाया, और सब सोने चले गये. मैं और नितु साथ ही ऊपर आये और उस सूने कमरे को देख दोनों भावुक हो गए, नितु मेरे कंधे पर सर रख कर रोने लगी. पर मेरी आँखों में अब आँसू नहीं बचे थे, मुझे इस वक़्त मजबूत बनना होगा यही सोच कर मैंने अपने होंठ सी लिए. नितु को बड़ी मुश्किल से चुप करा कर लिटाया और मैं भी उसकी तरफ करवट ले कर लेट गया.नितु मेरे नजदीक आई और अपना

सर मेरे सीने में छुपा कर सोने की कोशिश करने लगी. आज उसे भी वही दर्द हो रहा था जो मुझे 'मुन्ना' के चले जाने के बाद हुआ था. कुछ देर बाद नितु सो गई. पर मैं सोचता रहा....

अगले दो दिन इसी तरह गमगीन निकले, इधर मैं मोहित और प्रफुल से मिला और उनसे बिज़नेस यहाँ शिफ्ट करने की बात की. जब मैंने उन्हें डिटेल में सब बताया तो वो दोनों मान गए, पर पार्टनर हाईप के लिए नही. उनका फॅमिली बॅक ग्राउंड इतना स्ट्रोंग नहीं था और उन्हें एक कोंस्टांट और स्टेबल इनकम चाहिए थी जो उन्हें सैलरी से मिलती.वो मेरे साथ सैलरी पर काम करने को मान गए, उनके साथ मिल कर मैंने ऑफिस के लिए जगह देखनी शुरू की. मैंने बैंगलोर फ़ोन कर के पांचों को हालात बता दिए और ये भी की मैं ऑफिस लखनऊ शिफ्ट कर रहा हु. उनके पास बेहद सारा टाइम था नई जॉब ढूँढने के लिए. मैंने ये बात घर में भी बता दी तो सब को इत्मीनान हुआ की जल्द ही मैं उनके नजदीक रहूँगा.नितु ने घर के साथ-साथ ऑफिस का काम भी संभाला. खेती का काम मैंने समझना शुरू कर दिया. ताऊ जी, पिता जी और गोपाल भैया मुझे सारी चीजें समझा रहे थे और खुश भी थे की मैं इतनी दिलचस्पी ले रहा हु. एक दिन वो मुझे व्यापारियों से मिलने ले गए तो मैंने उनके साथ रेट को ले कर भाव-ताव करना शुरू कर दिया. मैंने थोड़ी जांच-पड़ताल के बाद खेतों का सोईल टेस्ट भी करवा दिया और उससे जो बातें सामने आईं उसे जान कर पिताजी और ताऊ जी काफी हैरान हूये. दिन बीतते गए और घर के हालत अब सुधरने लगे, पैसों के तौर पर नहीं बल्कि घर की सुख और शान्ति के तौर पर.

२ सितंबर आया और सुबह मैं सब के लिए चाय बना रहा था की नितु को उल्टियाँ शुरू हो गई. मैं चाय छोड़ कर उसके पास जाने को हुआ तो माँ हँसती हुईं मेरे पास आईं और बोलीं; "तू बाप बनने वाला है!" ये सुन कर मेरी ख़ुशी का ठिकाना नहीं रहा, मैं दौड़ता हुआ ऊपर आया और नितु ने मुझे एकदम से गले लगा लिया, उसकी ख़ुशी आज सैकड़ों गुना ज्यादा थी. “शुक्रिया बेबी!!!!” मैंने नितु को कस कर बाहों में जकड़ा और उसे कमर से उठा कर छत पर गोल घूमने लगा. अब तक माँ ने सब को ये खबर दे दी थी. ताऊ जी ने मुझे नीचे से आवाज मारी और हम दोनों नीचे आये. नितु ने हमेशा की तरह घूंघट किया हुआ था. ताऊजी उसके पास आये और जेब से २००० का नोट निकाला और नितु के सर से वार कर ताई जी को देते हुए कहा की वो ये मंदिर में दान कर दें.ताऊ जी ने मुझे नितु को डॉक्टर के ले जाने को कहा ताकि नितु का एक बार चेक-अप हो जाए, मैंने गोपाल भैया से कहा की वो भाभी को भी ले लें एक साथ दोनों का चेक-अप हो जायेगा. भैया को उस समय कहीं जाना था सो मैं दोनों को ले कर डॉक्टर के पास आ गया.डॉक्टर ने पहले नितु का चेक-अप

किया और उसके प्रेग्नेंट होने की बात कन्फर्म की. ये सुनते ही हम तीनों के चेहरे खिल उठे, फिर डॉक्टर ने भाभी का भी चेक-अप किया और उन्हें भी सब कुछ नार्मल ही लगा. मैंने नितु के घर फ़ोन लगाया और नितु ने मेरे घर फ़ोन लगा दिया. डैडी जी को जब ये बात पता चली तो वो बहुत खुश हुए और कल आने की बात कही" इधर नितु ने माँ से बात कर के बताया की सभी लोग मंदिर में हे. हम तीनों मिठाई ले कर सीधा मंदिर गए जहाँ पुजारी जी ने नितु और मुझे ख़ास भगवान् का आशीर्वाद दिया. फिर हम सब घर लौट आये, हमारा घर खुशियों से भर गया था और चूँकि कल मेरा जन्मदिन था तो पूरा परिवार डबल ख़ुशी मना रहा था. ताऊ जी ने ये डबल खुशखबरी मनाने के लिए तुरंत अपने समधी जी (नितु के डैडी) को कॉल किया और कल की दावत के बारे में बता दिया. पूरे गाँव भर में ढिंढोरा पीटा जा चूका था. ये खबर उड़ती-उड़ती अश्विनी तक भी जा पहुँची थी. उसे नितु की प्रेगनेंसी के बारे में जान कर बहुत कोफ़्त हुई क्योंकि अब उसका तुरुख का पत्ता पिट चूका था. उसने अपनी अगली चाल की प्लानिंग शुरू कर दी थी! अश्विनी ने अपने पाँव राजनीति की तरफ बढ़ा दिए थे और उसने अब वहाँ कनेक्शन बनाने शुरू कर दिए थे......

रात को खाने के बाद मैं लैपटॉप पर काम कर रहा था की नितु बिस्तर से उठ कर मेरे पास आई. उसने पीछे से अपनी बाहों को मेरी गर्दन पर सामने की तरफ लॉक किया और मेरे कान में फुसफुसाई; "हॅपी बर्थ डे माई शोना!" मैं उठा और नितु को गोद में उठा लिया और उसे बिस्तर पर लिटा दिया. झुक कर उसके होठों को मुँह में भर चूसने लगा. नितु कसमसा रही थी. मैं रुका और उसकी आँखों में देखते हुए मुस्कुराया और बोला; "ऐसे सूखे-सूखे कौन बर्थडे विश करता है!" मैंने कहा तो नितु मुस्कुराई और बोली; "तो मेरे शोना, बोलो क्या चाहिए आपको?"

"आपने मुझे दुनिया का सबसे बेस्ट गिफ्ट दिया है!" मैंने कहा और नितु की बगल में लेट गया.नितु कसमसाती हुई मेरे से चिपक गई और सोने लगी. मैं उसके बालों में हाथ फेरता रहा और साक्षी को याद करता रहा. महीना होने वाला था मुझे साक्षी से दूर, आज बाप बनने की इस ख़ुशी ने मुझे जिंझोड़ कर रख दिया था. साक्षी के लिए प्यार आज फिर उमड़ आया था और आँखों से एक क़तरा निकल कर तकिये पर जा गिरा. अगली सुबह मैं जल्दी उठा और सब ने बारी-बारी मुझे जन्मदिन की बधाइयाँ दी और मैंने सब का आशीर्वाद लिया. इतने में मम्मी-डैडी जी भी आ गये और मेरे हाथ में चाय की ट्रे देख हैरान हुए, दोनों ने मुझे खूब प्यार दिया और आशीर्वाद दिया! इतने में नितु ऊपर से उत्तरी और अपने मम्मी-डैडी को देख कर उसने उनका आशीर्वाद लिया. फिर उन्होंने सवाल नितु से सवाल पुछा; "तू पहले ये बता की सागर चाय की ट्रे ले कर क्यों खड़ा है?" नितु कुछ बोल पाती उससे

पहले मैं ही उसके बचाव में कूद पड़ा; "डैडी जी ये तो रोज का है, मैं जल्दी उठ जाता हूँ तो सब के लिए चाय बना लेता हु." मेरा जवाब सुन ताऊ जी बोले; "समधी जी, ये छोटे-मोटे काम करने के लिए हमने इसे (यानी मुझे) रखा हुआ हे." ताऊ जी की बात सुन सारे हँस पड़े! मम्मी-डैडी जी को दरअसल शाम को वापस जाना था इसलिए वो जल्दी आये थे, पर ताऊ जी कहाँ मानने वाले थे उन्होंने जबरदस्ती उन्हें भी शाम के जश्न में शरीक होने के लिए रोक लिया.

शाम को बड़ी जोरदार पार्टी हुई और पूरा गाँव पार्टी में हिस्सा लेने आया. रात के ८ बजे थे और अँधेरा हो गया था. सारे आदमी लोग ऊपर छत पर थे और सभी औरतें नीचे आंगन में, खाना-पीना जारी था की तभी घर के सामने अश्विनी की काली मर्सिडीज आ कर रुकी. उसकी गाडी देखते ही मैं तमतमाता हुआ नीचे आया, वो गाडी से अकेली उतरी काली रंग की शिफॉन की साडी, लो कट ब्लाउज जो देख कर ही लगा रहा था की बहुत टाइट है, स्लीवलेस और वही कमीनी हँसी! अब सारे घर वाले नीचे मेरे साथ खड़े हो गए थे. वो कुछ बोलती उसके पहले ही मैं चिल्लाते हुए बोला; "गेट दीं फक आऊट ऑफ हिअर!" मेरे गुस्से से आज भी उसे डर लगता था इसलिए वो एक पल को सहम गई. फिर हिम्मत बटोरते हुए बोली; "मैं तो तुम्हें विश करने आई थी!"

"फक यू अँड फक योवर विशेस! नाऊ गेट लॉस्ट ऑर आई विल्ल कॉल दीं पोलिस!" मैंने फिर से गरजते हुए कहा. वो अकड़ कर गाडी में बैठ गई और चली गई. सब का मूड खराब ना हो इसलिए मैंने प्रकाश को इशारा कर के म्यूजिक चालू करने को कहा और फिर सब को ले कर अंदर आ गया."सब चलिए ऊपर...अभी तो पार्टी शुरू हुई है!" मैंने बात पलटते हुए कहा और सब ऊपर आ गए पर सब का मूड ऑफ था!

ये मायूसी देख मेरे मुँह से ये शब्द निकले;

"ना जाने वक्त खफा है या खुदा नाराज है हमसे,

दम तोड़ देती है हर खुशी मेरे घर तक आते-आते।"

ये सुनते ही ताऊ जी उठे और प्रकाश से बोले; "अरे बेटा जरा मेरा वाला गाना तो लगा..." मैं हैरानी से ताऊ जी को देखने लगा और तभी गाना बजा; "दर्द-ऐ-दिल ....दर्द-ऐ-जिगर दिल में जगाया आपने|" ताऊ जी ने ताई जी की तरफ इशारा करते हुए गाना शुरू किया. उनका गाना सुन पार्टी में जान आ गई और सब खुश हो गये. इधर ताई जी शर्म के मारे

लाल हो गईं अब तो पिताजी भी जोश में आ गए और उन्होंने गाने का अगला आन्तरा संभाला;

"कब कहाँ सब खो गयी

जितनी भी थी परछाईयाँ

उठ गयी यारों की महफ़िल

हो गयी तन्हाईयाँ"

अब शर्म से लाल होने की बारी माँ की थी. माँ तो ताई जी के पीछे छुप गई. इधर डैडी जी ने प्रकाश से गाना बदलवाया जिसे सुन सारे जोश में आ गए, आदमियों की एक टीम बन गई और औरतों की एक टीम.

'ऐ मेरी जोहराजबीं' ओये होये होये !!! क्या महफ़िल जमी छत पर की अंताक्षरी शुरू हो गई. मर्द गा रहे थे और औरतें शर्मा रहीं थी. सब को उनकी जवानी के दिन याद आ गये. इस सब का थोड़ा बहुत श्रेय शराब को भी जाता है जिस ने समां बाँधा था और सब मर्द थोड़ा झूम उठे थे. तभी नितु उठ के जाने लगी तो मैंने गाना शुरू किया; "आज जाने की जिद्द न करो!" मेरा गाना सुन वो वहीं ठहर गई. घूंघट के नीचे उसके गाल लाल हो गए थे और भाभी उसका हाथ पकड़ उसे अपने पास बिठा लिया. रात दस बजे तक महफ़िल चली और फिर सब धीरे-धीरे जाने लगे. आखिर बस परिवार के लोग रह गए, ताऊ जी ने मुझे अपने पास बुलाया और बोले; "बेटा दुबारा उदास मत होना!" मैंने सर हाँ में हिला कर उनकी बात मानी.आज एक बार अश्विनी को हार मिली थी....वो आई तो थी यहाँ मेरा बर्थडे और नितु के माँ बनने की ख़ुशी को नजर लगाने पर आज उसे एक बार मुँह की खानी पड़ी थी. उसकी लाख कोशिशों के बाद भी मेरा परिवार नहीं टूटा बल्कि ताऊ जी की वजह से वो एक साथ खड़ा रहा. रात को सारे मर्द छत पर सोये थे और तब ताऊ जी ने डैडी जी से सारी बात कही जिसे सुन वो बहुत हैरान हुए और मुझे डाँटा भी की मैंने उन्हें क्यों कुछ नहीं बताया, पर काम के चलते मुझे होश ही नहीं रहा था. अगली सुबह को मम्मी-डैडी अयोध्या चले गए, उन्हें वहाँ मंदिर में माथा टेकना था.

डैडी जी के जाने के बाद नितु मेरे पास आई और मुझसे बोली; "आपको लगता है की वो वाक़ई में विश करने आई थी?"

"वो यहाँ सिर्फ हमारी खुशियों को नजर लगाने आई थी! अपना रुपया-पैसा और ऐशों-आराम की झलक दिखाने आई थी! इतनी मुश्किल से ये परिवार सम्भल रहा था और वो ...." मेरे मुँह से गाली निकलने वाली थी सो मैंने खुद को रोक लिया और आगे बात पूरी नहीं की. खेर दिन बीतने लगे और हम दोनों बैंगलोर वापस नहीं गये. जाते भी कैसे? यहाँ कोई नहीं था जो घर संभाल सके और भाभी का ख्याल रख सके. "बेटा काम भी जरुरी होता है, तुम दोनों जाओ और काम सम्भालो हम सब हैं यहाँ!" ताऊ जी बोले पर नितु ने साफ़ मना कर दिया; "ताऊ जी, भाभी की देखभाल जरुरी है और मेरे न होने से यहाँ घर का काम कौन देखेगा? आखिर माँ, ताई जी और भाभी को ही काम करना पड़ेगा और ये मुझे कतई गवारा नही." नितु बोली.

"ताऊ जी, नितु ठीक कह रही हे. मैं वैसे भी लखनऊ में घर और ऑफिस की जगह देख रहा हूँ तो हम दोनों का ही यहाँ रहना जरुरी हे." मैंने कहा, ताऊ जी ने मेरी पीठ थपथपाई और बोले; "मुझे मेरे बच्चों पर नाज है!"

चूँकि नितु भी प्रेग्नेंट थी और उसे ही ज्यादा काम करना पड़ता था इसलिए मैंने घर के लिए एक वाशिंग मशीन ले ली, जिससे नितु का काम काफी कम हो गया.

दिन बीतने लगे और भाभी का नौवाँ महीना शुरू हो गया और नितु ने भाभी का बहुत ख्याल रखना शुरू कर दिया. भाभी का लगाव भी नितु से बहुत ज्यादा बढ़ गया था. दोनों साथ खाते और रात में नितु भाभी के पास ही सोती. ऑफिस का सारा काम मेरे ऊपर था और मैं रात-रात भर जाग कर सारा काम करने लगा था. खेती-किसानी का काम गोपाल भैया ने संभाल लिया था और अब पैसे के तौर पर हालात सुधरने लगे थे. इधर दिवाली आ गई और घर की साफ़-सफाई मैंने और गोपाल भैया ने संभाली. दिवाली से २ दिन पहले पिताजी ने घर में हवन करवाया ताकि घर में सुख-शान्ति बनी रहे. धन तेरस पर मैं माँ और ताई जी को बजार ले कर गया और उन्होंने शॉपिंग की. दिवाली के एक दिन पहले मम्मी-डैडी जी आये और वो भी बहुत तौह्फे लाये, ख़ास कर भाभी के लिए. आखिर दिवाली वाले दिन अच्छे से पूजा हुई, चूँकि शादी के बाद नितु की ये पहली दिवाली थी तो पूजा में हमें सबसे आगे बिठाया गया.पूजा के बाद सब ने नितु को उपहार में बहुत से जेवर दिए और उसे बहुत सारा आशीर्वाद मिला. नितु की आँखें उस पल नम हो गईं थीं, माँ ने उसे अपने पास बिठा कर खूब दुलार किया.

दिवाली के ५ दिन बाद सुबह भाभी को लेबर पैन शुरू हो गया, मैं और नितु उन्हें ले कर तुरंत हॉस्पिटल भागे.हम समय से पहुँच गए थे और डॉक्टर ने प्राथमिक जाँच शुरू कर दी थी. इधर सभी घरवाले पहुँच गए थे, कुछ देर बाद नर्स ने हमें खुशखबरी दी; "मुबारक हो लड़का हुआ है!" ये खुशखबरी सुनते ही सब ख़ुशी से झूम उठे. ताऊ जी ने नर्स को २,००१/- दिए और सब भाभी से मिलने आये. मैं और नितु भाभी के पास खड़े थे और उनका हाल-चाल पूछ रहे थे. भाभी का दमकता हुआ चेहरा देख सब को ख़ुशी हो रही थी. सब ने बारी-बारी बच्चे को चूमा और आशीर्वाद दिया. बस हम दोनों ही बचे थे. पहले मैंने नितु को मौका दिया तो नितु ने जैसे ही बच्चे को गोद में उठाया वो रोने लगा. ये देख वो घबरा गई और तुरंत बच्चे को मेरी गोद में दे दिया. मैंने जैसे ही उसके मस्तक को चूमा वो चुप हो गया और उसके चेहरे पर मुस्कराहट की एक किरण झलकने लगी. "लो भाई, अब जब कभी मुन्ना रोयेगा तो उसे सागर को दे देना. उसकी गोद में जाते ही बच्चे चुप जाते हैं!" भाभी बोली. पता नहीं क्यों पर उस बच्चे को देख मुझे साक्षी की याद आ गई और मेरी आंखें छल-छला गई. जिस प्यार को मैं अंदर दबाये हुआ था वो बाहर आ ही गया, नितु ने मेरे कंधे पर हाथ रख कर मुझे रोने से रोकना चाहा पर अब ये आँसू नहीं रुकने वाले थे. मैंने बच्चे को नितु को सौंपा और सबकी नजर बचा कर बाहर आ गया, बाहर एक बेंच थी जहाँ मैं सर झुका कर बैठ गया और रोने लगा. कुछ देर बाद नितु भी सब से नजर बचा कर आई और मुझे बाहर ढूँढने लगी. मैं उसे सर झुका कर रोता हुआ दिखा तो वो मेरी बगल में बैठ गई. मेरे कंधे पर हाथ रख कर बोली; "प्लीज मत रोइये....मैं जानती हूँ आपकी जान साक्षी में बस्ती है...पर हालत ऐसे हैं की....." नितु आगे बोलते-बोलते रुक गई.

"हालातों से तो मैं लड़ सकता हूँ पर उसकी नामुराद माँ का क्या करूँ? कमबख्त ....क्या बिगाड़ा था मैंने उसका? सब कुछ उसी ने किया ना? मैंने तो नहीं कहा था की मुझे प्यार कर! खुद मेरी जिंदगी में आई और सारी दुनिया उजाड़ दी! नहीं भूल सकता मैं साक्षी को...शी इज माई फर्स्ट बॉर्न ! कभी-कभी तो इतना दिल जलता है की मन करता है की उसे (अश्विनी को) बद्दुआ दे दूँ! पर फिर इस डर से रुक जाता हूँ की एक बार उसे बद्दुआ दी थी तो उसका पूरा घर उजड़ गया था. इस बार अगर उसे कुछ हो गया तो साक्षी का क्या होगा?!" मैंने रोते हुए कहा. "जानती हूँ मैं कभी साक्षी की कमी पूरी नहीं कर सकती पर शायद आपको अपनी औलाद दे कर उस दर्द को कुछ कम कर पाऊँ!" नितु मेरी आँखों में देखते हुए बोली और मेरे आँसूँ पोछे."थैंक यू!" मैंने कहा और मुँह धो कर मैं नितु को अपने साथ अंदर ले आया. जब सब ने पुछा तो मैंने कह दिया की एक कॉल करना था. शाम तक भाभी को डिस्चार्ज मिल गया, बाकी घर वाले पहले ही घर आ चुका था.. मैं, गोपाल भैया, भाभी और नितु गाडी से घर पहुँचे, जहाँ पहले से ही पूजा की तैयारी हो चुकी थी. पूरे विधि-विधान से भाभी और मुन्ना ने घर में प्रवेश किया. शुरू के पंद्रह दिनों में जो रस्में निभाईं जाती हैं वो सब निभाईं गई. नामकरण हुआ तो मुन्ना का नाम अस्तित्व रखा गया.जब वो रोता तो पूरे घर में उसे चुप कराने वाला कोई नहीं था. तब भाभी मुझे आवाज दे कर बुलाती और कहती; "लो सम्भालो अपने भतीजे को, जान खा जाता है मेरी| आखिर ऐसी कौन सा जादू है की तुम्हारी गोद में जाते ही चुप हो जाता है?" भाभी ने पुछा तो नितु पीछे से बोली; "भाभी जादू नहीं...ये तो प्यार है इनका!" ये सुनते ही भाभी ने नितु को छेड़ते हुए बोला; "कितना प्यार है वो तो दिख ही रहा है?!" नितु शर्म से लाल हो गई.

दिन बड़े प्यार से गुजरे, लखनऊ में मुझे ऑफिस के लिए जगह मिल गई. घर भी ढूँढ लिया था अब बस शिफ्टिंग का काम रह गया था. इसलिए अब हमें बैंगलोर वापस आना था ताकि शिफ्टिंग शुरू की जा सके. सारा स्टाफ जॉब छोड़ चूका था और ऑफिस अब खाली था. सबसे विदा ले कर हम निकलने लगे तो भाभी ने नितु को अपने गले लगाया और कहा; "जल्दी आना...और अपना ध्यान रखना" और फिर मेरे कान पकड़ते हुए बोलीं; "पिछली बार इसे तेरी जिम्मेदारी दी थी और इस बार तुझे दे रही हूँ! अगर इसका ख्याल नहीं रखा तो तेरी पिटाई पक्की है!" ये सुन कर सब हँस पडे. माँ और ताई जी ने भी भाभी को खुली छूट दे दी की वो चाहे तो मार-मार के मेरा भूत बना दें और इसका सारा मजा नितु ने लिया. रास्ते भर वो मुझे डराती रही की मैं अभी भाभी को फ़ोन कर देती हूँ!

हम बैंगलोर पहुँचे और मैंने ऑफिस का सारा सामान पैक करवा कर फिलहाल के लिए घर शिफ्ट करवाया और ऑफिस खाली कर दिया जिससे एक महीना का रेंट बच गया.मैंने प्याकर अँड मुवर से बात करनी शुरू की और इधर नितु ने लिस्ट बनानी शुरू कर दी की

कौन-कौन सा सामान उसे लखनऊ भेजना है और कौन सा यहीं बेच देना हे. ऑफिस का काम सर पर पड़ा था जिसे मैंने मोहित-प्रफुल को दे दिया पर अस वाला प्रोजेक्ट मेरे सर पर तलवार की तरह लटक रहा था. नितु चाह कर भी मेरी उसमें मदद नहीं कर पा रही थी. हफ्ता बीता होगा की नितु का जन्मदिन आ गया, पूरा घर सामान से भरा पड़ा था और ऐसे में हम कोई पार्टी नहीं कर सकते थे, ऊपर से बैंगलोर आने के बाद मैंने नितु को जरा सा भी टाइम नहीं दिया था जिसकी उसने कोई शिकायत नहीं की थी. अब चूँकि उसका बर्थडे था तो मुझे आज का दिन उसके लिए स्पेशल बनाना था. रात को १२ बजे मैंने नितु को उठा कर बर्थडे विश किया और फिर हमने केक काटा. अब हम संभोग तो कर नहीं सकते थे क्योंकि नितु का अब चौथा महीना चल रहा था. इसलिए वो रात हम बस एक दूसरे की बाहों में सिमटे हुए काटी.अगली सुबह नितु को मैंने कॉफ़ी दी और उसे बिस्तर से उठने से मना कर दिया. वो पूरा दिन मैंने घर का सारा काम किया. सुबह से ही उसे सब के फ़ोन आने लगे और सब ने उसे बहुत आशीर्वाद और प्यार दिया. दोपहर का खाना भी मैंने बनाया जो की नितु को बहुत पसंद था. "माँ के बाद अगर मुझे किसी के हाथ का खाना पसंद है तो वो है आपके हाथ का खाना." नितु बोली. रात को मैंने नितु की स्पेशल दाल मखनी बनाई और उसके साथ गर्म-गर्म फुल्के बनाये| नितु का मन किया और उसने कबर्ड से वाइन निकाल ली, वो उसे गिलास में डाल ही रही थी की मैंने उसका हाथ पकड़ लिया और प्यार से कहा; "बेबी...नो ड्रिंकिंग ड्यूरिंग प्रेग्नानसी!" ये सुनते ही नितु को याद आया और उसने एकदम से अपने कान पकडे; "सॉरी! शोना!!! मैं भूल गई थी!" नितु बोली और एकदम से भावुक हो गई. मैंने उसे अपने गले लगाया और उसके सर को चूमते हुए बोला; "बेबी इट्स ओके!" ये सुनते ही वो एकदम से चुप हो गई और कुछ देर बाद मुस्कुराने लगी.

उस दिन से नितु के मुड स्वींग बहुत ज्यादा कॉमन हो गये. कभी-कभी वो इतने जोश में होती की पैकिंग करने लगती और फिर थोड़ी देर बाद भावुक हो कर मुँह फुला कर बैठ जाती. जैसे ही उसका मुँह बनता वो मेरे पास आती, लैपटॉप उठा कर दूर रखती और मेरी गोद में बैठ जाती. "मेला बेबी नाराज है!" मैं नितु को थोड़ा प्यार से सहलाता और कुछ ही देर में वो नार्मल हो जाती और मेरी गर्दन पर किस करने लगती. कभी तो कभी बच्चों की तरह अपने बेबी बंप पर हाथ रख कर देखती और आईने के सामने जा कर कहती; "मैं मोटी हो गई हूँ ना?" मैं उसकी इस बात पर इतना हँसता की मेरे पेट में दर्द होने लगता. कभी वो कहती; "प्रेगनेंसी ९ महीने की क्यों होती है?" तो कभी-कभी वो तकिये को गोद में ले कर बेबी को पकड़ने की प्रॅक्टिस करने लगती. उसका ये भोलापन देख कर मैं उसे हमेशा अपनी बाहों में भर लेता. ऐसे करते-करते जनवरी आ गया, अस का एक प्रोजेक्ट पूरा हो गया था और उसकी पेमेंट आने वाली थी.

इधर अश्विनी ने अपने सारे मोहरे बिछा दिए थे, प्लान सेट था अब बस देरी थी तो सागर के उसमें फँसने की. राजनीति में उसके पाँव पसारने से अच्छे-बुरे लोगों से उसका वास्ता पड़ने लगा था. पार्टी ने सोचा था की वो अश्विनी को मंत्री की बहु के रूप में प्रोजेक्ट करेगी, ऐसी बहु जिसने सब कुछ खो दिया हो और इसी को वो इस्तेमाल करना चाहते थे. लोगों की सहानुभूति जीतना अश्विनी ने शुरू कर दिया था. छोटी-छोटी रैलियों में अश्विनी जाती और अपना दुखी चेहरा दिखा कर लोगों का दिल जीत लेती. ऐसा नहीं था की उसके बदले की आग शांत हो चुकी थी. बल्कि वो तो सही मौके का इंतजार कर रही थी. गाँव में वो कुछ भी नहीं कर सकती थी क्योंकि उससे ना केवल उसे जेल जाने का खतरा था बल्कि उसकी पार्टी को भी अपने नाम पर कीचड़ उछलने का खतरा पैदा हो जाता. पर बैंगलोर में वो सागर और नितु पर हमला करवा सकती थी. उसने दो गुंडों को बैंगलोर में मुझ पर नजर रखने को भेजा. मेरा एड्रेस तो वो पहले ही नितु के जरिये सुन चुकी थी. कुछ ही दिनों में अश्विनी को पता चल गया की मैं कब घर आता हूँ और कब बाहर जाता हु.

मैंने पैकर्स एंड मूवर्स से बात पक्की कर ली थी और एक दिन पहले ही उन्होंने सारा समान लोड कर लिया था. आज मुझे उन्हें पेमेंट करने जाना था साथ नितु ने कार्टन और पैक किये थे जो मुझे ड्राइवर को सौंपने थे. मालिक ने मुझे सुबह जल्दी बुलाया ताकि ड्राइवर समय से समान ले कर निकल सके.सुबह ७ बजे मैं तैयार हो कर निकलने लगा तो नितु जिद्द करने लगी की उसे कुछ फ्रूट्स लेने हैं तो वो भी मेरे साथ नीचे चलेगी. इसलिए मैं उसे ले कर नीचे आया और कार्टन कैब में डालकर पहले उसे फ्रूट्स खरीदवाए और फिर उसे वापस बिल्डिंग के पार्किंग लॉट तक छोड़ मैं कैब में बैठ कर निकला" १०० मीटर जाते ही मुझे याद आया की मैं पैसों का पैकेट लेना भूल गया तो मैंने कैब वापस घर की तरफ मुड़वाई| कैब अभी गेट पर ही पहुँची ही थी की आगे का नजारा देख मेरी हालत खराब हो गई. पार्किंग लोट में दो आदमी थे, एक ने वॉचमन को चाक़ू की नोक पर डरा कर चुप करा रखा था और दूसरे ने नितु की गर्दन पर चाक़ू लगा रखा था. नितु एक पिलर के सहारे खड़ी थी और उस आदमी से मिन्नत कर रही थी की वो उसे छोड़ दे! चूँकि आज रविवार का दिन था और ज्यादा तर लोग अभी बाहर नहीं आये थे इसलिए नीचे कोई नहीं था. मैंने टैक्सी वाले को कहा की वो जल्दी से पुलिस को फ़ोन लगाए और बुलाये| मैं धीरे से उतरा और दबे पाँव आगे बढ़ा, मेरा कुछ भी आवाज करना नितु के लिए खतरनाक साबित होता. दोनों आदमियों की पीठ जिस तरफ थी मैं घूम कर उसी तरफ से पहुँचा, रास्ते में मैंने एक बड़ा पत्थर का टुकड़ा उठा लिया. वॉचमन ने मुझे देख लिया और उसने एक आदमी का ध्यान अपने रोने-धोने से भटकाया, मैं एक दम से उस आदमी के पीछे खड़ा हो गया जिसने नितु की गर्दन पर चाक़ू लगा रखा था. वो नितु को गन्दी-गन्दी गालियाँ दे रहा था और किसी 'मेमसाहब' का नाम बड़बड़ा रहा था. मैंने उसके दाहिने कंधे पर अपने बाएं हाथ से

थपथपाया तो वो एकदम से पलटा, मैंने अपने दाहिने हाथ में पकड़ा पट्ठा से उसके सर पर एक जोरदार हमला किया और वो चिल्लाते हुए नीचे जा गिरा.उसकी चिल्लाने की आवाज सुन दूसरा आदमी मेरी तरफ तेजी से दौड़ा, मैंने वो पत्थर खींच कर उसके मुँह पर मारा. वो पत्थर जा कर उसकी नाके बीचों-बीच लगा और वो भी चिलाते हुए नीचे गिरा| "नितु ऊपर जाओ और दरवाजा लॉक करो!" मैंने नितु से कहा पर वो घबराई हुई बस वहीँ जम कर खड़ी हो गई. मैं उसकी तरफ बढ़ा और उसे झिंझोड़ कर उसे होश में लाया और उसे घर जाने को कहा. नितु ऊपर गई और मैं नीचे पड़े आदमी की छाती पर बैठ गए और मुँह पर मुक्के मार कर उससे पूछने लगा; "बोल हरामी किस ने भेजा था तुझे? बोल वरना आज तेरी जान ले लूँगा!" मैंने उसके मुँह पर जगहसे मारने चालु कर दिए इतने में वो टैक्सी ड्राइवर भाग कर वॉचमन के पास आ गया जो अपने डंडे से दूसरे आदमी को (जिसे मैंने पत्थर फेंक कर मारा था.) पीट रहा था. शोर मच गया था और लोग इकठ्ठा होने लगे थे, इधर मेरी पिटाई और पत्थर से लगी चोट के कारन पहला आदमी बोल उठा; "री...अश्विनी मेमसाब!" मेरा इतना सुनना था की मेरा गुस्सा फुट पड़ा, मैंने उसे और पीटना शरू कर दिया. उसकी गर्दन अपने दोनों हाथ से पकड़ ली और दबाने लगा. कुछ पड़ोसियों ने मुझे पकड़ कर पीछे खींचा जिससे वो मरने से बच गया.इतने में पुलिस अपना साइरेन बजाती हुई आ गई और फटाफट दोनों आदमियों को हिरासत में लिया. "तुम्हें तो चोट लगी है!!" पुलिस इंस्पेक्टर बोला तब जा कर मेरा ध्यान अपनी शर्ट पर गया जहाँ चाक़ू से घाव हो गया था. जब मैंने पहले आदमी के कंधे पर थपथपाया था तो वो थोड़ा हड़बड़ा दिया था और मेरी तरफ घुमते हुए उसने मेरे सीने को अपने चाक़ू से जख्मी कर दिया था. जख्म ज्यादा खतरनाक नहीं था. बस उससे मेरी कमीज फ़ट गई थी और कुछ खून की बूँदें मेरी शर्ट पर दिख रही थी. हमारी बिल्डिंग में ही एक डॉक्टर साहब थे जिन्होंने मेरा इलाज कर दिया. "तुम्हें पता है ये कौन लोग हैं?" इंस्पेक्टर ने मुझसे पुछा तो मैंने बस ना में गर्दन हिला दी और मैं वहां से निकल कर फ़ौरन नितु के पास ऊपर आ गया."नितु दरवाजा खोलो...मैं हूँ!" मेरी आवाज सुनते ही उसने दरवाजा खोला और रोती हुई मुझसे लिपट गई. पीछे से इंस्पेक्टर भी आ गया, मैंने नितु को आराम से बिठाया और उसे पानी पीला कर शांत करवाया.उसने जैसे ही मेरी शर्ट पर खून देखा तो वो और भी डर गई. मैंने उसे विश्वास दिलाया की मुझे कुछ नहीं हुआ. उसके बाद इंस्पेक्टर ने हम से सारा वाक़्या पूछा. नितु इतनी घबराई हुई थी की उससे कुछ बोला ही नहीं जा रहा था और वो बस मेरे कंधे पर सर रख कर रोये जा रही थी. मैंने इंस्पेक्टर को अपनी साइड की सारी कहानी बता दी. पर उसे नितु की साइड की भी कहानी सुननी थी पर नितु अभी बयान देने की हालत में नहीं थी. इतने में वही डॉक्टर मियां-बीवी आ गए और इंस्पेक्टर को समझाते हुए बोले; "इंस्पेक्टर आप देख सकते हो शी इज इन शॉक! गिव हरसम टाइम!" चूँकि नितु प्रेग्नेंट थी इसलिए वो उससे ज्यादा पूछताछ नहीं कर सकता था. "नितु...देखो मैं हूँ यहाँ आपके पास! यू आर

सेफ नाऊ! रिलॅक्स ... ओके!!!!" बड़ी मुश्किल से मैंने नितु को शांत किया और उसके सर पर हाथ फेरता रहा ताकि वो दुबारा से शॉक में न चली जाये. पड़ोसियों का ताँता लग चूका था और सभी हैरान थे की भला हम दोनों ने किसी का क्या बिगाड़ा हो सकता हे. कोई कहता की ये प्रोफेशनल झगडा है तो कोई कहता की चोर चोरी करने आये थे! मैं जानबूझ कर चुप था क्योंकि मेरे मन में अब बदले का ज्वालामुखी फुट चूका था! अब इस लावा से मैं अश्विनी को खुद जला कर राख करने वाला था. पर मैं जोश में होश खोने वालों में से नहीं था. मुझे मेरा बदला पूरी प्लानिंग से लेना था. अभी मुझे पहले अपनी बीवी को संभालना था.

करीब घंटे बाद नितु स्टेबल हुई और मैंने इंस्पेक्टर को उसका बयान लेने को बुलाया; "मैं फ्रूट्स ले कर ऊपर आ रही थी की दो लोगों ने मेरा रास्ता रोक लिया, और दोनों मुझ पर चिल्लाते हुए बोले की वो मेरा खून करने आये हैं! ये शोर सुन वॉचमन भैया आ गए तो उनमें से एक ने चाक़ू निकाला और वॉचमन भैया को उससे डरा कर दूर ले गया.बस एक आदमी था जो मुझे गालियाँ दे रहा था और कह रहा था की 'मेमसाहब ने कहा है की पहले तेरा बलात्कार करें और फिर तुझे तड़पा-तड़पा कर मारेंगे!'" ये बोलते-बोलते नितु फिर से रो पड़ी, मैंने उसे संभाला और उसने आगे की बात रोते हुए कही; "वो बड़े गंदे-गंदे शब्द बोल रहा था और मुझे छूने की कोशिश कर रहा था. मैं हरबार उसका हाथ झटक देती और उसे खुद को छूने नहीं देती. गुस्से में आ कर उसने चाक़ू निकाला और मेरी गर्दन पर लगा दिया और फिर से गालियाँ देने लगा. तभी मेरे पति आ गए और उन्होंने उसपर हमला कर दिया." नितु की बात सुन कर मेरा खून खौल रहा था और आँखें गुस्से से लाल हो गईं थी. नितु ने जब मेरी आँखें देखि तो वो डर गई और फिर से रोने लगी. मैंने उसे अपने सीने से लगा लिया और उसके सर को सहलाने लगा. मैं चाहता तो इंस्पेक्टर को बता सकता था की ये सब किस की करनी है पर जो इंसान नितु और मुझ पर इस कदर हमला करवा सकता है उसे कानून को चकमा देना कितना आसान हो गए ये मैं जानता था. इंस्पेक्टर ने मेरी बहादुरी की तारीफ की और साथ ही उसने उस ड्राइवर और वॉचमन की हिम्मत को सराहया| मेरे पास पैकर्स एंड मोवेर्स वाले का फ़ोन आया तो मैंने उसे घर बुला लिया और उसे कहा की घर पर कुछ प्रॉब्लम आ गई है तो वो किसी को भेज दे और मैं उसी को पैसे दे दूंगा. मेरी गंभीर आवाज सुन वो समझ गया की कुछ हुआ है और खुद ही आ गया.मैंने उसे पैसे और वो दोनों कार्टन दे दिये.

इधर धीरे-धीरे कर सब चले गए और अब घर में सिर्फ मैं और नितु ही रह गए थे. मैंने नितु को सहारा दे कर उठाया और अपने कमरे में लाया, अभी तक मैंने इस घटना की खबर किसी को नहीं दी थी. नितु को बिस्तर पर बिठाया और मैं उसी के साथ बैठ गया, "बेबी

भूख लगी है? कुछ बनाऊँ?" नितु ने ना में गर्दन हिलाई और अपना सर मेरे कंधे पर रख दिया. "बेबी अपने लिए नहीं तो हमारे बच्चे के लिए खा लो!" मैंने नितु को हमारे होने वाले बच्चे का वास्ता दिया तो वो मान गई. मैं उसे कमरे में छोड़ जाने लगा तो उसने मेरा हाथ पकड़ लिया; "बाहर से मंगा लो!" मैंने खाना बाहर से मंगाया और मैं खुद नितु के साथ बैठ गया.नितु मेरे कंधे पर सर रख बैठी रही और उसकी आँख लग गई. कुछ देर बाद जब बेल्ल बजी तो वो एकदम से डर गई; "बेबी खाना आ गया!" मैंने नितु को विश्वास दिलाया की उसे डरने की कोई जरुरत नही. खाना परोस कर मैं नितु के पास आया और उसे खुद अपने हाथ से खिलाया, नितु ने भी मुझे अपने हाथ से खिलाया. खाना खा कर मैंने नितु को लिटा दिया और मैं भी उसकी बगल में ले गया.नितु ने मेरा बायाँ हाथ उठा कर अपनी छाती पर रख लिया क्योंकि उसका डर अब भी खत्म नहीं हुआ था और मेरा हाथ उसकी छाती पर होने से उसे सुरक्षित महसूस हो रहा था. कुछ देर बाद नितु सो गई और सीधा शाम को उठी, मैं अब भी उसकी बगल में लेटा था और अपने बदले की प्लानिंग कर रहा था.

मैंने रात को मोहित को फ़ोन किया और उसे बताया की परसों सारा समान पहुंचेगा तो वो सब समान शिफ्ट करवा दे. मेरी गंभीर आवाज सुन वो भी सन्न था पर मैंने उसे कुछ नहीं बताया, बस ये कहा की नितु की तबियत ठीक नहीं है इसलिए थोड़ा परेशान हूँ! रात को जब मैं खाना बनाने लगा तो नितु मेरे सामने बैठ गई और मुझे गौर से देखने लगी. मैंने माहौल को हल्का करने के लिए उससे थोड़ा मज़ाक किया; "बेबी...ऐसे क्या देख रहे हो? मुझे शर्म आ रही है!" ये कहते हुए मैं ऐसे शरमाया जैसे मुझे सच में शर्म आ रही हो. नितु एकदम से हँस दी पर अगले ही पल उसे वो डरावना मंजर याद आया और उसकी आँखें फिर नम हो गई. मैं रोटी बनाना छोड़ कर उसके पास आया और उसे अपने सीने से लगा लिया. "बस...बस! मेला बहादुर बेबी है ना?" मैं तुतलाते हुए कहा तो नितु ने अपने आँसूँ पोछे और फिर से मुझे गौर से देखने लगी. "बेबी… आई नो इट्स नॉट इजी फॉर यू टू फॉरगेट क्या हॅपेंड टूडे बट प्लीज फॉर दीं सेक ऑफ अवर चाइल्ड ट्राय टू फर्गेट दिस होरिफिक इंसीडेंट. योवर सिरीयस नेस, योवर फियर इज हार्मफुल फॉर अवर कीड!" मैंने नितु को एक बार फिर अपने होने वाले बच्चे का वास्ता दिया. नितु ने अपनी हिम्मत बटोरी और पूरी ताक़त लगा कर मुस्कुराई और बोली; "मुझे हलवा खाना है!" मैंने उसके मस्तक को चूमा और उसके लिए बढ़िया वाला हलवा बनाया. रात में हम दोनों ने एक दूसरे को खाना खिलाया और फिर दोनों लेट गये. नितु ने रात को मेरा हाथ फिर से अपनी छाती पर रख लिया, कुछ देर बाद उसने बायीं करवट ली जो मेरी तरफ थी और मेरा हाथ फिर से अपनी कमर पर रख लिया. मैंने नितु के मस्तक को चूमा तो वो धीरे से मुस्कुराई, उसकी मुस्कराहट देख मेरे दिल को सुकून मिला.

सुबह जागते हुए ही मैंने नितु के लिए कॉफ़ी बनाई और उसे प्यार से उठाया. नितु ने आँखें तो खौल लीं पर वो फिर से कुछ सोचने लगी. मुझे उसे सोचने से रोकना था इसलिए मैंने झुक कर उसके गाल को चूम लिया, मेरे होठों के एहसास से नितु मुस्कुराई और फिर उठ कर बैठ गई. नाश्ता करने के बाद मैं नितु के पास ही बैठा था और उसका ध्यान अपनी इधर-उधर की बातों में लगा दिया. पर उसका दिमाग अब भी उन्हीं बातों को याद कर रहा था. कुछ सोचने के बाद वो बोली; "मेमसाब ...अश्विनी ही है ना?" नितु की बात सुन कर मैं एकदम से चुप हो गया.नितु ने फिर से अपनी बात दोहराई; "है ना?" मैंने ना में सर हिलाया तो उसने दूसरा सवाल पुछा; "तो फिर कौन है?"

"मुझे नहीं पता? शायद यास्मिन (कुमार की गर्लफ्रेंड) हो?" मैंने बात बनाते हुए कहा.

"उसे हमारे घर का एड्रेस कैसे पता?" नितु ने तीसरा सवाल पूछा. "हमारे घर एक एड्रेस मैंने सिर्फ भाभी को बताया था और हो न हो अश्विनी ने सुन लिया होगा!" नितु बोली. ये सुनने के बाद मेरा गुस्सा बाहर आ ही गया;

"हाँ वो ज़लील औरत अश्विनी ही है और मैं उसे नहीं छोड़ूँगा!" मैंने गुस्से से कहा और नितु को सारा सच बता दिया जो मैंने उस आदमी से उगलवाया था.

"नहीं...आप ऐसा कुछ नहीं करोगे?" नितु ने मेरा हाथ पकड़ते हुए कहा.

"तो हाथ पर हाथ रखा बैठा रहूँ? या फिर इंतजार करूँ की कब वो अगलीबार हमें नुकसान पहुँचाने में कामयाब हो? ना तो मैं इस डर के साये में जी सकता हूँ ना ही अपने बच्चे को इस डर के साये में जीने दूँगा!" मैंने खड़े होते हुए कहा.

"आप ने ऐसा कुछ भी किया तो आप जानते हो उसका क्या नतीज़ा होगा? आपको जेल हो जाएगी, फिर मेरा क्या होगा और हमारे बच्चे का क्या होगा? आप पुलिस में कंप्लेंट कर दो वो अपने आप देख लेगी!" नितु बोली.

"आपको लगता है की पुलिस कंप्लेंट करने से सब सुलझ जायेगा? जो अपने गुंडे यहाँ भेज सकती है क्या वो खुद को बचाने के लिए पुलिस और कानून का इस्तेमाल नहीं कर सकती? इस समस्या का बस एक ही अंत है और वो है उसकी मौत!" मैंने कहा.

"फिर साक्षी का क्या होगा? कम से कम उसका तो सोचो?" नितु बोली.

"उसे कुछ नहीं होगा, उल्टा अश्विनी के मरने के बाद हम उसे आसानी से गोद ले सकते हे. हमें हमारी बेटी वापस मिल जाएगी!" मैंने कहा.

"और जब उसे पता लगेगा की उसकी माँ का खून आपने किया है तब?" नितु के ये आखरी सवाल ऐसा था जो मुझे बहुत चुभा था.

"जब वो सही और गलत समझने लायक बड़ी हो जाएगी तो मैं खुद उसे ये सब बता दूँगा और वो जो भी फैसला करेगी मैं वो सर झुका कर मान लुंगा." मैंने बड़े इत्मीनान से जवाब दिया.

"ये पाप है...आप क्यों अपने हाथ उसके गंदे खून से रंगना चाहते हो! प्लीज मत करो ऐसा कुछ!....सब कुछ खत्म हो जायेगा!" नितु गिड़गिड़ाते हुए बोली. मैंने नितु को संभाला और उसकी आँखों में देखते हुए कहा;

"जब किसी इंसान के घर में कोई जंगली जानवर घुस जाता है तो वो ये नहीं देखता की वो जीव हत्या कर रहा है, उसका फ़र्ज़ सिर्फ अपने परिवार की रक्षा करना होता हे. अश्विनी वो जानवर है और अगर मैंने उसे नहीं रोका तो कल को इससे भी बड़ा कदम उठाएगी और शायद वो अपने गंदे इरादों में कामयाब भी हो जाये. मैं तुम्हें नहीं खो सकता वरना मेरे पास जीने को रहेगा ही क्या? प्लीज मुझे मत रोको....मैं कुछ भी जोश में नहीं कर रहा ....सब कुछ प्लॅन है!" मैंने कहा और फिर नितु को सारा प्लान सुना दिया. प्लॅन फुल प्रूफ था. पर नितु का दिल अब भी इसकी गवाही नहीं दे रहा था. "अच्छा ठीक है...मैं अभी कुछ नहीं कर रहा... ओके?" मैंने फिलहाल के लिए हार मानी पर नितु को संतुष्टि नहीं मिली थी; "प्रॉमिस मी, बिना मेरे पूछे आप कुछ नहीं करोगे?" अब मेरे पास सिवाय उसकी बात मानने के और कोई रास्ता नहीं था. इसलिए मैंने नितु से वादा कर दिया की बिना उसकी इज्जाजत के मैं कुछ नहीं करुंगा. मेरे लिए अभी नितु की ख़ुशी ज्यादा जरुरी थी. मेरी बात सुन नितु को अब पूर्ण विश्वास हो गया की मैं कुछ नहीं करुंगा. २० जनवरी को हम ने बैंगलोर का घर खाली कर दिया और हम लखनऊ के लिए निकल गये. पहले नितु ने नया घर देखा और फिर नया ऑफिस, नितु बहुत खुश हुई, फिर हम गाँव लौट आये. यहाँ सब की मौजूदगी में नितु ज्यादा खुश रहने लगी. नितु ने मुझे साफ़ मना कर दिया की मैं उस घटना के बारे में किसी से कोई जिक्र न करूँ, इसलिए मैं चुप रहा.

इधर फरवरी का महीना शुरू हुआ और मैंने ऑफिस शुरू कर दिया. पूरा घर उस दिन पूजा में सम्मिलित हुआ. पूजा के बाद सब हमारे फ्लैट पर आये और वहाँ भी ग्रह-पूजन उसी दिन हुआ. सब को घर बहुत पसंद आया और हमें आशीर्वाद दे कर सभी लौट गये. बिज़नेस बड़े जोर-शोर से शुरू हुआ, नितु ने अभी ऑफिस ज्वाइन नहीं किया था क्योंकि मैं उसे स्ट्रेस नहीं देना चाहता था. सारे पुराने क्लाइंट्स मोहित-प्रफुल हैंडल कर रहे थे और युएस का वो एक क्वार्टर का काम मैं अकेला देख रहा था. मैं अब नितु को ज्यादा से ज्यादा समय देता था. सुबह-शाम उसके साथ सोसाइटी के गार्डन में घूमता, हर इतवार उसे मंदिर ले जाता जहाँ पाठ हो रहा होता था ताकि होने वाले बच्चे में अच्छे गुण आयें| कुछ बदलाव जो मैं नितु में देख रहा था वो ये की उसका बेबी बांप कुछ ज्यादा बड़ा था. उसका वजन कुछ ज्यादा बढ़ गया था. पर नितु कहती थी की मैं उसका इतना ख्याल रखता हूँ उसे इतना प्यार करता हूँ की उसका वजन बढ़ गया हे. मैंने हँसते हुए उसकी बात मान ली, दिन बड़े प्यार भरे गुजरने लगे थे और बिज़नेस में मोहित और नए कोंट्राक्टे ले आया था. रविवार को कभी कभार मोहित-प्रफुल की बीवियाँ घर आतीं और जल्द ही तीनों की अच्छी दोस्ती हो गई. बैंगलोर वाले हादसे के बाद मैं नितु को कहीं भी अकेला नहीं जाने देता था. जब भी हम कभी बाहर निकलते तो साथ निकलते और दिन में निकलते.जितनी भी जरुरी प्रिकॉशन लेनी चाहिए वो सब मैं ले रहा था और मैंने इसकी जरा सी भी भनक नितु को नहीं लगने दी थी वरना वो भी डरी-डरी रहती.

कुछ दिन बाद मुझे किसी काम से बरेली जाना पड़ा और वापस आते-आते रात हो गई. दस बज गए थे और इधर नितु बार-बार मुझे फ़ोन कर के मेरी लोकेशन पूछ रही थी.
"बेबी...बस लखनऊ एंटर हुआ हूँ ज्यादा से ज्यादा पोना घंटा लगेगा.'' पर नितु उधर बेचैन हो रही थी. मैं ड्राइव कर रहा था और फ़ोन लाउड स्पीकर पर था. मेरी गाडी एक चौराहे पर पहुँची जहाँ दो जीपें रास्ता रोके खड़ी थी. मैंने गाडी रोक दी और नितु को होल्ड करने को कहा, दोनों जीपों के सामने ३ लोग खड़े थे. मैं गाडी से उतरा और उनसे बोला; "रास्ता क्यों रोक रखा है?" अभी इतना ही बोला था की किसी ने मेरे सर पर पीछे से जोरदार हमला किया. मैं चिल्लाता हुआ सर पकड़ कर गिर गया, "मेमसाब से पन्गा लेगा तू?" एक आदमी जोर से चिल्लाया और हॉकी मेरी पीठ पर मारी| उसके सारे साथियों ने हॉकी, बैट, डंडे निकाल लिए और मुझे उनसे पीटना शुरू कर दिया. मैं दर्द में पड़ा करहाता रहा और वो मुझे मारते रहे, तभी वहाँ से पुलिस की एक जीप पेट्रोलिंग के लिए निकली जिसे देख सारे भाग खड़े हुए, पर जाते-जाते भी उन्होंने गाडी की विंड शिल्ड तोड़ दी थी! पुलिस वालों ने मुझे खून से लथपथ हालत में हॉस्पिटल पहुँचाया, गाडी से उन्हें जो फ़ोन मिला था उसे उन्होंने देखा तो नितु फ़ोन पर रोती हुई चीख रही थी; "प्लीज...छोड़ दो मेरे पति को!" शायद उसने मेरी दर्द भरी चीख सुन ली थी. पुलिस ने उसे भी अस्पताल बुला लिया, नितु ने

फ़ौरन सब को खबर कर दी थी और देखते ही देखते हॉस्पिटल में मेरे दोस्त और मम्मी-डैडी आ गये.

गाँव से गोपाल भैया, ताऊ जी, पिताजी और प्रकाश बाइक पर निकल चुका था. जो रात के २० बजे हॉस्पिटल पहुंचे. डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार शुरू किया, भगवान् का शुक्र था की पुलिस की पैट्रॉल जीप को देख कर सारे भाग खड़े हुए और उन्हें मुझे जान से मारने का मौका नहीं मिला. नितु मुझसे मिलने को आतुर थी पर मैं उस वक़्त होश में नहीं था. मुझे सुबह के १० बजे होश आया, बड़ी मुश्किल से मैंने अपनी आँख खोली और सामने नितु को देखा जिसकी रो-रो कर हालत खराब हो गई थी. नितु एक दम से मेरे गले लग गई और फफक कर रो पडी. मेरे सर पर पट्टी थी. बायाँ हाथ पर फ्रैक्चर और पीठ पर जो हमला हुआ था उससे मेरी रिड की हड्डी बस टूटने से बच गई थी. मैं और नितु दोनों ये जानते थे की ये किसकी करनी है पर दोंनो ही खामोश थे. तभी इंस्पेक्टर आया और बोला की वो लोग चोरी करने के इरादे से आये थे और हमला किया था. उनकी तलाश जारी है, ये सुनते ही नितु उस पर चीख पड़ी; "चोरी करने के लिए कौन जीप से आता है? देखा था न आप लोगों ने उन्हें जीप से भागते हुए? जानना चाहते हो न कौन हैं वो लोग तो नंबर लिखो और अगर है हिम्मत तो उन्हें पकड़ कर जेल में डालो!" माँ ने नितु को शांत करवाया पर नितु ने बैंगलोर में जो हुआ वो सब बता दिया और अश्विनी का नाम भी बता दिया. ये सब जानकार सब को बहुत धक्का लगा, पिताजी ने मेरे पर चिल्लाना शुरू कर दिया की मैंने उनसे इतनी बड़ी बात छुपाई| नितु बेचारी कुछ बोलने को हुई तो मैंने इसे आँखों से इशारा कर के चुप रहने को कहा. सब मुझे डांटते रहे और मैं सर झुकाये सब सुनता रहा. पर जो गुस्से का ज्वालामुखी मेरे अंदर उसदिन फूटा था वो अब नितु के अंदर सुलग उठा था. इधर लखनऊ पुलिस बैंगलोर पुलिस के साथ संपर्क करने लगी पर मैं जानता था की इसका कोई नतीजा नहीं निकलेगा और हुआ भी वही.

अगले दिन ही हमें बताया गया की उन दोनों को तो लखनऊ जेल भेजा गया पर वो यहाँ तो आये ही नहीं?! मतलब अश्विनी ने पैसे खिला कर मामला सुलटा दिया था. लखनऊ पुलिस ने जब कल के वाक़्या के बारे में उससे पुछा तो उसने पार्टी मीटिंग में होने की बात कह कर अपना पला साफ़ झड़ लिया. पुलिस ने केस बंद कर दिया. घर वाले बड़े मायूस हुए और इन्साफ न मिल पाने से सभी के मन में एक खीज जरूर थी. दो दिन बाद मुझे डिस्चार्ज मिला और मैं गाँव आ गया, अब मेरी हालत में थोड़ा बहुत सुधार था. उसी रात को नितु मेरी पीठ में दवाई लगा रही थी. की मेरी पीठ की हालत देख वो रो पडी. "हे .... इधर आओ!" मैंने नितु को अपने सामने बुलाया और उसकी ठुड्डी ऊपर करते हुए बोला; "ये जख्म ठीक हो जायेंगे!" नितु ने गुस्से में आ कर अपने आँसूँ पोछे और मेरी टी-शर्ट के कालर पकड़ कर

मेरी आँखों में देखते हुए बोली; "यू' हयाव माई परमिशन! किल दॅट बीच!" नितु की आँखों में अंगारे दहक रहे थे और उसने फैसला कर लिया था की अब वो उस कुतिया को अपने घरोंदे को तबाह करने नहीं देगी. “उसने मुझ पर हमला किया, वो तो मैं सह गई पर उसने आपकी ये हालत की और ये मैं कतई बर्दाश्त नहीं करुँगी! उस हरामजादी की हिम्मत कैसे हुई मेरे पति को नुकसान पहुँचाने की?” नितु गुस्से में गरजी, उसकी सांसें तेज हो चली थीं और उसकी पकड़ मेरी टी-शर्ट पर और कठोर होती जा रही थी.

नितु की 'नितुमति' के बाद बाद मेरे चेहरे पर शैतानी मुस्कान आ गई. मैंने आगे बढ़ कर नितु के मस्तक को चूमा और हाँ में गर्दन हिला कर उसकी बात का समर्थन किया. नितु को उसके गुस्से का एहसास हुआ और ये भी एहसास हुआ की उसने तेश में आ कर मेरी टी-शर्ट के कालर पकड़ लिए थे. उसने कालर छोड़ दिया और एकदम से मेरे गले लग गई. पर उसकी आँखों से एक बूँद आँसूँ नहीं गिरा. मैं नितु के बालों में हाथ फिर रहा था और उसे शांत कर रहा था की तभी नितु का फ़ोन बज उठा. ये कॉल किसी अनजान नंबर से आया था इसलिए नितु ने कॉल उठा लिया, ये कॉल किसी और का नहीं बल्कि अश्विनी का ही था. "तुम दोनों ने क्या किस्मत लिखवाई है यार? साला दोनों बार बच गए, चलो कोई नहीं आखरी हमला बड़ा जबरदस्त होगा और अचूक होगा!" अश्विनी अपनी अकड़ दिखाते हुए बोली.

"कुतिया!!!!" नितु बहुत जोर से चीखी|1 "अब तक मैंने अपने पति को रोक रखा था. पर अब मैं ने उन्हें खुली छूट दे दी है...." अभी नितु की बात पूरी भी नहीं हुई थी की अश्विनी बरस पड़ी; "ओ हेल्लो! तूने मुझे समझ क्या रखा है? मैं अब वो डरी-सहमी सी अश्विनी नहीं हूँ! मैंने अब शिकार करना सीख लिया है, तुझे पता भी है मेरी पहुँच कहाँ तक है? नहीं पता तो जा के उस इंस्पेक्टर से पूछ जिसे तूने मेरे पीछे लगाया था! सीधा कमिश्नर ने उसे डंडा किया है और उसने केस बंद कर दिया. होली के बाद गाँव में मुखिया के चुनाव हो रहे हैं और उस में मेरी पार्टी का भी उमीदवार खड़ा है, ये चुनाव तो मैं चुटकी बजा कर जीत जाऊँगी और फिर तू और तेरे पति को मैं कहीं का नहीं छोडूंगी! बड़ा साक्षी के लिए प्यार है ना उसके मन में, अब देख तू उसे ही कैसे केस में फँसाती हु. मैं पंचायत में चीख-चीख कर कहूँगी की बचपन से ही वो मेरा रेप करता आया है और साक्षी उसी का खून है! फिर देखती हूँ वो लोग कैसे उसे छोड़ते हैं?! ना मैंने उसे उसी खेत में जिन्दा जलवाया जहाँ मेरी माँ को जलाया था तो मेरा नाम अश्विनी नहीं!" इतना कह कर उसने फ़ोन काट दिया.

अश्विनी की बात में दम था. उसके झूठे आरोप के सामने हमारी एक नहीं चलती. हमारे पास कोई सबूत नहीं था जिससे ये साबित हो सके की अश्विनी झूठ बोल रही हे. नितु पर

अश्विनी की बातों का बहुत गहरा असर हुआ था और वो एक दम से खामोश हो गई थी. मैंने कई बार उसे झिंझोड़ा तो वो फिर से रो पड़ी और रोते-रोते उसने सारी बात बताई. अब तो मेरे लिए अश्विनी की जान लेना और भी ज्यादा जरुरी हो गया था. क्योंकि अगर मैं पीछे हटता तो उसका इन्तेक़ाम पूरा हो जाता और मेरा पूरा परिवार तहस-नहस हो जाता!
"आपको घबराने की कोई जरुरत नहीं है! मैं अपने उसी प्लान पर काम करता हूँ और अब तो मेरे पास परफेक्ट कव्हर है अपने प्लान को अंजाम देने का!" मैंने नितु के आँसू पूछते हुए कहा. “ट्रस्ट मी!!!” मैंने नितु की आँखों में देखते हुए उसे विश्वास दिला दिया.

सुबह हुई और मैं उठ कर नीचे आया, मेरा जिस्म अभी भी रिकवर होना शुरू ही हुआ था. पर बदले की आग ने उस दर्द को दबाना शरू कर दिया था. "रात को तुम-दोनों झगड़ रहे थे?" माँ ने पुछा तो नितु का सर झुक गया, शुक्र था की किसी ने पूरी बात नहीं सुनी थी. "वो...माँ....वो...." मुझे कोई बहाना सूझ नहीं रहा था. इधर ताऊ जी ने मुझे अच्छे झड़ दिया; "तुझे शर्म आनी चाहिए! बहु माँ बनने वाली है और तू है की उससे लड़ता फिर रहा है? सारा वक़्त तेरी तीमारदारी करती रहती है और तू है की???"

"ताऊ जी मैं तो बस इतना कह रहा था की वो चैन से सो जाए पर वो मान ही नहीं रही थी!" मैंने झूठ बोला.

"कैसे सो जाए वो?" ताई जी बोलीं तो मैंने माफ़ी माँग कर बात वहीं खत्म कर दी. नाश्ते के बाद मुझे घर से निकलना था सो मैंने डॉक्टर के जाने का बहाना किया; "पिताजी मैं एक बार फिजिओ थेरेपी करवाना चाहता हूँ, उससे शायद जल्दी आराम मिले!" ये सुन कर नितु चौंक गई पर खामोश रही, पिताजी ने गोपाल भैया से कहा की वो मुझे डॉक्टर के ले जाये. मैं और भैया बाइक से निकले और मैं उनसे रास्ते भर बातें करता रहा और बातों-बातों में मैंने अश्विनी के घर का पता उनसे निकलवा लिया. कुछ देर बाद हम ट्रीटमेंट के बाद वापस आ गए, अगले दिन मुझे पता था की गोपाल भैया को आज व्यापारियों से मिलने जाना है तो मैं उनके जाने का इंतजार करने लगा. पिताजी और ताऊ जी तो पहले ही कुछ काम से जा चुका था., जैसे ही भैया निकले मैं उनके पीछे-पीछे ही फिर से फिजिओ थेरेपी करवाने के बहाने से निकला. इस बार मैं सीधा अश्विनी के घर के पास वाले पनवाड़ी के पास रुका और उससे एक सिगरेट ली. वहीं खड़े-खड़े मैं आराम से पीता रहा और अश्विनी के घर पर नजर रखता रहा. अगले कुछ दिन तक ऐसे ही चला और वहाँ खड़े-खड़े सबकी बातें सुनते-सुनते मुझे अश्विनी के घर आने-जाने वालों और उसके नौकरों के नाम भी पता चल गये. अब वक़्त था उस घर में घुसने का ताकि मैं ये अंदाजा लगा पाऊँ की घर में अश्विनी का कमरा कौन सा है? पर उसके लिए मुझे एक लिबाज की जरुरत थी. मेक-अप की जरुरत थी. हमारे गाँव में एक नट था. जो हरसाल ड्रामे में हिस्सा लेता था. प्रकाश की उससे अच्छी दोस्ती थी क्योंकि वो उसे मस्त वाला माल दिलवाया करता था. १-२ बार प्रकाश ने मुझे उससे मिलवाया भी था एक वही था जो मुझे मेक-अप का समान दे सकता था. पर उससे माँगना मतलब मुसीबत मोल लेना था. इसलिए मेरे पास सिवाए चोरी के कोई रास्ता नहीं रह गया था.

मैं उससे मिलने निकला और कुछ देर उसी के पास बैठा तो बातों-बातों में पता चला की उसे पैसों की सख्त जरुरत हे. मेरे पास उस वक़्त ४,०००/- थे जो मैंने उसे दे दिए, इस

मदद से वो बहुत खुश हुआ. फिर मैंने उससे चाय माँगी तो वो चाय बनाने लग गया.वो चूँकि अभी तक कुंवारा था सो उसके घर में बस एक बूढी माँ थी जो बिस्तर से उठ नहीं पाती थी. इधर वो चाय बनाने में व्यस्त हुआ और इधर मैंने बातों-बातों में ही उसके पास से एक दाढ़ी और मूछ चुरा ली! चाय पी कर मैं घर लौट आया और अगले दिन की तैयारी करने लगा.

मेरी एक पुरानी टी-शर्ट जो घर में गंदे कपडे की तरह इस्तेमाल होती थी मैंने वो उठा ली, एक पुरानी पैंट जो की भाभी धोने वाली थी वो भी मैंने उठा ली. अगले दिन मैंने नीचे वो फटी हुई पुरानी टी-शर्ट पहनी और उसके ऊपर अपनी एक कमीज पहन ली.नीचे वही गन्दी पैंट पहन ली, कंधे पर मैंने अंगोछा रखा और घर से निकलने लगा. "सागर ये कौन सी पैंट पहन रखी है?" भाभी ने पुछा तो मैंने बोल दिया की भाभी आप इसे धोना भूल गए और इस कमीज के साथ यही मैच होती हे. इतना बोल मैं घर से निकल गया.

अश्विनी के घर से कुछ दूर पहुँच कर मैंने अपनी कमीज निकाल दी, अपने साथ लाये लिफाफे से मैंने वो नकली दाढ़ी-मूछ भी लगा ली. अब किसी के लिए भी मुझे पेहचान पाना नामुमकिन था. मेरी कॅलक्युलेशन और जाणकारी के हिसाब से आज अश्विनी अपने घर पर मौजूद नहीं थी और हुआ भी यही.मैं जब उसके घर पहुँचा तो बाहर उसकी काली मर्सिडीज नहीं थी. इसका मतलब घर पर सिर्फ कांता (उसनी नौकरानी) ही होगी. मैंने दरवाजा खटखटाया तो कांता ने दरवाजा खोला और मेरी गरीब हालत देख कर चिढ़ते हुए बोली; "क्या है?" मैंने अपनी आवाज बदली और कहा; "जी...वो मेमसाब ने बुलाया था....कुछ मदद देने के लिए!" वो मेरे हाथ का प्लास्टर देख समझ गई की मैं पैसे माँगने आया हु. "घर पर कोई नहीं है, बाद में आना!" वो मुँह सिकोड़ कर बोली. "रहम करो हम पे! बहुत दूर से आये हैं और बड़ी आस ले कर आये हे. ऊस दिन मेमसाब कही रही की आज वो घर पर होंगी!" मैंने अपना ड्रामा जारी रखा पर कांता टस से मस नहीं हुई, इसलिए मुझे अपनी दूसरी चाल चलनी पड़ी; "देवी जी तनिक पानी मिलेगा पीने को?" मेरे मुँह से देवी जी सुन कर वो खुश हो गई और अभी लाइ बोलकर अंदर गई जिसका फायदा उठा कर मैं अंदर घुस गया और अंदर का मोआईना बड़ी बारीकी से किया. कांता को रसोई से पानी लाने में करीब दो मिनट लगे, जो मेरे लिए काफी थे घर का नक्शा दिमाग में बिठाने को.

शादी के बाद अश्विनी का कमरा उसके सास-ससुर के कमरे के सामने पहली मंजिल पर था पर उस हत्याकांड में उसके पति की मौत उसी कमरे के बाहर हुई थी. शायद उसी डर से अश्विनी अब पहली मंजिल पर भटकती नहीं थी और उसने नीचे वाला कमरा जो की रक्षित का स्टडी रूम था उसे ही अपना कमरा बना लिया था.

इधर कांता मुस्कुराती हुई गिलास में पानी ले आई, मैंने लगे हाथों उसकी तारीफों के पुल बाँध दिए जिससे मुझे उससे और बात करने का मौका मिल जाये. वो मुझसे मेरे बारे में पूछने लगी तो मैंने उसे झूठ-मूठ की कहानी सुना दी. बातों ही बातों में उसने मुझे काफी जानकारी दे दी, अब अगर मैं वहाँ और देर रुकता तो वो अपना घागरा उठा के दिखा देती! उससे शाम को आने का वादा कर मैन वहाँ से निकल आया और कुछ दूर आ कर अपने कपडे ठीक करके घर लौट आया.

मेरी रेकी का काम पूरा नहीं हुआ था. अब भी एक बहुत जरुरी मोहरा हाथ लगना रह गया था. पर किस्मत ने मुझे उससे भी मिलवा दिया. हमेशा की तरह मैं उस पनवाड़ी से सिगरेट ले कर पी रहा था और अखबार पढ़ रहा था की एक आदमी पनवाड़ी के पास आया और उससे बात करने लगा; "अरे रामप्यारे भैया, कइसन बा!" वो आदमी बोला.

"अरे हम ठीक हैं, तुम कहो बनवारी भैया कितना दिन भय आजकल हिआँ दिखातो नहीं?" पनवाड़ी बोला.

"अरे ऊ हमार साहब, सेक्रेटरीवा ...ससर हम का काम से दिल्ली भेज दिया रहा! कल ही आये हैं और आज अश्विनी मेमसाब के फाइल पहुँचाय खतिर भेज दीस!" बनवारीबोला.

"अरे बताओ तोहार छमिया कांता कैसी है?" पनवाड़ी बोला.

"अरे ऊ ससुरी हमार 'लिए' खातिर पियासी है! होली का अइबे तब ऊ का दबा कर पेलब!" इतना कह कर बनवारीचला गया.यानी कांता और बनवारीका चक्कर चल रहा है!

खेर मुझे मेरा स्वरनम मौका मिल गया था. अब बस मुझे होली के दिन का इंतजार था. वहाँ से मैं सीधा अपने घर के लिए पैदल निकला और एक आखरी बार अपने सारे पत्ते जाँचने लगा.

हथियार का इंतजाम अभी नहीं हुआ था. मैंने वापस अपने चेहरे पर दाडी-मूछ लगाई और बजार की तरफ घूम गया, वहाँ काफी घूमने के बाद मैंने एक रामपुरी चाकू खरीदा. इतनी आसानी से उसे मारना नहीं चाहता था. मरने के टाइम उस्की आँखों में वही दर्द देखना चाहता था जो मेरी पत्नी की आँखों में थी जब उसने मुझे हॉस्पिटल में पड़ा हुआ देखा था.

मैंने बजार से कुछ साड़ियाँ भी खरीदीं जिन्हें मैंने गिफ्ट रॅप करवा लिया. चूँकि हमारा गाँव इतना आधुनिक नहीं था तो वहाँ अभी भी सी.सी.टी.वी. नहीं लगा था जो मेरे लिए बहुत कारगर साबित होना था.अब बस होली का इंतजार था जो २ दिन बाद थी. कल होलिका दहन था और गाँव के चौपाल पर इसकी सारी तैयारी की जा चुकी थी. सभी बरी परिक्रमा कर रहे थे और अग्नि को नमस्कार कर रहे थे. मुझे और नितु को भी साथ परिक्रमा करनी थी. जिसके बाद नितु ने मुझसे कहा; "कहते हैं होलिका दहन बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है!"

"हाँ" मैंने बस इतना ही कहा क्योंकि मैं नितु की बात का मतलब समझ गया था.

उसी रात को मम्मी-डैडी जी भी आ गए हमारे साथ होली मनाने. पिछले २० दिनों में नितु ने मुझसे मेरी प्लानिंग के बारे में कुछ नहीं पुछा था. हम बात भी कम करते थे. घर वालों के सामने हम खुश रहने का नाटक करते रहते पर अकेले में हम दोनों जानते थे की मैं कौन सा बड़ा कदम उठाने जा रहा हु. उस रात मैंने नितु से बात शुरू की; "कल आपको मेरे लिए कव्हर करना होगा, याद रहे किसी को भी भनक नहीं होनी चाहिए की मैं घर पर मौजूद नहीं हु. घर पर बहुत सारे लोग होंगे तो किसी को जल्दी पता नहीं चलेगा!" मैंने नितु से इतना कहा और फिर मैं जल्दी सो गया.लेट तो मैं गया पर नींद बिलकुल नहीं आई, कारन दो, पहला ये की कल मेरी जिंदगी का बहुत बड़ा दिन था. मैं कुछ ऐसा करने जा रहा था जिसके बारे में मैंने कभी सोचा भी नहीं था. एक सीधा-साधा सा इंसान किसी का कत्ल करने जा रहा था! दूसरा कारन था मेरा बायाँ हाथ, अपने प्लान के तहत मैंने बहाना कर के आज अपना प्लास्टर कटवा दिया था. इस बहाने के लिए मुझे अस्तित्व का सहारा लेना पड़ा था. मैंने जानबूझ कर उसका सुसु अपने बाएं हाथ पर करवाया ताकि मुझे प्लास्टर कटवाने का अच्छा बहाना मिल जाये. हालाँकि इस हरकत पर सब ने खूब जोर से ठहाका लगाया था की भतीजे ने आखिर अपने चाचा के ऊपर सुसु कर ही दिया. प्लास्टर कटने के बाद मेरे हाथ में दर्द होने लगा था.

सुबह हुई और मैं जल्दी से उठा और सबका आशीर्वाद लिया, अपने बाएँ हाथ पर मैंने दो गर्म पट्टियां लपेटीं ताकि दर्द कम हो. जोरदार म्यूजिक बज रहा था और घर के सारे लोग चौपाल पर आ गए थे. घर पर सिर्फ औरतें रह गईं थीं, सब ने होली खेलना शुरू कर दिया था. शुरू-शुरू में ताऊ जी ने इस आयोजन के लिए मना कर दिया था कारन था मुझ पर हुआ हमला. पर मुझे कैसे भी कर के ये आयोजन खूब धूम-धाम से करना था ताकि मुझे घर से निकलने का मौका मिल जाये इसीलिए मैंने ये आयोजन सुबह जल्दी रखवाया था. मुझे बस इसके लिए ताऊ जी के सामने नितु की पहली होली का बहाना रखना पड़ा था. सारे लोग खूब मजे से होली खेल रहे थे और मैं इसी का फायदा उठा के वहाँ से सरक गया.चेहरे और कपड़ों पर खूब सारा रंग पोत रखा था जिससे मुझे कोई पहचान ना पाए. मैं प्रकाश की बाइक ढूंढते हुए पहुँचा, सुबह मैं उसी की बाइक पर यहाँ आया था और उसे ईस कदर बातों में उलझाया की वो अपनी बाइक लॉक करना ही भूल गया.मैंने धीरे से बाइक को धक्का दे कर कुछ दूर तक ले गया और फिर स्टार्ट कर के सीधा प्रकाश के खेतों की तरफ चल दिया. उसके खेतों में जो कमरा था. जिस में मैंने वो साड़ियाँ गिफ्ट रॅप कर के छुपाई थी. उन्हें ले कर मैं सीधा अश्विनी के घर पहुँच गया.

अभी सुबह के ७ बजे थे, मैंने प्रकाश की बाइक दूर एक झाडी में छुपा दी और वो गिफ्ट्स ले कर सीधा अश्विनी के घर पर दस्तक की. मेरी इनफार्मेशन के हिसाब से वो घर पर ही थी और सिवाए कांता के वहाँ और कोई नहीं था.दरवाजा कांता ने ही खोला और मेरे मुँह पर पुते हुए रंग को देख वो समझ नहीं पाई की कौन हे. "आरी छम्मक छल्लो ई टुकुर-टुकुर का देखत है?" मैंने आवाज बदलने की कोशिश की पर ठीक से बदल नहीं पाया था पर उसे फिर भी शक नहीं हुआ क्योंकि मेरे मुँह में पान था! "बनवारीतू?!" कांता ने चौंकते हुए कहा. मेरी और बनवारीकी कद-काठी कुछ-कुछ मिलती थी इसलिए उसे ज्यादा शक नहीं हुआ. "काहे? कोई और आने वाला है का?" मैंने कहा तो वो शर्मा गई और पूछने लगी की मैं इतनी जल्दी क्यों आ गया; "अरे ऊ सेक्रेटरीवा कहिस की जा कर एही लागे ई गिफट अश्विनी मेमसाब को दे कर आ तो हम इहाँ परकट होइ गए! फिर तोहरे से आजका वादा भी तो किये रहे!" मैंने कहा तो वो हँस दी और वो गिफ्ट ले लिए और उसे सामने के टेबल पर रख दिये. "अरे मरी ई तो बता की मेमसाब घर पर हैं या नहीं?" मैंने पुछा तो उसने बताया की अश्विनी नहा रही हे. अब मुझे उसे वहाँ से भेजना था सो मैंने कहा; "कछु पकोड़े-वकोडे हैं का?" तो वो बोली की मैं उसके क्वार्टर में जाऊँ और उसका इंतजार करूँ, वो गरमा-गर्म बना कर लाएगी.उसके जाते ही मैंने सर्जीकल ग्लव पहने और मैन गेट लॉक अंदर से लॉक कर दिया और क्वार्टर की तरफ खुलने वाला दरवाजा खोल दिया ताकि उसे लगे की मैं बाहर हु. मैंने जेब से चाकू निकाला और उसे खोल कर बाएँ हाथ में पकड़ लिया.

इसका कारन ये था की पुलिस को लगे की खुनी लेफ्टी है, चूँकि मेरे बाएँ हाथ में फ्रैक्चर है तो मुझ पर शक जाने का सवाल ही नहीं होता.

सुबह की टाइट बाँधी हुई पट्टियां काम कर गईं, मैंने गिफ्ट्स पर से भी अपनी उँगलियों के निशान मिटा दिये. मेरा दिल अब बहुत जोरों से धड़क रहा था. सांसें भारी हो चली थीं और मन पूरी कोशिश कर रहा था की मैं ये हत्या न करूँ पर मेरा दिमाग गुस्से से पागल हो गया था. इधर बाहर ढोल-बगाडे और लाउड म्यूजिक बजना शुरू हो चूका था. 'रंग बरसे' वाला गाना खूब जोर से बज रहा था. मैंने अश्विनी के कमरे का दरवाजा जोर से खटखटाया, तो वो गुस्से में बड़बड़ाती हुई बाथरूम से निकली और एकदम से दरवाजा खोला.

अपने सामने एक गुलाल से रंगे आदमी को देख वो चौंक गई और इससे पहले वो कुछ बोल पाती या चिल्लाती मैंने अपने दाएँ हाथ से उसका मुँह बंद कर दिया और बाएँ हाथ में जो चाक़ू था उससे जोर दार हमला उसके पेट पर किया. चाक़ू एक ही बार में उसकी पेट की मांस-पेशियाँ चीरता हुआ अंदर चला गया.अश्विनी की चीख तो तब भी निकली पर बाहर से आ रहे शोर में दब गई. मैंने चाक़ू को उसके पेट में डाले हुए एक बार जोर से बायीँ तरफ घुमा दिया जिससे वो और बिलबिला उठी और अपने खून भरे हाथों से मेरा कालर पकड़ लिया. उसकी आँखें फटने की कगार तक खुली थीं पर अभी उसे ये बताना जरुरी था की उसका कातिल आखिर है कौन; "आई लव यू वन्स! बट यू ह्याड टू फक ऑल दिस अप! यू मेड मी डू दिस!" मेरी आवाज सुनते ही वो समझ गई की उसका कातिल कोई और नहीं बल्कि सागर ही हे. वो कुछ बोलना चाहती थी पर उसे उसका मौका नहीं मिला और वो पीछे की ओर झुक गई. उसका सारा वजन मेरे बाएँ हाथ पर आ गया जिसका दर्द से बुरा हाल हो गया था. मैंने उसे छोड़ दिया और एक नजर कमरे में दौड़ाई तो पाया की मेरी नन्ही सी पारी साक्षी चैन की नींद सो रही थी. उसे सोते हुए देख मेरा मन उसे छूने को किया पर दिमाग ने मुझे बुरी तरह लताड़ा की मैं भला अपने खून से रंगे हाथों से उसे कैसे छू सकता हूँ?! इसलिए मैं वहाँ से भाग आया और वो गिफ्ट्स ले कर घर से भाग आया.

मैने बाइक स्टार्ट की ओर घर की तरफ बढ़ा दी. बहुत दूर आ कर मैंने वो साड़ियाँ और ग्लव्स जला दिए, उस रामपुरी चाक़ू को मैंने एक जगह गाड़ दिया जिससे कोई सबूत न बचे और चुपचाप होली के समारोह में शामिल हो गया और अपने ऊपर और रंग डाल लिया. किसी को भनक तक नहीं लगी थी की मैं गया था. पर मेरा मन अब अंदर ही अंदर टूटने लगा था. मैंने अपने परिवार को बचा लिया था पर अपने द्वारा किये गुनाह से बहुत दुखी था. मुझे अपने आप से घिन्न आने लगी थी. मुझे अपने सर से ये पाप का बोझ उतारना था. पर ये पाप पानी से धुलने वाला नहीं था इसे धोने के लिए मुझे किसी पवित्र नदी में नहाना

था. हमारे गाँव के पास बस एक ही नदी थी वो थी सरयू जी! मैंने प्रकाश से कहा की चल कर सरयू जी नहा कर आते हैं, वो ये सुन कर हैरान हुआ पर जब मैंने जबरदस्ती की तो वो मान गया.हम सब को बता कर सरयू जी निकले, हमारे साथ ही कुछ और लोग जुड़ गए जिन्हें मेरी बात सही लगी थी. पहले हमने घर से अपने कपडे लेने थे पर मेरी हिम्मत नहीं हो रही थी की मैं अंदर घुसू इसलिए मैंने भाभी को आवाज दे कर उनसे मेरे कपडे लाने को कहा. भाभी ने एक अंगोछा और कपडे ले कर बाहर आईं, फिर वहाँ से हम प्रकाश के घर गए ताकि वो भी अपने कपडे ले ले. आखिर हम सरयू जी पहुँचे, मैंने उन्हें प्रणाम किया और मन ही मन अपने किये पाप के लिए उनसे माफ़ी मांगी. जाने क्यों पर मेरा दिल कहने लगा था की जिस प्रकार भगवान राम गोपाल भैया जी ने रावण का वद्ध किया था और फिर ब्रह्महत्या के पाप से निवारण हेतु उन्होंने स्नान और पूजा-पाठ इत्यादि किया था उसी तरह आज मैं भी अश्विनी की हत्या करने के बाद इस पवित्र जल से अपने पाप धोने आया हु. मैं खुद की तुलना भगवान राम चंद्र जी से नहीं कर रहा था बस हालत को समान मान रहा था!

सरयू जी में प्रवेश करते हुए मुझे वो सारे पल याद आ रहे थे जो मैंने आशु के साथ बिताये थे! वो उसका मेरे सीने से लग कर खुद को पूर्ण समझना, उसकी छोटी-छोटी नादानियाँ, मेरा उसे पीछे से अपने हाथों से जकड़ लेना, उसका ख्याल रखना वो सब याद कर के मैं रो पडा. बहुत प्यार करता था मैं उससे, पर अगर उसके सर पर बदला लेने का भूत ना चढ़ा होता तो आज मुझे ये नहीं करना पडता. ये सब सोचते हुए मैं अच्छे से रगड़-रगड़ कर नहाया, मानो जैसे उसका खून मेरे जिस्म से पेंट की भाँती चिपक गया हो! नहाने के बाद मैं बाहर निकला और किनारे पर सर झुका कर बैठ गया.सूरज की किरणे जिस्म पर पड़ रही थीं और ऐसा लगा मानो जैसे मेरी मरी हुई आत्मा फिर से जीवित हो रही हो! कुछ देर बाद हम घर के लिए निकल पड़े और जैसे ही प्रकाश ने मुझे घर छोड़ा तो ताऊ जी और पिताजी बाहर मेरी ही राह देख रहे थे.

मैं बाइक से उतरा तो ताऊ जी ने अश्विनी का खून होने की खबर दी, मैं कुछ रियाक्ट ही नहीं कर पाया और मेरे मुँह से बस साक्षी के लिए चिंता बाहर आई; "साक्षी कहाँ है?" इतने में डैडी जी गाडी की चाभी ले कर आये और हम उनकी गाडी से अश्विनी के घर पहुंचे. पुलिस की जबरदस्त घेराबंदी थी पर चूँकि वो दरोगा ताऊ जी को जानता था सो उसने हमें आगे आने दिया और सरे हालत के बारे में बताया. दरवाजे के पास एक महिला पुलिस कर्मी कांता का बयान लिख रही थी और एक दूसरी पुलिस कर्मी रोती हुई साक्षी को गोद में लिए हुए ताऊ जी के पास आई और उन्हें साक्षी को गोद में देने लगी पर ताऊ जी चूँकि दरोगा से बात कर रहे थे सो मैंने फ़ौरन साक्षी को गोद में ले लिया और उसे अपनी छाती से

लगा लिया. साक्षी को जैसे ही उसके पापा के जिस्म का एहसास हुआ वो एकदम से चुप हो गई और आँखें बड़ी करके मुझे देखने लगी. मैंने उसके माथे को चूमा और उसे फिरसे अपने गले लगा लिया. मेरा दिल जो उसके कान के पास था वो अपनी बेटी से उसके बाप द्वारा किये हुए पाप की माफ़ी माँगने लगा था. मेरी आँखें एक बार फिर भीग गईं, पीछे खड़े डैडी जी ने मेरी पीठ सहलाई और मुझे हौंसला रखने को कहा. थोड़ी बहुत पूछ-ताछ के बाद हम घर लौट आये, जैसे ही मैं साक्षी को गोद में लिए हुए आंगन में आया की नितु दौड़ती हुई मेरे पास आई. मेरी आँखों में देखते हुए उसने साक्षी को गोद में ले लिया, मैंने उससे नजरें फेर लीं क्योंकि मुझ में अब हिम्मत नहीं हो रही थी की मैं उसका सामना कर सकू.

अश्विनी की मौत का किसी को उतना अफ़सोस नहीं हुआ जितना होना चाहिए, कारन साफ था की जो उसने मेरे और परिवार के साथ किया. अगले दिन मम्मी-डैडी जाने वाले थे की पुलिस आ धमकी और सबसे सवाल-जवाब करने लगी. चूँकि हमने अश्विनी पर आरोप लगाया था की उसने मुझ पर हमला करवाया था इसलिए ये कार्यवाही लाजमी थी. मुझे इसका पहले से ही अंदेशा था इसलिए मैंने इसकी तैयारी पहले ही कर रखी थी. जब दरोगा ने मुझसे पुछा की मैं कत्ल के समय कहाँ था तो मैंने उसे अपनी कहानी सुना दी; "जी मैं अपने परिवार के साथ होली खेल रहा था. उसके बाद हम दोस्त लोग नहाने के लिए गए थे. जब वापस आये तो मुझे ये सब पता चला."

"तुम्हारे ऊपर जब हमला हुआ तो तुम्हें अश्विनी पर गुस्सा नहीं आया?" दरोगा ने पूछा.

"आया था पर मैं अपाहिज कर भी क्या सकता था?!" मैंने अपनी टूटी-फूटी हालत दिखाते हुए कहा. पर उसे मुझ पर शक था सो उसने मेरी बातों को चेक करना शुरू कर दिया. अपना शक मिटाते-मिटाते वो उस फिजिओ थेरेपी क्लिनिक जा पहुँचा जहाँ मैं जाया करता था. उन लोगों ने भी मेरी बात को सही ठहराया, चूँकि वो क्लिनिक अश्विनी के घर से अपोजिट पड़ता था इसलिए अब उसे मेरी बात पर इत्मीनान हो गया था और उसने मुझे अपने शक के दायरे से बाहर कर दिया था. सारी बात आखिर कार घूम कर 'कुंवर सिंह' पर आ कर अटक गई. उसी को दोषी बना कर केस बंद कर दिया गया.

इधर नितु मेरे बर्ताव से परेशान थी. मैं उसके पास हो कर भी नहीं था. होली के तीसरे दिन घर के सारे बड़े मंदिर गए थे, नितु जानबूझ कर घर रुकी हुई थी. मैं जैसे ही निकलने को हुआ की नितु ने मेरा दायाँ हाथ कस कर पकड़ लिया और मुझे खींच कर ऊपर ले आई और दरवाजा बंद कर दिया. "क्या हो गया है आपको? किस बात की सजा दे रहे हो खुद को? ना ठीक से खाते हो ना ठीक से सोते हो?! रातबेरात उठ जाते हो और सिसकते रहते

हो?! मुझसे नजरें चुराए घुमते हो, मेरे पास बैठना तो छोडो मुझे छूते तक नहीं! और मुझे तो छोड़ो आप साक्षी को भी प्यार से गले नहीं लगाते, वो सारा-सारा दिन रोती रहती है अपने पापा के प्यार के लिए!" नितु रोते हुए बोली. मैं सर झुकाये उसके सारे आरोप सुनता रहा, वो चल कर मेरे पास आई और मेरी ठुड्डी पकड़ कर ऊपर की; "जानते हो न की अगर आप ये कदम नहीं उठाते तो क्या होता? आप नहीं होते, मैं नहीं होती, हमारा बच्चा नहीं होता, माँ-पिताजी....सब कुछ खत्म हो जाता! मैं समझ सकती हूँ की आपको कैसा लग रहा है?! पर आपने जो किया वो गलत नहीं था. पाप नहीं था! आप ही ने कहा था ना की जब घर में कोई जंगली-जानवर घुसा आता है तो आदमी पहले अपने परिवार को बचाता है, फिर क्यों आप खुद को कसूरवार ठहराए बैठे हो?!" नितु मेरी आँखों में देखते हुए बोली. उसकी बात सुन कर मुझे एहसास हुआ की वो सच ही कह रही है और मेरा यूँ सबसे दूर रहना और खुद को दोषी मानना गलत है! मैंने आज तीन दिन बाद नितु को कस कर अपने सीने से लगा लिया, अंदर जो भी बुरे विचार थे वो नितु के प्यार से धुल गये. मैंने उसके माथे को चूमा और मुझे इस काली कोठरी से आजाद कराने के लिए शुक्रिया कहा. "हर बार जब मैं खुद को अंतहीन अँधेरे में घिरा पाता हूँ तो तुम अपने प्यार की रौशनी से मुझे उजाले में ले आती हो!" मैंने कहा और नितु के माथे को एक बार फिर चूम लिया.

अश्विनी का हमारे अलावा कोई परिवार नहीं था तो चौथे दिन हमें अश्विनी की बॉडी सौंपी जानी थी. परिवार में किसी को भी इससे कतई फर्क नहीं पड़ रहा था. आखरी बार जब मैंने आशु का चेहरा देखा तो मुझसे खुद को संभाला नहीं गया और मैं घुटनों पर गिर कर रोने लगा. नितु जो मेरे पीछे थी उसने मुझे संभाला और बड़ी मुश्किल से संभाला. एक ऐसी लड़की जिसे मैं इतना प्यार करता था उसने मुझे उसी का खून करने पर मजबूर कर दिया था! ये दर्द मेरे लिए सहना बहुत मुश्किल था. "तेरे साथ जो उसने किया, उसके बाद भी तू उसके लिए आँसू बहा रहा है?" ताऊ जी बोले.

"मैंने कभी उससे कोई दुश्मनी नहीं की, वो बस पैसों की चका-चौंध से अंधी हो गई थी पर अब तो रही नहीं तो कैसी दुश्मनी!" मैंने जवाब दिया और खुद को किसी तरह संभाला. बड़े बेमन से ताऊ जी ने सारी क्रियाएँ करनी शुरू कीं, पर आशु को आज मुखाग्नि दी जानी थी. नितु मुझे एक तरफ ले गई और बोली; "मुखाग्नि आप दोगे ना?" मैंने हाँ में सर हिलाया.

भले ही मेरी और आशु की शादी नहीं हुई पर उसे मंगलसूत्र सबसे पहले मैंने बाँधा था.......हा शायद यह अनैतिक था ! उन कुछ महीनों में हमने एक पति-पत्नी की तरह जीवन व्यतीत किया था.......हा शायद यह भी अनैतिक था ! सबसे ज्यादा आशु को प्यार मैंने ही किया था........ शायद यह भी अनैतिक था !

जब मुखाग्नि का समय आया तो मैं आगे आया; "ताऊ जी कृपया मुझे ही मुखाग्नि देने दीजिये!" मैंने कहा और ताऊ जी को लगा की मैं चाचा-भतीजी वाले प्यार के कारण मे यह बात कर रहा हूँ इसलिए उन्होंने इसका कोई विरोध नहीं किया. अश्विनी को मुखाग्नि देते समय मैं मन ही मन बोला; "आज हमारे सारे अनैतिक रिश्ते खत्म होते हैं! मैं भगवान से दुआ करूँगा की वो तेरी आत्मा को शान्ति दें!" आग की लपटों ने आशु की जिस्म को अपनी आगोश में ले लिया और उसे इस दुनिया से आज मुक्ति मिल गई! अगले कुछ दिनों में जो भी जरुरी पूजा और दान होते हैं वो सब किये गए और मैं उनमें आगे रहा.

आखिर अब हमारा परिवार एक जुट हो कर खड़ा था और फलने-फूलने लगा था. खुशियाँ अब हमारे घर आ आकर अपना घर बसाने लगीं थी. साक्षी को उसके बाप और माँ दोनों का लाड-प्यार मिलने लगा था. नितु उसे हमेशा अपने से चिपकाए रखती और कभी-कभी तो मेरे और नितु के बीच मीठी-मीठी नोक-झोक हो जाती की साक्षी को प्यार करने का मौका बराबर मिलना चाहिए! मई का महीना लगा और नितु का नौवां महीना शुरू हो गया, नितु ने मुझसे कहा की मैं घर में साक्षी को कानूनी रूप से गोद लेने की बात करू. दोपहर

को जब सब का खाना हो गया तो मैंने बात शुरू की; "पिताजी....मैं और नितु साक्षी को कानूनी रूप से गोद लेना चाहते हैं!" ये सुन कर पिताजी और ताऊजी समेत सारे लोग मुझे देखने लगे. "पर बेटा इसकी क्या जरुरत है तुझे? घर तो एक ही है!" पिताजी बोले.

"जरुरत है पिताजी... साक्षी के साथ भी कुछ वैसे ही हो रहा है जो उसकी माँ आशु के साथ हुआ. नितु की डिलीवरी के बाद मुझे और नितु को शहर वापस जाना होगा और फिर यहाँ साक्षी अकेली हो जायेगी. अगर मैं उसे साथ ले भी जाऊँ तो वहाँ लोग पूछेंगे की हमारा रिश्ता क्या है? कानूनी तौर पर गोद ले कर मैं उसे अपना नाम दे पाउँगा और वो मुझे और नितु को अपने माँ-बाप कह सकेगी.समय के साथ ये बात दब जाएगी की वो नितु की बेटी नहीं है!" मैंने बात घुमा-फिर कर कही. थोड़ी बहुत न-नुकूर होने के बाद आखिर ताऊ जी और पिताजी मान गये. मैंने अगले ही दिन ये कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी और चूँकि नितु की कुछ जान-पहचान थी सो ये काम जल्दी से हो भी गया.मंत्री की जायदाद का सारा क्लेम मैंने कानूनी रूप से ठुकरा दिया और सारी जायदाद बूढ़े माँ-बाप की देख रेख करने वाले वृद्धाश्रम ट्रस्ट को दे दी गई.

नितु की डिलीवरी से ठीक एक दिन पहले हमें साक्षी के एडॉप्शन पेपर्स मिल गए और अब साक्षी कानूनी तौर पर मेरी बेटी बन गई थी. मैं ये खुशखबरी ले कर घर आया, नितु को पेपर्स दिए और उसे जोर-जोर से पढ़ के सुनाने को कहा. इधर मैंने साक्षी को अपनी गोद में उठा लिया और उसे चूमने लगा. नितु जैसे-जैसे पेपर्स के शब्द पढ़ती जा रही थी वैसे-वैसे उसकी ख़ुशी बढ़ती जा रही थी. जब उसका पढ़ना पूरा हो गया तब मैंने साक्षी से सबके सामने कहा; "आज से मेरी बच्ची मुझे सब के सामने पापा कहेगी!" ये सुन कर साक्षी मुस्कुराने लगी और उसके मुँह से आवाज आने लगी; 'डा...ड....' इन्हें सुन कर मेरी ख़ुशी का ठिकाना नहीं रहा और मैंने साक्षी को कस कर अपने गले लगा लिया. "मुझे भी मेरी बेटी के मुँह से मम्मी सुनना है!" नितु बोली और मैंने साक्षी को उसकी गोद में दे दिया. नितु ने साक्षी को गले लगाया और फिर उसके माथे को चूमते हुए बोली; "बेटा एक बार मम्मी बोलो!" पर साक्षी के मुँह से डा..ड...ही निकल रहा था जिसे सुन सब हँसने लगे. वो रात बड़ी खुशियों भरी निकली और इस ख़ुशी को देख ताऊ जी बैठे प्रार्थना करने लगे की अब कभी भी किसी की गन्दी नजर इस परिवार को ना लगे.

अगले दिन सब कुछ हँसी-ख़ुशी चल रहा था की दोपहर को खाने के बाद नितु ने मुझे अपने पास बुलाया और अनकंफर्टेबल होने की शिकायत की. मैं उसे और भाभी को ले कर तुरंत हॉस्पिटल पहुँचा, डॉक्टर ने बताया की घबराने की कोई बात नहीं है, नितु जल्द ही लेबर में जाने वाली हे. ठीक शाम को ४ बजे डॉक्टर ने उसे लेबर रूम में शिफ्ट किया, मैं थोड़ा

घबराया हुआ था की जाने क्या होगा और उधर भाभी मेरा होंसला बढ़ाने लगी थी की सब ठीक ही होगा. पर मैं घबराया हुआ था तो भाभी ने घर फ़ोन कर के सब को बुला लिया. कुछ ही देर में पूरा घर हॉस्पिटल आ गया, भाभी ने माँ से कहा की वो साक्षी को मुझे सौंप दें| साक्षी जैसे ही मेरी गोद में आई मेरे दिल को कुछ चैन आया और ठीक उसी वक़्त नर्स बाहर आई और बोली; "सागर जी! मुबारक हो आपको जुड़वाँ बच्चे हुए हैं!" ये सुनते ही मैं ख़ुशी से उछल पड़ा और फ़ौरन नितु को मिलने कमरे में घुसा. नितु उस वक़्त बेहोश थी. मैंने डॉक्टर से पुछा तो उन्होंने बताया की नितु आराम कर रही है और घबराने की कोई बात नहीं हे. ये सुन आकर मेरी जान में जान आई! कुछ मिनट बाद नर्स दोनों बच्चों को ले कर आई, एक लड़का और एक लड़की! दोनों को देख कर मेरी आंखें छलछला गई. मैंने पहले साक्षी को माँ की गोद में दिया और बड़ी एहतियात से दोनों बच्चों को गोद में उठाया. ये बड़ा ही अनोखा पल था जिसने मेरे अंदर बड़ा अजीब सा बदलाव किया था. दोनों बच्चे शांत थे और सो रहे थे, उनकी सांसें तेज चल रही थी. मैंने एक-एक कर दोनों के माथे को चूमा, अगले ही पल मेरे चेहरे पर संतोष भरी मुस्कराहट आ गई. मेरी छोटी सी दुनिया आज पूरी हो गई थी! बारी-बारी से सब ने बच्चों को गोद में उठाया और उन्हें प्यार दिया. तब तक नितु भी जाग गई थी. मैं उसके पास पहुँचा और उसका दाहिना हाथ पकड़ कर उसके माथे को चूमा. "बेबी .... ट्वीन!!!!" मैंने मुस्कुराते हुए कहा. नितु के चेहरे पर भी मुस्कराहट आ गई. इतने में भाभी मसखरी करते हुए बोलीं; "हाय राम! तुम दोनों सच्ची बेशर्म हो! हम सब के सामने ही ....!" भाभी बोलीं तो ताई जी ने उनके कान पकड़ लिए और बोलीं; "तो तू आँख बंद कर लेती!" ये सुन कर सारे हँस पडे. "अच्छा बेटा कोई नाम सोचा है तुम दोनों ने?" ताऊ जी ने पुछा तो नितु मेरी तरफ देखने लगी; "अनुज" मैंने कहा और मेरे पीछे-पीछे नितु बोली; "सृष्टी"! दोनों नाम सुन घरवाले खुश हो गए और ताऊ जी ने यही नाम रखने को कहा. कुछ देर बाद डॉक्टर साहिबा आईं और हमें मुबारकबाद दी. साथ ही उन्होंने मेरी तारीफ भी की कि मैंने नितु का इतना अच्छा ख्याल रखा की ट्वीन होने के बाद भी डिलीवरी में कोई परेशानी नहीं हुई. शाम को मैं नितु और बच्चों को लेकर घर आया, तो सारे विधि-विधान से हम घर के भीतर आये. रात को सोने के समय मैंने नितु से बात की; "थैंक यू! मेरी ये छोटी सी दुनिया पूरी करने के लिए!" उस समय पलंग पर तीनों बच्चे एक साथ सो रहे थे और ये ही मेरी दुनिया थी!

मेरे लिए तीनों बच्चों को संभालना एक चैलेंज था. जब एक रोता तो उसकी देखा देखि बाकी दो भी रोने लगते और तीनों को चुप कराते-कराते मेरा बैंड बज जाता. जब तीनों घुटनों पर चलने लायक हुए तब तो और गजब हुआ! तीनों घर भर में रेंगते हुए घूमते रहते! जब उन्हें तैयार करना होता तब तो और भी मजा आता क्योंकि एक को तैयार करने लगो बाकी दोनों भाग जाते. नितु मेरी मदद करती तब भी एक तो भाग ही जाता और जब तक

उसे तैयार करते बाकी दोनों अपने कपडे गंदे कर लेते.मैं और नितु हँस-हँस के पागल हो जाते. मेरे दोस्त मोहित ने तो मुझे एक स्पेशल ट्रीपलेट कॅरी बॅग ले कर दिया जिससे मैं तीनों को एक साथ गोद में उठा सकता था.

२७ साल बाद.......

दिन प्यार-मोहब्बत भरे बीतने लगे और बच्चे धीरे-धीरे बड़े होने लगे, मैं और नितु दोनों ही के बाल अब सफ़ेद हो गए थे पर हमारा प्यार अब भी वैसा का वैसा था. बच्चे बड़े ही फ़रमाबरदार निकले, कोई गलत काम या कोई बुरी आदत नहीं थी उनमें, ये नितु और मेरी परवरिश का ही नतीजा था. साल बीते और फिर जब साक्षी शादी के लायक हुई तो मैंने उसे अपने पास बिठा कर सारा सच बयान कर दिया. वो चुप-चाप सुनती रही और उसकी आँखें भर आई. वो उठी और मेरे गले लग कर रो पड़ी; "पापा... आई स्टील लव यू! आपने जो किया वो हालात के आगे मजबूर हो कर किया, अगर आपने वो नहीं किया होता तो शायद आज ये सब नहीं होता. आप कभी भी इसके लिए खुद को दोषी मत मानना, मुझे गर्व है की मैं आपकी बेटी हूँ! और माँ... आपने जितना प्यार मुझे दिया शायद उतना मेरी सगी माँ भी नहीं देती. मेरे लिए आप ही मेरे माता-पिता हो, वो (आशु) जैसी भी थी मेरा पास्ट थी... उनकी गलती ये थी की उन्होंने कभी पापा के प्यार को नहीं समझा अगर समझती तो इतनी बड़ी गलती कभी नहीं करती!" इतना कह कर साक्षी ने हम दोनों को एक साथ अपने गले लगा लिया. साक्षी के मुँह से इतनी बड़ी बात सुन कर हम दोनों ही खुद पर गर्व महसूस कर रहे थे. आज मुझे मेरे द्वारे किये गए पाप से मुक्ति मिल गई थी!

साक्षी की शादी बड़े धूम-धाम से हुई और विदाई के समय वो हमारे गले लग कर बहुत रोई भी. कुछ समय बाद उसने अपने माँ बनने की खुश खबरी दी....

उसके माँ बनने के साल भर बाद अनुज की शादी हुई, उसे युएस में एक अच्छी जॉब मिल गई और वो हमें अपने साथ ले जाना चाहता था पर नितु ने मना कर दिया और हमने हँसी-ख़ुशी उसे वहाँ सेटल कर दिया. कुछ महीने बाद सृष्टी के लिए बड़ा अच्छा रिश्ता आया.सृष्टी की शादी भी बड़े धूम-धाम से हुई. हमारे तीनों बच्चे सेटल हो गए थे और हम दोनों से खुशनसीब इंसान शायद ही और कोई होता.

एक दिन शाम को मैं और नितु चाय पी रहे थे की नितु बोली; "थैंक यू आपको की आपने इस प्यारी दुनिया को इतने प्यार से सींचा!" ये थैंक यू उस थैंक यू का जवाब था जो मैंने नितु को अनुज और सृष्टी के पैदा होने के बाद दिया था. हम दोनों गाँव लौट आये और अपने जीवन के अंतिम दिन हाथों में हाथ लिए गुजारे. ऐसे ही एक सुबह हम दोनों के

जीवन की शाम साबित हुई....!रात को जो हाथ में हाथ ले कर सोये की फिर सुबह आँख ही नहीं खुली और दोनों ख़ुशी-ख़ुशी एक साथ इस दुनिया से विदा हो गए!

*************** **समाप्त** ***************